क़ुरआन मजीद

हिन्दी मुतर्जम
मआ अरबी मतन

तर्जुमा:
मौलाना फ़तेह मुहम्मद ख़ाँ साहिब
जालंधरी

तस्ही:
मौलाना अब्दुल मजीद सरवर साहिब

प्रकाशक:
फ़रीद बुक डिपो (प्र.) लिमिटेड
नई दिल्ली-110002

क़ुरआन मजीद

हिन्दी मुतर्जम मआ अरबी मतन

तर्जुमाः मौलाना फ़तेह मुहम्मद ख़ाँ साहिब जालंधरी

तस्हीः मौलाना अब्दुल मजीद सरवर साहिब

संस्करणः 2006

पृष्ठः 982

प्रस्तुत-कर्ताः

मुहम्मद नासिर ख़ान

प्रकाशकः

फ़रीद बुक डिपो (प्र.) लिमिटेड

2158-59, एम० पी० स्ट्रीट, पटौदी हाउस,
दरिया गंज, नई दिल्ली-110002
फ़ोनः 23289786, 23247075,
फ़ैक्सः 23279998

कुछ इस क़ुरआन मजीद के बारे में

एक लम्बे अरसे से ख़ास कमी महसूस की जा रही थी कि सरल और आसान हिंदी भाषा में क़ुरआन मजीद का एक आम-फ़हम तर्जुमा हो जिसे हर ख़ास व आम (तालीमयाफ़्ता और कम पढ़े लिखे लोग)' आसानी से पढ़ कर समझ सकें, साथ ही अरबी मत्न (अरबी अक्षरों में लिखा हुआ क़ुरआन) भी हिंदी रस्मुलख़त (देवनागरी) में हो और जिस को बिल्कुल सही और शुद्ध उच्चारण (तलफ़्फ़ुज़) से पढ़ा जा सके।

क़ुरआन मजीद के तर्जुमे को हिंदी रूप देना तो फिर भी इतना मुश्किल न था लेकिन अरबी मत्न को हिंदी देवनागरी में रूपान्तर करना बहुत कठिन और मुश्किल था, चूंकि अरबी में कुछ ख़ास हुरूफ़ (अक्षर) ऐसे होते हैं जो हिंदी में नहीं होते जैसे (ث) से, (ح) बड़ी हे, (ز) ज़े, (ذ) ज़ाल, (ص) साद, (ض) ज़ाद, (ط) तो, (ظ) ज़ो, (ع) अैन, (غ) ग़ैन, (ف) फ़े, (ق) क़ाफ़, (ة) गोल ते, (~) छोटी मद और (ـــ) बड़ी मद वग़ैर:" हमने कुछ अलामतें (निशानियां) देकर उन हर्फ़ों (अक्षरों) को बनाया है जो अरबी हर्फ़ों की सही आवाज़ को ज़ाहिर करते हैं। हर हर्फ़ की आवाज़ के लिए अलाहिद: अलाहिद: हर्फ़ मुक़र्रर किये हैं। हिंदी के मत्न में लफ़्ज़ों के वस्ल व फसल (सन्धि-विग्रह), साकिन व मुतहर्रिक, (हलन्त और सस्वर), क़ल्ब व इदग़ाम वग़ैरह में क़ुरआन मजीद के मामूर व मंक़ूल रस्मुलख़त के तरीक़-ए-तहरीर व तिलावत की पाबन्दी की है और रुमूज़े औक़ाफ़ (विरमाविरम चिह्न) की रायज अलामतें भी अरबी में किताबत (लिखाई) की गई है ताकि उस को कोई क़ुरआन का हिस्सा समझ कर न पढ़ने लगे अलावा इसके रुबअ, निस्फ़, सुल्स, रुकूअ और सज्द: वग़ैर: के लिए भी अलामते दी गई हैं। हिंदी में अरबी के मुताबिक़ तिलावत (पाठ) करने के लिए क़ायदे बयान किये गये हैं। हुरूफ़ के सही मख़ारिज (शब्द की सही आवाज़ निकालने) का तरीक़ा भी तफ़्सील (detail) से दिया गया है ताकि हिंदी मत्न भी अरबी के सही तलफ़्फ़ुज़ के साथ पढ़ा जा सके और उस के पढ़ने का अंदाज़ अरबी के तर्ज़े अदा (तरीक़े) के मुताबिक़ हो। मत्न वाले पेज पर हिंदी के मत्न के साथ अरबी मत्न का सफ़ा (पन्ना) भी छोटा (Reduce) करके रखा गया है ताकि कभी कोई हिंदी देवनागरी मत्न को अरबी से मिलाना चाहे तो मिला भी सके। बेहतर होगा कि पाठक (क़ारी "पढ़ने वाला") किसी अरबीदां (अरबी जानने वाले) के सामने दो चार बार पढ़ कर अपना उच्चारण दुरुस्त कर लें ताकि पढ़ने में कोई ग़लती न रह जाये।

इसमें कोई शक नहीं कि यह काम बड़ा दुश्वार (कठिन) था जिसके लिए हमने मुख़्तलिफ़ उलमा-ए-किराम की ख़िदमात हासिल की शुरू में मौलाना कौसर यज़दानी साहिब से रब्त रहा लेकिन किसी वजह से वह वक़्त न दे सके। इस क़ुरआन मजीद का टाइटल पेज क़ुरआन छपने से पहले छप चुका था इसलिए टाईटल पेज पर मौलाना कौसर साहब का नाम भी है अलावा इस के इस की तस्हीह की तरफ़ ख़ास तवज्जह (ध्यान) दिया गया है और कई हाफ़िज़े क़ुरआन और उलमा-ए-किराम ने इसकी तस्हीह (Proof Reading) की है। साथ ही शुरू में ३८ पन्नों पर क़ुरआन मजीद से मुतअल्लिक़ (संबंधित) ज़रूरी मालूमात (जानकारी) का एक जामेअ (बड़ा) मुक़द्दमा है जिसमें क़ुरआन को

सही उच्चारण से पढ़ने का तरीक़ा और दीगर ज़रूरी मालूमात दर्ज हैं कि क़ुरआन मजीद किस तरह उतरा, कितने दिनों में उतरा और उस की हिफ़ाज़त (सुरक्षा) का अल्लाह् तआला ने क्या इन्तज़ाम (बंदोबस्त) किया है अलावा इसके पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की ज़िंदगी के मुकम्मल हालात भी दे दिए गये हैं ताकि इस मुबारक किताब को पढ़ने से पहले यह समझा जा सके कि जिस पैग़म्बर पर यह किताब उतरी है उसकी ज़िंदगी कैसी थी। हमें उम्मीद है कि हिंदी पढ़ने वाले इस से फ़ायदा हासिल करेंगे और उलेमा से गुज़ारिश है कि वह अपने मश्विरों से नवाज़ें, साथ में पाठकों (पढ़ने वालों) से भी निवेदन है कि तिलावत (पाठ) के वक़्त कोई ग़लती या कमी देखें, तो मेहरबानी करके हमें लिखें ताकि उसे सही किया जा सके।

इस हिंदी क़ुरआन मजीद की तरतीब, तस्हीह वग़ैरह में जिन हज़रात ने हमारी मदद की उन के नाम यह हैं—

१. मौलाना अब्दुल मजीद सर्वर साहिब (मालेगांव)
२. मौलाना ख़ालिद हुसैन सिद्दीक़ी साहिब (ज़िला बस्ती)
३. मौलाना इमरान क़ासमी साहिब (दिल्ली)
४. मौलाना शुऐब इदरीस साहिब (बम्बई)
५. हाफ़िज़ हसनेन साहिब (दरभंगा)
६. हाफ़िज़ वारीस साहिब (दिल्ली)
७. नासिर खां (दिल्ली)

उम्मीद है कि हिंदी में हमारी यह कोशिश अल्लाह तआला क़ुबूल फ़रमाएगा और उन तमाम लोगों को इस का अज्र देगा जिन्होंने इस काम में हमारी मदद की है या मश्विरा दिया है।

—प्रकाशक
सैयद महमूद क़ादरी

नोट : अनुवाद में जो शब्द ब्रेकेट ( ) में हैं वह अरबी उर्दू के शब्दों के हिंदी अनुवाद के मतलब को खुलासा करने के लिए दिया गया है।

क़ुरआन मजीद के फ़ज़ाइल (लाभ)

नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का इर्शाद है, मेरी उम्मत की सबसे अफ़ज़ल (श्रेष्ठ) इबादत क़ुरआन मजीद की तिलावत है। अहले क़ुरआन (क़ुरआन पढ़ने वाले) ख़ास अल्लाह वाले होते हैं। तुम में से बेहतर वह है जो क़ुरआन सीखे और सिखाये।

तिर्मिज़ीशरीफ़ में इब्ने मसऊद रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि जिसने क़ुरआन मजीद का एक हर्फ़ (अक्षर) पढ़ा, तो उसको एक नेकी मिलेगी, जो दूसरे कामों की दस नेकियों के बराबर होगी। अल्लाह तआला क़ुरआन मजीद पढ़ने वाले की ओर सबसे पहले मुतवज्जह होता (यानी ध्यान देता) है। तुम क़ुरआन मजीद पढ़ा करो क्योंकि क़ुरआन मजीद क़ियामत के दिन अपने पढ़ने वालों की शफ़ाअत (सिफ़ारिश) करेगा।

तिर्मिज़ी शरीफ़, सुनने दारमी और बैहक़ी में अबू सईद रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया, ख़ुदा फ़रमाता है कि जिस को क़ुरआन की तिलावत ने मेरी याद से और मुझ से अपनी हाजतों के मांगने से रोका, तो मैं तमाम मांगने वालों से ज़्यादा उस की हाजतों और दिल की मुरादों को ख़ुद ही पूरा करूंगा (यानी बे-मांगे,) क्योंकि अल्लाह के कलाम की फ़ज़ीलत (बड़ाई) दूसरे कलामों पर ऐसी है, जैसे ख़ुदा की फ़ज़ीलत मख़्लूक़ पर।

सुनने दारमी शरीफ़ में नबी-ए-करीम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का इर्शाद है कि अगर क़ुरआन मजीद किसी खाल में हो, तो वह खाल आग में नहीं जल सकती। खाल से मुराद मोमिन का दिल है। अगर इस में क़ुरआन मजीद हो, दोज़ख़ के अज़ाब से बचा रहेगा। हदीसों में क़ुरआन मजीद के अनगिनत फ़ज़ाइल (लाभ) हैं, जो यहां बयान से बाहर है।

क़ुरआन मजीद की अज़्मत (बड़ाई), बुज़ुर्गी और उसकी फ़ज़ीलत के लिए इतना काफ़ी है कि यह दुनिया के पैदा करने वाले ख़ुदा का कलाम है तमाम ऐबों और कमज़ोरियों से पाक और साफ़ है। इसकी फ़साहत और बलाग़त तमाम दुनिया ने मान ली है। बड़े-बड़े फ़साहत और बलाग़त के दावेदार इस जैसे दो-तीन जुमले (वाक्य) भी सदियों (सैकड़ो साल) की कोशिशों के बावजूद न बना सके। खुले आम एलान भी किया गया, जोश दिलाने वाले ख़िताब से कहा गया कि, 'अगर तुम इसके ख़ुदाई कलाम (ईश्वरीय वाणी) होने में शक करते हो और इसको इंसानी कलाम समझते हो, तो तुम इस जैसी छोटी से छोटी सूरः बना लाओ और तमाम ख़ास व आम (ज्ञानी व अज्ञानी) को जमा करो, हरगिज़ न बना सकोगे हरगिज़ न बना सकोगे। क़ुरआन मजीद में सूरः बनी इस्राईल में, पारा १५, रुकूअ १०, आयत न० ८८-८९ में अल्लाह तआला फ़रमाता है—

अनुवाद—'कह दो कि अगर इंसान और जिन्न इस बात पर जमा हों कि इस क़ुरआन जैसा बना लाएं, तो इस जैसा न ला सकेंगे, अगरचे वे एक दूसरे के मददगार हों और हमने इस क़ुरआन में हर तरह की मिसालें (उदाहरण), बयान करके बात ठीक तरीक़े से बता दी। मगर ज़्यादा लोगों का यह हाल है कि बिना इन्कार किए उनसे रहा न गया। जिन्नों की क़ौम ने जब इस चमत्कारी कलाम को सुना तो बे-झिझक कह उठे कि—'इन्ना समिअ्ना क़ुरआनन् अजबय् यह्दी इलर्रुश्दि फ़-आ मन्ना बिही व लन्नुश्रि-क बिरब्बना अहदा० अर्थात-बेशक हमने एक अजीब क़ुरआन सुना जो नेकी की तरफ़

हिदायत करता है हम इस पर ईमान लाए और अपने पालनहार का किसी को साझीदार हर्गिज़ न समझेंगे।'

स्वयं अल्लाह तआला इस पवित्र क़ुरआन की तारीफ़ (प्रशंसा) करता है फिर हम लोगों की ज़ुबान व क़लम में क्या ताक़त है कि इसकी ख़ूबियों और बरकतों का एक अंश भी बयान कर सकें।

क़ुरआन मजीद के उतरने और संग्रह व संकलन के हालात

क़ुरआन मजीद एक पवित्र किताब है जो अन्तिम नबी हज़रत मुहम्मद सल्ल० पर उतारी गयी। यह अर्श कुर्सी के मालिक का कलाम है जो उसने स्वयं एक बरगुज़ीदा पैग़म्बर और मुक़र्रब (सबसे ज्यादा लोकप्रिय) बन्दे पर नाज़िल किया। इस्लाम का आधार इसी आसमानी फ़रमान (आदेश) पर है जिसने अनुपालन किया वह इस्लाम के दायरे में दाख़िल हुआ और जिसने ज़रा भी अवज्ञा की वह इस पाकीज़ा जमाअत (इस्लाम) से अलग हो गया और अल्लाह के बाग़ियों में शामिल हुआ। जब नबी-ए-करीम सल्ल० की उम्र शरीफ़ ४० साल की हुई उस समय आप को नबुवत प्रदान की गयी और रिसालत का ताज आप के सर पर रखा गया। इसी ज़माने से क़ुरआन के उतरने की शुरूआत हुई। यदा कदा यथा ज़रूरत के अवसर पर थोड़ा-थोड़ा २३ साल तक नाज़िल होता रहा है। अगली किताबों की तरह पूरा एक ही बार में नहीं उतरा (हज़रत मूसा अलैहि० पर तौरात, हज़रत ईसा अलैहि० पर इंजील और हज़रत दाऊद अलैहि० पर ज़बूर ये सब किताबें तो एक ही बार में उतारी गयीं और सौभाग्य से ये सब किताबें रमज़ान ही के महीने में उतरीं)

सही यह है कि आप (सल्ल०) की नुबूवत के बाद रमज़ान की शबे-क़द्र में पूरा क़ुरआन मजीद लौहे महफ़ूज़ (अल्लाह के पास से) से उस आसमान पर जिसे हम देख रहे हैं अल्लाह के हुक्म से उतारा गया और इसके बाद हज़रत जिब्रील अलैहि० को जिस समय जिस क़दर हुक्म हुआ उन्होंने पवित्र कलाम को बिल्कुल वैसा ही बिना किसी परिवर्तन या कमी-बेशी के नबी सल्ल० तक पहुंचाया। कभी दो आयतें, कभी तीन आयतें और कभी एक आयत से भी कम, कभी दस-दस आयतें और कभी पूरी-पूरी सूरतें। इसी को शरीअत में वह्य कहते हैं। उलमा (विद्वानों) ने वह्य के विभिन्न तरीक़े हदीसों से पेश किए हैं।

१—फ़रिश्ता वह्य लेकर आए और एक आवाज़ घंटी जैसी मालूम हो। यह स्थिति अनेक हदीसों से साबित है और यह क़िस्म वह्य की सभी क़िस्मों में सख़्त थी। बहुत कष्ट नबी सल्ल० को होता था यहां तक कि आपने फ़रमाया कि जब कभी ऐसी वह्य आती है तो मैं समझता हूं कि अब जान निकल जाएगी।

२—फ़रिश्ता दिल में कोई बात डाल दे।

३—फ़रिश्ता आदमी के रूप में आ कर बात करे। यह क़िस्म बहुत आसान थी इसमें कष्ट न होता था।

४—अल्लाह तआला जागते में नबी सल्ल० से कलाम फ़रमाए जैसा कि शबे मेअराज (मेअराज की रात) में।

५—अल्लाह तआला सपने की हालत में कलाम फ़रमाए। यह क़िस्म भी सही हदीसों से साबित है।

६—फ़रिश्ता सपने की हालत में आकर कलाम करे। मगर अन्तिम दो क़िस्मों से क़ुरआन मजीद ख़ाली है। पूरा क़ुरआन जागने की स्थिति में नाज़िल हुआ। अगरचे कुछ उलमा ने सूर: कौसर को आख़िरी क़िस्म से माना है लेकिन तहक़ीक़ करने वालों ने इसको रद्द कर दिया है और उन के (शक) संदेह का उचित जवाब दे दिया है। (इतक़ान)

क़ुरआन मजीद के बदफ़आत (कई बार) नाज़िल होने में यह भी हिकमत थी कि इस में कुछ आयतें वे थीं जिन का किसी समय रद्द कर देना अल्लाह को मंजूर था। क़ुरआन मजीद में तीन प्रकार के मंसूख़ात हुए हैं। कुछ वे जिनका हुक्म भी मंसूख़ (रद्द) और तिलावत भी मंसूख़।

पहली मिसाल

لَوْكَانَ لِابْنِ اٰدَمَ وَادِيًا مِّنْ مَّالٍ لَاَحَبَّ اَنْ يَّكُوْنَ اِلَيْهِ الثَّانِيْ وَلَوْكَانَ لَهُ الثَّانِيْ لَاَحَبَّ

اِنْ يَّكُوْنَ اِلَيْهِمَا الثَّالِثُ وَلَا يَمْلَاُ جَوْفَ ابْنِ اٰدَمَ اِلَّا التُّرَابُ وَيَتُوْبُ اللّٰهُ عَلٰى مَنْ تَابَ

सूर: लम यकुन में—'लव का-न लि इब्ने आ-द-म व दिय्यम मिम्मालिन् ल-अहब्-ब अंय्यकू-न इलय्हिस्सानी व लव का-न लहुस्सानी ल-अहब्-ब अंय्यकू-न इलय्हिमस्सालिसु व ला यमं लऊ जव्फ़ब्नि आ-द-मा इल्लत्ताराबु व यतूबुल्लाहु अला मन ता-ब' भी था।

दूसरी मिसाल

दुआ-ए-कुनूत भी क़ुरआन की दो सूर: थी। कुछ वे हैं जिन की तिलावत मंसूख़ हो गयी मगर हुक्म बाक़ी है जैसे कि आयते रजम, कि हुक्म इस का बाक़ी है मगर तिलावत इस की नहीं होती। ये दोनों क़िस्में क़ुरआन से निकाल दी गयी हैं और इनका लिखना भी क़ुरआन मजीद में जायज़ नहीं है। कुछ वे हैं जिन की तिलावत बाक़ी है मगर हुक्म मंसूख़ हो गया है। यह क़िस्म क़ुरआन मजीद में दाख़िल है और इस की बहुत-सी मिसालें हैं। कुछ लोगों ने मुस्तक़िल किताबों में इन को जमा किया है। तफ़्सीर (टीका) के फ़न (कला) में उन से बहुत बहस होती है मगर यहां उन की तफ़्सील (विवरण) का अवसर नहीं। (तफ़्सीर इतक़ान)

जब शाफ़अे क़यामत (क़यामत के दिन सिफ़ारिश करने वाले) और उम्मत को पनाह देने वाले हुज़ूर सल्ल० ने रफ़ीक़े आला जल्ल मुजद्दहू की रहमत में सकूनत अख़्तियार फ़रमाई और वह्य का उतरना बंद हो गया। क़ुरआन मजीद किसी किताब में, जैसाकि आजकल है जमा नहीं था अलग-अलग चीज़ों पर सूरतें और आयतें लिखी हुई थीं और वे अलग-अलग लोगों के पास थीं। अधिकांश सहाबा को क़ुरआन मजीद पूरा ज़बानी याद था। सब से पहले क़ुरआन मजीद को एक जगह जमा करने का ख़्याल हज़रत अमीरुल मोमिनीन फ़ारूक़ आज़म रज़ि० के दिल में पैदा हुआ और अल्लाह ने उन के ज़रिए से अपने इस सच्चे वायदे को पूरा किया जो अपने पैग़म्बर से किया था अर्थात क़ुरआन मजीद के हम हाफ़िज़ हैं इस का जमा करना और हिफ़ाज़त करना हमारे ज़िम्मे है। यह ज़माना हज़रत अमीरुल मोमिनीन सिद्दीक़ अकबर रज़ि० की ख़िलाफ़ते राशिदा का था। हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० ने उन की सेवा में अर्ज़ किया कि क़ुरआन के हाफ़िज़ शहीद होते जा रहे हैं और बहुत से यमामा की जंग में शहीद हो गए। मुझे डर है कि यदि यही हाल रहेगा तो बहुत बड़ा हिस्सा क़ुरआन मजीद का हाथ से जाता रहेगा।

अतः मैं उचित समझता हूं कि आप इस तरफ़ तवज्जोह दें और क़ुरआन मजीद के जमा करने का प्रबन्ध करें। हज़रत सिद्दीक़ ने फ़रमाया कि जो काम नबी सल्ल० ने नहीं किया उस को हम कैसे कर सकते हैं ? हज़रत उमर फ़ारूक़ ने अर्ज किया कि खुदा की क़सम यह बहुत अच्छा काम है। फिर कभी-कभी हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० इस की याद दिलाते रहे यहां तक कि हज़रत सिद्दीक़ रज़ि० के दिले मुबारक में भी यह बात जम गयी। उन्होंने ज़ैद बिन साबित रज़ि० को तलब किया और यह सब क़िस्सा बयान करके फ़रमाया कि क़ुरआन मजीद को जमा करने के लिए मैंने आप को चुना है, आप कातिबे वह्य (वह्य को लिखने वाले) थे और जवान व नेक हैं। उन्होंने भी वही बात कही कि जो काम नबी सल्ल० ने नहीं किया, उस को हम लोग कैसे कर सकते हैं ? अन्त में वह भी राज़ी हो गए और उन्होंने बड़े अहतमाम (बहुत प्रबन्धित ज़िम्मेदारी) से क़ुरआन मजीद को जमा करना शुरू किया।

ज़ैद बिन साबित रज़ि० को चुने जाने की वजह उलमा ने यह लिखी है कि हर साल रमज़ान में हज़रत जिब्रील अलैहिस्लाम से नबी सल्ल० क़ुरआन मजीद का दौर (पढ़ कर सुनना) किया करते थे और इंतक़ाल के साल में दो बार क़ुरआन मजीद का दौर हुआ और ज़ैद बिन साबित रज़ि० इस अन्तिम दौरे में शरीक थे और इस अन्तिम दौरे के बाद फिर कोई आयत मंसूख (रद्द) नहीं हुई। जितना क़ुरआन इस दौरे में पढ़ा गया, वह सब बाक़ी रहा अतः उनको उन आयतों का ज्ञान था जिनकी तिलावत मंसूख हुई थी। (शरह सुन्न.)

जब क़ुरआन मजीद सहाबा रज़ि० के प्रबन्ध से जमा हो चुका, हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० ने अपनी खिलाफ़त के ज़माने में उस की नज़र सानी (दोबारा देखना) की और जहां कहीं किताबत (लिखने में) ग़लती हो गयी थी उस को ठीक किया। सालों इस चिन्ता में रहे और कभी-कभी सहाबा रज़ि० से मुनाज़िरा भी किया। कभी सेहत इसी मक्तूब (लिखा हुआ) की ज़ाहिर होती थी, कभी इस के खिलाफ़, तो फ़ौरन उस को सही कर देते थे फिर जब ये सब दर्जे तै हो चुके तो हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० ने इस के पढ़ने-पढ़ाने की सख्त व्यवस्था की और हाफ़िज़ सहाबा रज़ि० को दूर के देशों में क़ुरआन व फ़िक़्ह की शिक्षा के लिए भेजा, जिस का सिलसिला हम तक पहुंचा।

सच यह है कि हज़रत फ़ारूक़ रज़ि० का एहसान इस बारे में पूरी उम्मते मुहम्मदिया (मुसलमानों) पर है। उन्हीं की बदौलत आज हमारे पास क़ुरआन मौजूद है और हम उसकी तिलावत से लाभ उठाते हैं। इस एहसान की मकाफ़ात (बदला) किस से हो सकती है। ऐ अल्लाह ! अपने रिज़्वान (ज्ञान) की खलअतें (इनाम) उन को प्रदान कर और खलअत व करामात का ताज उन के मुक़द्दस सर पर रख। आमीन।

फिर हज़रत उस्मान रज़ि० ने इस एहसान को और भी कामिल (पूरा) कर दिया। अपनी खिलाफ़त के ज़माने में उन्होंने इस मसहफ़ शरीफ़ (क़ुरआन) की सात नक़लें (प्रतियां) करा कर दूर-दूर के देशों में भेज दीं। और तिलावत क़िरआत (क़ुरआन पाठ करने के तरीक़ों) की वजह से जो मतभेद और झगड़े हो रहे थे और एक दूसरे की क़िरआत को हक़ के खिलाफ़ और ग़लत समझा जाता था, इन सब झगडों से इस्लाम को पाक कर दिया। केवल एक क़िरअत पर सब को सहमत कर दिया। अब अल्लाह के शुक्र से एक मज़बूत किताब मुसलमानों के पास है। कोई मज़हब दुनिया में इसकी मिसाल नहीं ला सकता। इन्जील व तौरात की हालत नाज़ुक है उनमें वह कमी-बेशी हुई कि खुदा की पनाह। क़ुरआन की निस्बत (बारे में) विरोधियों को भी इक़रार है कि यह वही किताब है जिसकी निस्बत मुहम्मद सल्ल० ने खुदा का कलाम होने का दावा किया था इस में किसी क़िस्म की कमी ज्यादती उनके बाद नहीं हुई। वल्हम्दु लिल्लाह अल। ज़ालिक

क़ुरआन मजीद में आयतों व सूरतों की तरतीब जो इस ज़माने में है यह भी सहाबा रज़ि० ने दिया है मगर न अपनी राय व अनुमान में से, बल्कि नबी सल्ल० जिस तरतीब (ढंग) से पढ़ते थे और जो तरतीब उस मुबारक दौर में थी उसके थोड़ा भी खिलाफ़ नहीं किया, केवल दोसूरतोंकी तरतीब अलबत्ता सहाबा रज़ि० अपने क़यास (अनुमान) से ही है। सूर: बराअत और अन्फ़ाल, तो यह भी निश्चय भी लोहे महफ़ूज़ के खिलाफ़ न होगी।जिसका मुहाफ़िज़ इस क़दर क़ादिर व क़वी(शक्तिशाली) हो उस में उसकी तरतीब भी इच्छा के खिलाफ़ नहीं हो सकती।

कुछ और सहाबा जैसे इब्ने मसऊद रज़ि० और अबी बिन कअब रज़ि० ने भी क़ुरआन मजीद को जमा किया था। किसी की तरतीब उतरने के मुताबिक़ थी किसी की और किसी तरह। जगह-जगह वे आयतें जिनकी तिलावत मन्सूख थी भी इनमें किसी उद्देश्य से शामिल थी। कहीं-कहीं तफ़्सीरी शब्द उनमें लिखे हुए थे। इन सब मुसहफ़ों (नुस्खों) को हज़रत उस्मान रज़ि० ने ले लिया वर्ना आगे चल कर इनकी वजह से सख़्त मतभेद पैदा होता। इसके अलावा यह सहमति शक्ति जो इस मसहफ़ के जमा करने में थी इन मुसहफ़ों में कहां। वह केवल एक ही व्यक्ति की मेहनत का नतीजा थे इस वजह से और भी खराबियां उनमें होंगी।

सहाबा रज़ि० के ज़माने में कुरआन मजीद में सूरतों के नाम, पारों के निशान आदि कुछ न थे, बल्कि अक्षरों पर बिन्दु (नुक़्ते) भी न दिए गए थे बल्कि कुछ सहाबा इसको बुरा समझते थे। वे चाहते थे कि मुसहफ़ में सिवाए क़ुरआन के और कोई चीज़ न लिखी जाए। अब्दुल मलिक के ज़माने में अबुल असवद या हज़रत हसन बसरी रह० ने उस में नुकते बनाये और सूर: और पारों के नाम भी लिख दिए गये। उलमा इन सब चीज़ों के कारणों (जवाज़) पर सहमत हैं इस लिए कि ये ऐसी कोई चीज़ नहीं है, जिनके क़ुरआन होने का संदेह हो और मना उन चीज़ों का लिखना है जिनका क़ुरआन होने का शक (संदेह) पड़े।

ख़लूसेनीयत (सही नीयत) व क़ुरआन की तिलावत के आदाब

बुखारी व मुस्लिम में हज़रत उमर बिन खत्ताब रज़ि० से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्ल० ने फ़रमाया, हर अमल का आधार नीयत पर है और हर व्यक्ति को वही मिलेगा जिसकी उसने नीयत की है। तिलावत के समय वुज़ू के बाद पाक जगह में क़िब्ले की ओर हो कर यह ख्याल करता हुआ तिलावत करे कि मैं तमाम मख़्लूक़ (जीव) के पैदा करने वाले का कलाम पढ़ रहा हूं जिसके अधिकार में मेरी जान है और रिज़्क के अस्बाब हैं। तिलावत को बिस्मिल्लाह से शुरू करे। बशारत (खुशखबरी) वाली आयतों पर खुश हो और अज़ाब वाली आयतों पर रोए, या कम से कम रोना न आए तो रोने की सूरत बनाए। अगर बे वुज़ू हो तो ग़िलाफ़ (क़ुरआन जिस कपड़े में लिपटा होता है) या किसी और कपड़े से क़ुरआन को हाथ लगाए कि ऐसी सूरत में बिना इसके क़ुरआन को हाथ लगाना जाईज़ नहीं है। मगर बिना वुज़ू क़ुरआन का पढ़ना जायज़ है। तमाम उलमा की सहमति है कि बिना ग़ुस्ल किए अर्थात जनाबत की हालत वाले मर्द या हैज़ व निफ़ास वाली औरत को क़ुरआन का पढ़ना हराम है।

हज़रत आइशा रज़ि० नबी सल्ल० की कैफ़ियत बयान फ़रमाती हैं कि आप हर हाल में तिलावत फ़रमाया करते थे, वुज़ू की हालत में भी, बिना वुज़ू की हालत में भी, हां अलबत्ता जनाबत की हालत में न करते थे।

क़ुरआन मजीद की तिलावत में एक ख़ास समय तै कर लेना भी सही है। अधिकांश सहाबा फ़ज्र की नमाज़ के बाद क़ुरआन मजीद पढ़ा करते थे। समय तै कर लेने में नाग़ा (वक़्फ़ा) भी नहीं होता।

सही यह है कि क़ुरआन मजीद की तिलावत और पढ़ने के लिए किसी उस्ताद से इजाज़त लेना या उसको सुनाना शर्त नहीं है, हां इतना ज़रूरी है कि क़ुरआन मजीद सही पढ़ता हो। यदि इतनी योग्यता अपने में न देखे तो उसको ज़रूरी है कि किसी उस्ताद को सुना दे, या उस से पढ़ ले।

(इतक़ान)

यह भी शर्त नहीं है कि क़ुरआन मजीद के मायने (अर्थ) समझ लेता हो। और यदि क़ुरआन मजीद में एराब (मात्राएं) न हों तब भी उसके सही एराब पढ़ लेने पर क़ादिर (सामर्थ) हो।

सही यह है कि क़ुरआन मजीद की तिलावत की नेमत केवल इन्सान को दी गयी है, शैतान आदि इसकी तिलावत पर क़ादिर नहीं है, बल्कि फ़रिश्तों को भी यह नेमत नसीब नहीं हुई। वे भी इस आशा में रहते हैं कि कोई इन्सान तिलावत करे और वे सुनें। हां मोमिन जिनको अलबत्ता यह नेमत मिली है और वे तिलावत पर क़ादिर (सामर्थ) हैं (नफ़तुल मरजान-इतक़ान)

शायद इससे हज़रत जिब्रील अलैहि० अलग हों, इस लिए कि उनकी निस्बत (बारे में) हदीसों में आया है कि हर रमज़ान में नबी सल्ल० से क़ुरआन मजीद का दौर किया करते थे और हाफ़िज़ इब्ने हजर अस्क़लानी रह० ने फ़तहुल बारी में व्याख्या कर दी है कि कभी वे पढ़ते थे और हज़रत (सल्ल०) सुनते थे और कभी आप (सल्ल०) पढ़ते थे और वे (जिब्रील अलैहि०) सुनते थे। (वल्लाहु आलम)

मस्नून है कि पढ़ने वाला शुरू करने से पहले,

'अऊज़ुबिल्लाहि मिनश्शैतानिर्रजीम- أَعُوذُ بِاللهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ

-बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम' ० بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

पढ़ ले और यदि पढ़ने के दौरान कोई दुनिया की बात करे तो उसके बाद फिर इसको पढ़ ले।

क़ुरआन मजीद की तिलावत मुसहफ़ (क़ुरआन) में देखकर ज़्यादा सवाब रखती है बजाए ज़बानी पढ़ने के। इस लिए कि वहां दो इबादतें होती हैं एक तिलावत, दूसरे क़ुरआन मजीद का दीदार (दर्शन)।

क़ुरआन मजीद पढ़ने की हालत में कोई बात करना या और किसी ऐसे काम में लगना जो दिल को दूसरी तरफ़ फेरे मकरूह है। क़ुरआन मजीद पढ़ते समय अपने को पूरी तरह उसी की तरफ़ लगा दे, न यह कि ज़बान से शब्द जारी हों और दिल में इधर-उधर के ख़्याल।

क़ुरआन मजीद की हर सूरः के शुरू में बिस्मिल्लाह कह लेना मुस्तहब (बेहतर) है। मगर सूरः बराअत के शुरू में बिस्मिल्लाह न पढ़ना चाहिए। पारा व अलम् में जो सूरः तौबा 'बरा अतुम्मिनल्लाहि' से शुरू है इस पर बिस्मिल्लाह नहीं लिखी है इस का हुक्म यह है कि यदि कोई ऊपर से पढ़ता चला आता है तो इस पर पहुंच कर बिस्मिल्लाह न पढ़े, वैसे ही शुरू कर दे और यदि किसी ने इसी जगह से शुरू किया है या कुछ सूरः पढ़ कर पढ़ना बन्द कर दिया था फिर बीच में से पढ़ना शुरू किया तो इन दोनों हालतों में बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम पढ़ना चाहिए।

बेहतर यह है कि क़ुरआन मजीद की सूरतों को उसी तरतीब से पढ़े जिस तरतीब से क़ुरआन मजीद में लिखी हैं, हां बच्चों के लिए आसानी के उद्देश्य से सूरतों का बिना तरतीब पढ़ाना, जैसा कि आजकल पारा अम्-म य-त-सा अलून में क़ायदा है बिना कराहत जायज़ है। (रद्दुल मुहतार)

और आयतों का बिना तरतीब पढ़ना आम सहमति से मना है। (इतक़ान)

क़ुरआन मजीद की विभिन्न सूरतों की आयतों को एक साथ मिला कर पढ़ने को उलेमा ने मकरूह लिखा है इस वजह से कि हज़रत बिलाल रज़ि० को आप (सल्ल०) ने इस से मना फ़रमाया था। (इतक़ान आदि)

मगर मेरे ख़्याल में यह कराहत (मनाही) उस समय होगी जब इन आयतों की तिलावत सवाब की वजह से हो। इस लिए कि झाड़-फूंक के वास्ते विभिन्न आयतों का एक साथ पढ़ना नबी सल्ल० और उन के सहाबा से सही तरह से साबित है और हर एक आयत के गुण अलग-अलग हैं अत: जो ख़ास असर हमें दरकार है वह जिन-जिन आयतों में होगा हम को उन का पढ़ना ज़रूरी है।

क़ुरआन मजीद अत्यन्त मधुर आवाज़ से पढ़ना चाहिए जिस से जितना हो सके। सही हदीसों में आया है कि नबी सल्ल० ने फ़रमाया कि जो व्यक्ति क़ुरआन मजीद मधुर आवाज़ से न पढ़े, वह हम में से नहीं है। (दारमी) मगर जिस की आवाज़ ही अच्छी न हो वह मजबूर है। और क़ुरआन क़िरअत के क़ायदों से पढ़ना चाहिए। राग से पढ़ना और गाना क़ुरआन मजीद का सहमत रूप से मकरूहे तहरीमी है। क़ुरआन मजीद ठहर-ठहर कर पढ़े। जल्दी-जल्दी पढ़ना भी मकरूह है।

जो व्यक्ति क़ुरआन मजीद के मायने समझ सकता हो उस को क़ुरआन मजीद पढ़ते समय उस के मायनों पर ग़ौर करना और हर मज़मून (विषय) के मुताबिक़ अपने में उस का असर पैदा करना सुन्नत है। जैसे, जब कोई व्यक्ति ऐसी आयत पढ़े जिसमें अल्लाह पाक की रहमत का ज़िक्र हो तो रहमत मांगे और अज़ाब का ज़िक्र हो तो पनाह मांगे। कोई जवाब मांगने वाला मज़मून हो तो उसका जवाब दे। जैसे हज़रत नबी सल्ल० सूर: वत्तीन के अन्त में जब पहुंचते तो 'बला व अना अला ज़ालि-क मिनश्शाहिदीन' पढ़ लेते (तिर्मिज़ी) या सूर: क़ियामत के अन्त में जब पहुंचते तो फ़रमाते कि—'बला' (तिर्मिज़ी) सूर: फ़ातिहा को जब ख़त्म करते तो आमीन कहते। लेकिन यह जवाब देना या दुआ मांगना उस समय मसनून है कि क़ुरआन मजीद फ़र्ज़ नमाज़ में या तरावीह में न पढ़ा जाता हो। यदि फ़र्ज़ या तरावीह में पढ़ा जाता हो तो फिर जवाब न देना चाहिए। (रद्दुल मुख़्तार)

क़ुरआन मजीद पढ़ने की हालत में रोना मुस्तहब है। यदि रोना न आए तो अपनी संगदिली (पत्थरदिली) पर अफ़सोस करे।

सूर: वज़्ज़ुहा के बाद से अन्त तक हर सूर: के ख़त्म होने के बाद अल्लाहु अक्बर कहना मुस्तहब है। क़ुरआन मजीद ख़त्म होने के बाद दुआ मांगना मुस्तहब है। इस लिए कि नबी सल्ल० से रिवायत है कि हर ख़त्म के बाद दुआ क़ुबूल होती है। (इतक़ान)

शबे क़द्र का बयान

हदीस से मालूम होता है कि शबे क़द्र रमज़ान शरीफ़ की अन्तिम ताक़ (दो से न कटने वाले हिन्दसे) रातों, इक्कीसवीं से सत्ताइसवीं तक है (अल-ग़ैबु अिन्दल्लाह) लेकिन हम २७ रमज़ान की रात शबे क़द्र मानते हैं। यह बहुत बरकत वाली रात है। हमें चाहिए कि इस मुबारक और बरकत वाली रात में दिल की गहराई व नेकनीयत के साथ क़ुरआन की तिलावत करें और अल्लाह से दुआ मांगे क्योंकि इस रात को हर बात का फ़ैसला होता है हर एक जानदार की जान व मौत, रिज़्क़ का अंदाज़ा होता है कि इतना शेष और इतना ख़त्म हो चुका है। बुख़ारी व मुस्लिम शरीफ़ में इब्ने उमर रज़ि० से रिवायत है कि अल्लाह के रसूल सल्ल० ने फ़रमाया कि क़ाबिले रश्क वह आदमी हैं कि जो रात और दिन के समय में क़ुरआन की तिलावत करता है। शबे मेअराज और शबे बराअत में भी क़ुरआन मजीद की तिलवात और इबादत करना अफ़्ज़ल (अच्छा) है इससे दिल की मुरादें (इच्छाएं) पूरी होती हैं और दुआएं क़ुबूल होती हैं।

मनाज़िले क़ुरआन शरीफ़

क्रम सं०	सूरः	सूरः सं०	पृष्ठ सं०	पारः सं०	नाम पारः
१	अल-फ़ातिहः	१	१-१६२		
२	अल-माइदः	५	१६४-३२४	६	ला युहिब्बुल्लाह
३	यूनुस	१०	३२६-४४४	११	याअ तज़िरूना
४	बनी इस्राइल	१७	४४६-५७८	१५	सुब्हानल्लज़ी
५	अश शोअरा	२६	५८०-७०६	१९	वक़ालल्लज़ी-न
६	वस्साफ़्फ़ात	३७	७०८-८२०	२३	वमालि-य
७	क़ाफ़	५०	८२२-९७३	२६	हामीम

सजदाते तिलावत

क्रम सं०	पारा	सूरः	सजदे वाले शब्द	सजदे का स्थान	पृष्ठ सं०	आयत
१	९	अल आराफ़	यसजुदून	यसजुदून	२७६	२०६
२	१३	अर-रअद	वलिल्लाहि यस्जुदू	बल आसाल	३९६	१५
३	१४	अन-नह्ल	"	मा युअ् मरू-न	४३०	४९-५०
४	१५	बनी इस्राईल	यख़िररून लिलअ- -ज़कानि	ख़ुशूआ	४६४	१०७-१०९
५	१६	मरयम	ख़र्रू सुजदा	व बुकया	४८८	५८
६	१७	अल हज	यसजुद लहु	मा-यशा-अ	५२८	१८
७	१७	अल हज' शाफ़ईयों में	वसजुदू	तुफ़लिहून	५४०	७७
८	१९	अल फ़ुर्क़ान	असजुद्	नुफ़ूरा	५७८	६०
९	१९	नमल	अल्लाय सजुदू	रब्बिल अरशिल अज़ीम	६००	२५-२६
१०	२१	अस-सजदा	ख़र्रू असजुद	ला यस्तकबिरू-न	६६०	१५
११	२३	साद'	व ख़र्र राकिआ	व अना-ब	७२२	२४
१२	२४	हामीम सजदा	वसजुद् लिल्लाहि	ला यसमऊना	७६४	३७-३८
१३	२७	अन-नजम	फस जुद्	वाअ बुद्	८४०	६२
१४	३०	अल-इन्शिक़ाक़	ला यस्जुदू-न	ला यस जुद्ना	९४६	२१
१५	३०	अल अलक़	वसजुद	वक़्तरिब	९६२	१९

१. इन दो सज्दों में मतभेद है। सूर: २२ आयत ७७ पर इमाम शाफ़ई रह० के नज़दीक सज्दा है लेकिन इमाम अबू हनीफ़ा रह० के नज़दीक नहीं है और सूर: ३८ आयत २४ पर इमाम अबू हनीफ़ा के नज़दीक सज्दा है लेकिन इमाम शाफ़ई के नज़दीक नहीं है। बहरहाल दोनों आलिमों के नज़दीक सज्दों की कुल तादाद १४ ही है।

क़ुरआन मजीद को कितने समय में ख़त्म किया जाए

अल्लाह के रसूल नबी सल्ल० ने फ़रमाया जिसने तीन दिन से कम में क़ुरआन मजीद ख़त्म किया वह कुछ न समझ सका। इमाम अबू हनीफ़ा से नक़ल है कि जिसने हर साल में दो बार क़ुरआन मजीद ख़त्म किया उसने हक़ अदा किया। इस लिए हज़रत (सल्ल०) ने वफ़ात (इन्तक़ाल) के साल में दो ही बार ख़त्म किया था। हज़रत अली रज़ि० फ़रमाते हैं कि उस इबादत (उपासना) में कुछ बेहतरी नहीं है जिसमें समझ न हो और न उस क़िरअत (पढ़ने में) में जिस में फ़िक्र (सोच) न हो। इमाम ग़ज़ाली रह० फ़रमाते हैं, अपने आप को क़ुरआन मजीद के ख़त्म करने की गिनती पर हावी न करो। बल्कि एक आयत का सोच कर पढ़ना सारी रात में दो क़ुरआन ख़त्म करने से बेहतर है।

हज़रत अबूज़र गिफ़ारी रज़ि० कहते हैं कि एक बार नबी सल्ल० हमारे साथ खड़े हुए तो आप (सल्ल०) यह आयत बड़ी देर तक पढ़ते रहे—

(इन तुअज़्ज़िबहुम फ़ इन्नहुम अिबादुक)

हज़रत इब्ने उमर रज़ि० से रिवायत है कि नबी सल्ल० ने मुझे पांच दिन से कम समय में पूरा क़ुरआन मजीद ख़त्म करने की इजाज़त नहीं दी। (हदीस सही बुख़ारी)

तिलावत के सज्दों का बयान

सज्दए तिलावत उन्हीं लोगों पर अनिवार्य है जिन पर नमाज़ अनिवार्य है। क़ज़ा (छूट हुई) नमाज़ें, हैज़ (मासिक धर्म) वाली औरत पर वाजिब नहीं। अवैध (नाबालिग़) और ऐसे मजनू (दीवाने) पर वाजिब नहीं जिसका जुनून (दीवानापन) एक दिन रात से ज़्यादा हो गया, चाहे उसके बाद ख़त्म हो या नहीं। जिस मजनू का जुनून (दीवानापन) एक दिन रात से कम रहे, उस पर वाजिब है। इसी तरह मस्त और जुनबी (वह व्यक्ति जिस पर ग़ुस्ल वाजिब हो) पर भी।

तिलावत के सज्दे के सही होने की वही सब शर्तें हैं जो नमाज़ के सही होने की हैं अर्थात तहारत (पाकी) और सतर (अर्थात आवश्यक अंगों को ढाकना) और नीयत व क़िब्ले का सही होना। तहरीमा (तक्बीर) इसमें शर्त नहीं है। इसकी नीयत में आयत का तअय्युन (निर्धारण) शर्त नहीं कि यह सज्दा फ़लां आयत के कारण से है और यदि नमाज़ में सज्दे की आयत पढ़ी जाए और तत्काल सज्दा किया जाए तो नीयत भी शर्त नहीं। (रद्दुल मुहतार)

जिन चीज़ों से नमाज़ फ़ासिद (ख़राब) हो जाती है उन चीज़ों से सज्दए सह्व (भूल का सज्दा) में भी ख़राबी आ जाती है और फिर इसका इआदा (दोबारा करना) वाजिब (अनिवार्य) हो जाता है हां इस क़दर अन्तर है कि नमाज़ में क़हक़हा से वुज़ू टूट जाता है और इसमें क़हक़हे से वुज़ू नहीं टूटता और औरत की महाज़ात भी यहां मुफ़सिद (रुकावट) नहीं।

तिलावत का सज्दा यदि ख़ारिज नमाज़ (नमाज़ से बाहर) में वाजिब हुआ हो तो बेहतर है कि तुरन्त अदा कर ले और यदि उस समय अदा न करे तब भी जायज़ है मगर मकरुह है और यदि नमाज़ में वाजिब हुआ तो उसका अदा करना तुरन्त वाजिब (अनिवार्य) है, देरी की इजाज़त नहीं है। (रद्दुल मुह्तार)

ख़ारिजे नमाज़ (नमाज़ से बाहर) का सज्दा नमाज़ में और नमाज़ का ख़ारिज (बाहर) में, बल्कि दूसरी नमाज़ में भी अदा नहीं किया जा सकता। अत: कोई आदमी नमाज़ में सज्दे की आयत पढ़े और सज्दा करना भूल जाए तो इसका गुनाह उस के ज़िम्मे (सर) होगा जिस की तदबीर (इलाज) इसके सिवा कोई नहीं कि तौबा करे, या अरहमुर्राहिमीन (रहम करने वाला) अपने फ़ज़्ल व करम (दया दृष्टि) से माफ़ फ़रमा देगा। (बहरुर्राईक़)

यदि कोई आदमी नमाज़ की हालत में किसी दूसरे से सज्दे की आयत सुने, चाहे वह दूसरा भी नमाज़ में हो या न हो यह सज्दा ख़ारिजे नमाज़(नमाज़ से बाहर)का समझा जाएगा और नमाज़ के अन्दर वह अदा नहीं किया जाएगा, बल्कि ख़ारिजे नमाज़ में।

यदि सज्दे की आयत तिलावत एक ही मज्लिस (सभा) में कई बार की जाए तो एक ही सज्दा वाजिब (अनिवार्य) होगा और यदि एक सज्दे की आयत की तिलावत की जाए, फिर वही आयत अलग-अलग लोगों से सुनी जाए, तब भी एक ही सज्दा वाजिब (अनिवार्य) होगा। यदि सुनने वालों की मज्लिस न बदले तो एक ही सज्दा वाजिब (अनिवार्य) होगा, चाहे पढ़ने वालों की मज्लिस बदल जाए या न बदले और यदि सुनने वालों की मज्लिस बदल जाए तो इस पर कई सज्दे वाजिब होंगे, चाहे पढ़ने वालों की बदले या न बदले। यदि पढ़ने की बदल जाएगी तो उस पर भी कई सज्दे वाजिब होंगे। (बहरुर्राइक़)

यदि एक सज्दे की आयत कई बार एक ही मज्लिस में पढ़ी जाए तो अख़्तियार (इच्छा) है कि सब के बाद सज्दा किया जाए या पहली ही तिलावत के बाद, क्योंकि एक ही सज्दा अपने पहले और बाद की तिलावत के लिए काफ़ी होता है मगर एहतियात (सावधानी) इसमें है कि सबके बाद किया जाए। (बहरुर्राईक़)

यदि सज्दे की आयत नमाज़ में पढ़ी जाए और तुरन्त रुकूअ किया जाए या दो तीन आयतों के बाद और इस रुकूअ में झुकते समय सज्दे की नीयत भी कर ली जाए तो सज्दा अदा हो जाएगा और इसी तरह यदि सज्दे की आयत की तिलावत के बाद नमाज़ का सज्दा किया जाए, तब भी यह सज्दा अदा हो जाएगा और इसमें नीयत की भी ज़रूरत न होगी। (दुर्रे मुख़्तार, रद्दुल मुह्तार आदि)

जुमा और ईदैन (दोनों ईदें) और धीमी आवाज़ वाली नमाज़ों में सज्दे की आयत नहीं पढ़ना चाहिए, इसलिए कि सज्दा करने में मुक़्तदियों (नमाज़ पढ़ने वालों) के इश्तिबाह (संदेह) का डर है। (बहरुल राइक़)

किसी सूर: का पढ़ना और ख़ास कर (मुख्य रूप से) सज्दे की आयत को छोड़ देना मकरूह है। (बहरुल राइक़ आदि)

यदि हाज़िरीन (उपस्थित जन) वुज़ू सहित सज्दे के लिए मुस्तअिद (तैयार) न बैठे हों तो सज्दे की आयत का धीमी आवाज़ से तिलावत करना बेहतर है इसलिए कि वे लोग इस समय सज्दा न करेंगे और दूसरे समय शायद भूल जाएं तो गुनहगार होंगे। (दुर्रे मुख़्तार आदि)

तिलावत के सज्दे का तरीक़ा यह है कि क़िब्ला रू (क़िब्ले की ओर होकर) नीयत करके अल्लाहु अक्बर कहे और सज्दा करे। फिर उठते समय अल्लाहु अक्बर कह कर उठे। और खड़े होकर

सज्दा करना मुस्तहब है। तिलावत का सज्दा कई लोग मिल कर भी कर सकते हैं इस तरह कि एक आदमी को इमाम की तरह आगे खड़ा करे और स्वयं मुक़्तदियों (नमाज़ अदा करने वाले) की तरह ताइन बना कर पीछे खड़े हों और उसकी पैरवी (अनुसरण) करें। यह सूरत असल में जमाअत की नहीं है। इसीलिए यदि इमाम का सज्दा किसी वजह से फ़ासिद (ख़राब) हो जाए तो मुक़्तदियों (पीछे वालों) का फ़ासिद (ख़राब) न होगा और इसी कारण से औरत का आगे खड़ा कर देना भी जायज़ है।

सज्दे की आयत यदि फ़र्ज़ नमाज़ों में पढ़ी जाए तो उसके सज्दे में नमाज़ वाले सज्दे में नमाज़ वाले सज्दे की तरह 'सुब्हा-न रब्बियल आला' कहना बेहतर है और नफ़्ल नमाज़ों में ख़ारिजे नमाज़ (नमाज़ से बाहर) में यदि पढ़ी जाए तो उस के सज्दे में अख़्तियार (इच्छा) है कि 'सुब्हाना रब्बियल आला कहे और तस्बीहें जो हदीसों में आयी हैं, वे पढ़ें। इस तस्बीह की तरह—

'सजदा वजही-य लिल्लज़ी ख-ल-क़हू व सव्वरहू व वशक़्क़ समअहू व बसरहू बिहौलिही व क़ुव्वतिहि फ़तबारकल्लाहु अहसनुल ख़ालिक़ीन०'

और दोनों को जमा कर ले तो और भी बेहतर है।

देवनागरी (हिंदी) में क़ुरआन मजीद को सही पढ़ने का तरीक़ा

अरबी अक्षरों की आवाज़ का देवनागरी वर्णमाला

ث सा स	ت ता त	ب बा ब	ا अलिफ़ अ
د दाल द	خ ख़ा ख़	ح हा ह़	ج जीम ज
س सीन स	ز ज़ा ज़	ر रा र	ذ ज़ाल ज
ط तो त़	ض ज़ाद ज़	ص साद स़	ش शीन श
ف फ़ा फ़	غ ग़ैन ग़	ع अैन अ़	ظ ज़ो ज
م मीम म	ل लाम ल	ك काफ़ क	ق क़ाफ़ क़
ء हम्ज़ा अ	ه हा ह	و वाव व	ن नून न
	ة गोल ते त़	ى या य	

अरबी रस्मुलखत (लिपि) में तलफ़्फ़ुज़ (उच्चारण) के नुकत-ए-नजर (दृष्टि) से जो अक्षर होते हैं उन का चार्ट दिया गया है और ब्रैकेट ( ) में उस को पढ़ने की आवाज (तलफ़्फ़ुज) भी दिया गया है।

चार्ट में आखिर के अक्षर (ة) गोल "ते" का प्रयोग शब्द में आखिर में होता है इस शब्द पर वक़्फ़ा (विराम) करने पर त् को ह् या विसर्ग (:) पढ़ा जाता है और विराम न लेने व पढ़ते चले जाने पर (ط) त् (ت 'त') के समान पढ़ा जाता है जैसे शफ़ाअत पर वक़्फ़ा करने पर शफ़ाअ: पढ़ा जायेगा। अगर किसी शब्द में गोल ता यानी त् हो और उसके बाद का अक्षर किसी नियम के आधीन खामोश (मौन) हो जाये तो फिर त् अन्तिम अक्षर रह जाने के फलस्वरूप ठहराव लेते समय " : " में बदल जाएगा। जैसे गिशावतुन् में न् गायब हो जाएगा और तब आखिरी बचे अक्षर त् का विराम लेते समय : में बदल कर गिशाव: पढ़ा जाएगा।

नोट : पाठकों की सुविधा के लिए ज़रूरी क़ायदे (ग्रामर) मुख़्तसर कर के बयान किये जा रहे हैं क़ुरआन मजीद को अरबी के अलावा किसी दूसरी भाषा के रस्मुलखत में लिखना या पढ़ना बहुत मुश्किल है। क्योंकि अरबी में लिखा कुछ होता है और पढ़ा कुछ जाता है। आयत पर वक़्फ़ किया जाता है इसलिए हम ने आयत पर हुरूफ़ को वक़्फ़ किया है और इबारत के अंदर बिल्कुल अरबी तरज़े अदा के मुताबिक़ देवनागरी में रूपांतर किया है और उसमें ठहरने और न ठहरने के रुमूज़ेऔक़ाफ़ की निशानियां भी दर्ज (अंकित) हैं और उन से मुतालिक (संबंधित) मालूमात अगले पन्नों पर दर्ज हैं। अलबत्ता जब तक खास अक्षरों के उच्चारण का सही ज्ञान न हो, तब तक लाइल्म (न जानने वाला) के लिए यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि वह ज़ (ज़ाल), ज़ (ज़ाद) ज़ (ज़ो) और ज़ (ज़ा) को ज (जीम) की तरह हरगिज न पढ़ें। बजाए ज (जीम) के ये अक्षर ज़ (ज़ा) के ज़्यादा नज़दीक हैं। खास कर हिंदी जानने वालों को इन अक्षरों को समझ कर उनका सही उच्चारण सीखना चाहिए जैसे ث (सा), ح (बड़ी हा), خ (खा), ذ (ज़ाल), ز (ज़ा), ص (साद), ض (ज़ाद), ط (तो), ظ (ज़ो), ع (ऐन), غ (ग़ैन), ف (फ़ा) और ق (क़ाफ़)। क़ुरआन मजीद को सही मखरज (उच्चारण) से क़िरअत (पाठ) करने के लिए कारीयों (क़ुरआन पाठ के विद्वानों) से सहायता लेनी चाहिए।

क़ुरआन मजीद के मतन को अरबी के अलावा हिंदी या किसी दूसरी भाषा के रस्मुलखत में रूपांतर करने पर उलमा की रायों में मतभेद है। कुछ उलमा का ख्याल है कि इस तरह करने से क़ुरआन मजीद के हरफ़ों की तहरीफ़ (कटौती) होती है और उनको भय (डर) है कि जिस तरह इंजील और तौरात तहरीफ़ हो गयी वैसे ही खुदा न करे इस का भी वही हाल हो जबकि यह नामुम्किन है करोड़ों हाफ़िज़ों को क़ुरआन मजीद मुंह ज़बानी याद है और इस (हिंदी) क़ुरआन में भी असल अरबी मतन की किताबत का सफ़ा बराबर में है। हम ने अशाअते इस्लाम और तब्लीग की नीयत से यह काम हिंदी में किया है कि जो हज़रात (लोग) किसी वजह से अरबी उर्दू की तालीम (शिक्षा) न हासिल (प्राप्त) कर सकें और वह क़ुरआन मजीद को पढ़ने के ख्वाहिशमंद हैं वह फ़ायदा उठा सकें। मुसलमानों से गुज़ारिश है कि वह खुद भी अरबी उर्दू सीखें और अपनी आने वाली नसल को खास कर अरबी उर्दू की तालीम दें।

इल्मे क़िरअत यानी मख़ारिजे हुरूफ़ का बयान (क़ुरआन के अक्षरों का उच्चारण संस्थान)

ه، ا	अ, ह	हलक़ (कण्ठ) के अगले हिस्से से।
ح، ع	अ, ह	बीच (मध्य) हलक़ से)।
غ، خ	ख़, ग़	इंतेहा-ए-हलक़ (हलक़ के अन्तिम भाग से)
ق	क़	ज़बान की जड़ और ऊपर के तालू की मदद से।
ك	क	ज़बान के बीच और ऊपर के तालू से थोड़ा सा 'क़' (क़ाफ़) के मखरज (उच्चारण) से हट कर।
ی، ش، ج	ज, श, य	ज़बान के बीच के हिस्से और तालू के बीच हिस्से के संयोग से।
ض	ज़	ज़बान के किनारे और दांतों की गिरः के पास से यानी सारे किनारे ज़बान के लगाने से बाईं ओर के ऊपर दाढ़ों की जड़ से या दाहनी तरफ़ से, मगर बाईं तरफ़ से आसान है।
ل	ल	ज़बान की नोक और तालू के संयोग से।
ن	न	ज़बान के सिरे और ऊपर के दांतों के नीचे से।
ر	र	ज़बान के सिरे और ऊपर वाले सामने के दांतों के नीचे से 'न' के स्थान से कुछ आगे।
ط، د، ت	त, द, त	ज़बान की नोक और ऊपर के दांतों की जड़ से मिला कर।
س، ذ، ح	ज, ज़, स	ज़बान की नोक और अगले दांतों के किनारे से।
ف	फ़	नीचे के होंठ के अन्दर ऊपर के दांतों के सिरे जब छूते हैं।
م، ب	ब, म	दोनों होंठों के बीच में से।
الف	अलिफ़	'अ' सिर्फ़ एक हवा है कि अन्दर से निकलती है।
ج، ص، س	स, स, ज	ज़बान की नोक और अगले दांतों के बीच से।
و	व	दोनों होंठों को क़रीब लाकर भी 'फ़' की तरह छूना नहीं चाहिए।

क़ुरआन मजीद के रुमूज़े औक़ाफ़

हर एक भाषा के लोग जब बात-चीत करते हैं तो कहीं ठहर जाते हैं और कहीं नहीं ठहरते, कहीं कम ठहरते हैं कहीं ज़ियादा और इस ठहरने और न ठहरने को बात के सही बयान करने और सही मतलब समझने-समझाने में बहुत दख़ल है। क़ुरआन मजीद की इबारत (अरबी-लेख) भी बोल-चाल के अन्दाज़ में है इस लिये अह्ले इल्म (ज्ञानियों) ने इसके ठहरने, न ठहरने की अलामतें (चिह्न) मुक़र्रर किए हैं। जिन्हें 'रुमूज़े औक़ाफ़' कहते हैं। ख़ास ध्यान रखने की बात यह है कि आम तौर पर सभी ज़बानों (भाषाओं) में ठहरने के निशान होते हैं, लेकिन क़ुरआन में ठहरने और न ठहरने दोनों तरह के निशान होते हैं। जैसा कि हम बोलते हैं 'उठो मत, बैठो' इस जुमले (वाक्य) में अगर कौमा लगा कर लिखें जैसे 'उठो, मत बैठो' इस तरह लिखने और बोलने में उठने का हुक्म है और अगर इस जुमले को इस तरह लिखें जैसे 'उठो मत, बैठो' इस तरह लिखने और पढ़ने में बैठने का हुक्म है, इस मिसाल से हमको ख़ुद अंदाज़ा करना चाहिये कि अरबी जो क़ुरआन की भाषा है जिसके पढ़ने में किस क़द्र एह्तियात (सावधानी) की ज़रूरत है और तिलावते क़ुरआन (क़ुरआन पाठ) में

रुमूज़े आक़ाफ़ का लिहाज़ रखना किस क़द्र ज़रूरी है ताकि किताब की मंशा में फ़र्क न आने पाये। क़ुरआन मजीद के रुमूज़े औक़ाफ़ यह हैं (○) आयत, (م) मीम, (ط) तो, (ج) जीम, (ز) ज़ा, (ص) साद, (صلے) सले, (قف) क़ाफ़, (صل) सिल, (قف) क़ाफ़फ़े, (سكتة) सक्त:, (وقفه) वक़्फ़: (لا) ला, (ق) क़ाफ़, (۵) कूफ़ी आयत का निशान, (∴) मुआनिक़ा का निशान, (~ ' | ') मद, और (٣ 'T') बड़ी मद। इनको सिर्फ़ निशानियां समझना चाहिये। यह क़ुरआन के मत्न का हिस्सा नहीं है अगर हम इसको हिन्दी में लिखते तो ला इल्मी में या रवानी (तेज़ी) में कोई आयतों में शामिल पढ़ लेता इस भूल से सावधान रहने के लिये हम ने इन को अरबी रस्मुल्ख़त में किताबत (लिखाई) किया है।

रुमूज़ औक़ाफ़ से मुताल्लिक़ ज़रूरी मालूमात यह हैं—

○	( )	जहां बात पूरी होती है वहां (अरबी मत्न में) छोटा गोल दायरा बनाया जाता है यह हक़ीक़त में गोल ते (ۃ) है। यह वक़्फ़े-ताम की अलामत है यानी इस पर ठहरना चाहिये इस निशानी को आयत कहते हैं। पाठकों की सुविधा के लिये इस निशान के बीच आयत का नंबर (संख्या) भी दिया गया है जैसे आयत (२०)।
م	मीम्	यह वक़्फ़ लाज़िम का निशान है। इस पर ज़रूर ठहरना चाहिये अगर न ठहरा जाये तो अह्तमाल (भय) है कि मतलब उलट हो जाये। मिसाल उदाहरण के तौर पर कोई कहे—आओ, मत जाओ। इस तरह कहने में आने का हुक्म है और जाने की मनाई। लेकिन अगर कोई कहे—आओ मत, जाओ। तो मतलब पहले के बिल्कुल उल्ट हो जाता है इस आख़िरी जुमले में जाने का हुक्म है।
ط	तो	यह वक़्फ़ मुतलक़ का निशान है इस पर ठहरनाचाहिये। फिर भी यह ठहराव वहां होता है जहां ठहरने के बावजूद अभी कहने वाला कुछ और बात कहना चाहता है।
ج	जीम	यह वक़्फ़ जायज़ का निशान है। यहां ठहरना ज़्यादा बेहतर है, लेकिन न ठहरने को भी जायज़ (अनुमत) माना गया है।
ز	ज़े	यह वक़्फ़ मुजव्वज़ का निशान है। यहां न ठहरना ज़्यादा अच्छा है।
ص	साद	यह निशान वक़्फ़ मरख़्ख़स का है। यहां न ठहरना यानी मिला कर पढ़ना चाहिये, लेकिन अगर कोई थककर रुक जाये तो उसकी छूट है। ध्यान रहे कि, ز (ज़ा) की निस्बत (अपेक्षा) ص (साद) पर मिला कर पढ़ना ज़्यादा पसन्द किया गया है।
صلے	सले	यहां मिला कर पढ़ना बेहतर है।
ق	क़ाफ़	यह क़ील-अलैहिल-वक़्फ़ का ख़ुलासा है। यहां नहीं ठहरना चाहिये।
صل	सल्	यह क़द:यू-सल का निशान है यहां कभी ठहरा भी जाता है, और कभी नहीं। लेकिन ठहरना बेहतर है।
قف	क़िफ़्	यह लफ़्ज़ (शब्द) क़िफ़् है यानी ठहर जाओ। यह निशान वहां इस्तेमाल किया जाता है जहां पढ़ने वाले को मिला कर पढ़ते चले जाने का अंदेशा हो।
س या سكتة	सीन या सक्त:	यह सक्त: का निशान है यहां मामूली (साधारण) सा ठहरना चाहिये, लेकिन सांस न टूटने पाए।
وقفه	वक़्फ़:	यह लम्बे सक्त: का निशान है। यहां सक्त: के मुक़ाबले ज़ियादा ठहरना चाहिये, लेकिन सांस न टूटने पाए सक्त. और वक़्फ़ में सिर्फ़ यह फ़र्क है कि सक्त: में कम

चिन्ह	नाम	विवरण
		ठहरना होता है, वक़्फ़: में ज़्यादा ।
لا	ला	ला के मानी 'नहीं' के हैं । यह निशान कहीं आयत पर होता है और कहीं इबारत के अंदर । यह जब किन्हीं दो शब्दों के बीच में हो तो वहां हरगिज़ नहीं ठहरना चाहिये । आयत के ऊपर हो तो इस में इख़्तिलाफ़ (मतभेद) है, (हमने हिन्दी कम्पोज़ में आयत के निशान से पहले दिया है) एक राय है कि 'ठहर जाये,' दूसरी 'न ठहर जाये' लेकिन ठहरा जाये या न ठहरा जाये इस से मतलब में फ़र्क़ नहीं आता । ठहरना उसी जगह नहीं चाहिये जहां इबारत के अंदर लिखा हो ।
قف	काफ़	यह कज़ालिक का निशान है यानी यहां यह समझना चाहिए कि इस से पहले जो निशान आ चुका है उसी के मुताबिक़ (अनुसार) यहां भी रुकना या न रुकना मुनासिब है ।
٥	निशान	यह कूफ़ी आयत का निशान है और मतलब वही है जो ( ) आयत का है । **नोट—ध्यान रखना चाहिए कि जहां कई निशान एक साथ हों वहां उनमें से किसी भी निशान पर अमल किया जा सकता है लेकिन बाद वाले निशान का हुक्म मानना ज़्यादा उचित है**
∴	निशान	यह मुआनिक़: की अलामत है हमेशा यह दोहरा यानी दो जगह नज़र आयेगा । इसका मतलब यह है कि इनके बीच में लिखे शब्दों को चाहे इनसे पहले ही इबारत के साथ जोड़ कर पढ़ें और चाहे इनसे बाद वाली इबारत के साथ । दोनों मतलब जायज़ (मान्य) है । हासिल यह हुआ कि दोनों निशानों में से एक जगह ठहरे तो दूसरी जगह मिला कर पढ़े । न दोनों जगह ठहरा जा सकता है और न दोनों जगह मिलाया जा सकता है । यह मुआनिक़: दो तरह का होता है (१) अिन्दल् मुतअख़्ख़िरीन (२) अिन्दल मुतक़द्दमीन ।
ا	मद (छोटी)	यह छोटी मद का निशान है । मद को संस्कृत में 'प्लुत' कहते हैं जिस अक्षर पर यह निशान होगा उसको इतना खींच कर पढ़ना चाहिए कि तीन अलिफ़ के बराबर हो ।
ٓ	मद (बड़ी)	यह बड़ी मद का निशान है । जिस अक्षर पर यह निशान होगा उस को इतना खींच कर पढ़ना चाहिए कि चार बार के बराबर हो । जैसे लिखा हो وَجَآءَ (व-जा-अ) तो 'जा' जो कि ज+अ से बना है, के अ को ४ अ के बराबर खींचकर पढ़ना चाहिए । इसी तरह छोटी मद को भी ऊपर लिखे क़ायदे (नियम) के अनुसार पढ़ना चाहिए । बड़ी मद को पढ़ने का एक तरीक़ा और भी है । जैसे किसी शब्द के अक्षर पर बड़ी मद हो और उस के आगे (अलिफ़) हो और अलिफ़ के आगे 'ـّ' (तश्दीद) हो तो इस को सात अलिफ़ के बराबर पढ़ना होगा जैसे وَلَا الضَّآلِّيْنَ (वलज़्-ज़ाल्लीन), सही मख़रज (शुद्ध पाठ) के लिए क़ारी (क़ुरआन पाठ के विद्वानों) से सहायता लेना चाहिए ।
★	रुकूअ	यह रुकूअ (विराम) का निशान है । अगर हाशिये पर ऐसा निशान '★ रु १/७/आ ६' लगा हो तो इसका मतलब है कि यह सूर: तौबा का पहला रुकूअ है, पार: १० का सातवां रुकूअ है और इस रुकूअ में ६ आयतें हैं ।

●	पार: ¼, ½, ¾	हर पार: को पढ़ने की आसानी के लिए चार बराबर हिस्सों में बांट दिया गया है। रुबअ़ (चौथाई), निस्फ़ (आधा) और सुल्स (तीन चौथाई) पर यह निशान दिया गया है। इसी तरह पूरे क़ुरआन को सात मंज़िलों में बांटा गया है जो हर सफ़ह: (पृष्ठ) पर दर्ज (अंकित) हैं।
■	आधा क़ुर्आन	यह निस्फ़ुल क़ुरआन (आधा क़ुरआन) का निशान है। देखिये पृष्ठ ४६८, सूर: कह्फ़ आयत १६।
□	सज्द:	यह सज्द: का निशान है। क़ुरआन मजीद में चौदह मुक़ाम ऐसे हैं जहां सज्द: करने की हिदायत है। पढ़ने और सुनने वाले दोनों पर सज्द: करना लाज़िम है। घुटने टेककर हाथों की हथेलियां और दोनों हाथ की पांचों उंगलियां ज़मीन पर रख कर और हाथों के बीच में माथा और नाक ज़मीन पर टेककर ज़बान से ख़ुदा की पाकीज़गी (पवित्रता) बयान करने को सज्द: कहते हैं। सज्द: की तस्बीह (सज्द: में पढ़ने वाले शब्द) हमने सज्द: तिलावत के बयान में दी है। (मुकद्दमा क़ुरआन मजीद पृष्ठ नं० १५)

क़ुरआन मजीद के रस्मुलख़त से सम्बन्धित ज़रूरी याद दहानी

(१) क़ुरआन मजीद की तहरीर (लिखाई) से बेख़बरी की वजह से अक्सर लोग क़ुरआन मजीद ग़लत पढ़ते हैं। चंद (कुछ) ज़रूरी मिसालें लिखी जा रही हैं। क़ुरआन मजीद के चंद अल्फ़ाज़ (शब्द) में (و) वाव लिखा जाता है लेकिन पढ़ा नहीं जाता जैसे (زكوٰة) ज़क्वात, (حيوٰة) हैवात को ज़कात या हयात पढ़ा जाता है यानी (و) वाव को न पढ़ना चाहिए और कुछ जगह (ى) य लिखी जाती है लेकिन पढ़ी नहीं जाती बल्कि उस के बदले में अलिफ़ पढ़ा जाता है जैसे (عيسٰى موسٰى) मुसाय ईसाय वग़ैर: को (عيسا موسا) मूसा, ईसा पढ़ना चाहिए इस को अलिफ़ मक़सूरा कहते हैं और बाज़ जगह अलिफ़ मक़सूरा की अलामत खड़े ज़बर (ٰ) के अलावा कुछ नहीं होती तो इस खड़े ज़बर को भी एक अलिफ़ के बराबर पढ़ना चाहिए जैसे (اسحٰق رحمٰن) को (اسحاق ، رحمان) रह्मान,इस्हाक़ पढ़ना ज़रूरी है।

(२) यह बात याद रहे कि अरबी ज़ुबान में 'याये मजहूल नहीं होती। मगर क़ुरआन मजीद में सिर्फ़ एक जगह पार: १२ सूर: हूद रुकूअ ४, आयत ४१ में एक लफ़्ज़ मज्रीहा लिखा है उस का उच्चारण (तलफ़्फ़ुज़) मज्रीहा नहीं हे "मज्रेहा" है।

(३) नीचे लिखे दोनों लफ़्ज़ों में जो 'स' है इसमें (हफ़्स) साद (स) के नज़दीक सीन (स) पढ़ना चाहिये:— युब्सुतु—पार: २ सूर: बक़र: आयत २४५ में। बसततन्—पार: ८ सूर: अअ्राफ़ि आयत ६६ में।

(४) नीचे लिखे दोनों लफ़्ज़ों में जो (ص साद) 'स' है इनमें (س सीन) 'स' और (ص) साद (स) दोनों पढ़ने का इख़्तियार है:—हुमुल् मुसैतिरून—पार: २७ सूर: तूरि आयत ३७ में। बिमुसैतिरिन्—पार: ३० सूर: ग़ाशिय: आयत २२ में।

(५) क़ुत्बुजद्—क, त, ब, ज और द के मुतहर्रिक (हलन्त) अक्षर आने पर भी इनमें मामूली सा सस्वर जैसी हरकत पढ़ना चाहिए। जैसे 'अिब्राहीम'। इसमें ब् को थोड़ा सा हिला कर उच्चारण करना चाहिए।

(६) यह भी याद रहे कि क़ुरआने करीम में अक्सर जगह (ا) अलिफ़ लिखा जाता है मगर पढ़ा नहीं जाता जैसे कि (ا) अलिफ़ जो अलामत जमा के लिए हो जैसे قَالُوا (क़ालू'अ) में आख़री अलिफ़ पढ़ा नहीं जाता और أَنَا (अना) को أَنَ (अ-न) पढ़ा जाएगा मगर जब कहीं क़ुरआन मजीद में (عَنَّا) अना (हम्ज़ा, नून, अलिफ़ से) लिखा हो वहां आख़री अलिफ़ ज़रूर पढ़ा जाएगा जैसे جَاءَنَا نَذِيْرٌ जाअनान-ज़ीरुन

'अना'– क़ुरआन मजीद मूल (मतन) में जहां पर अलिफ़् सहित 'अना' लिखा हुआ है, जो ज़मीर (सर्वनाम) है, वहां नून (न) के साथ का आख़िरी अलिफ़् (ा) छोड़ कर 'अ-न' पढ़ना चाहिए। हिन्दी क़ुरआन मजीद के सफ़ा ४६४ लाईन २३, सफ़ा ५१२ लाईन २१, सफ़ा ५१८ लाईन १ सफ़ा ५२२ लाईन १६, सफ़ा ५३४ लाईन २४, सफ़ा ५४६ लाईन २७, सफ़ा ५०२ लाईन १६, सफ़ा ५६० लाईन २१, सफ़ा ५६० लाईन २, सफ़ा ६०२ लाईन १७, सफ़ा ६०२ लाईन २०, सफ़ा ६१० लाईन १५, सफ़ा ६३८ लाईन २१, सफ़ा ७२६ लाईन १४, सफ़ा ७२६ लाईन १६, सफ़ा ७२६ लाईन २४, सफ़ा ७२८ लाईन ४, सफ़ा ७४८ लाईन २१, सफ़ा ७५६ लाईन २२, सफ़ा ७८४ लाईन २, सफ़ा ७६८ लाईन २३, सफ़ा ८२६ लाईन ५, सफ़ा ८६६ लाईन २१, सफ़ा ८७४ लाईन १७, सफ़ा ६०० लाईन २२, सफ़ा ६३६ लाईन २५, सफ़ा ६७० लाईन ६, में 'अना' ज़मीर (सर्वनाम) है। पाठक वहां कोई निशान लगा लें ताकि उसे **'अ-न'** पढ़ें न कि 'अना'। फिर ध्यान दिलाना ज़रूरी है कि 'अन' को हिन्दी-उर्दू के तर्ज़ पर 'अन्' न पढ़ें बल्कि अरबी-संस्कृत के तर्ज़ पर 'अ-न' सस्वर ही पढ़ें। लेकिन सूरत २५ 'अल्फ़ुर्क़ान' पारः १६ आयत ४६ पृष्ठ ५७६ पर 'अनासीय' में जो 'अना' है उसको 'अना' यानी अलिफ़् के साथ पढ़ना चाहिये, क्योंकि यह 'अना' ज़मीर (सर्वनाम) नहीं है।

क़ुरआन मजीद के वह मुक़ामात जिनमें (ا) अलिफ़् ज़ायद होने पर भी ख़ामोश (मौन) है जिनमें अलिफ़् का न पढ़ना ज़रूरी है।

सं०	नाम पारः	पारः	सूरः	रुकूअ	आयत	पृष्ठ	अरबी लिपि में	अरबी ओर नागरी में पढ़िए
१	तिल्कर्रुसुलु	(३)	(शुरू) आलि अिमरान	१	१	७४	अलिफ़ लाम् मीम् (१) अल्लाहु	अलिफ़ लाम् मीम् (१) अ्ल्लाहु
२	लन्तनालू	(४)	आलि अिम्रान	१५	१४४	१०४	अफ़ा अिम्मात	अफ़ अिम्मात
३	"	"	" "	१७	१५८	१०८	ला अिलल्लाहि	ल अिलल्लाहि
४	लायुहिब्बुल्लाहु	(६)	मा'अिद:	५	२६	१७४	अन् तबू'आ	अन् तबूअ
५	अिजा समिअू	(७)	अन्आमि	४	३४	२०४	मिन् नबाअिल्मुर्सलीन	मिन्नबअिल्मुर्सलीन
६	कालल्मलअू	(६)	अअराफ़ि	१३	१०३	२५६	मलाअिही	मलअिही
७	वअ्लमू	(१०)	सूरतुत्तौब:	७	४७	३०६	ला औज़अू	ल औज़अू
८	यअ्तज़िरून	(११)	यूनुस	८	७५	३४२	मलाअिही	मलअिही
६	"	"	"	६	८३	३४२	मलाअिहिम	मलअिहिम्
१०	वमा मिन्दाब्बतिन्	(१२)	हूद	६	६८	३६२	अिन्ना समूदा	अिन्न समूद
११	"	"	"	६	६७	३६६	मलाअिही	मलअिही
१२	वमाअुबर्रिअु	(१३)	रअदि	४	३०	३६८	अुममुल्-लितत्लुवा	अुममुल्-लितत्लुव
१३	सुब्हानल्लज़ी	(१५)	कह्फ़ि	२	१४	४६६	लन्नद् अुवा	लन्नद् अुव
१४	"	(१५)	"	४	२३	४६८	लिशाअिन्	लिशैअिन्
१५	"	(१५)	"	५	३८	४७२	लाकिन्ना हुवल्लाहु	लाकिन्न हुवल्लाहु

सं०	नाम पारः	पारः	सूरः	रुकूअ	आयत	पृष्ठ	अरबी लिपि में	अरबी और नागरी में पढ़िए
१६	अिक़्तरबलिन्नासि	(१७)	अंबिया'अि	३	३४	५१४	अफ़ाअिम्-मित्त	अफ़अिम्-मित्त
१७	क़द् अफ़्लहल्-मुअ्मिनून	(१८)	मुअमिनून	३	४६	५४६	मलाअिही	मलअिही
१८	व क़ालल्लज़ीन	(१६)	अल् फ़ुर्क़ानि	४	३८	५७६	समूदा व असहाबर्रसि	समूद व असहाबर्रसि
१६	,, ,,	(१६)	नम्लि	२	२१	६००	ला अज्बहन्नहू	ल अज्बहन्नहू
२०	अम्मन् ख़लक़स्-समावाति	(२०)	क़ससि	४	३२	६१८	मलाअिही	मलअिही
२१	,, ,,	,,	अन्कबूति	४	३८	६३६	आदंव्व समूदा	आदंव्व समूद
२२	अुत्लुमा अूहिय	(२१)	रूमि	४	३६	६४८	लियर्बुवा	लियर्बुव
२३	व मालिय	(२३)	साफ़्फ़ाति	२	६६	७१२	ला अिलल् जहीमि	ल अिलल् जहीमि
२४	अिलैहि युरद्दु	(२५)	ज़ुख़्रुफ़ि	५	४६	७८२	मलाअिही	मलअिही
२५	हामीम्	(२६)	मुहम्मदिन्	१	४	८०६	व ला किल्लियब् लुवा	व ला किल्लियब्लुव
२६	,,	(२६)	,,	४	३१	८१०	व नब्लुवा अख़्बारकुम्	व नब्लुव अख़्बारकुम
२७	,,	(२६)	हुजुराति	२	११	८२०	बिअ्सलि-अस्मुल्-फ़ुसूक़	बिअ्स-लिस्मुल्-फ़ुसूक़
२८	क़ालफ़मा ख़त्बुकुम	(२७)	नज्मि	३	५१	८३८	व समूदा फ़मा	व समूद फ़मा
२६	क़द् समिअल्लाहु	(२८)	हश्रि	२	१३	८७२	ला अन्तुम् सशद्दु	ल अन्तुम् अशद्दु
३०	तबारकल्लज़ी	(२६)	दह्रि	१	४	६२८	सलासिला	सलासिल
३१	,,	(२६)	,,	१	१५	६२८	कानत् क़वारीरा	कानत् क़वारीर
३२	,,	(२६)	,,	१	१६	६२८	क़वारीरामिन्	क़वारीर मिन्

तिलावत क़ुरआन मजीद के वक़्त रुमूज़ (विरमाविराम), अलामत (चिह्न) और हरकात सकनात (गीत स्थिरता) पर पूर्ण सावधानी से अमल करना चाहिए। क़ुरआन मजीद में बीस मुक़ामात ऐसे हैं कि सही लिखा होने पर भी पढ़ने की ज़रा सी असावधानी से बिना जाने-समझे आज्ञाओं के विरुद्ध आचरण ग्रहण हो जाता है, और जान बूझकर पढ़ने से बड़ा अज़ाब (महान दोष) बल्कि कुफ़्र तक नौबत पहुंच जाती है। मगर लाअिल्मी (अनभिज्ञता) में माफ़ है, क्योंकि लाअिल्मी में और तालीम की अवस्था में अल्लाह की तरफ़ से माफ़ी है। नीचे वह तमाम मुक़ाम दर्ज किये जाते हैं, पाठक ध्यान रखें :—

सं०	सूरः	आयत	पृष्ठ	सही	ग़लत
१	सूर नु-फ़ातिहः (१)··· ···	४	१	अिय्याक नअ्बुदु	अिया नअ्बुदु (बिलातश्दीद)
२	,, ,, (१)··· ···	६	१	अन् अम्त अलैहिम्	अन् अम्तु अलैहिम्
३	सूरः बक़रः (२) रुकूअ १५	१२४	२६	अिब्राहीम रब्बुहू	अिब्राहीमु रब्बहू
४	,, ,, ,, ३३	२५१	६०	कतल दावूद जालूत	कतल दावूद जालूतु
५	,, ,, आयतल्कुर्सी ,, ३४	२५५	६२	अल्लाहु ला अिलाह	आल्लाहु लाअिलाह (बिलामद)
६	,, ,, ,, ३६	२६१	६०	वल्लाहु युज़ाअिफ़ु	वल्लाहु युज़ाअफ़ु
७	,, निसा'अि (४) ,, २३	१६५	१६०	मुबश्शिरीन व मुन्ज़िरीन	मुबश्शरीन व मुन्ज़रीन

सं०	सूर:	आयत	पृष्ठ	सही	ग़लत
८	सूर: तौब: (९) ,, १	३	२६४	मिनल्-मुश्रिकीन व रसूलुहू	मिनल्-मुश्रिकीन व रसूल्लिही
९	,, बनीइस्राईल (१७) २	१५	४४८	व मा कुन्ना मुअज्ज़िबीन	व मा कुन्ना मुअज्जबीन
१०	,, ताहा (२०) ,, ७	१२१	५०८	व असा आदमु रब्बहू	व असा आदम रब्बुहू
११	,, अम्बियाअि (२१) ,, ६	८७	५२४	अिन्नी कुन्तु मिनज़्ज़ालिमीन	अन्नी कुन्त मिनज्जालिमीन
१२	,, शुअराअि (२६) ,, ११	१६५	५९६	तिलकून मिनल् मुन्ज़िरीन	तिलकून मिनल् मुन्ज़रीन
१३	,, फ़ातिरित् (३५) ,, ४	२८	६६६	यख़्शल्लाह मिन् अिबादि	यख़्शल्लाहु मिन अिबादि
१४	,, साफ़्फ़ाति (३७) ,, २	७२	७१४	फ़ीहिम मुन्ज़िरीन	फ़ीहिम् मुन्ज़रीन
१५	,, फ़त्हि (४८) ,, ४	२७	८२२	लक़द् सदक़ल्लाहु	लक़द् सदअल्लाहु
१६	,, हश्रि (५९) ,, ३	२४	८८०	मुसव्विरु	मुसव्वरु
१७	,, हाक़्क़ति (६९) ,, १	३७	९१६	अिल्लल् ख़ातिअून	लिल्लल् ख़ातअून
१८	,, मुज़्ज़म्मिलि (७३) ,, १	१६	९२८	फ़असा फ़िर्औनुर्रसूल	फ़असा फ़िरऔनुर्रमूलु
१९	,, मुर्सलाति (७७) ,, २	४१	९४०	फ़ी ज़िलालिव	फ़ी अला लिव्व
२०	,, नाज़िआति (७९) ,, २	४५	९४६	अिन्नमा अन्त मुन्ज़िरु	अिन्नमा अन्त मुनज़रु

क़ुरआन मजीद की सूरतों के ख़्वास (लाभ)

अगर कोई यह अक़ीदा रखे कि क़ुरआन मजीद अमलियात और तावीज़ात (तावीज़ गंडे) के लिए नाज़िल (उतरा) हुआ है तो यह जिहालत है और बड़ा गुनाह है क्योंकि क़ुरआन मजीद हक़ीक़त में ख़ुदा के हक़ूक़ जो लोगों पर हैं और लोगों के हक़ूक़ भी जो आपस में एक दूसरे पर हैं और उनके अदा करने या न करने के सबब जो नतीजे दुन्या में और मरने के बाद होने वाले हैं उन सब के बयान (गोष्ठ) के लिए ख़ुदा की तरफ़ से नाज़िल हुआ है। मगर इस के साथ ही बहुत सी आयतों और सूरतों को रसूले करीम (सल्ल०) सहाबा किराम और बुज़ुरगाने दीन अमलीयात के तौर पर मुसीबतों और बलाओं के दुर करने के लिए पढ़ते थे जिनकी बरकत से वह मुसीबत दूर हो जाती थी। जो आदमी किसी मतलब के लिए अमल पढ़ता हो और ज़ाहिरी कोशिश तक़ाज़ा-ए-आलमे अस्बाब (ख़ुदा के हुक्मों) के मुताबिक़ न करता हो तो वह यक़ीनन नाकाम होगा कि उस की मिसाल एक ऐसे मरीज़ (रोगी) की सी होगी जो दवा खाता हो मगर परहेज़ न करता हो बल्कि अमल पढ़ने का यह मतलब होता है कि अमल की वजह से ज़ाहिरी कोशिश नाकाम न रहे। सब बुज़ुरगाने दीन का तजुर्बा है कि जिस आयत के मज़मून (विषय) को जिस काम से मुनासिबत (उचित) पाई जाए तो वह आयत उस काम के लिए अमल के तौर पर पढ़ी जा सकती है जैसे क़ुरआन मजीद में हज़रत मूसा अलैहिस्सलाम के बारे में ज़िक्र है कि उन्होंने दुआ की (अनुवाद) 'मूसा अ०' ने (फ़ओन की हिदायत की तरफ़ जाते वक़्त) कहा ऐ ख़ुदा मेरे सीने को खोल दे और मेरे काम को मेरे लिए आसान फ़रमा और मेरी ज़बान की गिरह खोल दे (ताकि बयान में सफ़ाई हो) और वह लोग मेरी बात को समझें इस आयत को हर शख़्स मुश्किल कामों की आसानी के लिए पढ़ सकता है और अपने ज़ेहन और अक़्ल (बुद्धि) के बढ़ने के लिए पढ़ सकता है। क़ुरआन का अमल करने में तख़्सीसे-वक़्त और पढ़ने की तादाद की क़ैद नहीं है बल्कि हर शख़्स को चाहिए कि वह ख़ुद ईशा या सुबह की नमाज़ के बाद या कोई और वक़्त मुक़र्रर (निर्धारित) करके और पढ़ने की तादाद भी अपनी तरफ़ से क़ायम करके पढ़ा करें। अव्वल और आख़िर में दरूद हो और चीज़ को पाक रखें लेकिन यह बात तजुर्बों से साबित हुई है कि अगर कोई शख़्स क़ुरआन की आयत किसी नाजायज़ काम के लिए अमल के तौर पर इस्तेमाल में लावे तो वह कामयाब नहीं होगा और पागल हो जाता है।

सूरतों की तर्तीब

रसूले करीम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की पवित्र जीवनी

इस्लाम से पहले अरबों के विभिन्न मज़ाहिब (धर्म) और एतक़ाद (विश्वासों) थे। कुछ उनमें से बुत परस्त, कुछ ख़ुदा परस्त, कुछ ला मज़हब (अधर्मी) और ला साइबी, कुछ यहूदी और ईसाई थे। बुत परस्ती (मूर्ति पूजा) अरब के क़दीम (प्राचीन) बाशिन्दों (निवासियों) में भी पायी जाती थी। आद, समूद, जदीस, जरहुम ओला, अमलीक़ अव्वल आदि बुतों की परिसतिश (पूजा) करते थे लेकिन उनके तफ़सीली हालात (पूरे हालात) ज़माने के कारण हम को मिल नहीं सके। बाक़ी रहे अरब आरिबह और अरब मुस्तआरिबह, उनके बुत दो प्रकार के थे। एक मलाइक और अरवाह जो ग़ैर महसूस (अस्पर्श) ताक़तों से ताल्लुक़ रखते थे और दूसरी क़िस्म उन बुज़ुर्गों (पूर्वजों) की शक्ल के बुत तैयार किए गए थे जिन्होंने अपनी हयात (जीवन) के ज़मानों में नेक कामों से शोहरत (ख्याति) हासिल कर ली थी। यह गिरोह बुत परस्ती (मूर्ति पूजा) के बावजूद उनको माअबूदे मतलक़ (वास्तविक उपास्य) न मानता था, बल्कि उनका एतक़ाद (विश्वास) यह था कि सांसारिक अधिकार उन बुज़ुर्गों (पूर्वजों) की रूहानी (आध्यात्मिक) ताक़तों को, जिनके ये बुत यादगार के तौर पर हमारे आगे मौजूद हैं, इस तरह से हासिल हैं कि वे हमारी हर हाजत (मुराद) व दरख़ास्त की ख़ुदा के यहां सिफ़ारिश कर सकते हैं और आख़िरत की निस्बत (बारे में) उनका यह ख्याल (विचार) था कि उनकी रूहानी ताक़तें (आध्यात्मिक शक्ति) ख़ुदा से उनके गुनाहों की माफ़ी कराएंगी। वे बुत जिनकी तमाम अरब परिसतिश (पूजा) कर रहा था उनकी तफ़सील (विवरण) यह है।

१—हुबुल, २—वद, ३—सुवाअ, ४—यग़ूस, ५—यऊक़, ६—नसर, ७—उज्ज़ा, ८—लात, ९—मनात।

ये ख़ास (मुख्य) क़बीलों के बुत थे। इन ९ बुतों की परिसतिश (पूजा) तमाम अरब करता था। १०—दवार, ११—असाफ़, यह कोहे सफ़ा (सफ़ा नामक पहाड़) पर था। १२—नाइला, कोहे मरवह (मरवह पहाड़) पर था इन दो बुतों पर क़ुर्बानियां (बलि) की जाती थीं। १३—अबाअब, इस पर ऊंटों की क़ुर्बानी (बलि) की जाती थी। १४—काबे के अन्दर हज़रत इब्राहीम की तस्वीर थी और उनके हाथ में इस्तख़ारह (एक प्रकार का अमल) के तीर थे जो इज़लाम कहलाते थे और एक भेड़ का बच्चा उनके क़रीब (निकट) खड़ा था। हज़रत इस्माईल की मूरत (मूर्ति) ख़ाना काबा में रखी हुई थी।

१५—हज़रत मरयम और हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम की भी तस्वीरें और मूरतें (मूर्तियां) ख़ाना काबा में मौजूद थीं। वद, यग़ूस, यऊक़ और नसर अय्यामे जाहिलियत (अज्ञानता का दौर) अरब से बहुत पहले, बल्कि हज़रत नूह अलैहि० के पैदा होने से भी पूर्व उन बुज़ुर्गों (पूर्वजों) में से थे जो नेक कामों और ख़ुदा परस्ती (ईश्वर वादिता) में कामिल (पूर्ण) थे और जिनकी तस्वीरें पत्थरों पर मुनक़्क़श (अंकित) करके यादगार के लिए काबे के अन्दर रख दी थीं और इनको रुतबए माअबूदियत (पूज्य होने का दर्जा) देकर उनकी पूजा करने लगे। ख़ुदा परस्ती (ईश्वर भक्ति) भी किसी क़दर अरब जाहिलियत (अज्ञानता) में थी और यह दो तरह की थी। एक ग़ैर मालूम (अज्ञात) और पोशीदा (छिपी) क़ुदरत (ताक़त) को, जिसको वे अपने वजूद का ख़ालिक़ (रचियता) क़रार देते और मानते थे लेकिन शेष विचार उनके ला मज़हबी (अधर्मी) की ओर अधिक आकृष्ट थे। दूसरा गिरोह ख़ुदा को बरहक़ (सत्य) जानता था। क़ियामत, नजात, हश्र

(हिसाब किताब का मैदान) बक़ाए रूह (रूह का जीवन) और उस के जज़ा व सज़ा (इनाम व अज़ाब) का क़ायल था। ला मज़हबी (अधर्मियों) का भी एक तरह का शोर व चर्चा अरब में पाया जाता था जो न बुतों को पूजते थे और न किसी किताब और इलहामी (आसमानी) मज़हब (धर्म) के मानने वाले थे। वे ख़ुदा और प्रलय के इन्कारी थे इसी वजह से इनाम व अज़ाब को भी न मानते थे। वे दुनिया को सदैव रहने वाली मानते थे। साईबी धर्म वाले यह अक़ीदा (विश्वास) रखते थे कि हमारा धर्म इलहामी (आसमानी) है और हम हज़रत शीश अलैहि० और इदरीस अलैहि० के पैरो (अनुयायी) हैं उन के यहां सात समय की नमाज़ और एक क़मरी (चांद) महीने का रोज़ा था ये जनाज़े की नमाज़ पढ़ते थे। इन हालात से पता चलता है कि शायद उनका दावा सही हो। लेकिन यह ऐब (ख़राबी) उनमें आ गया था कि सबअ सय्यारे (तारे) की पूजा करते थे इसी के साथ ख़ाना काबा की बड़ी इज़्ज़त (आदर, सम्मान) करते थे। यहूदी धर्म अरब में ३५वीं शताब्दी हबूते आदम अलैहि० (पांचवी शताब्दी पूर्व मसीह के अनुसार) बख़्त नसर का हंगामा (जंग) हुआ। इसके कुछ दिनों बाद यहूदियों को इत्मीनान (सन्तोष) प्राप्त हुआ तो उन्होंने अपने धर्म को फैलाना शुरू कर दिया यहां तक कि धीरे धीरे ४०२६ हबूते आदम अलैहि० ३५४ पूर्व मसीह के अनुसार में ज़ूनिवास हमीरी बादशाहे यमन यहूदी हो गया और इससे यहूदियत को अरब में बड़ी तरक़्क़ी मिली। हबूते आदम अ० की तारीख़ न तो किसी पैग़म्बर ने बताई है और न ही ख़ुदा ने, अलबत्ता तौरात के आलिमों (विद्वानों) ने अपने अन्दाज़े से तौरात की ज़मीमों (परिशिष्ठों) और तफ़सीरों (टीकाओं) में इस को लिखा है। तीसरी सदी ईसवीं में ईसाई धर्म अरब में दाख़िल हुआ। जबकि पूर्वी कलीसा में ख़राबियां और बिदअतें (नई बातें) धीरे-धीरे रिवाज पा गयी थीं। आम मुअर्रिख़ीन (इतिहासकार) कहते हैं कि यह ज़माना ज़ूनिवास का था : इस धर्म का शेत्रा अधिक नजरान में हुआ और अरब में उस ने कुछ ज़्यादा रिवाज नहीं पाया। इनके अलावा बनू तमीम मजूसी और अधिकांश क़ुरैश जिन्दक़ा (गुमराह, भटके हुए) थे। हज़रत मुहम्मद सल्ल० की पैदाइश से पहले अरब में अधिकता से काहिन और नजूमी (ज्योतिषि) लोग थे और उन्होंने यह मशहूर (प्रसिद्ध) कर दिया था कि अनक़रीब (निकट ही) अरब में एक पैग़म्बर पैदा होने वाले हैं जिनके दीन का ग़लबा (प्रभाव) तमाम धर्मों पर होगा।

विलादत (पैदाइश)

आप (सल्ल०) के वालिद का नाम अब्दुल्लाह था। अब्दुल्लाह बिन अब्दुल मुत्तलिब के इन्तक़ाल (मृत्यु) के बाद बारहवीं रबीउल अव्वल को आमुल फ़ील (उस समय का सन) के पहले साल (अर्थात अबरह की चढ़ाई के ५५ दिन बाद) ४० जुलूसे किसराए नोशीरवां और ५७० ईसवीं में नबी सल्ल० पैदा हुए। अब्दुल मुत्तलिब ने आप की परवरिश (लालन पालन) की। क़बीला साअद में आपका ज़मानए रज़ाअत (दूध पीने का ज़माना) पूरा हुआ। हज़रत हलीमा रज़ि० ने दूध पिलाया और जब नबी सल्ल० चार साल के हुए और अपने रज़ाई भाइयों (दूध शरीक भाइयों) के साथ बकरियां चराने को गए थे तो फ़रिश्तों ने आकर आपका शिकम (सीना-ए-मुबारक) चाक करके क़ल्ब (दिल) को निकाला और उस से एक सियाह नुक़्ता (काला बिन्दु) अलग करके दिल को और आन्तों को धोया। जिस समय इस वाक़िए (घटना) की सूचना हलीमा को हुई तो वे इस डर से कि ख़ुदा जाने कोई और घटना पेश न आ जाए, आप को आप की वालिदा (मां) बीबी आमना के पास लायीं और इस घटना से आपको सूचित किया। बीबी आमना ने कहा कि तुम इन को ले जाओ।

यहां की आब व हवा (जलवायु) स्वभाव के अनुसार न होगी। मैं इस घटना से हरासां (आतंकित) नहीं हुई। अल्लाह ने उनको बहुत सी करामतें प्रदान फ़रमायी हैं। जब आपकी उम्र ६ साल की हुई तो बीबी आमना आपको मदीना अपने संबंधियों से मिलाने ले गयीं। वहां अबवा के स्थान पर बीबी आमना का इन्तक़ाल हो गया। इस तरह आप वालिद वालिदा दोनों की ओर से छोटी उम्र ही में यतीम हो गए और जब आठ साल के हुए तो आपके दादा अब्दुल मुत्तलिब ने वफ़ात पायी। उस समय आपके दादा ने आपको परवरिश (पालने) के उद्देश्य से अपने लड़के अबू तालिब के सुपुर्द किया। अबू तालिब मुहब्बते पिदरी (पिता की मुहब्बत) से आपके साथ पेश आए। दूध पीने के दौर में और बचपन के दौर में आपकी अजीब हालत थी। अज्ञानत के तौर तरीक़ों से आप बिल्कुल बेज़ार (निराश) थे। लड़कों में नहीं खेलते थे। अल्लाह ने आपको तमाम आदाते खबीसा (बुरी आदतों) से अपनी पनाह में रखा। जब आपने तेरहवीं साल में क़दम रखा तो अबू तालिब के साथ शाम (सीरिया) की ओर सफ़र किया। बुसरा के स्थान पर बुहीरा राहिब के झोंपड़े के पास होकर गुज़रे बुहीरा राहिब ने आपके अन्दर आसारे नुबूवत (नुबूवत की निशानियां) को देख कर अपनी क़ौम को बुलाया और आपकी नुबूवत से उनको सूचित किया। फिर दोबारा आप (सल्ल०) उम्मुल मोमिनीन हज़रत ख़दीजतुल कुबरा (रज़ि०) की तिजारत का सामान लेकर उनके गुलाम मैसरह के साथ शाम (सीरिया) गए। नसतुरा राहिब के पास से जिस समय आपका गुज़र हुआ,उसने आप सल्ल०में शाने नुबूवत (नुबूवत की शान) देखकर मैसरह को आपके हालात से सूचित किया। उसने वापसी के बाद हज़रत ख़दीजा को पूरे हालात से आगाह किया। हज़रत ख़दीजा ने आपसे विवाह करने का इरादा किया और अबू तालिब ने आपका निकाह ख़दीजा से कर दिया। नबी सल्ल० की उम्र शरीफ़ इस समय २५ साल थी। जब आप ३५ वर्ष के हुए तो क़ुरैश ने काबे को गिराकर दोबारा बनाना शुरू किया। जिस समय हजरे असवद (वह काला पत्थर जो काबे में लगा है) के रखने का अवसर आया तो आपस में सब लड़ने लगे। हर आदमी यह चाहता था कि हजरे असवद (काले पत्थर) को मैं अपने हाथ से रखूं। फिर कुछ सोच कर क़ुरैश एक होकर मश्विरा करने लगे। अबू उमय्या ने कहा कि बेहतर होगा कि पहले जो आदमी मस्जिद (काबे) में दाख़िल होगा उसे तुम लोग अपना हाकिम (जज) बनाओ। क़ुरैश इस बात पर राज़ी हो गए। इसी बीच नबी सल्ल० वहां आ गए। लोगों ने कहा कि यह अमीन (ईमानदार) है यह फ़ैसला करेंगे। आपने एक कपड़े में हजरे असवद (काले (पत्थर) को रख कर क़ुरैश से कहा, कि इस कपड़े के किनारों को पकड़ लो। किसी को किसी पर कोई फ़ज़ीलत (श्रेष्ठता) न होगी और न कोई झगड़ा बाक़ी रह जाएगा। अतएव क़ुरैश ने आपके कहने से कपड़े के किनारे पकड़ लिए। जिस समय हजरे असवद अपने मक़ाम (स्थान) के निकट पहुंचा, आपने अपने हाथ से लेकर उसको उसकी जगह पर रख दिया। इसके बाद नबी सल्ल० तहारत (पाकी) और इबादत अत्यन्त दृढ़ता से कोशिश फ़रमाने लगे। आपकी ज़ात पाक में एक आला दर्जे (उच्च दर्जे) का अख़्लाक़ (आचरण) और सब्र व फ़साहत (धैर्य व शालीनता) थी। जवानी में ही आपको इबादत का शौक़ था। हज़रत ख़दीजा रज़ि० से कई कई दिन का खाना तैयार कराके अपने साथ ले जाया करते थे। पहाड़ों में ग़ारे हिरा (एक खोह का नाम) आदि में आप रात दिन कई कई दिनों तक मसरूफ़े इबादत (इबादत में लीन) रहते थे और आपको लोग अमीन (अमानतदार) कहा करते थे।

नुबूवत

वह्य के उतरने से पूर्व नबी सल्ल० ने रोया-ए-सालिहात (सच्चे सपने) देखना शुरू किए। काहिनो (नजूमियों) और आसमानी किताबों के विद्वानों ने आपकी शान व नुबूवत के चर्चे व ज़िक्र करना शुरू कर दिए और नबी सल्ल० इबादत के ख्याल से तन्हाई व खिलवत (अकेले) में ज्यादा से ज्यादा रहना पसन्द फ़रमाने लगे। अक्सर ग़ारे हिरा में तशरीफ़ ले जाते और वहीं दो-दो चार-चार रातें लगातार इबादते इलाही (अल्लाह की इबादत) में लगे रहते यहां तक कि आपकी पैदाइश के चालीसवें साल आप पर वह्य नाज़िल हुई। पहले फ़रिश्ता आदमी के रूप में आता था और आपसे बातें करता था और कभी आप पर इलक़ा (आप से आप वह्य का आना) हुआ करता था और किसी समय चादर या कोई और चीज़ लपेट कर लेट जाते थे और वह्य घंटी की आवाज़ की तरह नाज़िल होती थी। इस पिछली सूरत में आपको बहुत तक्लीफ़ होती थी जैसा कि हदीस शरीफ़ में आया है 'वहु-अ अ-शद्दु अला' (और वह मुझ पर अधिक सख्त है) सख्त जाड़े में आप पसीने पसीने हो जाते, मतलब यह कि जो वह्य आरम्भ में आप पर ग़ारे हिरा में नाज़िल हुई वह यह थी—'इक़रा बिस्मि-रब्बिकल लज़ी खलक़० खलक़ल इन्सा-न मिन अलक़० इक़रा व रब्बिकल अकरमुल्लज़ी अल्ल-म बिल क़लम, अल्लमल इन्साना मा लम याअ्लम०'

बीबी खदीजा रज़ि० ने आप की बातों की तस्दीक़ (मान लेना) की और आप पर ईमान लायीं। इसके बाद नबी सल्ल० पर नमाज़ फ़र्ज़ (अनिवार्य) की गयी। हज़रत जिब्रील अलैहि० आए और वुज़ू करके पूरे अरकाने नमाज़ व तरकीब आपको नमाज़ पढ़ कर दिखायी। उसके बाद मेअ्राज की रात में आप मक्का से बैतुल मक़्दिस और फिर वहां से सातों आसमान और सदरतुल मुनतहा पर तशरीफ़ ले गए—'फ़ अवहा इला अवदहू मा अवहा'।

अर्थात—अल्लाह ने अपने बन्दे पर वह्य भेजी। जो वह्य भेजी उसका ज़िक्र (मेअराज का) पन्द्रहवें पारे के शुरू में है।

कुरैश में इस्लाम की दावत

नबी सल्ल० ने अबू तालिब को इस्लाम की दावत दी। अबू तालिब ने कहा, मैं अपना और अपने बाप-दादा का दीन (धर्म) नहीं छोड़ सकता, अलबत्ता तुम्हारी वजह से यह होगा कि मैं तुम्हारा विरोध न करूंगा, उलमा-ए-सीर (पवित्र जीवनी लिखने वाले विद्वान) लिखते हैं कि सबसे पहले खदीजा रज़ि० ईमान लायीं। इसके बाद अबू बक्र व अली (रज़ि०) और ज़ैद बिन हारसा व बिलाल रज़ि०, फिर उमर बिन अम्बसा सलमा रज़ि० व खालिद बिन सईद रज़ि० मुसलमान हुए। इन बुज़ुर्गों के बाद कुरैश के एक गिरोह ने इस्लाम को स्वीकार किया जिन को अल्लाह ने नबी सल्ल० की मुसाह-बत (निकटता) के लिये पूरी क़ौम में से बरगुज़ीदा (अहम माना) किया और इनमें से अधिकांश प्रसिद्ध व जन्नती हुए। हज़रत अबू बक्र सिद्दीक़ रज़ि० चूंकि रक़ीक़ुल क़ल्ब (नर्म दिल) महबूबे खलाइक़ (लोगों के प्रिय) नर्म स्वभाव और तिजारत करने वाले थे। लोगों की मदद करने का मादा (भावना) उनमें अधिक था। क़ुरैश आपसे ज्यादा मानूस (मिले जुले) थे इस वजह से आपके हाथ पर बनू उमय्या में ही उस्मान बिन अफ़्फ़ाक, तलहा, साअद बिन अबी व क़ास और अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि० ईमान लाए। इसके बाद अबू उबैदह रज़ि०, आमिर बिन अब्दुल्लाह रज़ि०, अबू सलमा अब्दुल असद रज़ि०, सईद बिन ज़ैद रज़ि०, सईद की बीवी फ़ातिमा रज़ि०, (हज़रत उमर रज़ि० की बहन) सईद रज़ि० के बाप ज़ैद बिन अमरू रज़ि० इस्लाम में दाखिल हुए। यह ज़ैद बिन अमरू वही हैं जिन्हों

ने अज्ञानता में बुतपरस्ती छोड़ दी थी। फिर उमर रज़ि० और अब्दुल्लाह बिन मसऊद रज़ि० मुसलमान हुए। अब्दुल्लाह बिन मसऊद उक़बा बिन मुईत की बकरियां चराते थे। एक दिन नबी सल्ल० उनकी बकरियों के गल्ले की ओर से होकर गुज़रे और उन की इजाज़त से बकरी का दूध आपने दोहा जिसका दूध बन्द हो गया था। अब्दुल्लाह बिन मसऊद रज़ि० यह मुअज्जिज़ह (चमत्कार) देख कर हैरान हो गए और उसी समय ईमान ले आए। इन के बाद जाफ़र बिन अबी तालिब और उन की बीवी और साइब बिन उस्मान रज़ि० और आमिर बिन फ़हीरह रज़ि०. उम्मार बिन यासिर और सुहैब (रज़ि०) इस्लाम लाए।

इस्लाम की दावत

इन बुज़ुर्गों के इस्लाम लाने से मुसलमानों की एक छोटी सी जमाअत हो गई जिसमें जवान लड़के, बूढ़े, औरतें सभी शामिल थे। लेकिन मुश्रिकों (अधर्मियों) के भय से जंगलों और पहाड़ों में चले जाते थे और वहीं नमाज़ें पढ़ते थे। क़ुरैश का कोई ऐसा जलसा न होता था जिसमें इस्लाम का और उनके इस्लाम लाने का उल्लेख न होता। वह्य के आने के तीसरे साल नबी सल्ल० को दावत देने का हुक्म हुआ। चुनांचे आप सफ़ा पहाड़ पर चढ़ गए और क़ुरैश को बुला कर उनसे मुख़ातिब (सम्बोधित) हो कर फ़रमाया—

"यदि मैं तुमको ख़बर दूं कि दुश्मन तुम पर सुबह को आएगा या शाम को, तो क्या तुम लोग मुझे सच्चा मानोगे? क़ुरैश ने कहा, हां। तब नबी सल्ल० ने फ़रमाया, मैं तुम को डराता हूं आगे के सख़्त अज़ाब से। ख़ुदा के इन हुक्मों पर ईमान लाओ जो मेरे पास आए हैं। क़ुरैश इस कलाम को सुन कर अलग हो गए।"

फिर आपने आम हिदायत शुरू की। जब क़ुरैश ने देखा कि उनके बुतों की बुराइयां की जाती हैं और उनके पूजने पर रोक टोक की जाती है तो उनको बुरा लगा, वे सब के सब एक मकान में जमा हो कर नबी सल्ल० की दुश्मनी पर तैयार हो गए। अबू तालिब ने उनकी इस राए का विरोध किया और उनको इस काम से रोकने लगे, वे नबी सल्ल० की हिमायत पर तैयार हो गए। क़ुरैश अबू तालिब के विरोध से मजबूर हो कर न्याय कराने के लिए अबू तालिब के पास आए और अबू तालिब से नबी सल्ल० की ओर से तकलीफ़ पहुंचाने के बारे में बहस की और इस बात की इच्छा प्रकट की कि नबी सल्ल० को उनके यहां बुला कर इस नए काम से रोकें। चुनांचे नबी सल्ल० उनके बुलाने पर इस सभा में तशरीफ़ लाए। क़ुरैश ने अपने तर्क पेश किए। और यह कहा कि यदि आपको दौलत की ज़रूरत हो तो आप की इच्छा से ज़्यादा चन्दा जमा करके दे दें और यदि जवान सुन्दर औरत की ज़रूरत हो तो वह भी इसके साथ, और यदि इसके बावजूद फिर भी आप न मानें तो मुमकिन (सम्भव) है कि ख़ून-रेज़ी (रक्तपात) होगी और आपकी जान जाती रहेगी क्योंकि यह सारी क़ौम और मज़हब (धर्म) का मामला है।

तब जवाब में नबी सल्ल० ने क़ुरआन मजीद की कुछ आयत पढ़ कर इशारा फ़रमाया—

"ऐ चचा! मैं अपने इस काम को न छोड़ूंगा यहां तक कि अल्लाह उसको ज़ाहिर (स्पष्ट) करे या कि मैं स्वयं इसमें हलाक (ख़त्म) हो जाऊं।"

अबू तालिब यह सुन कर शान्त रहे, क़ुरैश की सभा ख़त्म हो गई। उस समय फिर आपने अबू तालिब से मुख़ातिब (सम्बोधित) होकर इस्लाम की दावत दी। अबू तालिब ने कहा, जो तुम्हारे दिल में है करो, लेकिन ख़ुदा की क़सम मैं कभी ईमान न लाऊंगा और न अपने बाप दादा के दीन को छोड़ूंगा। यह बात मुझ से न होगी कि नमाज़ के समय मेरे चूतड़ मेरे सर से ऊंचा हो जाएं (अर्थात सज्दे में)

हब्शा की ओर हिजरत

जब क़ुरैश ने देखा कि नबी सल्ल० इस्लाम की दावत से बाज़ नहीं आते और मुसलमानों की जमाअत बढ़ती जाती है तो बनी हाशिम और बनू मुत्तलिब और कुल क़ुरैश ने जमा होकर नबी सल्ल० और सब मुसलमानों को तक्लीफ़ पहुंचाने का अहद (वचन) किया। प्रत्यक्ष में इस वचन में बनू हाशिम और बनू मुत्तलिब पेशवा (अगुवा) थे। लेकिन असल में अरब का हर क़बीला जो उस समय मक्का और उसके निकट में था इस अहद व इक़रार में शामिल था। जहां ये लोग ग़रीब मुसलमानों को पाते, पत्थरों से मारते, तरह-तरह की तक्लीफ़ें देते थे, नमाज़ की हालत में ऊंटों, बकरियों की आंतें, गन्दगी ला-लाकर नमाज़ियों पर डालते थे। जब यह तक्लीफ़ों का सिलसिला सीमा पार कर गया तो आपने मुसलमानों को हब्शा की ओर हिजरत का हुक्म दिया। हब्शा के बादशाह और क़ुरैश के बीच तिजारत का सन्धिनामा था। वे प्राय: हब्शा के बादशाह की प्रशंसा किया करते थे। बहरहाल सबसे पहले हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ि० और उनकी पत्नी रुक़ैया बिन्त नबी सल्ल०, अबू हुज़ैफ़ा और उनकी पत्नी, ज़ुबैर बिन अवाम, मुसअब बिन उमैर, अबू सबरह अब्दुल्लाह बिन मसऊद आमिर और उनकी पत्नी लैला और सुहैल रज़ि० इन बुज़ुर्गों ने हब्शा की ओर हिजरत फ़रमायी। इनके बाद फिर यके बाद दीगरे (एक के बाद एक) मुसलमानों ने हब्शा की ओर हिजरत करना शुरू कर दिया। इन्हीं लोगों के साथ जाफ़र बिन अबी तालिब रज़ि० भी हिजरत कर गए, यहां तक कि हब्शा में मुहाजिरीन (हिजरत करने वालों) की तायदाद (संख्या) तीन सौ तक पहुंच गयी मुहाजिरीने अव्वल (प्रथम हिजरत करने वाले) का मुश्रिकीने मक्का (मक्का वालों) ने दूर तक पीछा किया, लेकिन नाकाम वापस आए। क़ुरैश ने जब यह देखा कि नबी सल्ल० की तक्लीफ़ व परेशानी में आपके कुछ रिश्तेदार रुकावट बनते हैं और विरोध करते हैं तो उन्होंने यह शेवा (रास्ता) अख़्तियार (अपनाया) किया कि जो मक्का में आता था उससे नबी सल्ल० की साहिरी, (जादूगरी) मजनूनियत (पागलपन) और कहावत (ज्यौतिष) का ज़िक्र करते थे और आपके पास उसको आने से रोकते थे। इन लोगों का यह काम था कि ये लोग नबी सल्ल० और उन लोगों से जो ईमान ला चुके थे मसख़रा पन (मज़ाक उड़ाते) करते और तक्लीफ़ देते थे।

तायफ़ में इस्लाम की दावत

अल ग़रज़ (फल स्वरूप) हज़रत ख़दीजा रज़ि० के इन्तक़ाल (देहान्त) और अबू तालिब के इंतक़ाल के बाद मुश्रिकीने मक्का नबी सल्ल० के साथ हर समय इस्तहज़ा (मसख़रा) और तक्लीफ़ देने पर तैयार रहते। एक दिन आप इस्लाम की दावत देने के उद्देश्य से तायफ़ की ओर तशरीफ़ ले गए और वहां के सरदारों अब्द या लैल बिन उमर और मसऊद व हबीब के पास बैठकर उनको इस्लाम लाने और इस्लाम की मदद करने की इस्तदा (प्रार्थना) की। इन तीनों ने अत्यन्त सख़्ती से आपको जवाब दिया। तो जब नबी सल्ल० इनके इस्लाम लाने से ना-उम्मीद (निराश) हो गए तो उनको इस हाल के छुपाने के लिए इर्शाद फ़रमाया। लेकिन उन लोगों ने आपका कहा न माना। अराज़ल (क्रूर और बुरे) और छोटे-छोटे लड़कों को आपके पीछे लगा दिय।

उन लड़कों ने आपके पीछे तालियां बजानी शुरू कीं और ढेले मारने लगे, यहां तक कि आप एक बाग़ की दीवार की छाया में बैठ गए, और लडके लोग लौट गए। जब आप को उन के शोर व ग़ुल से सुकून हासिल हो गया तो रात को खजूर के एक बाग़ में ठहर गए। आधी रात को जब आप (सल्ल०)

नमाज़ पढ़ने के लिए खड़े हुए तो कुछ जिन्न इस तरफ़ से होकर गुज़रे और उन्होंने इस मक़ाम (स्थान) पर ठहर कर क़ुरआन को सुना। इसके बाद नबी सल्ल० मक्का में दाखिल हुए।

मक्का वाले बदस्तूर (उसी तरह) आपकी अदावत (दुश्मनी) पर तुले हुए थे। क़ुरैश के रईसों में से किसी ने आपको अपनी हमसायगी (शरण) में न लिया। आखिरकार मुतअिम बिन अदी के जुवार (मकान) में आप ठहरे। तुफ़ैल बिन अमरू आपकी सेवा में हाज़िर हुए और ईमान लाए। अपनी क़ौम को इस्लाम की तरफ़ बुलाया, कुछ उनमें से ईमान लाए। नबी सल्ल० ने उनके लिए दुआ फ़रमायी। इब्ने हज़म का बयान है कि इसके बाद मेअराज की घटना पेश आयी। पहले आप मक्का से बैतुलमुक़द्दस तशरीफ़ ले गए, फिर वहां से आसमानों पर गए और अम्बियाए किराम (नबियों) से मुलाक़ात की। जन्नत और सदरतुल मुन्तहा को सातवें आसमान पर देखा।

हज के मौसम में इस्लाम की दावत

जब नबी सल्ल० मुश्रिकीने मक्का के ईमान लाने से ना-उम्मीद (निराश) हो गए और हज के मौसम में जो लोग इतराफ़) इधर-उधर) से आते थे उनके फरूद गाह (ठिकानों) पर तशरीफ़ ले जाते थे और उनको इस्लाम की दावत देते थे, क़ुरआन पढ़कर उनको सुनाते। इस्लाम की नुसरत (मदद) के लिए उनसे कहते, तो क़ुरैश इन मामलों में भी मुज़ाहमत (हस्तक्षेप व रुकावट) करते और आपकी मुज़म्मत (निंदा) करते फिरते थे। अबू लहब को इस काम में एक खास दिलचस्पी थी। वह अपने सारे कामों को छोड़ कर आपके पीछे पड़ गया था। जिन लोगों को आप हज के मौसम में इस्लाम की दावत देते थे, कुछ उनमें से सुन कर सहूलियत (आसानी) से जवाब देते थे और कुछ एतराज़ (विरोध) करते और कुछ बतरीक़ तमुस्खुर (मज़ाक़ उड़ाते हुए) यह कहते थे कि "हम इस शर्त पर ईमान लाएंगे कि तुम हमको मुल्क व हुकूमत दिलाओ।"

नबी सल्ल० यह सुन कर इर्शाद फ़रमाते थे कि यह काम अल्लाह का है, मैं इस का वायदा नहीं कर सकता। इसके बाद नबी सल्ल० सुवेद बिन अस्सामत के पास तशरीफ़ ले गए और उसको इस्लाम की दावत दी। सुवेद बिन सामत ने न तो इस्लाम स्वीकार किया और न सख्ती से जवाब दिया। जब यह मदीना से वापस आया तो किसी लड़ाई में मारा गया। यह वाक़िआ (घटना) यौमे बआस (एक इतिहासिक घटना) के पहले का है। इसके बाद मक्का में अबुल हैसर अनस अपनी क़ौम बनू अब्दुल अशहल के एक गिरोह को लिए हुए क़ुरैश से खज़रज वालों से मुक़ाबले के लिए हलफ़ (शपथ) लेने आया। नबी सल्ल० इस गिरोह के पास भी इस्लाम की दावत को तशरीफ़ लाए। इस गिरोह में से एक नवजवान ने जिसका नाम अयास बिन मआज़ था अपनी क़ौम से मुखातिब (संबोधित) होकर कहा, 'वल्लाह (क़सम खुदा की) हम जिस काम के लिए आए हैं उससे यह अच्छा है।' अबुल हैसर ने यह सुन कर अयास को एक डांट दिलायी। अयास खामोश हो गया और ये सब बे नील व मराम (बिना सफल हुए) मदीना को वापस आए। थोड़े दिनों बाद अयास का इन्तक़ाल हो गया। उलेमा-ए-सेर (सीरत लिखने वाले विद्वान) कहते हैं कि अयास बिन मआज़ ने इस्लाम पर इन्तक़ाल किया।

मदीना को हिजरत

जब मदीने में इस्लाम का ज़्यादा ज़ोर हो गया और मदीने वालों के मुसलमान हो जाने से मुसलमानों को एक शक्ति मिल गयी तो मक्का के मुश्रिक इस घटना से बहुत बरहम (क्रोधित) हुए और

उन्होंने मुसलमानों के सताने का अहद (प्रतिज्ञा) कर लिया। इससे मुसलमानों की तक्लीफ़ बढ़ गयी। उस समय जो सबसे पहले जिहाद (अल्लाह के दीन के लिए लड़ना) की आयत अल्लाह ने नाज़िल फ़रमायी, उसका अनुवाद यह है—

"और लड़ाई करो तुम उनसे ताकि न रहे शिर्क और हो कुल दीन अल्लाह का।"

इसके बाद नबी सल्ल० ने अल्लाह के हुक्म से अपने असहाब (साथियों) को मक्का से मदीना हिजरत कर जाने का इर्शाद फ़रमाया। सबसे पहले अबू सलमा रज़ि० मक्का से हिजरत कर गए। इनके बाद आमिर रज़ि० फिर कुल बनू जहश, उनके बाद अकशह बिन मुहसिन रज़ि० और एक गिरोह बनू असअद, जिनमें जैनब बिन्त जहश रज़ि० उम्मुल मोमिनीन भी थीं और उनकी दोनों बहनें, हमनह और उम्मे हबीबा रज़ि० ने हिजरत की, इसके बाद उमर बिन खत्ताब व अयाश बिन अबी रबीनियह रज़ि० बीस सवारों के साथ मदीना को हिजरत कर गए। उमर बिन खत्ताब रोज़े रोशन (दिन दहाड़े) तमाम क़ुरैश के सामने मक्का से निकले और पुकार के कहा कि 'जिस किसी को अपनी पत्नी रांड (विधवा) करानी और अपने बच्चे यतीम कराने मंजूर हों तो वह उस पहाड़ के पीछे मुझसे मिले। मगर किसी को हिम्मत न हुई। फिर जैद, सईद खनीस (रज़ि०) और एक गिरोह बनू अदी हिजरत कर गए।

ये सब क़ुबा में रफ़ाअह बिन अब्दुल मुन्ज़र रज़ि० के मकान पर ठहरे। इनके बाद तलहा रज़ि०, सुहैब रज़ि०, हमज़ा बिन अब्दुल मुत्तलिब रज़ि०, ज़ैद बिन हारसह रज़ि० सहित और अबू मुरसिद ने हिजरत की और क़ुबा में ठहरे। फिर उस्मान एक जमाअत सहित हिजरत कर गए। हज़रत अबू बक्र रज़ि० ने हिजरत की तैयारी की तो नबी सल्ल० ने रोका कि तुम्हारे हिजरत करने का हुक्म मेरे साथ हो गया है, इस लिए मेरा इन्तज़ार (प्रतिक्षा) करो।

धीरे-धीरे मक्का से सभी सहाबा मदीना में चले आए थे। नबी सल्ल० के पास मक्का में सिवाए अबूबक्र सिद्दीक़ रज़ि०, हज़रत अली रज़ि० के और कोई बाक़ी न रहा था। नबी सल्ल० खुदा के हुक्म का इन्तज़ार (प्रतिक्षा) कर रहे थे।

क़ुरैश का मश्विरा (परामर्श)

जब क़ुरैश ने इन बुज़ुर्गों के हिजरत कर जाने और मदीना वालों के इस्लाम लाने से यह समझ लिया कि ये लोग धीरे-धीरे सभी मदीना में चले गये और हस्बे ख्वाहिश (इच्छानुसार) इनके पैग़म्बर मुहम्मद सल्ल० भी चले जाएंगे। तब क़ुरैश आपके बारे में मश्विरा करने के उद्देश्य से दारुल नदवा में जमा हुए। क़ुरैश के सब बड़े-बड़े आदमी भी मश्विरे में शरीक थे और इनके सिवा दूसरे क़बीलों के आदमी भी शरीक थे। इस जलसे (सभा) में बहुत कुछ बातें पेश हुईं। कुछ कहते थे कि मुहम्मद (सल्ल०) को क़ैद कर दो, कुछ कहते थे जला वतन (देश निकाला) कर दो। अबू जहल ने कहा कि क़बीलों से एक-एक आदमी इन्तखाब (चुनकर) करके क़त्ल कर दो। इस सूरत में। किसी खास क़बीले पर क़त्ल का जुर्म न आएगा और न बनू अब्दे मनाफ़ इन सभों से लड़ सकेंगे, केवल खून बहा (खून का बदला अदा कर)दिया जाएगा। सभा में शरीक सभी लोगों ने इस राय को पसन्द किया और रात ही से इस पर अमल करने को तैयार हो गए।

नबी सल्ल० का मकान घेर लिया। अल्लाह ने वह्य द्वारा नबी सल्ल० को सूचित कर दिया। चुनांचे (अतएव) हज़रत अली रज़ि० को अपनी ख्वाबगाह (सोने के कमरे) में सुला कर मकान के बाहर आए। अल्लाह ने उनकी आंखों पर उस समय पर्दे डाल दिए। नबी सल्ल० ने एक मुश्त (मुट्ठी

भर) ख़ाक (मिट्टी) पर सूर: यासीन पहली आयतें 'फ़हुम ला युबसिरून' तक पढ़ कर उनकी तरफ़ फेंक दिया और आप अबू बक्र सिद्दीक़ रज़ि० सहित मकान से बाहर तशरीफ़ लाए। अब्दुल्लाह बिन अरीक़त को उजरत (मज़दूरी) देकर रहबर (गाइड) मुक़र्रर (नियुक्त) किया। उसने यह कह दिया कि आम रास्ते को छोड़ कर ग़ैर माअरुफ़ (जो प्रसिद्ध न हो) रास्ते से मदीना ले जाए। अगरचे (यद्यपि) अब्दुल्लाह बिन अरीक़त काफ़िर था लेकिन इन दोनों बुज़ुर्गों ने उस पर एतमाद (भरोसा) कर लिया था।

ग़ारे सूर

नबी करीम सल्ल० और हज़रत अबू बक्र रज़ि० मकान से निकल कर रात ही को एक ग़ार (खोह) में जो जब्ले सूर (सूर नामक पहाड़) में था छिप गए। अब्दुल्लाह बिन अबी बक्र प्रतिदिन ग़ार पर आते और मक्का वालों की बातों से सूचित कर जाते थे और आमिर बिन फ़हीरह रज़ि० (अबू बक्र का सेवक) उन बकरियों को अब्दुल्लाह बिन अबी बक्र के पीछे-पीछे पांव के निशान मिटाने के लिए चराते हुए लाते और रात को वहीं रह जाते थे इस वजह से कि ज़रूरत भर दूध आदि आपको दे दिया जाए और असमा बिन्त अबू बक्र रोज़ाना मक्का से खाना लाकर खिला जाती थीं।

तमाम सावधानियों को पकड़े रहने के बावजूद क़ुरैश भी ढूंढ़ते हुए ग़ार तक पहुंच गए। चूंकि घने ग़ार (ग़ार के मुंह) पर मकड़ियों ने रात को जाला लगा रखा था। क़ुरैश ने यह सोचा कि यदि कोई अन्दर जाता तो जाला टूट जाता। इस वजह से मुतमईन (सन्तुष्ट) होकर वापस आए और सौ ऊँटों के इनाम का नबी सल्ल० और अबू बक्र रज़ि० की गिरफ़्तारी पर एलान (घोषणा) कर दिया।

जब ग़ार में तीन दिन नबी सल्ल० व अबू बक्र रज़ि० को गुज़र गए और क़ुरैश का तलाश का अभियान कम हो गया तब अब्दुल्लाह बिन अरीक़त इन दोनों बुज़ुर्गों के लिए सवारी लेकर आया और एक ऊंटनी अपने लिए भी लाया और असमा बिन्त अबी बक्र रास्ते के लिए खाना पका कर लायीं, लेकिन उजलत (जल्दी) में रस्सी लाना भूल गयीं। जिससे बांधकर खाना लटका दिया जाता। असमा बिन्त अबी बक्र ने अपना निताक़ (कमरबन्द) फाड़ कर खाना लटकाया। इसी दिन से असमा बिन्त अबी बक्र ज़ातुन्न ताक़ीन की उपाधि से मशहूर हो गयीं।

मदीने का सफ़र

नबी सल्ल० एक नाक़ा (ऊंटनी) पर सवार हुए और दूसरी पर अबू बक्र सिद्दीक़ और उनके पीछे आमिर बिन फ़हीरह रज़ि० सवार हुए और अब्दुल्लाह बिन अरीक़त एक तीसरे ऊंट पर सवार हुआ। आम रास्ता छोड़कर एक ग़ैर मशहूर रास्ते को अपनाया। अबू बक्र सिद्दीक़ ने रवाना होते समय अपना कुल माल (जो लगभग छः हज़ार दिरहम था) अपने साथ ले लिया। पहले दिन से दूसरे दिन की ज़ुहर तक बराबर सफ़र करते रहे। ज़ुहर के समय एक मैदान में थोड़ी देर के लिए ठहर गए। इस बीच में सुराक़ा बिन मालिक (जो आप (सल्ल०) के गिरफ़्तार करने का वायदा कर चुका था) आ पहुंचा। नबी सल्ल० ने उसके हक़ में बददुआ की। उसी समय उसके घोड़े के चारों पांव ज़मीन में धंस गए। सुराक़ा मजबूर होकर नबी सल्ल० से अमान (माफ़ी) का ख्वास्तगार (इच्छुक) हुआ। नबी सल्ल० ने उसको अमान दे दी और सुराक़ा ने वायदा किया कि मुझे अब जो भी आदमी मिलेगा

उसको वापस करता जाऊंगा। अतः सुराक़ा तो उस जगह से वापस हुआ। फिर जो नबी सल्ल० का पीछा करते हुए उसको मिलते जाते थे उनको वह वापस करता जाता था।

अब्दुल्लाह बिन अरीक़त नबी सल्ल० व अबू बक्र रज़ि० को लेकर साथ लिए हुए असफ़ले मक्का से निकल कर समुद्र के किनारे की ओर चला और असफ़ले असफ़ान से गुज़रता हुआ मज में पहुंचा। फिर वहां से उसके असफ़ल को तै करता हुआ क़दीर में आया। क़दीर से निकल कर उरूज होता हुआ अवाली मदीने से क़ुबा में रसूलुल्लाह (सल्ल०) और अबू बक्र (रज़ि०) के साथ दाख़िल हुआ। यह रास्ते का बड़ा जानने वाला था।

ज़कात व अज़ान

जिस समय नबी सल्ल० को मदीने में जमाव व इत्मीनान हासिल हो गया और आपके पास मुहाजिर व अन्सार जमा हो गए, उस वक़्त ज़कात फ़र्ज़ की गयी और मुक़ीम की नमाज़ में दो रकअतें और बढ़ायी गयीं जिससे चार रकअतें पूरी हुईं। इससे पहले मक्का में दो ही रकअतें नमाज़ मुसाफ़िर व मुक़ीम के लिए थीं। फिर अब्दुल्लाह बिन सलाम जो यहूद के बहुत बड़े आलिम (विद्वान) थे, इस्लाम लाए। वजह यह हुई कि पहले-पहले जब उन्होंने नबी सल्ल० को देखा तो क़सम खाई कि इस व्यक्ति का चेहरा झूठे आदमी का चेहरा नहीं हो सकता। यहूदियों ने उसका साथ छोड़ दिया और ओस व ख़ज़रज के कुछ लोगों को वहका कर मुनाफ़िक़ (कपटाचारी) बना लिया जिनका काम यह था कि वे मुसलमानों से लड़ते थे और कुफ्र की बातों पर इसरार (ज़िद) करते थे। इन मुनाफ़िक़ों (कपटाचारियों) के सरदार अब्दुल्लाह बिन उबई, वजद बिन क़ैस, हरस बिन सुहैल, अबाद बिन हनीफ़ थे और यहूदियों में से जो बज़ाहिर (प्रायक्ष में) इस्लाम के हमदर्द और छिपे तौर पर कुफ्र में डूबे हुए थे वे ये थे—साअद बिन खनीस, ज़ैद, राफ़ेअ, रिफ़ाअह इब्ने ज़ैद, कनायह आदि मुसलमानों के दुश्मन थे।

मक्का की फ़तह

१० वीं रमज़ान ८ हिजरी को दस हज़ार सेना के साथ नबी सल्ल० मदीना से मक्का को फ़तह करने के उद्देश्य से रवाना हुए। इस सेना में एक हज़ार मर्द बनू सलीम के और एक हज़ार मुज़ीना के, चार सौ ग़फ़्फ़ार के, ४ सौ अस्लम के और बाक़ी क़ुरैश व असद व तमीम और मुहाजिर व अन्सार के मवालीन व क़ताइब थे। मदीना में कलसूम बिन हसीन बिन उतबा ग़फ़्फ़ारी ही आपके क़ायम मुक़ाम (कार्यवाहक) हुए।

जिस समय आप ज़ुल हलीफ़ा और कुछ कहते हैं कि हजफ़ह में पहुंचे अब्बास बिन अब्दुल मुत्तलिब रज़ि० मक्का से हिजरत करके मदीने को आते हुए मिले। नबी सल्ल० के फ़रमाने से अब्बास रज़ि० आप के साथ जिहाद के उद्देश्य से इस्लामी लश्कर के साथ मक्का को वापस हुए। आख़िरकार मक्का बिना जंग के फ़तह हो गया और पूरे अरब की क़ौमें इस्लाम में दाख़िल होना शुरू हुईं।

हज्जतुल विदाअ (अन्तिम हज)

इन वाक़िआत (घटनाओं) के बाद ज़िल-क़-अद का महीना आ गया। जब उसकी पांच रातें रह गयीं तो हज के इरादे से मदीना से रवाना हुए। आपके साथ मुहाजिरों, अन्सार और अरब के

रईसों का एक गिरोह था और सौ ऊंट थे। मक्का में एक शम्बा (इतवार) के दिन जबकि चार दिन जिल हज के गुज़र चुके थे दाखिल हुए। अली बिन अबी तालिब रज़ि० भी जो नजरान में सदक़ा जमा करने को गए हुए थे, मक्का में आप से आ मिले और आपके साथ हज किया। आपने इस बार लोगों को मनासिके हज (हज के क़ायदे) की तालीम दी, उसके सुनन (तरीक़े) बतलाए, उनके लिए रहमत की दुआ की और अरफ़ात में एक लम्बा ख़ुत्बा दिया जिसमें बहुत सी हिदायतों के बाद ये अलफ़ाज़ (शब्द) भी थे—'मेरे बाद तुम काफ़िर न बनो कि एक दूसरे की गर्दनें मारते फिरो।'

नबी सल्ल० की अलालत (बीमारी)

सबसे पहले जिससे नबी सल्ल० पर अपने इन्तक़ाल (देहान्त) का हाल मुन्कशफ़ (स्पष्ट) हुआ वह अल्लाह का यह क़ौल (कथन) था—

'इज़ा जा-अ -नसरुल्लाहि वल फ़त्हु .....' ता आख़िर सूर:

इसके बाद सफ़र अरबी महीने ११ हिजरी सन ६४२ ईसवी के अनुसार दो रातें बाक़ी थीं कि आपके दर्द पैदा हुआ। आपने इस दर्द की हालत में यह इर्शाद किया कि बेशक (निस्संदेह) एक बंदे को अल्लाह ने अपने बन्दों में से दुनिया और उस चीज़ का जो उसके पास है (अर्थात आख़िरत) का इख़्तियार (स्वतंत्रता) दिया है। तो बन्दे ने उसको चुना जो उसके पास है।

हज़रत अबू बक्र रज़ि० इस फ़िक़रे (वाक्य) को सुन कर रो पड़े और यह कहा—'ऐ नबी सल्ल० ! हम आपका अपनी जानों और बच्चों से फ़िदया (सदक़ा) देते हैं।' इसके बाद आपने अपने सहाबा को जमा किया और उनके हक़ में भलाई की दुआ की और आंखों से आंसू जारी होते रहे। इसी दौरान आपने फ़रमाया—

"मैं तुमको डरने की नसीहत करता हूं और ख़ुदा से, तुम्हारे लिए रहम (दया) की दरख़ास्त (प्रार्थना) करता हूं और उस की निगहबानी (देख-रेख) में तुम को छोड़ता हूं और तुम को उस के सुपुर्द (हवाले) करता हूं। (ऐ लोगो) मैं तुमको ख़ौफ़ (डर) और ख़ुशख़बरी (शुभ सूचना) दोनों सुनाता हूं कि तुम ख़ुदा के आदेशों में ज़्यादती न करो और उसके शहरों में ज़्यादती न करो और उस की मख़्लूक़ (लोगों) पर ज़्यादती (ज़ुल्म) न करो। क्योंकि ख़ुदा ने मुझ से भी और तुम से भी यह कहा है कि आख़िरत (परलोक) का घर (जन्नत) एक ऐसा मक़ाम (जगह) है कि जिसका मालिक केवल उन लोगों को बनाऊंगा जो ज़मीन में सरकशी (विद्रोह) के मुरतकिब (अपराधी) न हों और न ज़मीन में वे किसी क़िस्म (प्रकार) का फ़साद (दंगा) करते हों क्योंकि जन्नत पाक लोगों के लिए (उनके कर्मों का नतीजा) है और उसने कहा है कि क्या जहन्नम में मुतकब्बिर (घमंडी) लोगों के सिवा और भी होगा ? अर्थात न होगा) फिर आपने मस्जिद की तरफ़ के जितने दरवाज़े थे सभी को बन्द करने का हुक्म दे दिया केवल अबू बक्र के दरवाज़े को छोड़ कर। फिर यह कहा कि मैं किसी को अबू बक्र से ज़्यादा अपनी सोहबत (महफ़िल) में अफ़्ज़ल (श्रेष्ठ) नहीं जानता हूं और यदि मैं किसी को अपना ख़लील (दोस्त) बनाता तो अबू बक्र को अपना ख़लील (दोस्त) बनाता।'

वफ़ात (देहान्त)

इसके बाद फिर दर्द का इतना ज़ोर हुआ कि आप बेहोश हो गए। उम्मुहातुल मोमिनीन (आप

की पत्नियां) और फ़ातिमा (रज़ि०) व अब्बास, अली रज़ि० सबके सब आपके गिर्द (पास) आकर जमा हो गए। इसी अर्से (बीच में) में नमाज़ का वक़्त आ गया। दर्द में कुछ कमी मालूम हुई बेहोशी जाती रही, लेकिन ज़ोअफ़ (कमज़ोरी) से उठ न सकते थे। आपने हाज़िरीन (पास वालों) से मुख़ातिब (सम्बोधित) होकर फ़रमाया कि अबू बक्र रज़ि० को नमाज़ पढ़ाने के लिए कहो। उम्मुल-मोमिनीन हज़रत आयशा रज़ि० ने अर्ज़ किया कि वे एक ज़ईफ़ व रक़ीक़ुल क़ल्ब (कमज़ोर व थोड़े दिल वाले) आदमी हैं आपकी जगह पर खड़े होकर नमाज़ न पढ़ा सकेंगे, उमर रज़ि० को इस काम पर मामूर (लगा) फ़रमा दें आपने इससे इन्कार करके अबू बक्र रज़ि० को इमामत पर मामूर (खड़ा किया) किया और फ़रमाया कि ख़ुदा और मुसलमान अबू बक्र रज़ि० के सिवा और किसी पर राज़ी नहीं हैं।

फिर अबू बक्र रज़ि० ने आपकी अलालत (बीमारी) की हालत में तेरह नमाज़ें पढ़ायीं। फिर जबकि दोशम्बे (पीर) का दिन आया और यही दिन आपकी वफ़ात (देहान्त) का है सुबह की नमाज़ के समय आप सर मुबारक पर पट्टी बांधे हुए बाहर तशरीफ़ लाए। उस वक़्त अबू बक्र लोगों को नमाज़ पढ़ा रहे थे। अबू बक्र ने पीछे हटने का क़स्द (इरादा) किया, आपने उनको अपने हाथ से दायीं तरफ़ बैठकर नमाज़ पढ़ाने का इशारा किया और ख़ुद (स्वयं) अबू बक्र के पीछे नमाज़ अदा की। इसके बाद लोगों की तरफ़ मुख़ातिब (सम्बोधित) होकर फ़रमाया—ऐ लोगो! आग भड़की, फ़ित्ने आ गए तुमको मालूम रहे कि जिस चीज़ को क़ुरआन ने हलाल या हराम क़रार (ठहराया) दिया है उसके सिवा मैंने किसी चीज को हराम या हलाल क़रार नहीं दिया। फिर हज़रत आयशा रज़ि० के घर में आए और वहीं आप (सल्ल०) आप का इन्तिक़ाल (देहान्त) हो गया।

नबी सल्ल० का इन्तक़ाल होते ही सहाबा में एक अज़ीम (बड़ी) परेशानी फ़ैल गयी। उमर बिन ख़त्ताब रज़ि० इस हादसए नागहानी (अचानक टूट पड़ने वाली घटना) से मुतहय्यर (हैरत) से हो गए। कुछ होश न रहा। तलवार खींच कर खड़े हो गए और बुलंद (ऊंची) आवाज़ से कहने लगे—'मुनाफ़िक़ (कपटाचारी) कहते हैं कि हुज़ूर का इन्तक़ाल हो गया मगर वे झूठे हैं, बल्कि वे तो मूसा अलैहि० की तरह ख़ुदा से मिलने गए हैं थोड़ी देर में आ जाएंगे और जो कोई यह कहे कि नबी सल्ल० मर गए हैं मैं उस की गर्दन इस तलवार से उड़ा दूंगा।' उमर रज़ि० जोश में यह कहते जाते थे। किसी की मजाल (हिम्मत) न थी कि कोई आदमी उनसे यह कहता कि तुम तलवार म्यान में कर लो नबी सल्ल० का इन्तक़ाल हो गया है।

इसी दौरान यह दिल तोड़ने वाली घटना सुनकर अबू बक्र रज़ि० आ गए और सीधे हुजरए मुबारक में जाकर हज़रत आयशा रज़ि० की गोद से सर मुबारक लेकर ग़ौर से देखकर कहा, 'मेरे मां बाप आप (सल्ल०) पर क़ुर्बान, बेशक (निस्संदेह) आप (सल्ल०) ने मौत का ज़ायक़ा (स्वाद) चखा जिस को अल्लाह ने आप के लिए लिखा था और अब हरगिज़ (कदापि) आप को मौत न आएगी—'इन्ना लिल्लाहि व इन्ना इलैहि राजिऊन' कहते हुए बाहर आए।

उमर रज़ि० लोगों से वही बातें कह रहे थे कि अबू बक्र रज़ि० ने उमर से कहा—चुप रहो, उमर (रज़ि०) ने कुछ भी ख़्याल न किया। अबू बक्र दोबारा कहना मुनासिब (उचित) न समझ कर अलहदा (अलग) खड़े हो कर लोगों से मुख़ातिब (सम्बोधित) हुए। जितने आदमी उमर रज़ि० के पास जमा थे वे सब उन्हें अकेला छोड़ कर अबू बक्र रज़ि० के पास चले आए। उस समय उन्हों ने अल्लाह की प्रशंसा के बाद यह ख़ुत्बा पढ़ा जिस का अनुवाद यह है—

"ऐ लोगो! जो आदमी मुहम्मद (सल्ल०) की इबादत करता हो तो वे इन्तक़ाल कर गए और

जो खुदा की इबादत करता हो तो वह ज़िंदा है।" फिर क़ुरआन की ये आयतें पढ़ीं जिस का अनुवाद यह है—

"मुहम्मद (सल्ल०) इसके सिवा कुछ नहीं कि बस एक रसूल है उनसे पहले और रसूल भी गुज़र चुके हैं, फिर क्या यदि वह मर जाएं या क़त्ल कर दिए जाएं तो तुम लोग उल्टे पांव फिर जाओगे? याद रखो! जो उल्टा फिरेगा वह अल्लाह का कुछ नुक़सान न करेगा। अलबत्ता जो अल्लाह का शुक्र अदा करने वाले हैं उन्हें वह उसका इनाम देगा।"

अबू बक्र रज़ि० की ज़बान से इन आयतों का निकलना था कि लोगों के ख्यालात (विचार और सोच) बदल गए और दफ़अतन (अचानक) हैरत का आलम (वातावरण) ऐसे दूर हो गया कि गोया (जैसे) इससे पहले वह नहीं था। इस परिवर्तन से यह मालूम होता था कि सहाबा इस आयत के उतरने का हाल ही न जानते थे। उमर रज़ि० कहते हैं कि पहले मैंने अबू बक्र रज़ि० के कहने पर मुतलक़ (बिल्कुल) ख्याल नहीं किया था लेकिन जिस वक्त उन्होंने ये आयतें पढ़ी तो मुझे मालूम हुआ कि ये आयतें भी नाज़िल हुई हैं। मारे डर के मेरे पांव थर्रा गए और ज़मीन पर गिर पड़ा और मैंने यह समझ लिया कि आपका इन्तक़ाल हो गया। और आप हज़रत आयशा रज़ि० के मकान में उसी जगह पर जहां इन्तक़ाल फ़रमाया था क़ब्र शरीफ़ बनाकर रखे गए और आपके बाद तमाम मुसलमानों के इत्तिफ़ाक़ (राए) से हज़रत अबू बक्र रज़ि० ख़लीफ़ा मुक़र्रर (नियुक्त) हुए जिनमें मुहाजिर व अंसार सब शामिल थे।

दिन व तारीख़ व सन वफ़ात (इन्तिक़ाल)

आपने ६३ साल की उम्र में १२ रबीउल अव्वल ११ हिजरी दोशम्बा (पीर) के दिन इन्तक़ाल फ़रमाया।

१ सूरतुल-फ़ातिहति ५

(मक्की) इस सूर: में अरबी के १२३ अक्षर, २५ शब्द
७ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

अल्हम्दु लिल्लाहि रब्बिल-आलमीन (१) अर्रह्मानिर्रहीम (२) मालिकि यौमिद्दीन (३) इय्या-क नअबुदु व इय्या-क नस्तईन (४) इह्दिनस्-सिरातल्मुस्तक़ीम (५) सिरातल्लज़ी-न अनअम्-त अलैहिम् (६) ग़ैरिल्-मग़्ज़ूबि अलैहिम् वलज़्ज़ाल्लीन ★ (७)

१ सूर: फ़ातिह: ५

सूर: फ़ातिहा मक्की है और इस में सात आयतें हैं।

शुरू[1] खुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

सब तरह की तारीफ़ ख़ुदा ही के लिए है जो तमाम मख़्लूक़ात का परवरदिगार है।[2] (१) बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला, (२) इन्साफ़ के दिन का हाकिम,[3] (३) (ऐ परवरदिगार!) हम तेरी ही इबादत करते हैं, और तुझी से मदद मांगते हैं, (४) हम को सीधे रास्ते पर चला, (५) उन लोगों का रास्ता जिन पर तू अपना फ़ज़्ल व करम करता रहा, (६) न उनका जिन पर ग़ुस्सा होता रहा और न गुमराहों का। ★ (७)

तर्जुमा

---

१. चूंकि हुक्म है कि क़ुरआन मजीद ख़ुदा का नाम लेकर शुरू किया जाए, इस लिए हमें 'बिस्मिल्लाह' के तर्जुमे के शुरू में 'कहो' का लफ़्ज़ जो छिपा हुआ है, लिख देना चाहिए था, मगर फिर सब जगह तर्जुमे में यह लफ़्ज़ लिखना पड़ता और इस में वह मज़ा न आता जो 'बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम' में है, इस लिए यह लफ़्ज़ छिपा ही रहने दिया।

२. इस सूर: को ख़ुदा ने बंदों की ज़ुबान में नाज़िल फ़रमायी है। मक़्सूद यह बात का सिखाना है कि वे इस तरह ख़ुदा से दुआ किया करें। हदीस शरीफ़ में आया है कि सब से अफ़्ज़ल ज़िक्र 'ला इला-ह इल्लल्लाह' है और सब से अफ़्ज़ल दुआ 'अल-हम्दु लिल्लाह'।

३. इन्साफ़ के दिन से मुराद क़ियामत का दिन है, क्योंकि दूसरी जगह इर्शाद हुआ है, 'तुम को क्या मालूम है कि इन्साफ़ का दिन कौन-सा है, जिस दिन कोई किसी के कुछ काम न आएगा और उस दिन ख़ुदा का ही हुक्म होगा'—अगरचे और दिनों का मालिक भी ख़ुदा ही है, मगर उस दिन को ख़ास इस लिए किया कि उस दिन ख़ुदा के सिवा किसी का हुक्म न चलेगा।

पहला पारः

अलिफ़्-लाम्-मीम्

२ सूरतुल-ब-क़-रति ८७

(मदनी) इस सूरः में अरबी के २०००० अक्षर, ६०२१ शब्द, २८६ आयतें और ४० रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

अलिफ़् - लाम् - मीम् (१) ज़ालिकल्किताबु ला रै - ब फ़ीहि हुदल्लिल्मुत्तक़ीन (२) अल्लज़ी-न युअ्मिनू-न बिल्ग़ैबि व युक़ीमूनस्सला-त व मिम्मा र-ज़क़्ना-हुम् यून्फ़िक़ून (३) वल्लज़ी-न युअ्मिनू-न बिमा उन्ज़ि-ल इलै-क व मा उन्ज़ि-ल मिन् क़ब्लिक व बिल-आखिरति हुम् यूक़िनून (४)

मु. अ़ि भु ता ख. १

पहला पारः

अलिफ़्-लाम्-मीम्

२ सूरः बक़रः ८७

सूरः बक़रः मदनी है और इसमें दो सौ छियासी आयतें और चालीस रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अलफ़ि-लाम-मीम०[1] (१) यह किताब (क़ुरआन मजीद) ∴इसमें∴कुछ शक नहीं∴(कि ख़ुदा का कलाम है, ख़ुदा से) डरने वालों की रहनुमा[2] है, (२) जो ग़ैब[3] पर ईमान लाते और आदाब के साथ नमाज़ पढ़ते और जो कुछ हमने उन को दे रखा है, उसमें से ख़र्च करते हैं। (३) और जो किताब (ऐ मुहम्मद !) तुम पर नाज़िल हुई और जो किताबें तुम से पहले (पैग़म्बरों पर) नाज़िल हुयीं, सब पर ईमान लाते और आख़िरत का यक़ीन रखते हैं।[4] (४)

---

१. और इसी तरह के और हर्फ़, जो क़ुरआन मजीद की बहुत-सी सूरतों के शुरू में आये और जिन को 'हुरूफ़े मुक़त्तआत' कहते हैं, अस्‌रारे इलाही (अल्लाह के रहस्यों) में से हैं, उन पर बिना कुछ कहे-सुने ईमान लाना चाहिए। प्यारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने उन के कुछ मानी नहीं बयान फ़रमाये, सिर्फ़ यह फ़रमाया है कि 'अलिफ़' एक हर्फ़ है और 'लाम' एक हर्फ़ है और 'मीम' एक हर्फ़ है।

२. 'डरने वालों' का लफ़्ज़ इस बात की दलील लाता है कि जिन के दिलों में ख़ुदा का डर है, वही उस की हिदायत को मानते और वही इस किताब से फ़ायदा हासिल करते हैं और जो डर नहीं रखते, वे हिदायत की बातों की तरफ़ तवज्जोह ही नहीं देते और इसी लिए यह किताब उन के लिए रहनुमा नहीं हो सकती।

३. 'ग़ैब' उस चीज़ को कहते हैं, जो आंख से छिपी हुई हो और इस जगह वे चीज़ें मुराद हैं, जिन की ख़बर अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने दी है और जो नज़र से ओझल हैं—जैसे पुले सिरात, तराज़ू-ए-आमाल, बहिश्त और दोज़ख़ वग़ैरह।

४. आख़िरत से मुराद क़ियामत का दिन है, चूंकि वह दिन दुनिया के बाद आयेगा, इस लिए उस को आख़िरत कहते हैं और 'यौमुल आख़र' भी।

उलाइ-क अला हुदम्-मिर्रब्बिहिम् ق व उलाइ-क हुमुल्-मुफ़्लिहून (५) इन्नल्लज़ी-न क-फ़-रू सवाउन् अलैहिम् अ अन्ज़र-तहुम् अम् लम् तुन्ज़िर्हुम् ला युअ्मिनून (६) ख-त-मल्लाहु अला क़ुलूबिहिम् व अला सम्अिहिम् ط व अला अब्सारिहिम् ग़िशावतुंव् ز व लहुम् अज़ाबुन् अज़ीम ★ (७) व मिनन्नासि मंय्यक़ूलु आमन्ना बिल्लाहि व बिल्यौमिल्-आख़िरि व मा हुम् बि मुअ्मिनीन ▒ (८) युख़ादिऊनल्ला-ह वल्लज़ी-न आमनू ج व मा यख़्दऊ-न इल्ला अन्फ़ुसहुम् व मा यश्अुरून ط (९) फ़ी क़ुलूबिहिम् म-रज़ुन् ل फ़ ज़ा-द हुमुल्लाहु म-र-ज़न् ج व लहुम् अज़ाबुन् अलीमुम् ه बिमा कानू यक्ज़िबून (१०) व इज़ा क़ी-ल लहुम् ला तुफ़्सिदू फ़िल्अर्ज़ि ل क़ालू इन्नमा नह्नु मुस्लिहून (११) अला इन्नहुम् हुमुल् - मुफ़्सिदू-न व ला किल्ला यश्अुरून (१२) व इज़ा क़ी-ल लहुम् आमिनू कमा आमनन्नासु क़ालू अनुअ्मिनु कमा आमनस्सुफ़हाउ ط अला इन्नहुम् हुमुस्सुफ़हाउ व लाकिल्ला यअ्-लमून (१३) व इज़ा लक़ुल्लज़ी-न आमनू क़ालू आमन्ना صلے ج व इज़ा ख़लौ इला शयातीनिहिम् ل क़ालू इन्ना म-अकुम् ل इन्नमा नह्नु मुस्तह्ज़िऊन (१४) अल्लाहु यस्तह्ज़िउ बिहिम् व यमुद्दुहुम् फ़ी तुग़्यानिहिम् यअ्-महून (१५) उलाइकल्-लज़ीनश्-त-रवुज़्-ज़ला-ल-त बिल्हुदा ص फ़मा रबिहत् तिजारतुहुम् व मा कानू मुह्तदीन (१६) म-सलुहुम् क-म-सलिल्-लज़िस्तौक़-द नारन् ج फ़-लम्मा अज़ा-अत् मा हौलहू ज़-ह-बल्लाहु बिनूरिहिम् व त-र-कहुम् फ़ी ज़ुलुमातिल्ला युब्सिरून (१७) सुम्मुम् - बुक्मुन् - अुम्युन् फ़हुम् ला यर्जिऊन ل (१८) औ क-सय्यिबिम्-मिनस्समा-इ फ़ीहि ज़ुलुमातुंव-व रअ्दुंव-व बर्क़ुन् ج यज्अलू-न असाबिअहुम् फ़ी आज़ानिहिम् मिनस्सवाअिक़ि ह-ज़-रल्मौति ط वल्लाहु मुहीतुम्-बिल्काफ़िरीन (१९)

أولئك على هدى من ربهم وأولئك هم المفلحون ۝ إن الذين كفروا
سواء عليهم أأنذرتهم أم لم تنذرهم لا يؤمنون ۝ ختم الله على
قلوبهم وعلى سمعهم وعلى أبصارهم غشاوة ولهم عذاب عظيم
ومن الناس من يقول آمنا بالله وباليوم الآخر وما هم بمؤمنين ۝
يخادعون الله والذين آمنوا وما يخدعون إلا أنفسهم وما
يشعرون ۝ في قلوبهم مرض فزادهم الله مرضا ولهم عذاب
أليم بما كانوا يكذبون ۝ وإذا قيل لهم لا تفسدوا في الأرض
قالوا إنما نحن مصلحون ۝ ألا إنهم هم المفسدون ولكن لا
يشعرون ۝ وإذا قيل لهم آمنوا كما آمن الناس قالوا أنؤمن كما
آمن السفهاء ألا إنهم هم السفهاء ولكن لا يعلمون ۝ وإذا لقوا
الذين آمنوا قالوا آمنا وإذا خلوا إلى شياطينهم قالوا إنا معكم إنما نحن
مستهزئون ۝ الله يستهزئ بهم ويمدهم في طغيانهم يعمهون ۝
أولئك الذين اشتروا الضلالة بالهدى فما ربحت تجارتهم وما كانوا
مهتدين ۝ مثلهم كمثل الذي استوقد نارا فلما أضاءت ما حوله
ذهب الله بنورهم وتركهم في ظلمات لا يبصرون ۝ صم بكم عمي
فهم لا يرجعون ۝ أو كصيب من السماء فيه ظلمات ورعد وبرق
يجعلون أصابعهم في آذانهم من الصواعق حذر الموت والله محيط

★रु. १/१ आ ७ ▒ व. लाज़िम

यही लोग अपने परवरदिगार (की तरफ़) से हिदायत पर हैं और यही निजात पाने वाले हैं। (५) जो लोग काफ़िर हैं उन्हें तुम नसीहत करो या न करो, उन के लिए बराबर है,[१] वे ईमान नहीं लाने के। (६) ख़ुदा ने उन के दिलों और कानों पर मुहर लगा रखी है और उन की आंखों पर परदा (पड़ा हुआ) है।[२] और उन के लिए बड़ा अज़ाब तैयार है। (७) ★

और कुछ लोग ऐसे हैं जो कहते हैं कि हम ख़ुदा पर और आख़िरत के दिन पर ईमान रखते हैं, हालांकि वे ईमान नहीं रखते ⁂ (८) ये (अपने घमंड में) ख़ुदा को और मोमिन को चकमा देते हैं, मगर (हक़ीक़त में) अपने सिवा किसी को चकमा नहीं देते और इस से बे-ख़बर हैं।[३] (९) इन के दिलों में (कुफ़्र का) रोग था। ख़ुदा ने उन का रोग और ज़्यादा कर दिया और उन के झूठ बोलने की वजह से उन को दुख देने वाला अज़ाब होगा। (१०) और जब उन से कहा जाता है कि ज़मीन में फ़साद न डालो, तो कहते हैं कि हम तो इस्लाह (सुधार) करने वाले हैं। (११) देखो, ये बिला शुब्हा फ़साद पैदा करने वाले हैं, लेकिन ख़बर नहीं रखते।[४] (१२) और जब उन से कहा जाता है कि जिस तरह और लोग ईमान ले आए, तुम भी ईमान ले आओ, तो कहते हैं, भला, जिस तरह मूर्ख ईमान ले आए हैं, उसी तरह हम भी ईमान ले आएं? सुन लो कि यही मूर्ख हैं, लेकिन नहीं जानते। (१३) और ये लोग जब मोमिनों से मिलते हैं तो कहते हैं कि हम ईमान ले आए हैं और जब अपने शैतानों में जाते हैं तो (उन से) कहते हैं कि हम तुम्हारे साथ हैं और (मुहम्मद सल्ल० के मानने वालों से) तो हम हंसी किया करते हैं।[५] (१४) इन (मुनाफ़िक़ों) से ख़ुदा हंसी करता है और उन्हें मोहलत दिए जाता है कि शरारत व सरकशी में पड़े बहक रहे हैं।[६] (१५) ये वह लोग हैं जिन्होंने हिदायत छोड़ कर गुमराही ख़रीदी, तो न तो उन की तिजारत ही ने कुछ नफ़ा दिया और न वे हिदायतयाब (हिदायत पाए हुए) ही हुए। (१६) उन की मिसाल उस शख़्स की-सी है, जिस ने (अंधेरी रात में) आग जलायी। जब आग ने उसके चारों तरफ़ की चीज़ें रोशन कीं, तो ख़ुदा ने उन लोगों की रोशनी ख़त्म कर दी और उन को अंधेरों में छोड़ दिया कि कुछ नहीं देखते।[७] (१७) (ये) बहरे हैं, गूंगे हैं, अंधे हैं कि (किसी तरह सीधे रास्ते की तरफ़) लौट ही नहीं सकते। (१८) या उन की मिसाल मेंह (वर्षा) की-सी है कि आसमान से (बरस रहा हो और) उस में अंधेरे पर अंधेरा (छा रहा) हो और (बादल) गरज (रहा) हो और बिजली (कड़क रही) हो तो ये कड़क से (डर कर) मौत के डर से कानों में उंगलियां दे लें और ख़ुदा काफ़िरों को

---

१. इन्ज़ार के मानी डर की ख़बर सुनाने, ख़ौफ़ दिलाने, वाज़ व नसीहत और हिदायत करने, राह बताने और मुतनब्बह व आगाह करने के हैं। पहले मानी तो मशहूर हैं, वाज़ व नसीहत और हिदायत के मानी इस आयत से ज़ाहिर हैं। 'इन्नमा अन-त मुंज़िरुं व-व लि कुल्लि क़ौमिन हाद०' यानी ऐ पैग़म्बर! तुम तो सिर्फ़ हिदायत करने वाले हो और हर क़ौम में हिदायत करने वाले हो गुज़रे हैं।' इस का साफ़ मतलब यह है कि जिस तरह पहले हादी व रहनुमा आते रहे हैं और वे हर क़ौम में आते रहे हैं, इसी तरह तुम भी हिदायत करने वाले और रास्ता दिखाने वाले हो। इस जगह 'इन्ज़ार' से वाज़ व नसीहत के मानी ही मुनासिब हैं और वही तर्जुमे में अख़्तियार किया गया है।

२. दुनिया में इस क़िस्म के लोग भी मौजूद हैं जिन के दिल नसीहत का असर नहीं लेते और ईमानी नूर से रोशन नहीं होते, ऐसे लोग शक़ी-ए-अज़ली (हमेशा के बद-बख़्त) कहलाते हैं। ऐसों ही के हक़ में यह इर्शाद हुआ है कि उन को नसीहत करना या न करना बराबर है। दिलों और कानों पर मुहर लगने और आंखों पर परदा पड़ने से

(शेष पृष्ठ ६७५ पर)

★रु० १/१ आ ७ ⁂ व० लाज़िम

यकादुल्बर्क़ु यख़्तफ़ु अब्सारहुम् ⁊ कुल्लमा अज़ा-अ लहुम् मशौ फ़ीहि व इज़ा अज़्-ल-म अलैहिम् क़ामू ⁊ व लौ शा-अल्लाहु ल ज़-ह-ब बि सम्अिहिम् व अब्सारिहिम् ⁊ इन्नल्ला-ह अला कुल्लि शैइन् क़दीर ★ (२०)

या अय्युहन्नासुअ्-बुदू रब्बकुमुल्लज़ी ख़-ल-क़कुम् वल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिकुम् लअ़ल्लकुम् तत्तक़ून ⁊ (२१) अल्लज़ी ज-अ-ल लकुमुलअर्-ज़ फ़िराशंव्वस्समा-अ बिना ⁊ अंव्-व अन्ज़-ल मिनस्समा-इ मा-अन् फ़-अख़्-र-ज बिही मिनस्-स-मराति रिज़्-क़ल्लकुम ⁊ फ़ला तज्-अलू लिल्लाहि अन्दादंव्व अन्तुम् तअ्-लमून (२२) व इन कुन्तुम् फ़ी रैबिम्मिम्मा नज़्ज़ल्ना अला अब्दिना फ़अ्तू बिसूरतिम्-मिम्-मिस्लिही ⁊ वद्अू शुहदा - अ - कुम् मिन्दूनिल्लाहि इन कुन्तुम् सादिक़ीन (२३) फ़इल्लम् तफ़्अलू व लन् तफ़्अलू फ़त्तक़ुन्नारल्लती वक़ूदुहन्नासु वल्हिजारतु ⁊ उअिद्दत् लिल्काफ़िरीन (२४) व बश्शिरिल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति अन-न लहुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह़्तिहल्-अन्हारु ⁊ कुल्लमा रुज़िक़ू मिन्हा मिन् स-म-रतिर्रिज़्क़न् ⁊ क़ालू हाज़ल्लज़ी रुज़िक़्ना मिन् क़ब्लु ⁊ व उतू बिही मुतशाबिहन् ⁊ व लहुम् फ़ीहा अज़्वाजुम् - मुतह्हरतुंव-व हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (२५) इन्नल्ला-ह ला यस्तह़्यी अंय्यज़्रि-ब म-स-लम्मा बअूज़-तन् फ़मा फ़ौक़हा ⁊ फ़-अम्मल्लज़ी-न आमनू फ़ यअ्-लमू-न अन्नहुल्हक़्क़ु मिर्रब्बिहिम् व अम्मल्लज़ी-न क-फ़रू फ़ यक़ूलू-न माज़ा अरादल्लाहु बि हाज़ा म-स-लन् ⁂ युज़िल्लु बिही कसीरंव-व यह्दी बिही कसीरन् ⁊ व मा युज़िल्लु बिही इल्लल् - फ़ासिक़ीन ⁊ (२६) अल्लज़ी-न यन्क़ुज़ू-न अह्दल्लाहि मिम्बअ्दि मीसाक़िही ⁊ व यक़्तअू-न मा अ - म - रल्लाहु बिही अंय्यू-स-ल व युफ़्सिदू-न फ़िल्अर्ज़ि ⁊ उलाइ-क हुमुल्ख़ासिरून (२७)

البقرة ۵ الٓمّٓ

بِالْكٰفِرِيْنَ ۝ يَكَادُ الْبَرْقُ يَخْطَفُ اَبْصَارَهُمْ ؕ كُلَّمَآ اَضَآءَ لَهُمْ مَّشَوْا فِيْهِ ۙ وَ
اِذَآ اَظْلَمَ عَلَيْهِمْ قَامُوْا ؕ وَلَوْ شَآءَ اللّٰهُ لَذَهَبَ بِسَمْعِهِمْ وَاَبْصَارِهِمْ ؕ اِنَّ
اللّٰهَ عَلٰى كُلِّ شَیْءٍ قَدِيْرٌ ۝ يٰۤاَيُّهَا النَّاسُ اعْبُدُوْا رَبَّكُمُ الَّذِیْ خَلَقَكُمْ
وَالَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِكُمْ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُوْنَ ۝ الَّذِیْ جَعَلَ لَكُمُ الْاَرْضَ فِرَاشًا
وَّالسَّمَآءَ بِنَآءً ۪ وَّاَنْزَلَ مِنَ السَّمَآءِ مَآءً فَاَخْرَجَ بِهٖ مِنَ الثَّمَرٰتِ رِزْقًا
لَّكُمْ ۚ فَلَا تَجْعَلُوْا لِلّٰهِ اَنْدَادًا وَّاَنْتُمْ تَعْلَمُوْنَ ۝ وَاِنْ كُنْتُمْ فِیْ رَیْبٍ مِّمَّا
نَزَّلْنَا عَلٰى عَبْدِنَا فَاْتُوْا بِسُوْرَةٍ مِّنْ مِّثْلِهٖ ۪ وَادْعُوْا شُهَدَآءَكُمْ مِّنْ
دُوْنِ اللّٰهِ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ۝ فَاِنْ لَّمْ تَفْعَلُوْا وَلَنْ تَفْعَلُوْا فَاتَّقُوا
النَّارَ الَّتِیْ وَقُوْدُهَا النَّاسُ وَالْحِجَارَةُ ۖۚ اُعِدَّتْ لِلْكٰفِرِيْنَ ۝ وَبَشِّرِ الَّذِيْنَ
اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ اَنَّ لَهُمْ جَنّٰتٍ تَجْرِیْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ ؕ كُلَّمَا
رُزِقُوْا مِنْهَا مِنْ ثَمَرَةٍ رِّزْقًا ۙ قَالُوْا هٰذَا الَّذِیْ رُزِقْنَا مِنْ قَبْلُ ۙ وَاُتُوْا
بِهٖ مُتَشَابِهًا ؕ وَلَهُمْ فِيْهَاۤ اَزْوَاجٌ مُّطَهَّرَةٌ ۙۗ وَّهُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ۝ اِنَّ اللّٰهَ
لَا يَسْتَحْیٖۤ اَنْ يَّضْرِبَ مَثَلًا مَّا بَعُوْضَةً فَمَا فَوْقَهَا ؕ فَاَمَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا
فَيَعْلَمُوْنَ اَنَّهُ الْحَقُّ مِنْ رَّبِّهِمْ ۚ وَاَمَّا الَّذِيْنَ كَفَرُوْا فَيَقُوْلُوْنَ مَاذَاۤ اَرَادَ
اللّٰهُ بِهٰذَا مَثَلًا ۘ يُضِلُّ بِهٖ كَثِيْرًا ۙ وَّيَهْدِیْ بِهٖ كَثِيْرًا ؕ وَمَا يُضِلُّ بِهٖۤ اِلَّا
الْفٰسِقِيْنَ ۝ الَّذِيْنَ يَنْقُضُوْنَ عَهْدَ اللّٰهِ مِنْ بَعْدِ مِيْثَاقِهٖ ۪ وَيَقْطَعُوْنَ مَاۤ
اَمَرَ اللّٰهُ بِهٖۤ اَنْ يُّوْصَلَ وَيُفْسِدُوْنَ فِی الْاَرْضِ ؕ اُولٰٓئِكَ هُمُ الْخٰسِرُوْنَ ۝

منزل

★रु. २/२ आ १३ ⁂ व. लाज़िम

(हर तरफ़ से) घेरे हुए है ।[1] (१६) क़रीब है कि बिजली (की चमक) उन की आंखों (की रोशनी) को उचक ले जाए। जब बिजली (चमकती और) उन पर रोशनी डालती है तो उस में चल पड़ते हैं और जब अंधेरा हो जाता है तो खड़े के खड़े रह जाते हैं और अगर ख़ुदा चाहता तो उनके कानों (के सुनने की ताक़त) और आंखों (के देखने की ताक़त, दोनों) को बर्बाद कर देता। बिला शुब्हा ख़ुदा हर चीज़ पर क़ुदरत रखता है ।(२०) ★

लोगो ! अपने परवरदिगार की इबादत करो, जिस ने तुमको और तुमसे पहले लोगों को पैदा किया, ताकि तुम (उस के अज़ाब से) बचो। (२१) जिस ने तुम्हारे लिए ज़मीन को बिछौना और आसमान को छत बनाया और आसमान से मेंह बरसा कर तुम्हारे खाने के लिए क़िस्म-क़िस्म के मेवे-पैदा किए। पस किसी को ख़ुदा का हमसर (बराबर का) न बनाओ और तुम जानते तो हो। (२२) और अगर तुमको इस (किताब) में, जो उस ने अपने बंदे (मुहम्मद अरबी सल्ल०) पर नाज़िल फ़रमायी है, कुछ शक हो तो इसी तरह की एक सूर: तुम भी बना लाओ और ख़ुदा के सिवा जो तुम्हारे मददगार हों, उन को भी बुला लो अगर तुम सच्चे हो।[2] (२३) लेकिन अगर (ऐसा) न कर सको और हरगिज़ नहीं कर सकोगे तो उस आग से डरो, जिस का ईंधन आदमी और पत्थर होंगे (और जो) काफ़िरों के लिए तैयार की गयी है। (२४) और जो लोग ईमान ले आए और नेक अमल करते रहे, उन को ख़ुशख़बरी सुना दो कि उन के लिए (नेमत के) बाग़ हैं, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं, जब उन्हें उन में से किसी क़िस्म का मेवा खाने को दिया जाएगा तो कहेंगे यह तो वही है जो हम को पहले दिया गया था और उन को एक दूसरे से शक्ल में मिलते-जुलते मेवे दिए जाएंगे और वहां उन के लिए पाक बीवियां होंगी और वे बहिश्तों में हमेशा रहेंगे। (२५) ख़ुदा इस बात से नहीं शर्माता कि मच्छर या उस से बढ़ कर किसी चीज़ (जैसे मक्खी-मकड़ी वग़ैरह) की मिसाल बयान फ़रमाए। जो मोमिन हैं, वे यक़ीन करते हैं कि वह उन के परवरदिगार की तरफ़ से सच है और जो काफ़िर हैं, वे कहते हैं कि इस मिसाल से ख़ुदा चाहता क्या है ⁘ इस से (ख़ुदा) बहुतों को गुमराह करता है और बहुतों को हिदायत बख़्शता है और गुमराह भी करता है तो नाफ़रमानों ही को।[1] (२६) जो ख़ुदा के इक़रार को मज़बूत करने के बाद तोड़ देते हैं और जिस चीज़ (यानी रिश्तेदारी) के जोड़े रखने का ख़ुदा ने हुक्म दिया है, उसको तोड़ डालते हैं और ज़मीन में ख़राबी

---

१. यह मुनाफ़िक़ों के हाल की दूसरी मिसाल है। इस में दीने इस्लाम को मेंह (वर्षा) से तश्बीह (उपमा) दी गयी है। जिस तरह मेंह में अंधेरा और बिजली और गरज होती है, इसी तरह इस्लाम के शुरू में, भले ही कुछ परेशानियां और कठिनाइयां भी हों, लेकिन बाद में वह सरासर रहमत होता है। मुनाफ़िक़ों को इस्लाम से फ़ायदे पहुंचते तो उस के क़ायल हो जाते और जब कोई ऐसा हुक्म नाज़िल होता, जिसे वे सख़्त समझते तो सोचते कि बला नाज़िल हुई और यों डर जाते जैसे बिजली से डरा करते हैं। कड़क से डर कर कानों में उंगलियां दे लेने का मतलब यह है कि हुक्म की सख़्ती से घबरा कर उस पर अमल करने से हिचकिचाते और ऐसी तद्बीरें करने लगते कि मुश्किल में न फंस जाएं और उस से बच जाएं। कुछ लोगों ने कहा है कि क़ुरआन मजीद में जो कुफ़्र व शिर्क और उस पर डरावे और सज़ा का बयान और ख़ुदा के एक होने की रोशन दलीलें हैं, जिन की मिसाल अंधेरों और गरज और बिजली की है तो मुनाफ़िक़ों को डर पैदा होता है कि उन को सुन कर लोग कहीं ईमान लाने पर तैयार न हो जाएं और अपना मज़हब न छोड़ बैठें जो उनके नज़दीक मौत जैसा था और इसी वजह से वे अपने कानों में उंगलियां दे लेते कि क़ुरआन को सुन ही न सकें।

(शेष पृष्ठ ६७५ पर)

★रु. २/२ आ १३ ⁘ व. लाज़िम

(ऐ मुहम्मद !) लोग तुमसे नये चांद के बारे में पूछते हैं (कि घटता-बढ़ता क्यों है) ? कह दो कि वह लोगों के (कामों की मीयादें) और हज के वक़्त मालूम होने का ज़रिया है।[1] और नेकी इस बात में नहीं कि (एहराम की हालत में) घरों में उनके पिछवाड़े की तरफ़ से आओ, बल्कि नेक वह है जो परहेज़गार हो और घरों में उनके दरवाज़ों से आया करो[2] और ख़ुदा से डरते रहो ताकि निजात पाओ। (१८९) और जो लोग तुमसे लड़ते हैं, तुम भी ख़ुदा की राह में उनसे लड़ो, मगर ज़्यादती न करना कि ख़ुदा ज़्यादती करने वालों को दोस्त नहीं रखता। (१९०) और उनको जहां पाओ, क़त्ल कर दो और जहां से उन्होंने तुमको निकाला है (यानी मक्के से) वहां से तुम भी उनको निकाल दो और (दीन से गुमराह करने का) फ़साद क़त्ल व ख़ूंरेज़ी से कहीं बढ़कर है और जब तक वे तुम से मस्जिदे मोहतरम (यानी ख़ाना काबा) के पास न लड़ें, तुम भी वहां उनसे न लड़ना। हां, अगर वे तुम से लड़ें, तो तुम उनको क़त्ल कर डालो। क़ाफ़िरों की यही सज़ा है। (१९१) और अगर वे रुक जायें तो ख़ुदा बख़्शने वाला (और) रहम करने वाला है। (१९२) और उनसे उस वक़्त तक लड़ते रहना कि फ़साद ख़त्म हो जाए और (मुल्क में) ख़ुदा ही का दीन हो जाए और अगर वे (फ़साद से) बाज़ आ जायें, तो ज़ालिमों के सिवा किसी पर ज़्यादती नहीं (करनी चाहिए)। (१९३) अदब का महीना अदब के महीने के मुक़ाबले का है और अदब की चीज़ें एक दूसरे का बदला हैं। पस अगर कोई तुम पर ज़्यादती करे, तो जैसी ज़्यादती वह तुम पर करे, वैसी ही तुम उस पर करो। और ख़ुदा से डरते रहो और जान रखो कि ख़ुदा डरने वालों के साथ है।[3] (१९४) और ख़ुदा की राह में (माल) ख़र्च करो और अपने आप को हलाकत में न डालो[4] और नेकी करो। बेशक ख़ुदा नेकी करने वालों को दोस्त रखता है।[4] (१९५) और ख़ुदा (की ख़ुश्नूदी)

---

१. 'अहिल्ला' 'हिलाल' की जमा है और हिलाल पहली तीन रातों के चांद को कहते हैं। चांद हक़ीक़त में एक है, मगर चूंकि वह घटता-बढ़ता रहता है, इस लिए गोया कई चांद हुए। इसी लिए उन को 'अहिल्ला' कहा गया है। इस के घटने-बढ़ने का फ़ायदा यह है कि जो लोग अन-पढ़ हैं उन को इस से महीना और तारीख़ और हज के वक़्त मालूम होने हैं। अगर एक हालत पर रहता तो इन लोगों को बड़ी मुश्किल पेश आती कि न महीना मालूम होता, न तारीख़। हिलाल को देख कर हर शख़्स महीना और तारीख़ और हज के वक़्त और कामों की मीयादें आसानी से मालूम कर सकता है।

२. अरब में दस्तूर था कि जब घर से निकल कर एहराम बांध लेते, और घर में आने की ज़रूरत वाक़े होती तो घर में दरवाज़े से न दाख़िल होते, बल्कि पिछवाड़े से कूद कर आते। ख़ुदा ने इस फ़ेल को दाख़िले नेकी न क़रार दिया और घर में दरवाज़े से आने का हुक्म फ़रमाया।

३. इज़्ज़त के महीने चार थे —ज़ीक़ादा, ज़िलहिज्जा, मुहर्रम, रजब। और उन में लड़ाई नहीं की जाती थी। काफ़िर इन महीनों में लड़ाई करने लगते तो मुसलमान इन महीनों के अदब की वजह से लड़ाई से रुकते और हैरान होते कि क्या करें। ख़ुदा ने फ़रमाया कि अगर काफ़िर इन महीनों के अदब का ख़्याल रखें, तो तुम भी रखो और वे अदब को छोड़ दें और तुम पर ज़ुल्म करने लगें तो तुम भी उन से लड़ो और बदला लेने में कोताही न करो।

४. यानी जिहाद छोड़ कर न बैठो, इस में तुम्हारी हलाकत है।

★रु. २३/७ आ ६, ∴ मु. अ़ि मु त क़. १

व अतिम्मुल्हज्-ज वल्अुम्-र-त लिल्लाहि ط फ़ इन् उह्सिर्तुम् फ़ मस्तै-स-र मिनल्हद्यि ج व ला तह्लिक़ू रुऊसकुम् हत्ता यब्लुग़ल्-हद्यु महिल्लहू ط फ़ मन् का-न मिन्कुम् मरीज़न् औ बिही अज़म्-मिर्रअ्सिही फ़ फ़िद्यतुम्-मिन् सियामिन् औ स-द-क़तिन् औ नुसुकिन् ج फ़ इज़ा अमिन्तुम् फ़ मन् तमत्त-अ बिल्उम्रति इलल्हज्जि फ़-मस्तै-स-र मिनल्हद्यि ج फ़ मल्लम् यजिद् फ़ सियामु सलासति अय्यामिन् फ़िल्हज्जि व सब्अतिन् इज़ा र-जअ्-तुम् ط तिल्-क अ-श-रतुन् कामिलतुन् ط ज़ालि-क लिमल्लम् यकुन् अह्लुहू हाज़िरिल्-मस्जिदिल्-हरामि वत्तक़ुल्ला-ह वअ्-लमू अन्नल्ला-ह शदीदुल्-अिक़ाब ★(१९६) अल्हज्जु अश्हुरुम्-मअ्लूमातुन् ج फ़ मन् फ़-र-ज़ फ़ीहिन्नल्-हज्-ज फ़ला र-फ़-स व ला फ़ुसू-क़ ولا व ला जिदा-ल फ़िल्हज्जि ط व मा तफ़अलू मिन् ख़ैरिंय्यअ्-लम्हुल्लाहु ▒ ط व तज़व्वदू फ़ इन्-न ख़ैरज़्ज़ादित्तक़्वा ز वत्तक़ूनि या उलिल्-अल्बाब (१९७) लै-स अलैकुम् जुनाहुन् अन् तब्तग़ू फ़ज़्लम्-मिर्रब्बिकुम् ط फ़ इज़ा अफ़ज़्तुम् मिन् अ-रफ़ातिन् फ़ज़्कुरुल्ला-ह अिन्दल्-मश्अरिल्-हरामि ص वज़्कुरूहु कमा हदाकुम् ج व इन् कुन्तुम् मिन् क़ब्लिही ल-मिनज़्ज़ाल्लीन (१९८) सुम्-म अफ़ीज़ू मिन् हैसु अफ़ाज़न्नासु वस्तग़्फ़िरुल्लाह ط इन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुर्रहीम (१९९) फ़ इज़ा क़ज़ैतुम् मनासिककुम् फ़ज़्कुरुल्ला-ह क-ज़िक्रिकुम् आबा-अकुम् औ अशद्-द ज़िक्रन् ط फ़ मिनन्नासि मंय्यक़ूलु रब्बना आतिना फ़िद्दुन्या व मा लहू फ़िल्-आख़िरति मिन् ख़लाक़ (२००) व मिन्हुम् मंय्यक़ूलु रब्बना आतिना फ़िद्दुन्या ह-स-न-तंव-व फ़िल्-आख़िरति ह-स-न-तंव्-व क़िना अज़ाबन्नार (२०१) ●

الْمُحْسِنِينَ ۝ وَأَتِمُّوا الْحَجَّ وَالْعُمْرَةَ لِلَّهِ ۚ فَإِنْ أُحْصِرْتُمْ فَمَا اسْتَيْسَرَ
مِنَ الْهَدْيِ ۖ وَلَا تَحْلِقُوا رُءُوسَكُمْ حَتَّىٰ يَبْلُغَ الْهَدْيُ مَحِلَّهُ ۚ
فَمَنْ كَانَ مِنْكُمْ مَرِيضًا أَوْ بِهِ أَذًى مِنْ رَأْسِهِ فَفِدْيَةٌ مِنْ صِيَامٍ
أَوْ صَدَقَةٍ أَوْ نُسُكٍ ۚ فَإِذَا أَمِنْتُمْ فَمَنْ تَمَتَّعَ بِالْعُمْرَةِ إِلَى الْحَجِّ فَمَا
اسْتَيْسَرَ مِنَ الْهَدْيِ ۚ فَمَنْ لَمْ يَجِدْ فَصِيَامُ ثَلَاثَةِ أَيَّامٍ فِي الْحَجِّ وَ
سَبْعَةٍ إِذَا رَجَعْتُمْ ۗ تِلْكَ عَشَرَةٌ كَامِلَةٌ ۗ ذَٰلِكَ لِمَنْ لَمْ يَكُنْ أَهْلُهُ
حَاضِرِي الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ ۚ وَاتَّقُوا اللَّهَ وَاعْلَمُوا أَنَّ اللَّهَ شَدِيدُ
الْعِقَابِ ۝ الْحَجُّ أَشْهُرٌ مَعْلُومَاتٌ ۚ فَمَنْ فَرَضَ فِيهِنَّ الْحَجَّ فَلَا رَفَثَ
وَلَا فُسُوقَ وَلَا جِدَالَ فِي الْحَجِّ ۗ وَمَا تَفْعَلُوا مِنْ خَيْرٍ يَعْلَمْهُ اللَّهُ ۗ وَ
تَزَوَّدُوا فَإِنَّ خَيْرَ الزَّادِ التَّقْوَىٰ ۚ وَاتَّقُونِ يَا أُولِي الْأَلْبَابِ ۝ لَيْسَ
عَلَيْكُمْ جُنَاحٌ أَنْ تَبْتَغُوا فَضْلًا مِنْ رَبِّكُمْ ۚ فَإِذَا أَفَضْتُمْ مِنْ عَرَفَاتٍ
فَاذْكُرُوا اللَّهَ عِنْدَ الْمَشْعَرِ الْحَرَامِ ۖ وَاذْكُرُوهُ كَمَا هَدَاكُمْ وَإِنْ كُنْتُمْ
مِنْ قَبْلِهِ لَمِنَ الضَّالِّينَ ۝ ثُمَّ أَفِيضُوا مِنْ حَيْثُ أَفَاضَ النَّاسُ
وَاسْتَغْفِرُوا اللَّهَ ۚ إِنَّ اللَّهَ غَفُورٌ رَحِيمٌ ۝ فَإِذَا قَضَيْتُمْ مَنَاسِكَكُمْ
فَاذْكُرُوا اللَّهَ كَذِكْرِكُمْ آبَاءَكُمْ أَوْ أَشَدَّ ذِكْرًا ۗ فَمِنَ النَّاسِ مَنْ يَقُولُ
رَبَّنَا آتِنَا فِي الدُّنْيَا وَمَا لَهُ فِي الْآخِرَةِ مِنْ خَلَاقٍ ۝ وَمِنْهُمْ مَنْ
يَقُولُ رَبَّنَا آتِنَا فِي الدُّنْيَا حَسَنَةً وَفِي الْآخِرَةِ حَسَنَةً وَقِنَا عَذَابَ

★रु. २४/८ आ ८ ▒ व. न बीं स ● नि. १/२

के लिए हज और उमरे को पूरा करो और अगर (रास्ते में) रोक लिए जाओ तो जैसी क़ुर्बानी मुयस्सर हो (कर दो) और जब तक क़ुर्बानी अपनी जगह पर न पहुंच जाए, सर न मुंडाओ और अगर कोई तुम में बीमार हो या उसके सर में किसी तरह की तक्लीफ़ हो तो (अगर वह सर मुंडा ले तो) उसके बदले रोज़े रखे या सदक़ा दे या क़ुर्बानी करे। फिर जब (तक्लीफ़ दूर होकर) तुम मुतमइन हो जाओ तो जो (तुममें) हज के वक़्त तक उमरे में फ़ायदा उठाना चाहे, वह जैसी क़ुर्बानी मयस्सर हो करे और जिसको (क़ुर्बानी) न मिले, वह तीन रोज़े हज के दिनों में रखे और सात जब वापस हो। ये पूरे दस दिन हुए। यह हुक्म उस शख़्स के लिए है, जिसके बाल-बच्चे मक्के में न रहते हों और ख़ुदा से डरते रहो और जान रखो कि ख़ुदा सख़्त अज़ाब देने वाला है। (१९६) ★

हज के महीने (तै हैं जो) मालूम हैं।[1] तो जो शख़्स इन महीनों में हज की नीयत कर ले तो हज (के दिनों) में न औरतों से मिले, न कोई बुरा काम करे, न किसी से झगड़े और जो नेक काम तुम करोगे, वह ख़ुदा को मालूम हो जाएगा और ज़ादेराह (यानी रास्ते का ख़र्च) साथ ले जाओ क्योंकि बेहतर (फ़ायदा) ज़ादेराह (का) परहेज़गारी है और ऐ अक़्ल वालो! मुझसे डरते रहो। (१९७) इसका तुम्हें कुछ गुनाह नहीं कि (हज के दिनों में तिजारत के ज़रिए से) अपने परवरदिगार से रोज़ी तलब करो। और जब अरफ़ात से वापस होने लगो तो मशअरे हराम (यानी मुज़दलफ़े) में ख़ुदा का ज़िक्र करो। और इस तरह ज़िक्र करो जिस तरह उसने तुमको सिखाया और इससे पहले तुम लोग (इन तरीक़ों को) बिल्कुल नहीं जानते थे। (१९८) फिर जहां से और लोग वापस हों, वहीं से तुम भी वापस हो और ख़ुदा से बख़्शिश मांगो। बेशक ख़ुदा बख़्शने वाला और रहमत करने वाला है। (१९९) फिर जब हज के तमाम अर्कान पूरे कर चुको तो (मिना में) ख़ुदा को याद करो, जिस तरह अपने बाप-दादा को याद किया करते थे, बल्कि उससे भी ज़्यादा। और कुछ लोग ऐसे हैं जो (ख़ुदा से) इल्तिजा करते हैं कि ऐ परवरदिगार! हम को (जो देना है) दुनिया ही में इनायत कर। ऐसे लोगों का आख़िरत में कुछ हिस्सा नहीं। (२००) और कुछ ऐसे हैं कि दुआ करते हैं कि परवरगिदार! हम को दुनिया में भी नेमत अता फ़रमा और आख़िरत में भी नेमत बख़्शना और दोज़ख़ के अज़ाब से बचाए रखना। (२०१) ● यही लोग हैं जिनके लिए उन के कामों का

१. यानी शव्वाल, ज़ीक़ादा और ज़िलहिज्जा के दस दिन।

उलाइ-क लहुम् नसीबुम्मिम्मा क-सबू वल्लाहु सरीअुल् - हिसाब (२०२) वज़्कुरुल्ला-ह फ़ी अय्यामिम्-मअ्-दूदातिन् फ़ मन् त-अज्ज-ल फ़ी यौमैनि फ़ ला इस-म अलैहि व मन् त-अख़्ख़-र फ़ ला इस्-म अलैहि लि मनित्तक़ा वत्तक़ुल्ला-ह वअ्-लमू अन्नकुम् इलैहि तुह्शरून (२०३) व मिनन्नासि मंय्युअ्-जिबु-क क़ौलुहू फ़िल्-हयातिद्दुन्या व युश्हिदुल्ला-ह अला मा फ़ी क़ल्बिही व हु-व अलद्दुल्-ख़िसाम (२०४) व इज़ा त-वल्ला सआ फ़िल्अर्ज़ि लि युफ़्सि-द फ़ीहा व युह्लिकल्हर्-स वन्नस्-ल वल्लाहु ला युहिब्बुल्फ़साद (२०५) व इज़ा क़ी-ल लहुत्तक़िल्ला-ह अ-ख़-ज़त्हुल्-अिज़्ज़तु बिल्-इस्मि फ़ हस्बुहू जहन्नमु व ल बिअ्सल्मिहाद (२०६) व मिनन्नासि मंय्यश्री नफ़्सहुब्तिग़ा - अ मर्ज़ातिल्लाहि वल्लाहु रऊफ़ुम्-बिल्अिबाद (२०७) या अय्युहल्लज़ी-न आमनुद्ख़ुलू फ़िस्सिल्मि काफ़्फ़तंव् व ला तत्तबिअू ख़ुतुवातिश्शैतानि इन्नहू लकुम् अदुव्वुम् - मुबीन (२०८) फ़ इन् ज़-लल्तुम् मिम्बअ्-दि मा जा-अत्कुमुल् - बय्यिनातु फ़अ्-लमू अन्नल्ला-ह अज़ीज़ुन् हकीम (२०९) हल् यन्ज़ुरू-न इल्ला अंय्यअ्ति - य-हुमुल्लाहु फ़ी ज़ु-ललिम्-मिनल्-ग़मामि वल्मला-इकतु व क़ुज़ियल्-अम्रु व इलल्लाहि तुर्जअुल्-उमूर ★ (२१०) सल् बनी इस्रा-ई-ल कम् आतैनाहुम् मिन् आयतिम्-बय्यिनतिन् व मंय्युबद्दिल् निअ्-मतल्लाहि मिम्बअ्-दि मा जा-अत्हु फ़ इन्नल्ला-ह शदीदुल् अिक़ाब (२११) ज़ुय्यि-न लिल्लज़ी-न क-फ़रुल्-हयातुद्दुन्या व यस्ख़रू - न मिनल्लज़ी - न आमनू ▒ वल्लज़ीनत्तक़ौ फ़ौक़हुम् यौमल्-क़ियामति वल्लाहु यर्ज़ुक़ु मंय्यशा-उ बिग़ैरि हिसाब (२१२)

سیقول ٢ — ٢٥ — البقرة ٢

النار ۞ اولئك لهم نصيب مما كسبوا والله سريع الحساب ۞
واذكروا الله في ايام معدودت فمن تعجل في يومين فلا اثم
عليه ومن تاخر فلا اثم عليه لمن اتقى واتقوا الله واعلموا
انكم اليه تحشرون ۞ ومن الناس من يعجبك قوله في الحيوة
الدنيا ويشهد الله على ما في قلبه وهو الد الخصام ۞ واذا
تولى سعى في الارض ليفسد فيها ويهلك الحرث والنسل
والله لا يحب الفساد ۞ واذا قيل له اتق الله اخذته العزة
بالاثم فحسبه جهنم ولبئس المهاد ۞ ومن الناس من
يشري نفسه ابتغاء مرضات الله والله رءوف بالعباد ۞ يايها
الذين امنوا ادخلوا في السلم كافة ولا تتبعوا خطوت
الشيطن انه لكم عدو مبين ۞ فان زللتم من بعد ما جاءتكم
البينت فاعلموا ان الله عزيز حكيم ۞ هل ينظرون الا ان
ياتيهم الله في ظلل من الغمام والملئكة وقضي الامر
والى الله ترجع الامور ۞ سل بني اسراءيل كم اتينهم من
اية بينة ومن يبدل نعمة الله من بعد ما جاءته فان
الله شديد العقاب ۞ زين للذين كفروا الحيوة الدنيا و
يسخرون من الذين امنوا والذين اتقوا فوقهم يوم القيمة

★रु. २५/६ आ १४ ▒ व. लाज़िम

हिस्सा (यानी नेक बदला तैयार) है और ख़ुदा जल्द हिसाब लेने वाला (और जल्द बदला देने वाला) है। (२०२) और (मिना के ठहरने के) दिनों में (जो) गिनती के (दिन) हैं, ख़ुदा को याद करो। अगर कोई जल्दी करे (और) दो ही दिन में (चल दे) तो उस पर भी कुछ गुनाह नहीं और जो बाद तक ठहरा रहे, उस पर भी कुछ गुनाह नहीं।[1] ये बातें उस शख़्स के लिए हैं जो (ख़ुदा से) डरे और तुम लोग ख़ुदा से डरते रहो और जान रखो कि तुम सब उस के पास जमा किये जाओगे। (२०३) और कोई शख़्स तो ऐसा है जिसकी बातचीत दुनिया की ज़िन्दगी में तुमको भली मालूम होती है और वह अपने माफ़िज़्ज़मीर (जो कुछ ज़मीर यानी अन्तरात्मा में है) पर ख़ुदा को गवाह बनाता है, हालांकि वह सख़्त झगड़ालू है। (२०४) और जब पीठ फेरकर चला जाता है तो ज़मीन में दौड़ता फिरता है, ताकि उसमें फ़साद फैलाए और खेती को (बर्बाद) और (इन्सानों और हैवानों की) नस्ल को हलाक करे और ख़ुदा फ़साद को पसन्द नहीं करता। (२०५) और जब उससे कहा जाता है कि ख़ुदा से ख़ौफ़ करो तो घमण्ड उस को गुनाह में फंसा देता है, तो ऐसे को जहन्नम सज़ावार है और वह बहुत बुरा ठिकाना है।[2] (२०६) और कोई शख़्स ऐसा है कि ख़ुदा की ख़ुशी हासिल करने के लिए अपनी जान बेच डालता है और ख़ुदा बन्दों पर बहुत मेहरबान है।[3] (२०७) मोमिनो! इस्लाम में पूरे-पूरे दाख़िल हो जाओ और शैतान के पीछे न चलो।[4] वह तो तुम्हारा खुला दुश्मन है। (२०८) फिर अगर तुम रोशन हुक्मों के पहुंच जाने के बाद लड़खड़ा जाओ तो जान रखो कि ख़ुदा ग़ालिब और हिक्मत वाला है। (२०९) क्या ये लोग इसी बात के इंतिज़ार में हैं कि उन पर ख़ुदा (का अज़ाब) बादल के सायेबानों में आ नाज़िल हो और फ़रिश्ते भी (उतर आयें) और काम तमाम कर दिया जाए।[5] और सब कामों का रुजूअ ख़ुदा ही की तरफ़ है। (२१०) ★

(ऐ मुहम्मद!) बनी इस्राईल से पूछो कि हमने उनको कितनी खुली निशानियां दीं और जो शख़्स ख़ुदा की नेमत को अपने पास आने के बाद बदल दे तो ख़ुदा सख़्त अज़ाब करने वाला है। (२११) और जो काफ़िर हैं, उनके लिए दुनिया की ज़िंदगी ख़ुशनुमा कर दी गयी है और वे मोमिनों से मज़ाक़ करते हैं▨ लेकिन जो परहेज़गार हैं, वे क़ियामत के दिन उन पर ग़ालिब होंगे और ख़ुदा जिस को चाहता है, अनगिनत रोज़ी देता है। (२१२) (पहले तो सब) लोगों का एक ही

---

१. गिनती के दिनों से ईद के बाद के तीन दिन मुराद हैं, जिन को अय्यामे तशरीक़ कहते हैं। इन तीन दिनों यानी ११-१२ और १३ तारीख़ में ख़ुदा को याद करना चाहिए और अगर कोई सिर्फ़ दो दिन रह कर चला जाए, तो उसे अख़्तियार है।

२. यह हाल है मुनाफ़िक़ का कि ज़ाहिर में ख़ुशामद करे और अल्लाह को गवाह करे कि मेरे दिल में तुम्हारी मुहब्बत है और झगड़े के वक़्त कुछ कमी न करे और क़ाबू पाए तो लूट-मार मचा दे और मना करने से और ज़िद चढ़े और ज़्यादा गुनाह करे।

३. यह हाल है ईमान वाले का कि अल्लाह की ख़ुशी पर अपनी जान दे।

४. यानी बहकाने पर न चलो।

५. यानी हर एक को सज़ा मिले, उस के कामों के मुताबिक़।

★रु. २५/६ आ १४ ▨व. लाज़िम

कानन्नासु उम्मतंव्वाहिद-तन् ۚ फ़ ब-अ़-सल्लाहुन्नबिय्यी-न मुबश्शिरी-न व मुन्ज़िरी-न ۖ व अन्ज़-ल म-अ़हुमुल्-किता-ब बिल्ह़क़्क़ि लियह़्कु-म बैनन्नासि फ़ी मख़्-त-लफ़ू फ़ीहि ۗ व मख़्त-ल-फ़ फ़ीहि इल्लल्लज़ी-न ऊतूहु मिम्बअ़्दि मा जा-अत्हुमुल्-बय्यिनातु बग़्यम्-बैनहुम् ۚ फ़ ह-दल्लाहुल्लज़ी-न आमनू लिमख़्त-लफ़ू फ़ीहि मिनल्ह़क़्क़ि बि इज़्निही वल्लाहु यह्दी मंय्यशा-उ इला सिरातिम्-मुस्तक़ीम (२१३) अम् ह़सिब्तुम् अन् तद्ख़ुलुल्-जन्न-त व लम्मा यअ्तिकुम् म-सलुल्लज़ी-न ख़लौ मिन क़ब्लिकुम् मस्सत्-हुमुल्बअ्सा-उ वज़्ज़र्रा-उ व ज़ुल्ज़िलू ह़त्ता यक़ूलर्-रसूलु वल्लज़ी-न आमनू म-अ़हू मता नस्रुल्लाहि ۗ अला इन्-न नस्रल्लाहि क़रीब (२१४) यस्अलून-क माज़ा युन्फ़िक़ून ۖ क़ुल् मा अन्फ़क़्तुम् मिन् ख़ैरिन् फ़ लिल्-वालिदैनि वल्-अक़्रबी-न वल्-यतामा वल्मसाकीनि वब्निस्सबीलि ۗ व मा तफ़्अ़लू मिन् ख़ैरिन् फ़ इन्नल्ला-ह बिही अ़लीम (२१५) कुति-ब अ़लैकुमुल्-क़ितालु व हु-व कुर्हुल्लकुम् ۚ व अ़सा अन् तक्रहू शैअंव-व हु-व ख़ैरुल्लकुम् ۚ व अ़सा अन् तुह़िब्बू शैअंव-व हु-व शर्रुल्लकुम् ۗ वल्लाहु यअ्-लमु व अन्तुम् ला तअ्-लमून ★ (२१६)

البقرة ٢ ٣٢ سيقول

وَاللّٰهُ يَرْزُقُ مَنْ يَّشَاۤءُ بِغَيْرِ حِسَابٍ ۞ كَانَ النَّاسُ اُمَّةً
وَّاحِدَةً فَبَعَثَ اللّٰهُ النَّبِيّٖنَ مُبَشِّرِيْنَ وَمُنْذِرِيْنَ وَاَنْزَلَ
مَعَهُمُ الْكِتٰبَ بِالْحَقِّ لِيَحْكُمَ بَيْنَ النَّاسِ فِيْمَا اخْتَلَفُوْا فِيْهِ
وَمَا اخْتَلَفَ فِيْهِ اِلَّا الَّذِيْنَ اُوْتُوْهُ مِنْۢ بَعْدِ مَا جَاۤءَتْهُمُ الْبَيِّنٰتُ
بَغْيًاۢ بَيْنَهُمْ فَهَدَى اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لِمَا اخْتَلَفُوْا فِيْهِ مِنَ
الْحَقِّ بِاِذْنِهٖ وَاللّٰهُ يَهْدِيْ مَنْ يَّشَاۤءُ اِلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ۞
اَمْ حَسِبْتُمْ اَنْ تَدْخُلُوا الْجَنَّةَ وَلَمَّا يَاْتِكُمْ مَّثَلُ الَّذِيْنَ خَلَوْا
مِنْ قَبْلِكُمْ مَسَّتْهُمُ الْبَاْسَاۤءُ وَالضَّرَّاۤءُ وَزُلْزِلُوْا حَتّٰى يَقُوْلَ
الرَّسُوْلُ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مَعَهٗ مَتٰى نَصْرُ اللّٰهِ اَلَآ اِنَّ نَصْرَ اللّٰهِ
قَرِيْبٌ ۞ يَسْـَٔلُوْنَكَ مَاذَا يُنْفِقُوْنَ قُلْ مَاۤ اَنْفَقْتُمْ مِّنْ خَيْرٍ
فَلِلْوَالِدَيْنِ وَالْاَقْرَبِيْنَ وَالْيَتٰمٰى وَالْمَسٰكِيْنِ وَابْنِ السَّبِيْلِ وَ
مَا تَفْعَلُوْا مِنْ خَيْرٍ فَاِنَّ اللّٰهَ بِهٖ عَلِيْمٌ ۞ كُتِبَ عَلَيْكُمُ الْقِتَالُ
وَهُوَ كُرْهٌ لَّكُمْ وَعَسٰۤى اَنْ تَكْرَهُوْا شَيْـًٔا وَّهُوَ خَيْرٌ لَّكُمْ وَ
عَسٰۤى اَنْ تُحِبُّوْا شَيْـًٔا وَّهُوَ شَرٌّ لَّكُمْ وَاللّٰهُ يَعْلَمُ وَاَنْتُمْ لَا
تَعْلَمُوْنَ ۞ يَسْـَٔلُوْنَكَ عَنِ الشَّهْرِ الْحَرَامِ قِتَالٍ فِيْهِ قُلْ قِتَالٌ
فِيْهِ كَبِيْرٌ وَصَدٌّ عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَكُفْرٌۢ بِهٖ وَالْمَسْجِدِ الْحَرَامِ
وَاِخْرَاجُ اَهْلِهٖ مِنْهُ اَكْبَرُ عِنْدَ اللّٰهِ وَالْفِتْنَةُ اَكْبَرُ مِنَ الْقَتْلِ

★ रु. २६/१० आ ६

मज़हब था। (लेकिन वे आपस में इख़्तिलाफ़ करने लगे) तो ख़ुदा ने (उनकी तरफ़) बशारत देने वाले और डर सुनाने वाले पैग़म्बर भेजे और उन पर सच्चाई के साथ किताबें नाज़िल कीं, ताकि जिन मामलों में लोग इख़्तिलाफ़ करते थे, उनका उनमें फ़ैसला कर दे। और इसमें इख़्तिलाफ़ भी उन्हीं लोगों ने किया जिनको किताब दी गयी थी, बावजूदे कि उन के पास खुले हुए हुक्म आ चुके थे। (और यह इख़्तिलाफ़ उन्होंने सिर्फ़) आपस की ज़िद से (किया) तो जिस हक़ बात में इख़्तिलाफ़ करते थे, ख़ुदा ने अपनी मेहरबानी से मोमिनों को उस की राह दिखा दी और ख़ुदा जिसको चाहता है, सीधा रास्ता दिखा देता है। (२१३) क्या तुम यह ख़्याल करते हो कि (यों ही) बहिश्त में दाख़िल हो जाओगे और अभी तुमको पहले लोगों की-सी (मुश्किलें) तो पेश आयी ही नहीं। उनको (बड़ी-बड़ी) सख़्तियां और तक्लीफ़ें पहुंचीं और वे (परेशानियों में) हिला-हिला दिये गये, यहां तक कि पैग़म्बर और मोमिन लोग, जो उनके साथ थे, सब पुकार उठे कि कब ख़ुदा की मदद आएगी। देखो, ख़ुदा की मदद (बहुत) जल्द (आया चाहती) है। (२१४) (ऐ मुहम्मद !) लोग तुमसे पूछते हैं कि (ख़ुदा की राह में) किस तरह का माल ख़र्च करें। कह दो कि (जो चाहो ख़र्च करो, लेकिन) जो माल ख़र्च करना चाहो, वह (दर्जा-ब-दर्जा हक़ वालों, यानी) मां-बाप को और क़रीब के रिश्तेदारों को और यतीमों को और मुहताजों को और मुसाफ़िरों को (सबको दो) और जो भलाई तुम करोगे, ख़ुदा उसको जानता है। (२१५) (मुसलमानो !) तुम पर (ख़ुदा के रास्ते में) लड़ना फ़र्ज़ कर दिया गया है, वह तुम्हें ना-गवार तो होगा। मगर अजब नहीं कि एक चीज़ तुमको बुरी लगे और वह तुम्हारे हक़ में भली हो और अजब नहीं कि एक चीज़ तुमको भली लगे और वह तुम्हारे लिए नुक़सानदेह हो। और (इन बातों को) ख़ुदा ही बेहतर जानता है और तुम नहीं जानते। (२१६) ★

★रु. २६/१० आ ६

यस्अलून-क अनिश्शह्रिल्-ह़रामि क़ितालिन् फ़ीहि ط कुल् क़ितालुन् फ़ीहि कबीरुन् ط व सद्दुन् अन् सबीलिल्लाहि व कुफ़्रुम् बिही वलमस्जिदिल्-ह़रामि ق व इख़्राजु अह्लिही मिन्हु अक्बरु अिन्दल्लाहि ج वल्फ़ित्नतु अक्बरु मिनल्-क़त्लि ط व ला यज़ालू-न युक़ातिलूनकुम् ह़त्ता यरुद्दूकुम् अन् दीनिकुम् इनिस्तताअू ط व मंय्यर्-तदिद् मिन्कुम् अन् दीनिही फ़ यमुत् व हु-व काफ़िरुन् फ़ उला-इ-क ह़बितत् अअ्-मालुहुम् फ़िद्दुन्या वल्-आख़िरति ج व उला-इ-क अस्-ह़ाबुन्नारि ج हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (२१७) इन्नल्लज़ी-न आमनू वल्लज़ी-न हाजरू व जाहदू फ़ी सबीलिल्लाहि لا उला-इ-क यर्जू-न रह़्मतल्लाहि ط वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीम (२१८) यस्अलून-क अनिल्ख़म्रि वलमैसिरि ط कुल् फ़ीहिमा इस्मुन् कबीरुंव-व मनाफ़िअु लिन्नासि ز व इस्मुहुमा अक्बरु मिन्नफ़्अिहिमा ط व यस्अलून-क मा ज़ा युन्फ़िक़ू-न ط कुलिल्अ़फ़्-व ط कज़ालि-क युबय्यिनुल्लाहु लकुमुल्-आयाति ल-अ़ल्लकुम् त-त-फ़क्करून لا (२१९) फ़िद्दुन्या वल्-आख़िरति ط व यस्अलून-क अनिल्-यतामा ط कुल् इस्लाहुल्लहुम् ख़ैरुन् ط व इन् तुख़ालितूहुम् फ़ इख़्वानुकुम् ط वल्लाहु यअ्लमुल्-मुफ़्सि-द मिनल्मुस्लिहि ط व लौ शा-अल्लाहु ल-अअ्-न-तकुम् ط इन्नल्ला-ह अज़ीज़ुन् ह़कीम (२२०) व ला तन्किहुल् मुश्रिकाति ह़त्ता युअ्मिन-न ط व ल अ-म-तुम्-मुअ्मिन-तुन् ख़ैरुम्मिम्-मुश्रिकतिंव-व लौ अअ्-ज-बत्कुम् ج व ला तुन्किहुल्-मुश्रिकी-न ह़त्ता युअ्मिनू ط व ल अ़ब्दुम्-मुअ्मिनुन् ख़ैरुम्मिम्-मुश्रिकिंव-व लौ अअ्-ज-बकुम् ط उला-इ-क यद्अू-न इलन्नारि ج वल्लाहु यद्अू इलल्जन्नति वलमग़्फ़िरति बि इज़्निही ج व युबय्यिनु आयातिही लिन्नासि ल-अ़ल्लहुम् य-त-ज़क्करून (२२१) ★

ولا يزالون يقاتلونكم حتى يردوكم عن دينكم إن استطاعوا
ومن يرتدد منكم عن دينه فيمت وهو كافر فأولئك حبطت
أعمالهم في الدنيا والآخرة وأولئك أصحاب النار هم فيها
خالدون ۝ إن الذين آمنوا والذين هاجروا وجاهدوا في
سبيل الله أولئك يرجون رحمت الله والله غفور رحيم ۝
يسألونك عن الخمر والميسر قل فيهما إثم كبير ومنافع
للناس وإثمهما أكبر من نفعهما ويسألونك ماذا ينفقون
قل العفو كذلك يبين الله لكم الآيات لعلكم تتفكرون ۝
في الدنيا والآخرة ويسألونك عن اليتامى قل إصلاح لهم
خير وإن تخالطوهم فإخوانكم والله يعلم المفسد من
المصلح ولو شاء الله لأعنتكم إن الله عزيز حكيم ۝
ولا تنكحوا المشركات حتى يؤمن ولأمة مؤمنة خير
من مشركة ولو أعجبتكم ولا تنكحوا المشركين حتى
يؤمنوا ولعبد مؤمن خير من مشرك ولو أعجبكم
أولئك يدعون إلى النار والله يدعو إلى الجنة والمغفرة
بإذنه ويبين آياته للناس لعلهم يتذكرون ۝ ويسألونك
عن المحيض قل هو أذى فاعتزلوا النساء في المحيض

★रु. २७/११ आ ५

(ऐ मुहम्मद !) लोग तुम से इज़्ज़त वाले महीनों में लड़ाई करने के बारे में पूछते हैं। कह दो कि इनमें लड़ना बड़ा (गुनाह) है और ख़ुदा की राह से रोकना और उस से कुफ़्र करना और मस्जिदे हराम (यानी ख़ाना-ए-काबा) में जाने से (बन्द करना) और मस्जिद वालों को उसमें से निकाल देना (जो ये काफ़िर करते हैं) ख़ुदा के नज़दीक उस से भी ज़्यादा (गुनाह) है और फ़ितना फैलाना ख़ून बहाने से भी बढ़कर है और ये लोग हमेशा तुम से लड़ते रहेंगे, यहां तक कि अगर ताक़त रखें तो तुमको तुम्हारे दीन से फेर दें और जो कोई तुम में से अपने दीन से फिर (कर काफ़िर हो) जाएगा और काफ़िर ही मरेगा, तो ऐसे लोगों के आमाल दुनिया और आख़िरत, दोनों में बर्बाद हो जायेंगे और यही लोग दोज़ख़ (में जाने) वाले हैं, जिस में हमेशा रहेंगे। (२१७) जो लोग ईमान लाए और ख़ुदा के लिए वतन छोड़ गये और (काफ़िरों से) जंग करते रहे, वही ख़ुदा की रहमत के उम्मीदवार हैं और ख़ुदा बख़्शने वाला (और) रहमत करने वाला है। (२१८) (ऐ पैग़म्बर !) लोग तुम से शराब और जुए का हुक्म मालूम करते हैं। कह दो कि इन में नुक़्सान बड़े हैं और लोगों के लिए कुछ फ़ायदे भी हैं, मगर उनके नुक़्सान फ़ायदों से कहीं ज़्यादा हैं।[1] और यह भी तुम से पूछते हैं कि (ख़ुदा की राह में) कौन सा माल ख़र्च करें? कह दो कि जो ज़रूरत से ज़्यादा हो। इस तरह ख़ुदा तुम्हारे लिए अपने हुक्मों को खोल-खोलकर बयान फ़रमाता है, ताकि तुम सोचो। (२१९) (यानी) दुनिया और आख़िरत (की बातों) में (ग़ौर करो) और तुम से यतीमों के बारे में पूछते हैं, कह दो कि उन के (हालात का) सुधार बहुत अच्छा काम है और अगर तुम उनसे मिल-जुल कर रहना (यानी ख़र्च इकट्ठा रखना) चाहो तो वे तुम्हारे भाई हैं और ख़ुदा ख़ूब जानता है कि ख़राबी करने वाला कौन है और सुधार करने वाला कौन और अगर ख़ुदा चाहता तो तुमको तक्लीफ़ में डाल देता। बेशक ख़ुदा ग़ालिब और हिक्मत वाला है। (२२०) और (मोमिनो !) मुश्रिक औरतों से जब तक कि ईमान न लाएं निकाह न करना, क्योंकि मुश्रिक औरत, चाहे तुमको कैसी ही भली लगे उससे मोमिन लौंडी बेहतर है और (इसी तरह) मुश्रिक मर्द, जब तक ईमान न लाएं, मोमिन औरतों को उनकी बीवी न बनाना, क्योंकि मुश्रिक (मर्द) से, चाहे वह तुमको कैसा ही भला लगे, मोमिन ग़ुलाम बेहतर है। ये (मुश्रिक, लोगों को) दोज़ख़ की तरफ़ बुलाते हैं और ख़ुदा अपनी मेहरबानी से बहिश्त और बख़्शिश की तरफ़ बुलाता है और अपने हुक्म लोगों से खोल-खोलकर बयान करता है, ताकि नसीहत हासिल करें (२२१) ★

---

१. शुरू इस्लाम में शराब हराम न थी। मुसलमान उसे बिला झिझक पीते थे। जब यह आयत नाज़िल हुई तो जिन लोगों ने ख़्याल किया कि इस में नुक़्सान है, उन्होंने इस को छोड़ दिया और जिन लोगों ने समझा कि इस में फ़ायदे हैं, वे पीते रहे, फिर यह आयत उतरी कि, 'जब तुम मतवाले हुआ करो तो नमाज़ न पढ़ा करो।' तो जो शराब पिया करते थे, उन्होंने नमाज़ के वक़्त उस का पीना छोड़ दिया। इन आयतों से शराब की बुराई तो ज़ाहिर थी, लेकिन खुले तौर पर हराम न थी, फिर यह आयत उतरी कि ऐ ईमान वालो ! शराब और जुआ और बुतों के थान और पांसे, ये सब नापाक काम, शैतानों के कामों में से हैं, सो इन से बचो ताकि निजात पाओ। इस से शराब साफ़ तौर पर हराम हो गयी। हज़रत उमर रज़ि० जो शराब के बारे में साफ़-साफ़ हुक्म के आ जाने की ख़्वाहिश रखते थे, जब उन्होंने यह आयत सुनी कि 'शैतान तो यह चाहता है कि शराब और जुए की वजह से तुम्हारे आपस में दुश्मनी और रंजिश डलवा दे और तुम्हें ख़ुदा की याद और नमाज़ से रोक दे, सो तुम को (उन से) बाज़ रहना चाहिए', तो फ़ौरन बोल उठे कि हम बाज़ रहे, हम बाज़ रहे।

★रु. २७/११ आ ५

व यस्अलून-क अनिल्महीज़ि कुल् हु-व अ-ज़न् फ़अ्-तज़िलुन्निसा-अ फ़िलमहीज़ि व ला तक़रबू-हुन्-न हत्ता यत्-हुर्-न फ़ इज़ा त-तह-हर्-न फ़अ्तू-हुन-न मिन् हैसु अ-म-रकुमुल्लाहु इन्नल्ला-ह युहिब्बुत्तव्वाबी-न व युहिब्बुल्-मु-त-तह्हिरीन (२२२) निसा-उकुम् हर्सुल्लकुम् फ़अ्तू हर्सकुम् अन्ना शिअ्तुम् व क़द्दिमू लि अन्फ़ुसिकुम् वत्तक़ुल्ला-ह वअ्-लमू अन्नकुम्मुलाक़ूहु व बश्शिरिल्-मुअ्मिनीन (२२३) व ला तज्अलुल्ला-ह अुर्ज़तल्लि-ऐमानिकुम् अन् तबर्रू व तत्तक़ू व तुस्लिहू बैनन्नासि वल्लाहु समीअुन् अलीम (२२४) ला युआख़िज़ुकुमुल्लाहु बिल्लग़्वि फ़ी ऐमानिकुम् व लाकिंय्युआख़िज़ुकुम् बिमा क-स-बत् क़ुलूबुकुम् वल्लाहु ग़फ़ूरुन् हलीम (२२५) लिल्लज़ी-न युअ्लू-न मिन्निसा-इ-हिम् तरब्बुसु अर्ब-अ़ति अश्हुरिन् फ़ इन् फ़ा-ऊ फ़ इन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुर्रहीम (२२६) व इन् अ-ज़-मुत्तला-क़ फ़-इन्नल्ला-ह समीअुन् अलीम (२२७) वल्मुतल्लक़ातु य-त-रब्बस्-न बि अन्फ़ुसिहिन्-न सला-स-त क़ुरू-इन् व ला यहिल्लु लहुन्-न अंय्यक्तुम्-न मा ख़-ल-क़ल्लाहु फ़ी अर्हामिहिन्-न इन् कुन्-न युअ्मिन्-न बिल्लाहि वल्यौमिल्-आख़िरि व बुअ़ूलतुहुन्-न अहक़्क़ु बिरद्दिहिन्-न फ़ी ज़ालि-क इन् अरादू इस्लाहन् व लहुन्-न मिस्लुल्लज़ी अलैहिन्-न बिलमअ्-रूफ़ि व लिर्रिजालि अलैहिन्-न द-र-जतुन् वल्लाहु अज़ीज़ुन् हकीम ★ (२२८)

البقرة ٢ ٢٨ سيقول ٢

ولا تقربوهن حتى يطهرن فاذا تطهرن فاتوهن من
حيث امركم الله ان الله يحب التوابين ويحب المتطهرين ۝
نساؤكم حرث لكم فاتوا حرثكم انى شئتم وقدموا
لانفسكم واتقوا الله واعلموا انكم ملقوه وبشر المؤمنين ۝
ولا تجعلوا الله عرضة لايمانكم ان تبروا وتتقوا وتصلحوا
بين الناس والله سميع عليم ۝ لا يؤاخذكم الله باللغو
في ايمانكم ولكن يؤاخذكم بما كسبت قلوبكم والله غفور
حليم ۝ للذين يؤلون من نسائهم تربص اربعة اشهر
فان فاءو فان الله غفور رحيم ۝ وان عزموا الطلاق فان
الله سميع عليم ۝ والمطلقت يتربصن بانفسهن ثلثة قروء
ولا يحل لهن ان يكتمن ما خلق الله في ارحامهن ان
كن يؤمن بالله واليوم الاخر وبعولتهن احق بردهن في
ذلك ان ارادوا اصلاحا ولهن مثل الذي عليهن بالمعروف
وللرجال عليهن درجة والله عزيز حكيم ۝ الطلاق مرتن
فامساك بمعروف او تسريح باحسان ولا يحل لكم ان
تاخذوا مما اتيتموهن شيئا الا ان يخافا الا يقيما حدود
الله فان خفتم الا يقيما حدود الله فلا جناح عليهما فيما

منزل ١

★रु. २८/१२ आ ७

और तुमसे हैज़ के बारे में पूछते हैं। कह दो कि वह तो नजासत है, सो हैज़ के दिनों में औरतों से अलग रहो और जब तक पाक न हो जायें, उनसे क़रीब न होओ। हां, जब पाक हो जाएं तो जिस तरीक़े से ख़ुदा ने तुम्हें इर्शाद फ़रमाया है, उनके पास जाओ। कोई शक नहीं कि ख़ुदा तौबा करने वालों और पाक-साफ़ रहने वालों को दोस्त रखता है। (२२२) तुम्हारी औरतें तुम्हारी खेती है, तो अपनी खेती में जिस तरह चाहो जाओ और अपने लिए (नेक अमल) आगे भेजो और ख़ुदा से डरते रहो और जान रखो कि (एक दिन) तुम्हें उसके सामने हाज़िर होना है।[1] और (ऐ पैग़म्बर!) ईमान वालों को ख़ुशख़बरी सुना दो। (२२३) और ख़ुदा (के नाम) को इस बात का हीला न बनाना कि (उसकी) क़समें खा-खाकर सुलूक करने और परहेज़गारी करने और लोगों में सुलह-सफ़ाई कराने से रुक जाओ और ख़ुदा सब कुछ सुनता और जानता है।[2] (२२४) ख़ुदा तुम्हारी बेकार क़स्मों पर तुम्हारी पकड़ नहीं करेगा, लेकिन जो क़स्में तुम दिल के इरादे से खाओगे, उन पर पकड़ करेगा और ख़ुदा बख़्शने वाला, बुर्दबार है।[3] (२२५) जो लोग अपनी औरतों के पास जाने से क़सम खा लें, उनको चार महीने तक इन्तिज़ार करना चाहिए। अगर (इस अर्से में क़सम से) रुजूअ कर लें, तो ख़ुदा बख़्शने वाला मेहरबान है। (२२६) और अगर तलाक़ का इरादा कर लें, तो भी ख़ुदा सुनता और जानता है। (२२७) और तलाक़ वाली औरतें तीन हैज़[4] तक अपने आपको रोके रहें। और अगर वे ख़ुदा और क़ियामत के दिन पर ईमान रखती हैं तो उन को जायज़ नहीं कि ख़ुदा ने जो कुछ उन के पेट में पैदा किया है, उसको छिपायें और उन के ख़ाविंद अगर फिर मुवाफ़क़त चाहें तो इस (मुद्दत) में वे उन को अपनी ज़ौजियत (बीबी बनाने) में ले लेने के ज़्यादा हक़दार हैं। और औरतों का हक़ (मर्दों पर) वैसा ही है जैसे दस्तूर के मुताबिक़ (मर्दों का) हक़ औरतों पर है। हां, मर्दों को औरतों पर फ़ज़ीलत है और ख़ुदा ग़ालिब (और) हिक्मत वाला है। (२२८) ★

---

१. लफ़्ज़ों का लिहाज़ किया जाता तो तर्जुमा यों होना चाहिए था कि 'तुम्हें ख़ुदा से मिलना है, मगर जो तर्जुमा यहां किया गया है, वह मुहावरे के लिहाज़ से बहुत लतीफ़ है।

२. यानी इस बात की क़सम न खाओ कि मैं फ़्लां शख़्स से सुलूक नहीं करूंगा या फ़्लां नेक काम नहीं करूंगा। अगर ऐसी क़सम खा ली हो तो उस को तोड़ देना चाहिए और उस का कफ़्फ़ारा दे देना चाहिए।

३. 'बेकार क़सम' वह है जिस की नीयत न हो और बे-क़स्द व इरादा खायी जाए, जैसे कुछ लोग तकिया-ए-कलाम के तौर पर बात-बात में 'वल्लाह' 'बिल्लाह' कहा करते हैं। कुछ ने कहा, बेकार क़सम वह है जो ग़ुस्से की हालत में खायी जाए, या हलाल को हराम कर लिया जाए। ऐसी क़सम में कफ़्फ़ारा नहीं है। कुछ ने कहा, जो गुनाह की बात पर खायी जाए। कुछ ने कहा, जो मामले के वक़्त खायी जाए। बेचने वाला कहे, वल्लाह! यह चीज़ मैं इतने को नहीं बेचूंगा, ख़रीदने वाला कहे, वल्लाह! मैं इतने को नहीं ख़रीदूंगा। बहरहाल बेकार क़स्मों पर पकड़ नहीं है।

४. जिस लफ़्ज़ का तर्जुमा हम ने हैज़ किया है, वह 'क़ुरू' है, जिस के मानी हैज़ और तुह्र (पाकी) दोनों हैं। इस बारे में इख़्तिलाफ़ रहा है कि यहां हैज़ मुराद है या तुह्र। सहाबा रज़ि० की एक जमाअत इस बात की क़ायल है कि क़ुरू के मानी तुह्र हैं। इमाम मालिक रह० और शाफ़ई का भी मज़हब यही है, मगर चारों ख़लीफ़ा और ताबईन का यह क़ौल है कि 'क़ुरू' से मुराद हैज़ है। इमाम अबू हनीफ़ा रह० का भी यही मज़हब है। इमाम

(शेष ५५ पर)

अत्तलाक़ु मर्रतानि ᵒ फ़ इम्साकुम्-बिमअ्-रूफ़िन् औ तस्रीहुम्-बि इह़्सानिन्ᵇ व ला यह़िल्लु लकुम् अन् तअ्ख़ुज़ू मिम्मा आतैतुमूहुन्-न शैअन् इल्ला अंय्यख़ाफ़ा अल्ला युक़ीमा हुदूदल्लाहि ᵇ फ़ इन् ख़िफ़्तुम् अल्ला युक़ीमा हुदूदल्लाहि ᵇ फ़ ला जुना-ह अलैहिमा फ़ीमफ़्तदत् बिही ᵇ तिल्-क हुदुदल्लाहि फ़-ला तअ्-तदूहा ᶜ व मंय्य-त-अद्-द हुदूदल्लाहि फ़ उला-इ-क हुमुज़्ज़ालिमून (२२९) फ़ इन् तल्ल-क़हा फ़ ला तह़िल्लु लहू मिम्बअ्-दु हत्ता तन्कि-ह ज़ौजन् ग़ैरहू ᵇ फ़ इन् तल्ल-क़हा फ़-ला जुना-ह अलैहिमा अंय्य-त-राजआ इन् ज़न्ना अंय्युक़ीमा हुदूदल्लाहि ᵇ व तिल-क हुदूदुल्लाहि युबय्यिनुहा लि क़ौमिंय्यअ्-लमून (२३०) व इज़ा तल्लक़्तुमुन्निसा-अ फ़-ब-लग़्-न अ-ज-लहुन्-न फ़ अम्सिकूहुन्-न बिमअ्-रूफ़िन् औ सर्रिहूहुन्-न बिमअ्-रूफ़िंव् व ला तुम्सिकू हुन्-न ज़िरारल्लितअ्-तदू ᶜ व मंय्यफ़्अल् ज़ालि-क

افْتَدَتْ بِهٖ ۭ تِلْكَ حُدُوْدُ اللّٰهِ فَلَا تَعْتَدُوْھَا ۚ وَمَنْ يَّتَعَدَّ حُدُوْدَ
اللّٰهِ فَاُولٰۗىِٕكَ ھُمُ الظّٰلِمُوْنَ ۝ فَاِنْ طَلَّقَھَا فَلَا تَحِلُّ لَهٗ مِنْۢ بَعْدُ
حَتّٰي تَنْكِحَ زَوْجًا غَيْرَهٗ ۭ فَاِنْ طَلَّقَھَا فَلَا جُنَاحَ عَلَيْھِمَآ اَنْ يَّتَرَاجَعَآ
اِنْ ظَنَّآ اَنْ يُّقِيْمَا حُدُوْدَ اللّٰهِ ۭ وَتِلْكَ حُدُوْدُ اللّٰهِ يُبَيِّنُھَا لِقَوْمٍ
يَّعْلَمُوْنَ ۝ وَاِذَا طَلَّقْتُمُ النِّسَاۗءَ فَبَلَغْنَ اَجَلَهُنَّ فَاَمْسِكُوْھُنَّ
بِمَعْرُوْفٍ اَوْ سَرِّحُوْھُنَّ بِمَعْرُوْفٍ ۠ وَلَا تُمْسِكُوْھُنَّ ضِرَارًا لِّتَعْتَدُوْا ۚ
وَمَنْ يَّفْعَلْ ذٰلِكَ فَقَدْ ظَلَمَ نَفْسَهٗ ۭ وَلَا تَتَّخِذُوْٓا اٰيٰتِ اللّٰهِ ھُزُوًا ۡ
وَّاذْكُرُوْا نِعْمَتَ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ وَمَآ اَنْزَلَ عَلَيْكُمْ مِّنَ الْكِتٰبِ وَالْحِكْمَةِ
يَعِظُكُمْ بِهٖ ۭ وَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاعْلَمُوْٓا اَنَّ اللّٰهَ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيْمٌ ۝ وَ
اِذَا طَلَّقْتُمُ النِّسَاۗءَ فَبَلَغْنَ اَجَلَهُنَّ فَلَا تَعْضُلُوْھُنَّ اَنْ يَّنْكِحْنَ
اَزْوَاجَهُنَّ اِذَا تَرَاضَوْا بَيْنَهُمْ بِالْمَعْرُوْفِ ۭ ذٰلِكَ يُوْعَظُ بِهٖ مَنْ
كَانَ مِنْكُمْ يُؤْمِنُ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ ۭ ذٰلِكُمْ اَزْكٰى لَكُمْ وَاَطْهَرُ ۭ وَ
اللّٰهُ يَعْلَمُ وَاَنْتُمْ لَا تَعْلَمُوْنَ ۝ وَالْوَالِدٰتُ يُرْضِعْنَ اَوْلَادَھُنَّ
حَوْلَيْنِ كَامِلَيْنِ لِمَنْ اَرَادَ اَنْ يُّتِمَّ الرَّضَاعَةَ ۭ وَعَلَي الْمَوْلُوْدِ لَهٗ
رِزْقُهُنَّ وَكِسْوَتُهُنَّ بِالْمَعْرُوْفِ ۭ لَا تُكَلَّفُ نَفْسٌ اِلَّا وُسْعَهَا ۚ
لَا تُضَاۗرَّ وَالِدَةٌۢ بِوَلَدِھَا وَلَا مَوْلُوْدٌ لَّهٗ بِوَلَدِهٖ ۤ وَعَلَي الْوَارِثِ
مِثْلُ ذٰلِكَ ۚ فَاِنْ اَرَادَا فِصَالًا عَنْ تَرَاضٍ مِّنْهُمَا وَتَشَاوُرٍ فَلَا

फ़-क़द् ज़-ल-म नफ़्सहू ᵇ व ला तत्तख़िज़ू आयातिल्लाहि हुज़ुवंव्-वज़्कुरू निअ्-म-तल्लाहि अलैकुम् व मा अन्-ज़-ल अलैकुम् मिनल्-किताबि वल्हिक्मति यअिज़ुकुम् बिही ᵇ वत्तक़ुल्ला-ह वअ्-लमू अन्नल्ला-ह बि कुल्लि शै-इन् अलीम ★● (२३१) व इज़ा तल्लक़्तुमुन्निसा-अ फ़-ब-लग़्-न अ-ज-लहुन्-न फ़ ला तअ्ज़ुलू हुन्-न अंय्यन्किह़्-न अज़्वाजहुन्-न इज़ा तराज़ौ बैनहुम् बिल्मअ्रूफ़ि ज़ालि-क यूअ़ज़ु बिही मन् का-न मिन्कुम् युअ्मिनु बिल्लाहि वल्यौमिल्-आख़िरि ᵇ ज़ालिकुम् अज़्का लकुम् व अत्हरु ᵇ वल्लाहु यअ्-लमु व अन्तुम् ला तअ्-लमून (२३२)

तलाक़ (सिर्फ़) दो बार है। (यानी जब दो बार तलाक़ दे दी जाए तो) फिर (औरतों को) या तो शाइस्ता तरीक़े से (निकाह में) रहने देना है या भलाई के साथ छोड़ देना और यह जायज़ नहीं कि जो मह्र तुम उन को दे चुके हो, उस में से कुछ वापस ले लो। हां, अगर बीवी व शौहर को ख़ौफ़ हो कि वे ख़ुदा की हदों को क़ायम नहीं रख सकेंगे, तो अगर औरत (ख़ाविंद के हाथ से) रिहाई पाने के बदले में कुछ दे डाले तो दोनों पर कुछ गुनाह नहीं। ये ख़ुदा की (मुक़र्रर की हुई) हदें हैं, उन से बाहर न निकलना और जो लोग ख़ुदा की हदों से बाहर निकल जायेंगे, वे गुनाहगार होंगे। (२२९) फिर अगर शौहर (दो तलाक़ों के बाद तीसरी) तलाक़ औरत को दे दे तो उस के बाद जब तक औरत किसी दूसरे शख़्स से निकाह न कर ले, (पहले शौहर) पर हलाल न होगी। हां, अगर दूसरा ख़ाविंद भी तलाक़ दे दे और औरत और पहला ख़ाविंद फिर एक दूसरे की तरफ़ रुजूअ कर लें तो उन पर कुछ गुनाह नहीं, बशर्ते कि दोनों यक़ीन करें कि ख़ुदा की हदों को क़ायम रख सकेंगे और ये ख़ुदा की हदें हैं, इन को वह उन लोगों के लिए बयान फ़रमाता है, जो दानिश (सूझ-बूझ) रखते हैं। (२३०) और जब तुम औरतों को (दो बार) तलाक़ दे चुको और उन की इद्दत पूरी हो जाए तो उन्हें या तो अच्छे सुलूक से निकाह में रहने दो या शाइस्ता तरीक़े से रुख़्सत कर दो और इस नीयत से उन को निकाह में न रहने देना चाहिए कि उन्हें तक्लीफ़ दो और उन पर ज़्यादती करो। और जो ऐसा करेगा वह अपना ही नुक़्सान करेगा। और ख़ुदा के हुक्मों को हंसी (और खेल) न बनाओ। और ख़ुदा ने तुमको जो नेमतें बख़्शी हैं और तुम पर जो किताब और दानाई की बातें नाज़िल की हैं, जिन से वह तुम्हें नसीहत फ़रमाता है, उन को याद करो और ख़ुदा से डरते रहो और जान रखो कि ख़ुदा हर चीज़ जानता है। (२३१)★●

और जब तुम औरतों को तलाक़ दे चुको और उन की इद्दत पूरी हो जाए तो उन को दूसरे शौहरों के साथ, जब वे आपस में जायज़ तौर पर राज़ी हो जायें, निकाह करने से मत रोको। इस (हुक्म) से उस शख़्स को नसीहत की जाती है जो तुम में ख़ुदा और आख़िरत के दिन पर यक़ीन रखता है, यह तुम्हारे लिए निहायत ख़ूब और बहुत पाकीज़गी की बात है और ख़ुदा जानता है और

(५३ का शेष)

अहमद रह० कहते हैं कि बड़े सहाबा इस के क़ायल हैं कि क़ुरू के मानी हैज़ हैं। जो लोग इस के क़ायल हैं कि क़ुरआन की आयत में क़ुरू से मुराद हैज़ है, उन की एक दलील यह भी है कि प्यारे नबी सल्ल० ने फ़ातिमा बिन्त जैश से फ़रमाया था कि 'दअिस्सला-त अय्या-म अक़राइकि' यानी हैज़ के दिनों में नमाज़ छोड़ दिया करो। हम ने इसी रिवायत की बुनियाद पर क़ुरू का तर्जुमा हैज़ किया है।

वल्वालिदातु युर्ज़िअ्-न औलादहुन्-न हौलैनि कामिलैनि लि मन् अरा-द अंय्युतिम्-
मर्-रज़ाअ-त ط व अ-लल्-मौलूदि लहू रिज़्क़ुहुन्-न व किस्वतुहुन्-न बिलमअ्-रूफ़ि ط ला
तुकल्लफ़ु नफ़्सुन् इल्ला वुस्अहा ج ला तुज़ार्-र-र वालिदतुम्-बि व-लदिहा व ला
मौलूदुल्लहू बि व-लदिही ج व अ-लल्-वारिसि मिस्लु ज़ालि-क ج फ़ इन् अरादा

جُنَاحَ عَلَيْهِمَا ۗ وَإِنْ أَرَدْتُّمْ أَنْ تَسْتَرْضِعُوا أَوْلَادَكُمْ فَلَا جُنَاحَ
عَلَيْكُمْ إِذَا سَلَّمْتُمْ مَا آتَيْتُمْ بِالْمَعْرُوفِ ۗ وَاتَّقُوا اللَّهَ وَاعْلَمُوا أَنَّ
اللَّهَ بِمَا تَعْمَلُونَ بَصِيرٌ ۝ وَالَّذِينَ يُتَوَفَّوْنَ مِنْكُمْ وَيَذَرُونَ
أَزْوَاجًا يَتَرَبَّصْنَ بِأَنْفُسِهِنَّ أَرْبَعَةَ أَشْهُرٍ وَعَشْرًا ۖ فَإِذَا بَلَغْنَ
أَجَلَهُنَّ فَلَا جُنَاحَ عَلَيْكُمْ فِيمَا فَعَلْنَ فِي أَنْفُسِهِنَّ بِالْمَعْرُوفِ ۗ
وَاللَّهُ بِمَا تَعْمَلُونَ خَبِيرٌ ۝ وَلَا جُنَاحَ عَلَيْكُمْ فِيمَا عَرَّضْتُمْ بِهِ
مِنْ خِطْبَةِ النِّسَاءِ أَوْ أَكْنَنْتُمْ فِي أَنْفُسِكُمْ ۚ عَلِمَ اللَّهُ أَنَّكُمْ
سَتَذْكُرُونَهُنَّ وَلَٰكِنْ لَا تُوَاعِدُوهُنَّ سِرًّا إِلَّا أَنْ تَقُولُوا قَوْلًا
مَعْرُوفًا ۚ وَلَا تَعْزِمُوا عُقْدَةَ النِّكَاحِ حَتَّىٰ يَبْلُغَ الْكِتَابُ أَجَلَهُ ۚ
وَاعْلَمُوا أَنَّ اللَّهَ يَعْلَمُ مَا فِي أَنْفُسِكُمْ فَاحْذَرُوهُ ۚ وَاعْلَمُوا أَنَّ
اللَّهَ غَفُورٌ حَلِيمٌ ۝ لَا جُنَاحَ عَلَيْكُمْ إِنْ طَلَّقْتُمُ النِّسَاءَ مَا
لَمْ تَمَسُّوهُنَّ أَوْ تَفْرِضُوا لَهُنَّ فَرِيضَةً ۚ وَمَتِّعُوهُنَّ عَلَى الْمُوسِعِ
قَدَرُهُ وَعَلَى الْمُقْتِرِ قَدَرُهُ مَتَاعًا بِالْمَعْرُوفِ ۖ حَقًّا عَلَى الْمُحْسِنِينَ ۝
وَإِنْ طَلَّقْتُمُوهُنَّ مِنْ قَبْلِ أَنْ تَمَسُّوهُنَّ وَقَدْ فَرَضْتُمْ لَهُنَّ
فَرِيضَةً فَنِصْفُ مَا فَرَضْتُمْ إِلَّا أَنْ يَعْفُونَ أَوْ يَعْفُوَ الَّذِي بِيَدِهِ
عُقْدَةُ النِّكَاحِ ۚ وَأَنْ تَعْفُوا أَقْرَبُ لِلتَّقْوَىٰ ۚ وَلَا تَنْسَوُا الْفَضْلَ
بَيْنَكُمْ ۚ إِنَّ اللَّهَ بِمَا تَعْمَلُونَ بَصِيرٌ ۝ حَافِظُوا عَلَى الصَّلَوَاتِ وَ

फ़िसालन् अन्तराज़िम्मिन्हुमा व तशावुरिन्
फ़ ला जुना-ह् अलैहिमा ط व इन् अरत्तुम्
अन् तस्तर्ज़िअू औलादकुम् फ़ ला जुना-ह्
अलैकुम् इज़ा सल्लम्तुम् मा आतैतुम्
बिलमअ्-रूफ़ि ط वत्तक़ुल्ला-ह वअ्-लमू अन्नल्ला-ह
बिमा तअ्-मलू-न बसीर (२३३) वल्लज़ी-न
यु-त-वफ़्फ़ौ-न मिन्कुम् व य-ज़रू-न अज़्वाजंय्य-त-
रब्बस्-न बिअन्फ़ुसिहिन्-न अर्ब-अ-त अश्हुरिंव-व
अश्रन् ج फ़ इज़ा ब-लग़्-न अ-ज-लहुन्-न फ़-ला
जुना-ह् अलैकुम् फ़ीमा फ़-अल्-न फ़ी अन्फ़ुसिहिन्-न
बिलमअ्रूफ़ि ط वल्लाहु बिमा तअ्-मलू-न
ख़बीर (२३४) वला जुना-ह् अलैकुम्
फ़ीमा अर्रज़्तुम् बिही मिन् ख़ित्बतिन्निसा-इ
औ अक्नन्तुम् फ़ी अन्फ़ुसिकुम् ط अलि-मल्लाहु अन्नकुम् स-तज़्कुरूनहुन्-न व लाकिल्ला
तुवाअिदूहुन्-न सिर्रन् इल्ला अन् तक़ूलू क़ौलम् मअ्-रूफ़न् ج व ला तअ्-ज़िमू
अुक़्दतन्निकाहि हत्ता यब्लुग़ल्-किताबु अ-ज-लहू ط वअ्-लमू अन्नल्ला-ह
यअ्-लमु मा फ़ी अन्फ़ुसिकुम् फ़ह्ज़रूहु ج वअ्-लमू अन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुन्
हलीम ج ★ (२३५) ला जुना-ह् अलैकुम् इन् तल्लक़्तुमुन्निसा-अ मालम्
तमस्सूहुन् - न औ तफ़्रिज़ू लहुन् - न फ़रीज़-तंव्-व मत्तिअू-हुन-न ج
अ-लल्मूसिअि क़-द-रुहू व अलल्मुक़्तिरि क़-द-रुहू ج मताअम्-बिलमअ्-रूफ़ि ج हक़्क़न्
अलल्-मुह्सिनीन (२३६) व इन् तल्लक़्तुमूहुन्-न मिन् क़ब्लि अन् तमस्सूहुन्-न
व क़द् फ़-रज़्तुम् लहुन्-न फ़रीज़-तन् फ़ निस्फ़ु मा फ़-रज़्तुम् इल्ला अंय्यअ्-फ़ू-न औ
यअ्-फ़ुवल्लज़ी बियदिही अुक़्दतुन्निकाहि ط व अन् तअ्-फ़ू अक़्रबु लित्तक़्वा ط
व ला तन्सवुल्फ़ज़्-ल बैनकुम् ط इन्नल्ला-ह बिमा तअ्-मलू-न बसीर (२३७)

★रु. ३०/१४ आ ४

तुम नहीं जानते। (२३२) और माएं अपने बच्चों को पूरे दो साल दूध पिलाएं, यह (हुक्म) उस शख़्स के लिए है जो पूरी मुद्दत तक दूध पिलवाना चाहे और दूध पिलाने वाली माओं का खाना और कपड़ा दस्तूर के मुताबिक़ बाप के ज़िम्मे होगा। किसी शख़्स को उस की ताक़त से ज़्यादा तक्लीफ़ नहीं दी जाती, (तो याद रखो कि) न तो मां को उस के बच्चे की वजह से नुक़्सान पहुंचाया जाए और न बाप को उस की औलाद की वजह से नुक़्सान पहुंचाया जाए और इसी तरह (नान-नफ़्क़ा) बच्चे के वारिस के ज़िम्मे है और अगर दोनों (यानी मां-बाप) आपस की रज़ामंदी और सलाह से बच्चों का दूध छुड़ाना चाहें, तो उनपर कुछ गुनाह नहीं और अगर तुम अपनी औलाद को दूध पिलवाना चाहो, तो तुम पर कुछ गुनाह नहीं, बशर्ते कि तुम दूध पिलाने वालियों को दस्तूर के मुताबिक़ उन का हक़ जो तुम ने देना तै किया था, दे दो और ख़ुदा से डरते रहो और जान रखो कि जो कुछ तुम करते हो, ख़ुदा उस को देख रहा है। (२३३) और जो लोग तुम में से मर जायें और औरतें छोड़ जायें तो औरतें चार महीने दस दिन अपने आप को रोके रहें और जब (ये) इद्दत पूरी कर चुकें और अपने हक़ में पसंदीदा काम (यानी निकाह) कर लें तो तुम पर कुछ गुनाह नहीं और ख़ुदा तुम्हारे सब कामों की ख़बर रखता है।[२] (२३४) अगर तुम इशारे की बातों में औरतों को निकाह का पैग़ाम भेजो या (निकाह की ख़्वाहिश को) अपने दिलों में छिपाए रखो तो तुम पर कुछ गुनाह नहीं। ख़ुदा को मालूम है कि तुम उन से (निकाह का) ज़िक्र करोगे, मगर (इद्दत के दिनों में) इस के सिवा कि दस्तूर के मुताबिक़ कोई बात कह दो छिपे तौर पर, उन से क़ौल व क़रार न करना। और जब तक इद्दत पूरी न हो ले, निकाह का पक्का इरादा न करना और जान रखो कि जो कुछ तुम्हारे दिलों में है, ख़ुदा को सब मालूम है, तो उस से डरते रहो और जान रखो कि ख़ुदा बख़्शने वाला और इल्म वाला है। (२३५) ★

और अगर तुम औरतों को उन के पास जाने या उन का मह्र मुक़र्रर करने से पहले तलाक़ दे दो, तो तुम पर कुछ गुनाह नहीं, हां, उनको दस्तूर के मुताबिक़ कुछ ख़र्च ज़रूर दो (यानी) मक़्दूर वाला अपनी ताक़त के मुताबिक़ दे और तंगदस्त अपनी हैसियत के मुताबिक़। नेक लोगों पर यह एक तरह का हक़ है। (२३६) और अगर तुम औरतों को उन के पास जाने से पहले तलाक़ दे दो, लेकिन मह्र मुक़र्रर कर चुके हो, तो आधा मह्र देना होगा। हां, अगर औरतें मह्र बख़्श दें या मर्द, जिन के हाथ में निकाह का अक़्द है (अपना हक़) छोड़ दें (और पूरा मह्र दे दें तो उनको अख़्तियार है) और अगर तुम मर्द लोग ही अपना हक़ छोड़ दो तो यह परहेज़गारी की बात है और आपस में भलाई करने को भूलना नहीं, कुछ शक नहीं कि ख़ुदा तुम्हारे सब कामों को देख रहा है। (२३७)

---

१. यानी मां अगर दूध पिलाने पर राज़ी न हो, तो उस से ज़बरदस्ती न की जाए और बाप से उस की ताक़त से ज़्यादा नफ़्क़ा (ख़र्चा) न मांगा जाए।

२. तलाक़ की इद्दत तीन हैज़ और सोग की इद्दत चार महीने दस दिन इस सूरत में है, जब हमल मालूम न हो और अगर हमल मालूम हो तो बच्चा होने के वक़्त तक है।

★रु० ३०/१४ आ ४

हाफ़िज़ू अलस्स-ल-वाति वस्सलातिल्-वुस्ता ق व क़ूमू लिल्लाहि क़ानितीन (२३८) फ़-इन् ख़िफ़्तुम् फ़ रिजालन् औ रुक्बानन् ج फ़ इज़ा अमिन्तुम् फ़ज़्कुरुल्ला-ह कमा अल्ल-म-कुम् मालम् तकूनू तअ़्-लमून (२३९) वल्लज़ी-न यु-त-वफ़्फ़ौ-न मिन्कुम् व य-ज़रू-न अज़्वाजंव्-वँ सिय्यतल्-लि अज़्वाजिहिम् मताअ़न् इलल्हौलि ग़ै-र इख़्राजिन् ج फ़ इन् ख़-रज्-न फ़ ला जुना-ह अलैकुम् फ़ी मा फ़-अल्-न फ़ी अन्फ़ुसिहिन्-न मिम्मअ़्-रूफ़िन् ط वल्लाहु अज़ीज़ुन् हकीम (२४०) व लिल्मुतल्लक़ाति मताअ़ुम् - बिल्मअ़्रूफ़ि ط हक़्क़न् अलल्मुत्तक़ीन (२४१) कज़ालि - क युबय्यिनुल्लाहु लकुम् आयातिही ल-अल्लकुम् तअ़्-क़िलून★(२४२) अ - लम् त - र इलल्लज़ी-न ख़-रजू मिन् दियारि-हिम् व हुम् उलूफ़ुन् ह-ज़-रल्मौति ص फ़ क़ा-ल लहुमुल्लाहु मूतू قف सुम्-म अह्याहुम् ط इन्नल्ला-ह लज़ू फ़ज़्लिन् अलन्नासि व

सूरतुल-ब-क़-रति २
الصَّلٰوةِ الْوُسْطٰى وَقُوْمُوْا لِلّٰهِ قٰنِتِيْنَ ۝ فَاِنْ خِفْتُمْ فَرِجَالًا
اَوْ رُكْبَانًا ۚ فَاِذَآ اَمِنْتُمْ فَاذْكُرُوا اللّٰهَ كَمَا عَلَّمَكُمْ مَّا لَمْ تَكُوْنُوْا تَعْلَمُوْنَ ۝
وَالَّذِيْنَ يُتَوَفَّوْنَ مِنْكُمْ وَيَذَرُوْنَ اَزْوَاجًا ۚ وَّصِيَّةً لِّاَزْوَاجِهِمْ مَّتَاعًا
اِلَى الْحَوْلِ غَيْرَ اِخْرَاجٍ ۚ فَاِنْ خَرَجْنَ فَلَا جُنَاحَ عَلَيْكُمْ فِيْ مَا فَعَلْنَ
فِيْٓ اَنْفُسِهِنَّ مِنْ مَّعْرُوْفٍ ۗ وَاللّٰهُ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ۝ وَلِلْمُطَلَّقٰتِ مَتَاعٌ
بِالْمَعْرُوْفِ ۗ حَقًّا عَلَى الْمُتَّقِيْنَ ۝ كَذٰلِكَ يُبَيِّنُ اللّٰهُ لَكُمْ اٰيٰتِهٖ
لَعَلَّكُمْ تَعْقِلُوْنَ ۝ اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ خَرَجُوْا مِنْ دِيَارِهِمْ وَهُمْ اُلُوْفٌ
حَذَرَ الْمَوْتِ ۪ فَقَالَ لَهُمُ اللّٰهُ مُوْتُوْا ۣ ثُمَّ اَحْيَاهُمْ ۭ اِنَّ اللّٰهَ لَذُوْ فَضْلٍ
عَلَى النَّاسِ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يَشْكُرُوْنَ ۝ وَقَاتِلُوْا فِيْ سَبِيْلِ
اللّٰهِ وَاعْلَمُوْٓا اَنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ۝ مَنْ ذَا الَّذِيْ يُقْرِضُ اللّٰهَ
قَرْضًا حَسَنًا فَيُضٰعِفَهٗ لَهٗٓ اَضْعَافًا كَثِيْرَةً ۭ وَاللّٰهُ يَقْبِضُ وَيَبْصُۜطُ
وَاِلَيْهِ تُرْجَعُوْنَ ۝ اَلَمْ تَرَ اِلَى الْمَلَاِ مِنْ بَنِيْٓ اِسْرَاۗءِيْلَ مِنْ بَعْدِ
مُوْسٰى ۘ اِذْ قَالُوْا لِنَبِيٍّ لَّهُمُ ابْعَثْ لَنَا مَلِكًا نُّقَاتِلْ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ
قَالَ هَلْ عَسَيْتُمْ اِنْ كُتِبَ عَلَيْكُمُ الْقِتَالُ اَلَّا تُقَاتِلُوْا ۭ قَالُوْا وَمَا
لَنَآ اَلَّا نُقَاتِلَ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَقَدْ اُخْرِجْنَا مِنْ دِيَارِنَا وَاَبْنَاۗىِٕنَا
فَلَمَّا كُتِبَ عَلَيْهِمُ الْقِتَالُ تَوَلَّوْا اِلَّا قَلِيْلًا مِّنْهُمْ ۭ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ
بِالظّٰلِمِيْنَ ۝ وَقَالَ لَهُمْ نَبِيُّهُمْ اِنَّ اللّٰهَ قَدْ بَعَثَ لَكُمْ طَالُوْتَ

लाकिन्-न अक्सरन्नासि ला यश्कुरून (२४३) व क़ातिलू फ़ी सबीलिल्लाहि वअ़्-लमू अन्नल्ला-ह समीअ़ुन् अ़लीम (२४४) मन् ज़ल्लज़ी युक़्रिज़ुल्ला-ह क़र्ज़न् ह-स-नन् फ़-युज़ाअ़िफ़हू लहू अज़्आफ़न् कसीर-तन् ط वल्लाहु यक़्बिज़ु व यब्सुतु व इलैहि तुर्जअ़ून (२४५) अ-लम् त-र इलल्मल-इ मिम्बनी इस्राई-ल मिम्बअ़्-दि मूसा ※ इज़् क़ालू लि नबिय्यिल्-लहुमुब्अ़स् लना मलिकन्नुक़ातिल् फ़ी सबीलिल्लाहि ط क़ा-ल हल् असैतुम् इन् कुति-ब अलैकुमुल्-क़ितालु अल्ला तुक़ातिलू ط क़ालू व मा लना अल्ला नुक़ाति-ल फ़ी सबीलिल्लाहि व क़द् उख़्रिज्ना मिन् दियारिना व अब्ना - इना ط फ़ - लम्मा कुति - ब अलैहिमुल् - क़ितालु तवल्लौ इल्ला क़लीलम्मिन्हुम् ط वल्लाहु अलीमुम् - बिज़्ज़ालिमीन (२४६)

★रु. ३१/१५ आ ७ ※व. लाज़िम

(मुसलमानो !) सब नमाज़ें ख़ास तौर से बीच की नमाज़ (यानी अस्र की नमाज़) पूरे एहतिमाम के साथ अदा करते रहो।[1] और ख़ुदा के आगे अदब से खड़े रहा करो। (२३८) अगर तुम ख़ौफ़ की हालत में हो तो प्यादे या सवार (जिस हाल में हो, नमाज़ पढ़ लो) फिर जब अम्न (व इत्मीनान) हो जाए तो जिस तरीक़े से ख़ुदा ने तुम को सिखाया है, जो तुम पहले नहीं जानते थे, ख़ुदा को याद करो। (२३९) और जो लोग तुम में से मर जायें, और औरतें छोड़ जायें, वे अपनी औरतों के हक़ में वसीयत कर जायें कि उन को एक साल तक ख़र्च दिया जाए और घर से न निकाली जाएं। हां, अगर वे ख़ुद घर से निकल जाएं और अपने हक़ में पसन्दीदा काम (यानी निकाह) कर लें तो तुम पर कुछ गुनाह नहीं और ख़ुदा ज़बरदस्त हिक्मत वाला है। (२४०) और तलाक़ वाली औरतों को भी दस्तूर के मुताबिक़ नान व नफ़्क़ा देना चाहिए। परहेज़गारों पर (यह भी) हक़ है। (२४१) इसी तरह ख़ुदा अपने हुक्मों को तुम्हारे लिए बयान फ़रमाता है ताकि तुम समझो। (२४२)★

भला तुम ने उन लोगों को नहीं देखा जो (गिनती में) हज़ारों ही थे और मौत के डर से अपने घरों से निकल भागे थे, तो ख़ुदा ने उन को हुक्म दिया कि मर जाओ, फिर उन को ज़िन्दा भी कर दिया। कुछ शक नहीं कि ख़ुदा लोगों पर मेहरबानी रखता है, लेकिन ज़्यादा लोग शुक्र नहीं करते। (२४३) और (मुसलमानो !) ख़ुदा की राह में जिहाद करो और जान रखो कि ख़ुदा (सब कुछ) सुनता (और सब कुछ) जानता है। (२४४) कोई है कि ख़ुदा को क़र्ज़े हस्ना (भला क़र्ज़) दे कि वह उस के बदले उस को कई हिस्से ज़्यादा देगा और ख़ुदा ही रोज़ी को तंग करता और (वही उसे) फैलाता है और तुम उसी की तरफ़ लौट कर जाओगे। (२४५) भला तुम ने बनी इस्राईल की एक जमाअत को नहीं देखा, जिस ने मूसा के बाद अपने पैग़म्बर से कहा कि आप हमारे लिए एक बादशाह मुक़र्रर कर दें ताकि हम ख़ुदा की राह में जिहाद करें। पैग़म्बर ने कहा कि अगर तुम को जिहाद का हुक्म दिया जाए तो अजब नहीं कि लड़ने से पहलू बचाओ। वे कहने लगे कि हम ख़ुदा की राह में क्यों न लड़ेंगे जब कि हम वतन से (निकाले) और बाल-बच्चों से जुदा कर दिए गए, लेकिन जब उनको जिहाद का हुक्म दिया गया तो कुछ लोगों के अलावा सब फिर गये और ख़ुदा ज़ालिमों को ख़ूब जानता है। (२४६) और पैग़म्बर ने उन से (यह भी) कहा कि ख़ुदा ने तुम पर तालूत को बादशाह मुक़र्रर फ़रमाया है। वे बोले कि उसे हम पर बादशाही का हक़ कैसे हो सकता है, बादशाही के हक़दार तो हम हैं और उस के पास तो बहुत सी दौलत भी नहीं। पैग़म्बर ने कहा कि ख़ुदा ने उस को तुम पर (फ़ज़ीलत दी है और बादशाही के लिए) चुन रखा है। उसने उसे इल्म भी बहुत सा बख़्शा है और जिस्म भी (बड़ा अता किया है) और ख़ुदा (को अख़्तियार है), जिसे चाहे बादशाही बख़्शे। वह बड़ी वुसअत वाला और जानने वाला है। (२४७) और पैग़म्बर ने उन

---

१. पूरे एहतिमाम के साथ अदा करने से मुराद यह है कि नमाज़ को उस के वक़्तों में पढ़ते रहो। बीच की नमाज़ के बारे में मुख़्तलिफ़ क़ौल हैं। किसी ने कहा, ज़ुहर की नमाज़ मुराद है। किसी ने कहा इशा की, किसी ने कहा अस्र की, किसी ने कहा फ़ज्र की, मगर ज़्यादा सही यह है कि इस से अस्र की नमाज़ मुराद है, जैसा कि सही हदीसों में आया है।

व क़ा-ल लहुम् नबिय्युहुम् इन्नल्ला-ह क़द् ब-अ-स लकुम् तालू-त मलिकन्, क़ालू अन्ना यकूनु लहुल्मुल्कु अलैना व नह़्नु अह़क़्क़ु बिल्मुल्कि मिन्हु व लम् युअ्-त स-अ-तम्-मिनल्मालि ط क़ा-ल इन्नल्लाहस्तफ़ाहु अलैकुम् व ज़ादहू बस्त़-तन् फ़िल्इल्मि वल्जिस्मि ط वल्लाहु युअ्ती मुल्कहू मंय्यशा-उ, वल्लाहु वासिअुन् अलीम (२४७) व क़ा-ल लहुम् नबिय्युहुम् इन्-न आय-त मुल्किही अंय्यअ्तियकुमुत्ताबूतु फ़ीहि सकीनतुम्-मिर्रब्बिकुम् व बक़िय्यतुम्-मिम्मा त-र-क आलु मूसा व आलु हारू-न तह़्मिलुहुल्-मला-इकतु ط इन्-न फ़ी ज़ालि-क ल-आयतल्लकुम् इन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन ★ (२४८) फ़ लम्मा फ़-स-ल तालूतु बिल्जुनूदि ق क़ा-ल इन्नल्ला-ह मुब्तलीकुम् बि-न-हरिन् ج फ़ मन् शरि-ब मिन्हु फ़ लै-स मिन्नी ج व मल्लम् यत्-अम्हु फ़ इन्नहू मिन्नी इल्ला मनिग़्त-र-फ़ ग़ुर्फ़तम्-बि यदिही ج फ़ शरिबू मिन्हु इल्ला क़लीलम्-मिन्हुम् ط फ़ लम्मा जा-व-ज़हू हु-व वल्लज़ी-न आमनू म-अहू ق क़ालू ला ताक़-त लनल्यौ-म बिजालू-त व जुनूदिही ط क़ालल्लज़ी-न यज़ुन्नू-न अन्नहुम् मुलाक़ुल्लाहि ل कम्मिन् फ़िअतिन् क़लीलतिन् ग़-ल-बत् फ़ि-अतन् कसीरतम् बि इज़्निल्लाहि ط वल्लाहु म-अ-स्साबिरीन (२४९) व लम्मा ब-र-ज़ू लि जालू-त व जुनूदिही क़ालू रब्बना अफ़्रिग़् अलैना स़ब्रंव-व सब्बित् अक़्दामना वन्सुर्ना अ-लल्-क़ौमिल्-काफ़िरीन ط (२५०) फ़-ह-ज़मूहुम् बि इज़्निल्लाहि व क़-त-ल दावूदु जालू-त व आताहुल्लाहुल्मुल्-क वल्हिक्म-त व अल्लमहू मिम्मा यशाउ ط व लौ ला दफ़्अुल्लाहिन्ना-स बअ्-ज़हुम् बिबअ्-ज़िल्-ल-फ़-स-दतिल् अर्ज़ु व लाकिन्नल्ला-ह ज़ू फ़ज़्लिन् अलल्-आलमीन (२५१) तिल्-क आयातुल्लाहि नत्लू हा अलै-क बिल्ह़क़्क़ि ط व इन्न-क लमिनल्-मुर्सलीन (२५२)

مَلِكًا ۚ قَالُوٓا أَنَّىٰ يَكُونُ لَهُ ٱلْمُلْكُ عَلَيْنَا وَنَحْنُ أَحَقُّ بِٱلْمُلْكِ مِنْهُ وَلَمْ
يُؤْتَ سَعَةً مِّنَ ٱلْمَالِ ۚ قَالَ إِنَّ ٱللَّهَ ٱصْطَفَىٰهُ عَلَيْكُمْ وَزَادَهُۥ بَسْطَةً
فِى ٱلْعِلْمِ وَٱلْجِسْمِ ۖ وَٱللَّهُ يُؤْتِى مُلْكَهُۥ مَن يَشَآءُ ۚ وَٱللَّهُ وَٰسِعٌ عَلِيمٌ ۝
وَقَالَ لَهُمْ نَبِيُّهُمْ إِنَّ ءَايَةَ مُلْكِهِۦٓ أَن يَأْتِيَكُمُ ٱلتَّابُوتُ فِيهِ سَكِينَةٌ
مِّن رَّبِّكُمْ وَبَقِيَّةٌ مِّمَّا تَرَكَ ءَالُ مُوسَىٰ وَءَالُ هَٰرُونَ تَحْمِلُهُ ٱلْمَلَٰٓئِكَةُ ۚ
إِنَّ فِى ذَٰلِكَ لَءَايَةً لَّكُمْ إِن كُنتُم مُّؤْمِنِينَ ۝ فَلَمَّا فَصَلَ طَالُوتُ
بِٱلْجُنُودِ قَالَ إِنَّ ٱللَّهَ مُبْتَلِيكُم بِنَهَرٍ فَمَن شَرِبَ مِنْهُ فَلَيْسَ مِنِّى
وَمَن لَّمْ يَطْعَمْهُ فَإِنَّهُۥ مِنِّىٓ إِلَّا مَنِ ٱغْتَرَفَ غُرْفَةًۢ بِيَدِهِۦ ۚ فَشَرِبُوا۟
مِنْهُ إِلَّا قَلِيلًا مِّنْهُمْ ۚ فَلَمَّا جَاوَزَهُۥ هُوَ وَٱلَّذِينَ ءَامَنُوا۟ مَعَهُۥ قَالُوا۟
لَا طَاقَةَ لَنَا ٱلْيَوْمَ بِجَالُوتَ وَجُنُودِهِۦ ۚ قَالَ ٱلَّذِينَ يَظُنُّونَ أَنَّهُم مُّلَٰقُوا۟
ٱللَّهِ كَم مِّن فِئَةٍ قَلِيلَةٍ غَلَبَتْ فِئَةً كَثِيرَةًۢ بِإِذْنِ ٱللَّهِ ۗ وَٱللَّهُ مَعَ
ٱلصَّٰبِرِينَ ۝ وَلَمَّا بَرَزُوا۟ لِجَالُوتَ وَجُنُودِهِۦ قَالُوا۟ رَبَّنَآ أَفْرِغْ عَلَيْنَا
صَبْرًا وَثَبِّتْ أَقْدَامَنَا وَٱنصُرْنَا عَلَى ٱلْقَوْمِ ٱلْكَٰفِرِينَ ۝ فَهَزَمُوهُم
بِإِذْنِ ٱللَّهِ وَقَتَلَ دَاوُۥدُ جَالُوتَ وَءَاتَىٰهُ ٱللَّهُ ٱلْمُلْكَ وَٱلْحِكْمَةَ وَ
عَلَّمَهُۥ مِمَّا يَشَآءُ ۗ وَلَوْلَا دَفْعُ ٱللَّهِ ٱلنَّاسَ بَعْضَهُم بِبَعْضٍ
لَّفَسَدَتِ ٱلْأَرْضُ وَلَٰكِنَّ ٱللَّهَ ذُو فَضْلٍ عَلَى ٱلْعَٰلَمِينَ ۝
تِلْكَ ءَايَٰتُ ٱللَّهِ نَتْلُوهَا عَلَيْكَ بِٱلْحَقِّ ۚ وَإِنَّكَ لَمِنَ ٱلْمُرْسَلِينَ ۝

★ रु. ३२/१६ आ ६

से कहा कि उनकी बादशाही की निशानी यह है कि तुम्हारे पास एक सन्दूक़ आएगा जिस को फ़रिश्ते उठाए हुए होंगे। उस में तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तसल्ली (बख़्शने वाली चीज़) होगी और कुछ और चीज़ें भी होंगी जो मूसा और हारून छोड़ गये थे। अगर तुम ईमान रखते हो तो यह तुम्हारे लिए एक बड़ी निशानी है। (२४८) ★

ग़रज़ जब तालूत फ़ौजें ले कर रवाना हुआ तो उस ने (उन से) कहा कि ख़ुदा एक नहर से तुम्हारी आज़माइश करने वाला है। जो शख़्स उस में से पानी पी लेगा (उस के बारे में समझा जाएगा कि) वह मेरा नहीं और जो न पिएगा, वह (समझा जाएगा कि) मेरा है। हां, अगर कोई हाथ से चुल्लू भर पानी ले ले (तो ख़ैर, ज़ब वे लोग नहर पर पहुंचे) तो कुछ लोगों के सिवा सब ने पानी पी लिया। फिर जब तालूत और मोमिन लोग, जो उस के साथ, नहर के पार हो गये, तो कहने लगे कि आज हम में जालूत और उस के लश्कर से मुक़ाबला करने की ताक़त नहीं। जो लोग यक़ीन रखते थे कि उन को ख़ुदा के सामने हाज़िर होना है, वे कहने लगे कि कभी-कभी थोड़ी-सी जमाअत ने ख़ुदा के हुक्म से बड़ी जमाअत पर फ़त्ह हासिल की है और ख़ुदा सब्र करने वालों (जमाव वालों) के साथ है। (२४९) और जब वे लोग जालूत और उस की फ़ौज के मुक़ाबले में आए तो (ख़ुदा से) दुआ की, ऐ परवरदिगार ! हम पर सब्र के दहाने खोल दे और हमें (लड़ाई में) क़दमों से जमाये रख, और काफ़िरों की (फ़ौज) पर जीत दे। (२५०) तो तालूत की फ़ौज ने ख़ुदा के हुक्म से उन को हरा दिया और दाऊद ने जालूत को क़त्ल कर डाला। और ख़ुदा ने उस को बादशाही और दानाई बख़्शी और जो कुछ चाहा, सिखाया और ख़ुदा लोगों को एक दूसरे (पर चढ़ाई और हमला करने) से हटाता न रहता, तो मुल्क तबाह हो जाता, लेकिन ख़ुदा दुनिया वालों पर बड़ा मेहरबान है। (२५१) ये ख़ुदा की आयतें हैं जो हम तुम को सच्चाई के साथ पढ़ कर सुनाते हैं। (और ऐ मुहम्मद !) तुम बिला शुब्हा पैग़म्बरों में से हो। (२५२) ये पैग़म्बर (जो

★रु. ३२/१६ आ ६

तीसरा पारः तिल्-करु सुलु

सूरतुल्-ब-क़-रति आयत २५३ से २८६

तिल्करुसुलु फ़ज़्ज़ल्ना बअ्-ज़हुम् अ़ला बअ्ज़िन् ▨ मिन्हुम् मन् कल्लमल्लाहु व र-फ़-अ़ बअ्-ज़हुम् द-रजातिन् ط व आतैना ईसब्-न मर्यमल्-बय्यिनाति व अय्यद्नाहु बि रूहिल्कुदुसि ط व लौ शा-अल्लाहु मक़्त-त-लल्लज़ी-न मिम्बअ्-दि-हिम् मिम्बअ्दि मा जा-अत्-हुमुल्बय्यिनातु व लाकिनिख़्तलफ़ू फ़ मिन्हुम् मन् आम-न व मिन्हुम् मन् क-फ़र ط व लौ शा-अल्लाहु मक़्-त-तलू قف व लाकिन्नल्ला-ह यफ़्अ़लु मा युरीद ★ (२५३) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू अन्फ़िक़ू मिम्मा र-ज़क़्नाकुम् मिन् क़ब्लि अंय्यअ्ति-य यौमुल्ला बैअुन् फ़ीहि व ला ख़ुल्लतुंव्-व ला शफ़ाअ़तुन् ط वल्काफ़िरू - न हुमुज़्ज़ालिमून (२५४) अल्लाहु ला इला-ह इल्ला हु-व ج अल्हय्युल्क़य्यूमु ج ला तअ्ख़ुज़ुहू सि-नतुंव्-व ला नौमुन् ط लहू मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि ط मन् ज़ल्लज़ी यश्फ़अ़ु अ़िन्दहू इल्ला बि-इज़्निही ط यअ्-लमु मा बै-न ऐदीहिम् व मा ख़ल्फ़हुम् ج व ला युहीतू-न बिशैइम्मिन् अ़िल्मिही इल्ला बिमा शा-अ ج वसि-अ़ कुर्सिय्युहुस्समावाति वल्अर्ज़ ج व ला यऊदुहू हिफ़्ज़ुहुमा ج व हुवल् अ़लिय्युल्-अ़ज़ीम (२५५) ला इक्रा - ह फ़िद्दीनि قف क़त्तबय्यनर्रुश्दु मिनल्ग़य्यि ج फ़ मंय्यक्फ़ुर् बित्ताग़ूति व युअ्मिम्-बिल्लाहि फ़-क़दिस्तम्-स-क बिल्-अ़ुर्वतिल्-वुस्क़ा ق लन्फ़िसा-म लहा ط वल्लाहु समीअ़ुन् अ़लीम (२५६)

تِلْكَ الرُّسُلُ فَضَّلْنَا بَعْضَهُمْ عَلٰى بَعْضٍ مِنْهُمْ مَنْ كَلَّمَ
اللّٰهُ وَرَفَعَ بَعْضَهُمْ دَرَجٰتٍ وَاٰتَيْنَا عِيْسَى ابْنَ مَرْيَمَ
الْبَيِّنٰتِ وَاَيَّدْنٰهُ بِرُوْحِ الْقُدُسِ وَلَوْ شَآءَ اللّٰهُ مَا اقْتَتَلَ
الَّذِيْنَ مِنْ بَعْدِهِمْ مِّنْ بَعْدِ مَا جَآءَتْهُمُ الْبَيِّنٰتُ وَلٰكِنِ
اخْتَلَفُوْا فَمِنْهُمْ مَّنْ اٰمَنَ وَمِنْهُمْ مَّنْ كَفَرَ وَلَوْ شَآءَ اللّٰهُ
مَا اقْتَتَلُوْا وَلٰكِنَّ اللّٰهَ يَفْعَلُ مَا يُرِيْدُ ۝ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ
اٰمَنُوْٓا اَنْفِقُوْا مِمَّا رَزَقْنٰكُمْ مِّنْ قَبْلِ اَنْ يَّاْتِيَ يَوْمٌ لَّا
بَيْعٌ فِيْهِ وَلَا خُلَّةٌ وَّلَا شَفَاعَةٌ وَالْكٰفِرُوْنَ هُمُ الظّٰلِمُوْنَ ۝
اَللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ الْحَيُّ الْقَيُّوْمُ لَا تَاْخُذُهٗ سِنَةٌ وَّلَا
ऐ ईमान वालो! दोगुना-चौगुना सूद न खाओ और ख़ुदा से डरो, ताकि निजात हासिल करो। (१३०) और (दोज़ख़ की) आग से बचो, जो काफ़िरों के लिए तैयार की गयी है। (१३१) और ख़ुदा और उस के रसूल की इताअत करो, ताकि तुम पर रहमत की जाए। (१३२) और अपने परवरदिगार की बख़्शिश और बहिश्त की तरफ़ लपको, जिस की चौड़ाई आसमान और ज़मीन के बराबर है और जो (ख़ुदा से) डरने वालों के लिए तैयार की गयी है। (१३३) जो आसूदगी और तंगी में (अपना माल ख़ुदा की राह में) ख़र्च करते हैं और ग़ुस्से को रोकते और लोगों के क़ुसूर माफ़ करते हैं और ख़ुदा नेक लोगों को दोस्त रखता है। (१३४) और वह कि जब कोई खुला गुनाह या अपने हक़ में कोई और बुराई कर बैठते हैं तो ख़ुदा को याद करते और अपने गुनाहों की बख़्शिश मांगते हैं और ख़ुदा के सिवा गुनाह बख़्श भी कौन सकता है! और जान-बूझ कर अपने कामों पर अड़े नहीं रहते। (१३५) ऐसे ही लोगों का बदला परवरदिगार की तरफ़ से बख़्शिश और बाग़ हैं, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं (और) वे उस में हमेशा बसते रहेंगे और (अच्छे) काम करने वालों का बदला बहुत अच्छा है। (१३६) तुम लोगों से पहले भी बहुत से वाक़िआत गुज़र चुके हैं, तो तुम ज़मीन में सैर कर के देख लो कि झुठलाने वालों का कैसा अंजाम हुआ। (१३७) यह (क़ुरआन) लोगों के लिए खुला बयान और तक़्वा वालों के लिए हिदायत और नसीहत है। (१३८) और देखो बे-दिल न होना और न किसी तरह का ग़म करना, अगर तुम (सच्चे) मोमिन हो, तो तुम ही ग़ालिब रहोगे। (१३९) अगर तुम्हें (हार खाने का) घाव लगा है, तो उन लोगों को भी ऐसा घाव लग चुका है और ये दिन हैं कि हम इन लोगों में बदलते रहते हैं, और इस से यह भी मक़्सूद था कि ख़ुदा ईमान वालों को अलग कर दे और तुम में से गवाह बनाए और ख़ुदा बे-इन्साफ़ों को पसन्द नहीं करता। (१४०) और यह भी मक़्सूद था कि ख़ुदा ईमान वालों को ख़ालिस (मोमिन) बना दे और काफ़िरों को नाबूद (ख़त्म) कर दे। (१४१) क्या तुम यह समझते हो कि (बे-आज़माइश) बहिश्त

(पृष्ठ १०१ का शेष)

पहुंचे तो अब्दुल्लाह लश्कर के एक हिस्से को ले कर लौट चला और उस के बहकाने से क़बीला ख़ज़रज में से बनू सलमा ने और क़बीला औस में से बनू हारिसा ने, जो फ़ौज के दाहिने-बाएं मोर्चे पर मुक़र्रर थे, हिम्मत हार देनी चाही, लेकिन ख़ुदा ने उन के दिलों को मज़बूत किया और वे मैदान में जमे रहे। इस आयत में इन्हीं दो जमाअतों, यानी बनू सलमा और बनू हारिसा का ज़िक्र है और उन्हीं के बारे में ख़ुदा ने फ़रमाया कि ख़ुदा उन का मददगार था।

अम् हसिब्तुम् अन् तद्ख़ुलुल्-जन्न-त व लम्मा यअ्-लमिल्लाहुल्लज़ी-न जाहदू मिन्कुम् व यअ्-ल-मस्साबिरीन (१४२) व ल-क़द् कुन्तुम् तमन्नौनल्मौ-त मिन् क़ब्लि अन् तल्क़ौहु ق फ़-क़द् रऔतुमूहु व अन्तुम् तन्ज़ुरून ★ (१४३)

व मा मुहम्मदुन् इल्ला रसूलुन् ج क़द् ख़-लत् मिन् क़ब्लिहिर्रुसुलु ط अ-फ़-इम्मा-त औ क़ुतिलन्-क़लब्तुम् अला अअ्-क़ाबिकुम् ط व मंय्यन्क़लिब् अला अक़िबैहि फ़ लंय्यज़ुर्रल्ला-ह शैअन् ط व स-यज्ज़िल्लाहुश्-शाकिरीन (१४४) व मा का-न लि नफ़्सिन् अन् तमू-त इल्ला बि इज़्निल्लाहि किताबम् - मुअज्जलन् ط व मंय्युरिद् स - वाबद्दुन्या नुअ्तिही मिन्हा ج व मंय्युरिद् स - वाबल् - आख़िरति नुअ्तिही मिन्हा ط व स-नज्ज़िश्-शाकिरीन (१४५) व क-अय्यिम्-मिन् नबिय्यिन् क़ात-ल ل म-अहू रिब्बिय्यू-न कसीरुन् ج फ़ मा व-हनू लिमा असाबहुम् फ़ी सबीलिल्लाहि व मा ज़अुफ़ू व मस्तकानू ط वल्लाहु युहिब्बुस्साबिरीन (१४६)

يَعْلَمِ اللّٰهُ الَّذِيْنَ جٰهَدُوْا مِنْكُمْ وَيَعْلَمَ الصّٰبِرِيْنَ ۝ وَلَقَدْ كُنْتُمْ
تَمَنَّوْنَ الْمَوْتَ مِنْ قَبْلِ اَنْ تَلْقَوْهُ فَقَدْ رَاَيْتُمُوْهُ وَاَنْتُمْ
تَنْظُرُوْنَ ۝ وَمَا مُحَمَّدٌ اِلَّا رَسُوْلٌ قَدْ خَلَتْ مِنْ قَبْلِهِ الرُّسُلُ
اَفَاۣىِٕنْ مَّاتَ اَوْ قُتِلَ انْقَلَبْتُمْ عَلٰٓى اَعْقَابِكُمْ وَمَنْ يَّنْقَلِبْ عَلٰى
عَقِبَيْهِ فَلَنْ يَّضُرَّ اللّٰهَ شَيْـًٔا وَسَيَجْزِي اللّٰهُ الشّٰكِرِيْنَ ۝ وَمَا
كَانَ لِنَفْسٍ اَنْ تَمُوْتَ اِلَّا بِاِذْنِ اللّٰهِ كِتٰبًا مُّؤَجَّلًا وَمَنْ يُّرِدْ
ثَوَابَ الدُّنْيَا نُؤْتِهٖ مِنْهَا وَمَنْ يُّرِدْ ثَوَابَ الْاٰخِرَةِ نُؤْتِهٖ مِنْهَا وَ
سَنَجْزِي الشّٰكِرِيْنَ ۝ وَكَاَيِّنْ مِّنْ نَّبِيٍّ قٰتَلَ مَعَهٗ رِبِّيُّوْنَ كَثِيْرٌ
فَمَا وَهَنُوْا لِمَآ اَصَابَهُمْ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَمَا ضَعُفُوْا وَمَا
اسْتَكَانُوْا وَاللّٰهُ يُحِبُّ الصّٰبِرِيْنَ ۝ وَمَا كَانَ قَوْلَهُمْ اِلَّآ
اَنْ قَالُوْا رَبَّنَا اغْفِرْ لَنَا ذُنُوْبَنَا وَاِسْرَافَنَا فِيْٓ اَمْرِنَا وَثَبِّتْ
اَقْدَامَنَا وَانْصُرْنَا عَلَى الْقَوْمِ الْكٰفِرِيْنَ ۝ فَاٰتٰىهُمُ اللّٰهُ ثَوَابَ
الدُّنْيَا وَحُسْنَ ثَوَابِ الْاٰخِرَةِ وَاللّٰهُ يُحِبُّ الْمُحْسِنِيْنَ ۝ يٰٓاَيُّهَا
الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِنْ تُطِيْعُوا الَّذِيْنَ كَفَرُوْا يَرُدُّوْكُمْ عَلٰٓى اَعْقَابِكُمْ
فَتَنْقَلِبُوْا خٰسِرِيْنَ ۝ بَلِ اللّٰهُ مَوْلٰىكُمْ وَهُوَ خَيْرُ النّٰصِرِيْنَ ۝
سَنُلْقِيْ فِيْ قُلُوْبِ الَّذِيْنَ كَفَرُوا الرُّعْبَ بِمَآ اَشْرَكُوْا بِاللّٰهِ مَا
لَمْ يُنَزِّلْ بِهٖ سُلْطٰنًا وَمَاْوٰىهُمُ النَّارُ وَبِئْسَ مَثْوَى الظّٰلِمِيْنَ ۝

व मा का-न क़ौलहुम् इल्ला अन् क़ालू रब्बनग़्फ़िर् लना ज़ुनूबना व इस्राफ़ना फ़ी अम्रिना व सब्बित् अक़्दामना वन्सुर्ना अलल्क़ौमिल् - काफ़िरीन (१४७) फ़-आताहुमुल्लाहु सवाबद्दुन्या व हुस्-न सवाबिल्-आख़िरति ط वल्लाहु युहिब्बुल् - मुह्सिनीन ★ (१४८) या अय्युहल्लज़ी - न आमनू इन् तुतीअुल्लज़ी-न क-फ़रू यरुद्दूकुम् अला अअ्-क़ाबिकुम् फ़ तन्क़लिबू ख़ासिरीन (१४९) बलिल्लाहु मौलाकुम् ج व हु-व ख़ैरुन्नासिरीन (१५०) सनुल्क़ी फ़ी क़ुलूबिल्लज़ी-न क-फ़रुर्रुअ्-ब बिमा अश्रकू बिल्लाहि मा लम् युनज़्ज़िल् बिही सुल्तानन् ج व मअ्वाहुमुन्नारु ط व बिअ्-स मस्वज़्ज़ालिमीन (१५१)

★रु. १४/५ आ १४ ★रु. १५/६ आ ५

में जा दाखिल होगे, हालांकि अभी ख़ुदा ने तुम में से जिहाद करने वालों को तो अच्छी तरह् मालूम किया ही नहीं और (यह भी मक़्सूद है) कि वह साबित-क़दम रहने वालों को मालूम करे। (१४२) और तुम मौत (शहादत) के आने से पहले उस की तमन्ना किया करते थे, सो तुम ने उस को आंखों से देख लिया। (१४३) ★

और मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) तो सिर्फ़ (ख़ुदा के) पैग़म्बर हैं। इन से पहले भी बहुत से पैग़म्बर हो गुज़रे हैं। भला अगर यह मर जाएं या मारे जाएं, तो तुम उल्टे पांव फिर जाओ ? (यानी दीन से फिर जाओ ?) और जो उल्टे पांव फिर जाएगा, तो ख़ुदा का कुछ नुक्सान नहीं कर सकेगा और ख़ुदा शुक्रगुज़ारों को (बड़ा) सवाब देगा। (१४४) और किसी शख़्स में ताक़त नहीं कि ख़ुदा के हुक्म के बग़ैर मर जाए। (उस ने मौत का) वक़्त मुक़र्रर कर के लिख रखा है और जो शख़्स दुनिया में (अपने आमाल का) बदला चाहे, उस को हम यहीं बदला दे देंगे। और जो आख़िरत में सवाब का तालिब हो, उस को वहां अज्र अता करेंगे। और हम शुक्रगुज़ारों को बहुत जल्द (बहुत अच्छा) बदला देंगे। (१४५) और बहुत से नबी हुए हैं जिन के साथ हो कर अक्सर अल्लाह वाले (ख़ुदा के दुश्मनों से) लड़े हैं, तो जो मुसीबतें उन पर ख़ुदा की राह में वाक़े हुई, उनकी वजह से उन्हों ने न तो हिम्मत हारी और न बुज़दिली की, न (काफ़िरों से) दबे और ख़ुदा जमाव रखने वालों को दोस्त रखता है। (१४६) और (इस हालत में) उन के मुंह से कोई बात निकलती तो यही कि, ऐ परवरदिगार ! हमारे गुनाह और ज़्यादतियां जो हम अपने कामों में करते रहे हैं, माफ़ फ़रमा और हम को साबित-क़दम रख और काफ़िरों पर फ़त्ह इनायत फ़रमा। (१४७) तो ख़ुदा ने उन को दुनिया में भी बदला दिया और आख़िरत में भी बहुत अच्छा बदला (देगा) और ख़ुदा नेक लोगों को दोस्त रखता है। (१४८) ★

मोमिनो ! अगर तुम काफ़िरों का कहा मान लोगे, तो वे तुम को उल्टे पांव फेर (कर मुर्तद कर) देंगे, फिर तुम बड़े घाटे में पड़ जाओगे। (१४९) (ये तुम्हारे मददगार नहीं हैं,) बल्कि ख़ुदा तुम्हारा मददगार है और वह सब से बेहतर मददगार है। (१५०) हम बहुत जल्द काफ़िरों के दिलों में तुम्हारा रौब बिठा देंगे, क्योंकि ये ख़ुदा के साथ शिर्क करते हैं, जिस की उस ने कोई भी दलील नहीं उतारी और उन का ठिकाना दोज़ख़ है, वह ज़ालिमों का बहुत बुरा ठिकाना है। (१५१) और

★रु. १४/५ आ १४ ★रु. १५/६ आ ५

व ल-क़द् स-द-क़कुमुल्लाहु वअ्-दहू इज् तहुस्सूनहुम् बि इज़्निही ج हत्ता इज़ा फ़शिल्तुम् व तनाज़अ्-तुम् फ़िल्अम्रि व असैतुम् मिम्बअ्दि मा अराकुम् मा तुहिब्बू - न ط मिन्कुम् मंय्युरीदुद्-दुन्या व मिन्कुम् मंय्युरीदुल् - आख़िर-त ج सुम्-म स-र-फ़कुम् अन्हुम् लि यब्तलि-यकुम् ج व ल - क़द् अफ़ा अन्कुम् ط वल्लाहु ज़ू फ़ज़्लिन् अ-लल् - मुअ्मिनीन (१५२) इज् तुस्अिदू-न व ला तल्वू-न अला अ-हदिंव्वर्रसूलु यद्अूकुम् फ़ी उख़्रा कुम् फ़ असाबकुम् ग़म्मम् - बि ग़म्मिल्-लिकैला तह्ज़नू अला मा फ़ातकुम् व ला मा असाबकुम् ط वल्लाहु ख़बीरुम् - बिमा तअ्-मलून (१५३) सुम्-म अन्ज़-ल अलैकुम् मिम्बअ्-दिल् - ग़म्मि अ-म-नतन्नुआ-संय्यग़्शा ता - इ - फ़ - तम् - मिन्कुम् ﻻ व ता-इ-फ़तुन् क़द् अहम्मत्हुम् अन्फ़ुसुहुम् यज़ुन्नू - न बिल्लाहि ग़ैरल्हक्क़ि ज़न्नल्-जाहिलिय्यति ط यक़ूलू-न हल्लना मिनल्अम्रि मिन् शैइन् ط क़ुल् इन्नल् - अम्-र कुल्लहू लिल्लाहि ط युख़्फ़ू-न फ़ी अन्फ़ुसिहिम् मा ला युब्दू-न ल - क ط यक़ूलू - न लौ का-न लना मिनल्-अम्रि शैउम्मा क़ुतिल्ना हाहुना ط क़ुल् लौ कुन्तुम् फ़ी बुयूतिकुम् ल ब-र-ज़ल्लज़ी-न कुति-ब अलैहिमुल्क़त्लु इला मज़ाजिअिहिम् ج व लि यब्तलियल्लाहु मा फ़ी सुदूरिकुम् व लि युमह्हि-स मा फ़ी क़ुलूबिकुम् ط वल्लाहु अलीमुम्-बि ज़ातिस्सुदूर (१५४) इन्नल्लज़ी-न तवल्लौ मिन्कुम् यौमल्-त-क़ल्-जम्आनि ﻻ इन्नमस्तज़ल्ल-हुमुश्-शैतानु बि बअ्-ज़ि मा क-सबू ج व ल-क़द् अ-फ़ल्लाहु अन्हुम् ط इन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुन् हलीम ★ (१५५)

لن تنالوا ٥٥ آل عمران

وَلَقَدْ صَدَقَكُمُ اللّٰهُ وَعْدَهٗٓ اِذْ تَحُسُّوْنَهُمْ بِاِذْنِهٖ ۚ حَتّٰٓى اِذَا
فَشِلْتُمْ وَتَنَازَعْتُمْ فِى الْاَمْرِ وَعَصَيْتُمْ مِّنْۢ بَعْدِ مَآ اَرٰىكُمْ مَّا
تُحِبُّوْنَ ۭ مِنْكُمْ مَّنْ يُّرِيْدُ الدُّنْيَا وَمِنْكُمْ مَّنْ يُّرِيْدُ الْاٰخِرَةَ ۚ ثُمَّ
صَرَفَكُمْ عَنْهُمْ لِيَبْتَلِيَكُمْ ۚ وَلَقَدْ عَفَا عَنْكُمْ ۭ وَاللّٰهُ ذُوْ فَضْلٍ عَلَى
الْمُؤْمِنِيْنَ ۝ اِذْ تُصْعِدُوْنَ وَلَا تَلْوٗنَ عَلٰٓي اَحَدٍ وَّالرَّسُوْلُ يَدْعُوْكُمْ
فِيْٓ اُخْرٰىكُمْ فَاَثَابَكُمْ غَمًّۢا بِغَمٍّ لِّكَيْلَا تَحْزَنُوْا عَلٰي مَا فَاتَكُمْ وَلَا
مَآ اَصَابَكُمْ ۭ وَاللّٰهُ خَبِيْرٌۢ بِمَا تَعْمَلُوْنَ ۝ ثُمَّ اَنْزَلَ عَلَيْكُمْ مِّنْۢ
بَعْدِ الْغَمِّ اَمَنَةً نُّعَاسًا يَّغْشٰى طَاۗىِٕفَةً مِّنْكُمْ ۙ وَطَاۗىِٕفَةٌ قَدْ
اَهَمَّتْهُمْ اَنْفُسُهُمْ يَظُنُّوْنَ بِاللّٰهِ غَيْرَ الْحَقِّ ظَنَّ الْجَاهِلِيَّةِ ۭ يَقُوْلُوْنَ
هَلْ لَّنَا مِنَ الْاَمْرِ مِنْ شَيْءٍ ۭ قُلْ اِنَّ الْاَمْرَ كُلَّهٗ لِلّٰهِ ۭ يُخْفُوْنَ
فِيْٓ اَنْفُسِهِمْ مَّا لَا يُبْدُوْنَ لَكَ ۭ يَقُوْلُوْنَ لَوْ كَانَ لَنَا مِنَ الْاَمْرِ
شَيْءٌ مَّا قُتِلْنَا ھٰهُنَا ۭ قُلْ لَّوْ كُنْتُمْ فِيْ بُيُوْتِكُمْ لَبَرَزَ الَّذِيْنَ
كُتِبَ عَلَيْهِمُ الْقَتْلُ اِلٰى مَضَاجِعِهِمْ ۚ وَلِيَبْتَلِيَ اللّٰهُ مَا فِيْ
صُدُوْرِكُمْ وَلِيُمَحِّصَ مَا فِيْ قُلُوْبِكُمْ ۭ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌۢ بِذَاتِ
الصُّدُوْرِ ۝ اِنَّ الَّذِيْنَ تَوَلَّوْا مِنْكُمْ يَوْمَ الْتَقَى الْجَمْعٰنِ ۙ اِنَّمَا
اسْتَزَلَّهُمُ الشَّيْطٰنُ بِبَعْضِ مَا كَسَبُوْا ۚ وَلَقَدْ عَفَا اللّٰهُ عَنْهُمْ ۭ
اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ حَلِيْمٌ ۝ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَكُوْنُوْا كَالَّذِيْنَ ع

منزل

★रु. १६/७ आ ७

ख़ुदा ने अपना वायदा सच्चा कर दिया (यानी) उस वक़्त जबकि तुम काफ़िरों को उस के हुक्म से क़त्ल कर रहे थे, यहां तक कि जो तुम चाहते थे, ख़ुदा ने तुम को दिखा दिया, इस के बाद तुम ने हिम्मत हार दी और (पैग़म्बर के) हुक्म में झगड़ा करने लगे और उस की ना-फ़रमानी की, कुछ तो तुम में से दुनिया की ख़्वाहिश कर रहे थे और कुछ आख़िरत के तालिब। उस वक़्त ख़ुदा ने तुम को उन (के मुक़ाबले) से फेर (कर भगा) दिया, ताकि तुम्हारी आज़माइश करे और उस ने तुम्हारा क़ुसूर माफ़ कर दिया और ख़ुदा मोमिन पर फ़ज़्ल करने वाला है। (१५२) (वह वक़्त भी याद करने के लायक़ है,) जब तुम लोग दूर भागे जाते थे और किसी को पीछे फिर कर नहीं देखते थे और अल्लाह के रसूल तुम को तुम्हारे पीछे खड़े बुला रहे थे तो ख़ुदा ने तुम को ग़म पर ग़म पहुंचाया ताकि जो चीज़ तुम्हारे हाथ से जाती रही,या जो मुसीबत तुम पर वाक़ेअ हुई है, इस से तुम ग़मगीन न हो और ख़ुदा सब आमाल से ख़बरदार है।[1] (१५३) फिर ख़ुदा ने ग़म व रंज के बाद तुम पर तसल्ली नाज़िल फ़रमायी (यानी) नींद, कि तुम में से एक जमाअत पर छा गयी और कुछ लोग जिन के जान के लाले पड़ रहे थे, ख़ुदा के बारे में ना-हक़ कुफ़्र (के दिनों) जैसे गुमान करते थे और कहते थे कि भला हमारे अख़्तियार की कुछ बात है? तुम कह दो कि बेशक सब बातें अल्लाह ही के अख़्तियार में हैं, ये लोग (बहुत-सी बातें) दिलों में छिपा रखते थे, जो तुम पर ज़ाहिर नहीं करते थे। कहते थे कि हमारे बस की बात होती तो हम यहां क़त्ल ही न किये जाते। कह दो कि अगर तुम अपने घरों में भी होते तो जिनकी तक़्दीर में मारा जाना लिखा था, वे अपनी-अपनी क़त्ल गाहों की तरफ़ ज़रूर निकल आते। इस से ग़रज़ यह थी कि ख़ुदा तुम्हारे सीनों की बातों को आज़माए और जो कुछ तुम्हारे दिलों में है, उन को ख़ालिस और साफ़ कर दे और ख़ुदा दिलों की बातों को ख़ूब जानता है। (१५४)

जो लोग तुम में से (उहुद के दिन) जबकि (मोमिनों और काफ़िरों की) दो जमाअतें एक दूसरे से गुथ गयीं, (लड़ाई से) भाग गये तो उन के कुछ कामों की वजह से शैतान ने उन को फिसला दिया, मगर ख़ुदा ने उनका क़ुसूर माफ़ कर दिया। बेशक ख़ुदा बख़्शने वाला (और) बुर्दबार है।

---

१. यह उहुद की लड़ाई का क़िस्सा है। इस लड़ाई में, शुरू-शुरू में तो मुसलमान ग़ालिब रहे, मगर बाद में हज़रत सल्ल० की ना-फ़रमानी की वजह से हार हो गयी। ना-फ़रमानी यह हुई थी कि हज़रत ने तीरन्दाज़ों की एक जमाअत को एक मोर्चे पर लगा कर हुक्म दिया कि तुम यहां खड़े रहना और हरगिज़ न लड़ना। वे लोग तो वहां खड़े हुए और बाक़ी फ़ौज लड़ाई में लग गयी। लड़ाई में अल्लाह तआला ने मुसलमानों की मदद की और उन को ग़ल्बा दिया। हज़रत इब्ने अब्बास रज़ि० कहते हैं कि हज़रत सल्ल० की जैसी मदद अल्लाह तआला ने उहुद के दिन की, ऐसी किसी मौक़े पर नहीं की। जब मुसलमान जीते और काफ़िर हार कर भागने लगे तो, तीरंदाज़ों ने चाहा कि मोर्चा छोड़ कर जीत में शामिल हो जाएं और ग़नीमत का माल लें, तो वे मोर्चा छोड़ कर चल दिए।

(शेष पृष्ठ १०९ पर)

या अय्युहल्लज़ी-न आमनू ला तकूनू कल्लज़ी-न क-फ़रू व क़ालू लि इख़्वानिहिम् इज़ा ज़-रबू फ़िल्अर्ज़ि औ कानू ग़ुज़्ज़ल्लौ कानू अिन्दना मा मातू व मा क़ुतिलू ج लि यज्अ-लल्लाहु ज़ालि-क हस्-र-तन् फ़ी क़ुलूबिहिम् ط वल्लाहु युह्यी व युमीतु ط वल्लाहु बिमा तअ्-मलू-न बसीर (१५६) व लइन् क़ुतिल्तुम् फ़ी सबीलिल्लाहि औ मुत्तुम् ल मग़्फ़ि-रतुम्-मिनल्लाहि व रह्मतुन् ख़ैरुम्मिम्मा यज्मअून (१५७) व लइम् मुत्तुम् औ क़ुतिल्तुम् ल - इलल्लाहि तुह्शरून (१५८) फ़ बिमा रह्मतिम्-मिनल्लाहि लिन्-त लहुम् ج व लौ कुन्-त फ़ज़्ज़न् ग़लीज़ल्क़ल्बि लन्फ़ज़्ज़ू मिन् हौलिक صلے फ़अ्-फु अन्हुम् वस्तग़्फ़िर्-लहुम् व शाविर्हुम् फ़िल्अम्रि ج फ़ इज़ा अ-ज़म्-त फ़-त-वक्कल् अ-लल्लाहि ط इन्नल्ला-ह युहिब्बुल्-मु-त-वक्किलीन (१५९) इंय्यन्सुर्-कुमुल्लाहु फ़ ला ग़ालि-ब लकुम् ج व इंय्यख़्ज़ुल्कुम् फ़-मन् ज़ल्लज़ी यन्सुरुकुम् मिम्बअ्-दिही ط व अ-लल्लाहि फ़ल्य-त-वक्कलिल् - मुअ्मिनून (१६०) व मा का-न लि नबिय्यिन् अंय्यग़ुल्-ल ط व मंय्यग़्लुल् यअ्ति बिमा ग़ल्-ल यौमल्क़ियामति ج सुम-म तुवफ़्फ़ा कुल्लु नफ़्सिम्मा-क-स-बत् व हुम् ला युज़्लमून (१६१) अ फ़ मनित्त-ब-अ रिज़्वानल्लाहि क-मम्बा-अ बि स-ख़तिम्-मिनल्लाहि व मअ्वाहु जहन्नमु ط व बिअ्सल्मसीर (१६२) हुम् द-र-जातुन् अिन्दल्लाहि ط वल्लाहु बसीरुम्-बिमा यअ्-मलून (१६३) ल-क़द् मन्नल्लाहु अ-लल्-मुअ्मिनी-न इज़् ब-अ-स फ़ीहिम् रसूलम्मिन् अन्फ़ुसिहिम् यत्लू अलैहिम् आयातिही व युज़क्कीहिम् व युअल्लिमुहुमुल्-किता-ब वल्हिक्म-त ج व इन् कानू मिन् क़ब्लु ल - फ़ी ज़लालिम् - मुबीन ● (१६४)

لن تنالوا ٤ — ٥٦ — آل عمران ٣

كفروا وقالوا لإخوانهم إذا ضربوا في الأرض أو كانوا غزى لو
كانوا عندنا ما ماتوا وما قتلوا ليجعل الله ذلك حسرة في
قلوبهم والله يحي ويميت والله بما تعملون بصير ۝ ولئن
قتلتم في سبيل الله أو متم لمغفرة من الله ورحمة خير
مما يجمعون ۝ ولئن متم أو قتلتم لإلى الله تحشرون ۝
فبما رحمة من الله لنت لهم ولو كنت فظا غليظ القلب
لانفضوا من حولك فاعف عنهم واستغفر لهم وشاورهم
في الأمر فإذا عزمت فتوكل على الله إن الله يحب المتوكلين ۝
إن ينصركم الله فلا غالب لكم وإن يخذلكم فمن ذا الذي
ينصركم من بعده وعلى الله فليتوكل المؤمنون ۝ وما
كان لنبي أن يغل ومن يغلل يأت بما غل يوم القيمة
ثم توفى كل نفس ما كسبت وهم لا يظلمون ۝ أفمن
اتبع رضوان الله كمن باء بسخط من الله ومأوىه جهنم
وبئس المصير ۝ هم درجت عند الله والله بصير بما
يعملون ۝ لقد من الله على المؤمنين إذ بعث فيهم رسولا
من أنفسهم يتلوا عليهم ءايته ويزكيهم ويعلمهم الكتب
والحكمة وإن كانوا من قبل لفي ضلل مبين ۝ أولما

منزل

● नि १/२

(१५५) मोमिनो ! उन लोगों जैसे न होना, जो कुफ़ करते हैं और उन के (मुसलमान) भाई जब (ख़ुदा की राह में) सफ़र करें (और मर जाएं) या जिहाद को निकलें (और मारे जाएं) तो उन के बारे में कहते हैं कि अगर वे हमारे पास रहते तो न मरते और न मारे जाते। इन बातों से मक़्सूद यह है कि ख़ुदा इन लोगों के दिलों में अफ़सोस पैदा कर दे और ज़िंदगी और मौत तो ख़ुदा ही देता है और ख़ुदा तुम्हारे सब कामों को देख रहा है। (१५६) और अगर तुम ख़ुदा के रास्ते में मारे जाओ या मर जाओ, तो जो (माल व मताअ्) लोग जमा करते हैं, उस से ख़ुदा की बख़्शिश और रहमत कहीं बेहतर है। (१५७) और अगर तुम मर जाओ, या मारे जाओ, ख़ुदा के हुज़ूर में ज़रूर इकट्ठे किये जाओगे। (१५८) (ऐ मुहम्मद !) ख़ुदा की मेहरबानी से, तुम्हारी तबियत इन लोगों के लिए नर्म वाक़े हुई है और अगर तुम बुरी तबियत के और सख़्त-दिल होते, तो ये तुम्हारे पास से भाग खड़े होते, तो उन को माफ़ कर दो और उन के लिए (ख़ुदा से) मग़्फ़िरत मांगो और अपने कामों में उन से मश्विरा लिया करो और जब (किसी काम का) पक्का इरादा कर लो तो ख़ुदा पर भरोसा रखो। बेशक ख़ुदा भरोसा रखने वालों को दोस्त रखता है। (१५९) अगर ख़ुदा तुम्हारा मददगार है, तो तुम पर कोई ग़ालिब नहीं आ सकता और अगर वह तुम्हें छोड़ दे, तो फिर कौन है कि तुम्हारी मदद करे और मोमिनों को चाहिए कि ख़ुदा ही पर भरोसा रखें। (१६०) और कभी नहीं हो सकता कि (ख़ुदा के) पैग़म्बर ख़ियानत करें और ख़ियानत करने वालों को क़ियामत के दिन ख़ियानत की हुई चीज़ (ख़ुदा के सामने) ला हाज़िर करनी होगी। फिर हर शख़्स को उसके आमाल का पूरा-पूरा बदला दिया जाएगा और बे-इन्साफ़ी नहीं की जाएगी। (१६१) भला जो शख़्स ख़ुदा की ख़ुश्नूदी का ताबेअ हो, वह उस शख़्स की तरह ख़ियानत कर सकता है, जो ख़ुदा की ना-ख़ुशी में गिरफ़्तार हो और जिस का ठिकाना दोज़ख़ है और वह बुरा ठिकाना है। (१६२) उन लोगों के ख़ुदा के यहां (अलग-अलग और मुख़्तलिफ़) दर्जे हैं और ख़ुदा उन के सब आमाल को देख रहा है। (१६३) ख़ुदा ने मोमिनों पर बड़ा एहसान किया है कि उन में उन्हीं में से एक पैग़म्बर भेजे, जो उन को ख़ुदा की आयतें पढ़-पढ़ कर सुनाते और उन को पाक करते और (ख़ुदा की) किताब और दानाई सिखाते हैं और पहले तो ये लोग खुली गुमराही में थे (१६४) ● (भला यह)

(पृष्ठ १०७ का शेष)

अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर ने जो उन के अफ़सर थे, उन को हर तरह मना किया, मगर उन्हों ने उन के कहने पर अमल न किया। इधर तो यह सूरत हुई, उधर ख़ालिद बिन वलीद ने, जो उस वक़्त काफ़िरों के साथ थे, पीछे से हमला कर दिया और इस से लड़ाई की शक्ल बदल गयी यानी जीतने वालों को हार और हार खाने वालों की जीत हुई। ख़ुद हज़रत सल्ल० का चेहरा-ए-मुबारक ज़ख़्मी हुआ, सामने के चार दांत टूट गये, ख़ूद सर में घुस गया और यह मशहूर हो गया कि आप शहीद हो गये, ग़रज़ मुसलमान भाग खड़े हुए। उस वक़्त आप फ़रमाते थे कि ऐ ख़ुदा के बन्दो ! मेरे पास आओ, मैं ख़ुदा का पैग़म्बर हूं। जो कोई फिर काफ़िरों पर हमला करेगा, उस को जन्नत मिलेगी।

ग़म पर ग़म पहुंचाने से यह मुराद है कि एक तो ग़नीमत के माल से महरूम हुए, क़त्ल और ज़ख़्मी किये गये, दूसरे हज़रत सल्ल० का शहीद होना सुना और काफ़िरों का ग़ल्बा देखा।

★रु. १९/७ आ ७ ● नि. १/२

अ-व लम्मा॑ असाबत्कुम् मुसीबतुन् क़द् असब्तुम् मिस्लैहा لا क़ुल्तुम् अन्ना हाज़ा ط क़ुल् हु-व मिन् अिन्दि अन्फ़ुसिकुम् ط इन्नल्ला-ह अला कुल्लि शैइन् क़दीर (१६५) व मा॑ असाबकुम् यौमल्-त-क़ल् - जम्‌आनि फ़बि-इज़्-निल्लाहि व लि-यअ्‌-ल-मल्-मुअ्‌मिनीन لا (१६६) व लि-यअ्‌-ल-मल्लज़ी-न नाफ़क़ू صلے ج व क़ी - ल लहुम् तआलौ क़ातिलू फ़ी सबीलिल्लाहि अविद्‌फ़अू ط क़ालू लौ नअ्‌-लमु क़िताललू - लत्तबअ्‌-नाकुम् हुम् लिल्कुफ़्रि यौमइज़िन् अक़्रबु मिन्हुम् लिल् - ईमानि ج यक़ूलू - न बिअफ़्वाहिहिम् मा लै-स फ़ी क़ुलूबिहिम् ط वल्लाहु अअ्‌-लमु बिमा यक्तुमून (१६७) अल्लज़ी-न क़ालू लि-इख़्वानिहिम् व क़-अदू लौ अताअूना मा क़ुतिलू ط क़ुल् फ़द्‌रऊ अन् अन्फ़ुसिकुमुल्मौ-त इन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१६८) व ला तह्‌सबन्नल्लज़ी-न क़ुतिलू फ़ी सबीलिल्लाहि अम्वातन् ط बल् अह्‌या॑ - उन् अिन् - द रब्बिहिम् युर्ज़क़ून لا (१६९) फ़रिही - न बिमा॑ आताहुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिही لا व यस्तब्शिरू - न बिल्लज़ी - न लम् यल्‌हक़ू बिहिम् मिन् ख़ल्फ़िहिम् لا अल्ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व ला हुम् यह्‌ज़नून ∴(१७०) यस्तब्शिरू-न बिनिअ्‌-मतिम्-मिनल्लाहि व फ़ज़्लिन् لا - व अन्नल्ला - ह ला युज़ीअु अज्रल् - मुअ्‌मिनीन ع★(१७१) अल्लज़ीनस्तजाबू लिल्लाहि वर्रसूलि मिम्बअ्‌ - दि मा॑ असाबहुमुल्क़र्हु ط लिल्लज़ी - न अह्‌सनू मिन्हुम् वत्तक़ौ अज्रुन् अज़ीम ج (१७२) अल्लज़ी-न क़ा-ल लहुमुन्नासु इन्नन्ना-स क़द् ज-मअू लकुम् फ़ख़्शौ हुम् फ़ज़ादहुम् ईमानन्‌व-व क़ालू हस्बुनल्लाहु व निअ्‌-मल् - वकील (१७३)

لن تنالوا ٥٦ آل عمران

أَصَابَتْكُم مُّصِيبَةٌ قَدْ أَصَبْتُم مِّثْلَيْهَا قُلْتُمْ أَنَّىٰ هَٰذَا ۖ قُلْ هُوَ
مِنْ عِندِ أَنفُسِكُمْ ۗ إِنَّ اللَّهَ عَلَىٰ كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ ﴿١٦٥﴾ وَمَا أَصَابَكُمْ
يَوْمَ الْتَقَى الْجَمْعَانِ فَبِإِذْنِ اللَّهِ وَلِيَعْلَمَ الْمُؤْمِنِينَ ﴿١٦٦﴾ وَلِيَعْلَمَ
الَّذِينَ نَافَقُوا ۚ وَقِيلَ لَهُمْ تَعَالَوْا قَاتِلُوا فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَوِ ادْفَعُوا ۖ
قَالُوا لَوْ نَعْلَمُ قِتَالًا لَّاتَّبَعْنَاكُمْ ۗ هُمْ لِلْكُفْرِ يَوْمَئِذٍ أَقْرَبُ مِنْهُمْ
لِلْإِيمَانِ ۚ يَقُولُونَ بِأَفْوَاهِهِم مَّا لَيْسَ فِي قُلُوبِهِمْ ۗ وَاللَّهُ أَعْلَمُ
بِمَا يَكْتُمُونَ ﴿١٦٧﴾ الَّذِينَ قَالُوا لِإِخْوَانِهِمْ وَقَعَدُوا لَوْ أَطَاعُونَا
مَا قُتِلُوا ۗ قُلْ فَادْرَءُوا عَنْ أَنفُسِكُمُ الْمَوْتَ إِن كُنتُمْ صَادِقِينَ ﴿١٦٨﴾
وَلَا تَحْسَبَنَّ الَّذِينَ قُتِلُوا فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَمْوَاتًا ۚ بَلْ أَحْيَاءٌ
عِندَ رَبِّهِمْ يُرْزَقُونَ ﴿١٦٩﴾ فَرِحِينَ بِمَا آتَاهُمُ اللَّهُ مِن فَضْلِهِ
وَيَسْتَبْشِرُونَ بِالَّذِينَ لَمْ يَلْحَقُوا بِهِم مِّنْ خَلْفِهِمْ أَلَّا خَوْفٌ
عَلَيْهِمْ وَلَا هُمْ يَحْزَنُونَ ﴿١٧٠﴾ يَسْتَبْشِرُونَ بِنِعْمَةٍ مِّنَ اللَّهِ وَ
فَضْلٍ وَأَنَّ اللَّهَ لَا يُضِيعُ أَجْرَ الْمُؤْمِنِينَ ﴿١٧١﴾ الَّذِينَ اسْتَجَابُوا
لِلَّهِ وَالرَّسُولِ مِن بَعْدِ مَا أَصَابَهُمُ الْقَرْحُ ۚ لِلَّذِينَ أَحْسَنُوا
مِنْهُمْ وَاتَّقَوْا أَجْرٌ عَظِيمٌ ﴿١٧٢﴾ الَّذِينَ قَالَ لَهُمُ النَّاسُ إِنَّ النَّاسَ
قَدْ جَمَعُوا لَكُمْ فَاخْشَوْهُمْ فَزَادَهُمْ إِيمَانًا وَقَالُوا حَسْبُنَا اللَّهُ
وَنِعْمَ الْوَكِيلُ ﴿١٧٣﴾ فَانقَلَبُوا بِنِعْمَةٍ مِّنَ اللَّهِ وَفَضْلٍ لَّمْ يَمْسَسْهُمْ

منزل

∴व. लाज़िम ★रु. १७/८ आ १६, ∴मु. अि मु त क़. २

क्या (बात है कि) जब (उहुद के दिन काफ़िरों के हाथ से) तुम पर मुसीबत वाक़ेअ हुई, हालांकि (बद्र की लड़ाई में) इस से दोगुनी मुसीबत तुम्हारे हाथ से उन पर पड़ चुकी है, तो तुम चिल्ला उठे कि (हाय) आफ़त (हम पर) कहां से आ पड़ी। कह दो कि यह तुम्हारी ही शामते-आमाल है, (तुम ने पैग़म्बर के हुक्म के ख़िलाफ़ किया) बेशक ख़ुदा हर चीज़ पर क़ुदरत रखता है। (१६५) और जो मुसीबत तुम पर दोनों जमाअतों के मुक़ाबले के दिन वाक़ेअ हुई, सो ख़ुदा के हुक्म से (वाक़ेअ हुई) और इस से यह मक़्सूद था कि ख़ुदा मोमिनों को अच्छी तरह मालूम कर ले और मुनाफ़िक़ों को भी मालूम कर ले। (१६६) और (जब) उन से कहा गया कि आओ ख़ुदा के रास्ते में लड़ो या (काफ़िरों के) हमलों को रोको, तो कहने लगे कि अगर हम को इस की ख़बर होती तो हम ज़रूर तुम्हारे साथ रहते। ये उस दिन ईमान के मुक़ाबले में कुफ़्र से ज़्यादा क़रीब थे। मुंह से वे बातें कहते हैं जो उन के दिल में नहीं हैं और जो कुछ ये छिपाते हैं, ख़ुदा उसे ख़ूब जानता है। (१६७) ये ख़ुद तो (लड़ाई से बच कर) बैठ ही रहे थे, मगर (जिन्होंने ख़ुदा की राह में जानें क़ुर्बान कर दीं) अपने (उन) भाइयों के बारे में भी कहते हैं कि अगर हमारा कहा मानते तो क़त्ल न होते। कह दो कि अगर सच्चे हो तो अपने ऊपर से मौत को टाल देना। (१६८) जो लोग ख़ुदा की राह में मारे गये, उन को मरे हुए न समझना, (वे मरे हुए नहीं हैं), बल्कि ख़ुदा के नज़दीक ज़िन्दा हैं और उनको रोज़ी मिल रही है। (१६९) जो कुछ ख़ुदा ने उन को अपने फ़ज़्ल से बख़्श रखा है, उस में ख़ुश हैं, और जो लोग उन के पीछे रह गये और (शहीद हो कर) उन में शामिल नहीं हो सके,[1] उन के बारे में ख़ुशियां मना रहे हैं कि (क़ियामत के दिन) उन को भी न कुछ ख़ौफ़ होगा और न वे ग़मनाक होंगे ▩ (१७०) और ख़ुदा के इनामों और फ़ज़्ल से ख़ुश हो रहे हैं और इस से कि ख़ुदा मोमिनों का बदला बर्बाद नहीं करता (१७१) ★ ∵ जिन्होंने ज़ख़्म खाने के बावजूद ख़ुदा और रसूल (के हुक्म) को क़ुबूल किया, ∵ जो लोग इन में नेक और परहेज़गार हैं, उन के लिए बड़ा सवाब है। (१७२) (जब) उनसे लोगों ने आ कर बयान किया कि काफ़िरों ने तुम्हारे (मुक़ाबले के) लिए (बड़ी फ़ौज) जमा की है, तो उन से डरो, तो उन का ईमान और ज़्यादा हो गया और कहने लगे हम को ख़ुदा काफ़ी है

१. यानी जो शहीद नहीं हुए और लड़ाई में लगे हुए हैं।

▩ व. लाज़िम ★ रु. १७/८ आ १६ ∵ मु. अ़ि मु त क़. २

फ़न्क़लबू बि निअ्-मतिम्-मिनल्लाहि व फ़ज़्लिल्लम् यम्सस्हुम् सूउंव ۙ व-त्तबअू रिज़्वानल्लाहि ط वल्लाहु ज़ू फ़ज़्लिन् अज़ीम (१७४) इन्नमा ज़ालिकुमुश्शैतानु युख़व्विफ़ु औलिया-अहू ص फ़ ला तख़ाफ़ू-हुम् व ख़ाफ़ूनि इन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (१७५) व ला यह्ज़ुन्कल्लज़ी-न युसारिअू-न फ़िल्कुफ़्रि ج इन्नहुम् लंय्यज़ुर्रुल्ला-ह शैअन् ط युरीदुल्लाहु अल्ला यज्-अ-ल लहुम् हज़्ज़न् फ़िल्आख़िरति ج व लहुम् अज़ाबुन् अज़ीम (१७६) इन्नल्लज़ीनश्त-र-वुल्-कुफ़्-र बिल्ईमानि लंय्यज़ुर्रुल्ला-ह शैअन् ج व लहुम् अज़ाबुन् अलीम (१७७) व ला यह्स-बन्नल्लज़ी-न क-फ़रू अन्नमा नुम्ली लहुम् ख़ैरुल्लि-अन्फ़ुसिहिम् ط इन्नमा नुम्ली लहुम् लि यज़्दादू इस्मन् ج व लहुम् अज़ाबुम्-मुहीन (१७८) मा कानल्लाहु लि य-ज़-रल्-मुअ्मिनी-न अला मा अन्तुम् अलैहि हत्ता यमीज़ल्-ख़बी-स मिनत्तय्यिबि ط व मा कानल्लाहु लि युत्लि-अकुम् अलल्ग़ैबि व लाकिन्नल्ला-ह यज्तबी मिर्रुसुलिही

لن تنالوا ٤ ٥٨ آل عمران

سوء و اتبعوا رضوان الله والله ذو فضل عظيم ۝ انما
ذلكم الشيطن يخوف اولياءه فلا تخافوهم وخافون ان
كنتم مؤمنين ۝ ولا يحزنك الذين يسارعون في الكفر
انهم لن يضروا الله شيئا يريد الله الا يجعل لهم حظا في الاخرة
ولهم عذاب عظيم ۝ ان الذين اشتروا الكفر بالايمان لن
يضروا الله شيئا ولهم عذاب اليم ۝ ولا يحسبن الذين كفروا
انما نملي لهم خير لانفسهم انما نملي لهم ليزدادوا اثما
ولهم عذاب مهين ۝ ما كان الله ليذر المؤمنين على
ما انتم عليه حتى يميز الخبيث من الطيب وما كان الله
ليطلعكم على الغيب ولكن الله يجتبي من رسله من يشاء
فامنوا بالله ورسله وان تؤمنوا وتتقوا فلكم اجر عظيم ۝
ولا يحسبن الذين يبخلون بما اتىهم الله من فضله هو
خيرا لهم بل هو شر لهم سيطوقون ما بخلوا به يوم
القيمة ولله ميراث السموت والارض والله بما تعملون
خبير ۝ لقد سمع الله قول الذين قالوا ان الله فقير و
نحن اغنياء سنكتب ما قالوا وقتلهم الانبياء بغير حق
ونقول ذوقوا عذاب الحريق ۝ ذلك بما قدمت ايديكم و

منزل

मंय्यशा-उ ص फ़ आमिनू बिल्लाहि व रुसुलिही ج व इन् तुअ्मिनू व तत्तक़ू फ़-लकुम् अज्रुन् अज़ीम (१७९) व ला यह्सबन्नल्लज़ी-न यब्ख़लू-न बिमा आता-हुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिही हु-व ख़ैरल्लहुम् ط बल् हु-व शर्रुल्लहुम् ط सयुतव्वक़ू-न मा बख़िलू बिही यौमल्क़ियामति ط व लिल्लाहि मीरासुस्समावाति वल्अर्ज़ि ط वल्लाहु बिमा तअ्-मलू-न ख़बीर ★(१८०) ल-क़द् समिअल्लाहु क़ौलल्लज़ी-न क़ालू इन्नल्ला-ह फ़क़ीरुंव्-व नह्नु अग़्नियाउ ※ सनक्तुबु मा क़ालू व क़त्लहुमुल्-अम्बिया-अ बिग़ैरि हक़्क़िंव् ۙ व नक़ूलु ज़ूक़ू अज़ाबल्-हरीक़ (१८१)

★रु. १८/६/६ ※ व लाज़िम

और वह बहुत अच्छा कारसाज है। (१७३) फिर वे खुदा की नेमतों और उस की मेहरबानी के साथ (खुशी-खुशी) वापस आए, उन को किसी तरह का नुक़्सान न पहुंचा और वे खुदा की खुश्नूदी के ताबेअ रहे और खुदा बड़े फ़ज़्ल का मालिक है। (१७४) यह (ख़ौफ़ दिलाने वाला) तो शैतान है, जो अपने दोस्तों से डराता है, तो अगर तुम मोमिन हो, तो उन से मत डरना और मुझी से डरते रहना। (१७५) और जो लोग कुफ़्र में जल्दी करते हैं, उन (की वजह) से ग़मगीन न होना, यह खुदा का कुछ नुक़्सान नहीं कर सकते, खुदा चाहता है कि आख़िरत में उन को हिस्सा न दे और उन के लिए बड़ा अज़ाब (तैयार) है। (१७६) जिन लोगों ने ईमान के बदले कुफ़्र ख़रीदा, वे खुदा का कुछ नहीं बिगाड़ सकते और उन को दुख देने वाला अज़ाब होगा। (१७७) और काफ़िर लोग यह न ख़्याल करें कि हम जो उन को मुहलत दिए जाते हैं, तो यह उन के हक़ में अच्छा है। (नहीं, बल्कि) हम उन को इस लिए मुहलत देते हैं कि और गुनाह कर लें। आख़िरकार उन को ज़लील करने वाला अज़ाब होगा। (१७८) (लोगो!) जब तक खुदा नापाक को पाक से अलग न कर देगा, मोमिनों को इस हाल में, जिस में तुम हो, हरगिज़ नहीं रहने देगा और अल्लाह तुम को ग़ैब की बातों से भी मुत्तला नहीं करेगा, हां, खुद अपने पैग़म्बरों में से जिसे चाहता है, चुन लेता है, तो तुम खुदा पर और उस के रसूलों पर ईमान लाओ और अगर ईमान लाओगे और परहेज़गारी करोगे तो तुम को बड़ा बदला मिलेगा। (१७९) जो लोग माल में जो खुदा ने अपने फ़ज़्ल से उन को अता फ़रमाया है, बुख़्ल (कंजूसी) करते हैं, वे इस बुख़्ल को अपने हक़ में अच्छा न समझें (वह अच्छा नहीं,) बल्कि उन के लिए बुरा है। वे जिस माल में बुख़्ल करते हैं, क़ियामत के दिन उस का तौक़ (हार) बना कर उन की गरदनों में डाला जाएगा और आसमानों और ज़मीन का वारिस खुदा ही है और जो अमल तुम करते हो, खुदा को मालूम है। (१८०) ★

अल्लाह ने उन लोगों का क़ौल सुन लिया है, जो कहते हैं कि खुदा फ़क़ीर है और हम अमीर हैं,※ ये जो कहते हैं, हम इसको लिख लेंगे और पैग़म्बरों को जो ये ना-हक़ क़त्ल करते रहे हैं, उसको भी (लिख लेंगे) और (क़ियामत के दिन) कहेंगे कि जलती (आग के) अज़ाब के मज़े चखते रहो। (१८१)

★रु. १८/१/१ ※ व. लाज़िम

जालि-क बिमा क़द्द-मत् ऐदीकुम् व अन्नल्ला-ह लै-स बि जल्लामिल्-लिल्अबीद (१८२) अल्लजी-न क़ालू इन्नल्ला-ह अहि-द इलैना अल्ला नुअ्मि-न लि रसूलिन् हत्ता यअ्ति-यना बि क़ुर्बानित् तअ्कुलुहुन्नारु ط क़ुल् क़द् जा-अकुम् रुसुलुम्मिन् क़ब्ली बिल्बय्यिनाति व बिल्लजी क़ुल्तुम् फ़ लि-म क़तल्तुमूहुम् इन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१८३) फ़ इन् कज्जबू-क फ़-क़द् कुज्जि-ब रुसुलुम्मिन् क़ब्लि-क जा-ऊ बिल्बय्यिनाति वज़्ज़ुबुरि वल्किताबिल्-मुनीर (१८४) कुल्लु नफ़्सिन् जाइक़तुल्मौति ط व इन्नमा तुवफ़्फ़ौ-न उजूरकुम् यौमल्क़ियामति ط फ़ मन् ज़ुह्ज़ि-ह अनिन्नारि व उद्ख़िलल्-जन्न-त फ़-क़द् फ़ा-ज़ ط व मल्हयातुद्दुन्या इल्ला मताअुल् - ग़ुरूर (१८५) ल-तुब-ल-वुन्-न फ़ी अम्वालिकुम् व अन्फ़ुसिकुम् قف व ल तस्मअुन्-न मिनल्लजी-न ऊतुल्किता-ब मिन् क़ब्लिकुम् व मिनल्लजी-न अश्रकू अ - ज़न् कसीरन् ط व इन् तस्बिरू व तत्तक़ू फ़ इन्-न जालि-क मिन् अज़्मिल्-उमूर (१८६) व इज़् अ-ख़-ज़ल्लाहु मीसाक़ल्लजी-न ऊतुल्किता-ब लतुबय्यिनुन्नहू लिन्नासि व ला तक्तुमूनहू ز फ़-न-बज़ूहु वरा-अ ज़ुहूरिहिम् वश्तरौ बिही स-म-नन् क़लीलन् ط फ़ बिअ्-स मा यश्तरून (१८७) ला तह्सबन्नल्लजी-न यफ़्रहू-न बिमा अतव्-व युहिब्बू-न अंय्युह्मदू बिमा लम् यफ़्अलू फ़ ला तह्सबन्नहुम् बि मफ़ाज़तिम्-मिनल्-अ़ज़ाबि ج व लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीम (१८८) व लिल्लाहि मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि ط वल्लाहु अ़ला कुल्लि शैइन् क़दीर ★ (१८९) इन्-न फ़ी ख़ल्क़िस्समावाति वल्अर्ज़ि वख़्तिलाफ़िल्लैलि वन्नहारि ल-आयातिल्-लि उलिल्-अल्बाब ع (१९०)

لن تنالوا ٤ — آل عمران ٣

إِنَّ اللَّهَ لَيْسَ بِظَلَّامٍ لِلْعَبِيدِ ۝ الَّذِينَ قَالُوا إِنَّ اللَّهَ عَهِدَ إِلَيْنَا
أَلَّا نُؤْمِنَ لِرَسُولٍ حَتَّىٰ يَأْتِيَنَا بِقُرْبَانٍ تَأْكُلُهُ النَّارُ ۗ قُلْ قَدْ
جَاءَكُمْ رُسُلٌ مِنْ قَبْلِي بِالْبَيِّنَاتِ وَبِالَّذِي قُلْتُمْ فَلِمَ قَتَلْتُمُوهُمْ
إِنْ كُنْتُمْ صَادِقِينَ ۝ فَإِنْ كَذَّبُوكَ فَقَدْ كُذِّبَ رُسُلٌ مِنْ قَبْلِكَ
جَاءُوا بِالْبَيِّنَاتِ وَالزُّبُرِ وَالْكِتَابِ الْمُنِيرِ ۝ كُلُّ نَفْسٍ ذَائِقَةُ الْمَوْتِ ۗ
وَإِنَّمَا تُوَفَّوْنَ أُجُورَكُمْ يَوْمَ الْقِيَامَةِ ۖ فَمَنْ زُحْزِحَ عَنِ النَّارِ وَ
أُدْخِلَ الْجَنَّةَ فَقَدْ فَازَ ۗ وَمَا الْحَيَاةُ الدُّنْيَا إِلَّا مَتَاعُ الْغُرُورِ ۝
لَتُبْلَوُنَّ فِي أَمْوَالِكُمْ وَأَنْفُسِكُمْ وَلَتَسْمَعُنَّ مِنَ الَّذِينَ أُوتُوا
الْكِتَابَ مِنْ قَبْلِكُمْ وَمِنَ الَّذِينَ أَشْرَكُوا أَذًى كَثِيرًا ۚ وَإِنْ
تَصْبِرُوا وَتَتَّقُوا فَإِنَّ ذَٰلِكَ مِنْ عَزْمِ الْأُمُورِ ۝ وَإِذْ أَخَذَ اللَّهُ
مِيثَاقَ الَّذِينَ أُوتُوا الْكِتَابَ لَتُبَيِّنُنَّهُ لِلنَّاسِ وَلَا تَكْتُمُونَهُ
فَنَبَذُوهُ وَرَاءَ ظُهُورِهِمْ وَاشْتَرَوْا بِهِ ثَمَنًا قَلِيلًا ۖ فَبِئْسَ مَا
يَشْتَرُونَ ۝ لَا تَحْسَبَنَّ الَّذِينَ يَفْرَحُونَ بِمَا أَتَوْا وَيُحِبُّونَ
أَنْ يُحْمَدُوا بِمَا لَمْ يَفْعَلُوا فَلَا تَحْسَبَنَّهُمْ بِمَفَازَةٍ مِنَ
الْعَذَابِ ۖ وَلَهُمْ عَذَابٌ أَلِيمٌ ۝ وَلِلَّهِ مُلْكُ السَّمَاوَاتِ وَ
الْأَرْضِ ۗ وَاللَّهُ عَلَىٰ كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ ۝ إِنَّ فِي خَلْقِ السَّمَاوَاتِ
وَالْأَرْضِ وَاخْتِلَافِ اللَّيْلِ وَالنَّهَارِ لَآيَاتٍ لِأُولِي الْأَلْبَابِ ۝

منزل ١

★रु० १९/१० आ ९

यह उन कामों की सज़ा है जो तुम्हारे हाथ आगे भेजते रहे हैं और ख़ुदा तो बन्दों पर बिल्कुल ज़ुल्म नहीं करता। (१८२) जो लोग कहते हैं कि ख़ुदा ने हमें हुक्म भेजा है कि जब तक कोई पैग़म्बर हमारे पास ऐसी नियाज़ ले कर न आए, जिस को आग आ कर खा जाए, तब तक हम उस पर ईमान न लाएंगे। (ऐ पैग़म्बर! इन से) कह दो कि मुझ से पहले कई पैग़म्बर तुम्हारे पास खुली हुई निशानियां ले कर आए और वह (मोजज़ा) भी लाये, जो तुम कहते हो, तो अगर सच्चे हो तो तुम ने उन को क़त्ल क्यों किया?[1] (१८३) फिर अगर ये लोग तुम को सच्चा न समझें, तो तुम से पहले बहुत-से पैग़म्बर खुली हुई निशानियां और सहीफ़े (ग्रंथ) और रोशन किताबें ले कर आ चुके हैं और लोगों ने उन को भी सच्चा नहीं समझा। (१८४) हर जान को मौत का मज़ा चखना है और तुम को क़ियामत के दिन तुम्हारे आमाल का पूरा-पूरा बदला दिया जाएगा, तो जो शख़्स जहन्नम की आग से दूर रखा गया और बहिश्त में दाख़िल किया गया, वह मुराद को पहुंच गया। और दुनिया की ज़िन्दगी तो धोखे का सामान है। (१८५) (ऐ ईमान वालो!) तुम्हारे माल व जान में तुम्हारी आज़माइश की जाएगी और तुम अह्ले किताब से और उन लोगों से, जो मुश्रिक हैं, बहुत-सी तक्लीफ़ की बातें सुनोगे तो अगर सब्र और परहेज़गारी करते रहोगे तो ये बड़ी हिम्मत के काम हैं। (१८६) और जब ख़ुदा ने उन लोगों से, जिन को किताब इनायत की गयी थी, इक़रार लिया कि (जो कुछ इस में लिखा है) उस में साफ़-साफ़ बयान करते रहना और (उस की किसी बात) को न छिपाना, तो उन्हों ने उस को पीठ पीछे डाल दिया और उस के बदले थोड़ी-सी क़ीमत हासिल की। ये जो कुछ हासिल करते हैं, बुरा है। (१८७) जो लोग अपने (ना-पसन्द) कामों से ख़ुश होते हैं और (पसन्दीदा काम) जो करते नहीं, उन के लिए चाहते हैं कि उन की तारीफ़ की जाए, उन के बारे में ख़्याल न करना कि वह अज़ाब से रुस्तगार हो जाएंगे (और उन्हें दर्द देने वाला अज़ाब होगा)। (१८८) और आसमानों और ज़मीन की बादशाही ख़ुदा ही की है और ख़ुदा हर चीज़ पर क़ादिर है। (१८९) ★

बेशक आसमानों और ज़मीन की पैदाइश और रात और दिन के बदल-बदल कर आने-जाने में

१. अल्लाह तआला ने कुछ पैग़म्बरों को यह मोजज़ा बख़्शा था कि उन की उम्मत के लोग जो क़ुर्बानी और नज़्र व नियाज़ ख़ुदा के लिए करते, तो उस को मैदान में रख देते। आसमान से आग आती और उस को जला देती, तो यह समझा जाता कि क़ुर्बानी ख़ुदा की जनाब में क़ुबूल हुई। यहूदी आख़िरी पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्ल० से कहने लगे कि ख़ुदा ने हम को यह हुक्म दे रखा है कि हम किसी पैग़म्बर पर ईमान न लाएं, जब तक यह मोजज़ा न देख लें, तो आप भी यह मोजज़ा दिखाएं। ख़ुदा ने फ़रमाया, तुम उन के जवाब में कह दो कि कई पैग़म्बर मुझ से पहले कई तरह के मोजज़े ले कर आए और यह मोजज़ा भी, जो तुम कहते हो, लेकिन अगर तुम सच्चे हो, तो इन पैग़म्बरों को क़त्ल क्यों करते रहे? मतलब यह कि पैग़म्बरों को झुठलाना और ना-फ़रमानी करना तुम्हारी आदत में दाख़िल है।

★रु. १९/१० आ ६

अल्लज़ी-न यज़्कुरूनल्ला-ह क़ियामंव-व क़ुअूदंव्-व अ़ला जुनूबिहिम् व् य-त-फ़क्करू-न फ़ी ख़ल्क़िस्समावाति वल्अर्ज़ि रब्बना मा ख़-लक़्-त हाज़ा बातिलन् सुब्हान - क फ़ क़िना अ़ज़ाबन्नार (१९१) रब्बना इन्न-क मन् तुद्ख़िलिन्ना-र फ़-क़द् अख़्ज़ैतहू व मा लिज़्ज़ालिमी - न मिन् अन्सार (१९२) रब्बना इन्नना समिअ्-ना मुनादियंय्युनादी लिलईमानि अन् आमिनू बि रब्बिकुम् फ़ आमन्ना रब्बना फ़ग़्फ़िर्लना ज़ुनूबना व कफ़्फ़िर् अ़न्ना सय्यिआतिना व तवफ़्फ़ना म-अल् - अब्रार (१९३) रब्बना व आतिना मा वअ़त्तना अ़ला रुसुलि-क व ला तुख़्ज़िना यौमल्-क़ियामति इन्न-क ला तुख़्लिफ़ुल्-मीआ़द (१९४) फ़स्तजा-ब लहुम् रब्बुहुम् अन्नी ला उज़ीअु अ़-म-ल आ़मिलिम्-मिन्कुम् मिन् ज़-करिन् औ उन्सा बअ़-ज़ुकुम् मिम्बअ़-ज़िन् फ़ल्लज़ी-न हाजरू व उख़्रिजू मिन् दियारिहिम् व ऊज़ू फ़ी सबीली व क़ातलू व क़ुतिलू लउकफ़्फ़िरन्-न अ़न्हुम् सय्यिआतिहिम् व ल उद्ख़िलन्न-हुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह़्तिहल्-अन्हारु सवाबम्-मिन् अिन्दिल्लाहि वल्लाहु अिन्दहू हुस्नुस्सवाब (१९५) ला यग़ुर्रन्न-क तक़ल्लुबुल्लज़ी-न क-फ़रू फ़िल बिलाद (१९६) मताअुन् क़लीलुन् सुम् - म मअ्वाहुम् जहन्न-मु व बिअ्सल्मिहाद (१९७) लाकिनिल्-लज़ीनत्तक़ौ रब्बहुम् लहुम् जन्नातुन् तज्री मिन् तह़्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदी-न फ़ीहा नुज़ुलम्मिन् अिन्दिल्लाहि व मा अिन्दल्लाहि ख़ैरुल्लिल्-अब्रार● (१९८) व इन्-न मिन् अह़्लिल्किताबि लमंय्युअ्मिनु बिल्लाहि व मा उन्ज़ि-ल इलैकुम् व मा उन्ज़ि - ल इलैहिम् ख़ाशिअी - न

لن تنالوا ٩٠ آل عمران

الذين يذكرون الله قياما وقعودا وعلى جنوبهم ويتفكرون
في خلق السماوات والأرض ربنا ما خلقت هذا باطلا سبحانك
فقنا عذاب النار ۝ ربنا إنك من تدخل النار فقد أخزيته
وما للظالمين من أنصار ۝ ربنا إننا سمعنا مناديا ينادي
للإيمان أن آمنوا بربكم فآمنا ربنا فاغفر لنا ذنوبنا و
كفر عنا سيئاتنا وتوفنا مع الأبرار ۝ ربنا وآتنا ما وعدتنا
على رسلك ولا تخزنا يوم القيامة إنك لا تخلف الميعاد ۝
فاستجاب لهم ربهم أني لا أضيع عمل عامل منكم من
ذكر أو أنثى بعضكم من بعض فالذين هاجروا وأخرجوا
من ديارهم وأوذوا في سبيلي وقاتلوا وقتلوا لأكفرن عنهم
سيئاتهم ولأدخلنهم جنات تجري من تحتها الأنهار ثوابا
من عند الله والله عنده حسن الثواب ۝ لا يغرنك تقلب
الذين كفروا في البلاد ۝ متاع قليل ثم مأواهم جهنم
وبئس المهاد ۝ لكن الذين اتقوا ربهم لهم جنات تجري
من تحتها الأنهار خالدين فيها نزلا من عند الله وما عند
الله خير للأبرار ۝ وإن من أهل الكتاب لمن يؤمن بالله و
ما أنزل إليكم وما أنزل إليهم خاشعين لله لا يشترون بآيات

●सु. ३/४

अक़्ल वालों के लिए निशानियां हैं। (१९०) जो खड़े और बैठे और लेटे (हर हाल में) ख़ुदा को याद करते और आसमान और ज़मीन की पैदाइश में ग़ौर करते (और कहते) हैं कि ऐ परवरदिगार! तू ने इस (मख़्लूक़) को बे-फ़ायदा नहीं पैदा किया। तू पाक है, तो (क़ियामत के दिन) हमें दोज़ख़ के अज़ाब से बचाइयो। (१९१) ऐ परवरदिगार! जिस को तूने दोज़ख़ में डाला, उसे रुस्वा किया और ज़ालिमों का कोई मददगार नहीं। (१९२) ऐ परवरदिगार! हम ने एक पुकारने वाले को सुना कि ईमान के लिए पुकार रहा था, (यानी) अपने परवरदिगार पर ईमान लाओ, तो हम ईमान ले आये। ऐ परवरदिगार! हमारे गुनाह माफ़ फ़रमा और हमारी बुराइयों को हम से दूर कर और हम को दुनिया से नेक बन्दों के साथ उठा। (१९३) ऐ परवरदिगार! तू ने जिन-जिन चीज़ों के हम से अपने पैग़म्बरों के ज़रिए से वायदे किये हैं, वह हमें अदा फ़रमा और क़ियामत के दिन हमें रुस्वा न कीजियो। कुछ शक नहीं कि तू वायदा के ख़िलाफ़ नहीं करता। (१९४) तो उन के परवरदिगार ने उन की दुआ क़ुबूल कर ली। (और फ़रमाया) कि मैं किसी अमल करने वाले के अमल को, मर्द हो या औरत ज़ाया नहीं करता। तुम एक दूसरे की जिन्स हो, तो जो लोग मेरे लिए वतन छोड़ गये और अपने घरों से निकाले गये और सताये गये और लड़े और क़त्ल किये गये, मैं उन के गुनाह दूर कर दूंगा और उन को बहिश्तों में दाख़िल करूंगा, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं। (यह) ख़ुदा के यहां से बदला है और ख़ुदा के यहां अच्छा बदला है। (१९५) (ऐ पैग़म्बर!) काफ़िरों का शहरों में चलना-फिरना तुम्हें धोखा न दे। (१९६) (यह दुनिया का) थोड़ा-सा फ़ायदा है, फिर (आख़िरत में) तो उन का ठिकाना दोज़ख़ है और वह बुरी जगह है।[1] (१९७) लेकिन जो लोग अपने परवरदिगार से डरते रहे, उन के लिए बाग़ हैं, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं (और) उन में हमेशा रहेंगे। (यह) ख़ुदा के यहां से (उन की)

---

१. यानी काफ़िर जो शहरों में तिजारत के लिए चलते-फिरते और बहुत-सा माल पैदा करते हैं, तुम इस का ख़्याल न करना और यह न समझना कि यह भारी फ़ायदा हैं, क्योंकि फ़ना होने वाला है और दुनिया के तमाम फ़ायदे, आख़िरत के सवाब के मुक़ाबले में बहुत कम हैं। उन काफ़िर ताजिरों और मालदारों का आख़िरत [illegible] ठिकाना दोज़ख़ है और ख़ुदा ने जो मुसलमानों के लिए तैयार कर रखा है, वे बहिश्त के बाग़ हैं, जिन के आराम बाक़ी हैं और हमेशा रहेंगे।

लिल्लाहि ॥ ला यश्तरू-न बि आयातिल्लाहि स-म-नन् क़लीलन् ॥ उला-इ-क लहुम् अज्रुहुम् अिन् - द रब्बिहिम् ॥ इन्नल्ला - ह सरीअुल्हिसाब (१९९) या अय्युहल्लज़ी-न आमनुस्बिरू व साबिरू व राबितू वत्तक़ुल्ला-ह ल-अ़ल्लकुम् तुफ़्लिहून ★(२००)

४ सूरतुन्निसा-इ ९२

(मदनी) इस सूरः में अरबी के १६६६७ अक्षर, ३७२० शब्द, १७६ आयतें और २४ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

या अय्युहन्नासुत्तक़ू रब्बकुमुल्लज़ी ख़ - ल - क़कुम् मिन् नफ़्सिंव्वाहिदतिंव्-व ख़-ल-क़ मिन्हा ज़ौजहा व बस्-स मिन्हुमा रिजालन् कसीरंव् - व निसा - अन् वत्तक़ुल्लाहल्लज़ी तसा - अलू - न बिही वल्अर्हा-म ॥ इन्नल्ला-ह का-न अलैकुम् रक़ीबा (१) व आतुल्यतामा अम्वालहुम् व ला त-त-बद्दलुल्ख़बी-स बित्तय्यिबि॥ व ला तअ्कुलू अम्वालहुम् इला अम्वालिकुम् ॥ इन्नहू का - न हूबन् कबीरा (२) व इन् ख़िफ़्तुम् अल्ला तुक़्सितू फ़िल्यतामा फ़न्किहू मा ता-ब लकुम् मिनन्निसा - इ मस्ना व सुला-स व रुबा-अ़ फ़ इन् ख़िफ़्तुम् अल्ला तअ्-दिलू फ़ वाहि़-दतन् औ मा म-ल-कत् ऐमानुकुम् ॥ ज़ालि-क अद्ना अल्ला तअूलू ॥ (३) व आतुन्निसा - अ सदुक़ातिहिन् - न निह्-ल - तन् ॥ फ़ इन् तिब्-न लकुम् अन् शैइम्-मिन्हु नफ़्सन् फ़ कुलूहु हनी-अम्-मरी-आ (४) व ला तुअ्तुस्सुफ़-हा-अ अम्वालकुमुल्लती ज-अ्-लल्लाहु लकुम् क़ियामंव्वर्ज़ुक़ू-हुम् फ़ीहा वक्सूहुम् व क़ूलू लहुम् क़ौलम्मअ्-रूफ़ा (५)

लن تنالوا ٤ — ٩١ — النساء ٤

اللّٰهِ ثَمَنًا قَلِيْلًا اُولٰٓئِكَ لَهُمْ اَجْرُهُمْ عِنْدَ رَبِّهِمْ اِنَّ اللّٰهَ سَرِيْعُ
الْحِسَابِ ۝ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اصْبِرُوْا وَصَابِرُوْا وَرَابِطُوْا
وَاتَّقُوا اللّٰهَ لَعَلَّكُمْ تُفْلِحُوْنَ ۝
سُوْرَةُ النِّسَاءِ مَدَنِيَّةٌ وَهِيَ مِائَةٌ وَّسِتٌّ وَّسَبْعُوْنَ اٰيَةً وَّاَرْبَعٌ وَّعِشْرُوْنَ رُكُوْعًا
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوْا رَبَّكُمُ الَّذِيْ خَلَقَكُمْ مِّنْ نَّفْسٍ وَّاحِدَةٍ
وَّخَلَقَ مِنْهَا زَوْجَهَا وَبَثَّ مِنْهُمَا رِجَالًا كَثِيْرًا وَّنِسَآءً ۚ وَاتَّقُوا
اللّٰهَ الَّذِيْ تَسَآءَلُوْنَ بِهٖ وَالْاَرْحَامَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلَيْكُمْ
رَقِيْبًا ۝ وَاٰتُوا الْيَتٰمٰٓى اَمْوَالَهُمْ وَلَا تَتَبَدَّلُوا الْخَبِيْثَ بِالطَّيِّبِ
وَلَا تَاْكُلُوْٓا اَمْوَالَهُمْ اِلٰٓى اَمْوَالِكُمْ ؕ اِنَّهٗ كَانَ حُوْبًا كَبِيْرًا ۝
وَاِنْ خِفْتُمْ اَلَّا تُقْسِطُوْا فِي الْيَتٰمٰى فَانْكِحُوْا مَا طَابَ لَكُمْ
مِّنَ النِّسَآءِ مَثْنٰى وَثُلٰثَ وَرُبٰعَ ۚ فَاِنْ خِفْتُمْ اَلَّا تَعْدِلُوْا
فَوَاحِدَةً اَوْ مَا مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ ؕ ذٰلِكَ اَدْنٰٓى اَلَّا تَعُوْلُوْا ۝ وَ
اٰتُوا النِّسَآءَ صَدُقٰتِهِنَّ نِحْلَةً ؕ فَاِنْ طِبْنَ لَكُمْ عَنْ شَيْءٍ مِّنْهُ
نَفْسًا فَكُلُوْهُ هَنِيْٓـئًا مَّرِيْٓـئًا ۝ وَلَا تُؤْتُوا السُّفَهَآءَ اَمْوَالَكُمُ
الَّتِيْ جَعَلَ اللّٰهُ لَكُمْ قِيٰمًا وَّارْزُقُوْهُمْ فِيْهَا وَاكْسُوْهُمْ وَ
قُوْلُوْا لَهُمْ قَوْلًا مَّعْرُوْفًا ۝ وَابْتَلُوا الْيَتٰمٰى حَتّٰٓى اِذَا بَلَغُوا
منزل

★रु. २०/११ आ ११

मेहमानी है और जो कुछ खुदा के यहां है, वह नेकों के लिए बहुत अच्छा है। (१९८) ● और कुछ अह्ले किताब ऐसे भी हैं, जो खुदा पर और उस (किताब) पर, जो तुम पर नाज़िल हुई, और उस पर जो उन पर नाज़िल हुई, ईमान रखते हैं और खुदा के आगे आजिज़ी करते हैं और खुदा की आयतों के बदले थोड़ी-सी क़ीमत नहीं लेते। यही लोग हैं, जिन का बदला उस के परवरदिगार के यहां तैयार है। और खुदा जल्द हिसाब लेने वाला है। (१९९) ऐ अह्ले ईमान! (काफ़िरों के मुक़ाबले में) साबित-क़दम रहो। और इस्तिक़ामत (जमाव) रखो और (मोर्चों पर) जमे रहो और खुदा से डरो, ताकि मुराद हासिल करो। (२००) ★

४ सूरः निसा ९२

सूरः निसा मदनी है और इसमें एक सौ सतहत्तर आयतें और चौबीस रुकूअ हैं

शुरू खुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

लोगो! अपने परवरदिगार से डरो, जिसने तुमको एक शख़्स से पैदा किया (यानी पहले) उस से उसका जोड़ा बनाया, फिर उन दोनों से कसरत से मर्द व औरत (पैदा करके धरती पर) फैला दिए और खुदा से जिस के नाम को तुम ज़रूरत पूरी करने का ज़रिया बनाते हो, डरो, रिश्तेदारी (काट देने) से (बचो)। कुछ शक नहीं कि खुदा तुम को देख रहा है। (१) और यतीमों का माल (जो तुम्हारे क़ब्ज़े में हो) इनके हवाले कर दो और उनके पाकीज़ा (और उम्दा) माल को (अपने ख़राब और) बुरे माल से न बदलो और न उनका माल अपने माल में मिला कर खाओ कि यह बड़ा सख़्त गुनाह है। (२) और अगर तुमको इस बात का डर हो कि यतीम लड़कियों के बारे में इंसाफ़ न कर सकोगे, तो उन के सिवा जो औरतें तुम को पसन्द हों, दो-दो या तीन-तीन या चार-चार, उनसे निकाह कर लो और अगर इस बात का डर हो कि सब औरतों से बराबर का व्यवहार न कर सकोगे, तो एक औरत (काफ़ी है) या लौंडी, जिस के तुम मालिक हो, इस से तुम बे-इन्साफ़ी से बच जाओगे। (३) और औरतों को उन के मह्र खुशी से दे दिया करो, हां, अगर वे अपनी खुशी से उसमें से कुछ तुम को छोड़ दें तो उसे खुशी-खुशी खा लो। (४) और बे-अक़्लों को उन का माल जिसे खुदा ने तुम लोगों के लिए रोज़ी का ज़रिया बनाया है मत दो, (हां,) उसमें से उनको खिलाते

●मु. ३/४ ★रु. २०/११ आ ११

वब्तलुल् - यतामा हत्ता इज़ा ब-लग़ुन्निका-ह़ ج फ़ इन् आनस्तुम् मिन्हुम् रुश्दन् फ़द्फ़अू इलैहिम् अम्वालहुम् ج व ला तअ्कुलूहा इस्राफ़व् - व बिदारन् अंय्यक्बरू ط व मन् का-न ग़निय्यन् फ़ल्यस्तअ्-फ़िफ् ج व मन् का-न फ़क़ीरन् फ़ल्यअ्कुल् बिलमअ्-रूफ़ि ط फ़ इज़ा द-फ़अ् - तुम् इलैहिम् अम्वालहुम् फ़ अश्हिदू अलैहिम् ط व कफ़ा बिल्लाहि हसीबा (६) लिर्रिजालि नसीबुम्-मिम्मा त-र-कल्-वालिदानि वल्अक्रबू-न صلے व लिन्निसा-इ नसीबुम्मिम्मा त-र-कल्-वालिदानि वल्अक्रबू-न صلے मिम्मा क़ल्-ल मिन्हु औ कसु-र ط नसीबम्-मफ़्रूज़ा (७) व इज़ा ह-ज़-रल् क़िस्म-त उलुल्क़ुर्बा वल्यतामा वल्मसाकीनु फ़र्ज़ुक़ूहुम् मिन्हु व क़ूलू लहुम् क़ौलम् मअ्-रूफ़ा (८) वल्यख़्शल्लज़ी-न लौ त-रकू मिन् ख़ल्फ़िहिम् ज़ुर्रिय्य-तन् ज़िआफ़न् ख़ाफ़ू अलैहिम् صلے फ़ल्यत्तक़ुल्ला - ह वल्यक़ूलू क़ौलन् सदीदा (९) इन्नल्लज़ी-न यअ्कुलू-न अम्वालल्-यतामा ज़ुल्मन् इन्नमा यअ्कुलू-न फ़ी बुतूनिहिम् नारन् ط व स-यस्लौ - न सअ़ीरा ★ (१०) यूसी - कुमुल्लाहु फ़ी औलादिकुम् ق लिज़्ज़-करि मिस्लु हज़्ज़िल्-उन्सयैनि ج फ़ इन् कुन्-न निसा-अन् फ़ौक़स्-नतैनि फ़ लहुन्-न सुलुसा मा त-र-क ج व इन् कानत् वाहि-द-तन् फ़ लहन्निस्फ़ु ط व लि अ-ब-वैहि लि कुल्लि वाहिदिम्मिन्-हुमस्सुदुसु मिम्मा त-र-क इन् का-न लहू व-लदुन् ج फ़ इल्लम् यकुल्लहू व-लदुंव्-व वरिसहू अ-बवाहु फ़ लि-उम्-मिहिस्सुलुसु ج फ़ इन् का-न लहू इख़्वतुन् फ़ लि उम्-मिहिस्सुदुसु मिम्बअ्-दि वसिय्यतिंय्यूसी बिहा औदैन ط आबा-उकुम् व अब्ना-उकुम् ला तद्रू-न अय्युहुम् अक़्रबु लकुम् नफ़्अन् ط फ़रीज़-तम् - मिनल्लाहि ط इन्नल्ला - ह का - न अलीमन् हकीमा (११)

النِّكَاحَ ۚ فَإِنْ آنَسْتُم مِّنْهُمْ رُشْدًا فَادْفَعُوا إِلَيْهِمْ أَمْوَالَهُمْ ۖ
وَلَا تَأْكُلُوهَا إِسْرَافًا وَبِدَارًا أَن يَكْبَرُوا ۚ وَمَن كَانَ غَنِيًّا
فَلْيَسْتَعْفِفْ ۖ وَمَن كَانَ فَقِيرًا فَلْيَأْكُلْ بِالْمَعْرُوفِ ۚ فَإِذَا
دَفَعْتُمْ إِلَيْهِمْ أَمْوَالَهُمْ فَأَشْهِدُوا عَلَيْهِمْ ۚ وَكَفَىٰ بِاللَّهِ حَسِيبًا ۝
لِّلرِّجَالِ نَصِيبٌ مِّمَّا تَرَكَ الْوَالِدَانِ وَالْأَقْرَبُونَ وَلِلنِّسَاءِ نَصِيبٌ
مِّمَّا تَرَكَ الْوَالِدَانِ وَالْأَقْرَبُونَ مِمَّا قَلَّ مِنْهُ أَوْ كَثُرَ ۚ نَصِيبًا
مَّفْرُوضًا ۝ وَإِذَا حَضَرَ الْقِسْمَةَ أُولُو الْقُرْبَىٰ وَالْيَتَامَىٰ وَالْمَسَاكِينُ
فَارْزُقُوهُم مِّنْهُ وَقُولُوا لَهُمْ قَوْلًا مَّعْرُوفًا ۝ وَلْيَخْشَ الَّذِينَ
لَوْ تَرَكُوا مِنْ خَلْفِهِمْ ذُرِّيَّةً ضِعَافًا خَافُوا عَلَيْهِمْ فَلْيَتَّقُوا اللَّهَ
وَلْيَقُولُوا قَوْلًا سَدِيدًا ۝ إِنَّ الَّذِينَ يَأْكُلُونَ أَمْوَالَ الْيَتَامَىٰ
ظُلْمًا إِنَّمَا يَأْكُلُونَ فِي بُطُونِهِمْ نَارًا ۖ وَسَيَصْلَوْنَ سَعِيرًا ۝ يُوصِيكُمُ
اللَّهُ فِي أَوْلَادِكُمْ ۖ لِلذَّكَرِ مِثْلُ حَظِّ الْأُنثَيَيْنِ ۚ فَإِن كُنَّ نِسَاءً
فَوْقَ اثْنَتَيْنِ فَلَهُنَّ ثُلُثَا مَا تَرَكَ ۖ وَإِن كَانَتْ وَاحِدَةً فَلَهَا النِّصْفُ ۚ
وَلِأَبَوَيْهِ لِكُلِّ وَاحِدٍ مِّنْهُمَا السُّدُسُ مِمَّا تَرَكَ إِن كَانَ لَهُ
وَلَدٌ ۚ فَإِن لَّمْ يَكُن لَّهُ وَلَدٌ وَوَرِثَهُ أَبَوَاهُ فَلِأُمِّهِ الثُّلُثُ ۚ فَإِن
كَانَ لَهُ إِخْوَةٌ فَلِأُمِّهِ السُّدُسُ ۚ مِن بَعْدِ وَصِيَّةٍ يُوصِي بِهَا
أَوْ دَيْنٍ ۗ آبَاؤُكُمْ وَأَبْنَاؤُكُمْ لَا تَدْرُونَ أَيُّهُمْ أَقْرَبُ لَكُمْ نَفْعًا ۚ

★रु. १/१२ आ १०

और पहनाते रहो और उनसे मुनासिब बातें कहते रहो। (५) और यतीमों को बालिग़ होने तक काम-काज में लगाये रखो, फिर (बालिग़ होने पर) अगर उन में अक़्ल की पुख़्तगी देखो, तो उनका माल उनके हवाले कर दो और इस डर से कि वे बड़े हो जाएंगे (यानी बड़े होकर तुम से अपना माल वापस ले लेंगे) उसको फ़िज़ूलख़र्ची और जल्दी में न उड़ा देना। जो शख़्स ख़ुशहाल हो उसको (ऐसे माल से क़तई तौर पर) परहेज़ रखना चाहिए और जो बद-हाल हो, वह मुनासिब तौर पर (यानी ख़िदमत के बराबर) कुछ ले ले और जब उन का माल उनके सुपुर्द करने लगो तो गवाह कर लिया करो और हक़ीक़त में तो ख़ुदा ही गवाह (और) हिसाब लेने वाला काफ़ी है। (६) जो माल मां-बाप और रिश्तेदार छोड़ मरें, थोड़ा हो या बहुत, उसमें मर्दों का भी हिस्सा है और औरतों का भी। ये हिस्से (ख़ुदा के) मुक़र्रर किये हुए हैं। (७) और जब मीरास की तक़्सीम के वक़्त (ग़ैर वारिस) रिश्तेदार और यतीम और मुहताज आ जाएं, तो उन को भी उस में से कुछ दे दिया करो और मीठी बातों से पेश आया करो। (८) और ऐसे लोगों को डरना चाहिए जो (ऐसी हालत में हों कि) अपने बाद नन्हें-नन्हें बच्चे छोड़ जाएं और उन को उन के बारे में डर हो (कि उनके मरने के बाद इन बेचारों का क्या हाल होगा) पस चाहिए कि ये लोग ख़ुदा से डरें और माक़ूल बात कहें। (९) जो लोग यतीमों का माल नाजायज़ तौर पर खाते हैं, वे अपने पेट में आग भरते हैं और दोज़ख़ में डाले जाएंगे। (१०) ★

ख़ुदा तुम्हारी औलाद के बारे में तुम को इर्शाद फ़रमाता है कि एक लड़के का हिस्सा दो लड़कियों के हिस्से के बराबर है और अगर मरने वाले की औलाद सिर्फ़ लड़कियां ही हों (यानी दो या) दो से ज़्यादा, तो कुल तर्के में उन का दो तिहाई और अगर सिर्फ़ एक लड़की हो तो उस का हिस्सा आधा और मय्यत के मां-बाप का यानी दोनों में हर एक का तर्के में छठा हिस्सा, बशर्ते कि मय्यत के औलाद हो, और अगर औलाद न हो और सिर्फ़ मां-बाप ही उस के वारिस हों तो एक तिहाई मां का हिस्सा। और अगर मय्यत के भाई भी हों तो मां का छठा हिस्सा (और मय्यत के तर्के की यह तक़्सीम) वसीयत (के पूरा करने) के बाद, जो उसने की हो या क़र्ज़ के (अदा होने के बाद जो उसके ज़िम्मे हो, अमल में आएगी) तुम को मालूम नहीं कि तुम्हारे बाप-दादों, बेटों-पोतों में से फ़ायदे के लिहाज़ से कौन तुम से ज़्यादा क़रीब है। ये हिस्से ख़ुदा के मुक़र्रर किये हुए हैं और ख़ुदा सब कुछ जानने वाला और हिक्मत वाला है। (११) और जो माल तुम्हारी औरतें छोड़ मरें, अगर

★रु. १/१२ आ १०

व लकुम् निस्फ़ु मा त-र-क अज़्वाजुकुम् इल्लम् यकुल्लहुन्-न व-लदुन्ॡ फ़ इन् का-न लहुन्-न व-लदुन् फ़ लकुमुर्रुबुअ़ु मिम्मा त-रक्-न मिम्बअ़्-दि वसिय्यतिंय्यूसी-न बिहा औदैनिन् ॥ व लहुन्नर्रुबुअ़ु मिम्मा त-रक्तुम् इल्लम् यकुल्लकुम् व-लदुन्ॡ फ़ इन् का-न लकुम् व-लदुन् फ़ लहुन्नस्सुमुनु मिम्मा तरक्तुम् मिम्बअ़्-दि वसिय्यतिन् तूसू-न बिहा औदैनिन् ॥ व इन्का-न रजुलुंय-यूरसु कलाल-तन् अविम्र-अतुंव् - व लहू अख़ुन् औ उख़्तुन् फ़ लि कुल्लि वाहिदिम् - मिन्हुमस्सुदुसु ॡ फ़ इन् कानू अक्स-र मिन् ज़ालि-क फ़हुम् शुरका-उ फ़िस्सुलुसि मिम्बअ़्-दि वसिय्यतिंय्यूसा बिहा औदैनिन् ॥ ग़ै - र मुज़ार्रिन् ॡ वसिय्यतम् - मिनल्लाहि ॥ वल्लाहु अलीमुन् हलीम ॥ (१२) तिल्-क हुदूदुल्लाहि ॥ व मंय्युतिअिल्ला-ह व रसूलहू युद्ख़िलहु जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल् - अन्हारु ख़ालिदी-न फ़ीहा ॥ व ज़ालिकल्-फ़ौज़ुल् - अज़ीम (१३) व मंय्यअ़्-सिल्ला-ह व रसूलहू व य-त-अ़-द्-द हुदूदहू युद्ख़िलहु नारन् ख़ालिदन् फ़ीहा ॥ व लहू अज़ाबुम्-मुहीन★(१४) वल्लाती यअ़्तीनल्-फ़ाहि-श-त मिन् निसा-इकुम् फ़स्तश्हिदू अलैहिन्-न अर्ब-अ-तम्-मिन्कुम्ॡ फ़ इन् शहिदू फ़ अम्सिकू-हुन्-न फ़िल्बुयूति हत्ता य-त-वफ़्फ़ा-हुन्नल्मौतु औ यज-अ़-लल्लाहु लहुन्-न सबीला (१५) वल्लज़ानि यअ़्तियानिहा मिन्कुम् फ़ आज़ूहुमा ॡ फ़ इन् ताबा व अस्लहा फ़ अअ़्-रिज़ू अन्हुमा ॥ इन्नल्ला-ह का-न तव्वाबर्रहीमा (१६) इन्नमत्तौबतु अ़ - लल्लाहि लिल्लज़ी-न यअ़्-मलूनस्सू-अ बि जहालतिन् सुम् - म यतूबू-न मिन् क़रीबिन् फ़ उला-इ-क यतूबुल्लाहु अलैहिम् ॥ व कानल्लाहु अलीमन् हकीमा (१७)

فَرِيضَةً مِّنَ اللَّهِ إِنَّ اللَّهَ كَانَ عَلِيمًا حَكِيمًا ۝١١ وَلَكُمْ نِصْفُ مَا تَرَكَ
أَزْوَاجُكُمْ إِن لَّمْ يَكُن لَّهُنَّ وَلَدٌ فَإِن كَانَ لَهُنَّ وَلَدٌ فَلَكُمُ الرُّبُعُ
مِمَّا تَرَكْنَ مِن بَعْدِ وَصِيَّةٍ يُوصِينَ بِهَا أَوْ دَيْنٍ وَلَهُنَّ الرُّبُعُ
مِمَّا تَرَكْتُمْ إِن لَّمْ يَكُن لَّكُمْ وَلَدٌ فَإِن كَانَ لَكُمْ وَلَدٌ فَلَهُنَّ
الثُّمُنُ مِمَّا تَرَكْتُم مِّن بَعْدِ وَصِيَّةٍ تُوصُونَ بِهَا أَوْ دَيْنٍ وَإِن
كَانَ رَجُلٌ يُورَثُ كَلَالَةً أَوِ امْرَأَةٌ وَلَهُ أَخٌ أَوْ أُخْتٌ فَلِكُلِّ وَاحِدٍ
مِّنْهُمَا السُّدُسُ فَإِن كَانُوا أَكْثَرَ مِن ذَٰلِكَ فَهُمْ شُرَكَاءُ فِي الثُّلُثِ
مِن بَعْدِ وَصِيَّةٍ يُوصَىٰ بِهَا أَوْ دَيْنٍ غَيْرَ مُضَارٍّ وَصِيَّةً مِّنَ اللَّهِ
وَاللَّهُ عَلِيمٌ حَلِيمٌ ۝١٢ تِلْكَ حُدُودُ اللَّهِ وَمَن يُطِعِ اللَّهَ وَرَسُولَهُ
يُدْخِلْهُ جَنَّاتٍ تَجْرِي مِن تَحْتِهَا الْأَنْهَارُ خَالِدِينَ فِيهَا وَذَٰلِكَ
الْفَوْزُ الْعَظِيمُ ۝١٣ وَمَن يَعْصِ اللَّهَ وَرَسُولَهُ وَيَتَعَدَّ حُدُودَهُ
يُدْخِلْهُ نَارًا خَالِدًا فِيهَا وَلَهُ عَذَابٌ مُّهِينٌ ۝١٤ وَاللَّاتِي يَأْتِينَ
الْفَاحِشَةَ مِن نِّسَائِكُمْ فَاسْتَشْهِدُوا عَلَيْهِنَّ أَرْبَعَةً مِّنكُمْ فَإِن
شَهِدُوا فَأَمْسِكُوهُنَّ فِي الْبُيُوتِ حَتَّىٰ يَتَوَفَّاهُنَّ الْمَوْتُ أَوْ يَجْعَلَ
اللَّهُ لَهُنَّ سَبِيلًا ۝١٥ وَاللَّذَانِ يَأْتِيَانِهَا مِنكُمْ فَآذُوهُمَا فَإِن تَابَا وَ
أَصْلَحَا فَأَعْرِضُوا عَنْهُمَا إِنَّ اللَّهَ كَانَ تَوَّابًا رَّحِيمًا ۝١٦ إِنَّمَا التَّوْبَةُ
عَلَى اللَّهِ لِلَّذِينَ يَعْمَلُونَ السُّوءَ بِجَهَالَةٍ ثُمَّ يَتُوبُونَ مِن قَرِيبٍ

★रु. २/१३ आ ४.

उन के औलाद न हो, तो उस में आधा हिस्सा तुम्हारा और अगर औलाद हो तो तर्के में तुम्हारा हिस्सा चौथाई। (लेकिन यह बांट) वसीयत (के पूरा करने) के बाद, जो उन्होंने की हो या क़र्ज़ के (अदा होने के बाद, जो उन के ज़िम्मे हो) की जाएगी और जो माल तुम (मर्द) छोड़ मरो, अगर तुम्हारे औलाद न हो तो तुम्हारी औरतों का उसमें चौथा हिस्सा। और अगर औलाद हो तो उन का आठवां हिस्सा। (ये हिस्से) तुम्हारी वसीयत (के पूरा करने के) बाद जो तुम ने की हो और क़र्ज़ के (अदा होने के बाद) बांटे जाएंगे। और अगर ऐसे मर्द या औरत की मीरास हो, जिसके न बाप हो, न बेटा, मगर उसके भाई या बहन हो तो उनमें से हर एक का छठा हिस्सा और अगर एक से ज़्यादा हों तो सब एक तिहाई में शरीक होंगे। (ये हिस्से भी) वसीयत व क़र्ज़ के अदा होने के बाद, बशर्तेकि उनसे मय्यत ने किसी का नुक़सान न किया हो (तक़सीम किये जाएंगे।) यह ख़ुदा का फ़रमान है और ख़ुदा निहायत इल्म वाला (और) निहायत हिल्म वाला है। (१२) ये (तमाम हुक्म) ख़ुदा की हदें हैं और जो आदमी ख़ुदा और उसके पैग़म्बर की फ़रमांबरदारी करेगा, ख़ुदा उसको जन्नतों में दाख़िल करेगा, जिन में नहरें बह रही हैं, वे उनमें हमेशा रहेंगे और यह बड़ी कामियाबी है। (१३) और जो ख़ुदा और उसके रसूल की ना-फ़रमानी करेगा, और उस की हदों से निकल जाएगा, उस को ख़ुदा दोज़ख़ में डालेगा, जहां वह हमेशा रहेगा और उस को ज़िल्लत का अज़ाब होगा। (१४)★

الْعَذَابِ ۚ يُقَتِّلُونَ أَبْنَآءَكُمْ وَيَسْتَحْيُونَ نِسَآءَكُمْ ۚ وَفِي ذٰلِكُم بَلَآءٌ
مِّن رَّبِّكُمْ عَظِيمٌ ۝ وَوٰعَدْنَا مُوسَىٰ ثَلٰثِينَ لَيْلَةً وَأَتْمَمْنٰهَا
بِعَشْرٍ فَتَمَّ مِيقٰتُ رَبِّهِۦٓ أَرْبَعِينَ لَيْلَةً ۚ وَقَالَ مُوسَىٰ لِأَخِيهِ
هٰرُونَ اخْلُفْنِي فِي قَوْمِي وَأَصْلِحْ وَلَا تَتَّبِعْ سَبِيلَ الْمُفْسِدِينَ ۝
وَلَمَّا جَآءَ مُوسَىٰ لِمِيقٰتِنَا وَكَلَّمَهُۥ رَبُّهُۥ ۚ قَالَ رَبِّ أَرِنِيٓ أَنظُرْ
إِلَيْكَ ۚ قَالَ لَن تَرٰىنِي وَلٰكِنِ انظُرْ إِلَى الْجَبَلِ فَإِنِ اسْتَقَرَّ
مَكَانَهُۥ فَسَوْفَ تَرٰىنِي ۚ فَلَمَّا تَجَلّٰى رَبُّهُۥ لِلْجَبَلِ جَعَلَهُۥ دَكًّا وَّخَرَّ
مُوسَىٰ صَعِقًا ۚ فَلَمَّآ أَفَاقَ قَالَ سُبْحٰنَكَ تُبْتُ إِلَيْكَ وَأَنَا۠ أَوَّلُ
الْمُؤْمِنِينَ ۝ قَالَ يٰمُوسَىٰٓ إِنِّي اصْطَفَيْتُكَ عَلَى النَّاسِ بِرِسٰلٰتِي
وَبِكَلٰمِي ۖ فَخُذْ مَآ اٰتَيْتُكَ وَكُن مِّنَ الشّٰكِرِينَ ۝ وَكَتَبْنَا لَهُۥ
فِي الْأَلْوَاحِ مِن كُلِّ شَيْءٍ مَّوْعِظَةً وَتَفْصِيلًا لِّكُلِّ شَيْءٍ
فَخُذْهَا بِقُوَّةٍ وَأْمُرْ قَوْمَكَ يَأْخُذُوا بِأَحْسَنِهَا ۚ سَأُورِيكُمْ دَارَ
الْفٰسِقِينَ ۝ سَأَصْرِفُ عَنْ اٰيٰتِيَ الَّذِينَ يَتَكَبَّرُونَ فِي الْأَرْضِ

★रु. १६/६ आ १२

वह बरबाद होने वाला है और जो काम ये करते हैं, सब बेहूदा हैं। (१३९) (और यह भी) कहा कि भला मैं ख़ुदा के सिवा तुम्हारे लिए कोई और माबूद खोजूं हालांकि उस ने तुम को तमाम दुनिया वालों पर फ़ज़ीलत बख़्शी है। (१४०) और (हमारे उन एहसानों को याद करो) जब हम ने तुम को फ़िरऔनियों (के हाथ) से निजात बख़्शी, वे लोग तुम को बड़ा दुख देते थे। तुम्हारे बेटों को तो क़त्ल कर डालते थे और बेटियां ज़िन्दा रहने देते थे और इस में तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से सख़्त आज़माइश थी। (१४१) ★

और हम ने मूसा से तीस रात की मीयाद मुक़र्रर की और दस (रातें) और मिला कर उसे पूरा (चिल्ला) कर दिया, तो उस के परवरदिगार की चालीस रात की मीयाद पूरी हो गयी। और मूसा ने अपने भाई हारून से कहा कि मेरे (तूर पहाड़ पर जाने के) बाद तुम मेरी क़ौम में जानशीन हो, (उन की) इस्लाह करते रहना और शरीरों के रास्ते पर न चलना।[1] (१४२) और जब मूसा हमारे मुक़र्रर किए हुए वक़्त पर (तूर पहाड़ पर) पहुंचे और उन के परवरदिगार ने उन से कलाम किया तो कहने लगे कि ऐ परवरदिगार! तू मुझे (जलवा) दिखा कि मैं तेरा दीदार (भी) देखूं। परवरदिगार ने फ़रमाया कि तुम मुझे हरगिज़ न देख सकोगे। हां, पहाड़ की तरफ़ देखते रहो, अगर यह अपनी जगह क़ायम रहा तो तुम मुझ को देख सकोगे। जब उन का परवरदिगार पहाड़ पर ज़ाहिर हुआ तो (रब के अन्वार की तजल्ली ने) उस को रेज़ा-रेज़ा कर दिया और मूसा बे-होश हो कर गिर पड़े। जब होश में आये तो कहने लगे कि तेरी ज़ात पाक है और मैं तेरे हुज़ूर में तौबा करता हूं और जो ईमान लाने वाले हैं उन में सब से अव्वल हूं। (१४३) (ख़ुदा ने (फ़रमाया, मूसा! मैं ने तुम को अपने पैग़ाम और अपने कलाम से लोगों से मुम्ताज़ किया है, तो जो मैं ने तुम को अता किया है, उसे पकड़ रखो और (मेरा) शुक्र बजा लाओ। (१४४) और हम ने (तौरात की) तख़्तियों में उन के लिए हर क़िस्म की नसीहत और हर चीज़ की तफ़्सील लिख दी, फिर (इर्शाद फ़रमाया कि) इसे ज़ोर से पकड़े रहो और अपनी क़ौम से भी कह दो कि इन बातों को, जो इस में (दर्ज हैं और) बहुत बेहतर हैं, पकड़े रहें। मैं बहुत जल्द तुम को ना-फ़रमान लोगों का घर

---

१. ख़ुदा ने हज़रत मूसा अलैहिस्सलाम को चालीस रातों के लिए बुलाया था, ताकि उन को तौरात इनायत की जाए। इब्ने अब्बास रज़ि० कहते हैं कि हज़रत मूसा ने अपनी क़ौम से कहा कि ख़ुदा ने मुझे तीस रात के लिए तलब फ़रमाया है। मैं तुम में अपने भाई हारून को अपनी जगह छोड़े जाता हूं। जब मूसा अलैहिस्सलाम वहां से तशरीफ़ ले गये, तो अल्लाह तआला ने दस रातें और बढ़ा दीं। इस आख़िरी दस दिन में बनी इस्राईल बछड़े की पूजा कर के गुमराह हो गये। चुनांचे सामरी के बछड़ा बनाने का क़िस्सा आगे आता है। जिस तरह मूसा अलैहिस्सलाम ने अपनी क़ौम के लोगों से कहा था कि मैं तुम में अपने भाई हारून को जानशीन करता हूं, इसी तरह हज़रत हारून से कहा कि आप मेरी क़ायम मक़ामी कीजिएगा और इन लोगों की इस्लाह करते रहिएगा ताकि कोई फ़साद न होने पाए।

★रु. १६/६ आ १२

स-अस्रिफ़ु अन् आयातियल्लज़ी-न य-त-कब्बरू-न फ़िल्अर्ज़ि बिग़ैरिल्-हक़्क़ि व इंय्यरौ कुल्-ल आयतिल्ला-युअ्मिनू बिहा व इंय्यरौ सबीलर्रुश्दि ला यत्तख़िज़ूहु सबीलन् व इंय्यरौ सबीलल्ग़य्यि यत्तख़िज़ूहु सबीलन् ज़ालि-क बिअन्नहुम् कज़्ज़बू बिआयातिना व कानू अन्हा ग़ाफ़िलीन (१४६)

वल्लज़ी-न कज़्ज़बू बिआयातिना व लिक़ाइल्-आख़िरति हबितत् अअ्-मालुहुम् हल् युज्ज़ौ-न इल्ला मा कानू यअ्-मलून ★ (१४७) वत्त-ख़-ज़ क़ौमु मूसा मिम्बअ्-दिही मिन् हुलिय्यिहिम् अिज्लन् ज-स-दल्लहू ख़ुवारुन् अ-लम् यरौ अन्नहू ला युकल्लिमुहुम् व ला यह्दीहिम् सबीला ※ इत्त-ख़ज़ूहु व कानू ज़ालिमीन (१४८) व लम्मा सुक़ि-त फ़ी ऐदीहिम् व रऔ अन्नहुम् क़द् ज़ल्लू क़ालू लइल्लम् यर्हम्ना रब्बुना व यग़्फ़िर्लना ल-नकूनन्-न मिनल्ख़ासिरीन (१४९) व लम्मा र-ज-अ मूसा इला क़ौमिही ग़ज़्बा-न असिफ़न् क़ा-ल बिअ्-समा ख़-लफ़्तुमूनी मिम्बअ्-दी अ अजिल्तुम् अम-र रब्बिकुम् व अल्क़ल्-अल्वा-ह व अ-ख़-ज़ बिरअ्सि अख़ीहि यजुर्रुहू इलैहि क़ालब्-न उम्-म इन्नल्-क़ौमस्तज़्-अफ़ूनी व कादू यक़्तुलूननी फ़ला तुश्मित् बियल्-अअ्-दा-अ व ला तज्-अल्नी म-अल्-क़ौमिज़्ज़ालिमीन (१५०) क़ा-ल रब्बिग़्फ़िर्ली व लि-अख़ी व अद्ख़िल्ना फ़ी रह्मति-क व अन्-त अर्हमुर्-राहिमीन ★ (१५१) इन्नल्लज़ीनत्त-ख़ज़ुल्-अिज्-ल स-यनालुहुम् ग़-ज़बुम्मिर्रब्बिहिम् व ज़िल्लतुन् फ़िल्हयातिद्दुन्या व कज़ालि-क नज्ज़िल्-मुफ़्तरीन (१५२) वल्लज़ी-न अमिलुस्सय्यिआति सुम्-म ताबू मिम्बअ्-दिहा व आमनू इन्-न रब्ब-क मिम्बअ्-दिहा ल-ग़फ़ूरुर्रहीम (१५३)

بغير الحق وإن يروا كل آية لا يؤمنوا بها وإن يروا سبيل
الرشد لا يتخذوه سبيلا وإن يروا سبيل الغي يتخذوه
سبيلا ذلك بأنهم كذبوا بآياتنا وكانوا عنها
غافلين ۝ والذين كذبوا بآياتنا ولقاء الآخرة حبطت أعمالهم
هل يجزون إلا ما كانوا يعملون ۝ واتخذ قوم موسى من
بعده من حليهم عجلا جسدا له خوار ألم يروا أنه لا
يكلمهم ولا يهديهم سبيلا اتخذوه وكانوا ظالمين ۝ ولما
سقط في أيديهم ورأوا أنهم قد ضلوا قالوا لئن لم يرحمنا
ربنا ويغفر لنا لنكونن من الخاسرين ۝ ولما رجع موسى إلى
قومه غضبان أسفا قال بئسما خلفتموني من بعدي
أعجلتم أمر ربكم وألقى الألواح وأخذ برأس أخيه يجره
إليه قال ابن أم إن القوم استضعفوني وكادوا يقتلونني
فلا تشمت بي الأعداء ولا تجعلني مع القوم الظالمين ۝ قال
رب اغفر لي ولأخي وأدخلنا في رحمتك وأنت أرحم الراحمين ۝
إن الذين اتخذوا العجل سينالهم غضب من ربهم وذلة
في الحياة الدنيا وكذلك نجزي المفترين ۝ والذين عملوا
السيئات ثم تابوا من بعدها وآمنوا إن ربك من بعدها لغفور

★रु. १७/७ आ ६ ※व. लाज़िम ★रु. १८/८ आ ४

दिखाऊंगा। (१४५) जो लोग जमीन में ना-हक़ घमंड करते हैं, उन को अपनी आयतों से फेर दूंगा। अगर ये सब निशानियां भी देख लें, तब भी उन पर ईमान न लाएं और अगर रास्ती का रास्ता देखें तो उसे (अपना) रास्ता न बनाएं। और अगर गुमराही की राह देखें तो उसे रास्ता बना लें। यह इस लिए कि उन्हों ने हमारी आयतों को झुठलाया और उस से ग़फ़लत करते रहे। (१४६) और जिन लोगों ने हमारी आयतों और आखिरत के आने को झुठलाया, उन के आमाल बर्बाद हो जाएंगे। ये जैसे अमल करते हैं वैसा ही उन को बदला मिलेगा। (१४७) ★

और मूसा की क़ौम ने मूसा के बाद अपने ज़ेवर का एक बछड़ा बना लिया। (वह) एक जिस्म (था) जिस में से बैल की आवाज़ निकलती थी। उन लोगों ने यह न देखा कि वह न उन से बात कर सकता है और न उन को रास्ता दिखा सकता है ▨उस को उन्होंने (माबूद) बना लिया और (अपने हक़ में) ज़ुल्म किया।[1] (१४८) और जब वे शर्मिंदा हुए और देखा कि गुमराह हो गये हैं, तो कहने लगे कि अगर हमारा परवरदिगार हम पर रहम नहीं करेगा और हम को माफ़ नहीं फ़रमायेगा तो हम बर्बाद हो जाएंगे। (१४९) और जब मूसा अपनी क़ौम में निहायत गुस्से और अफ़सोस की हालत में वापस आये तो कहने लगे कि तुमने मेरे बाद बहुत ही बुरा काम किया। क्या तुम ने अपने परवरदिगार का हुक्म (यानी मेरा अपने पास आना) जल्द चाहा। (यह कहा) और (गुस्से की तेज़ी से तौरात की) तख्तियां डाल दीं और अपने भाई के सर (के बालों) को पकड़ कर अपनी तरफ़ खींचने लगे। उन्होंने कहा कि भाई जान! लोग तो मुझे कमजोर समझते थे और क़रीब था कि क़त्ल कर दें, तो ऐसा काम न कीजिए कि दुश्मन मुझ पर हंसें और मुझे ज़ालिम लोगों में मत मिलाइए। (१५०) तब उन्होंने दुआ की कि ऐ मेरे परवरदिगार! मुझे और मेरे भाई को माफ़ फ़रमा और हमें अपनी रहमत में दाखिल कर, तू सब से बढ़ कर रहम करने वाला है। (१५१) ★

(ख़ुदा ने फ़रमाया कि) जिन लोगों ने बछड़े को माबूद बना लिया था, उन पर परवरदिगार का ग़ज़ब वाक़े होगा और दुनिया की जिंदगी में ज़िल्लत (नसीब होगी) और हम झूठ गढ़ने वालों को ऐसा ही बदला दिया करते हैं। (१५२) और जिन्होंने बुरे काम किए, फिर उसके बाद तौबा कर ली और ईमान ले आए, तो कुछ शक नहीं कि तुम्हारा परवरदिगार इस के बाद (बख्श देगा कि वह)

---

१. ऐसा मालूम होता है कि मूसा अलैहिस्सलाम की क़ौम के लोग अक़्ल व होश से काम नहीं लेते थे। मूसा अलैहिस्सलाम के तूर पहाड़ पर चले जाने के बाद, एक शख्स सामरी नाम का, जो उन्हीं लोगों में से था, उन से कहने लगा कि मैं तुम को एक ख़ुदा बना देता हूं, उस की पूजा किया करना। उन्हों ने यह बात मान ली तो उस ने सोने के गहने इकट्ठा किये और उस को गला कर बछड़ा बनाया और उस के मुंह में हज़रत जिब्रील के घोड़े के पांव के तले की मुट्ठी भर मिट्टी, जो उस को मिल गयी थी, डाल दी। वह गाय की-सी आवाज़ करने लगा। सामरी ने कहा, लो यह ख़ुदा है, इस की पूजा करो। वे उस की पूजा करने लगे। ख़ुदा फ़रमाता है कि उन्हों ने इतना न सोचा कि यह कैसा माबूद है, जो न कलाम करने की ताक़त रखता है और न हिदायत कर सकता है, भला बछड़ा क्या और ख़ुदा क्या? और जो यह फ़रमाया कि मूसा की क़ौम ने मूसा के बाद अपने ज़ेवर का एक बछड़ा बना लिया, हालांकि बछड़ा सामरी ने बनाया था, तो इस वजह से है कि सामरी उन्हीं में से था और सब उस के इस काम से खुश थे।

व लम्मा स-क-त अम्मूसल्-ग़-ज़बु अ-ख़-ज़ल्-अल्वा-ह़ व फ़ी नुस्ख़तिहा हुदंव्-व रह़्मतुल्-लिल्लज़ी-न हुम् लिरब्बिहिम् यर्हबून (१५४) वख़्ता-र मूसा क़ौमहू सब्अी-न रजुलल् लिमीक़ातिना फ़-लम्मा अ-ख़-ज़त्-हुमुर्रज्-फ़तु क़ा-ल रब्बि लौ शिअ्-त अह्-लक्तहुम् मिन् क़ब्लु व इय्या-य अतुह्लिकुना बिमा फ़-अ-लस्सुफ़हाउ मिन्ना इन् हि-य इल्ला फ़ित्नतु-क तुज़िल्लु बिहा मन् तशाउ व तह्दी मन् तशाउ अन्-त वलिय्युना फ़ग़्फ़िर्लना वर्हम्ना व अन्-त ख़ैरुल्ग़ाफ़िरीन (१५५) वक्तुब् लना फ़ी हाज़िहिद्दुन्या ह़-स-न-तंव्-व फ़िल्आख़िरति इन्ना हुद्ना इलै-क क़ा-ल अ़ज़ाबी उसीबु बिही मन् अशाउ व रह़्मती वसि-अत् कुल्-ल शैइन् फ़-स-अक्तुबुहा लिल्लज़ी-न यत्तक़ू-न व युअ्तूनज़्ज़का-त वल्लज़ी-न हुम् बिआयातिना युअ्मिनून (१५६) अल्लज़ी-न यत्तबिअूनर्-रसूलन्नबिय्यल्-उम्मिय्यल्लज़ी यजिदूनहू मक्तूबन् अ़िन्दहुम् फ़ित्तौराति वल्इन्जीलि यअ्मुरुहुम् बिल्मअ्-रूफ़ि व यन्हाहुम् अ़निल्मुन्करि व युहिल्लु लहुमुत्तय्यिबाति व युह़र्रिमु अ़लैहिमुल्-ख़बाइ-स व य-ज़-अु अ़न्हुम् इस्रहुम् वल्अग़्लालल्लती कानत् अ़लैहिम् फ़ल्लज़ी-न आमनू बिही व अ़ज़्ज़रूहु व न-स-रूहु वत्तबअुन्नूरल्लज़ी उन्ज़ि-ल म-अ़हू उलाइ-क हुमुल्-मुफ़्लिहून★ (१५७) क़ुल् या अय्युहन्नासु इन्नी रसूलुल्लाहि इलैकुम् जमी-अ़-निल्लज़ी लहू मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि ला इला-ह इल्ला हु-व युह़्यी व युमीतु फ़-आमिनू बिल्लाहि व रसूलिहिन्नबिय्यिल्-उम्मिय्यिल्लज़ी युअ्मिनु बिल्लाहि व कलिमातिही वत्तबिअूहु ल-अ़ल्लकुम् तह्तदून (१५८)

يجزون ۝ ولما سكت عن موسى الغضب اخذ الالواح ۖ وفي
نسختها هدى ورحمة للذين هم لربهم يرهبون ۝ واختار
موسى قومه سبعين رجلا لميقاتنا ۖ فلما اخذتهم الرجفة قال
رب لو شئت اهلكتهم من قبل واياي ۖ اتهلكنا بما فعل
السفهاء منا ۖ ان هي الا فتنتك تضل بها من تشاء وتهدي
من تشاء ۖ انت ولينا فاغفر لنا وارحمنا ۖ وانت خير الغافرين ۝
واكتب لنا في هذه الدنيا حسنة وفي الاخرة انا هدنا اليك ۚ
قال عذابي اصيب به من اشاء ۖ ورحمتي وسعت كل شيء ۚ
فساكتبها للذين يتقون ويؤتون الزكاة والذين هم باياتنا
يؤمنون ۝ الذين يتبعون الرسول النبي الامي الذي يجدونه
مكتوبا عندهم في التوراة والانجيل يامرهم بالمعروف و
ينهاهم عن المنكر ويحل لهم الطيبات ويحرم عليهم الخبائث
ويضع عنهم اصرهم والاغلال التي كانت عليهم ۚ فالذين امنوا
به وعزروه ونصروه واتبعوا النور الذي انزل معه ۙ اولئك هم
المفلحون ۝ قل يا ايها الناس اني رسول الله اليكم جميعا
الذي له ملك السماوات والارض ۖ لا اله الا هو يحيي ويميت ۖ
فامنوا بالله ورسوله النبي الامي الذي يؤمن بالله وكلماته

★रु. १९/९ आ ६

बख़्शने वाला मेहरबान है। (१५३) और जब मूसा का गुस्सा दूर हुआ तो (तौरात की) तख्तियां उठा लीं और जो कुछ उन में लिखा था, वह उन लोगों के लिए, जो अपने परवरदिगार से डरते हैं, हिदायत और रहमत थी। (१५४) और मूसा ने उस मीआद पर, जो हमने मुक़र्रर की थी, अपनी क़ौम के सत्तर आदमी चुन (कर के तूर पहाड़ पर हाज़िर) किए। जब उन को ज़लज़ले ने पकड़ा तो मूसा ने कहा कि ऐ परवरदिगार ! अगर तू चाहता तो उन को और मुझ को पहले ही से हलाक कर देता। क्या तू इस काम की सज़ा में, जो हम में से बे-अक़्ल लोगों ने किया है, हमें हलाक कर देगा। यह तो तेरी आज़माइश है। इस से तू जिस को चाहे, गुमराह करे और जिसे चाहे हिदायत बख़्शे, तू ही हमारा कारसाज़ है, तो हमें (हमारे गुनाह) बख़्श दे और हम पर रहम फ़रमा और तू सब से बेहतर बख़्शने वाला है। (१५५) और हमारे लिए इस दुनिया में भी, भलाई लिख दे और आख़िरत में, भी हम तेरी तरफ़ रुजू हो चुके। फ़रमाया कि जो मेरा अज़ाब है, उसे तो जिस पर चाहता हूं नाज़िल करता हूं और जो मेरी रहमत है, वह हर चीज़ को शामिल है। मैं इस को उन लोगों के लिए लिख दूंगा जो परहेज़गारी करते, और ज़कात देते और हमारी आयतों पर ईमान रखते हैं। (१५६) वे जो (मुहम्मद, अल्लाह के) रसूल के जो नबी-ए-उम्मी हैं, पैरवी करते हैं, जिन की (ख़ूबियों) को वे अपने यहां तौरात और इंजील में लिखा हुआ पाते हैं, वे उन्हें नेक काम का हुक्म देते हैं और बुरे काम से रोकते हैं और पाक चीज़ों को उन के लिए हलाल करते हैं और नापाक चीज़ों को उन पर हराम ठहराते हैं और उन पर से बोझ और तौक़ जो उन (के सर) पर (और गले में) थे, उतारते हैं, तो जो लोग उन पर ईमान लाए और उन का साथ दिया और उन्हें मदद दी और जो नूर उन के साथ नाज़िल हुआ है, उसकी पैरवी की, वही मुराद पाने वाले हैं। (१५७) ★

(ऐ मुहम्मद !) कह दो कि लोगो ! मैं तुम सब की तरफ़ ख़ुदा का भेजा हुआ (यानी उस का रसूल) हूं। (वह) जो आसमानों और ज़मीन का बादशाह है, उसके सिवा कोई माबूद नहीं। वही ज़िंदगी बख़्शता और वही मौत देता है, तो ख़ुदा पर और उस के रसूल पैग़म्बर उम्मी पर, जो ख़ुदा पर और उसके तमाम कलाम पर ईमान रखते हैं, ईमान लाओ और उनकी पैरवी करो, ताकि

★रु. १९/६ आ ६

व मिन् क़ौमि मूसा उम्मतुंय्यह्दू-न बिल्हक़्क़ि व बिही यअ्-दिलून (१५९) व क़त्तअ्-ना-हुमुस्नतै-अश्-र-त अस्बातन् उम-मन् ♭ व औहैना इला मूसा इज़िस्तस्क़ाहु क़ौमुहू अनिज़्रिब् बिअ़साकल् - ह्-जर ♭ फ़म्ब-ज-सत् मिन्हुस्नता अश्-र-त अ़नन् ♭ क़द् अ़लि - म कुल्लु उनासिम्-मश्रबहुम् ♭ व ज़ल्लल्ना अ़लैहिमुल्-ग़मा-म व अन्ज़ल्ना अ़लैहिमुल्-मन्-न वस्सल्वा♭ कुलू मिन् तय्यिबाति मा र-ज़क़्नाकुम् ♭ व मा ज़-लमूना व लाकिन् कानू अन्फ़ुसहुम् यज़्लिमून (१६०) व इज़् क़ी-ल लहुमुस्कुनू हाज़िहिल्क़र्य-त व कुलू मिन्हा हैसु शिअ्तुम् व क़ूलू हित्ततुंव्वद्ख़ुलुल्बा-ब सुज्जदन्-नग़्फ़िर् लकुम् ख़तीआतिकुम् ♭ स-नज़ीदुल्-मुह्सिनीन (१६१) फ़-बद्-द-लल्लज़ी-न ज़-लमू मिन्हुम् क़ौलन् ग़ैरल्लज़ी क़ी-ल लहुम् फ़-अर्सल्ना अ़लैहिम् रिज्-ज़म्-मिनस्समा-इ बिमा कानू यज़्लिमून ★ (१६२) वस्-अल्हुम् अ़निल्क़र्यतिल्लती

وَاتَّبِعُوهُ لَعَلَّكُمْ تَهْتَدُونَ ۝ وَمِنْ قَوْمِ مُوسَىٰ أُمَّةٌ يَهْدُونَ بِالْحَقِّ
وَبِهِ يَعْدِلُونَ ۝ وَقَطَّعْنَاهُمُ اثْنَتَيْ عَشْرَةَ أَسْبَاطًا أُمَمًا ۚ وَأَوْحَيْنَا
إِلَىٰ مُوسَىٰ إِذِ اسْتَسْقَاهُ قَوْمُهُ أَنِ اضْرِبْ بِعَصَاكَ الْحَجَرَ ۖ فَانْبَجَسَتْ
مِنْهُ اثْنَتَا عَشْرَةَ عَيْنًا ۖ قَدْ عَلِمَ كُلُّ أُنَاسٍ مَشْرَبَهُمْ ۚ وَظَلَّلْنَا عَلَيْهِمُ
الْغَمَامَ وَأَنْزَلْنَا عَلَيْهِمُ الْمَنَّ وَالسَّلْوَىٰ ۖ كُلُوا مِنْ طَيِّبَاتِ مَا رَزَقْنَاكُمْ ۚ
وَمَا ظَلَمُونَا وَلَٰكِنْ كَانُوا أَنْفُسَهُمْ يَظْلِمُونَ ۝ وَإِذْ قِيلَ لَهُمُ اسْكُنُوا
هَٰذِهِ الْقَرْيَةَ وَكُلُوا مِنْهَا حَيْثُ شِئْتُمْ وَقُولُوا حِطَّةٌ وَادْخُلُوا
الْبَابَ سُجَّدًا نَغْفِرْ لَكُمْ خَطِيئَاتِكُمْ ۚ سَنَزِيدُ الْمُحْسِنِينَ ۝ فَبَدَّلَ
الَّذِينَ ظَلَمُوا مِنْهُمْ قَوْلًا غَيْرَ الَّذِي قِيلَ لَهُمْ فَأَرْسَلْنَا عَلَيْهِمْ
رِجْزًا مِنَ السَّمَاءِ بِمَا كَانُوا يَظْلِمُونَ ۝ وَاسْأَلْهُمْ عَنِ الْقَرْيَةِ الَّتِي
كَانَتْ حَاضِرَةَ الْبَحْرِ إِذْ يَعْدُونَ فِي السَّبْتِ إِذْ تَأْتِيهِمْ حِيتَانُهُمْ
يَوْمَ سَبْتِهِمْ شُرَّعًا وَيَوْمَ لَا يَسْبِتُونَ ۙ لَا تَأْتِيهِمْ ۚ كَذَٰلِكَ نَبْلُوهُمْ
بِمَا كَانُوا يَفْسُقُونَ ۝ وَإِذْ قَالَتْ أُمَّةٌ مِنْهُمْ لِمَ تَعِظُونَ قَوْمًا ۙ
اللَّهُ مُهْلِكُهُمْ أَوْ مُعَذِّبُهُمْ عَذَابًا شَدِيدًا ۖ قَالُوا مَعْذِرَةً إِلَىٰ رَبِّكُمْ
وَلَعَلَّهُمْ يَتَّقُونَ ۝ فَلَمَّا نَسُوا مَا ذُكِّرُوا بِهِ أَنْجَيْنَا الَّذِينَ يَنْهَوْنَ
عَنِ السُّوءِ وَأَخَذْنَا الَّذِينَ ظَلَمُوا بِعَذَابٍ بَئِيسٍ بِمَا كَانُوا
يَفْسُقُونَ ۝ فَلَمَّا عَتَوْا عَنْ مَا نُهُوا عَنْهُ قُلْنَا لَهُمْ كُونُوا قِرَدَةً

कानत् हाज़िर-तल् - बह्रि ▨ इज़् यअ्-दू-न फ़िस्सब्ति इज़् तअ्तीहिम् हीतानुहुम् यौ-म सब्तिहिम् शुर्रअंव्-व यौ-म ला यस्बितू-न ⫽ ला तअ्तीहिम् ♭ कज़ालि-क ♭ नब्लूहुम् बिमा कानू यफ़्सुक़ून ● (१६३) व इज़् क़ालत् उम्मतुम्-मिन्हुम् लि-म तअ़िज़ू-न क़ौमनि-ल्लाहु मुह्लिकुहुम् औ मुअ़ज़्ज़िबुहुम् अ़ज़ाबन् शदीदा ♭ क़ालू मअ्-ज़ि-र-तन् इला रब्बिकुम् व ल-अ़ल्लहुम् यत्तक़ून (१६४) फ़-लम्मा नसू मा ज़ुक्किरू बिही अन्जैनल्लज़ी-न यन्हौ-न अ़निस्सू-इ व अ-ख़ज़-नल्लज़ी-न ज़-लमू बिअ़ज़ाबिम्-बईसिम्-बिमा कानू यफ़्सुक़ून (१६५) फ़-लम्मा अ़तौ अ़म्मा नुहू अ़न्हु क़ुल्ना लहुम् कूनू क़ि-र-द-तन् ख़ासिईन (१६६)

★रु. २०/१० आ ५ ▨व. लाज़िम ∴ मु. अि मु त क़. ६ ●नि. १/२

हिदायत पाओ। (१५८) और मूसा की क़ौम में से कुछ लोग ऐसे भी हैं जो हक़ का रास्ता बताते और उसी के साथ इंसाफ़ करते हैं। (१५६) और हमने उनको (यानी बनी इस्राईल को) अलग-अलग करके बारह क़बीले (और) बड़ी-बड़ी जमाअतें बना दिया और जब मूसा से उन की क़ौम ने पानी तलब किया तो हम ने उनकी तरफ़ वह्य भेजी कि अपनी लाठी पत्थर पर मार दो, तो उसमें से बारह चश्मे फूट निकले और सब लोगों ने अपना-अपना घाट मालूम कर लिया और हमने उनके (सरों पर) बादल को सायबान बनाये रखा और उन पर मन्न व सल्वा उतारते रहे (और उन से कहा कि) जो पाकीज़ा चीज़ें हम तुम्हें देते हैं, उन्हें खाओ और उन लोगों ने हमारा कुछ नुक़्सान नहीं किया, बल्कि (जो) नुक़्सान (किया) वह अपना ही किया। (१६०) और (याद करो) जब उन से कहा गया कि इस शहर में रहो-बसो, और इस में जहां से जी चाहे खाना (पीना) और (हां शहर में जाना तो) 'हित्ततुन' कहना और दरवाज़े में दाख़िल होना तो सज्दा करना। हम तुम्हारे गुनाह माफ़ कर देंगे और नेकी करने वालों को और ज़्यादा देंगे। (१६१) मगर जो उन में ज़ालिम थे, उन्होंने उस लफ़्ज़ को, जिस का उन को हुक्म दिया गया था, बदल कर उसकी जगह और लफ़्ज़ कहना शुरू किया, तो हमने उन पर आसमान से अज़ाब भेजा इस लिए कि ज़ुल्म करते थे। (१६२) ★

और उनसे उस गांव का हाल तो पूछो, जो दरिया के किनारे वाक़ेअ था ▨ जब ये लोग हफ़्ते के दिन के बारे में हद से आगे निकल जाने लगे (यानी) उस वक़्त कि उन के हफ़्ते के दिन मछलियां उनके सामने पानी के ऊपर आतीं और जब हफ़्ते का दिन न होता, तो न आतीं, इसी तरह हम उन लोगों को उनकी ना-फ़रमानियों की वजह से आज़माइश में डालने लगे। (१६३) ● और जब उनमें से एक जमाअत ने कहा कि तुम ऐसे लोगों को क्यों नसीहत करते हो, जिन को ख़ुदा हलाक करने वाला या सख़्त अज़ाब देने वाला है, तो उन्होंने कहा, इसलिए कि तुम्हारे परवरदिगार के सामने माज़रत कर सकें (यानी मजबूरी ज़ाहिर कर सकें) और अजब नहीं कि वे परहेज़गारी अपनाएं। (१६४) जब उन्होंने इन बातों को भुला दिया, जिन की उन को नसीहत की गयी थी, तो जो लोग बुराई से मना करते थे, उनको हमने निजात दी और जो ज़ुल्म करते थे, उनको बुरे अज़ाब में पकड़ लिया कि नाफ़रमानी किये जाते थे। (१६५) ग़रज़ जिन (बुरे) आमाल से उनको मना किया गया था, जब वे उन (पर इस्रार और हमारे हुक्म) से गरदनकुशी करने लगे, तो हम ने उन को हुक्म दिया कि ज़लील बन्दर हो जाओ। (१६६) और (उस वक़्त को याद करो) जब तुम्हारे

★रु. २०/१० आ ५ ▨ व. लाज़िम मु. अ़ि मु ता ख़. ६ ● नि. १/२

व इज़् त-अज़्ज़-न रब्बु-क ल-यब्-अ़-सन्-न अ़लैहिम् इला यौमिल्क़ियामति मंय्यसूमुहुम् सूअल्अज़ाबि ⁊ इन्-न रब्ब-क ल-सरीअुल् - अि़क़ाबि ह़ै व इन्नहू ल - ग़फ़ूरुर्-रह़ीम (१६७) व क़त्तअ्-नाहुम् फ़िल्अर्ज़ि उ-म-मन् ᵹ मिन्हुमुस्सालिहू-न व मिन्हुम् दू-न ज़ालि-क ✓ व बलौनाहुम् बिल्ह़-स-नाति वस्सय्यिआति ल-अ़ल्लहुम् यर्जिअू़न (१६८) फ़-ख़-ल-फ़ मिम्बअ्-दि-हिम् ख़ल्फ़ुंव्वरिसुल्-किता-ब यअ्ख़ुज़ू-न अ़-र-ज़ हाज़ल्अद्ना व यक़ूलू-न स-युग़्फ़रु लना ᵹ व इंय्यअ्तिहिम् अ़-र-ज़ुम् - मिस्लुहू यअ्ख़ुज़ूहु ⁊ अ-लम् युअ्ख़ज़् अ़लैहिम् मीसाक़ुल्-किताबि अल्ला यक़ूलू अ़-लल्लाहि इल्लल्ह़क़्-क़ व द-रसू मा फ़ीहि ⁊ वद्दारुल्आख़िरतु ख़ैरुल्लिल्लज़ी-न यत्तक़ू-न ⁊ अ-फ़ला तअ्-क़िलून (१६९) वल्-लज़ी-न युमस्सिकू-न बिल्किताबि व अक़ामुस्-सला-त ⁊ इन्ना ला नुज़ीअ़ु अज्रल्-मुस्लिह़ीन (१७०) व इज़् न-तक़्नल्ज-ब-ल फ़ौक़हुम् क-अन्नहू ज़ुल्लतुंव्-व ज़न्नू अन्नहू वाक़िअ़ुम्-बिहिम् ᵹ ख़ुज़ू मा आतैनाकुम् बिक़ुव्वतिंव्वज़्कुरू मा फ़ीहि ल - अ़ल्लकुम् तत्तक़ून ★ (१७१) व इज़् अ-ख़-ज़ रब्बु-क मिम्बनी आद-म मिन् ज़ुहूरिहिम् ज़ुर्रिय्यतहुम् व अश्ह - दहुम् अ़ला अन्फ़ुसिहिम् ᵹ अ - लस्तु बिरब्बिकुम् ⁊ क़ालू बला ᵹ∴ शहिद्ना ᵹ∴ अन् तक़ूलू यौमल् - क़ियामति इन्ना कुन्ना अ़न् हाज़ा ग़ाफ़िलीन ॥ (१७२) औ तक़ूलू इन्नमा अश्-र-क आबाउना मिन् क़ब्लु व कुन्ना ज़ुर्रिय्यतम्-मिम्बअ्-दिहिम् ᵹ अ- फ़-तुह-लिकुना बिमा फ़-अ़-लल्-मुब्तिलून (१७३) व कज़ालि-क नुफ़स्सिलुल्-आयाति व ल-अ़ल्लहुम् यर्जिअ़ून (१७४) वत्लु अ़लैहिम् न-ब-अल्लज़ी आतैनाहु आयातिना फ़न्स-ल-ख़ मिन्हा फ़-अत्ब-अ़हुश्-शैतानु फ़-का-न मिनल्ग़ावीन (१७५)

قال الملا ١٧٦ الاعراف

خٰسِـِٕيْنَ ۝ وَاِذْ تَاَذَّنَ رَبُّكَ لَيَبْعَثَنَّ عَلَيْهِمْ اِلٰى يَوْمِ الْقِيٰمَةِ مَنْ
يَّسُوْمُهُمْ سُوْٓءَ الْعَذَابِ ؕ اِنَّ رَبَّكَ لَسَرِيْعُ الْعِقَابِ ۖۚ وَاِنَّهٗ لَغَفُوْرٌ
رَّحِيْمٌ ۝ وَقَطَّعْنٰهُمْ فِى الْاَرْضِ اُمَمًا ۚ مِنْهُمُ الصّٰلِحُوْنَ وَمِنْهُمْ
دُوْنَ ذٰلِكَ ۫ وَبَلَوْنٰهُمْ بِالْحَسَنٰتِ وَالسَّيِّاٰتِ لَعَلَّهُمْ يَرْجِعُوْنَ ۝
فَخَلَفَ مِنْۢ بَعْدِهِمْ خَلْفٌ وَّرِثُوا الْكِتٰبَ يَاْخُذُوْنَ عَرَضَ هٰذَا
الْاَدْنٰى وَيَقُوْلُوْنَ سَيُغْفَرُ لَنَا ۚ وَاِنْ يَّاْتِهِمْ عَرَضٌ مِّثْلُهٗ يَاْخُذُوْهُ ؕ
اَلَمْ يُؤْخَذْ عَلَيْهِمْ مِّيْثَاقُ الْكِتٰبِ اَنْ لَّا يَقُوْلُوْا عَلَى اللّٰهِ اِلَّا الْحَقَّ
وَدَرَسُوْا مَا فِيْهِ ؕ وَالدَّارُ الْاٰخِرَةُ خَيْرٌ لِّلَّذِيْنَ يَتَّقُوْنَ ؕ اَفَلَا
تَعْقِلُوْنَ ۝ وَالَّذِيْنَ يُمَسِّكُوْنَ بِالْكِتٰبِ وَاَقَامُوا الصَّلٰوةَ ؕ اِنَّا لَا
نُضِيْعُ اَجْرَ الْمُصْلِحِيْنَ ۝ وَاِذْ نَتَقْنَا الْجَبَلَ فَوْقَهُمْ كَاَنَّهٗ ظُلَّةٌ
وَّظَنُّوْٓا اَنَّهٗ وَاقِعٌۢ بِهِمْ ۚ خُذُوْا مَآ اٰتَيْنٰكُمْ بِقُوَّةٍ وَّاذْكُرُوْا مَا فِيْهِ
لَعَلَّكُمْ تَتَّقُوْنَ ۝ وَاِذْ اَخَذَ رَبُّكَ مِنْۢ بَنِيْٓ اٰدَمَ مِنْ ظُهُوْرِهِمْ
ذُرِّيَّتَهُمْ وَاَشْهَدَهُمْ عَلٰٓى اَنْفُسِهِمْ ۚ اَلَسْتُ بِرَبِّكُمْ ؕ قَالُوْا بَلٰى ۛۚ
شَهِدْنَا ۛۚ اَنْ تَقُوْلُوْا يَوْمَ الْقِيٰمَةِ اِنَّا كُنَّا عَنْ هٰذَا غٰفِلِيْنَ ۝ اَوْ
تَقُوْلُوْٓا اِنَّمَآ اَشْرَكَ اٰبَآؤُنَا مِنْ قَبْلُ وَكُنَّا ذُرِّيَّةً مِّنْۢ بَعْدِهِمْ ۚ
اَفَتُهْلِكُنَا بِمَا فَعَلَ الْمُبْطِلُوْنَ ۝ وَكَذٰلِكَ نُفَصِّلُ الْاٰيٰتِ وَ
لَعَلَّهُمْ يَرْجِعُوْنَ ۝ وَاتْلُ عَلَيْهِمْ نَبَاَ الَّذِيْٓ اٰتَيْنٰهُ اٰيٰتِنَا فَانْسَلَخَ

★रु॰ २१/११ आ ९ ∴मु॰ कि मु ता ख़. ७

परवरदिगार ने (यहूद को) आगाह कर दिया था कि वह उन पर क़ियामत तक ऐसे शख़्स को मुसल्लत रखेगा, जो उन को बुरी-बुरी तक्लीफ़ें देता रहे। बेशक तुम्हारा परवरदिगार जल्द अज़ाब करने वाला है और वह बख़्शने वाला मेहरबान भी है। (१६७) और हमने उन को जमाअत-जमाअत कर के मुल्क में बिखरा दिया। कुछ उन में भले काम करने वाले हैं और कुछ और तरह के (यानी बुरे) और हम आरामों और तक्लीफ़ों (दोनों) से उन की आज़माइश करते रहे ताकि (हमारी तरफ़) रुजूअ करें। (१६८) फिर उन के बाद ना-ख़लफ़ उनके क़ायम मक़ाम हुए, जो किताब के वारिस बने। यह (बे-झिझक) इस बे-क़ीमत दुनिया का माल व मताअ ले लेते हैं और कहते हैं कि हम बख़्श दिए जाएंगे। और (लोग ऐसों पर तान करते हैं) अगर उन के सामने भी वैसा ही माल आ जाता है, तो वह भी उसे ले लेते हैं। क्या उन से किताब के बारे में अह्द नहीं लिया गया कि ख़ुदा पर सच के सिवा और कुछ नहीं कहेंगे और जो कुछ इस (किताब) में है, उस को उन्होंने पढ़ भी लिया है और आख़िरत का घर परहेज़गारों के लिए बेहतर है, क्या तुम समझते नहीं? (१६९) और जो लोग किताब को मज़बूत पकड़े हुए हैं, और नमाज़ का इल्तिज़ाम रखते हैं (उन को हम बदला देंगे कि) हम भले लोगों का बदला बर्बाद नहीं करते। (१७०) और जब हमने उन (के सरों) पर पहाड़ उठा खड़ा किया, गोया वह सायबान था और उन्होंने ख़्याल किया कि वह उन पर गिरता है, तो (हमने कहा कि) जो हमने तुम्हें दिया है, उसे ज़ोर से पकड़े रहो और जो इसमें लिखा है, उस पर अमल करो ताकि बच जाओ। (१७१) ★

और जब तुम्हारे परवरदिगार ने बनी आदम से यानी उन की पीठों से उन की औलाद निकाली, तो उन से ख़ुद उनके मुक़ाबले में इक़रार करा लिया (यानी उन से पूछा कि) क्या मैं तुम्हारा परवरदिगार नहीं हूं? वे कहने लगे, क्यों नहीं; हम गवाह हैं (कि तू हमारा परवरदिगार है)। (यह इक़रार इस लिए कराया था) कि क़ियामत के दिन (कहीं यों न) कहने लगो कि हम को इस की ख़बर ही न थी। (१७२) या यह (न) कहो कि शिर्क तो पहले हमारे बड़ों ने किया था और हम तो उन की औलाद थे (जो) उन के बाद (पैदा हुए) तो क्या जो काम अह्ले बातिल करते रहे, उस के बदले तू हमें हलाक करता है। (१७३) और इसी तरह हम (अपनी) आयतें खोल-खोल कर बयान करते हैं, ताकि ये रुजू करें। (१७४) और उन को उस शख़्स का हाल पढ़ कर सुना दो, जिस को हमने अपनी आयतें अता फ़रमायीं, तो उसने उनको उतार दिया, फिर शैतान उस के पीछे लगा,

★रु. २१/११ आ ६: मु. कि मु ता ख. ७

व लौ शिअ्ना ल-र-फ़अ्-नाहु बिहा व लाकिन्नहू अख़्-ल-द इलल्अर्ज़ि वत्त-ब-अ हवाहु ८ फ़-म-सलुहू क-म-सलिल्कल्बि ८ इन् तह्मिल् अलैहि यल्हस् औ तत्रुक्हु यल्हस् ७ ज़ालि-क म-सलुल्-क़ौमिल्लज़ी-न कज़्ज़बू बिआयातिना ८ फ़क़्सुसिल्-क़-स-स ल-अल्लहुम् य-त-फ़क्करून (१७६) सा-अ म-स-ल-निल्-क़ौमुल्लज़ी-न कज़्ज़बू बिआयातिना व अन्फ़ुसहुम् कानू यज़्लिमून (१७७) मंय्यह्दिल्लाहु फ़हुवल्-मुह्तदी ८ व मंय्युज़्लिल् फ़-उलाइ-क हुमुल्ख़ासिरून (१७८) व ल-क़द् ज़-रअ्ना लिज-हन्न-म कसीरम्-मिनल्जिन्नि वल्-इन्सि ५ लहुम् क़ुलूबुल्-ला-यफ़्क़हू-न बिहा ५ व लहुम् अअ्-युनुल्-ला-युब्सिरू-न बिहा ५ व लहुम् आज़ानुल्-ला-यस्मअू-न बिहा ७ उलाइ-क कल्अन्आमि बल् हुम् अज़ल्लु ७ उलाइ-क हुमुल्ग़ाफ़िलून (१७९) व लिल्लाहिल्-अस्माउल्-हुस्ना फ़द्अूहु बिहा ५ व ज़रुल्लज़ी-न युल्हिदू-न फ़ी अस्माइही ७ स-युज्ज़ौ-न मा कानू यअ्-मलून (१८०) व मिम्मन् ख़-लक़्ना उम्मतुंय्यह्दू-न बिल्हक़्क़ि व बिही यअ्-दिलून ★ (१८१) वल्लज़ी-न कज़्ज़बू बिआयातिना स-नस्तद्रिजुहुम् मिन् हैसु ला यअ्-लमून ८ (१८२) व उम्ली लहुम् ८ इन-न कैदी मतीन (१८३) अ-व लम् य-त-फ़क्करू मा बिसाहिबिहिम् मिन् जिन्नतिन् ७ इन् हु-व इल्ला नज़ीरुम्मुबीन (१८४) अ-व लम् यन्ज़ुरू फ़ी म-ल-कूतिस्-समावाति वल्अर्ज़ि व मा ख़-ल-क़ल्लाहु मिन् शैइंव्-व अन् असा अंय्यकू-न क़दिक़्-त-र-ब अ-जलुहुम् ८ फ़बिअय्यि हदीसिम्बअ्-दहू युअ्मिनून (१८५)

قال الملأ ٩ — ١٣٨ — الأعراف ٧

منها فاتبعه الشيطن فكان من الغاوين ۞ ولو شئنا لرفعنه
بها ولكنه اخلد الى الارض واتبع هوىه فمثله كمثل
الكلب ان تحمل عليه يلهث او تتركه يلهث ذلك مثل
القوم الذين كذبوا بايتنا فاقصص القصص لعلهم
يتفكرون ۞ ساء مثلا القوم الذين كذبوا بايتنا وانفسهم
كانوا يظلمون ۞ من يهد الله فهو المهتدي ومن يضلل
فاولئك هم الخسرون ۞ ولقد ذرانا لجهنم كثيرا من الجن
والانس لهم قلوب لا يفقهون بها ولهم اعين لا يبصرون
بها ولهم اذان لا يسمعون بها اولئك كالانعام بل هم
اضل اولئك هم الغفلون ۞ ولله الاسماء الحسنى فادعوه
بها وذروا الذين يلحدون في اسمائه سيجزون ما كانوا
يعملون ۞ وممن خلقنا امة يهدون بالحق وبه
يعدلون ۞ والذين كذبوا بايتنا سنستدرجهم من حيث
لا يعلمون ۞ واملي لهم ان كيدي متين ۞ اولم
يتفكروا ما بصاحبهم من جنة ان هو الا نذير مبين ۞
اولم ينظروا في ملكوت السموت والارض وما خلق الله
من شيء وان عسى ان يكون قد اقترب اجلهم فباي

★रु० २२/१२ आ १०

तो वह गुमराहों में हो गया। (१७५) और अगर हम चाहते तो इन आयतों से उस (के दर्जे) को बुलंद कर देते, मगर वह तो पस्ती की तरफ़ मायल हो गया और अपनी ख्वाहिश के पीछे चल पड़ा, तो उस की मिसाल कुत्ते की-सी हो गयी कि अगर सख्ती करो, तो ज़ुबान निकाले रहे और यों ही छोड़ दो, तो भी ज़ुबान निकाले रहे। यही मिसाल उन लोगों की है, जिन्होंने हमारी आयतों को झुठलाया तो (उन से) यह क़िस्सा बयान कर दो, ताकि वे फ़िक्र करें। (१७६) जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुठलाया, उन की मिसाल बुरी है और उन्होंने नुक़्सान (किया, तो) अपना ही किया। (१७७) जिस को ख़ुदा हिदायत दे, वही हिदायत पर है और जिस को गुमराह करे, तो ऐसे ही लोग नुक़्सान उठाने वाले हैं। (१७८) और हम ने बहुत से जिन्न और इंसान दोज़ख के लिए पैदा किये हैं, उन के दिल हैं, लेकिन उनसे समझते नहीं और उन की आंखें हैं, मगर उन से देखते नहीं। और उन के कान हैं, पर उन से सुनते नहीं। ये लोग (बिल्कुल) चारपायों की तरह हैं बल्कि उन से भी भटके हुए। यही वे हैं जो गफ़्लत में पड़े हुए हैं। (१७९) और ख़ुदा के सब नाम अच्छे ही अच्छे हैं, तो उस को उसके नामों से पुकारा करो और जो लोग उसके नामों में टेढ़ (अपनाया) करते हैं, उन को छोड़ दो। वे जो कुछ कर रहे हैं, बहुत जल्द उस की सज़ा पाएंगे। (१८०) और हमारी मख्लूक़ात में से एक वे लोग हैं, जो हक़ का रास्ता बताते हैं और उसी के साथ इंसाफ़ करते हैं। (१८१) ★

और जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुठलाया, उन को तर्तीब से इस तरीक़े से पकड़ेंगे कि उन को मालूम ही न होगा। (१८२) और मैं उन को मुहलत दिए जाता हूं, मेरी तद्बीर (बड़ी) मज़बूत है। (१८३) क्या उन्होंने ग़ौर नहीं किया कि उन के साथी (मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) को (किसी तरह का भी) जुनून नहीं है। वह तो ज़ाहिर-ज़हूर डर सुनाने वाले हैं। (१८४) क्या उन्होंने आसमान व ज़मीन की बादशाही में और जो चीज़ें ख़ुदा ने पैदा की हैं, उन पर नज़र नहीं की और इस बात पर (ख्याल नहीं किया) कि अजब नहीं उन (की मौत) का वक़्त नज़दीक पहुंच गया हो, तो इस के बाद वह और किस बात पर ईमान लाएंगे। (१८५) जिस शख्स को ख़ुदा

★रु. २२/१२ आ १०

मंय्युज़्-लिलिल्लाहु फ़ला हादि-य लहू ؕ व य-ज़-रुहुम् फ़ी तुग़्यानिहिम् यअ्-महून (१८६) यस्-अलू-न-क अ़निस्साअ़ति अय्या-न मुर्साहा ؕ क़ुल् इन्नमा अ़िल्मुहा अ़िन् - द रब्बी ج ला युजल्लीहा लिवक़्तिहा इल्ला हु - व ▨ सक़ुलत् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि ؕ ला तअ्तीकुम् इल्ला बग़्त - तन् ؕ यस्अलून - क क-अन्न-क हफ़िय्युन् अ़न्हा ؕ क़ुल् इन्नमा अ़िल्मुहा अ़िन्दल्लाहि व लाकिन्-न अक्सरन्नासि ला यअ्-लमून (१८७) क़ुल् ला अम्लिकु लिनफ़्सी नफ़्अंव्-व ला ज़र्रन् इल्ला मा शाअल्लाहु ؕ व लौ कुन्तु अअ्-लमुल्ग़ै-ब लस्तक्सर्तु मिनल्ख़ैरि صلے व मा मस्सनियस्सूउ ج इन् अ-न इल्ला नज़ीरुंव् - व बशीरुल् - लिक़ौमिंय्युअ्मिनून ★ (१८८) हुवल्लज़ी ख़ - ल-क़कुम् मिन् नफ़्सिंव्वाहिदतिंव्-व ज-अ-ल मिन्हा ज़ौजहा लियस्कु-न इलैहा ج फ़-लम्मा त - ग़श्शाहा ह-म-लत् हम्लन् ख़फ़ीफ़न् फ़-मर्रत बिही ج फ़-लम्मा अस्क़लद्-द-अ़-वल्ला-ह रब्बहुमा लइन् आतैतना सालिहल्-ल-नकूनन्-न मिनश्शाकिरीन (१८९) फ़-लम्मा आताहुमा सालिहन् ज-अ़ला लहू शु-रका-अ फ़ीमा आताहुमा ج फ़-त-आ़लल्लाहु अ़म्मा युश्रिकून (१९०) अयुश्रिकू-न मा ला यख़्लुक़ु शैअंव्-व हुम् युख़्-लक़ून ے (१९१) व ला यस्ततीअू-न लहुम् नस्रंव्-व ला अन्फ़ुसहुम् यन्सुरून (१९२) व इन् तद्अूहुम् इलल्हुदा ला यत्तबिअूकुम् ؕ सवाउन् अ़लैकुम् अ - दऔतुमूहुम् अम् अन्तुम् सामितून (१९३) इन्नल्लज़ी-न तद्अू-न मिन् दूनिल्लाहि अ़िबादुन् अम्सालुकुम् फ़द्अूहुम् फ़ल्यस्तजीबू लकुम् इन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१९४)

حَدِيثٍ بَعْدَهُ يُؤْمِنُونَ ۝ مَنْ يُضْلِلِ اللَّهُ فَلَا هَادِيَ لَهُ ۚ
وَيَذَرُهُمْ فِي طُغْيَانِهِمْ يَعْمَهُونَ ۝ يَسْأَلُونَكَ عَنِ السَّاعَةِ أَيَّانَ
مُرْسَاهَا ۖ قُلْ إِنَّمَا عِلْمُهَا عِنْدَ رَبِّي ۖ لَا يُجَلِّيهَا لِوَقْتِهَا إِلَّا هُوَ ۚ
ثَقُلَتْ فِي السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ ۚ لَا تَأْتِيكُمْ إِلَّا بَغْتَةً ۗ يَسْأَلُونَكَ كَأَنَّكَ
حَفِيٌّ عَنْهَا ۖ قُلْ إِنَّمَا عِلْمُهَا عِنْدَ اللَّهِ وَلَٰكِنَّ أَكْثَرَ النَّاسِ لَا
يَعْلَمُونَ ۝ قُلْ لَا أَمْلِكُ لِنَفْسِي نَفْعًا وَلَا ضَرًّا إِلَّا مَا شَاءَ اللَّهُ ۚ
وَلَوْ كُنْتُ أَعْلَمُ الْغَيْبَ لَاسْتَكْثَرْتُ مِنَ الْخَيْرِ ۛ وَمَا مَسَّنِيَ
السُّوءُ ۚ إِنْ أَنَا إِلَّا نَذِيرٌ وَبَشِيرٌ لِقَوْمٍ يُؤْمِنُونَ ۝ هُوَ الَّذِي
خَلَقَكُمْ مِنْ نَفْسٍ وَاحِدَةٍ وَجَعَلَ مِنْهَا زَوْجَهَا لِيَسْكُنَ
إِلَيْهَا ۖ فَلَمَّا تَغَشَّاهَا حَمَلَتْ حَمْلًا خَفِيفًا فَمَرَّتْ بِهِ ۖ فَلَمَّا
أَثْقَلَتْ دَعَوَا اللَّهَ رَبَّهُمَا لَئِنْ آتَيْتَنَا صَالِحًا لَنَكُونَنَّ مِنَ
الشَّاكِرِينَ ۝ فَلَمَّا آتَاهُمَا صَالِحًا جَعَلَا لَهُ شُرَكَاءَ فِيمَا آتَاهُمَا ۚ
فَتَعَالَى اللَّهُ عَمَّا يُشْرِكُونَ ۝ أَيُشْرِكُونَ مَا لَا يَخْلُقُ شَيْئًا وَهُمْ
يُخْلَقُونَ ۝ وَلَا يَسْتَطِيعُونَ لَهُمْ نَصْرًا وَلَا أَنْفُسَهُمْ يَنْصُرُونَ ۝
وَإِنْ تَدْعُوهُمْ إِلَى الْهُدَىٰ لَا يَتَّبِعُوكُمْ ۚ سَوَاءٌ عَلَيْكُمْ
أَدَعَوْتُمُوهُمْ أَمْ أَنْتُمْ صَامِتُونَ ۝ إِنَّ الَّذِينَ تَدْعُونَ مِنْ
دُونِ اللَّهِ عِبَادٌ أَمْثَالُكُمْ ۖ فَادْعُوهُمْ فَلْيَسْتَجِيبُوا لَكُمْ إِنْ كُنْتُمْ

▨ व. लाज़िम व. मंज़िल ∴ मु. अ़ि मु ता ख़ ८ ★रु. २३/१३ आ ७

गुमराह करे, उसको कोई हिदायत देने वाला नहीं और वह उन (गुमराहों) को छोड़े रखता है कि अपनी सरकशी में पड़े बहकते रहें। (१८६) (ये लोग) तुम से क़ियामत के बारे में पूछते हैं कि इस के वाक़ेअ होने का वक़्त कब है। कह दो कि इस का इल्म तो मेरे परवरदिगार ही को है। वही उसे उस के वक़्त पर ज़ाहिर कर देगा वह आसमान और ज़मीन में एक भारी बात होगी और यकायक तुम पर आ जाएगी। यह तुम से इस तरह पूछते हैं कि गोया तुम इस को अच्छी तरह जानते हो। कहो कि इस का इल्म तो ख़ुदा ही को है, लेकिन अक्सर लोग यह नहीं जानते। (१८७) कह दो कि मैं अपने फ़ायदे और नुक़्सान का कुछ भी अख़्तियार नहीं रखता, मगर जो ख़ुदा चाहे और अगर मैं ग़ैब की बातें जानता होता, तो बहुत से फ़ायदे जमा कर लेता और मुझ को कोई तक्लीफ़ न पहुंचती, मैं तो मोमिनों को डर और ख़ुशख़बरी सुनाने वाला हूं। (१८८) ★

वह ख़ुदा ही तो है, जिसने तुम को एक शख़्स से पैदा किया, और उस से उसका जोड़ा बनाया, ताकि उस से राहत हासिल करे, सो जब वह उस के पास जाता है, तो उसे हल्का-सा हमल रह जाता है और वह उसके साथ चलती-फिरती है। फिर जब कुछ बोझा मालूम करती (यानी बच्चा पेट में बड़ा होता) है तो दोनों (मियां-बीवी) अपने परवरदिगार ख़ुदा-ए अज़्ज़ व जल्ल से इल्तिजा करते हैं कि अगर तू हमें सही व सालिम (बच्चा) देगा, तो हम तेरे शुक्रगुज़ार होंगे। (१८९) जब वह उनको सही व सालिम (बच्चा) देता है, तो उस (बच्चे) में जो वह उन को देता है, उसका शरीक मुक़र्रर करते हैं। जो वे शिर्क करते हैं, ख़ुदा का (रुत्बा) इस से बुलंद है।[1] (१९०) क्या वे ऐसों को शरीक बनाते हैं, जो कुछ भी पैदा नहीं कर सकते और ख़ुदा पैदा किये जाते हैं। (१९१) और न उन की मदद की ताक़त रखते हैं और न अपनी ही मदद कर सकते हैं। (१९२) अगर तुम उन को सीधे रास्ते की तरफ़ बुलाओ, तो तुम्हारा कहा न मानें, तुम्हारे लिए बराबर है कि तुम उन को बुलाओ या चुपके हो रहो। (१९३) (मुश्रिको!) जिन को तुम ख़ुदा के सिवा पुकारते हो, वह (तुम्हारी) तरह के बन्दे ही हैं, (अच्छा) तुम उन को पुकारो, अगर सच्चे हो तो चाहिए कि वह

---

१. इस आयत की तफ़्सीर में तमाम तफ़्सीर लिखने वालों को बड़ी मुश्किल पेश आयी कि इस को हज़रत आदम व हव्वा का क़िस्सा समझ कर ख़्याल किया कि हज़रत आदम अलैहिस्सलाम से भी शिर्क का बड़ा गुनाह हुआ, हालांकि नबी शिर्क से मासूम होते हैं। तो कुछ ने इस सवाल को इस तरह हल किया है कि यह गुनाह सिर्फ़ हव्वा से हुआ न कि आदम से, यह तो सिर्फ़ कहने का अन्दाज़ है जैसा कि और जगहों पर इस्तेमाल हुआ है।

अ-लहुम् अर्जुलुंय्यम्शू-न बिहा अम् लहुम् ऐदिंय्यब्तिशू - न बिहा अम् लहुम् अअ्-युनुंय्युब्सिरू - न बिहा अम् लहुम् आज़ानुंय्यस्मअू - न बिहा ط क़ुलिद्अू शुरका-अकुम् सुम्-म कीदूनि फ़ला तुन्ज़िरून (१९५) इन्-न वलिय्यि-यल्लाहुल्लज़ी नज़्ज़लल् - किता-ब व हु-व य - त - वल्लस्सालिहीन (१९६) वल्लज़ी-न तद्अू-न मिन् दूनिही ला यस्ततीअू-न नस्रकुम् व ला अन्फ़ुसहुम् यन्सुरून (१९७) व इन् तद्अूहुम् इलल्हुदा ला यस्मअू ط व तराहुम् यन्ज़ुरू-न इलै-क व हुम् ला युब्सिरून (१९८) ख़ुज़िल्अफ़्-व वअ्मुर् बिल्उर्फ़ि व अअ्-रिज़् अनिल्जाहिलीन (१९९) व इम्मा यन्ज़ग़न्न-क मिनश्शैतानि नज़्ग़ुन् फ़स्तअिज़् बिल्लाहि ط इन्नहू समीअुन् अलीम (२००) इन्नल्लज़ीनत्तक़ौ इज़ा मस्सहुम् ताइफ़ुम् - मिनश्शैतानि त-ज़क्करू फ़-इज़ा हुम् मुब्सिरून ۚ (२०१) व इख़्वानु-हुम् यमुद्दूनहुम् फ़िल्ग़य्यि सुम्-म ला युक़्सिरून (२०२) व इज़ा लम् तअ्तिहिम् बिआयतिन् क़ालू लौलज्तबैतहा ط क़ुल् इन्नमा अत्तबिअु मा यूहा इलय्-य मिर्रब्बी ۚ हाज़ा बसाइरु मिर्रब्बिकुम् व हुदंव् - व रह्मतुल्-लिक़ौमिंय्युअ्मिनून (२०३) व इज़ा क़ुरिअल्-क़ुरआनु फ़स्तमिअू लहू व अन्सितू ल-अल्लकुम् तुर्हमून (२०४) वज़्कुर्रब्ब-क फ़ी नफ़्सि-क तज़र्रुअंव्-व ख़ीफ़-तंव्-व-दूनल्जह्रि मिनल्क़ौलि बिल्ग़ुदुव्वि वल्आसालि व ला तकुम्मिनल्-ग़ाफ़िलीन (२०५) इन्नल्लज़ी-न अिन्-द रब्बि-क ला यस्तक्बिरू-न अन् अिबादतिही व युसब्बिहूनहू व लहू यस्जुदून ★ ● □ (२०६)

قال الملأ ٩ | ١٧٠ | الأعراف ٧

صدقين ۝ ألهم أرجل يمشون بها أم لهم أيد يبطشون
بها أم لهم أعين يبصرون بها أم لهم آذان يسمعون بها
قل ادعوا شركاءكم ثم كيدون فلا تنظرون ۝ إن ولي الله
الذي نزل الكتب وهو يتولى الصلحين ۝ والذين تدعون
من دونه لا يستطيعون نصركم ولا أنفسهم ينصرون ۝
وإن تدعوهم إلى الهدى لا يسمعوا وتراهم ينظرون إليك
وهم لا يبصرون ۝ خذ العفو وأمر بالعرف وأعرض عن
الجهلين ۝ وإما ينزغنك من الشيطن نزغ فاستعذ بالله
إنه سميع عليم ۝ إن الذين اتقوا إذا مسهم طئف من
الشيطن تذكروا فإذا هم مبصرون ۝ وإخوانهم يمدونهم
في الغي ثم لا يقصرون ۝ وإذا لم تأتهم بآية قالوا لولا
اجتبيتها قل إنما أتبع ما يوحى إلي من ربي هذا بصائر
من ربكم وهدى ورحمة لقوم يؤمنون ۝ وإذا قرئ
القرآن فاستمعوا له وأنصتوا لعلكم ترحمون ۝ واذكر ربك
في نفسك تضرعا وخيفة ودون الجهر من القول بالغدو و
الآصال ولا تكن من الغفلين ۝ إن الذين عند ربك لا
يستكبرون عن عبادته ويسبحونه وله يسجدون ۝

منزل

★रु. २४/१४ आ १८ ●सु. ३/४ □सज्दः १

तुम को जवाब भी दें। (१९४) भला उन के पांव हैं, जिन से चलें या हाथ हैं, जिन से पकड़ें या आंखें हैं जिन से देखें या कान हैं, जिन से सुनें ? कह दो कि अपने शरीकों को बुला लो और मेरे बारे में (जो) तद्बीर (करनी हो) कर लो और मुझे कुछ मुहलत भी न दो (फिर देखो कि) वह मेरा क्या कर सकते हैं ? (१९५) मेरा मददगार तो ख़ुदा ही है जिस ने (हक़) किताब नाज़िल की और नेक लोगों का वही दोस्तदार है। (१९६) और जिन को तुम ख़ुदा के सिवा पुकारते हो, वह न तुम्हारी ही मदद की ताक़त रखते हैं और न ख़ुद अपनी ही मदद कर सकते हैं। (१९७) और अगर तुम उन को सीधे रास्ते की तरफ़ बुलाओ, तो सुन न सकें और तुम उन्हें देखते हो कि (देखने में) आंखें खोले तुम्हारी तरफ़ देख रहे हैं, मगर (सच में) कुछ नहीं देखते। (१९८) (ऐ मुहम्मद !) अफ़्व (माफ़ करना) अख़्तियार करो और नेक काम करने का हुक्म दो और जाहिलों से किनारा कर लो। (१९९) और अगर शैतान की तरफ़ से तुम्हारे दिल में किसी तरह कोई वस्वसा पैदा हो तो ख़ुदा से पनाह मांगो, बेशक वह सुनने वाला (और) सब कुछ जानने वाला है। (२००) जो लोग परहेज़गार हैं, जब उन को शैतान की तरफ़ से कोई वस्वसा पैदा होता है तो चौंक पड़ते हैं और (दिल की आंखें खोल कर) देखने लगते हैं। (२०१) और इन (कुफ़्फ़ार) के भाई उन्हें गुमराही में खींचे जाते हैं, फिर (उस में किसी तरह की) कोताही नहीं करते। (२०२) और जब तुम उन के पास (कुछ दिनों तक) कोई आयत नहीं लाते, तो कहते हैं कि तुमने (अपनी तरफ़ से) क्यों नहीं बना ली। कह दो कि मैं तो उसी हुक्म की पैरवी करता हूं, जो मेरे परवरदिगार की तरफ़ से मेरे पास आता है। यह (क़ुरआन) तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से दानिश व बसीरत और मोमिनों के लिए हिदायत और रहमत है। (२०३) और जब क़ुरआन पढ़ा जाए तो तवज्जोह से सुना करो और ख़ामोश रहा करो, ताकि तुम पर रहम किया जाए। (२०४) और अपने परवरदिगार को दिल ही दिल में आजिज़ी और ख़ौफ़ से और पस्त आवाज़ से, सुबह व शाम याद करते रहो, और (देखना) ग़ाफ़िल न होना। (२०५) जो लोग तुम्हारे परवरदिगार के पास हैं, वे उस की इबादत से गरदन कशी नहीं करते और उस पाक ज़ात को याद करते और उसके आगे सज्दे करते रहते हैं।[1] (२०६) ★ ● □

---

१. इस आयत की तिलावत से सज्दा फ़र्ज़ होता है, जो कर लेना चाहिए।

★रु. २४/१४-आ १८ ●सु. ३/४ □सज्दः १

८ सूरतुल्अन्फ़ालि ८८

(मदनी) इस सूर: में अरबी के ५५२२ अक्षर, १२५३ शब्द, ७५ आयत और १० रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

यस्-अलून - क अनिल्-अन्फ़ालि ꕯ क़ुलिल् - अन्फ़ालु लिल्लाहि वर्रसूलि ꕯ फ़त्तक़ुल्ला-ह व अस्लिहू ज़ा-त बैनिकुम् ꕯ व अतीउल्ला-ह व रसूलहू इन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (१) इन्नमल्-मुअ्मिनूनल्लज़ी-न इज़ा ज़ुकिरल्लाहु वजिलत् क़ुलूबुहुम् व इज़ा तुलियत् अलैहिम् आयातुहू ज़ादत्हुम् ईमानंव्-व अला रब्बिहिम् य-त - वक्कलून ꕯ (२) अल्लज़ी-न युक़ीमूनस्सला - त व मिम्मा र-ज़क़्नाहुम् युन्फ़िक़ून ꕯ (३) उलाइ-क हुमुल्-मुअ्मिनू-न हक़्क़न् ꕯ लहुम् द-रजातुन् अिन्-द रब्बिहिम् व मग़्फ़ि-रतुंव्-व रिज़्क़ुन् करीम ꕯ (४) कमा अख़्-र-ज-क रब्बु-क मिम्बैति - क बिल्हक़्क़ि ꕯ व इन - न फ़रीक़म्मिनल् - मुअ्मिनी - न लकारिहून ꕯ (५) युजादिलून-क फ़िल्हक़्क़ि बअ्-द मा त-बय्य-न क-अन्नमा युसाक़ू-न इलल्मौति व हुम् यन्ज़ुरून ꕯ (६) व इज़् यअिदु-कुमुल्लाहु इह्दत्ता - इफ़तैनि अन्नहा लकुम् व त-वद्दू-न अन्-न ग़ै-र ज़ातिश्शौकति तकूनु लकुम् व युरीदुल्लाहु अंय्युहिक़्क़ल्-हक़्-क़ बिकलिमातिही व यक़्त-अ दाबिरल्-काफ़िरीन ꕯ (७) लियुहिक़्क़ल्-हक़्-क़ व युब्तिलल् - बाति-ल व लौ करिहल्-मुज्रिमून ꕯ (८) इज़् तस्तग़ीसू-न रब्बकुम् फ़स्तजा-ब लकुम् अन्नी मुमिद्दुकुम् बिअल्फ़िम्-मिनल्-मला-इकति मुर्दिफ़ीन (९) व मा ज-अ-लहुल्लाहु इल्ला बुश्रा व लितत्मइन्-न बिही क़ुलूबुकुम् ꕯ व मन्नस्रु इल्ला मिन् अिन्दिल्लाहि ꕯ इन्नल्ला - ह अज़ीज़ुन् हकीम ★ (१०)

سورة الانفال مدنية وهي خمس وسبعون اية وعشر ركوعات

بسم الله الرحمن الرحيم

يسـٔلونك عن الانفال قل الانفال لله والرسول فاتقوا
الله واصلحوا ذات بينكم واطيعوا الله ورسوله ان كنتم
مؤمنين ۝ انما المؤمنون الذين اذا ذكر الله وجلت قلوبهم
واذا تليت عليهم اياته زادتهم ايمانا وعلى ربهم يتوكلون ۝
الذين يقيمون الصلوة ومما رزقنهم ينفقون ۝ اولئك
هم المؤمنون حقا لهم درجت عند ربهم ومغفرة ورزق
كريم ۝ كما اخرجك ربك من بيتك بالحق وان فريقا من
المؤمنين لكرهون ۝ يجادلونك في الحق بعد ما تبين كانما
يساقون الى الموت وهم ينظرون ۝ واذ يعدكم الله احدى
الطائفتين انها لكم وتودون ان غير ذات الشوكة تكون
لكم ويريد الله ان يحق الحق بكلمته ويقطع دابر الكفرين ۝
ليحق الحق ويبطل الباطل ولو كره المجرمون ۝ اذ تستغيثون
ربكم فاستجاب لكم اني ممدكم بالف من الملئكة مردفين ۝
وما جعله الله الا بشرى ولتطمئن به قلوبكم وما النصر
الا من عند الله ان الله عزيز حكيم ۝ اذ يغشيكم النعاس

★रु. १/१५ आ १०

८ सूर: अन्फ़ाल ८८

सूर: अन्फ़ाल मदनी है और इसमें पचहत्तर आयतें और दस रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

(ऐ मुहम्मद ! मुजाहिद लोग) तुमसे ग़नीमत के बारे में सवाल करते हैं (कि क्या हुक्म है।) कह दो कि ग़नीमत ख़ुदा और उसके रसूल का माल है, तो ख़ुदा से डरो और आपस में सुलह रखो और अगर ईमान रखते हो तो ख़ुदा और उस के रसूल के हुक्म पर चलो। (१) मोमिन तो वे हैं कि जब ख़ुदा का ज़िक्र किया जाता है, तो उन के दिल डर जाते हैं और जब उन्हें उस की आयतें पढ़ कर सुनायी जाती हैं, तो उन का ईमान और बढ़ जाता है और वे अपने परवरदिगार पर भरोसा रखते हैं। (२) (और) वे जो नमाज़ पढ़ते हैं और जो माल हमने उन को दिया है, उसमें से ये (नेक कामों) में ख़र्च करते हैं। (३) यही सच्चे मोमिन हैं और उन के लिए परवरदिगार के यहां (बड़े-बड़े) दर्जे और बख़्शिश और इज़्ज़त की रोज़ी है। (४) (उन लोगों को अपने घरों से उसी तरह निकलना चाहिए था) जिस तरह तुम्हारे परवरदिगार ने तुमको तद्बीर के साथ अपने घर से निकाला और (उस वक़्त) मोमिनों की एक जमाअत ना-ख़ुश थी (५) वे लोग हक़ बात में उस के ज़ाहिर हुए पीछे तुम से झगड़ने लगे, गोया मौत की तरफ़ धकेले जाते हैं और देख रहे हैं। (६) और (उस वक़्त को याद करो) जब ख़ुदा तुम से वायदा करता था। कि (अबू सुफ़ियान और अबूजह्ल के) दो गिरोहों में से एक गिरोह तुम्हारे (क़ाबू में) हो जाएगा और तुम चाहते थे कि जो क़ाफ़िला (बे-शान व) शौकत (यानी बे-हथियार) है, वह तुम्हारे हाथ आ जाएगा और ख़ुदा चाहता था कि अपने फ़रमान से हक़ को क़ायम रखे और काफ़िरों की जड़ काट कर (फेंक) दे,[1] (७) ताकि सच को सच और झूठ को झूठ कर दे, गो मुश्रिक ना-ख़ुश ही हों। (८) जब तुम अपने परवरदिगार से फ़रियाद करते थे, तो उसने तुम्हारी दुआ क़ुबूल कर ली (और फ़रमाया) कि (तसल्ली रखो), हम हज़ार फ़रिश्तों से जो एक-दूसरे के पीछे आते जाएंगे तुम्हारी मदद करेंगे। (९) और इस मदद को ख़ुदा ने सिर्फ़ बशारत बनाया था कि तुम्हारे दिल इस से इत्मीनान हासिल करें और मदद तो अल्लाह ही की तरफ़ से है। बेशक ख़ुदा ग़ालिब हिक्मत वाला है। (१०) ★

---

१. ये आयतें बद्र की लड़ाई से मुताल्लिक़ हैं। कुछ तारीख़ लिखने वालों और तफ़्सीर लिखने वालों ने इस लड़ाई की यह वजह लिखी है कि वह क़ाफ़िला, जो अबू सुफ़ियान शाम से ले कर आ रहा था, उस को प्यारे नबी सल्ल० और उन के सहाबियों रज़ि० ने यह ख़्याल कर के कि लोग बहुत कम हैं और माल बहुत ज़्यादा है, लूट लेने के इरादे से कूच किया था। जब यह ख़बर मक्का के क़ुरैश को पहुंची, तो बहुत सी फ़ौज ले कर क़ाफ़िले को बचाने के लिए निकले और बद्र नामी जगह पर लड़ाई शुरू हो गयी। लड़ाई का नतीजा यह था कि क़ुरैश के सत्तर आदमी मारे गये और इतने ही गिरफ़्तार हुए। जो माल व अस्बाब वह छोड़ कर भाग आये थे, वह सब मुसलमानों के हाथ आया। मगर क़ुरआनी आयतों से साफ़ मालूम होता है कि रसूले ख़ुदा सल्ल० को मक्का के क़ुरैश का मदीने पर चढ़ाई करने का हाल पहले मालूम हो चुका था और इस के बाद आप ने उन के मुक़ाबले के लिए कूच फ़रमाया था। बेशक कुछ सहाबा किराम की राय होगी कि शाम के क़ाफ़िले को लूट लिया जाए और इसी गिरोह के बारे में ख़ुदा ने फ़रमाया कि तुम बे-शान व शौकत गिरोह को लेना चाहते हो, मगर ख़ुदा ने इस राय को मंज़ूर न

(शेष २८१ पर)

★रु. १/१५ आ १०

इज़् युग़श्शीकुमुन्नुआ-स अ-म-न-तम्-मिन्हु व युनज़्ज़िलु अलैकुम् मिनस्समा-इ मा-अल्-लियुतह्हि-रकुम् बिही व युज़्हि-ब अन्कुम् रिज्ज़श्शैतानि व लि-यर्बि-त अला क़ुलूबिकुम् व युसब्बि-त बिहिल्अक़्दाम (११) इज़् यूही रब्बु-क इलल्-मला-इकति अन्नी म-अ-कुम् फ़-सब्बितुल्लज़ी-न आमनू स-उल्क़ी फ़ी क़ुलूबिल्लज़ी-न क-फ़रुर्रुअ्-ब फ़ज़्रिबू फ़ौक़ल्-अअ्नाक़ि वज़्रिबू मिन्हुम् कुल्-ल बनान (१२) ज़ालि-क बिअन्-नहुम् शाक़्क़ुल्ला-ह व रसूलहू व मंय्युशाक़िक़िल्ला-ह व रसूलहू फ़-इन्नल्ला-ह शदीदुल्-अिक़ाब (१३) ज़ालिकुम् फ़ज़ूक़ूहु व अन्-न लिल्काफ़िरी-न अज़ाबन्नार (१४) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू इज़ा लक़ीतुमुल्लज़ी-न क-फ़रू ज़ह्-फ़न् फ़ला तुवल्लूहुमुल्-अद्बार (१५) व मंय्युवल्लिहिम् यौ-म-इज़िन् दुबुरहू इल्ला मुतहर्रिफ़ल्-लिक़ितालिन् औ मुत-हय्यिज़न् इला फ़ि-अतिन् फ़-क़द् बा-अ बिग़-ज़बिम्-मिनल्लाहि व मअ्वाहु ज-हन्-नमु व बिअ्-सल्-मसीर (१६) फ़-लम् तक़्तुलूहुम् व लाकिन्नल्ला-ह क़-त-लहुम् व मा रमै-त इज़् रमै-त व लाकिन्नल्ला-ह र-मा व लियुब्लियल्-मुअ्मिनी-न मिन्हु बला-अन् ह-स-नन् इन्नल्ला-ह समीअुन् अलीम (१७) ज़ालिकुम् व अन्नल्ला-ह मूहिनु कैदिल्काफ़िरीन (१८) इन् तस्तफ़्तिहू फ़-क़द् जा-अकुमुल्-फ़त्हु व इन् तन्तहू फ़हु-व ख़ैरुल्लकुम् व इन् तअूदू नअुद् व लन् तुग़्नि-य अन्कुम् फ़िअतुकुम् शैअंव्-व लौ कसुरत् व अन्नल्ला-ह म-अल्-मुअ्मिनीन★(१९) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू अतीअुल्ला-ह व रसूलहू व ला तवल्लौ अन्हु व अन्तुम् तस्मअून (२०)

اَمَنَةً مِّنْهُ وَيُنَزِّلُ عَلَيْكُمْ مِّنَ السَّمَآءِ مَآءً لِّيُطَهِّرَكُمْ بِهٖ وَ
يُذْهِبَ عَنْكُمْ رِجْزَ الشَّيْطٰنِ وَلِيَرْبِطَ عَلٰى قُلُوْبِكُمْ وَيُثَبِّتَ بِهِ
الْاَقْدَامَ ۝ اِذْ يُوْحِيْ رَبُّكَ اِلَى الْمَلٰٓئِكَةِ اَنِّيْ مَعَكُمْ فَثَبِّتُوا
الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا ۚ سَاُلْقِيْ فِيْ قُلُوْبِ الَّذِيْنَ كَفَرُوا الرُّعْبَ
فَاضْرِبُوْا فَوْقَ الْاَعْنَاقِ وَاضْرِبُوْا مِنْهُمْ كُلَّ بَنَانٍ ۝ ذٰلِكَ
بِاَنَّهُمْ شَآقُّوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ ۚ وَمَنْ يُّشَاقِقِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ فَاِنَّ
اللّٰهَ شَدِيْدُ الْعِقَابِ ۝ ذٰلِكُمْ فَذُوْقُوْهُ وَاَنَّ لِلْكٰفِرِيْنَ عَذَابَ
النَّارِ ۝ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِذَا لَقِيْتُمُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا زَحْفًا فَلَا
تُوَلُّوْهُمُ الْاَدْبَارَ ۝ وَمَنْ يُّوَلِّهِمْ يَوْمَئِذٍ دُبُرَهٗٓ اِلَّا مُتَحَرِّفًا لِّقِتَالٍ
اَوْ مُتَحَيِّزًا اِلٰى فِئَةٍ فَقَدْ بَآءَ بِغَضَبٍ مِّنَ اللّٰهِ وَمَاْوٰىهُ
جَهَنَّمُ ۭ وَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ۝ فَلَمْ تَقْتُلُوْهُمْ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ قَتَلَهُمْ
وَمَا رَمَيْتَ اِذْ رَمَيْتَ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ رَمٰى ۚ وَلِيُبْلِيَ الْمُؤْمِنِيْنَ
مِنْهُ بَلَآءً حَسَنًا ۭ اِنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ۝ ذٰلِكُمْ وَاَنَّ اللّٰهَ
مُوْهِنُ كَيْدِ الْكٰفِرِيْنَ ۝ اِنْ تَسْتَفْتِحُوْا فَقَدْ جَآءَكُمُ الْفَتْحُ ۚ
وَاِنْ تَنْتَهُوْا فَهُوَ خَيْرٌ لَّكُمْ ۚ وَاِنْ تَعُوْدُوْا نَعُدْ ۚ وَلَنْ تُغْنِيَ
عَنْكُمْ فِئَتُكُمْ شَيْـًٔا وَّلَوْ كَثُرَتْ ۙ وَاَنَّ اللّٰهَ مَعَ الْمُؤْمِنِيْنَ ۝
يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اَطِيْعُوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ وَلَا تَوَلَّوْا عَنْهُ وَ

★रु० २/१६ आ १

जब उसने (तुम्हारी) तस्कीन के लिए अपनी तरफ़ से तुम्हें नींद (की चादर) उढ़ा दी और तुम पर आसमान से पानी बरसा दिया ताकि तुम को उससे (नहला कर) पाक कर दे और शैतानी नजासत को तुम से दूर कर दे और इसलिए भी कि तुम्हारे दिलों को मज़बूत करदे और इससे तुम्हारे पांव जमाए रखे। (११) जब तुम्हारा परवरदिगार फ़रिश्तों को इर्शाद फ़रमाता था कि मैं तुम्हारे साथ हूं, तुम मोमिनों को तसल्ली दो कि साबित क़दम रहें। मैं अभी-अभी काफ़िरों के दिलों में रौब व हैबत डाले देता हूं, तो उन के सर मार (कर) उड़ा दो और उन का पोर-पोर मार कर (तोड़) दो। (१२) यह (सज़ा) इस लिए दी गयी कि उन्होंने ख़ुदा और उसके रसूल की मुख़ालफ़त की और जो शख़्स ख़ुदा और उसके रसूल की मुख़ालफ़त करता है, तो ख़ुदा भी सख़्त अज़ाब देने वाला है। (१३) यह (मज़ा तो यहां) चखो और यह (जाने रहो) कि काफ़िरों के लिए दोज़ख़ का अज़ाब (भी तैयार) है। (१४) ऐ ईमान वालो! जब लड़ाई के मैदान में कुफ़्फ़ार से तुम्हारा मुक़ाबला हो तो उन से पीठ न फेरना। (१५) और जो शख़्स लड़ाई के दिन इस सूरत के सिवा कि लड़ाई के लिए किनारे-किनारे चले (यानी हिक्मते अमली से दुश्मन को मारे) या अपनी फ़ौज में जा मिलना चाहे, उन से पीठ फेरेगा तो (समझो कि) वह ख़ुदा के ग़ज़ब में गिरफ़्तार हो गया और उस का ठिकाना दोज़ख़ है और वह बहुत ही बुरी जगह है। (१६) तुम लोगों ने उन (कुफ़्फ़ार) को क़त्ल नहीं किया, बल्कि ख़ुदा ने उन्हें क़त्ल किया और (ऐ मुहम्मद!) जिस वक़्त तुम ने कंकरियां फेंकी थीं, तो वह तुम ने नहीं फेंकी थी, बल्कि अल्लाह ने फेंकी थी। इस से यह ग़रज़ थी कि मोमिनों को अपने (एहसानों) से अच्छी तरह आज़मा ले। बेशक ख़ुदा सुनता-जानता है। (१७) (बात) यह (है), कुछ शक नहीं कि ख़ुदा काफ़िरों की तद्बीर को कमज़ोर कर देने वाला है। (१८) (काफ़िरो!) अगर तुम (मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर) फ़त्ह चाहते हो, तो तुम्हारे पास फ़त्ह आ चुकी। (देखो) अगर तुम (अपने फ़ेल से) रुक जाओ तो तुम्हारे हक़ में बेहतर है और अगर फिर (ना-फ़रमानी) करोगे, तो हम भी फिर (तुम्हें अज़ाब) करेंगे और तुम्हारी जमाअत, वह कितनी ही बड़ी हो, तुम्हारे कुछ भी काम न आयेगी और ख़ुदा तो मोमिनों के साथ है★ (१९)

ऐ ईमान वालो! ख़ुदा और उस के रसूल के हुक्म पर चलो और उससे रू-गरदानी न करो

(पृष्ठ २७९ का शेष)

फ़रमाया और यही चाहा कि हथियारों से लैस फ़ौज से जंग करें और बहादुरी दिखा कर फ़त्ह हासिल करें, चुनांचे ऐसा ही हुआ। इस लड़ाई की वजह, जो ज़्यादा सही लगती है, यह है कि मक्का के क़ुरैश को मुहाजिरों और मदीने के अंसार के साथ कड़ी दुश्मनी थी और वे हमेशा उन को तक्लीफ़ पहुंचाने पर तैयार रहते थे, तो हुज़ूर सल्ल० अपने दुश्मनों के हालात और इरादों से आगाह रहने के लिए कभी-कभी मक्का के चारों तरफ़ आदमी रवाना फ़रमाते। चुनांचे एक बार नख़ला नामी जगह को, जो मक्का और ताइफ़ के बीच वाक़ेअ है, आप ने कुछ लोगों को रवाना किया, जिन के सरदार आप के फूफीज़ाद भाई अब्दुल्लाह बिन जह्श थे। नख़ला एक निहायत ख़तरनाक जगह थी और वहां जाने में बहुत ख़तरा था। आप ने अब्दुल्लाह को एहतियात के साथ एक सील मुहर परचा दिया और फ़रमाया कि मक्के की तरफ़ बराबर चले चलो। तीन दिन के बाद इस परचे को खोल कर पढ़ना और जो कुछ उस में लिखा है, उस पर अमल करना। परचे में लिखा था, 'नख़ला तक चले जाओ और वहां पहुंच कर छिपे तौर पर क़ुरैश के हालात मालूम करो और हमारे पास उन की ख़बर लाओ।' मगर वहां

(शेष पृष्ठ २८३ पर)

★रु० २/१६ आ ९

व ला तकूनू कल्लज़ी-न क़ालू समिअ्-ना व हुम् ला यस्मअून (२१) इन्-न शर्रद्दवाब्बि अिन्दल्लाहिस्सुम्मुल्-बुक्मुल्लज़ी-न ला यअ्-क़िलून (२२) व लौ अ़लिमल्लाहु फ़ीहिम् ख़ैरल्-ल अस्म-अहुम्, व लौ अस्म-अहुम् ल-त-वल्लव्वहुम् मुअ्-रिज़ून (२३) या अय्युहल्लज़ी-न आमनुस्तजीबू लिल्लाहि व लिर्रसूलि इज़ा दआकुम् लिमा युह़्यीकुम् ८ वअ्-लमू अन्नल्ला-ह यहूलु बैनल्मरइ व क़ल्बिही व अन्नहू इलैहि तुह़्शरून (२४) वत्तक़ू फ़ित्-न-तल्ला-तुसीबन्नल्लज़ी-न ज़-लमू मिन्कुम् ख़ास्सतन् ८ वअ्-लमू अन्नल्ला-ह शदीदुल्-अिक़ाब (२५) वज़्कुरू इज़् अन्तुम् क़लीलुम्-मुस्तज़्-अफ़ू-न फ़िल्अर्ज़ि तख़ाफ़ू-न अंय्य-त-ख़त्त-फ़-कुमुन्नासु फ़-आवाकुम् व अय्य-दकुम् बिनस्रिही व र-ज़-क़कुम् मिनत्तय्यिबाति ल-अ़ल्लकुम् तश्कुरून (२६) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू ला तख़ूनुल्ला-ह वर्रसू-ल व तख़ूनू अमानातिकुम् व अन्तुम् तअ्-लमून (२७)

وَأَنْتُمْ تَسْمَعُونَ ۝ وَلَا تَكُونُوا كَالَّذِينَ قَالُوا سَمِعْنَا وَهُمْ
لَا يَسْمَعُونَ ۝ إِنَّ شَرَّ الدَّوَابِّ عِنْدَ اللَّهِ الصُّمُّ الْبُكْمُ الَّذِينَ
لَا يَعْقِلُونَ ۝ وَلَوْ عَلِمَ اللَّهُ فِيهِمْ خَيْرًا لَأَسْمَعَهُمْ وَلَوْ أَسْمَعَهُمْ
لَتَوَلَّوْا وَهُمْ مُعْرِضُونَ ۝ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا اسْتَجِيبُوا لِلَّهِ
وَلِلرَّسُولِ إِذَا دَعَاكُمْ لِمَا يُحْيِيكُمْ وَاعْلَمُوا أَنَّ اللَّهَ يَحُولُ
بَيْنَ الْمَرْءِ وَقَلْبِهِ وَأَنَّهُ إِلَيْهِ تُحْشَرُونَ ۝ وَاتَّقُوا فِتْنَةً لَا
تُصِيبَنَّ الَّذِينَ ظَلَمُوا مِنْكُمْ خَاصَّةً وَاعْلَمُوا أَنَّ اللَّهَ شَدِيدُ
الْعِقَابِ ۝ وَاذْكُرُوا إِذْ أَنْتُمْ قَلِيلٌ مُسْتَضْعَفُونَ فِي الْأَرْضِ
تَخَافُونَ أَنْ يَتَخَطَّفَكُمُ النَّاسُ فَآوَاكُمْ وَأَيَّدَكُمْ بِنَصْرِهِ
وَرَزَقَكُمْ مِنَ الطَّيِّبَاتِ لَعَلَّكُمْ تَشْكُرُونَ ۝ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا
لَا تَخُونُوا اللَّهَ وَالرَّسُولَ وَتَخُونُوا أَمَانَاتِكُمْ وَأَنْتُمْ تَعْلَمُونَ ۝
وَاعْلَمُوا أَنَّمَا أَمْوَالُكُمْ وَأَوْلَادُكُمْ فِتْنَةٌ وَأَنَّ اللَّهَ عِنْدَهُ
أَجْرٌ عَظِيمٌ ۝ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا إِنْ تَتَّقُوا اللَّهَ يَجْعَلْ لَكُمْ
فُرْقَانًا وَيُكَفِّرْ عَنْكُمْ سَيِّئَاتِكُمْ وَيَغْفِرْ لَكُمْ وَاللَّهُ ذُو الْفَضْلِ
الْعَظِيمِ ۝ وَإِذْ يَمْكُرُ بِكَ الَّذِينَ كَفَرُوا لِيُثْبِتُوكَ أَوْ يَقْتُلُوكَ
أَوْ يُخْرِجُوكَ وَيَمْكُرُونَ وَيَمْكُرُ اللَّهُ وَاللَّهُ خَيْرُ الْمَاكِرِينَ ۝
وَإِذَا تُتْلَىٰ عَلَيْهِمْ آيَاتُنَا قَالُوا قَدْ سَمِعْنَا لَوْ نَشَاءُ لَقُلْنَا مِثْلَ

वअ्-लमू अन्नमा अम्वालुकुम् व औलादुकुम् फ़ित्-नतुंव्-व अन्नल्ला-ह अिन्दहू अज्रुन् अ़ज़ीम★(२८) या अय्युहल्लज़ी-न आमनू इन् तत्तक़ुल्ला-ह यज्-अ़ल्लकुम् फ़ुर्-क़ानंव्-व युकफ़्फ़िर् अन्कुम् सय्यिआतिकुम् व यग़्फ़िर् लकुम्, वल्लाहु ज़ुल्-फ़ज़्लिल्-अ़ज़ीम (२९) व इज़् यम्कुरु बिकल्लज़ी-न क-फ़रू लियुस्बितू-क औ यक़्तुलू-क औ युख़्रिजू-क, व यम्कुरू-न व यम्कुरुल्लाहु, वल्लाहु ख़ैरुल्-माकिरीन (३०) व इज़ा तुत्ला अ़लैहिम् आयातुना क़ालू क़द् समिअ्-ना लौ नशाउ ल-क़ुल्ना मिस्-ल हाज़ा, इन् हाज़ा इल्ला असातीरुल्-अव्वलीन (३१)

★रु. ३१७आ ६

और तुम सुनते हो। (२०) और उन लोगों जैसे न होना जो कहते हैं कि हम ने (खुदा का हुक्म)
सुन लिया, मगर (हक़ीक़त में) नहीं सुनते। (२१) कुछ शक नहीं कि खुदा के नज़दीक
तमाम जानदारों से बद-तर बहरे गूंगे हैं, जो कुछ नहीं समझते। (२२) और अगर खुदा उन में
नेकी (का माद्दा) देखता तो उन को सुनने की तौफ़ीक़ बख़्शता और अगर (हिदायत की सलाहियत
के बग़ैर) समाअत देता तो वे मुंह फेर कर भाग जाते। (२३) मोमिनो! खुदा और उस के रसूल
का हुक्म क़ुबूल करो, जब कि खुदा के रसूल तुम्हें ऐसे काम के लिए बुलाते हैं, जो तुम को ज़िंदगी
(हमेशा की) बख़्शता है और जान रखो कि खुदा आदमी और उसके दिल के दर्मियान हायल हो
जाता है और यह भी कि तुम सब उस के रू-ब-रू जमा किये जाओगे। (२४) और उस फ़ित्ने से
डरो, जो ख़ुसूसियत के साथ उन्हीं लोगों पर वाक़ेअ न होगा, जो तुम में गुनाहगार हैं और जान रखो
الدِّيْنُ الْقَيِّمُ ڏ فَلَا تَظْلِمُوْا فِيْهِنَّ اَنْفُسَكُمْ وَقَاتِلُوا الْمُشْرِكِيْنَ
كَاۗفَّةً كَمَا يُقَاتِلُوْنَكُمْ كَاۗفَّةً ۭ وَاعْلَمُوْٓا اَنَّ اللّٰهَ مَعَ
الْمُتَّقِيْنَ ﴿۳۶﴾ اِنَّمَا النَّسِيْۗءُ زِيَادَةٌ فِي الْكُفْرِ يُضَلُّ بِهِ الَّذِيْنَ
كَفَرُوْا يُحِلُّوْنَهٗ عَامًا وَّيُحَرِّمُوْنَهٗ عَامًا لِّيُوَاطِـُٔوْا عِدَّةَ مَا حَرَّمَ
اللّٰهُ فَيُحِلُّوْا مَا حَرَّمَ اللّٰهُ ۭ زُيِّنَ لَهُمْ سُوْۗءُ اَعْمَالِهِمْ ۭ وَاللّٰهُ لَا

منزل ۲

● नि. १/२ ★रु. ५/११ आ ८

मशाइख़ (बुज़ुर्गों) और मसीह इब्ने मरयम को अल्लाह के सिवा ख़ुदा बना लिया, हालांकि उनको यह हुक्म दिया गया था कि एक ख़ुदा के सिवा किसी की इबादत न करें। उस के सिवा कोई माबूद नहीं। और वह उन लोगों के शरीक मुक़र्रर करने से पाक है। (३१) ये चाहते हैं कि ख़ुदा के नूर को अपने मुंह से (फूंक मार कर) बुझा दें और ख़ुदा अपने नूर को पूरा किये बग़ैर रहने का नहीं, अगरचे काफ़िरों को बुरा ही लगे। (३२) वही तो है जिसने अपने पैग़म्बर को हिदायत और दीने हक़ देकर भेजा, ताकि उस (दीन) को (दुनिया के) तमाम दीनों पर ग़ालिब करे, अगरचे काफ़िर ना-ख़ुश ही हों। (३३) ● मोमिनो !(अह्ले किताब के) बहुत-से आलिम और मशाइख़ लोगों का माल ना-हक़ खाते और (उन को) ख़ुदा की राह से रोकते हैं और जो लोग सोना और चांदी जमा करते हैं और उस को ख़ुदा की राह में ख़र्च नहीं करते, उन को उस दिन के दर्दनाक अज़ाब की ख़ुशख़बरी सुना दो, (३४) जिस दिन वह माल दोज़ख़ की आग में (ख़ूब) गर्म किया जाएगा, फिर उस में इन (बख़ीलों) की पेशानियां और पहलू और पीठें दाग़ी जाएंगी (और कहा जाएगा कि) यह वही है, जो तुम ने अपने लिए जमा किया था, सो जो तुम जमा करते थे, (अब) उसका मज़ा चखो। (३५) ख़ुदा के नज़दीक महीने गिनती में (बारह हैं, यानी) उस दिन (से) कि उस ने आसमानों और ज़मीन को पैदा किया। ख़ुदा की किताब में (वर्ष के) बारह महीने (लिखे हुए) हैं। उन में से चार महीने[1] अदब के हैं। यही दीन (का) सीधा रास्ता है। तो इन (महीनों) में (ना-हक़ ख़ूरेज़ी से) अपने आप पर ज़ुल्म न करना और तुम सब के सब मुश्रिकों से लड़ो, जैसे वे सब के सब तुम से लड़ते हैं और जान रखो कि ख़ुदा परहेज़गारों के साथ है। (३६) अम्न के किसी महीने को हटा कर आगे-पीछे कर देना कुफ़्र में बढ़ती करता है। इस से काफ़िर गुमराही में पड़े रहते हैं। एक साल तो उस को हलाल समझ लेते हैं और दूसरे साल हराम, ताकि अदब के महीनों की, जो ख़ुदा ने मुक़र्रर किये है, गिनती पूरी कर लें और जो ख़ुदा ने मना किया है, उसको जायज़ कर लें। उन के बुरे अमल उन को भले दिखायी देते हैं और ख़ुदा काफ़िर लोगों को हिदायत नहीं दिया करता। (३७) ✶

(पृष्ठ ३०१ का शेष)

मुत्तलिब के हाथ में थी। वह ख़च्चर को रोकते थे कि तेज न चले। हज़रत अपना नामे मुबारक ले-ले कर मुसलमानों को पुकारते थे कि ख़ुदा के बंदो ! कहां जाते हो, मेरी तरफ़ आओ। मैं ख़ुदा का रसूल हूं। यह भी फ़रमाते थे कि 'अनन्नबीयु ला कज़िब० अनब्नु अब्दिल मुत्तलिब'। लिखा है कि सौ के क़रीब सहाबी साबित क़दम रहे, बाक़ी सब के पांव उखड़ गये। आप ने अपने चचा अब्बास से, कि वह बुलंद आवाज़ थे, इर्शाद फ़रमाया कि ख़ूब ज़ोर से पुकारें। वह पुकारने लगे तो लोग हज़रत की तरफ़ रुजू हुए। जब कुछ लोग इस तरह पर जमा हो गये, तो हज़रत ने उन को हमला करने का हुक्म दिया। चुनांचे इस हमले में हवाज़िन को हार हुई। इस लड़ाई में ख़ुदा ने मुसलमानों की मदद के लिए फ़रिश्तों का लश्कर भेजा, जो मुसलमानों की तसल्ली की वजह बना। ग़रज़ ख़ुदा ने मुसलमानों को उन के इतराने और घमंड करने पर चेतावनी दे कर उन्हें जिताया। इस लड़ाई में कुफ़्फ़ार के क़त्ल और गिरफ़्तारी के अलावा बहुत-सा माल हाथ आया। कहते हैं कि इस से ज़्यादा कोई बड़ी ग़नीमत हाथ नहीं आयी थी।

१. ज़ीक़ादा, ज़िलहिज्जा, मुहर्रम, रजब।

● नि. १/२ ★रु. ५/११ आ ८

या अय्युहल्लज़ी-न आमनू मा लकुम् इज़ा क़ी-ल लकुमुन्फ़िरू फ़ी सबीलिल्लाहिस्साक़ल्तुम् इलल्अर्ज़ि ϧ अ - रज़ीतुम् बिल् - हयातिद्दुन्या मिनल्-आखिरति ط फ़-मा मताअुल्-हयातिद्दुन्या फ़िल्आखिरति इल्ला क़लील (३८) इल्ला तन्फ़िरू युअ़ज़्ज़िब्कुम् अ़ज़ाबन् अलीमंव् ϧ- व यस्तब्दिल् क़ौमन् ग़ै-रकुम् व ला तज़ुर्रूहु शैअन् ϧ वल्लाहु अ़ला कुल्लि शैइन् क़दीर (३९) इल्ला तन्सुरूहु फ़-क़द् न-स-रहुल्लाहु इज़् अख़-र-जहुल्लज़ी-न क-फ़रू सानियस्नैनि इज़् हुमा फ़िल्ग़ारि इज़् यक़ूलु लिसाहिबिही ला तह़् - ज़न् इन्नल्ला - ह म - अना ط फ़-अन्-ज़-लल्लाहु सकी-न-तहू अ़लैहि व अय्यदहू बिजुनूदिल्लम् तरौहा व ज-अ़-ल कलिमतल्-लज़ी-न क-फ़रुस्सुफ़्ला ϧ व कलिमतुल्लाहि हियल्अुल्या ϧ वल्लाहु अ़ज़ीज़ुन् हकीम (४०) इन्फ़िरू ख़िफ़ाफ़ंव्-व सिक़ालंव्-व जाहिदू बिअम्वालिकुम् व अन्फ़ुसिकुम् फ़ी सबीलिल्लाहि ϧ ज़ालिकुम् ख़ैरुल्लकुम् इन् कुन्तुम् तअ्-लमून (४१) लौ का-न अ़-र-ज़न् क़रीबंव्-व स-फ़-रन् क़ासिदल्लत्तबअू-क व लाकिम्-बअुदत् अ़लैहिमुश्शुक़्क़तु ϧ व स-यह्लिफ़ू-न बिल्लाहि लविस्त-तअ्-ना ल-ख़-रज्ना म-अ़कुम् ط युह्लिकू - न अन्फ़ुसहुम् ط वल्लाहु यअ् - लमु इन्नहुम् ल-काज़िबून ★ (४२) अ़-फ़ल्लाहु अ़न्-क ط लि-म अज़िन्-त लहुम् हत्ता य-त-बय्य-न ल-कल्लज़ी-न स - दक़ू व तअ्-ल-मल्काज़िबीन (४३) ला यस्तअ्ज़िनु-कल्लज़ी-न युअ्मिनू-न बिल्लाहि वल्यौमिल् - आख़िरि अंय्युजा-हिदू बिअम्वालिहिम् व अन्फ़ुसिहिम् ϧ वल्लाहु अ़लीमुम् - बिलमुत्तक़ीन (४४)

التوبة ٩ | ١٩٢ | واعلموا

يَهْدِي الْقَوْمَ الْكٰفِرِيْنَ ۝ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مَا لَكُمْ اِذَا قِيْلَ
لَكُمُ انْفِرُوْا فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ اثَّاقَلْتُمْ اِلَى الْاَرْضِ ۭ اَرَضِيْتُمْ بِالْحَيٰوةِ
الدُّنْيَا مِنَ الْاٰخِرَةِ ۚ فَمَا مَتَاعُ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا فِي الْاٰخِرَةِ اِلَّا
قَلِيْلٌ ۝ اِلَّا تَنْفِرُوْا يُعَذِّبْكُمْ عَذَابًا اَلِيْمًا ۙ وَّيَسْتَبْدِلْ قَوْمًا
غَيْرَكُمْ وَلَا تَضُرُّوْهُ شَيْـًٔا ۭ وَاللّٰهُ عَلٰي كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ۝
اِلَّا تَنْصُرُوْهُ فَقَدْ نَصَرَهُ اللّٰهُ اِذْ اَخْرَجَهُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا ثَانِيَ
اثْنَيْنِ اِذْ هُمَا فِي الْغَارِ اِذْ يَقُوْلُ لِصَاحِبِهٖ لَا تَحْزَنْ اِنَّ اللّٰهَ
مَعَنَا ۚ فَاَنْزَلَ اللّٰهُ سَكِيْنَتَهٗ عَلَيْهِ وَاَيَّدَهٗ بِجُنُوْدٍ لَّمْ تَرَوْهَا وَجَعَلَ
كَلِمَةَ الَّذِيْنَ كَفَرُوا السُّفْلٰى ۭ وَكَلِمَةُ اللّٰهِ هِيَ الْعُلْيَا ۭ وَاللّٰهُ عَزِيْزٌ
حَكِيْمٌ ۝ اِنْفِرُوْا خِفَافًا وَّثِقَالًا وَّجَاهِدُوْا بِاَمْوَالِكُمْ وَاَنْفُسِكُمْ
فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ۭ ذٰلِكُمْ خَيْرٌ لَّكُمْ اِنْ كُنْتُمْ تَعْلَمُوْنَ ۝ لَوْ كَانَ
عَرَضًا قَرِيْبًا وَّسَفَرًا قَاصِدًا لَّاتَّبَعُوْكَ وَلٰكِنْ بَعُدَتْ عَلَيْهِمُ
الشُّقَّةُ ۭ وَسَيَحْلِفُوْنَ بِاللّٰهِ لَوِ اسْتَطَعْنَا لَخَرَجْنَا مَعَكُمْ ۚ
يُهْلِكُوْنَ اَنْفُسَهُمْ ۚ وَاللّٰهُ يَعْلَمُ اِنَّهُمْ لَكٰذِبُوْنَ ۝ عَفَا اللّٰهُ
عَنْكَ ۚ لِمَ اَذِنْتَ لَهُمْ حَتّٰى يَتَبَيَّنَ لَكَ الَّذِيْنَ صَدَقُوْا وَتَعْلَمَ
الْكٰذِبِيْنَ ۝ لَا يَسْتَاْذِنُكَ الَّذِيْنَ يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ
اَنْ يُّجَاهِدُوْا بِاَمْوَالِهِمْ وَاَنْفُسِهِمْ ۭ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌۢ بِالْمُتَّقِيْنَ ۝

★रु. ६/१२ आ ५

मोमिनो ! तुम्हें क्या हुआ है कि जब तुम से कहा जाता है कि ख़ुदा की राह में (जिहाद के लिए) निकलो, तो तुम (काहिली की वजह से) ज़मीन पर गिरे जाते हो (यानी घरों से निकलना नहीं चाहते) ? क्या तुम आख़िरत (की नेमतों) को छोड़ कर दुनिया की ज़िंदगी पर ख़ुश हो बैठे हो ? दुनिया की ज़िंदगी के फ़ायदे तो आख़िरत के मुक़ाबले बहुत ही कम हैं। (३८) अगर तुम न निकलोगे तो ख़ुदा तुमको बड़ी तक्लीफ़ का अज़ाब देगा और तुम्हारी जगह और लोग पैदा कर देगा (जो ख़ुदा के पूरे फ़रमांबरदार होंगे) और तुम उस को कुछ नुक़्सान न पहुंचा सकोगे और ख़ुदा हर चीज़ पर क़ुदरत रखता है। (३९) अगर तुम पैग़म्बर की मदद न करोगे तो ख़ुदा उन का मददगार है। (वह वक़्त तुमको याद होगा) जब उन को काफ़िरों ने घरों से निकाल दिया, (उस वक़्त) दो (ही शख़्स थे, जिन) में (एक अबूबक्र थे), दूसरे (ख़ुद अल्लाह के रसूल), जब वे दोनों (सौर के) ग़ार में थे, उस वक़्त पैग़म्बर अपने साथी को तसल्ली देते थे कि ग़म न करो, ख़ुदा हमारे साथ है, तो ख़ुदा ने उन पर तस्कीन नाज़िल फ़रमायी और उन को ऐसी फ़ौजों से मदद दी, जो तुम को नज़र नहीं आते थे और काफ़िरों की बात को पस्त कर दिया और बात तो ख़ुदा ही की बुलंद है और ख़ुदा ज़बरदस्त (और) हिक्मत वाला है। (४०) तुम हल्के हो या बोझल (यानी माल व अस्बाब थोड़ा रखते हो या बहुत, घरों से) निकल आओ और ख़ुदा के रास्ते में माल और जान से लड़ो। यही तुम्हारे हक़ में अच्छा है, बशर्ते कि समझो। (४१) अगर ग़नीमत का माल आसानी से हासिल हो जाने वाला और सफ़र भी हल्का-सा होता, तो तुम्हारे साथ (शौक़ से) चल देते, लेकिन सफ़र उनको दूर (का) नज़र आया, (तो उज़्र करेंगे) और ख़ुदा की क़समें खाएंगे कि अगर हम ताक़त रखते, तो आपके साथ निकल खड़े होते। ये (ऐसे उज़्रों से) अपने आप को हलाक कर रहे हैं और ख़ुदा जानता है कि ये झूठे हैं। (४२) ★

ख़ुदा तुम्हें माफ़ करे। तुमने इससे पहले कि, वे लोग भी ज़ाहिर हो जाते, जो सच्चे हैं और वे भी तुम्हें मालूम हो जाते जो झूठे हैं, उन को इजाज़त क्यों दी ? (४३) जो लोग ख़ुदा पर और आख़िरत के दिन पर ईमान रखते हैं, वे तुम से इजाज़त नहीं मांगते (कि पीछे रह जाएं, बल्कि चाहते हैं कि) अपने माल और जान से जिहाद करें और ख़ुदा डरने वालों को जानता है। (४४)

★रु. ६/१२ आ ५

इन्नमा यस्तअ्जिनुकल्लज़ी-न ला युअ्मिनू-न बिल्लाहि वल्यौमिल्-आख़िरि वर्ताबत् क़ुलूबुहुम् फ़हुम् फ़ी रैबिहिम् य-त-रद्ददून (४५) व लौ अरादुल्-ख़ुरू-ज ल-अ-अद्दू लहू अुद्दतंव्-व लाकिन् करिहल्लाहुम्बिआ़सहुम् फ़-सब्-ब-तहुम् व क़ीलक़्अुदू मअ़ल्क़ाअ़िदीन (४६) लौ ख़-रजू फ़ीकुम् मा ज़ादूकुम् इल्ला ख़बालंव्-व ल औज़अू ख़िलालकुम् यब्ग़ूनकुमुल्-फ़ित-न-त ج व फ़ीकुम् सम्माअू-न लहुम् ط वल्लाहु अ़लीमुम् - बिज़्ज़ालिमीन (४७) ल-क़दिब्त-ग़वुल्-फ़ित्-न-त मिन् क़ब्लु व क़ल्लबू ल-कल्-उमू-र हत्ता जा-अल्हक़्क़ु व ज़-ह-र अम्रुल्लाहि व हुम् कारिहून (४८) व मिन्हुम् मंय्यक़ूलुअ्-ज़ल्ली व ला तफ़्तिन्नी ط अला फ़िल्फ़ित - नति स-क़तू ط व इन्-न जहन्न-म लमुही-ततुम् बिल्काफ़िरीन (४९) इन् तुसिब्-क ह-स-नतुन् तसुअ्हुम् ج व इन् तुसिब्-क मुसीबतुंय्यक़ूलू क़द् अ - ख़ज़्ना अम - रना मिन् क़ब्लु व य-त - वल्लव्वहुम् फ़रिहून (५०)

إنما يستأذنك الذين لا يؤمنون بالله واليوم الآخر وارتابت
قلوبهم فهم في ريبهم يترددون ۝ ولو أرادوا الخروج
لأعدوا له عدة ولكن كره الله انبعاثهم فثبطهم وقيل
اقعدوا مع القاعدين ۝ لو خرجوا فيكم ما زادوكم إلا خبالا
ولأوضعوا خلالكم يبغونكم الفتنة وفيكم سماعون لهم
والله عليم بالظالمين ۝ لقد ابتغوا الفتنة من قبل وقلبوا
لك الأمور حتى جاء الحق وظهر أمر الله وهم كارهون ۝ و
منهم من يقول ائذن لي ولا تفتني ألا في الفتنة سقطوا
وإن جهنم لمحيطة بالكافرين ۝ إن تصبك حسنة
تسؤهم وإن تصبك مصيبة يقولوا قد أخذنا أمرنا
من قبل ويتولوا وهم فرحون ۝ قل لن يصيبنا إلا ما
كتب الله لنا هو مولانا وعلى الله فليتوكل المؤمنون ۝
قل هل تربصون بنا إلا إحدى الحسنيين ونحن نتربص
بكم أن يصيبكم الله بعذاب من عنده أو بأيدينا
فتربصوا إنا معكم متربصون ۝ قل أنفقوا طوعا أو كرها
لن يتقبل منكم إنكم كنتم قوما فاسقين ۝ وما منعهم
أن تقبل منهم نفقاتهم إلا أنهم كفروا بالله وبرسوله و

क़ुल्लंय्युसीबना इल्ला मा क-त-बल्लाहु लना ج हु-व मौलाना ج व अ-लल्लाहि फ़ल्-य-त-वक्कलिल्-मुअ्मिनून (५१) क़ुल् हल् त-रब्बसू-न बिना इल्ला इह्दल् - हुस - नयैनि ط व नह्नु न-त-रब्बसु बिकुम् अंय्युसी-ब - कुमुल्लाहु बिअ़ज़ाबिम् - मिन् अ़िन्दिही औ बिऐदीना ج फ़ - त - रब्बसू इन्ना म-अकुम् मु-त - रब्बिसून (५२) क़ुल् अन्फ़िक़ू तौअ़न् औ करहल्-लंय्युत - क़ब्ब - ल मिन्कुम् ط इन्नकुम् कुन्तुम् क़ौमन् फ़ासिक़ीन (५३) व मा म-न-अ़हुम् अन् तुक़्ब-ल मिन्हुम् न-फ़-क़ातुहुम् इल्ला अन्नहुम् क - फ़रू बिल्लाहि व बिरसूलिही व ला यअ्तूनस्सला - त इल्ला व हुम् कुसाला व ला युन्फ़िक़ू - न इल्ला व हुम् कारिहून (५४)

इजाज़त वही लोग मांगते हैं, जो ख़ुदा पर और पिछले दिन पर ईमान नहीं रखते और उनके दिल शक में पड़े हुए हैं, सो वे अपने शक में डांवा-डोल हो रहे हैं। (४५) और अगर वे निकलने का इरादा करते हैं तो उसके लिए सामान तैयार करते, लेकिन ख़ुदा ने उनका उठना (और निकलना) पसन्द न किया, तो उनको हिलने-जुलने ही न दिया और (उनसे) कह दिया गया कि जहां (माज़ूर) बैठे हैं, तुम भी उन के साथ बैठे रहो। (४६) अगर वे तुम में (शामिल होकर) निकल भी खड़े होते तो, तुम्हारे हक़ में शरारत करते और तुम में फ़साद डलवाने की ग़रज़ से दौड़े-दौड़े फिरते और तुम में उन के जासूस भी हैं और ख़ुदा ज़ालिमों को ख़ूब जानता है। (४७) ये पहले भी फ़साद चाहने वाले रहे हैं और बहुत-सी बातों में उलट-फेर करते रहे हैं, यहां तक कि हक़ आ पहुंचा और ख़ुदा का हुक्म ग़ालिब हुआ और वे बुरा मानते ही रह गये। (४८) और उन में कोई ऐसा भी है, जो कहता है कि मुझे तो इजाज़त ही दीजिए और आफ़त में न डालिए। देखो, ये आफ़त में पड़ गये हैं और दोज़ख़ सब काफ़िरों को घेरे हुए है। (४९) (ऐ पैग़म्बर!) अगर तुम को आराम (व सुख) मिलता है, तो उन को बुरा लगता है और अगर कोई कठिन (घड़ी आ) पड़ती है, तो कहते हैं कि हमने अपना काम पहले ही (ठीक) कर लिया था और ख़ुशियां मनाते लौट जाते हैं। (५०) कह दो कि हम को कोई मुसीबत नहीं पहुंच सकती, उस के अलावा, जो ख़ुदा ने हमारे लिए लिख दी हो। वही हमारा कारसाज़ है और मोमिनों को ख़ुदा ही का भरोसा रखना चाहिए। (५१) कह दो कि तुम हमारे हक़ में दो भलाइयों में से एक के इंतिज़ार में हो और हम तुम्हारे हक़ में इस बात के इंतिज़ार में हैं कि ख़ुदा (या तो) अपने पास से तुम पर कोई अज़ाब नाज़िल करे या हमारे हाथों से अज़ाब दिलवाये तो तुम भी इंतिज़ार करो, हम भी तुम्हारे साथ इंतिज़ार करते हैं। (५२) कह दो कि तुम (माल) ख़ुशी से ख़र्च करो या ना-ख़ुशी से, हरगिज़ क़ुबूल नहीं किया जाएगा। तुम नाफ़रमान लोग हो। (५३) और उन के ख़र्च (मालों) के क़ुबूल होने में कोई चीज़ रोक नहीं बनी, सिवा इसके कि उन्होंने ख़ुदा से और उसके रसूल से कुफ़्र किया और नमाज़ को आते हैं, तो सुस्त व काहिल हो कर और ख़र्च करते हैं तो ना-ख़ुशी से। (५४) तुम उन के माल और औलाद से ताज्जुब न करना।

फ़ला तुअ्-जिब-क अम्वालुहुम् व ला औलादुहुम् ط इन्नमा युरीदुल्लाहु लियु-अ़ज़्ज़िबहुम् बिहा फ़िल्ह़यातिद्दुन्या व तज़्-ह-क़ अन्फ़ुसुहुम् व हुम् काफ़िरून (५५) व यह़्लिफ़ू-न बिल्लाहि इन्नहुम् लमिन्कुम् ط व मा हुम् मिन्कुम् व लाकिन्नहुम् क़ौमुंय्यफ़्रक़ून (५६) लौ यजिदू-न मलज-अन् औ मग़ारातिन् औ मुद्द-ख़-लल्-ल वल्लौ इलैहि व हुम् यज्मह़ून (५७) व मिन्हुम् मंय्यल्मिज़ु-क फ़िस्स-द-क़ाति ج फ़-इन् उअ्-तू मिन्हा रज़ू व इल्लम् युअ्-तौ मिन्हा इज़ा हुम् यस्ख़तून (५८) व लौ अन्नहुम् रज़ू मा आताहुमुल्लाहु व रसूलुहू ل व क़ालू ह़स्बुनल्लाहु सयुअ्तीनल्लाहु मिन् फ़ज़्लिही व रसूलुहू ل इन्ना इलल्लाहि राग़िबून ★ (५९) इन्नमस्स-द-क़ातु लिल्फ़ुक़राइ वल्मसाकीनि वल्आमिली-न अ़लैहा वल्मुअल्लफ़ति क़ुलूबु-हुम् व फ़िर्रिक़ाबि वल्ग़ारिमी-न व फ़ी सबीलिल्लाहि वब्निस्सबीलि ط फ़री-ज़-तम्-मिनल्लाहि ط वल्लाहु अ़लीमुन् ह़कीम (६०) व मिन्हुमुल्लज़ी-न युअ्ज़ूनन्नबिय्-य व यक़ूलू-न हु-व उज़ुनुन् ط क़ुल् उज़ुनु ख़ैरिल्लकुम् युअ्मिनु बिल्लाहि व युअ्मिनु लिल्-मुअ्मिनी-न व रह़्मतुल्-लिल्लज़ी-न आमनू मिन्कुम् ط वल्लज़ी-न युअ्ज़ू-न रसूलल्लाहि लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीम (६१) यह़्लिफ़ू-न बिल्लाहि लकुम् लियुर्ज़ूकुम् ج वल्लाहु व रसूलुहू अ-ह़क़्क़ु अंय्युर्ज़ूहु इन् कानू मुअ्मिनीन (६२) अ-लम् यअ्-लमू अन्नहू मंय्युहादिदिल्ला-ह व रसूलहू फ़अन्-न लहू ना-र ज-हन्न-म ख़ालिदन् फ़ीहा ط ज़ालिकल्-ख़िज़्युल्-अ़ज़ीम ● (६३)

لَا يَأْتُوْنَ الصَّلٰوةَ اِلَّا وَهُمْ كُسَالٰى وَلَا يُنْفِقُوْنَ اِلَّا وَهُمْ كٰرِهُوْنَ ۝
فَلَا تُعْجِبْكَ اَمْوَالُهُمْ وَلَآ اَوْلَادُهُمْ ۭ اِنَّمَا يُرِيْدُ اللّٰهُ لِيُعَذِّبَهُمْ
بِهَا فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَتَزْهَقَ اَنْفُسُهُمْ وَهُمْ كٰفِرُوْنَ ۝
وَيَحْلِفُوْنَ بِاللّٰهِ اِنَّهُمْ لَمِنْكُمْ ۭ وَمَا هُمْ مِّنْكُمْ وَلٰكِنَّهُمْ قَوْمٌ
يَّفْرَقُوْنَ ۝ لَوْ يَجِدُوْنَ مَلْجَاً اَوْ مَغٰرٰتٍ اَوْ مُدَّخَلًا لَّوَلَّوْا
اِلَيْهِ وَهُمْ يَجْمَحُوْنَ ۝ وَمِنْهُمْ مَّنْ يَّلْمِزُكَ فِي الصَّدَقٰتِ ۚ فَاِنْ
اُعْطُوْا مِنْهَا رَضُوْا وَاِنْ لَّمْ يُعْطَوْا مِنْهَآ اِذَا هُمْ يَسْخَطُوْنَ ۝ وَ
لَوْ اَنَّهُمْ رَضُوْا مَآ اٰتٰىهُمُ اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗ ۙ وَقَالُوْا حَسْبُنَا اللّٰهُ
سَيُؤْتِيْنَا اللّٰهُ مِنْ فَضْلِهٖ وَرَسُوْلُهٗٓ ۙ اِنَّآ اِلَى اللّٰهِ رٰغِبُوْنَ ۝
اِنَّمَا الصَّدَقٰتُ لِلْفُقَرَاۗءِ وَالْمَسٰكِيْنِ وَالْعٰمِلِيْنَ عَلَيْهَا وَالْمُؤَلَّفَةِ
قُلُوْبُهُمْ وَفِي الرِّقَابِ وَالْغٰرِمِيْنَ وَفِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَابْنِ السَّبِيْلِ ۭ
فَرِيْضَةً مِّنَ اللّٰهِ ۭ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ۝ وَمِنْهُمُ الَّذِيْنَ يُؤْذُوْنَ
النَّبِيَّ وَيَقُوْلُوْنَ هُوَ اُذُنٌ ۭ قُلْ اُذُنُ خَيْرٍ لَّكُمْ يُؤْمِنُ بِاللّٰهِ
وَيُؤْمِنُ لِلْمُؤْمِنِيْنَ وَرَحْمَةٌ لِّلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مِنْكُمْ ۭ وَالَّذِيْنَ
يُؤْذُوْنَ رَسُوْلَ اللّٰهِ لَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۝ يَحْلِفُوْنَ بِاللّٰهِ لَكُمْ
لِيُرْضُوْكُمْ ۚ وَاللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗٓ اَحَقُّ اَنْ يُّرْضُوْهُ اِنْ كَانُوْا مُؤْمِنِيْنَ ۝
اَلَمْ يَعْلَمُوْٓا اَنَّهٗ مَنْ يُّحَادِدِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ فَاَنَّ لَهٗ نَارَ

منزل

★रु. ७/१३ आ १७ ●मु. ३/४

ख़ुदा चाहता है कि इन चीजों से दुनिया की ज़िंदगी में उन को अज़ाब दे और (जब) उन की जान निकले, तो (उस वक़्त भी) वे काफ़िर ही हों। (५५) और ख़ुदा की क़स्में खाते हैं कि वे तुम्हीं में से हैं हालांकि वे तुम में से नहीं हैं। असल यह है कि ये डरपोक लोग हैं। (५६) अगर उन को कोई बचाव की जगह (जैसे क़िला) या ग़ार व मग़ाक या (ज़मीन के अंदर) घुसने की जगह मिल जाए, तो उसी तरह रस्सियां तुड़ाते हुए भाग जाएं। (५७) और उनमें कुछ ऐसे भी हैं कि सदक़ों (की तक़्सीम) में तुम पर ताना ज़नी करते हैं। अगर उन को उसमें से (अच्छा-भला कुछ) मिल जाए तो ख़ुश रहें और अगर (इस क़दर) न मिले तो झट ख़फ़ा हो जाएं। (५८) और अगर वे इस पर ख़ुश रहते जो ख़ुदा और उसके रसूल ने उनको दिया था और कहते कि हमें ख़ुदा काफ़ी है और ख़ुदा अपने फ़ज़्ल से और पैग़म्बर (अपनी मेहरबानी से) हमें (फिर) दे देंगे और हमें तो ख़ुदा ही की ख़्वाहिश है, (तो उन के हक़ में बेहतर होता)। (५९) ★

सदक़े (यानी ज़कात व ख़ैरात) तो मुफ़्लिसों और मुहताजों और सदक़ात के लिए काम करने वालों का हक़ है और उन लोगों का जिन के दिलों का रखना मंज़ूर है और ग़ुलामों के आज़ाद कराने में और क़र्ज़दारों (के क़र्ज़ अदा करने में) और ख़ुदा की राह में और मुसाफ़िरों (की मदद) में (भी यह माल ख़र्च करना चाहिए। ये हुक़ूक़) ख़ुदा की तरफ़ से मुक़र्रर कर दिए गये हैं और ख़ुदा जानने वाला (और) हिक्मत वाला है। (६०) और इन में कुछ ऐसे हैं, जो पैग़म्बर को ईज़ा (तक्लीफ़) देते हैं और कहते हैं कि यह शख़्स निरा कान है।[1] (उन से) कह दो कि (वह) कान (है, तो) तुम्हारी भलाई के लिए। वह ख़ुदा का और मोमिनों (की बात) का यक़ीन रखता है और जो लोग तुम में ईमान लाये हैं, उन के लिए रहमत है और जो लोग रसूले ख़ुदा को रंज पहुंचाते हैं, उनके लिए दर्दनाक अज़ाब (तैयार) है। (६१) मोमिनो ! ये लोग तुम्हारे सामने ख़ुदा की क़स्में खाते हैं, ताकि तुम को ख़ुश कर दें, हालांकि अगर ये (दिल से) मोमिन होते, तो ख़ुदा और और उसके पैग़म्बर ख़ुश करने के ज़्यादा हक़दार हैं ● (६२) क्या इन लोगों को मालूम नहीं कि जो शख़्स ख़ुदा और उसके रसूल से मुक़ाबला करता है, तो उसके लिए जहन्नम की आग (तैयार) है, जिस में वह हमेशा (जलता) रहेगा, यह बड़ी रुसवाई है। (६३) मुनाफ़िक़ डरते रहते हैं कि उन

१. कुछ मुनाफ़िक़ जनाब सरवरे कायनात को ईज़ा देते थे यानी कहते थे कि ये तो निरे कान हैं। जो कोई उन से बात कह देता है, उस को हमारे हक़ में सच जान लेते हैं और जब हम आ कर क़सम खा लेते हैं तो हमें सच्चा जानते हैं। ख़ुदा ने फ़रमाया कि यह बात नहीं कि वह हक़ व बातिल में तमीज़ नहीं करते, बल्कि सच्चे को झूठे से ख़ूब पहचानते हैं, लेकिन अमलन दरगुज़र करते हैं और जो मुनाफ़िक़ ऐसी बात कह कर पैग़म्बरे ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को ईज़ा देते हैं, उन को सख़्त अज़ाब होगा।

यह्ज़रुल् मुनाफ़िक़ू-न अन् तुनज़्ज़-ल अलैहिम् सूरतुन् तुनब्बिउहुम् बिमा फ़ी क़ुलूबिहिम् ط क़ुलिस्तह्ज़िऊ ج इन्नल्ला-ह मुख़्रिजुम् - मा तह्ज़रून (६४) व लइन् स-अल्तहुम् ल-यक़ूलुन्-न इन्नमा कुन्ना नख़ूज़ु व नल्अबु ط क़ुल् अबिल्लाहि व आयातिही व रसूलिही कुन्तुम् तस्तह्ज़िऊन (६५) ला तअ्-तज़िरू क़द् क-फ़र्तुम् बअ्-द ईमानिकुम् ط इन्नअ् - फ़ु अन् ताइफ़तिम् - मिन्कुम् नुअ़ज़्ज़िब् ताइ-फ़ - तम् - बिअन्नहुम् कानू मुज्रिमीन ★ (६६) अल्मुनाफ़िक़ू - न वल्मुनाफ़िक़ातु बअ् - ज़ुहुम् मिम्बअ्-ज़िन् ⁂ यअ्मुरू-न बिल्मुन्करि व यन्हौ-न अ़निल्मअ्-रूफ़ि व यक़्बिज़ू - न ऐदियहुम् ط नसुल्ला - ह फ़-नसि-यहुम् ط इन्नल्-मुनाफ़िक़ी - न हुमुल् - फ़ासिक़ून (६७) व-अ़-दल्लाहुल्-मुनाफ़िक़ी-न वल्मुनाफ़िक़ाति वल्कुफ़्फ़ा-र ना-र ज-हन्न-म ख़ालिदी-न फ़ीहा ط हि - य हस्बुहुम् ج व ल-अ़ - नहुमुल्लाहु ج व लहुम् अ़ज़ाबुम्मुक़ीम لا (६८) कल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिकुम् कानू अशद् - द मिन्कुम् क़ुव्वतंव्-व अक्स-र अम्वालंव् - व औलादन् ط फ़स्तम्तअू बिख़लाक़िहिम् फ़स्तम्तअ् - तुम् बिख़लाक़िकुम् क-मस-तम्त-अ़ल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिकुम् बिख़लाक़िहिम् व ख़ुज़्तुम् कल्लज़ी ख़ाज़ू ط उलाइ-क हबितत् अअ्-मालुहुम् फ़िद्दुन्या वल्आख़िरति ج व उलाइ-क हुमुल्ख़ासिरून (६९) अ-लम् यअ्तिहिम् न-ब-उल्लज़ी-न मिन् क़ब्लिहिम् क़ौमि नूहिंव्-व आ़दिंव्-व समू-द لا व क़ौमि इब्राही-म व अस्हाबि मद्-य-न वल्मुअ्तफ़िकाति ط अ-तत्हुम् रुसुलुहुम् बिल्बय्यिनाति ج फ़मा कानल्लाहु लि-यज़्लि-महुम् व लाकिन् कानू अन्फ़ुसहुम् यज़्लिमून (७०)

جَهَنَّمَ خَالِدًا فِيهَا ۚ ذَٰلِكَ الْخِزْيُ الْعَظِيمُ ﴿٦٣﴾ يَحْذَرُ الْمُنَافِقُونَ
أَنْ تُنَزَّلَ عَلَيْهِمْ سُورَةٌ تُنَبِّئُهُمْ بِمَا فِي قُلُوبِهِمْ ۚ قُلِ
اسْتَهْزِئُوا إِنَّ اللَّهَ مُخْرِجٌ مَا تَحْذَرُونَ ﴿٦٤﴾ وَلَئِنْ سَأَلْتَهُمْ
لَيَقُولُنَّ إِنَّمَا كُنَّا نَخُوضُ وَنَلْعَبُ ۚ قُلْ أَبِاللَّهِ وَآيَاتِهِ وَرَسُولِهِ
كُنْتُمْ تَسْتَهْزِئُونَ ﴿٦٥﴾ لَا تَعْتَذِرُوا قَدْ كَفَرْتُمْ بَعْدَ إِيمَانِكُمْ ۚ
إِنْ نَعْفُ عَنْ طَائِفَةٍ مِنْكُمْ نُعَذِّبْ طَائِفَةً بِأَنَّهُمْ كَانُوا
مُجْرِمِينَ ﴿٦٦﴾ الْمُنَافِقُونَ وَالْمُنَافِقَاتُ بَعْضُهُمْ مِنْ بَعْضٍ ۚ
يَأْمُرُونَ بِالْمُنْكَرِ وَيَنْهَوْنَ عَنِ الْمَعْرُوفِ وَيَقْبِضُونَ
أَيْدِيَهُمْ ۚ نَسُوا اللَّهَ فَنَسِيَهُمْ ۗ إِنَّ الْمُنَافِقِينَ هُمُ الْفَاسِقُونَ ﴿٦٧﴾
وَعَدَ اللَّهُ الْمُنَافِقِينَ وَالْمُنَافِقَاتِ وَالْكُفَّارَ نَارَ جَهَنَّمَ خَالِدِينَ
فِيهَا ۚ هِيَ حَسْبُهُمْ ۚ وَلَعَنَهُمُ اللَّهُ ۖ وَلَهُمْ عَذَابٌ مُقِيمٌ ﴿٦٨﴾
كَالَّذِينَ مِنْ قَبْلِكُمْ كَانُوا أَشَدَّ مِنْكُمْ قُوَّةً وَأَكْثَرَ أَمْوَالًا وَ
أَوْلَادًا فَاسْتَمْتَعُوا بِخَلَاقِهِمْ فَاسْتَمْتَعْتُمْ بِخَلَاقِكُمْ كَمَا
اسْتَمْتَعَ الَّذِينَ مِنْ قَبْلِكُمْ بِخَلَاقِهِمْ وَخُضْتُمْ كَالَّذِي
خَاضُوا ۚ أُولَٰئِكَ حَبِطَتْ أَعْمَالُهُمْ فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ ۖ وَ
أُولَٰئِكَ هُمُ الْخَاسِرُونَ ﴿٦٩﴾ أَلَمْ يَأْتِهِمْ نَبَأُ الَّذِينَ مِنْ قَبْلِهِمْ
قَوْمِ نُوحٍ وَعَادٍ وَثَمُودَ وَقَوْمِ إِبْرَاهِيمَ وَأَصْحَابِ مَدْيَنَ

★रु. ८/१४ आ ७ ⁂ व. लाज़िम

(के पैग़म्बर) पर कहीं कोई ऐसी सूरत (न) उतर आये कि उनके दिल की बातों का उन (मुसल-मानों) पर ज़ाहिर कर दे। कह दो कि हंसी किये जाओ। जिस बात से तुम डरते हो, ख़ुदा उस को ज़रूर ज़ाहिर कर देगा। (६४) और अगर तुम उन से (इस बारे में) पूछो, तो कहेंगे कि हम तो यों ही बात-चीत और दिल्लगी करते थे कहो, क्या तुम ख़ुदा और उस की आयतों और उस के रसूल से हंसी करते थे? (६५) बहाने मत बनाओ, तुम ईमान लाने के बाद काफ़िर हो चुके हो। अगर हम तुम में से एक जमाअत को माफ़ कर दें तो दूसरी जमाअत को सज़ा भी देंगे, क्योंकि वे गुनाह करते रहे हैं। (६६) ✶

मुनाफ़िक़ मर्द और मुनाफ़िक़ औरतें एक दूसरे के हम जिंस (यानी एक ही तरह के) हैं, कि बुरे काम करने को कहते और नेक कामों से मना करते और (ख़र्च करने से) हाथ बन्द किये रहते हैं, उन्होंने ख़ुदा को भुला दिया तो ख़ुदा ने भी उन को भुला दिया। बेशक मुनाफ़िक़ ना-फ़रमान हैं। (६७) अल्लाह ने मुनाफ़िक़ मर्दों और मुनाफ़िक़ औरतों और काफ़िरों से जहन्नम की आग का वायदा किया है, जिसमें हमेशा (जलते) रहेंगे। वही उन के लायक़ हैं और ख़ुदा ने उन पर लानत कर दी है और उनके लिए हमेशा का अज़ाब (तैयार) है। (६८) (तुम मुनाफ़िक़ लोग) उन लोगों की तरह हो, जो तुम से पहले हो चुके हैं, वह तुम से बहुत ताक़तवर और माल व औलाद में कहीं ज़्यादा थे, तो वे अपने हिस्से से फ़ायदा उठा चुके सो जिस तरह तुम से पहले लोग अपने हिस्से से फ़ायदा उठा चुके हैं, उसी तरह तुम ने अपने हिस्से से फ़ायदा उठा लिया और जिस तरह वे बातिल में डूबे रहे, उसी तरह तुम बातिल में डूबे रहे। ये वह लोग हैं, जिन के अमल दुनिया और आख़िरत में बर्बाद हो गये। और यही नुक़सान उठाने वाले हैं। (६९) क्या इन को उन लोगों (के हालात) की ख़बर नहीं पहुंची, जो इन से पहले थे (यानी नूह और आद और समूद की क़ौम और इब्राहीम की क़ौम और मद्यन वाले, उलटी हुई बस्तियों वाले, उन के पास पैग़म्बर निशानियां ले-ले कर आए और ख़ुदा तो ऐसा न था कि उन पर ज़ुल्म करता लेकिन वही अपने आप पर ज़ुल्म करते थे। (७०)

★रु. ८/१४ आ ७ व. लाज़िम

वल्मुअ्मिनू-न वल्मुअ्मिनातु बअ्-ज़ुहुम् औलिया-उ बअ्-ज़िन् ※ यअ्मुरू - न बिल्-मअ्-रूफ़ि व यन्हौ-न अनिल्मुन्करि व युक़ीमूनस्सला-त व युअ्तूनज़्ज़का-त व युतीअूनल्ला-ह व रसूलहू ♭ उलाइ-क स-यर्हमुहुमुल्लाहु ♭ इन्नल्ला-ह अज़ीज़ुन् हकीम (७१) व-अ-दल्लाहुल्-मुअ्मिनी-न वल्मुअ्मिनाति जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदी-न फ़ीहा व मसाकि-न तय्यि-ब-तन् फ़ी जन्नाति अद्निन् ♭ व रिज़्वानुम् - मिनल्लाहि अक्बरु ♭ ज़ालि-क हुवल्-फ़ौज़ुल् - अज़ीम ★ (७२) या अय्युहन्नबिय्यु जाहिदिल् - कुफ़्फ़ा - र वल्मुनाफ़िक़ी - न वग़्लुज़् अलैहिम् ♭ व मअ्वाहुम् जहन्नमु ♭ व बिअ्सल्मसीर (७३) यह्लिफ़ू-न बिल्लाहि मा क़ालू ♭ व ल-क़द् क़ालू कलि-म-तल्-कुफ़्रि व क-फ़रू बअ्-द इस्लामिहिम् व हम्मू बिमा लम् यनालू ϭ व मा न - क़मू इल्ला अन् अग़्नाहुमुल्लाहु व रसूलुहू मिन् फ़ज़्लिहीϭ फ़इ य्यतूबू यकु ख़ैरल्लहुम् ϭ व इ य्य-त-वल्लौ युअ़ज़्ज़िब्-हुमुल्लाहु अ़ज़ाबन् अलीमन् ♭ फ़िद्दुन्या वल्आख़िरतिϭ व मा लहुम् फ़िल्अर्ज़ि मिव्वलिय्यिव्वला नसीर (७४) व मिन्हुम् मन् आह-दल्ला-ह लइन् आताना मिन् फ़ज़्लिही ल-नस्सद्द-क़न्-न व ल-नकूनन्-न मिनस्सालिहीन (७५) फ़-लम्मा आताहुम् मिन् फ़ज़्लिही बख़िलू बिही व त-व-ल्लव्-व हुम् मुअ्-रिज़ून (७६)

التوبة ٩ واعلموا ١٠

وَالْمُؤْتَفِكٰتِ ۭ اَتَتْهُمْ رُسُلُهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ ۚ فَمَا كَانَ اللّٰهُ
لِيَظْلِمَهُمْ وَلٰكِنْ كَانُوْٓا اَنْفُسَهُمْ يَظْلِمُوْنَ ۝ وَالْمُؤْمِنُوْنَ وَ
الْمُؤْمِنٰتُ بَعْضُهُمْ اَوْلِيَاۗءُ بَعْضٍ ۘ يَاْمُرُوْنَ بِالْمَعْرُوْفِ وَ
يَنْهَوْنَ عَنِ الْمُنْكَرِ وَيُقِيْمُوْنَ الصَّلٰوةَ وَيُؤْتُوْنَ الزَّكٰوةَ وَ
يُطِيْعُوْنَ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ ۭ اُولٰۗىِٕكَ سَيَرْحَمُهُمُ اللّٰهُ ۭ اِنَّ اللّٰهَ عَزِيْزٌ
حَكِيْمٌ ۝ وَعَدَ اللّٰهُ الْمُؤْمِنِيْنَ وَالْمُؤْمِنٰتِ جَنّٰتٍ تَجْرِيْ
مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا وَمَسٰكِنَ طَيِّبَةً فِيْ جَنّٰتِ
عَدْنٍ ۭ وَرِضْوَانٌ مِّنَ اللّٰهِ اَكْبَرُ ۭ ذٰلِكَ هُوَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ۝
يٰٓاَيُّهَا النَّبِيُّ جَاهِدِ الْكُفَّارَ وَالْمُنٰفِقِيْنَ وَاغْلُظْ عَلَيْهِمْ ۭ وَ
مَاْوٰىهُمْ جَهَنَّمُ ۭ وَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ۝ يَحْلِفُوْنَ بِاللّٰهِ مَا قَالُوْا ۭ
وَلَقَدْ قَالُوْا كَلِمَةَ الْكُفْرِ وَكَفَرُوْا بَعْدَ اِسْلَامِهِمْ وَهَمُّوْا
بِمَا لَمْ يَنَالُوْا ۚ وَمَا نَقَمُوْٓا اِلَّآ اَنْ اَغْنٰىهُمُ اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗ مِنْ
فَضْلِهٖ ۚ فَاِنْ يَّتُوْبُوْا يَكُ خَيْرًا لَّهُمْ ۚ وَاِنْ يَّتَوَلَّوْا يُعَذِّبْهُمُ
اللّٰهُ عَذَابًا اَلِـيْمًا ۙ فِي الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ ۚ وَمَا لَهُمْ فِي الْاَرْضِ
مِنْ وَّلِيٍّ وَّلَا نَصِيْرٍ ۝ وَمِنْهُمْ مَّنْ عٰهَدَ اللّٰهَ لَىِٕنْ اٰتٰىنَا
مِنْ فَضْلِهٖ لَنَصَّدَّقَنَّ وَلَنَكُوْنَنَّ مِنَ الصّٰلِحِيْنَ ۝ فَلَمَّآ
اٰتٰىهُمْ مِّنْ فَضْلِهٖ بَخِلُوْا بِهٖ وَتَوَلَّوْا وَّهُمْ مُّعْرِضُوْنَ ۝

※ व. लाज़िम ★ रु. ९/१५ आ ६

और मोमिन मर्द और मोमिन औरतें एक दूसरे के दोस्त हैं कि अच्छे काम करने को कहते और बुरी बातों से मना करते और नमाज पढ़ते और ज़कात देते और ख़ुदा और उस के पैग़म्बर की इताअत करते हैं। यही लोग हैं, जिन पर ख़ुदा रहम करेगा, बेशक ख़ुदा ग़ालिब हिक्मत वाला है। (७१) ख़ुदा ने मोमिन मर्दों और मोमिन औरतों से बहिश्तों का वायदा किया है, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं (वे) उनमें हमेशा रहेंगे और हमेशा-हमेशा की बहिश्तों में उम्दा मकानों का (वायदा किया है) और ख़ुदा की रज़ामंदी तो सब से बढ़ कर नेमत है। यही बड़ी कामियाबी है। (७२) ★

ऐ पैग़म्बर! काफ़िरों और मुनाफ़िक़ों से लड़ो और उन पर सख़्ती करो और उन का ठिकाना दोज़ख़ है और बुरी जगह है। (७३) ये ख़ुदा की क़स्में खाते हैं कि उन्होंने (तो कुछ) नहीं कहा, हालांकि उन्होंने कुफ़्र का कलिमा कहा है और ये इस्लाम लाने के बाद काफ़िर हो गये हैं और ऐसी बात का क़स्द कर चुके हैं, जिस पर क़ुदरत नहीं पा सके और उन्होंने (मुसलमानों में) ऐब ही कौन-सा देखा है, सिवा इस के कि ख़ुदा ने अपने फ़ज़्ल से और उसके पैग़म्बर ने (अपनी मेहरबानी से) उन को दौलतमंद कर दिया है, तो अगर ये लोग तौबा कर लें, तो उन के हक़ में बेहतर होगा और अगर मुंह फेर लें, तो ख़ुदा उन को दुनिया और आख़िरत में दुख देने वाला अज़ाब देगा और ज़मीन में उनका कोई दोस्त और मददगार न होगा। (७४) और उनमें कुछ ऐसे हैं, जिन्होंने ख़ुदा से अह्द किया था कि अगर वह हम को अपनी मेहरबानी से (माल) अता फ़रमाएगा, तो हम ज़रूर ख़ैरात किया करेंगे और नेक लोगों में हो जाएंगे। (७५) लेकिन जब ख़ुदा ने उनको अपने फ़ज़्ल से (माल) दिया तो उसमें बुख़्ल करने लगे और (अपने अह्द से) रू-गरदानी कर के फिर बैठे। (७६) तो ख़ुदा

व॰ लाज़िम ★रु॰ ९/१५ आ ९

फ़-अअ्-क़-बहुम् निफ़ाक़न् फ़ी क़ुलूबिहिम् इला यौमि यल्क़ौनहू बिमा अख़्-लफ़ुल्ला-ह मा व-अदूहु व बिमा कानू यक्ज़िबून (७७) अ-लम् यअ्-लमू अन्नल्ला-ह यअ्-लमु सिर्रहुम् व नज्वाहुम् व अन्नल्ला-ह अ़ल्लामुल्ग़ुयूब ८ (७८) अल्लज़ी-न यल्मिज़ूनल्-मुत्तव्विअ़ी-न मिनल्-मुअ्मिनी - न फ़िस्स़-द - क़ाति वल्लज़ी - न ला यजिदू-न इल्ला जुह्-दहुम् फ़-यस्ख़रू-न मिन्हुम् ♭ सख़िरल्लाहु मिन्हुम् ⁄ व लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीम (७९) इस्तग़्फ़िर् लहुम् औ ला तस्तग़्फ़िर् लहुम् ♭ इन् तस्तग़्फ़िर् लहुम् सब्अ़ी - न मर्र-तन् फ़-लंय्यग़्फ़िरल्लाहु लहुम् ♭ ज़ालि-क बिअन्नहुम् क-फ़रू बिल्लाहि व रसूलिही ♭ वल्लाहु ला यह्दिल्क़ौमल् - फ़ासिक़ीन ★ (८०) फ़रिहल्-मुख़ल्लफ़ू-न बिमक्अ़दिहिम् ख़िला-फ़ रसूलिल्लाहि व करिहू अंय्युजाहिदू बिअम्वालिहिम् व अन्फ़ुसिहिम् फ़ी सबीलिल्-लाहि व क़ालू ला तन्फ़िरू फ़िल्हर्रि ♭ क़ुल् नारु ज-हन्न-म अशद्दु हर्रन् ♭ लौ कानू यफ़्क़हून (८१) फ़ल्-यज़्हकू क़लीलंव्वल्-यब्कू कसीरन् ८ जज़ा - अम् - बिमा कानू यक्सिबून (८२) फ़इर्-र-ज - अ़-कल्लाहु इला ता-इफ़तिम्-मिन्हुम् फ़स्तअ्ज़नू - क लिल्ख़ुरूजि फ़क़ुल्लन् तख़रुजू मअि-य अ-ब-दंव्-व लन् तुक़ातिलू मअि-य अ़दुव्वन् ♭ इन्नकुम् रज़ीतुम् बिल्क़ुअ़ूदि अव्व-ल मर्रतिन् फ़क्अ़ुदू म-अ़ल्-ख़ालिफ़ीन (८३) व ला तुसल्लि अ़ला अ-ह़दिम्मिन्हुम् मा-त अ-ब-दंव्-व ला तक़ुम् अ़ला क़ब्रिही ♭ इन्नहुम् क-फ़रू बिल्लाहि व रसूलिही व मातू व हुम् फ़ासिक़ून (८४)

واعلموا ١٠ ١٥٩ التوبة

فأعقبهم نفاقا في قلوبهم إلى يوم يلقونه بما أخلفوا الله
ما وعدوه وبما كانوا يكذبون ۝ ألم يعلموا أن الله يعلم
سرهم ونجواهم وأن الله علام الغيوب ۝ الذين
يلمزون المطوعين من المؤمنين في الصدقت والذين
لا يجدون إلا جهدهم فيسخرون منهم سخر الله منهم
ولهم عذاب أليم ۝ استغفر لهم أو لا تستغفر لهم إن
تستغفر لهم سبعين مرة فلن يغفر الله لهم ذلك
بأنهم كفروا بالله ورسوله والله لا يهدي القوم الفسقين ۝
فرح المخلفون بمقعدهم خلف رسول الله وكرهوا أن
يجاهدوا بأموالهم وأنفسهم في سبيل الله وقالوا لا
تنفروا في الحر قل نار جهنم أشد حرا لو كانوا
يفقهون ۝ فليضحكوا قليلا وليبكوا كثيرا جزاء بما كانوا
يكسبون ۝ فإن رجعك الله إلى طائفة منهم فاستأذنوك
للخروج فقل لن تخرجوا معي أبدا ولن تقاتلوا معي
عدوا إنكم رضيتم بالقعود أول مرة فاقعدوا مع الخلفين ۝
ولا تصل على أحد منهم مات أبدا ولا تقم على قبره
إنهم كفروا بالله ورسوله وماتوا وهم فسقون ۝ ولا

منزل ٢

★रु. १०/१६ आ ८

ने उसका अंजाम यह किया कि उस दिन तक के लिए, जिस में वे खुदा के सामने हाज़िर होंगे, उन के दिलों में निफ़ाक़ डाल दिया, इस लिए कि उन्होंने खुदा से जो वायदा किया था, उस के ख़िलाफ़ किया और इसलिए कि वे झूठ बोलते थे। (७७) क्या उनको मालूम नहीं कि खुदा उन भेदों और मश्विरों तक को जानता है और यह कि वह ग़ैब की बातें जानने वाला है। (७८) जो (ताक़त वाले) मुसलमान दिल खोलकर ख़ैरात करते हैं और जो (बेचारे ग़रीब) सिर्फ़ उतना ही कमा सकते हैं, जितनी मज़दूरी करते (और उस थोड़ी-सी कमाई में से भी खर्च करते) हैं, उन पर जो (मुनाफ़िक़) तान करते और हंसते हैं, खुदा उन पर हंसता है और उन के लिए तक्लीफ़ देने वाला अज़ाब (तैयार) है।[1] (७९) तुम उन के लिए बख़्शिश मांगो या न मांगो, (बात एक है) अगर उनके लिए सत्तर बार भी बख़्शिश मांगोगे, तो भी खुदा उन को नहीं बख़्शेगा, यह इस लिए कि उन्होंने खुदा और उसके रसूल से कुफ़्र किया और खुदा ना-फ़रमान लोगों को हिदायत नहीं देता। (८०)★

जो लोग (तबूक की लड़ाई) में पीछे रह गये, वे पैग़म्बर (की मर्ज़ी) के ख़िलाफ़ बैठे रहने से खुश हुए और इस बात को ना-पसंद किया कि खुदा की राह में अपने माल और जान से जिहाद करें और (औरों से भी) कहने लगे कि गर्मी में मत निकलना। (उन से) कह दो कि दोज़ख की आग इस से कहीं ज़्यादा गर्म है। काश! ये (इस बात) को समझते। (८१) ये दुनिया में) थोड़ा-सा हंस लें और (आख़िरत में) उनको उन आमाल के बदले, जो करते रहे हैं, बहुत-सा रोना होगा। (८२) फिर अगर खुदा तुम को उन में से किसी गिरोह की तरफ़ ले जाए और वह तुम से निकलने की इजाज़त तलब करें, तो कह देना कि तुम मेरे साथ हरगिज़ नहीं निकलोगे और न मेरे साथ (मदद-गार हो कर) दुश्मन से लड़ाई करोगे। तुम पहली बार बैठे रहने से खुश हुए तो अब भी पीछे रहने वालों के साथ बैठे रहो। (८३) और (ऐ पैग़म्बर!) इन में से कोई मर जाए तो कभी उस (के जनाज़े) पर नमाज़ न पढ़ना और न उस की क़ब्र पर (जा कर) खड़े होना। ये खुदा और उस के रसूल के साथ कुफ़्र करते रहे और मरे भी तो ना-फ़रमान (ही मरे), (८४) और उन के माल और

---

१. जनाब रसूले खुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने ख़ैरात के लिए हुक्म फ़रमाया तो मोमिन अपनी-अपनी ताक़त के मुताबिक़ माल लाने लगे। कोई तो बहुत-सा रुपया लाया और कोई अनाज। अब्दुर्रहमान बिन औफ़ चार हज़ार दिरहम लाये और कहा कि मेरे पास आठ हज़ार दिरहम थे। चार हज़ार मैं अल्लाह तआला को क़र्ज़ देने के लिए ले आया हूं और चार हज़ार तो बीवी-बच्चों के ख़र्च के लिए छोड़ आया हूं। आसिम के पास रुपया न था, वह चार सेर ग़ल्ला लाये, वह भी जौ और कहने लगे कि मैं मज़दूरी कर के आठ सेर जौ लाया था, चार सेर ख़ैरात करता हूं और चार सेर बच्चों के लिए रखे हैं। यह हालत देख कर मुनाफ़िक़ ताने देने और मज़ाक़ उड़ाने लगे। अब्दुर्रहमान को तो कहने लगे कि इस ने दिखावे के लिए इतना माल दे दिया है, ताकि लोग तारीफ़ करें और आसिम के बारे में कहने लगे कि इन मियां को देखो, न सोना, न चांदी, जौ ही उठा लाए कि नाम ख़ैरात करने वालों में होगा --

हम भी लहू लगा के शहीदों में मिल गये

भला जौ क्या और ख़ैरात क्या और खुदा को इन जवों की ज़रूरत ही क्या है? खुदा ने फ़रमाया कि जिस तरह से मुनाफ़िक़ मुसलमानों से मज़ाक़ करते हैं, खुदा भी इन को अज़ाब दे कर उन के मज़ाक़ का जवाब देगा।

★रु० १०/१६ आ ८

व ला तुअ्-जिब्-क अम्वालुहुम् व औलादुहुम् ط इन्नमा युरीदुल्लाहु अंय्यु-अ़ज़्ज़िबहुम् बिहा फ़िद्दुन्या व तज़्-ह-क़ अन्फ़ुसुहुम् व हुम् काफ़िरून (८५) व इज़ा उन्ज़ि-लत् सूरतुन् अन् आमिनू बिल्लाहि व जाहिदू म-अ़ रसूलि हिस्-तअ्-ज़-न-क उलुत्तौलि मिन्हुम् व क़ालू ज़र्ना नकुम्म-अल्-क़ाअ़िदीन (८६) रज़ू बिअंय्यकूनू म-अल्-ख़वालिफ़ि व तुबि-अ़ अ़ला क़ुलूबिहिम् फ़हुम् ला यफ़्क़हून (८७) लाकिनिर्रसूलु वल्लज़ी-न आमनू म-अ़हू जाहदू बिअम्वालिहिम् व अन्फ़ुसिहिम् ط व उलाइ-क लहुमुल्ख़ैरातु ز व उलाइ-क हुमुल्मुफ़्लिहून (८८) अ-अ़द्दल्लाहु लहुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदी-न फ़ीहा ط ज़ालिकल्-फ़ौज़ुल्-अ़ज़ीम ★ (८९) व जा-अल्-मुअ़ज़्ज़िरू-न मिनल्-अअ़्-राबि लियुअ्-ज़-न लहुम् व क़-अ़-दल्लज़ी-न क-ज़बुल्ला-ह व रसूलहू ط सयुसीबुल्लज़ी-न क-फ़रू मिन्हुम् अ़ज़ाबुन् अलीम (९०) लै-स अ़-लज़्ज़ु-अ़फ़ा-इ व ला अ़-लल्मर्ज़ा व ला अ़-लल्लज़ी-न ला यजिदू-न मा युन्फ़िक़ू-न ह-रजुन् इज़ा न-सहू लिल्लाहि व रसूलिही ط मा अ़-लल्-मुह्सिनी-न मिन् सबीलिन् ط वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीम ٧ (९१) व ला अ़-लल्लज़ी-न इज़ा मा अतौ-क लितह्मि-लहुम् क़ुल्-त ला अजिदु मा अह्मिलुकुम् अ़लैहि ص त-वल्लव्-व अअ्-युनुहुम् तफ़ीज़ु मिनद्दम्अ़ि ह-ज़-नन् अल्ला यजिदू मा युन्फ़िक़ून ط (९२) इन्नमस्सबीलु अ़-लल्लज़ी-न यस्तअ्ज़िनू-न-क व हुम् अग़्निया-उ ج रज़ू बिअंय्यकूनू मअ़ल्ख़वालिफ़ि ٧ व त-ब-अ़ल्लाहु अ़ला क़ुलूबिहिम् फ़हुम् ला यअ्-लमून (९३)

تُعْجِبْكَ أَمْوَالُهُمْ وَأَوْلَادُهُمْ ۚ إِنَّمَا يُرِيدُ اللَّهُ أَنْ يُعَذِّبَهُمْ بِهَا
فِي الدُّنْيَا وَتَزْهَقَ أَنْفُسُهُمْ وَهُمْ كَافِرُونَ ﴿٨٥﴾ وَإِذَا أُنْزِلَتْ
سُورَةٌ أَنْ آمِنُوا بِاللَّهِ وَجَاهِدُوا مَعَ رَسُولِهِ اسْتَأْذَنَكَ أُولُو
الطَّوْلِ مِنْهُمْ وَقَالُوا ذَرْنَا نَكُنْ مَعَ الْقَاعِدِينَ ﴿٨٦﴾ رَضُوا بِأَنْ يَكُونُوا
مَعَ الْخَوَالِفِ وَطُبِعَ عَلَىٰ قُلُوبِهِمْ فَهُمْ لَا يَفْقَهُونَ ﴿٨٧﴾ لَٰكِنِ
الرَّسُولُ وَالَّذِينَ آمَنُوا مَعَهُ جَاهَدُوا بِأَمْوَالِهِمْ وَأَنْفُسِهِمْ ۚ
وَأُولَٰئِكَ لَهُمُ الْخَيْرَاتُ ۖ وَأُولَٰئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُونَ ﴿٨٨﴾ أَعَدَّ اللَّهُ لَهُمْ
جَنَّاتٍ تَجْرِي مِنْ تَحْتِهَا الْأَنْهَارُ خَالِدِينَ فِيهَا ۚ ذَٰلِكَ الْفَوْزُ
الْعَظِيمُ ﴿٨٩﴾ وَجَاءَ الْمُعَذِّرُونَ مِنَ الْأَعْرَابِ لِيُؤْذَنَ لَهُمْ وَقَعَدَ
الَّذِينَ كَذَبُوا اللَّهَ وَرَسُولَهُ ۚ سَيُصِيبُ الَّذِينَ كَفَرُوا مِنْهُمْ
عَذَابٌ أَلِيمٌ ﴿٩٠﴾ لَيْسَ عَلَى الضُّعَفَاءِ وَلَا عَلَى الْمَرْضَىٰ وَلَا
عَلَى الَّذِينَ لَا يَجِدُونَ مَا يُنْفِقُونَ حَرَجٌ إِذَا نَصَحُوا لِلَّهِ وَ
رَسُولِهِ ۚ مَا عَلَى الْمُحْسِنِينَ مِنْ سَبِيلٍ ۚ وَاللَّهُ غَفُورٌ رَحِيمٌ ﴿٩١﴾ وَلَا
عَلَى الَّذِينَ إِذَا مَا أَتَوْكَ لِتَحْمِلَهُمْ قُلْتَ لَا أَجِدُ مَا أَحْمِلُكُمْ عَلَيْهِ
تَوَلَّوْا وَأَعْيُنُهُمْ تَفِيضُ مِنَ الدَّمْعِ حَزَنًا أَلَّا يَجِدُوا مَا يُنْفِقُونَ ﴿٩٢﴾
إِنَّمَا السَّبِيلُ عَلَى الَّذِينَ يَسْتَأْذِنُونَكَ وَهُمْ أَغْنِيَاءُ ۚ رَضُوا بِأَنْ
يَكُونُوا مَعَ الْخَوَالِفِ وَطَبَعَ اللَّهُ عَلَىٰ قُلُوبِهِمْ فَهُمْ لَا يَعْلَمُونَ ﴿٩٣﴾

★रु. ११/१७ आ ६

औलाद से ताज्जुब न करना। इन चीज़ों से ख़ुदा यह चाहता है कि उन को दुनिया में अज़ाब करे और (जब) उन की जान निकले तो (उस वक़्त भी) ये काफ़िर ही हों। (८५) और जब कोई सूर: नाज़िल होती है कि ख़ुदा पर ईमान लाओ और उस के रसूल के साथ हो कर लड़ाई करो, तो जो उन में दौलतमंद हैं, वे तुम से इजाज़त तलब करते हैं और कहते हैं कि हमें तो रहने ही दीजिए कि जो लोग घरों में रहेंगे, हम भी उन के साथ रहें। (८६) ये इस बात से ख़ुश हैं कि औरतों के साथ, जो पीछे रह जाती हैं (घरों में बैठे) रहें। उन के दिलों पर मुहर लगा दी गयी है, तो ये समझते ही नहीं। (८७) लेकिन पैग़म्बर और जो लोग उन के साथ ईमान लाये, सब अपने माल और जान से लड़े। इन्हीं लोगों के लिए भलाइयां हैं।[1] और यही मुराद पाने वाले हैं। (८८) ख़ुदा ने उन के लिए बाग़ तैयार कर रखे हैं, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं, हमेशा उन में रहेंगे, यह बड़ी कामियाबी है। (८९)। ★

और सहरा नशीनों में से भी कुछ लोग उज़्र करते हुए (तुम्हारे पास) आये कि उन को भी इजाज़त दी जाए और उन्हों ने ख़ुदा और उन के रसूल से झूठ बोला, वे (घर में) बैठे रहे। सो जो लोग उन में से काफ़िर हुए हैं, उन को दुख देने वाला अज़ाब पहुंचेगा। (९०) न तो बूढ़ों पर कुछ गुनाह है और न बीमारों पर और न उन पर जिन के पास ख़र्च मौजूद नहीं (कि जिहाद में शरीक हों, यानी) जबकि ख़ुदा और उस के रसूल की भलाई चाहने वाले (और दिल से उन के साथ) हों। भले लोगों पर किसी तरह का इल्ज़ाम नहीं है और ख़ुदा बख़्शने वाला मेहरबान है। (९१) और न उन (बे सर व सामान) लोगों पर (इल्ज़ाम है कि तुम्हारे पास आए कि उन को सवारी दो और तुम ने कहा कि मेरे पास कोई ऐसी चीज़ नहीं, जिस पर तुम को सवार करूं, तो वह लौट गए और इन ग़म से कि उन के पास ख़र्च मौजूद न था, उन की आंखों से आंसू बह रहे थे। (९२) इल्ज़ाम तो उन लोगों पर है जो दौलतमंद हैं और (फिर) तुम से इजाज़त तलब करते हैं (यानी) इस बात से ख़ुश हैं कि औरतों के साथ जो पीछे रह जाती हैं (घरों में बैठ) रहें। ख़ुदा ने उन के दिलों पर मुहर

१. यानी उन के वास्ते दोनों दुनिया की नेकियां हैं, दुनिया में फ़त्ह और ग़नीमत का माल और आख़िरत में करामत और बहिश्त।

ग्यारहवां पारः यअ्-तज़िरून

सूरतुत्तौबति आयत ९४ से १२९

यअ्-तज़िरू-न इलैकुम् इज़ा र-जअ्-तुम् इलैहिम् ⌄ क़ुल्ला तअ्-तज़िरू लन्नुअ्मि-न लकुम् क़द् नब्ब-अ-नल्लाहु मिन् अख़्बारिकुम् ⌄ व स-य-रल्लाहु अ-म-लकुम् व रसूलुहू सुम्-म तुरद्दू-न इला आलिमिल्ग़ैबि वश्शहादति फ़युनब्बिउकुम् बिमा कुन्तुम् तअ्-मलून (९४) स-यह्लिफ़ू-न बिल्लाहि लकुम् इज़न्क़लब्तुम् इलैहिम् लितुअ्-रिज़ू अन्हुम् ⌄ फ़-अअ् - रिज़ू अन्हुम् इन्नहुम् रिज्सुंव् - व मअ्वाहुम् जहन्नमु ⌄ जज़ा-अम् - बिमा कानू यक्सिबून (९५) यह्लिफ़ू-न लकुम् लितर्ज़ौ अन्हुम् ⌄ फ़-इन् तर्ज़ौ अन्हुम् फ़इन्नल्ला-ह ला यर्ज़ा अनिल् - क़ौमिल्-फ़ासिक़ीन (९६) अल्अअ्-राबु अशद्दु कुफ़रंव्-व निफ़ाक़ंव्-व अज्दरु अल्ला यअ्-लमू हुदू-द मा अन्ज़लल्लाहु अला रसूलिही ⌄ वल्लाहु अ़लीमुन् हकीम (९७) व मिनल्अअ्-राबि मंय्यत्तख़िज़ु मा युन्फ़िक़ु मग़्रमंव् -व य-त-रब्बसु बिकुमुद्दवाइ-र अलैहिम् दाइरतुस्सौइ ⌄ वल्लाहु समीअुन् अ़लीम (९८) व मिनल्अअ्-राबि मंय्युअ्मिनु बिल्लाहि वल्यौमिल्-आख़िरि व यत्तख़िज़ु मा युन्फ़िक़ु क़ुरुबातिन् अिन्दल्लाहि व स - ल-वातिर्रसूलि अला इन्नहा क़ुर - बतुल्लहुम् ⌄ सयुद्ख़िलुहुमुल्लाहु फ़ी रह्मतिही इन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुर्रहीम ★ (९९) वस्साबिक़ूनल्-अव्वलू-न मिनल्मुहाजिरी - न वल्अन्सारि वल्लज़ीनत्त - ब - अू - हुम् बिइह्सानिर् - रज़ियल्लाहु अन्हुम् व रज़ू अन्हु व अ-अद्-द लहुम् जन्नातिन् तज्री तह-तहल्-अन्हारु ख़ालिदी - न फ़ीहा अ-ब - दन् ⌄ ज़ालिकल् - फ़ौज़ुल् - अ़ज़ीम (१००)

التوبة ٩ — ١١ — يعتذرون

يَعْتَذِرُونَ إِلَيْكُمْ إِذَا رَجَعْتُمْ إِلَيْهِمْ ۚ قُل لَّا تَعْتَذِرُوا لَن
نُّؤْمِنَ لَكُمْ قَدْ نَبَّأَنَا اللَّهُ مِنْ أَخْبَارِكُمْ ۚ وَسَيَرَى اللَّهُ عَمَلَكُمْ
وَرَسُولُهُ ثُمَّ تُرَدُّونَ إِلَىٰ عَالِمِ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ فَيُنَبِّئُكُم بِمَا
كُنتُمْ تَعْمَلُونَ ﴿٩٤﴾ سَيَحْلِفُونَ بِاللَّهِ لَكُمْ إِذَا انقَلَبْتُمْ إِلَيْهِمْ
لِتُعْرِضُوا عَنْهُمْ ۖ فَأَعْرِضُوا عَنْهُمْ ۖ إِنَّهُمْ رِجْسٌ ۖ وَمَأْوَاهُمْ جَهَنَّمُ
جَزَاءً بِمَا كَانُوا يَكْسِبُونَ ﴿٩٥﴾ يَحْلِفُونَ لَكُمْ لِتَرْضَوْا عَنْهُمْ ۖ فَإِن
تَرْضَوْا عَنْهُمْ فَإِنَّ اللَّهَ لَا يَرْضَىٰ عَنِ الْقَوْمِ الْفَاسِقِينَ ﴿٩٦﴾ الْأَعْرَابُ
أَشَدُّ كُفْرًا وَنِفَاقًا وَأَجْدَرُ أَلَّا يَعْلَمُوا حُدُودَ مَا أَنزَلَ اللَّهُ عَلَىٰ
رَسُولِهِ ۗ وَاللَّهُ عَلِيمٌ حَكِيمٌ ﴿٩٧﴾ وَمِنَ الْأَعْرَابِ مَن يَتَّخِذُ مَا يُنفِقُ
مَغْرَمًا وَيَتَرَبَّصُ بِكُمُ الدَّوَائِرَ ۚ عَلَيْهِمْ دَائِرَةُ السَّوْءِ ۗ وَاللَّهُ
سَمِيعٌ عَلِيمٌ ﴿٩٨﴾ وَمِنَ الْأَعْرَابِ مَن يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ
وَيَتَّخِذُ مَا يُنفِقُ قُرُبَاتٍ عِندَ اللَّهِ وَصَلَوَاتِ الرَّسُولِ ۚ أَلَا إِنَّهَا
قُرْبَةٌ لَّهُمْ ۚ سَيُدْخِلُهُمُ اللَّهُ فِي رَحْمَتِهِ ۗ إِنَّ اللَّهَ غَفُورٌ رَّحِيمٌ ﴿٩٩﴾
وَالسَّابِقُونَ الْأَوَّلُونَ مِنَ الْمُهَاجِرِينَ وَالْأَنصَارِ وَالَّذِينَ اتَّبَعُوهُم
بِإِحْسَانٍ رَّضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ وَرَضُوا عَنْهُ وَأَعَدَّ لَهُمْ جَنَّاتٍ تَجْرِي
تَحْتَهَا الْأَنْهَارُ خَالِدِينَ فِيهَا أَبَدًا ۚ ذَٰلِكَ الْفَوْزُ الْعَظِيمُ ﴿١٠٠﴾ وَمِمَّنْ
حَوْلَكُم مِّنَ الْأَعْرَابِ مُنَافِقُونَ ۖ وَمِنْ أَهْلِ الْمَدِينَةِ ۖ مَرَدُوا

★रु. १२/१ आ १०

लगा दी है। पस वे समझते नहीं। (९३) जब तुम उन के पास वापस जाओगे, तो तुम से उज़्र करेंगे। तुम कहना कि उज़्र मत करो, हम हरगिज़ तुम्हारी बात नहीं मानेंगे। खुदा ने हम को तुम्हारे सब हालात बता दिए हैं और अभी खुदा और उस का रसूल तुम्हारे अमलों को (और) देखेंगे, फिर तुम ग़ायब व हाज़िर के जानने वाले (एक खुदा) की तरफ़ लौटाए जाओगे। और जो अमल तुम करते रहे हो, वह सब तुम्हें बताएगा। (९४) जब तुम उन के पास लौट कर जाओगे, तो तुम्हारे सामने खुदा की क़स्में खाएंगे, ताकि तुम उनको दरगुज़र करो, सो उन की तरफ़ तवज्जोह न करना। ये ना-पाक हैं और जो काम ये करते रहे हैं, उन के बदले उन का ठिकाना दोज़ख़ है। (९५) ये तुम्हारे आगे क़स्में खाएंगे, ताकि तुम उन से खुश हो जाओ, लेकिन अगर तुम उन से खुश हो जाओगे, तो खुदा तो नाफ़रमान लोगों से खुश नहीं होता। (९६) देहाती लोग सख्त काफ़िर और सख्त मुनाफ़िक़ हैं और इस क़ाबिल हैं कि जो (शरीअत से) अहकाम खुदा ने अपने रसूल पर नाज़िल फ़रमाए हैं, उन्हें जानते (ही) न हों और खुदा जानने वाला (और) हिक्मत वाला है। (९७) और कुछ देहाती हैं कि जो कुछ खर्च करते हैं, उसे जुर्माना समझते हैं और तुम्हारे हक़ में मुसीबतों के इन्तिज़ार में हैं। उन्हीं पर बुरी मुसीबत (वाक़ेअ) हो और खुदा सुनने वाला (और) जानने वाला है। (९८) और कुछ देहाती ऐसे हैं कि खुदा पर और आख़िरत के दिन पर ईमान रखते हैं और जो कुछ खर्च करते हैं, उस को खुदा की क़ुर्बत और पैग़म्बर की दुआओं का ज़रिया समझते हैं। देखो वह बे-शुब्हा उन के क़ुर्बत (की वजह) है। खुदा उन को बहुत जल्द अपनी रहमत में दाखिल करेगा। बेशक खुदा बख़्शने वाला है। (९९) ★

जिन लोगों ने सबक़त की (यानी सब से) पहले (ईमान लाए) मुहाजिरों में से भी और अन्सार में से भी और जिन्हों ने भले लोगों के साथ उन की पैरवी की, खुदा उन से खुश है और वे खुदा से खुश हैं और उन के लिए बाग़ तैयार किए हैं, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं (और) हमेशा उन में रहेंगे। यह कामियाबी है। (१००) और तुम्हारे पास-पड़ोस के कुछ देहाती मुनाफ़िक़ हैं और कुछ मदीने वाले भी निफ़ाक़ पर अड़े हुए हैं, ※ तुम उन्हें नहीं जानते, हम जानते हैं। हम उन को दोहरा अज़ाब देंगे, फिर वह बड़े अज़ाब की तरफ़ लौटाए जाएंगे। (१०१) और कुछ और लोग हैं कि अपने

★रु. १२/१ आ १० ∴ मु. अ़ि मु ता ख़.५ ※ व. मंज़िल

व मिम्मन् हौलकुम् मिनल्अअ् - राबि मुनाफ़िक़ू-न ᵇ व मिन् अह्लिल्-मदीनति ❁ म - रदू अलन्निफ़ाक़ि قف ला तअ् - लमुहुम् ᵇ नह्नु नअ्-लमुहुम् ᵇ सनु-अ़ज़्ज़िबुहुम् मर्रतैनि सुम्-म युरद्दू-न इला अ़ज़ाबिन् अ़ज़ीम (१०१) व आख़रूनअ्-त-रफ़ू बिज़ुनूबिहिम् ख़-लतू अ़-म-लन् सालिहंव्-व आख़-र सय्यिअन् ᵇ अ़-सल्लाहु अंय्यतू - ब अ़लैहिम् ᵇ इन्नल्ला-ह ग़फ़ूरुर्रहीम (१०२) ख़ुज़् मिन् अम्वालिहिम् स-द-क़-तन् तुतह्हिरुहुम् व तुज़क्कीहिम् बिहा व सल्लि अ़लैहिम् ᵇ इन्-न सला-त-क स - कनुल्लहुम् ᵇ वल्लाहु समीअुन् अ़लीम (१०३) अ-लम् यअ्-लमू अन्नल्ला-ह हु-व यक़्बलुत्तौब-त अ़न् अ़िबादिही व यअ्ख़ुज़ुस्स-द-क़ाति व अन्नल्ला - ह हुवत्तव्वाबुर्रहीम (१०४) व क़ुलिअ्-मलू फ़-स-य-रल्लाहु अ़-म-लकुम् व रसूलुहू वल्-मुअ्मिनू-न ᵇ व सतुरद्दू-न इला आ़लिमिल्ग़ैबि वश्शहादति फ़-युनब्बिउकुम् बिमा कुन्तुम् तअ्-मलून ☪ (१०५) व आख़रू-न मुर्जौ-न लिअम्रिल्लाहि इम्मा युअ़ज़्ज़िबुहुम् व इम्मा यतूबु अ़लैहिम् ᵇ वल्लाहु अ़लीमुन् हकीम (१०६) वल्लज़ीनत्त-ख़ज़ू मस्जिदन् ज़िरारंव्-व कुफ़्रंव्-व तफ़्रीक़म्-बैनल्मुअ्मिनी-न व इर्सादल्लिमन् हार-बल्ला-ह व रसूलहू मिन् क़ब्लु ᵇ व ल-यह्लिफ़ुन्-न इन् अरद्ना इल्लल् - हुस्ना ᵇ वल्लाहु यश्हदु इन्नहुम् ल-काज़िबू-न (१०७) ला तक़ुम् फ़ीहि अ-ब-दन् ᵇ ल-मस्जिदुन् उस्सि-स अ़लत्तक़्वा मिन् अव्वलि यौमिन् अहक़्क़ु अन् तक़ू-म फ़ीहि ᵇ फ़ीहि रिजालुंय्युहिब्बू-न अंय्यत-तह्हरू ᵇ वल्लाहु युहिब्बुल् - मुत्तह-हिरीन (१०८) अ फ़-मन् अस्स-स बुन्यानहू अ़ला तक़्वा मिनल्लाहि व रिज़्वानिन् ख़ैरुन् अम् मन् अस्स - स बुन्यानहू अ़ला शफ़ा जुरुफ़िन् हारिन् फ़न्हा - र बिही फ़ी नारि ज-हन्न-म ᵇ वल्लाहु ला यह्दिल्-क़ौमज़्ज़ालिमीन (१०९)

يعتذرون ١٦٢ التوبة

على النفاق لا تعلمهم نحن نعلمهم سنعذبهم مرتين ثم
يردون الى عذاب عظيم ۝ وآخرون اعترفوا بذنوبهم خلطوا
عملا صالحا وآخر سيئا عسى الله ان يتوب عليهم ان الله
غفور رحيم ۝ خذ من اموالهم صدقة تطهرهم وتزكيهم بها
وصل عليهم ان صلوتك سكن لهم والله سميع عليم ۝ الم
يعلموا ان الله هو يقبل التوبة عن عباده ويأخذ الصدقت وان
الله هو التواب الرحيم ۝ وقل اعملوا فسيرى الله عملكم
ورسوله والمؤمنون وستردون الى علم الغيب والشهادة فينبئكم
بما كنتم تعملون ۝ وآخرون مرجون لامر الله اما يعذبهم و
اما يتوب عليهم والله عليم حكيم ۝ والذين اتخذوا مسجدا
ضرارا وكفرا وتفريقا بين المؤمنين وارصادا لمن حارب الله
ورسوله من قبل وليحلفن ان اردنا الا الحسنى والله يشهد
انهم لكذبون ۝ لا تقم فيه ابدا لمسجد اسس على التقوى
من اول يوم احق ان تقوم فيه فيه رجال يحبون ان يتطهروا
والله يحب المطهرين ۝ افمن اسس بنيانه على تقوى من
الله ورضوان خير ام من اسس بنيانه على شفا جرف هار
فانهار به في نار جهنم والله لا يهدي القوم الظلمين ۝

منزل

∴ मु. ज़ि मु. ता क़. ५ ❁ व. मंज़िल

गुनाहों का (साफ़) इक़रार करते हैं। उन्हों ने अच्छे और बुरे अमलों को मिला-जुला दिया था। क़रीब है कि ख़ुदा उन पर मेहरबानी से तवज्जोह फ़रमाये। बेशक ख़ुदा बख़्शने वाला मेहरबान है। (१०२) उन के माल में से ज़कात क़ुबूल कर लो कि उस से तुम उन को (ज़ाहिर में) भी पाक और (बातिन में भी) पाकीज़ा करते हो और उन के हक़ में दुआ-ए-ख़ैर करो कि तुम्हारी दुआ उन की तस्कीन की वजह है और ख़ुदा सुनने वाला जानने वाला है। (१०३) क्या ये लोग नहीं जानते कि ख़ुदा ही अपने बन्दों से तौबा क़ुबूल फ़रमाता और सद्क़ात (व ख़ैरात) लेता है और बेशक ख़ुदा ही तौबा क़ुबूल करने वाला मेहरबान है। (१०४) और उन से कह दो कि अमल किये जाओ, ख़ुदा और उस का रसूल और मोमिन (सब) तुम्हारे अमलों को देख लेंगे और तुम ग़ायब व हाज़िर के जानने वाले (एक ख़ुदा) की तरफ़ लौटाए जाओगे। फिर जो कुछ करते रहे हो, वह सब तुम को बता देगा। (१०५) और कुछ और लोग हैं, जिन का काम ख़ुदा के हुक्म पर रुका हुआ है, चाहे उन को अज़ाब दे और चाहे माफ़ कर दे और ख़ुदा जानने वाला, हिक्मत वाला है। (१०६) और (उन में ऐसे भी हैं), जिन्हों ने इस ग़रज़ से मस्जिद बनायी है कि नुक़्सान पहुंचाएं और कुफ़्र करें और मोमिनों में फूट डालें और जो लोग ख़ुदा और उस के रसूल से पहले जंग कर चुके हैं उन के लिए घात की जगह बनाएं और क़स्में खाएंगे कि हमारा मक़्सूद तो सिर्फ़ भलाई थी, मगर ख़ुदा गवाही देता है कि वे झूठे हैं। (१०७) तुम इस (मस्जिद) में कभी (जा कर) खड़े भी न होना, अल-बत्ता वह मस्जिद जिस की बुनियाद पहले दिन से तक़्वा पर रखी गयी है, इस क़ाबिल है कि इस में जाया (और नमाज़ पढ़ाया) करो। इस में ऐसे लोग हैं जो पाक रहने को पसन्द करते हैं और ख़ुदा पाक रहने वाले ही को पसन्द करता है। (१०८) भला जिस शख़्स ने अपनी इमारत की बुनियाद ख़ुदा के ख़ौफ़ और उस की रज़ामंदी पर रखी, वह अच्छा है या वह जिस ने अपनी इमारत की बुनियाद गिर जाने वाली खाई के किनारे पर रखी कि वह उस को दोज़ख़ की आग में ले कर गिरी।[1] और ख़ुदा

---

१. मदीने में एक मस्जिद थी जो मस्जिदे क़ुबा के नाम से मशहूर थी। हज़रत सरवरे कायनात सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम अक्सर हफ़्ते के दिन वहां तशरीफ़ ले जाते और नमाज़ पढ़ते। मुनाफ़िक़ों ने चाहा कि उस के मुक़ाबले में अपनी एक अलग मस्जिद बनाएं। इस की बुनियाद यह हुई कि मदीने में आंहज़रत के तशरीफ़ ले जाने से पहले एक शख़्स अबू आमिर नाम का रहता था जो जाहिलियत के ज़माने में ईसाई हो गया था, निहायत टेढ़े मिज़ाज का आदमी था। वह आप के मदीना में तशरीफ़ ले जाने पर इस्लाम तो क्या लाता, आप का खुल्लम-खुल्ला दुश्मन हो गया और वहां से निकल कर मक्के के काफ़िरों से जा मिला और उन को आंहज़रत से लड़ने पर उभारा। चुनांचे उहुद की लड़ाई हुई और वह उस में काफ़िरों के साथ था, फिर रोम के बादशाह के पास चला गया और उस से आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के मुक़ाबले के लिए मदद चाही। उस ने मदद का वायदा कर लिया। यह उस के पास ठहरा रहा और मदीने के काफ़िरों को लिख भेजा कि रोम से बहुत जल्द एक लश्कर आता है, जो मुसलमानों को तबाह कर देगा। तुम एक मज़बूत जगह बना रखो, जहां वह शख़्स, जो उस के पास से पैग़ाम पहुंचाने आया करे, क़ियाम किया करे, तो उन लोगों ने मस्जिदे क़ुबा के पास ही एक मस्जिद बनानी शुरू की। इस मस्जिद को मस्जिदे ज़रार कहते हैं। जब वह तैयार हो चुकी, तो मुनाफ़िक़ आंहज़रत सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुए और कहने लगे कि हम ने बीमारों और कमज़ोरों के लिए, साथ ही बरसात के ख़्याल से एक मस्जिद बनायी है। आप वहां तशरीफ़ ले चलें और नमाज़ पढ़ें और बरकत की दुआ करें, ताकि वहां

(शेष पृष्ठ ३२३ पर)

ला यज़ालु बुन्यानुहुमुल्लज़ी बनौ री-ब-तन् फ़ी क़ुलूबिहिम् इल्ला अन् त-क़त्-त-अ क़ुलूबुहुम्, वल्लाहु अलीमुन् हकीम ★ (११०) इन्नल्लाहश्तरा मिनल्मुअ्मिनी-न अन्फु-स-हुम् व अम्वालहुम् बिअन्-न लहुमुल्जन्न-त, युक़ातिलू-न फ़ी सबीलिल्लाहि फ़-यक़्तुलू-न व युक़्तलू-न वअ्-दन् अलैहि हक़्क़न् फ़ित्तौराति वल्इन्जीलि वल्क़ुरआनि, व मन् औफ़ा बिअह्दिही मिनल्लाहि फ़स्तब्शिरू बिबैअिकुमुल्लज़ी बायअ्तुम् बिही, व ज़ालि-क हुवल्फ़ौज़ुल् - अज़ीम (१११) अत्ता - इबूनल् - आबिदूनल् हामिदूनस् - सा - इहूनर् - राकिअूनस् - साजिदूनल् - आमिरू-न बिल्मअ्-रूफ़ि वन्नाहू-न अनिल्मुन्करि वल्हाफ़िज़ू न लिहुदूदिल्लाहि, व बश्शिरिल् - मुअ्मिनीन (११२) मा का-न लिन्नबिय्यि वल्लज़ी-न आमनू अंय्यस्तग़्फ़िरू लिल्मुश्रिकी-न व लौ कानू उली क़ुर्बा मिम्बअ्-दि मा त-बय्य-न लहुम् अन्नहुम् अस्हाबुल्जहीम (११३) व मा कानस्तिग़्फ़ारु

يَزَالُ بُنْيَانُهُمُ الَّذِي بَنَوْا رِيبَةً فِي قُلُوبِهِمْ إِلَّا أَنْ تَقَطَّعَ قُلُوبُهُمْ
وَاللَّهُ عَلِيمٌ حَكِيمٌ ۝ إِنَّ اللَّهَ اشْتَرَىٰ مِنَ الْمُؤْمِنِينَ أَنْفُسَهُمْ
وَأَمْوَالَهُمْ بِأَنَّ لَهُمُ الْجَنَّةَ ۚ يُقَاتِلُونَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَيَقْتُلُونَ
وَيُقْتَلُونَ ۖ وَعْدًا عَلَيْهِ حَقًّا فِي التَّوْرَاةِ وَالْإِنْجِيلِ وَالْقُرْآنِ ۚ وَ
مَنْ أَوْفَىٰ بِعَهْدِهِ مِنَ اللَّهِ ۚ فَاسْتَبْشِرُوا بِبَيْعِكُمُ الَّذِي بَايَعْتُمْ بِهِ ۚ
وَذَٰلِكَ هُوَ الْفَوْزُ الْعَظِيمُ ۝ التَّائِبُونَ الْعَابِدُونَ الْحَامِدُونَ السَّائِحُونَ
الرَّاكِعُونَ السَّاجِدُونَ الْآمِرُونَ بِالْمَعْرُوفِ وَالنَّاهُونَ عَنِ الْمُنْكَرِ
وَالْحَافِظُونَ لِحُدُودِ اللَّهِ ۗ وَبَشِّرِ الْمُؤْمِنِينَ ۝ مَا كَانَ لِلنَّبِيِّ
وَالَّذِينَ آمَنُوا أَنْ يَسْتَغْفِرُوا لِلْمُشْرِكِينَ وَلَوْ كَانُوا أُولِي قُرْبَىٰ
مِنْ بَعْدِ مَا تَبَيَّنَ لَهُمْ أَنَّهُمْ أَصْحَابُ الْجَحِيمِ ۝ وَمَا كَانَ اسْتِغْفَارُ
إِبْرَاهِيمَ لِأَبِيهِ إِلَّا عَنْ مَوْعِدَةٍ وَعَدَهَا إِيَّاهُ فَلَمَّا تَبَيَّنَ لَهُ أَنَّهُ
عَدُوٌّ لِلَّهِ تَبَرَّأَ مِنْهُ ۚ إِنَّ إِبْرَاهِيمَ لَأَوَّاهٌ حَلِيمٌ ۝ وَمَا كَانَ اللَّهُ لِيُضِلَّ
قَوْمًا بَعْدَ إِذْ هَدَاهُمْ حَتَّىٰ يُبَيِّنَ لَهُمْ مَا يَتَّقُونَ ۚ إِنَّ اللَّهَ بِكُلِّ
شَيْءٍ عَلِيمٌ ۝ إِنَّ اللَّهَ لَهُ مُلْكُ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ ۖ يُحْيِي وَيُمِيتُ ۚ
وَمَا لَكُمْ مِنْ دُونِ اللَّهِ مِنْ وَلِيٍّ وَلَا نَصِيرٍ ۝ لَقَدْ تَابَ اللَّهُ عَلَى
النَّبِيِّ وَالْمُهَاجِرِينَ وَالْأَنْصَارِ الَّذِينَ اتَّبَعُوهُ فِي سَاعَةِ الْعُسْرَةِ
مِنْ بَعْدِ مَا كَادَ يَزِيغُ قُلُوبُ فَرِيقٍ مِنْهُمْ ثُمَّ تَابَ عَلَيْهِمْ ۚ إِنَّهُ بِهِمْ

इब्राही - म लिअबीहि इल्ला अम्मौअिदतिंव् - व - अ - दहा इय्याहु, फ़-लम्मा त-बय्य-न लहू अन्नहू अदुव्वुलिल्लाहि तबर्र-अ मिन्हु, इन्-न इब्राही-म ल-अव्वाहुन् हलीम (११४) व मा कानल्लाहु लियुज़िल्-ल क़ौमम्-बअ्-द इज् हदाहुम् हत्ता युबय्यि - न लहुम् मा यत्तक़ू-न, इन्नल्ला-ह बिकुल्लि शैइन् अलीम (११५) इन्नल्ला-ह लहू मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि, युह्यी व युमीतु, व मा लकुम् मिन् दूनिल्लाहि मिंव्वलिय्यिंव्-व ला नसीर (११६) ल-क़त्ताबल्लाहु अ-लन्नबिय्यि वल्मुहाजिरी-न वल्-अन्सारिल्लज़ीनत्त-बअूहु फ़ी साअतिल्-अुस्रति मिम्बअ्-दि मा का-द यज़ीगु क़ुलूबु फ़रीक़िम्-मिन्हुम् सुम् - म ता - ब अलैहिम्, इन्नहू बिहिम् रऊफ़ुर्रहीम ″ (११७)

ज़ालिम लोगों को हिदायत नहीं देता। (१०९) यह इमारत, जो उन्हों ने बनायी हैं, हमेशा उन के दिलों में शक भरी बेचैनी (की वजह) रहेगी, मगर यह कि उन के टुकड़े-टुकड़े हो जाएं। और ख़ुदा जानने वाला, हिक्मत वाला है। (११०) ★

उनको झुठलाया, तो हमने उनको और जो लोग उनके साथ नाव में सवार थे, सबको (तूफ़ान से) बचा लिया और उन्हें (ज़मीन में) ख़लीफ़ा बना दिया और जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुठलाया, उन को ग़र्क़ कर दिया, तो (देख लो कि) जो लोग डराए गये थे, उन का कैसा अंजाम हुआ। (७३) फिर नूह के बाद हम ने और पैग़म्बर अपनी-अपनी क़ौम की तरफ़ भेजे, तो वे उन के पास खुली निशानियां ले कर आये, मगर वे लोग ऐसे न थे कि जिस चीज़ को पहले झुठला चुके थे, उस पर ईमान ले आते। इसी तरह हम ज़्यादती करने वालों के दिलों पर मुहर लगा देते हैं। (७४) फिर उन के बाद हम ने मूसा और हारून को अपनी निशानियां दे कर फ़िरऔन और उस के सरदारों के पास भेजा, तो उन्हों ने तकब्बुर (घमंड) किया और वे गुनाहगार लोग थे। (७५) तो जब उन के पास हमारे यहां से हक़ आया, तो कहने लगे कि यह खुला जादू है। (७६) मूसा ने कहा, क्या तुम हक़ के बारे में, जब वह तुम्हारे पास आये, यह कहते हो कि यह जादू है, हालांकि जादूगर फ़लाह नहीं पाने के। (७७) वे बोले, क्या तुम हमारे पास इस लिए आए हो कि (जिस राह) पर हम अपने बाप-दादा को पाते रहे हैं, उस से हम को फेर दो और (इस) देश में तुम दोनों ही की सरदारी हो जाए और हम तुम पर ईमान लाने वाले नहीं हैं। (७८) और फ़िरऔन ने हुक्म दिया कि सब माहिर जादूगरों को हमारे पास ले आओ। (७९) जब जादूगर आये, तो मूसा ने उन से कहा कि जो तुम को डालना हो, डालो। (८०) जब उन्हों ने (अपनी रस्सियों और लाठियों को) डाला तो मूसा ने कहा कि जो चीज़ें तुम (बना कर) लाये हो, जादू है। ख़ुदा इस को अभी नेस्त व नाबूद कर देगा। ख़ुदा शरीरों के काम संवारा नहीं करता। (८१) और ख़ुदा अपने हुक्म से सच को सच ही कर देगा, अगरचे गुनाहगार बुरा ही मानें। (८२) ★

तो मूसा पर कोई ईमान न लाया मगर उस की क़ौम में से कुछ लड़के (और वह भी) फ़िरऔन और उस के दरबारियों से डरते-डरते कि कहीं वह उन को आफ़त में न फंसा दे। और फ़िरऔन मुल्क में मुतकब्बिर व मुतग़ल्लिब और (किब्र व कुफ़्र में) हद से बढ़ा हुआ था। (८३) और मूसा ने कहा कि भाइयो ! अगर तुम ख़ुदा पर ईमान लाये हो तो अगर (दिल से) फ़रमांबरदार हो तो उसी

★रु. ८/१३ आ १२

फ़-क़ालू अ - लल्लाहि त-वक्कल्ना ☾ रब्बना ला तज्-अल्ना फ़ित-न-तुल्लिल्-
क़ौमिज़्ज़ालिमीन ॥ (८५) व नज्जिना बिरह़्मति - क मिनल्-क़ौमिल्-
काफ़िरीन (८६) व औह़ैना इला मूसा व अख़ीहि अन-तबव्वआ लिक़ौमि-
कुमा बिमिस् - र बुयूतंव्वज्अलू बुयूतकुम् क़िब्लतंव्-व अक़ीमुस्सला-त ᵀ व
बश्शिरिल्-मुअ्मिनीन (८७) व क़ा-ल
मूसा रब्बना इन्न-क आतै-त फ़िर्औ-न व
म-ल-अहू ज़ीनतंव् - व अम्वालन् फ़िल्-
ह़यातिद्दुन्या ॥ रब्बना लियुज़िल्लू अन्
सबीलि-क ☾ रब्बनत्मिस् अला अम्वालिहिम्
वश्दुद् अला क़ुलूबिहिम् फ़ला युअ्मिनू
ह़त्ता य-र-वुल्-अ़ज़ाबल् - अलीम (८८)
क़ा-ल क़द् उजीबद्दअ्-वतु-कुमा फ़स्तक़ीमा
व ला तत्तबिआन्नि सबीलल्लज़ी-न ला
यअ्-लमून (८९) व जावज़्ना बिबनी
इस्राईलल्-बह़्-र फ़-अत्ब-अहुम् फ़िर्औनु
व जुनूदुहू बग़्यंव्-व अद्वन् ᵀ ह़त्ता इज़ा
अद्-र-कहुल् - ग - रक़ु ॥ क़ा - ल आमन्तु
अन्नहू ला इला - ह इल्लल्लज़ी आम-नत् बिही बनू इस्राई - ल व
अ-न मिनल्-मुस्लिमीन (९०) आल्आ-न व क़द् असै-त क़ब्लु व
कुन्-त मिनल्-मुफ़्सिदीन (९१) फ़ल्यौ-म नुनज्जी-क बि-ब-दनि-क लितकू-न
लिमन् ख़ल्फ़-क आयतन् ᵀ व इन्-न कसीरम् - मिनन्नासि अन् आयातिना
लग़ाफ़िलून ★ (९२) व ल - क़द् बव्वअ्ना बनी इस्राईल मुबव्व-अ
सिद्क़िंव्-व र - ज़क़्नाहुम् मिनत्तय्यिबाति ☾ फ़-मख़्त - लफ़ू . ह़त्ता जा-अहुमुल्-
अ़िल्मु ᵀ इन्-न रब्ब-क यक़्ज़ी बैनहुम् यौमल् - क़ियामति फ़ीमा कानू
फ़ीहि यख़्तलिफ़ून (९३) फ़इन् कुन् - त फ़ी शक्किम्-मिम्मा अन्ज़ल्ना
इलै-क फ़स्अलिल्लज़ी-न यक़्-रऊनल् - किता-ब मिन् क़ब्लि - क ☾ ल - क़द्
जा-अकल् - ह़क़्क़ु मिर्रब्बि - क फ़ला तकूनन्-न मिनलमुम्तरीन ॥ (९४)

آمَنْتُمْ بِاللّٰهِ فَعَلَيْهِ تَوَكَّلُوْٓا اِنْ كُنْتُمْ مُّسْلِمِيْنَ ۝ فَقَالُوْا عَلَى
اللّٰهِ تَوَكَّلْنَا ۚ رَبَّنَا لَا تَجْعَلْنَا فِتْنَةً لِّلْقَوْمِ الظّٰلِمِيْنَ ۝ وَنَجِّنَا
بِرَحْمَتِكَ مِنَ الْقَوْمِ الْكٰفِرِيْنَ ۝ وَاَوْحَيْنَآ اِلٰى مُوْسٰى وَاَخِيْهِ اَنْ
تَبَوَّاٰ لِقَوْمِكُمَا بِمِصْرَ بُيُوْتًا وَّاجْعَلُوْا بُيُوْتَكُمْ قِبْلَةً وَّاَقِيْمُوا الصَّلٰوةَ
وَبَشِّرِ الْمُؤْمِنِيْنَ ۝ وَقَالَ مُوْسٰى رَبَّنَآ اِنَّكَ اٰتَيْتَ فِرْعَوْنَ وَ
مَلَاَهٗ زِيْنَةً وَّاَمْوَالًا فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا ۙ رَبَّنَا لِيُضِلُّوْا عَنْ سَبِيْلِكَ
رَبَّنَا اطْمِسْ عَلٰٓي اَمْوَالِهِمْ وَاشْدُدْ عَلٰي قُلُوْبِهِمْ فَلَا يُؤْمِنُوْا حَتّٰى
يَرَوُا الْعَذَابَ الْاَلِيْمَ ۝ قَالَ قَدْ اُجِيْبَتْ دَّعْوَتُكُمَا فَاسْتَقِيْمَا وَ
لَا تَتَّبِعٰٓنِّ سَبِيْلَ الَّذِيْنَ لَا يَعْلَمُوْنَ ۝ وَجٰوَزْنَا بِبَنِيْٓ اِسْرَاۗءِيْلَ
الْبَحْرَ فَاَتْبَعَهُمْ فِرْعَوْنُ وَجُنُوْدُهٗ بَغْيًا وَّعَدْوًا ۭ حَتّٰٓي اِذَآ اَدْرَكَهُ
الْغَرَقُ ۙ قَالَ اٰمَنْتُ اَنَّهٗ لَآ اِلٰهَ اِلَّا الَّذِيْٓ اٰمَنَتْ بِهٖ بَنُوْٓا اِسْرَاۗءِيْلَ
وَاَنَا مِنَ الْمُسْلِمِيْنَ ۝ اٰۗلْــٰٔنَ وَقَدْ عَصَيْتَ قَبْلُ وَكُنْتَ مِنَ
الْمُفْسِدِيْنَ ۝ فَالْيَوْمَ نُنَجِّيْكَ بِبَدَنِكَ لِتَكُوْنَ لِمَنْ خَلْفَكَ
اٰيَةً ۭ وَاِنَّ كَثِيْرًا مِّنَ النَّاسِ عَنْ اٰيٰتِنَا لَغٰفِلُوْنَ ۝ وَلَقَدْ بَوَّاْنَا
بَنِيْٓ اِسْرَاۗءِيْلَ مُبَوَّاَ صِدْقٍ وَّرَزَقْنٰهُمْ مِّنَ الطَّيِّبٰتِ ۚ فَمَا
اخْتَلَفُوْا حَتّٰى جَاۗءَهُمُ الْعِلْمُ ۭ اِنَّ رَبَّكَ يَقْضِيْ بَيْنَهُمْ يَوْمَ
الْقِيٰمَةِ فِيْمَا كَانُوْا فِيْهِ يَخْتَلِفُوْنَ ۝ فَاِنْ كُنْتَ فِيْ شَكٍّ مِّمَّآ

★रु. ६/१४ आ १०

पर भरोसा रखो। (८४) तो बोले कि हम ख़ुदा ही पर भरोसा रखते हैं। ऐ हमारे परवरदिगार! हम को ज़ालिम लोगों के हाथ से आज़माइश में न डाल। (८५) और अपनी रहमत से काफ़िरों की क़ौम से निजात बख़्श। (८६) और हम ने मूसा और उस के भाई की तरफ़ वह्य भेजी कि अपने लोगों के लिए मिस्र में घर बनाओ और अपने घरों को क़िब्ला (यानी मस्जिदें) ठहराओ और नमाज़ पढ़ो और मोमिनों को ख़ुशख़बरी सुना दो। (८७) और मूसा ने कहा, ऐ परवरदिगार! तू ने फ़िऔन और उस के सरदारों को दुनिया की ज़िंदगी में (बहुत-सा) साज़ व सामान, धन-दौलत दे रखा है, ऐ परवरदिगार! इन का मआल (अंजाम) यह है कि तेरे रास्ते से गुमराह कर दें। ऐ परवरदिगार! इन के माल को बर्बाद कर दे और इन के दिलों को सख़्त कर दे कि ईमान न लाएं, जब तक दर्दनाक अज़ाब न देख लें। (८८) (ख़ुदा ने) फ़रमाया कि तुम्हारी दुआ क़ुबूल कर ली गयी, तो तुम साबित-क़दम रहना और बे-अक़्लों के रास्ते न चलना। (८९) और हम ने बनी इस्राईल को दरिया से पार कर दिया, तो फ़िऔन और उस के लश्कर ने सरकशी और तअद्दी से उन का पीछा किया, यहां तक कि जब उस को ग़र्क़ (के अज़ाब) ने आ पकड़ा तो कहने लगा, मैं ईमान लाया कि जिस (ख़ुदा) पर बनी इस्राईल ईमान लाये हैं, उस के सिवा कोई माबूद नहीं, और मैं फ़रमांबरदारों में हूं। (९०) (जवाब मिला कि) अब (ईमान लाता है,) हालांकि तू पहले नाफ़रमानी करता रहा और फ़साद फैलाने वाला बना रहा? (९१) तो आज हम तेरे बदन को (दरिया से) निकाल लेंगे, ताकि तू पिछलों के लिए इबरत (सबक़) हो और बहुत से लोग हमारी निशानियों से बे-ख़बर हैं। (९२) ★

और हम ने बनी इस्राईल को रहने को उम्दा जगह दी और खाने को पाकीज़ा चीज़ें अता कीं, लेकिन वह बावजूद इल्म हासिल होने के इख़्तिलाफ़ करते रहे। बेशक जिन बातों में वे इख़्तिलाफ़ करते रहे हैं, तुम्हारा परवरदिगार! क़ियामत के दिन उन में उन बातों का फ़ैसला कर देगा। (९३) अगर तुम को इस (किताब के) बारे में, जो हम ने तुम पर नाज़िल की है, कुछ शक हो, तो जो लोग तुम से पहले की (उतरी हुई) किताबें पढ़ते हैं, उन से पूछ लो। तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम्हारे पास हक़ आ चुका है, तो तुम हरगिज़ शक करने वालों में न होना। (९४) और न उन लोगों में

★रु. ९/१४ आ १०

व ला तकूनन्-न मिनल्लज़ी-न कज़्ज़बू बिआयातिल्लाहि फ़-तकू-न मिनल्ख़ासिरीन (९५) इन्नल्लज़ी-न ह़क़्क़त् अ़लैहिम् कलिमतु रब्बि-क ला युअ्मिनून ॥ (९६) व लौ जा-अत्हुम् कुल्लु आयतिन् ह़त्ता य-रवुल्-अ़ज़ाबल्-अलीम (९७) फ़-लौला कानत् क़र्यतुन् आम-नत् फ़-न-फ़-अहा ईमानुहा इल्ला क़ौ-म यूनुस ط लम्मा आमनू क - शफ़्ना अ़न्हुम् अ़ज़ाबल्-ख़िज़्यि फ़िल्-ह़यातिद्दुन्या व मत्तअ्-नाहुम् इला ह़ीन (९८) व लौ शा-अ रब्बु-क ल-आम-न मन् फ़िल्अर्ज़ि कुल्लुहुम् जमीअ़न् ط अ-फ़-अन्-त तुक्रिहुन्ना-स ह़त्ता यकूनू मुअ्मिनीन (९९) व मा का-न लिनफ़्सिन् अन् तुअ्मि-न इल्ला बिइज़्निल्लाहि ط व यज्अ़लुर्रिज - स अ़-लल्लज़ी-न ला यअ्-क़िलून (१००) क़ुलिन्ज़ुरू माज़ा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि ط व मा तुग़्निल्-आयातु वन्नुज़ुरु अ़न् क़ौमिल्-ला युअ्मिनून (१०१) फ़-हल् यन्तज़िरू-न इल्ला मिस्-ल अय्यामिल्लज़ी-न ख़लौ मिन् क़ब्लिहिम् ط क़ुल् फ़न्तज़िरू इन्नी म-अ़कुम् मिनल्-मुन्तज़िरीन (१०२) सुम्-म नुनज्जी रुसुलना वल्लज़ी - न आमनू कज़ालि - क ج ह़क़्क़न् अ़लैना नुन्जिल् - मुअ्मिनीन ✶ (१०३) क़ुल् या अय्युहन्नासु इन् कुन्तुम् फ़ी शक्किम् - मिन् दीनी फ़ला अअ्-बुदुल्लज़ी-न तअ्-बुदू-न मिन् दूनिल्लाहि व लाकिन् अअ् - बुदुल्लाहल्लज़ी य - त - वफ़्फ़ाकुम् ج व उमिर्तु अन् अकू - न मिनल् - मुअ्मिनीन ॥ (१०४) व अन् अक़िम् वज्ह - क लिद्दीनि ह़नीफ़न् ج व ला तकूनन् - न मिनल् - मुश्रिकीन (१०५)

أَنْزَلْنَا إِلَيْكَ فَسْـَٔلِ الَّذِينَ يَقْرَءُونَ الْكِتٰبَ مِنْ قَبْلِكَ ۚ لَقَدْ جَآءَكَ
الْحَقُّ مِنْ رَبِّكَ فَلَا تَكُونَنَّ مِنَ الْمُمْتَرِينَ ۝ وَلَا تَكُونَنَّ مِنَ
الَّذِينَ كَذَّبُوا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ فَتَكُونَ مِنَ الْخٰسِرِينَ ۝ إِنَّ الَّذِينَ
حَقَّتْ عَلَيْهِمْ كَلِمَتُ رَبِّكَ لَا يُؤْمِنُونَ ۝ وَلَوْ جَآءَتْهُمْ كُلُّ
اٰيَةٍ حَتّٰى يَرَوُا الْعَذَابَ الْأَلِيمَ ۝ فَلَوْلَا كَانَتْ قَرْيَةٌ اٰمَنَتْ
فَنَفَعَهَآ إِيمَانُهَآ إِلَّا قَوْمَ يُونُسَ ۚ لَمَّآ اٰمَنُوا كَشَفْنَا عَنْهُمْ عَذَابَ
الْخِزْيِ فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَمَتَّعْنٰهُمْ إِلٰى حِينٍ ۝ وَلَوْ شَآءَ رَبُّكَ
لَاٰمَنَ مَنْ فِي الْأَرْضِ كُلُّهُمْ جَمِيعًا ۚ أَفَأَنْتَ تُكْرِهُ النَّاسَ حَتّٰى
يَكُونُوا مُؤْمِنِينَ ۝ وَمَا كَانَ لِنَفْسٍ أَنْ تُؤْمِنَ إِلَّا بِإِذْنِ
اللّٰهِ ۚ وَيَجْعَلُ الرِّجْسَ عَلَى الَّذِينَ لَا يَعْقِلُونَ ۝ قُلِ انْظُرُوا
مَاذَا فِي السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضِ ۚ وَمَا تُغْنِي الْاٰيٰتُ وَالنُّذُرُ عَنْ
قَوْمٍ لَا يُؤْمِنُونَ ۝ فَهَلْ يَنْتَظِرُونَ إِلَّا مِثْلَ أَيَّامِ الَّذِينَ
خَلَوْا مِنْ قَبْلِهِمْ ۚ قُلْ فَانْتَظِرُوٓا إِنِّي مَعَكُمْ مِنَ الْمُنْتَظِرِينَ ۝
ثُمَّ نُنَجِّي رُسُلَنَا وَالَّذِينَ اٰمَنُوا كَذٰلِكَ ۚ حَقًّا عَلَيْنَا نُنْجِ الْمُؤْمِنِينَ ۝
قُلْ يٰٓأَيُّهَا النَّاسُ إِنْ كُنْتُمْ فِي شَكٍّ مِنْ دِينِي فَلَآ أَعْبُدُ الَّذِينَ
تَعْبُدُونَ مِنْ دُونِ اللّٰهِ وَلٰكِنْ أَعْبُدُ اللّٰهَ الَّذِي يَتَوَفّٰىكُمْ ۚ وَ
أُمِرْتُ أَنْ أَكُونَ مِنَ الْمُؤْمِنِينَ ۝ وَأَنْ أَقِمْ وَجْهَكَ لِلدِّينِ

✶रु. १०/१५ आ ११

होना, जो ख़ुदा की आयतों को झुठलाते हैं, नहीं तो नुक़सान उठाओगे। (६५) जिन लोगों के बारे में ख़ुदा (के अज़ाब) का हुक्म क़रार पा चुका है, वे ईमान नहीं लाने के, (६६) जब तक कि दर्दनाक अज़ाब न देख लें, चाहे उन के पास हर (तरह की) निशानी आ जाए। (६७) तो कोई बस्ती ऐसी क्यों न हुई कि ईमान लाती तो उस का ईमान उसे नफ़ा देता, हां, यूनुस की क़ौम कि जब ईमान लायी तो हम ने दुनिया की ज़िंदगी में उन से ज़िल्लत का अज़ाब दूर कर दिया और एक मुद्दत तक (दुनिया के फ़ायदों से) उन को नवाज़ा। (६८) और अगर तुम्हारा परवरदिगार चाहता, तो जितने लोग ज़मीन पर हैं, सब के सब ईमान ले आते। तो क्या तुम लोगों पर ज़बरदस्ती करना चाहते हो कि वे मोमिन हो जाएं। (६९) हालांकि किसी शख़्स को क़ुदरत नहीं है कि ख़ुदा के हुक्म के बग़ैर ईमान लाये और जो लोग बे-अक़्ल हैं, उन पर वह (कुफ़ व ज़िल्लत) की नजासत डालता है। (१००) (इन कुफ़्फ़ार से) कहो कि देखो तो आसमानों और ज़मीन में क्या-क्या कुछ है, मगर जो लोग ईमान नहीं रखते, उन की निशानियां और डरावे कुछ काम नहीं आते। (१०१) जैसे (बुरे) दिन इन से पहले लोगों पर गुज़र चुके हैं। उसी तरह के (दिनों के) ये इन्तिज़ार में हैं। कह दो कि तुम भी इन्तिज़ार करो, मैं भी तुम्हारे साथ इन्तिज़ार करता हूं। (१०२) और हम अपने पैग़म्बरों को और मोमिनों को निजात देते रहे हैं। इसी तरह हमारा ज़िम्मा है कि मुसलमानों को निजात दें। (१०३)★

(ऐ पैग़म्बर!) कह दो कि लोगो! अगर तुम को मेरे दीन में किसी तरह का शक हो तो (सुन रखो कि) जिन लोगों की तुम ख़ुदा के सिवा इबादत करते हो, मैं उन की तो इबादत नहीं करता, बल्कि मैं ख़ुदा की इबादत करता हूं जो तुम्हारी रूहें क़ब्ज़ कर लेता है और मुझ को यही हुक्म हुआ है कि ईमान लाने वालों में हूं। (१०४) और यह कि (ऐ मुहम्मद! सब से) यकसू होकर (इस्लाम) दीन की पैरवी किए जाओ और मुश्रिकों में हरगिज़ न होना। (१०५) और ख़ुदा को

★रु. १०/१५ आ ११

व ला तद्अु मिन् दूनिल्लाहि मा ला यन्फ़अु-क व ला यज़ुर्रु-क ج फ़-इन् फ़-अल्-त फ़इन्न-क इज़म्-मिनज़्ज़ालिमीन (१०६) व इंय्यम्सस्कल्लाहु बिज़ुर्रिन् फ़ला काशि-फ़ लहू इल्ला हु-व ج व इंय्युरिद-क बिख़ैरिन् फ़ला राद्-द लिफ़ज़्लिही ط युसीबु बिही मंय्यशाउ मिन् अिबादिही ط व हुवल् ग़फ़ूरुर्रहीम (१०७) क़ुल् या अय्युहन्नासु क़द् जा-अकुमुल्हक़्क़ु मिर्रब्बिकुम् ج फ़-मनिह्तदा फ़-इन्नमा यह्तदी लिनफ़्सिही ج व मन् ज़ल-ल फ़-इन्नमा यज़िल्लु अलैहा ج व मा अ-न अलैकुम् बिवकील ط (१०८) वत्तबिअ् मा यूहा इलै-क वस्बिर् हत्ता यह्कुमल्लाहु ج व हु-व ख़ैरुल्हाकिमीन ✶ (१०९)

११ सूरतु हूदिन् ५२

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ७६२४ अक्षर, १६३६ शब्द, १२३ आयतें और १० रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

حَنِيفًا ۚ وَلَا تَكُونَنَّ مِنَ الْمُشْرِكِينَ ۝ وَلَا تَدْعُ مِن دُونِ اللَّهِ مَا
لَا يَنفَعُكَ وَلَا يَضُرُّكَ ۖ فَإِن فَعَلْتَ فَإِنَّكَ إِذًا مِّنَ الظَّالِمِينَ ۝ وَإِن
يَمْسَسْكَ اللَّهُ بِضُرٍّ فَلَا كَاشِفَ لَهُ إِلَّا هُوَ ۖ وَإِن يُرِدْكَ بِخَيْرٍ فَلَا رَادَّ
لِفَضْلِهِ ۚ يُصِيبُ بِهِ مَن يَشَاءُ مِنْ عِبَادِهِ ۚ وَهُوَ الْغَفُورُ الرَّحِيمُ ۝
قُلْ يَا أَيُّهَا النَّاسُ قَدْ جَاءَكُمُ الْحَقُّ مِن رَّبِّكُمْ ۖ فَمَنِ اهْتَدَىٰ
فَإِنَّمَا يَهْتَدِي لِنَفْسِهِ ۖ وَمَن ضَلَّ فَإِنَّمَا يَضِلُّ عَلَيْهَا ۖ وَ
مَا أَنَا عَلَيْكُم بِوَكِيلٍ ۝ وَاتَّبِعْ مَا يُوحَىٰ إِلَيْكَ وَاصْبِرْ حَتَّىٰ
يَحْكُمَ اللَّهُ ۚ وَهُوَ خَيْرُ الْحَاكِمِينَ ۝
سُورَةُ هُودٍ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ مِائَةٌ وَثَلَاثٌ وَعِشْرُونَ آيَةً وَعَشْرُ رُكُوعَاتٍ
بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ
الر ۚ كِتَابٌ أُحْكِمَتْ آيَاتُهُ ثُمَّ فُصِّلَتْ مِن لَّدُنْ حَكِيمٍ خَبِيرٍ ۝ أَلَّا
تَعْبُدُوا إِلَّا اللَّهَ ۚ إِنَّنِي لَكُم مِّنْهُ نَذِيرٌ وَبَشِيرٌ ۝ وَأَنِ اسْتَغْفِرُوا رَبَّكُمْ
ثُمَّ تُوبُوا إِلَيْهِ يُمَتِّعْكُم مَّتَاعًا حَسَنًا إِلَىٰ أَجَلٍ مُّسَمًّى وَيُؤْتِ
كُلَّ ذِي فَضْلٍ فَضْلَهُ ۖ وَإِن تَوَلَّوْا فَإِنِّي أَخَافُ عَلَيْكُمْ عَذَابَ
يَوْمٍ كَبِيرٍ ۝ إِلَى اللَّهِ مَرْجِعُكُمْ ۖ وَهُوَ عَلَىٰ كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ ۝
أَلَا إِنَّهُمْ يَثْنُونَ صُدُورَهُمْ لِيَسْتَخْفُوا مِنْهُ ۚ أَلَا حِينَ يَسْتَغْشُونَ
ثِيَابَهُمْ يَعْلَمُ مَا يُسِرُّونَ وَمَا يُعْلِنُونَ ۚ إِنَّهُ عَلِيمٌ بِذَاتِ الصُّدُورِ ۝

अलिफ़्-लाम्-रा क़फ़ किताबुन् उह्किमत् आयातुहू सुम्-म फ़ुस्सिलत् मिल्लदुन् हकीमिन् ख़बीर ل (१) अल्ला तअ्बुदू इल्लल्ला-ह ط इन्ननी लकुम् मिन्हु नज़ीरुंव्-व बशीरुंव- ل (२) व अनिस्तग़फ़िरू रब्बकुम् सुम्-म तूबू इलैहि युमत्तिअ्-कुम् मताअन् ह-स-नन् इला अ-जलिम्-मुसम्मंव्-व युअ्ति कुल-ल ज़ी फ़ज़्लिन् फ़ज़्लहू ط व इन् त-वल्लौ फ़इन्नी अख़ाफ़ु अलैकुम् अज़ा-ब यौमिन् कबीर (३) इलल्लाहि मर्जिअुकुम् ج व हु-व अला कुल्लि शैइन् क़दीर (४) अला इन्नहुम् यस्नू-न सुदूरहुम् लि-यस्तख़्फ़ू मिन्हु ط अला ही-न यस्तग़्शू-न सियाबहुम् ل यअ्लमु मा युसिर्रू-न व मा युअ्लिनू-न ج इन्नहू अलीमुम्-बिज़ातिस्सुदूर (५)

★रु.११/१६ आ ६

छोड़ कर ऐसी चीज़ को न पुकारना, जो न तुम्हारा कुछ भला कर सके और न कुछ बिगाड़ सके। अगर ऐसा करोगे, तो ज़ालिमों में हो जाओगे। (१०६) और अगर ख़ुदा तुम को कोई तक्लीफ़ पहुंचाए, तो उस के सिवा इस का कोई दूर करने वाला नहीं और अगर तुम से भलाई करनी चाहे तो उस के फ़ज़्ल को कोई रोकने वाला नहीं। वह अपने बन्दों में से, जिसे चाहता है फ़ायदा पहुंचाता है है और वह बख़्शने वाला मेहरबान है। (१०७) कह दो कि लोगो! तुम्हारे परवरदिगार के यहां से तुम्हारे पास हक़ आ चुका है, तो जो कोई हिदायत हासिल करता है, तो हिदायत से अपने ही हक़ में भलाई करता है और जो गुमराही अख़्तियार करता है, तो गुमराही से अपना ही नुक़्सान करता है और मैं तुम्हारा वकील नहीं हूं। (१०८) और (ऐ पैग़म्बर!) तुम को जो हुक्म भेजा जाता है, उस की पैरवी किये जाओ और (तक्लीफ़ों पर) सब्र करो, यहां तक कि ख़ुदा फ़ैसला कर दे। वह सब से बेहतर फ़ैसला करने वाला है। (१०९) ★

११ सूरः हूद ५२

सूरः हूद मक्की है और इस में एक सौ तेईस आयतें और दस रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अलिफ़्-लाम्-रा, यह वह किताब है, जिस की आयतें मुस्तहकुम हैं और हकीम व ख़बीर ख़ुदा की तरफ़ से तफ़्सील से बयान कर दी गयी हैं, (१) (वह यह) कि ख़ुदा के सिवा किसी की इबादत न करो और मैं उस की तरफ़ से तुम को डर सुनाने वाला और ख़ुशख़बरी देने वाला हूं। (२) और यह कि अपने परवरदिगार से बख़्शिश मांगों और उस के आगे तौबा करो। वह तुम को एक मुक़र्रर वक़्त तक नेक पूंजी से बहरा मंद करेगा (नवाज़ेगा) और हर बुज़ुर्गी वाले को उस की बुज़ुर्गी (की दाद) देगा और अगर रू-गरदानी करोगे तो मुझे तुम्हारे बारे में (क़ियामत के) बड़े दिन के अज़ाब का डर है। (३) तुम (सब) को ख़ुदा की तरफ़ लौट कर जाना है और वह हर चीज़ पर क़ादिर है। (४) देखो, यह अपने सीनों को दोहरा करते हैं, ताकि ख़ुदा से पर्दा करें। सुन रखो, जिस वक़्त ये कपड़ों में लिपट कर पड़ते हैं (तब भी) वह उन की छिपी और खुली बातों को जानता है। वह तो

★रु. ११/१६ आ ६

बारहवां पारः व मा मिन् दाब्बतिन्

सूरतु हूदिन् आयत ६ से १२३

व मा मिन् दाब्बतिन् फ़िल्अर्ज़ि इल्ला अ-लल्लाहि रिज़-क़ुहा व यअ्-लमु मुस्तक़र्रहा व मुस्तौद-अहा ط कुल्लुन् फ़ी किताबिम्-मुबीन (६) व हु-वल्लज़ी ख़-ल-क़स्समावाति वल्अर-ज़ फ़ी सित्तति अय्यामिंव्-व का-न अर्शुहू अ-लल्माइ लि-यब-लुवकुम् अय्युकुम् अह्सनु अ-म-लन् ط व लइन् क़ुल्-त इन्नकुम् मब्ऊसू-न मिम्बअ्-दिल्-मौति ल-यक़ूलन्नल्लज़ी-न क-फ़रू इन् हाज़ा इल्ला सिह्रुम्मुबीन (७) व लइन् अख़्ख़र्ना अन्हुमुल्-अज़ा-ब इला उम्मतिम्-मअ्-दूदतिल्-ल-यक़ूलुन-न मा यह्बिसुहू ط अला यौ-म यअ्तीहिम् लै-स मस्रूफ़न् अन्हुम् व हा-क़ बिहिम् मा कानू बिही यस्तह्ज़िऊन ★ (८) व लइन् अ-ज़क्-नल्-इन्सा-न मिन्ना रह्-म-तन् सुम्-म न-ज़अ्-नाहा मिन्हु ج इन्नहू ल-यऊसुन् कफ़ूर (९) व लइन् अ-ज़क़्नाहु नअ्-मा-अ बअ्-द ज़र्रा-अ मस्सत्हु ल-यक़ूलन्-न ज़-ह-बस्सय्यिआतु अन्नी ط इन्नहू ल-फ़रिहुन् फ़ख़ूर ॥ (१०) इल्लल्लज़ी-न स-बरू व अमिलुस्सालिहाति ط उलाइ-क लहुम् मग़्फ़ि-रतुंव् - व अज्रुन् कबीर (११) फ़ ल-अल्ल-क तारिकुम्बअ्-ज़ मा यूहा इलै-क व ज़ाइ-कुम्-बिही सद्रु-क अंय्यक़ूलू लौला उन्ज़ि-ल अलैहि कन्ज़ुन् औ जा-अ म-अहू म-लकुन् ط इन्नमा अन् - त नज़ीरुन् ط वल्लाहु अला कुल्लि शैइंव् - वकील ط (१२) अम् यक़ूलूनफ़्तराहु ط क़ुल् फ़अ्तू बिअ़श्रि सु - वरिम् - मिस्लिही मुफ़्त-र-यातिंव्वद्ऊ मनिस्-त-तअ्-तुम् मिन् दूनिल्लाहि इन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१३) फ़इल्लम् यस्तजीबू लकुम् फ़अ्-लमू अन्नमा उन्ज़ि-ल बिअिल्मिल्लाहि व अल्ला इला - ह इल्ला हु-व ج फ़ - हल् अन्तुम् मुस्लिमून (१४)

وَمَا مِنْ دَآبَّةٍ فِي الْأَرْضِ إِلَّا عَلَى اللَّهِ رِزْقُهَا وَيَعْلَمُ مُسْتَقَرَّهَا
وَمُسْتَوْدَعَهَا كُلٌّ فِي كِتَابٍ مُّبِينٍ ۝ وَهُوَ الَّذِي خَلَقَ السَّمَاوَاتِ
وَالْأَرْضَ فِي سِتَّةِ أَيَّامٍ وَكَانَ عَرْشُهُ عَلَى الْمَاءِ لِيَبْلُوَكُمْ أَيُّكُمْ
أَحْسَنُ عَمَلًا وَلَئِن قُلْتَ إِنَّكُم مَّبْعُوثُونَ مِن بَعْدِ الْمَوْتِ لَيَقُولَنَّ
الَّذِينَ كَفَرُوا إِنْ هَٰذَا إِلَّا سِحْرٌ مُّبِينٌ ۝ وَلَئِنْ أَخَّرْنَا عَنْهُمُ
الْعَذَابَ إِلَىٰ أُمَّةٍ مَّعْدُودَةٍ لَّيَقُولُنَّ مَا يَحْبِسُهُ أَلَا يَوْمَ يَأْتِيهِمْ
لَيْسَ مَصْرُوفًا عَنْهُمْ وَحَاقَ بِهِم مَّا كَانُوا بِهِ يَسْتَهْزِئُونَ ۝ وَ
لَئِنْ أَذَقْنَا الْإِنسَانَ مِنَّا رَحْمَةً ثُمَّ نَزَعْنَاهَا مِنْهُ إِنَّهُ لَيَئُوسٌ كَفُورٌ ۝
وَلَئِنْ أَذَقْنَاهُ نَعْمَاءَ بَعْدَ ضَرَّاءَ مَسَّتْهُ لَيَقُولَنَّ ذَهَبَ السَّيِّئَاتُ
عَنِّي إِنَّهُ لَفَرِحٌ فَخُورٌ ۝ إِلَّا الَّذِينَ صَبَرُوا وَعَمِلُوا الصَّالِحَاتِ أُولَٰئِكَ
لَهُم مَّغْفِرَةٌ وَأَجْرٌ كَبِيرٌ ۝ فَلَعَلَّكَ تَارِكٌ بَعْضَ مَا يُوحَىٰ إِلَيْكَ
وَضَائِقٌ بِهِ صَدْرُكَ أَن يَقُولُوا لَوْلَا أُنزِلَ عَلَيْهِ كَنزٌ أَوْ جَاءَ مَعَهُ
مَلَكٌ إِنَّمَا أَنتَ نَذِيرٌ وَاللَّهُ عَلَىٰ كُلِّ شَيْءٍ وَكِيلٌ ۝ أَمْ يَقُولُونَ
افْتَرَاهُ قُلْ فَأْتُوا بِعَشْرِ سُوَرٍ مِّثْلِهِ مُفْتَرَيَاتٍ وَادْعُوا مَنِ اسْتَطَعْتُم
مِّن دُونِ اللَّهِ إِن كُنتُمْ صَادِقِينَ ۝ فَإِلَّمْ يَسْتَجِيبُوا لَكُمْ فَاعْلَمُوا
أَنَّمَا أُنزِلَ بِعِلْمِ اللَّهِ وَأَن لَّا إِلَٰهَ إِلَّا هُوَ فَهَلْ أَنتُم مُّسْلِمُونَ ۝
مَن كَانَ يُرِيدُ الْحَيَاةَ الدُّنْيَا وَزِينَتَهَا نُوَفِّ إِلَيْهِمْ أَعْمَالَهُمْ فِيهَا

★रु. १/१ आ ८

दिलों तक की बातों से आगाह है। (५) और ज़मीन पर कोई चलने-फिरने वाला नहीं, मगर उस की रोज़ी ख़ुदा के ज़िम्मे है, वह जहां रहता है, उसे भी जानता है और जहां सौंपा जाता है, उसे भी। यह सब कुछ रोशन किताब में (लिखा हुआ) है। (६) और वही तो है जिस ने आसमानों और ज़मीन को छः दिनों में बनाया और (उस वक़्त) उस का अर्श पानी पर था। (तुम्हारे पैदा करने से) मक़्सूद यह है कि वह तुम को आज़माये कि तुम में अमल के लिहाज़ से कौन बेहतर है और अगर तुम कहो कि तुम लोग मरने के बाद (ज़िंदा कर के) उठाए जाओगे, तो काफ़िर कह देंगे कि यह तो खुला जादू है। (७) और अगर एक तै मुद्दत तक हम उन पर अज़ाब को रोक दें, तो कहेंगे कि कौन-सी चीज़ अज़ाब को रोके हुए है। देखो, जिस दिन वह उन पर वाक़ेअ होगा, (फिर) टलने का नहीं और जिस चीज़ का मज़ाक़ उड़ाया करते हैं, वह उन को घेर लेगी। (८) ★

और अगर हम इंसान को अपने पास से नेमत बख़्शें, फिर उस से उसको छीन लें, तो ना-उम्मीद (और) ना-शुक्रा (हो जाता) है। (९) और अगर तक्लीफ़ पहुंचने के बाद आसाइश (आराम सुख) का मज़ा चखाएं, तो (ख़ुश हो कर) कहता है कि (आ-हा) सब सख़्तियां मुझ से दूर हो गयीं बेशक वह ख़ुशियां मनाने वाला (और) फ़ख़्र करने वाला है। (१०) हां, जिन्हों ने सब्र किया और नेक अमल किये, यही हैं जिन के लिए बख़्शिश और बड़ा बदला है। (११) शायद तुम कुछ चीज़ वह्य में से जो तुम्हारे पास आती है, छोड़ दो और इस (ख़्याल) से तुम्हारा दिल तंग हो कि (काफ़िर) यह कहने लगें कि उस पर कोई ख़ज़ाना क्यों नहीं नाज़िल हुआ या उस के साथ कोई फ़रिश्ता क्यों नहीं आया ? ऐ मुहम्मद ! तुम तो सिर्फ़ नसीहत करने वाले हो और ख़ुदा हर चीज़ का निगहबान है। (१२) ये क्या कहते हैं कि इस ने क़ुरआन ख़ुद से बना लिया है ? कह दो कि अगर सच्चे हो तो तुम भी ऐसी दस सूरतें बना लाओ और ख़ुदा के सिवा जिस-जिस को बुला सकते हो, बुला भी लो। (१३) अगर वे तुम्हारी बात क़ुबूल न करें तो जान लो कि वह ख़ुदा के इल्म से उतरा है और यह कि उस के सिवा कोई माबूद नहीं, तो तुम्हें भी इस्लाम ले आना चाहिए।[1] (१४)

---

१. यह आम लोगों से ख़िताब है, जो इस्लाम नहीं लाते थे, यानी जब क़ुरआन मजीद का यह एजाज़ देख चुके हो कि कोई शख़्स ऐसा कलाम नहीं बना सकता, तो तुम को भी उसे मानना चाहिए कि ख़ुदा का कलाम है और इस्लाम ले आना चाहिए।

★रु. १/१ आ ८

मन् का-न युरीदुल्-ह़यातद्दुन्या व ज़ी-न-तहा नुवफ़्फ़ि इलैहिम् अअ्-मालहुम् फ़ीहा व हुम् फ़ीहा ला युब्ख़सून (१५) उलाइकल्लज़ी-न लै-स लहुम् फ़िल्आख़िरति इल्लन्नारु व ह़बि-त मा स-नअू फ़ीहा व बातिलुम्मा कानू यअ्-मलून (१६) अ-फ़-मन् का-न अला बय्यिनतिम्-मिर्रब्बिही व यत्लूहु शाहिदुम्-मिन्हु व मिन् क़ब्लिही किताबु मूसा इमामंव्-व रह्-म-तन् ط उलाइ-क युअ्मिनू-न बिही ط व मंय्यक्फ़ुर् बिही मिनल्-अह्ज़ाबि फ़न्नारु मौअिदुहू ج फ़ला-तकु फ़ी मिर्यतिम्-मिन्हु ق इन्नहुल्-ह़क़्क़ु मिर्रब्बि-क व लाकिन्-न अक्सरन्नासि ला युअ्मिनून (१७) व मन् अज़्लमु मिम्-मनिफ़्तरा अ-लल्लाहि कज़िबन् ط उलाइ-क युअ्-रज़ू-न अला रब्बिहिम् व यक़ूलुल्-अश्हादु ج हाउलाइल्लज़ी-न क-ज़बू-अला रब्बिहिम् ج अला लअ्-नतुल्लाहि अ-लज़्ज़ालिमीन ला (१८) अल्लज़ी-न यसुद्दू-न अन् सबीलिल्लाहि व यब्ग़ूनहा अि-व-जन् ط व हुम् बिल्आख़िरति हुम् काफ़िरून (१९) उलाइ-क लम् यकूनू मुअ्जिज़ी-न फ़िल्अर्ज़ि व मा का-न लहुम् मिन् दूनिल्लाहि मिन् औलिया-अ ※ युज़ा-अफ़ु लहुमुल्-अज़ाबु ط मा कानू यस्ततीअूनस्सम्-अ व मा कानू युब्सिरून (२०) उलाइकल्लज़ी-न ख़सिरू अन्फ़ु-सहुम् व ज़ल्-ल अन्हुम् मा कानू यफ़्तरून (२१) ला ज-र-म अन्नहुम् फ़िल्आख़िरति हुमुल्-अख़्सरून (२२) इन्नल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति व अख़्-बतू इला रब्बिहिम् ला उलाइ-क अस्ह़ाबुल्-जन्नति ج हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (२३) म-सलुल्-फ़रीक़ैनि कल्-अअ्-मा वल्-असम्मि वल्बसीरि वस्समीअि ط हल् यस्तवियानि म-स-लन् ط अ-फ़ला तज़क्करून ★ (२४) व ल-क़द् अर्-सल्ना नूहन् इला क़ौमिही ز इन्नी लकुम् नज़ीरुम्-मुबीन ला (२५)

وَهُمْ فِيهَا لَا يُبْخَسُونَ ۝ أُولَٰئِكَ الَّذِينَ لَيْسَ لَهُمْ فِي الْآخِرَةِ
إِلَّا النَّارُ ۖ وَحَبِطَ مَا صَنَعُوا فِيهَا وَبَاطِلٌ مَّا كَانُوا يَعْمَلُونَ ۝ أَفَمَن
كَانَ عَلَىٰ بَيِّنَةٍ مِّن رَّبِّهِ وَيَتْلُوهُ شَاهِدٌ مِّنْهُ وَمِن قَبْلِهِ كِتَابُ
مُوسَىٰ إِمَامًا وَرَحْمَةً ۚ أُولَٰئِكَ يُؤْمِنُونَ بِهِ ۚ وَمَن يَكْفُرْ بِهِ مِنَ
الْأَحْزَابِ فَالنَّارُ مَوْعِدُهُ ۚ فَلَا تَكُ فِي مِرْيَةٍ مِّنْهُ ۚ إِنَّهُ الْحَقُّ مِن
رَّبِّكَ وَلَٰكِنَّ أَكْثَرَ النَّاسِ لَا يُؤْمِنُونَ ۝ وَمَنْ أَظْلَمُ مِمَّنِ افْتَرَىٰ
عَلَى اللَّهِ كَذِبًا ۚ أُولَٰئِكَ يُعْرَضُونَ عَلَىٰ رَبِّهِمْ وَيَقُولُ الْأَشْهَادُ هَٰؤُلَاءِ
الَّذِينَ كَذَبُوا عَلَىٰ رَبِّهِمْ ۚ أَلَا لَعْنَةُ اللَّهِ عَلَى الظَّالِمِينَ ۝ الَّذِينَ
يَصُدُّونَ عَن سَبِيلِ اللَّهِ وَيَبْغُونَهَا عِوَجًا وَهُم بِالْآخِرَةِ هُمْ
كَافِرُونَ ۝ أُولَٰئِكَ لَمْ يَكُونُوا مُعْجِزِينَ فِي الْأَرْضِ وَمَا كَانَ لَهُم
مِّن دُونِ اللَّهِ مِنْ أَوْلِيَاءَ ۘ يُضَاعَفُ لَهُمُ الْعَذَابُ ۚ مَا كَانُوا يَسْتَطِيعُونَ
السَّمْعَ وَمَا كَانُوا يُبْصِرُونَ ۝ أُولَٰئِكَ الَّذِينَ خَسِرُوا أَنفُسَهُمْ
وَضَلَّ عَنْهُم مَّا كَانُوا يَفْتَرُونَ ۝ لَا جَرَمَ أَنَّهُمْ فِي الْآخِرَةِ هُمُ
الْأَخْسَرُونَ ۝ إِنَّ الَّذِينَ آمَنُوا وَعَمِلُوا الصَّالِحَاتِ وَأَخْبَتُوا إِلَىٰ
رَبِّهِمْ أُولَٰئِكَ أَصْحَابُ الْجَنَّةِ ۖ هُمْ فِيهَا خَالِدُونَ ۝ مَثَلُ الْفَرِيقَيْنِ
كَالْأَعْمَىٰ وَالْأَصَمِّ وَالْبَصِيرِ وَالسَّمِيعِ ۚ هَلْ يَسْتَوِيَانِ مَثَلًا ۚ أَفَلَا
تَذَكَّرُونَ ۝ وَلَقَدْ أَرْسَلْنَا نُوحًا إِلَىٰ قَوْمِهِ إِنِّي لَكُمْ نَذِيرٌ مُّبِينٌ ۝

※ व. लाज़िम ★रु. २/२ आ १६

जो लोग दुनिया की ज़िंदगी और उस की ज़ेब व ज़ीनत के तालिब हों, हम उन के आमाल का बदला उन्हें दुनिया ही में दे देते हैं और इस में उन का हक़ नहीं मारा जाता। (१५) ये वह लोग हैं, जिनके लिए आख़िरत में (जहन्नम की) आग के सिवा और कुछ नहीं और जो अमल उन्हों ने दुनिया में किए, सब बर्बाद और जो कुछ वे करते रहे, सब झूठ। (१६) भला जो लोग अपने परवरदिगार की तरफ़ से (रोशन) दलील रखते हों और उन के साथ एक (आसमानी) गवाह भी उस की तरफ़ से हो और उस से पहले मूसा की किताब हो, जो पेशवा और रहमत है, (तो क्या वे क़ुरआन पर ईमान नहीं लाएंगे ?) यही लोग तो उस पर ईमान लाते हैं। और जो कोई और फ़िर्क़ों में से इस का इंकारी हो, तो उस का ठिकाना आग है तो तुम इस (क़ुरआन) से शक में न होना, यह तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से हक़ है, लेकिन अक्सर लोग ईमान नहीं लाते। (१७) और इस से बढ़ कर ज़ालिम कौन होगा, जो ख़ुदा पर झूठ गढ़े, ऐसे लोग ख़ुदा के सामने पेश किए जाएंगे और गवाह कहेंगे कि यही लोग हैं, जिन्हों ने अपने परवरदिगार पर झूठ बोला था, सुन रखो कि ज़ालिमों पर ख़ुदा की लानत है। (१८) जो ख़ुदा के रास्ते से रोकते हैं और उस में टेढ़ चाहते हैं और वे आख़िरत से भी इंकार करते हैं, (१९) ये लोग ज़मीन में (कहीं भाग कर ख़ुदा को) हरा नहीं सकते और न ख़ुदा के सिवा कोई उन का हिमायती है, (ऐ पैग़म्बर !) उन को दोगुना अज़ाब दिया जाएगा, क्योंकि ये (कुफ़्र की ज़्यादती की वजह से तुम्हारी बात) नहीं सुन सकते थे और न (तुम को) देख सकते थे। (२०) यही हैं जिन्होंने अपने आपको घाटे में डाला और जो कुछ ये गढ़ा करते थे, उनसे जाता रहा। (२१) बिला शुब्हा ये लोग आख़िरत में सब से ज़्यादा नुक़्सान पाने वाले हैं। (२२) जो लोग ईमान लाये और नेक अमल किये और अपने परवरदिगार के आगे आजिज़ी की, यही जन्नत वाले हैं, हमेशा उस में रहेंगे। (२३) दोनों फ़िर्क़ों (यानी काफ़िर व मोमिन) की मिसाल ऐसी है, जैसे एक अंधा-बहरा हो और एक देखता-सुनता, भला दोनों का हाल बराबर हो सकता है ? फिर तुम सोचते क्यों नहीं ? (२४) ★

और हम ने नूह को उन की क़ौम की तरफ़ भेजा (तो उन्हों ने उन से कहा) कि मैं तुम को खोल-खोल कर डर सुनाने (और यह पैग़ाम पहुंचाने) आया हू, (२५) कि ख़ुदा के सिवा किसी की

व. लाज़िम ★रु. २/२ आ १६

अल्ला तअ्-बुदू इल्लल्ला-ह ط इन्नी अख़ाफ़ु अलैकुम् अज़ा-ब यौमिन् अलीम (२६) फ़-क़ालल्-म-ल-उल्लज़ी-न क-फ़रू मिन् क़ौमिही मा नरा-क इल्ला ब-श-रम्-मिस्-लना व मा नराकत्-त-ब-अ-क इल्लल्लज़ी-न हुम् अराज़िलुना बादियर्रअ्यि ج व मा नरा लकुम् अलैना मिन् फ़ज़्लिम्-बल् नज़ुन्नुकुम् काज़िबीन (२७) क़ा-ल या क़ौमि अ-रऐतुम् इन् कुन्तु अला बय्यिनतिम्-मिर्रब्बी व आतानी रह् - म - तम् - मिन् अिन्दिही फ़ - अुम्मियत् अलैकुम् ط अनुल्ज़िमुकुमू - हा व अन्तुम् लहा कारिहून (२८) व या क़ौमि ला अस् - अलुकुम् अलैहि मालन् ط इन् अज्रि-य इल्ला अ-लल्लाहि व मा अ-न बितारिदिल्लज़ी - न आमनू ط इन्नहुम् मुलाक़ू रब्बिहिम् व लाकिन्नी अराकुम् क़ौमन् तज्-हलून (२९) व या क़ौमि मंय्यन्सुरुनी मिनल्लाहि इन् तरत्तुहुम् ط अ-फ़ला त-ज़क्करून (३०) व ला अक़ूलु लकुम् अिन्दी ख़ज़ाइनुल्लाहि व ला अअ्-लमुल्-ग़ै-ब व ला अक़ूलु इन्नी मलकुं-व्-व ला अक़ूलु लिल्लज़ी-न तज़्दरी अअ्-युनुकुम् लंय्युअ्ति-य-हुमुल्लाहु ख़ैरन् ط अल्लाहु अअ् - लमु बिमा फ़ी अन्फ़ुसिहिम् ج इन्नी इज़ल्-लमिनज़्-ज़ालिमीन (३१) क़ालू या नूहु क़द् जादल्-तना फ़-अक्सर-त जिदालना फ़अ्-तिना बिमा तअिदुना इन् कुन्-त मिनस्सादिक़ीन (३२) क़ा-ल इन्नमा यअ्तीकुम् बिहिल्लाहु इन् शा-अ व मा अन्तुम् बिमुअ्-जिज़ीन (३३) व ला यन्फ़अुकुम् नुस्ही इन् अरत्तु अन् अन्स - ह लकुम् इन् कानल्लाहु युरीदु अंय्युग़्वि - य - कुम् ط हु - व रब्बुकुम् وقف व इलैहि तुर्जअून ط (३४) अम् यक़ूलूनफ़्तराहु ط क़ुल् इनिफ़्तरैतुहू फ़-अ-लय् - य इज्रामी व अ-न बरीउम् - मिम्मा तुज्रिमून (३५) ★

أَنْ لَّا تَعْبُدُوْٓا اِلَّا اللّٰهَ ؕ اِنِّیْٓ اَخَافُ عَلَیْكُمْ عَذَابَ یَوْمٍ اَلِیْمٍ ۝ فَقَالَ
الْمَلَاُ الَّذِیْنَ كَفَرُوْا مِنْ قَوْمِهٖ مَا نَرٰىكَ اِلَّا بَشَرًا مِّثْلَنَا وَمَا نَرٰىكَ
اتَّبَعَكَ اِلَّا الَّذِیْنَ هُمْ اَرَاذِلُنَا بَادِیَ الرَّاْیِ ۚ وَمَا نَرٰى لَكُمْ عَلَیْنَا
مِنْ فَضْلٍۭ بَلْ نَظُنُّكُمْ كٰذِبِیْنَ ۝ قَالَ یٰقَوْمِ اَرَءَیْتُمْ اِنْ
كُنْتُ عَلٰى بَیِّنَةٍ مِّنْ رَّبِّیْ وَاٰتٰىنِیْ رَحْمَةً مِّنْ عِنْدِهٖ فَعُمِّیَتْ
عَلَیْكُمْ ؕ اَنُلْزِمُكُمُوْهَا وَاَنْتُمْ لَهَا كٰرِهُوْنَ ۝ وَیٰقَوْمِ لَاۤ اَسْـَٔلُكُمْ
عَلَیْهِ مَالًا ؕ اِنْ اَجْرِیَ اِلَّا عَلَى اللّٰهِ وَمَاۤ اَنَا بِطَارِدِ الَّذِیْنَ اٰمَنُوْا ؕ
اِنَّهُمْ مُّلٰقُوْا رَبِّهِمْ وَلٰكِنِّیْۤ اَرٰىكُمْ قَوْمًا تَجْهَلُوْنَ ۝ وَیٰقَوْمِ مَنْ
یَّنْصُرُنِیْ مِنَ اللّٰهِ اِنْ طَرَدْتُّهُمْ ؕ اَفَلَا تَذَكَّرُوْنَ ۝ وَلَاۤ اَقُوْلُ
لَكُمْ عِنْدِیْ خَزَآىِٕنُ اللّٰهِ وَلَاۤ اَعْلَمُ الْغَیْبَ وَلَاۤ اَقُوْلُ اِنِّیْ مَلَكٌ
وَّلَاۤ اَقُوْلُ لِلَّذِیْنَ تَزْدَرِیْۤ اَعْیُنُكُمْ لَنْ یُّؤْتِیَهُمُ اللّٰهُ خَیْرًا ؕ اَللّٰهُ
اَعْلَمُ بِمَا فِیْۤ اَنْفُسِهِمْ ۚۖ اِنِّیْۤ اِذًا لَّمِنَ الظّٰلِمِیْنَ ۝ قَالُوْا یٰنُوْحُ
قَدْ جٰدَلْتَنَا فَاَكْثَرْتَ جِدَالَنَا فَاْتِنَا بِمَا تَعِدُنَاۤ اِنْ كُنْتَ مِنَ
الصّٰدِقِیْنَ ۝ قَالَ اِنَّمَا یَاْتِیْكُمْ بِهِ اللّٰهُ اِنْ شَآءَ وَمَاۤ اَنْتُمْ بِمُعْجِزِیْنَ ۝
وَلَا یَنْفَعُكُمْ نُصْحِیْۤ اِنْ اَرَدْتُّ اَنْ اَنْصَحَ لَكُمْ اِنْ كَانَ اللّٰهُ یُرِیْدُ
اَنْ یُّغْوِیَكُمْ ؕ هُوَ رَبُّكُمْ ۫ وَاِلَیْهِ تُرْجَعُوْنَ ۝ اَمْ یَقُوْلُوْنَ افْتَرٰىهُ ؕ
قُلْ اِنِ افْتَرَیْتُهٗ فَعَلَیَّ اِجْرَامِیْ وَاَنَا بَرِیْٓءٌ مِّمَّا تُجْرِمُوْنَ ۝

★रु. ३ /३ आ ११

इबादत न करो। मुझे तुम्हारे बारे में दर्दनाक अज़ाब का डर है। (२६) तो उन की क़ौम के सरदार, जो काफ़िर थे, कहने लगे कि हम तुम को अपने ही जैसा एक आदमी देखते हैं और यह भी देखते हैं कि तुम्हारी पैरवी करने वाले वही लोग हुए हैं, जो हम में निचले दर्जे के हैं और वह भी ज़ाहिर राय से (न कि ग़ौर व फ़िक्र से) और हम तुम में अपने ऊपर किसी तरह की फ़ज़ीलत नहीं देखते, बल्कि तुम्हें झूठा ख़्याल करते हैं। (२७) उन्हों ने कहा कि ऐ क़ौम! देखो तो अगर मैं अपने परवरदिगार की तरफ़ से (रोशन) दलील रखता हूं और उस ने मुझे अपने यहां से रहमत बख़्शी हो, जिस की हक़ीक़त तुम से छिपा रखी गयी है, तो क्या हम इस के लिए तुम्हें मजबूर कर सकते हैं और तुम हो कि उस से ना-ख़ुश हो रहे हो। (२८) और ऐ क़ौम! मैं इस (नसीहत) के बदले तुम से माल व ज़र की ख़्वाहिश नहीं रखता हूं, मेरा बदला तो ख़ुदा के ज़िम्मे है और जो लोग ईमान लाए हैं, मैं उन को निकालने वाला भी नहीं हूं। वह तो अपने परवरदिगार से मिलने वाले हैं, लेकिन मैं देखता हूं कि तुम लोग ना-दानी कर रहे हो। (२९) और ऐ मेरी क़ौम के लोगो! अगर मैं उन को निकाल दूं तो ख़ुदा (के अज़ाब) से (बचाने के लिए) कौन मेरी मदद कर सकता है? भला तुम ग़ौर क्यों नहीं करते? (३०) मैं न तुम से यह कहता हूं कि मेरे पास ख़ुदा के ख़ज़ाने हैं और न यह कि मैं ग़ैब जानता हूं और न यह कहता हूं कि मैं फ़रिश्ता हूं और न उन लोगों के बारे में, जिन को तुम नीची नज़र से देखते हो, यह कहता हूं कि ख़ुदा उन को भलाई (यानी आमाल का नेक बदला) नहीं देगा, जो उन के दिलों में है, इसे ख़ुदा ख़ूब जानता है। अगर मैं ऐसा कहूं तो बे-इन्साफ़ों में हूं। (३१) उन्हों ने कहा कि नूह! तुम ने हम से झगड़ा तो किया और झगड़ा भी बहुत किया, लेकिन अगर सच्चे हो, तो जिस चीज़ से हमें डराते हो, वह हम पर ला नाज़िल करो। (३२) नूह ने कहा कि इस को तो ख़ुदा ही चाहेगा, तो नाज़िल करेगा और तुम (उस को किसी तरह) हरा नहीं सकते। (३३) और अगर मैं यह चाहूं कि तुम्हारी ख़ैरख़्वाही करूं और ख़ुदा यह चाहे कि तुम्हें गुमराह करे, तो मेरी ख़ैरख़्वाही तुम को कुछ फ़ायदा नहीं दे सकती। वही तुम्हारा परवरदिगार है और तुम्हें उसी की तरफ़ लौट कर जाना है। (३४) क्या ये कहते हैं कि इस (पैग़म्बर) ने क़ुरआन अपने दिल से बना लिया है? कह दो कि अगर मैं ने दिल से बना लिया है, तो मेरे गुनाह का वबाल मुझ पर जो गुनाह तुम करते हो, उस की ज़िम्मेदारी से मैं बरी हूं। (३५) ★

★रु. ३/३ आ ११

व ऊहि-य इला नूहिन् अन्नहू लंय्युअ्मि-न मिन् क़ौमि-क इल्ला मन् क़द् आम-न फ़ला तब्तइस् बिमा कानू यफ़्-अलून (३६) वस्नअिल्-फ़ुल-क बिअअ्-युनिना व वह्यिना व ला तुख़ातिब्नी फ़िल्लज़ी-न ज़-लमू इन्नहुम् मुग़रक़ून (३७) व यस्-नअुल्फ़ुल-क व कुल्लमा मर-र अलैहि म - ल - उम्मिन् क़ौमिही सख़िरू मिन्हु क़ा-ल इन् तस्ख़रू मिन्ना फ़इन्ना नस्ख़रु मिन्कुम् कमा तस्ख़रून (३८) फ़सौ-फ़ तअ्-लमू-न मंय्यअ्तीहि अज़ाबुंय्युख़्ज़ीहि व यहिल्लु अलैहि अज़ाबुम् - मुक़ीम (३९) हत्ता इज़ा जा-अ अम्रुना व फ़ारत्तन्नूरु क़ुल्नह्मिल् फ़ीहा मिन् कुल्लिन् ज़ौजैनिस्नैनि व अह्ल-क इल्ला मन् स-ब - क़ अलैहिल् - क़ौलु व मन् आम-न व मा आम-न म-अहू इल्ला क़लील (४०) व क़ालर्कबू फ़ीहा बिस्मिल्लाहि मज्रेहा व मुर्साहा इन-न रब्बी ल-ग़फ़ूरुर्-रहीम (४१) व हि-य तज्री बिहिम् फ़ी मौजिन् कल्जिबालि व नादा नूहु-निब्नहू व का-न फ़ी मअ्-ज़िलि-य्याबुनय्यर्कम्म-अना व ला तकुम्म-अल्-काफ़िरीन (४२) क़ा-ल स-आवी इला जबलिंय्यअ्-सिमुनी मिनल्माइ क़ा - ल ला आसि-मल्यौ - म मिन् अम्रिल्लाहि इल्ला मर्रहि-म व हा-ल बैनहुमल् मौजु फ़का-न मिनल्मुग़रक़ीन (४३) व क़ी-ल या अर्ज़ुब्लई मा-अकि व यासमा-उ अक्लिई व ग़ीज़ल्-माउ व क़ुज़ियल् - अम्रु वस्तवत् अ - लल्जूदिय्यि व क़ी-ल बुअ् - दल्लिल्-क़ौमिज़्ज़ालिमीन ● (४४) व नादा नूहुर्रब्बहू फ़क़ा-ल रब्बि इन्नब्नी मिन् अह्ली व इन्-न वअ्-द-कल्-हक़्क़ु व अन्-त अह्कमुल्-हाकिमीन (४५)

وأوحي إلى نوح أنه لن يؤمن من قومك إلا من قد آمن
فلا تبتئس بما كانوا يفعلون ۝ واصنع الفلك بأعيننا و
وحينا ولا تخاطبني في الذين ظلموا إنهم مغرقون ۝ ويصنع
الفلك وكلما مر عليه ملأ من قومه سخروا منه قال إن
تسخروا منا فإنا نسخر منكم كما تسخرون ۝ فسوف تعلمون
من يأتيه عذاب يخزيه ويحل عليه عذاب مقيم ۝ حتى
إذا جاء أمرنا وفار التنور قلنا احمل فيها من كل زوجين
اثنين وأهلك إلا من سبق عليه القول ومن آمن وما
آمن معه إلا قليل ۝ وقال اركبوا فيها بسم الله مجريها ومرسيها
إن ربي لغفور رحيم ۝ وهي تجري بهم في موج كالجبال
ونادى نوح ابنه وكان في معزل يبني اركب معنا ولا تكن
مع الكفرين ۝ قال سآوي إلى جبل يعصمني من الماء قال
لا عاصم اليوم من أمر الله إلا من رحم وحال بينهما الموج
فكان من المغرقين ۝ وقيل يأرض ابلعي ماءك ويسماء
أقلعي وغيض الماء وقضي الأمر واستوت على الجودي و
قيل بعدا للقوم الظلمين ۝ ونادى نوح ربه فقال رب إن
ابني من أهلي وإن وعدك الحق وأنت أحكم الحكمين ۝

और नूह की तरफ़ वह्य की गयी कि तुम्हारी क़ौम में जो लोग ईमान ला चुके, (ला चुके) उनके सिवा और कोई ईमान नहीं लाएगा, तो जो काम ये कर रहे हैं, उन की वजह से ग़म न खाओ। (३६) और एक कश्ती हमारे हुक्म से हमारे सामने बनाओ और जो लोग ज़ालिम हैं, उनके बारे में हम से कुछ न कहना, क्योंकि वे ज़रूर ग़र्क़ कर दिए जाएंगे। (३७) तो नूह ने कश्ती बनानी शुरू कर दी और जब उन की क़ौम के सरदार उनके पास से गुज़रते तो उनका मज़ाक़ उड़ाते। वह कहते कि अगर तुम हमारा मज़ाक़ उड़ाते हो, तो जिस तरह तुम हमारा मज़ाक़ उड़ाते हो, उसी तरह (एक वक़्त) हम भी तुम्हारा मज़ाक उड़ाएंगे। (३८) और तुम को जल्द मालूम हो जाएगा कि किस पर अज़ाब आता है, जो उसे रुसवा करेगा और किस पर हमेशा का अज़ाब नाज़िल होता है? (३९) यहां तक कि जब हमारा हुक्म आ पहुंचा औरतन्नूर जोश मारने लगा तो हमने (नूह को) हुक्म दिया कि हर क़िस्म (के जानदारों) में से जोड़ा-जोड़ा (यानी) दो (दो जानवर—एक-एक नर और एक-एक मादा) ले लो और जिस शख़्स के बारे में हुक्म हो चुका है (कि हलाक हो जाएगा) उस को छोड़ कर अपने घर वालों को और जो ईमान लाया हो, उसको कश्ती में सवार कर लो और उनके साथ ईमान बहुत ही कम लोग लाए थे। (४०) (नूह ने) कहा कि ख़ुदा का नाम लेकर (कि उसी के हाथ में) उस का चलना और ठहरना (है), उस में सवार हो जाओ। बेशक मेरा परवरदिगार बख़्शने वाला मेहरबान है। (४१) और वह उनको लेकर (तूफ़ान की) लहरों में चलने लगी, (लहरें क्या थीं), गोया पहाड़ (थे)। उस वक़्त नूह ने अपने बेटे को कि (कश्ती से) अलग था, पुकारा कि बेटा! हमारे साथ सवार हो जा और काफ़िरों में शामिल न हो। (४२) उसने कहा कि मैं (अभी) पहाड़ से जा लगूंगा, वह मुझे पानी से बचा लेगा। उन्होंने कहा कि आज ख़ुदा के अज़ाब से कोई बचाने वाला नहीं (और न कोई बच सकता है,) मगर जिस पर ख़ुदा रहम करे। इतने में दोनों के दर्मियान लहर आ, रोक बन गयी और वह डूब कर रह गया। (४३) और हुक्म दिया गया कि ऐ ज़मीन! अपना पानी निगल जा और ऐ आसमान! थम जा, तो पानी ख़ुश्क हो गया और काम तमाम कर दिया गया और कश्ती जूदी पहाड़ पर जा ठहरी और कह दिया गया कि बे-इंसाफ़ लोगों पर लानत ●(४४) और नूह ने अपने परवरदिगार को पुकारा और कहा कि परवरदिगार! मेरा बेटा भी मेरे घर वालों में है, (तो उस को भी निजात दे), तेरा वायदा सच्चा

●रुकूअ १/४

क़ा-ल या नूहु इन्नहू लै-स मिन् अह्लिक इन्नहू अ-मलुन् ग़ैरु सालिहिन् फ़ला तस-अलि मा लै-स ल-क बिही अिल्मुन् इन्नी अअिज़ु-क अन् तकू-न मिनल्-जाहिलीन (४६) क़ा-ल रब्बि इन्नी अअूज़ुबि-क अन् अस्अ-ल-क मा लै-स ली बिही अिल्मुन् व इल्ला तग़्फ़िर् ली व तर्हम्नी अकुम्मिनल्-ख़ासिरीन (४७) क़ी-ल यानूहुह्बित् बिसलामिम्-मिन्ना व ब-र-कातिन् अलै-क व अला उम-मिम्-मिम्मम्-म-अक व उम-मुन् सनुमत्तिअुहुम् सुम्-म य-मस्सुहुम् मिन्ना अज़ाबुन् अलीम (४८) तिल्-क मिन् अम्बाइल्ग़ैबि नूहीहा इलै-क मा कुन्-त तअ्-लमुहा अन्-त व ला क़ौमु-क मिन् क़ब्लि हाज़ा फ़स्बिर् इन्नल्-आक़ि-ब-त लिल्मुत्तक़ीन★ (४९) व इला आदिन् अख़ाहुम् हूदन् क़ा-ल या क़ौमिअ्-बुदुल्ला-ह मा लकुम् मिन् इलाहिन् ग़ैरुहू इन् अन्तुम् इल्ला

قَالَ يٰنُوْحُ اِنَّهٗ لَيْسَ مِنْ اَهْلِكَ ۚ اِنَّهٗ عَمَلٌ غَيْرُ صَالِحٍ ۖ فَلَا تَسْـَٔلْنِ
مَا لَيْسَ لَكَ بِهٖ عِلْمٌ ۭ اِنِّيْٓ اَعِظُكَ اَنْ تَكُوْنَ مِنَ الْجٰهِلِيْنَ ۝ قَالَ رَبِّ
اِنِّيْٓ اَعُوْذُ بِكَ اَنْ اَسْـَٔلَكَ مَا لَيْسَ لِيْ بِهٖ عِلْمٌ ۭ وَاِلَّا تَغْفِرْ لِيْ وَتَرْحَمْنِيْٓ
اَكُنْ مِّنَ الْخٰسِرِيْنَ ۝ قِيْلَ يٰنُوْحُ اهْبِطْ بِسَلٰمٍ مِّنَّا وَبَرَكٰتٍ عَلَيْكَ وَ
عَلٰٓي اُمَمٍ مِّمَّنْ مَّعَكَ ۭ وَاُمَمٌ سَنُمَتِّعُهُمْ ثُمَّ يَمَسُّهُمْ مِّنَّا عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۝
تِلْكَ مِنْ اَنْۢبَاۗءِ الْغَيْبِ نُوْحِيْهَآ اِلَيْكَ ۚ مَا كُنْتَ تَعْلَمُهَآ اَنْتَ وَلَا قَوْمُكَ
مِنْ قَبْلِ هٰذَا ڔ فَاصْبِرْ ڔ اِنَّ الْعَاقِبَةَ لِلْمُتَّقِيْنَ ۝ وَاِلٰي عَادٍ اَخَاهُمْ
هُوْدًا ۭ قَالَ يٰقَوْمِ اعْبُدُوا اللّٰهَ مَا لَكُمْ مِّنْ اِلٰهٍ غَيْرُهٗ ۭ اِنْ اَنْتُمْ اِلَّا
مُفْتَرُوْنَ ۝ يٰقَوْمِ لَآ اَسْـَٔــلُكُمْ عَلَيْهِ اَجْرًا ۭ اِنْ اَجْرِيَ اِلَّا عَلَي الَّذِيْ
فَطَرَنِيْ ۭ اَفَلَا تَعْقِلُوْنَ ۝ وَيٰقَوْمِ اسْتَغْفِرُوْا رَبَّكُمْ ثُمَّ تُوْبُوْٓا اِلَيْهِ
يُرْسِلِ السَّمَاۗءَ عَلَيْكُمْ مِّدْرَارًا وَّيَزِدْكُمْ قُوَّةً اِلٰي قُوَّتِكُمْ وَلَا تَتَوَلَّوْا
مُجْرِمِيْنَ ۝ قَالُوْا يٰهُوْدُ مَا جِئْتَنَا بِبَيِّنَةٍ وَّمَا نَحْنُ بِتَارِكِيْٓ اٰلِهَتِنَا
عَنْ قَوْلِكَ وَمَا نَحْنُ لَكَ بِمُؤْمِنِيْنَ ۝ اِنْ نَّقُوْلُ اِلَّا اعْتَرٰىكَ
بَعْضُ اٰلِهَتِنَا بِسُوْۗءٍ ۭ قَالَ اِنِّىْٓ اُشْهِدُ اللّٰهَ وَاشْهَدُوْٓا اَنِّىْ بَرِيْۗءٌ
مِّمَّا تُشْرِكُوْنَ ۝ مِنْ دُوْنِهٖ فَكِيْدُوْنِيْ جَمِيْعًا ثُمَّ لَا تُنْظِرُوْنِ ۝
اِنِّىْ تَوَكَّلْتُ عَلَي اللّٰهِ رَبِّيْ وَرَبِّكُمْ ۭ مَا مِنْ دَاۗبَّةٍ اِلَّا هُوَ اٰخِذٌۢ بِنَاصِيَتِهَا ۭ
اِنَّ رَبِّيْ عَلٰي صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ۝ فَاِنْ تَوَلَّوْا فَقَدْ اَبْلَغْتُكُمْ مَّآ اُرْسِلْتُ

मुफ़्तरून (५०) या क़ौमि ला अस्अलुकुम् अलैहि अज-रन् इन् अज्रि-य इल्ला अ-लल्लज़ी फ़-त-रनी अ-फ़ला तअ्-क़िलून (५१) व या क़ौमिस-तग़्फ़िरू रब्बकुम् सुम्-म तूबू इलैहि युर्सिलिस्-समा-अ अलैकुम् मिद्रारंव-व यज़िद्कुम् क़ुव्व-तन् इला क़ुव्वतिकुम् व ला त-त-वल्लौ मुज्रिमीन (५२) क़ालू या हूदु मा जिअ्-तना बिबय्यिनतिंव्-व मा नह्नु बितारिकी आलिहतिना अन् क़ौलि-क व मा नह्नु ल-क बिमुअ्मिनीन (५३) इन्नक़ूलु इल्लाअ्-तरा-क बअ्-ज़ु आलिहतिना बिसूइन् क़ा-ल इन्नी उश्हिदुल्ला-ह वश्हदू अन्नी बरीउम्-मिम्मा तुश्रिकू-न (५४) मिन् दूनिही फ़कीदूनी जमीअ़न् सुम्-म ला तुन्ज़िरून (५५) इन्नी त-वक्कल्तु अ-लल्लाहि रब्बी व रब्बिकुम् मा मिन् दाब्बतिन् इल्ला हु-व आख़िज़ुम्-बिनासि-यतिहा इन्-न रब्बी अला सिरातिम्-मुस्तक़ीम (५६)

है और तू सब से बेहतर हाकिम है। (४५) ख़ुदा ने फ़रमाया कि नूह ! वह तेरे घर वालों में नहीं है। वह तो नाशाइस्ता (ना-ज़ेबा) अमल है, तो जिस चीज़ की तुमको हक़ीक़त मालूम नहीं, उसके बारे में मुझ से सवाल ही न करो और मैं तुमको नसीहत करता हूं कि नादान न बनो। (४६) नूह ने कहा, परवरदिगार ! मैं तुझ से पनाह मांगता हूं कि ऐसी चीज़ का तुझ से सवाल करूं, जिस की मुझे हक़ीक़त मालूम नहीं और अगर तू मुझे नहीं बख़्शेगा, और मुझ पर रहम नहीं करेगा, तो मैं तबाह हो जाऊंगा। (४७) हुक्म हुआ कि नूह ! हमारी तरफ़ से सलामती और बरकतों के साथ (जो) तुम पर और तुम्हारे साथ की जमाअतों पर (नाज़िल की गयी है) उतर आओ और कुछ और जमाअतें होंगी, जिन को हम (दुनिया के फ़ायदों से) नवाज़ेंगे, फिर उन को हमारी तरफ़ से दर्दनाक अज़ाब पहुंचेगा। (४८) ये (हालात) तमाम ग़ैब की ख़बरों में से हैं, जो हम तुम्हारी तरफ़ भेजते हैं और इससे पहले न तुम ही इनको जानते थे और न तुम्हारी क़ौम (ही इन को जानती थी), ∴तो सब्र करो∴कि अंजाम परहेज़गारों ही का (भला) है। (४९) ★

और हमने आद की तरफ़ उन के भाई हूद को (भेजा)। उन्होंने कहा कि मेरी क़ौम ! ख़ुदा ही की इबादत करो, उसके सिवा तुम्हारा कोई माबूद नहीं। तुम (शिर्क करके ख़ुदा पर) सिर्फ़ बुहतान बांधते हो। (५०) मेरी क़ौम ! मैं इस (वाज़ व नसीहत) का तुम से कुछ बदला नहीं मांगता। मेरा बदला तो उसके ज़िम्मे है, जिस ने मुझे पैदा किया। भला, तुम समझते क्यों नहीं ? (५१) और ऐ क़ौम ! अपने परवरदिगार से बख़्शिश मांगो, फिर उसके आगे तौबा करो। वह तुम पर आसमान से मूसलाधार मेंह बरसाएगा और तुम्हारी ताक़त पर ताक़त बढ़ाएगा और (देखो) गुनाहगार बनकर रू-गरदानी न करो। (५२) वे बोले, हूद ! तुम हमारे पास कोई ज़ाहिर दलील नहीं लाए और हम (सिर्फ़) तुम्हारे कहने से न अपने माबूदों को छोड़ने वाले हैं और न तुम पर ईमान लाने वाले हैं। (५३) हम तो यह समझते हैं कि हमारे किसी माबूद ने तुम्हें आसेब पहुंचा (कर दीवाना कर) दिया है। उन्होंने कहा कि मैं ख़ुदा को गवाह करता हूं और तुम भी गवाह रहो कि जिन को तुम (ख़ुदा का) शरीक बनाते हो, उन से बेज़ार हूं। (५४) (यानी जिन की) ख़ुदा के सिवा (इबादत करते हो, तो) तुम सब मिल कर मेरे बारे में (जो) तद्बीर (करनी चाहो,) कर लो और मुझे मोहलत न दो। (५५) मैं ख़ुदा पर, जो मेरा और तुम्हारा (सब का) परवरदिगार है, भरोसा रखता हूं (ज़मीन पर) जो चलने फिरने वाला है, वह उसको चोटी से पकड़े हुए है। बेशक मेरा परवरदिगार सीधे रास्ते पर है। (५६) अगर तुम रू-गरदानी करोगे, तो जो पैग़ाम

फ़-इन् तवल्लौ फ़-क़द् अब्-लग़्तुकुम् मा उर्सिल्तु बिही इलैकुम् ᵇ व यस्तख़्लिफ़ु रब्बी क़ौमन् ग़ै-रकुम् ᶜ व ला तज़ुर्रूनहू शैअन् ᵇ इन्-न रब्बी अला कुल्लि शैइन् हफ़ीज़ (५७) व लम्मा जा-अ अम्रुना नज्जैना हूदंव्वल्लज़ी-न आमनू म-अ़हू बिरह्मतिम्-मिन्ना ᶜ व नज्जैनाहुम् मिन् अज़ाबिन् ग़लीज़ (५८) व तिल्-क आदुन् ज-हदू बिआयाति रब्बिहिम् व असौ रुसुलहू वत्तबअू अम्-र कुल्लि जब्बारिन् अनीद (५९) व उत्बिअू फ़ी हाज़िहिद्दुन्या लअ्-न-तंव्-व यौमल्-क़ियामति ᵇ अला इन्-न आदन् क-फ़रू रब्बहुम् ᵇ अला बुअ्-दल्लिआदिन् क़ौमि हूद ★ (६०) व इला समू-द अख़ाहुम् सालिहन् ▩ क़ा-ल याक़ौमिअ-बुदुल्ला-ह मा लकुम् मिन् इलाहिन् ग़ैरुहू ᵇ हु-व अन्श-अकुम् मिनल्अर्ज़ि वस्तअ्-म-र-कुम् फ़ीहा फ़स्तग़्फ़िरूहु सुम्-म तूबू इलैहि ᵇ इन्-न रब्बी क़रीबुम्-मुजीब (६१) क़ालू या सालिहु क़द् कुन्-त फ़ीना मर्जुव्वन् क़ब्-ल हाज़ा अ-तन्हाना अन् नअ्-बु-द मा यअ्-बुदु आबाउना व इन्नना लफ़ी शक्किम्मिम्मा तद्अूना इलैहि मुरीब (६२) क़ा-ल या क़ौमि अ-रऐतुम् इन् कुन्तु अला बय्यिनतिम्-मिर्रब्बी व आतानी मिन्हु रह्-म-तन् फ़मंय्यन्सुरुनी मिनल्लाहि इन् असैतुहू फ़मा तज़ीदूननी ग़ै-र तख़्सीर (६३) व या क़ौमि हाज़िही नाक़तुल्लाहि लकुम् आय-तन् फ़-ज़रूहा तअ्कुल् फ़ी अर्ज़िल्लाहि व ला त-मस्सूहा बिसूइन् फ़-यअ्ख़ुज़कुम् अज़ाबुन् क़रीब (६४) फ़-अ-क़रूहा फ़-क़ा-ल त-मत्तअू फ़ी दारिकुम् सलास-त अय्यामिन् ᵇ ज़ालि-क वअ्-दुन् ग़ैरु मक्ज़ूब (६५) फ़-लम्मा जा-अ अम्रुना नज्जैना सालिहंव्वल्लज़ी-न आमनू म-अ़हू बिरह्मतिम्-मिन्ना व मिन् ख़िज़्यि यौमिइज़िन् ᵇ इन्-न रब्ब-क हुवल्क़विय्युल्-अज़ीज़ (६६)

به اليكم ويستخلف ربي قوما غيركم ولا تضرونه شيئا ان
ربي على كل شيء حفيظ ۝ ولما جاء امرنا نجينا هودا و
الذين امنوا معه برحمة منا ونجينهم من عذاب غليظ ۝ و
تلك عاد جحدوا بايت ربهم وعصوا رسله واتبعوا امر كل
جبار عنيد ۝ واتبعوا في هذه الدنيا لعنة ويوم القيمة الا
ان عادا كفروا ربهم الا بعدا لعاد قوم هود ۝ والى ثمود اخاهم
صلحا قال يقوم اعبدوا الله ما لكم من اله غيره هو انشاكم
من الارض واستعمركم فيها فاستغفروه ثم توبوا اليه ان ربي
قريب مجيب ۝ قالوا يصلح قد كنت فينا مرجوا قبل هذا اتنهنا
ان نعبد ما يعبد اباؤنا واننا لفي شك مما تدعونا اليه مريب ۝
قال يقوم ارءيتم ان كنت على بينة من ربي واتىني منه رحمة
فمن ينصرني من الله ان عصيته فما تزيدونني غير تخسير ۝
ويقوم هذه ناقة الله لكم اية فذروها تاكل في ارض الله و
لا تمسوها بسوء فياخذكم عذاب قريب ۝ فعقروها فقال
تمتعوا في داركم ثلثة ايام ذلك وعد غير مكذوب ۝ فلما جاء
امرنا نجينا صلحا والذين امنوا معه برحمة منا ومن خزي
يومئذ ان ربك هو القوي العزيز ۝ واخذ الذين ظلموا

★रु. ५/५ आ ११ ▩ व. लाज़िम

मेरे हाथ तुम्हारी तरफ़ भेजा गया है, वह मैं ने तुम्हें पहुंचा दिया है और मेरा परवरदिगार तुम्हारी जगह और लोगों को ला बसाएगा और तुम ख़ुदा का कुछ भी नुक़्सान नहीं कर सकते। मेरा परवरदिगार तो हर चीज़ पर निगेहबान है। (५७) और जब हमारा हुक्म (अज़ाब) आ पहुंचा तो हमने हूद को और जो लोग उन के साथ ईमान लाए थे, उनको अपनी मेहरबानी से बचा लिया और उन्हें भारी अज़ाब से निजात दी। (५८) ये (वही) आद हैं, जिन्होंने ख़ुदा की निशानियों से इन्कार किया और उसके पैग़म्बरों की ना-फ़रमानी की और हर मुतकब्बिर व सर-कश का कहा माना। (५९) तो इस दुनिया में भी उनके पीछे लानत लगी रही और क़ियामत के दिन भी (लगी रहेगी)। देखो आद ने अपने परवरदिगार से कुफ़्र किया (और) सुन रखो हूद की क़ौम पर फिटकार है। (६०) ★

और समूद की तरफ़ उन के भाई सालेह को (भेजा) तो उन्होंने कहा कि क़ौम! ख़ुदा ही की इबादत करो उस के सिवा तुम्हारा कोई माबूद नहीं, उसी ने तुम को ज़मीन से पैदा किया और उसमें आबाद किया, तो उस से मग़फ़िरत मांगो और उसके आगे तौबा करो। बेशक मेरा परवरदिगार नज़दीक (भी है और दुआ का) क़ुबूल करने वाला (भी) है। (६१) उन्होंने कहा कि सालेह! इस से पहले हम तुम से (कई तरह की) उम्मीदें रखते थे। (अब वे ख़त्म हो गयीं) क्या तुम हम को उन चीज़ों को पूजने से मना करते हो, जिन को हमारे बुज़ुर्ग पूजते आए हैं? और जिस बात की तरफ़ तुम हमें बुलाते हो, इस में हमें ज़बरदस्त शुब्हा है। (६२) सालेह ने कहा, क़ौम! भला देखो तो अगर मैं अपने परवरदिगार की तरफ़ से खुली दलील पर हूं और उसने मुझे अपने यहां से (नुबूवत की) नेमत बख़्शी हो, तो अगर मैं ख़ुदा की ना-फ़रमानी करूं, तो उसके सामने मेरी मदद करेगा? तुम तो (कुफ़्र की बातों से) मेरा नुक़्सान करते हो। (६३) और (यह भी कहा कि) ऐ क़ौम! यह ख़ुदा की ऊंटनी तुम्हारे लिए एक निशानी (यानी मोजज़ा) है तो इसको छोड़ दो कि ख़ुदा की ज़मीन में (जहां चाहे) चरे और उसको किसी तरह की तक्लीफ़ न देना, वरना तुम्हें जल्द अज़ाब आ पड़ेगा। (६४) मगर उन्होंने उसकी कूंचें काट डालीं, तो (सालेह ने) कहा कि अपने घरों में तीन दिन (और) फ़ायदे उठा लो। यह वायदा है कि झूठा न होगा। (६५) जब हमारा हुक्म आ गया तो हमने सालेह को और जो लोग उन के साथ ईमान लाये थे, उनको अपनी मेहरबानी से बचा लिया और उस दिन की रुसवाई से (बचाए रखा)! बेशक तुम्हारा परवरदिगार ताक़तवर

★रु. ५/५ आ ११ ▒ व. लाज़िम

व अ-ख़-ज़ल्लज़ी-न ज़-ल-मुस्सैहतु फ़-अस्बहू फ़ी दियारिहिम् जासिमीन ॥ (६७) क-अल्लम् यग़्नौ फ़ीहा ۖ अला इन्-न समू-द क-फ़रू रब्बहुम् ۗ अला बुअ्-दल्लि-समूद ★ (६८) व ल-क़द् जा-अत् रुसुलुना इब्राही-म बिल्बुश्रा क़ालू सलामन् ۖ क़ा-ल सलामुन् फ़मा लबि-स अन् जा-अ बिअिज्लिन् हनीज़ (६९) फ़-लम्मा रआ ऐदियहुम् ला तसिलु इलैहि नकि-रहुम् वऔज-स मिन्हुम् ख़ीफ़-तन् ۖ क़ालू ला त-ख़फ़् इन्ना उर्सिल्ना इला क़ौमि लूत ۖ (७०) वम्र-अतुहू क़ाइमतुन् फ़-ज़हिकत् फ़-बश्शर्ना-हा बिइस्हा-क़ ॥ व मिंव्वराइ इस्हा-क़ यअ्-क़ूब (७१) क़ालत् यावैलता अ अलिदु व अ-न अजूज़ुंव्-व हाज़ा बअ्-ली शैख़न् ۖ इन्-न हाज़ा लशैउन् अजीब (७२) क़ालू अ-तअ्-जबी-न मिन् अम्रिल्लाहि रह्मतुल्लाहि व ब-र-कातुहू अलैकुम् अह्लल्बैति ۖ इन्नहू हमीदुम्-मजीद

الصيحة فاصبحوا في ديارهم جثمين ۝ كان لم يغنوا فيها ۗ الا
ان ثمودا كفروا ربهم ۗ الا بعدا لثمود ۝ ولقد جاءت رسلنا
ابرهيم بالبشرى قالوا سلما ۖ قال سلم فما لبث ان جاء بعجل
حنيذ ۝ فلما را ايديهم لا تصل اليه نكرهم واوجس منهم
خيفة ۚ قالوا لا تخف انا ارسلنا الى قوم لوط ۝ وامراته قائمة
فضحكت فبشرنها باسحق ومن وراء اسحق يعقوب ۝ قالت
يويلتى ءالد وانا عجوز وهذا بعلي شيخا ۖ ان هذا لشيء عجيب ۝
قالوا اتعجبين من امر الله رحمت الله وبركته عليكم اهل
البيت ۚ انه حميد مجيد ۝ فلما ذهب عن ابرهيم الروع و
جاءته البشرى يجادلنا في قوم لوط ۝ ان ابرهيم لحليم
اواه منيب ۝ يابرهيم اعرض عن هذا ۚ انه قد جاء
امر ربك ۚ وانهم اتيهم عذاب غير مردود ۝ ولما جاءت
رسلنا لوطا سيء بهم وضاق بهم ذرعا وقال هذا يوم عصيب ۝
وجاءه قومه يهرعون اليه ۖ ومن قبل كانوا يعملون السيات ۚ
قال يقوم هؤلاء بناتي هن اطهر لكم فاتقوا الله ولا تخزون
في ضيفي ۖ اليس منكم رجل رشيد ۝ قالوا لقد علمت ما
لنا في بناتك من حق ۚ وانك لتعلم ما نريد ۝ قال لو ان لي

(७३) फ़-लम्मा ज-ह-ब अन् इब्राहीमर्-रौअु व जा-अत्हुल्-बुश्रा युजादिलुना फ़ी क़ौमि लूत ۖ (७४) इन-न इब्राही-म ल-हलीमुन् अव्वाहुम्-मुनीब (७५) या इब्राहीमु अअ्-रिज़् अन् हाज़ा ۚ इन्नहू क़द् जा-अ अम्रु रब्बिक ۚ व इन्नहुम् आतीहिम् अज़ाबुन् ग़ैरु मर्दूद (७६) व लम्मा जा-अत् रुसुलुना लूतन् सी-अ बिहिम् व ज़ा-क़ बिहिम् ज़रअंव्-व क़ा-ल हाज़ा यौमुन् असीब (७७) व जा-अहू क़ौमुहू युह्-रअू-न इलैहि ۖ व मिन् क़ब्लु कानू यअ्-मलूनस्-सय्यिआति ۖ क़ा-ल या क़ौमि हाउलाइ बनाती हुन्-न अत्हरु लकुम् फ़त्तक़ुल्ला-ह व ला तुख़्ज़ूनि फ़ी ज़ैफ़ी ۖ अलै-स मिन्कुम् रजुलुर्रशीद (७८) क़ालू ल-क़द् अलिम्-त मा लना फ़ी बनाति-क मिन् हक़्क़िन् ۚ व इन्न-क ल-तअ्-लमु मा नुरीद (७९)

★रु. ६/६ आ ८

और ज़बरदस्त है। (६६) और जिन लोगों ने ज़ुल्म किया था, उनको चिंघाड़ (की शक्ल में अज़ाब) ने आ पकड़ा, तो वे घरों में औंधे पड़े रह गये, (६७) गोया कभी उन में बसे ही न थे। सुन रखो कि समूद ने अपने परवरदिगार से कुफ़्र किया और सुन रखो समूद पर फिटकार है। (६८) ★

और हमारे फ़रिश्ते इब्राहीम के पास ख़ुशख़बरी[1] लेकर आए, तो सलाम कहा। उन्होंने भी (जवाब में) सलाम कहा। अभी कुछ देर भी नहीं हुई थी कि (इब्राहीम) एक भुना हुआ बछड़ा ले आए (६९) जब देखा कि उनके हाथ खाने की तरफ़ नहीं जाते (यानी वह खाना नहीं खाते) तो उन को अजनबी समझ कर दिल में डरे। (फ़रिश्तों ने) कहा कि डरिए नहीं, हम लूत की क़ौम को तरफ़ (उन के हलाक करने को) भेजे गये हैं। (७०) और इब्राहीम की बीवी (जो पास) खड़ी थी, हंस पड़ी, तो हम ने उसको इस्हाक़ के बाद याक़ूब की ख़ुशख़बरी दी। (७१) उस ने कहा, ऐ है! मेरे बच्चा होगा? मैं तो बुढ़िया हूं और यह मेरे मियां भी बूढ़े हैं। यह तो बड़ी अजीब बात है। (७२) उन्होंने कहा, क्या तुम ख़ुदा की क़ुदरत से ताज्जुब करती हो? ऐ अह्ले बैत! तुम पर ख़ुदा की रहमत और उसकी बरकतें हैं। वह तारीफ़ के लायक़ और बुज़ुर्गवार है। (७३) जब इब्राहीम से डर जाता रहा और उन को ख़ुशख़बरी भी मिल गयी, तो लूत की क़ौम के बारे में लगे हम से बहस करने।[2] (७४) बेशक इब्राहीम बड़े तहम्मुल वाले, नर्मदिल और रुजू करने वाले थे। (७५) ऐ इब्राहीम! इस बात को जाने दो। तुम्हारे परवरदिगार का हुक्म आ पहुंचा है और इन लोगों पर अज़ाब आने वाला है, जो कभी नहीं टलने का। (७६) और जब हमारे फ़रिश्ते लूत के पास आये, तो वह उन (के आने) से ग़मनाक और तंग दिल हुए और कहने लगे कि आज का दिन बड़ी मुश्किल का दिन है। (७७) और लूत की क़ौम के लोग उनके पास बे-तहाशा दौड़ते हुए आए और ये लोग पहले ही से गन्दा काम किया करते थे। लूत ने कहा कि ऐ क़ौम! यह (जो) मेरी (क़ौम की) लड़कियां हैं, ये तुम्हारे लिए (जायज़ और) पाक हैं, तो ख़ुदा से डरो और मेरे मेहमानों के (बारे) में मेरी आबरू न खोओ। क्या तुम में से कोई भी शायस्ता (शिष्ट) आदमी नहीं! (७८) वे बोले, तुम को मालूम है कि तुम्हारी (क़ौम की) बेटियों की हमें कोई ज़रूरत नहीं और जो हमारी ग़रज़ है उसे तुम (ख़ूब) जानते हो। (७९) लूत ने कहा कि ऐ काश! मुझ में

---

१. जो फ़रिश्ते ख़ुशख़बरी ले कर आए थे, वे जिब्रील, मीकाईल और इस्राफ़ील थे और ख़ूबसूरत नवजवान की शक्ल में आए थे। हज़रत इब्राहीम ने उन को मुअज़्ज़िज़ मेहमान समझ कर उन के लिए एक मोटा-ताज़ा बछड़ा ज़िब्ह किया और उसके कबाब बना कर उन के पास लाये। हज़रत इब्राहीम की बीवी हज़रत सारा ने जब देखा कि इब्राहीम मेहमानों की ख़ातिर और सत्कार करते हैं, तो ख़ुद भी उन की ख़िदमत के लिए आ खड़ी हुयीं। मेहमानों का यह हाल कि खाना सामने रखा है और उन के हाथ खाने की तरफ़ जाते ही नहीं, यह हाल देख कर हज़रत इब्राहीम के दिल में डर पैदा हुआ कि ये लोग किसी बुरे इरादे से न आये हों, क्योंकि उन लोगों की आदत थी कि जब कोई मेहमान आता और मेज़बान के यहां खाना न खाता, तो वह यह ख़्याल करते कि यह नेक नीयत से नहीं आया, बल्कि किसी बुरे इरादे से आया है। मेहमानों ने कहा, डरिए नहीं, हम ख़ुदा के फ़रिश्ते हैं और लूत की क़ौम को हलाक करने के लिए भेजे गए हैं। फ़रिश्तों का यह क़ौल सुन कर बीवी सारा हंस पड़ीं। फिर फ़रिश्तों ने बीवी सारा को हज़रत इस्हाक़ और हज़रत इस्हाक़ के बाद हज़रत याक़ूब के पैदा होने की ख़ुशख़बरी सुनायी, तो वह मारे ख़ुशी के बे-साख़्ता हंस पड़ीं।

२. जब हज़रत इब्राहीम को फ़रिश्तों के आने की वजह मालूम हुई और उन की बीवी को हज़रत इस्हाक़ की

(शेष पृष्ठ ३६५ पर)

★रु० ६/६ आ ८

क़ा-ल लौ अन्-न ली बिकुम् क़ुव्वतन् औ आवी इला रुक्निन् शदीद (८०)
क़ालू या लूतु इन्ना रुसुलु रब्बि-क लंय्यसिलू इलै-क फ़-अस्रि बिअह्लि-क
बिक़ित्अिम्-मिनल्लैलि व ला यल्तफ़ित् मिन्कुम् अ-हदुन् इल्लम्-र-अ-तक ॰
इन्नहू मुसीबुहा मा असाबहुम् ॰ इन्-न मौअि - द - हुमुस्सुब्हु ॰ अलैसस्सुब्हु
बिक़रीब (८१) फ़ - लम्मा जा-अ
अम्रुना ज-अल्ना आलियहा साफ़िलहा व
अम्तर्ना अलैहा हिजा-र-तम् - मिन्
सिज्जीलिम् - मन्ज़ूदिम् (८२)
मुसव्वम-तन् अिन्-द रब्बि-क ॰ व मा हि-य
मिनज़्ज़ालिमी - न बिबअीद ● ★ (८३)
व इला मद् - य-न अख़ाहुम् शुअैबन् ॰
क़ा-ल या क़ौमिअ्-बुदुल्ला-ह मा लकुम् मिन्
इलाहिन् ग़ैरुहू ॰ व ला तन्क़ुसुल्-
मिक्या-ल वल्मीज़ा - न इन्नी अराकुम्
बिख़ैरिंव्-व इन्नी अख़ाफ़ु अलैकुम् अज़ा-ब
यौमिम्मुहीत (८४) व या क़ौमि
औफ़ुल्-मिक्या-ल वल्मीज़ा - न बिल्क़िस्ति

بِكُمْ قُوَّةً أَوْ آوِي إِلَىٰ رُكْنٍ شَدِيدٍ ۝ قَالُوا يَا لُوطُ إِنَّا رُسُلُ رَبِّكَ
यौ-म फ़ी ज़लालिम्-मुबीन (३८) व अन-ज़िहुम् यौमल्-ह़स्-रति इज़्
क़ुज़ियल् - अम्रु व हुम् फ़ी ग़फ़्-लतिंव्वहुम् ला युअ्मिनून (३९)
इन्ना नह़्नु नरिसुल्अर्-ज़ व मन् अ़लैहा व इलैना युर्जअ़ून ★ (४०)
वज़् - कुर् फ़िल्किताबि इब्राही - म इन्नहू का - न सिद्दीक़न्
नबिय्या (४१) इज़् क़ा - ल लिअबीहि या-अ-बति लि-म तअ़् - बुदु
मा ला यस्मअ़ु व ला युब्सिरु व ला युग़्नी अ़न्-क शैआ (४२)

व. लाज़िम ★रु. २/५ आ २५

पड़ेगी। (२५) तो खाओ और पियो और आंखें ठंडी करो। अगर तुम किसी आदमी को देखो तो कहना कि मैं ने खुदा के लिए रोजे की मन्नत मानी, तो आज मैं किसी आदमी से हरगिज़ बात नहीं करूंगी। (२६) फिर वह उस (बच्चे) को उठा कर अपनी क़ौम के लोगों के पास ले आयीं। ये कहने लगे कि मरयम! यह तो तू ने बुरा काम किया। (२७) ऐ हारून की बहन![1] न तो तेरा बाप बुरी आदतों वाला था और न तेरी मां ही बद-कार थी। (२८) तो मरयम ने उस लड़के की तरफ़ इशारा किया। वह बोले कि हम इस से कि गोद का बच्चा है, किस तरह बात करें। (२९) (बच्चे ने) कहा कि मैं खुदा का बन्दा हूं, उस ने मुझे किताब दी है और नबी बनाया है। (३०) और मैं जहां हूं (और जिस हाल में हूं) मुझे बरकत वाला बनाया है और जब तक ज़िंदा हूं, मुझ को नमाज़ और ज़कात का हुक्म इर्शाद फ़रमाया है। (३१) और (मुझे) अपनी मां के साथ नेक सुलूक करने वाला (बनाया है) और सरकश व बद-बख़्त नहीं बनाया, (३२) और जिस दिन मैं पैदा हुआ, जिस दिन मैं मरूंगा और जिस दिन ज़िंदा कर के उठाया जाऊंगा, मुझ पर सलाम (व रहमत) है। (३३) यह मरयम के बेटे ईसा हैं (और यह) सच्ची बात है, जिसमें लोग शक करते हैं। (३४) खुदा की शान नहीं कि किसी को बेटा बनाए, वह पाक है, जब किसी चीज़ का इरादा करता है, तो उस को यही कहता है कि हो जा, तो वह हो जाती है। (३५) और बेशक खुदा ही मेरा और तुम्हारा परवरदिगार है, तो उसी की इबादत करो, यही सीधा रास्ता है। (३६) फिर (किताब वालों के) फ़िर्क़ों ने आपस में इख़्तिलाफ़ किया, सो जो लोग काफ़िर हुए हैं, उन को बड़े दिन (यानी क़ियामत के दिन) हाज़िर होने से ख़राबी है। (३७) वे जिस दिन हमारे सामने आएंगे, कैसे सुनने वाले और कैसे देखने वाले होंगे, मगर ज़ालिम आज खुली गुमराही में हैं। (३८) और उन को हसरत (व अफ़सोस) के दिन से डरा दो, जब बात फ़ैसला कर दी जाएगी और (अफ़सोस!) वे ग़फ़लत में (पड़े हुए) हैं और ईमान नहीं लाते। (३९) हम ही ज़मीन के और जो लोग उस पर (बसते) हैं, उन के वारिस हैं और हमारी ही तरफ़ उन को लौटना होगा। (४०) ★

और किताब में इब्राहीम को याद करो। बेशक वह निहायत सच्चे पैग़म्बर थे। (४१) जब उन्होंने अपने बाप से कहा कि अब्बा! आप ऐसी चीज़ों को क्यों पूजते हैं, जो न सुनें और न देखें

---

१. हारून से यहां वह हारून मुराद नहीं, जो हज़रत मूसा के भाई थे, क्योंकि वह हज़रत मरयम से मुद्दतों पहले हो गुज़रे थे यानी रिश्तेदारी के लिहाज़ से वह हारून मुराद नहीं हैं, बल्कि नेकी और परहेज़गारी में एक जैसे होने के एतबार से मुराद है, यानी तू हारून जैसी नेक और परहेज़गार थी, गोया उन की बहन थी, फिर तू ने यह काम किया। अली बिन तल्हा और सुद्दी ने कहा कि हारून की बहन इस लिए कहा गया कि वह हज़रत मूसा के भाई हारून की नस्ल से थीं और अरब की आदत है कि जो शख़्स जिस क़ौम और क़बीले का होता है उस को उस क़ौम और क़बीले का भाई कह कर पुकारते हैं, जैसे तमीमी को 'अख़ा तमीम' (तमीम के भाई) और मुज़री या 'अख़ा मुज़र' (मुज़र के भाई) कहते हैं। इसी तरह यहां भी हज़रत मरयम को हज़रत हारून की बहन कह कर पुकारा।

या-अ-बति इन्नी क़द् जा-अनी मिनल्-अिल्मि मा लम् यअ्-ति-क फ़त्तबिअ्-नी अह्-दि-क सिरातन् सविय्या (४३) याअ-बति ला तअ्-बुदिश्शैता-न इन्नश्शैता-न का-न लिर्रह्मानि असिय्या (४४) याअ-बति इन्नी अख़ाफ़ु अंय्य-मस्स-क अज़ाबुम्-मिनर्रह्मानि फ़-तकू-न लिश्शैतानि वलिय्या (४५) क़ा-ल अ-राग़िबुन् अन्-त अन् आलिहती याइब्राहीमु लइल्लम् तन्तहि ल-अर्जुमन्न-क वह्जुर्नी मलिय्या (४६) क़ा-ल सलामुन् अलै-क स-अस्तग़्फ़िरु ल-क रब्बी इन्नहू का-न बी हफ़िय्या (४७) व अअ्-तज़िलुकुम् व मा तद्अू-न मिन् दूनिल्लाहि व अद्अू रब्बी असा अल्ला अकू-न बिदुआ-इ रब्बी शक़िय्या (४८) फ़-लम्मअ्-त-ज़-लहुम् व मा यअ्-बुदू-न मिन् दूनिल्लाहि व-हब्ना लहू इस्-हा-क़ व यअ्-क़ू-ब व कुल्लन् ज-अल्ना नबिय्या (४९) व व-हब्ना लहुम् मिर्रह्मतिना व ज-अल्ना लहुम् लिसा-न सिद्क़िन् अलिय्या ★(५०) वज़्कुर् फ़िल्किताबि मूसा इन्नहू का-न मुख़्-ल-सव-व का-न रसूलन् नबिय्या (५१) व नादैनाहु मिन् जानिबित्तूरिल्-ऐ-मनि व क़र्रब्नाहु नजिय्या (५२) व व-हब्ना लहू मिर्रह्मतिना अख़ाहु हारू-न नबिय्या (५३) वज़्कुर् फ़िल्किताबि इस्माई-ल इन्नहू का-न सादिक़ल्-वअ्-दि व का-न रसूलन् नबिय्या (५४) व का-न यअ्मुरु अह्-लहू बिस्सलाति वज़्ज़काति व का-न अिन्-द रब्बिही मर्-ज़िय्या (५५) वज़्कुर् फ़िल्किताबि इद्री-स इन्नहू का-न सिद्दीक़न् नबिय्या (५६) व र-फ़अ्-नाहु मकानन् अलिय्या (५७) उला-इकल्लज़ी-न अन्-अ-मल्लाहु अलैहिम् मिनन्-नबिय्यी-न मिन् ज़ुर्रिय्यति आद-म व मिम्मन् ह-मल्ना म-अ नूहिन् व मिन् ज़ुर्रिय्यति इब्राही-म व इस्राई-ल व मिम्मन् हदैना वज्तबैना इज़ा तुत्ला अलैहिम् आयातुर्रह्मानि ख़र्रू सुज्जदंव-व बुकिय्या □(५८)

جَآءَنِىْ مِنَ الْعِلْمِ مَا لَمْ يَأْتِكَ فَاتَّبِعْنِىْٓ اَهْدِكَ صِرَاطًا سَوِيًّا ۝ يٰٓاَبَتِ
لَا تَعْبُدِ الشَّيْطٰنَ ؕ اِنَّ الشَّيْطٰنَ كَانَ لِلرَّحْمٰنِ عَصِيًّا ۝ يٰٓاَبَتِ
اِنِّىْٓ اَخَافُ اَنْ يَّمَسَّكَ عَذَابٌ مِّنَ الرَّحْمٰنِ فَتَكُوْنَ لِلشَّيْطٰنِ
وَلِيًّا ۝ قَالَ اَرَاغِبٌ اَنْتَ عَنْ اٰلِهَتِىْ يٰٓاِبْرٰهِيْمُ ۚ لَئِنْ لَّمْ تَنْتَهِ لَاَرْجُمَنَّكَ
وَاهْجُرْنِىْ مَلِيًّا ۝ قَالَ سَلٰمٌ عَلَيْكَ ۚ سَاَسْتَغْفِرُ لَكَ رَبِّىْ ؕ اِنَّهٗ كَانَ
بِىْ حَفِيًّا ۝ وَاَعْتَزِلُكُمْ وَمَا تَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ وَاَدْعُوْا رَبِّىْ ۖ
عَسٰٓى اَلَّآ اَكُوْنَ بِدُعَآءِ رَبِّىْ شَقِيًّا ۝ فَلَمَّا اعْتَزَلَهُمْ وَمَا يَعْبُدُوْنَ
مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ ۙ وَهَبْنَا لَهٗٓ اِسْحٰقَ وَيَعْقُوْبَ ؕ وَكُلًّا جَعَلْنَا نَبِيًّا ۝ وَ
وَهَبْنَا لَهُمْ مِّنْ رَّحْمَتِنَا وَجَعَلْنَا لَهُمْ لِسَانَ صِدْقٍ عَلِيًّا ۝ وَاذْكُرْ
فِى الْكِتٰبِ مُوْسٰٓى ۫ اِنَّهٗ كَانَ مُخْلَصًا وَّكَانَ رَسُوْلًا نَّبِيًّا ۝ وَنَادَيْنٰهُ
مِنْ جَانِبِ الطُّوْرِ الْاَيْمَنِ وَقَرَّبْنٰهُ نَجِيًّا ۝ وَوَهَبْنَا لَهٗ مِنْ رَّحْمَتِنَآ
اَخَاهُ هٰرُوْنَ نَبِيًّا ۝ وَاذْكُرْ فِى الْكِتٰبِ اِسْمٰعِيْلَ ۫ اِنَّهٗ كَانَ صَادِقَ
الْوَعْدِ وَكَانَ رَسُوْلًا نَّبِيًّا ۝ وَكَانَ يَاْمُرُ اَهْلَهٗ بِالصَّلٰوةِ وَالزَّكٰوةِ ۪
وَكَانَ عِنْدَ رَبِّهٖ مَرْضِيًّا ۝ وَاذْكُرْ فِى الْكِتٰبِ اِدْرِيْسَ ۫ اِنَّهٗ كَانَ
صِدِّيْقًا نَّبِيًّا ۝ وَّرَفَعْنٰهُ مَكَانًا عَلِيًّا ۝ اُولٰٓئِكَ الَّذِيْنَ اَنْعَمَ اللّٰهُ
عَلَيْهِمْ مِّنَ النَّبِيّٖنَ مِنْ ذُرِّيَّةِ اٰدَمَ ۗ وَمِمَّنْ حَمَلْنَا مَعَ نُوْحٍ ۫ وَّمِنْ
ذُرِّيَّةِ اِبْرٰهِيْمَ وَاِسْرَآءِيْلَ ۫ وَمِمَّنْ هَدَيْنَا وَاجْتَبَيْنَا ؕ اِذَا تُتْلٰى عَلَيْهِمْ

★रु. ३/६ आ १० □ सज्दः ५

और न आप के कुछ काम आ सकें। (४२) अब्बा! मुझे ऐसा इल्म मिला है, जो आप को नहीं मिला, तो मेरे साथ होजिए, मैं आप को सीधी राह पर चला दूंगा। (४३) अब्बा! शैतान की पूजा न कीजिए बेशक शैतान ख़ुदा का ना-फ़रमान है। (४४) अब्बा! मुझे डर लगता है कि आप को ख़ुदा का अज़ाब आ पकड़े, तो आप शैतान के साथी हो जाएं। (४५) उस ने कहा कि इब्राहीम! क्या तू मेरे माबूदों से बरगश्ता है? अगर तू बाज़ न आएगा, तो मैं तुझे संगसार करूंगा और तू हमेशा के लिए मुझ से दूर हो जा। (४६) (इब्राहीम ने) "सलामुन अलैकुम" कहा (और कहा कि) मैं आपके लिए अपने परवरदिगार से बख़्शिश मांगूंगा। बेशक वह मुझ पर निहायत मेहरबान है। (४७) और मैं आप लोगों से और जिन को आप ख़ुदा के सिवा पुकारा करते हैं, उन से किनारा करता हूं और अपने परवरदिगार ही को पुकारूंगा। उम्मीद है कि मैं अपने परवरदिगार को पुकार कर महरूम नहीं रहूंगा। (४८) और जब इब्राहीम उन लोगों से और जिन की वे ख़ुदा के सिवा पूजा किया करते थे, अलग हो गये, तो हम ने उन को इस्हाक़ और (इस्हाक़ को) याक़ूब बख़्शे और सब को पैग़म्बर बनाया। (४९) और उन को अपनी रहमत से (बहुत-सी चीज़ें) इनायत कीं और उन का बेहतर ज़िक्र बुलंद किया। (५०)★

और किताब में मूसा का भी ज़िक्र करो। बेशक वह (हमारे) चुने हुए और भेजे हुए (रसूल) पैग़म्बर थे। (५१) और हम ने तूर की दाहिनी तरफ़ पुकारा और बातें करने के लिए नज़दीक बुलाया। (५२) और अपनी मेहरबानी से उन को उन का भाई हारून पैग़म्बर अता किया। (५३) और किताब में इस्माईल का भी ज़िक्र करो। वह वायदे के सच्चे और (हमारे) भेजे हुए नबी थे। (५४) और अपने घर वालों को नमाज़ और ज़कात का हुक्म करते थे और अपने परवरदिगार के यहां पसंदीदा (व बर्गुज़ीदा) थे। (५५) और किताब में इद्रीस का भी ज़िक्र करो। वह भी निहायत सच्चे नबी थे। (५६) और हम ने उन को ऊंची जगह उठा लिया था।[1] (५७) ये वह लोग हैं जिन पर ख़ुदा ने अपने पैग़म्बरों में से फ़ज़्ल किया (यानी) आदम की औलाद में से और उन लोगों में से जिन को हम ने नूह के साथ (कश्ती में) सवार किया और इब्राहीम और याक़ूब की औलाद में से और उन लोगों में से जिन को हम ने हिदायत दी और चुन लिया, जब उन के सामने हमारी आयतें पढ़ी जाती थीं तो सज्दे में गिर पड़ते और रोते रहते थे□ (५८) फिर उन के बाद कुछ

---

१. यानी नुबूवत का बुलंद दर्जा या दुनिया में बुलंद मर्तबा बख़्शा था या यह कि आसमान की तरफ़ उठा लिया था।

फ़-ख़-ल-फ़ मिम्बअ्-दिहिम् ख़ल्फ़ुन् अज़ाअुस्सला-त वत्तबअुश्श-ह-वाति फ़सौ-फ़ यल्क़ौ-न ग़य्या (५९) इल्ला मन् ता-ब व आम-न व अमि-ल सालिहन् फ़उलाइ-क यद्ख़ुलूनल्-जन्न-त व ला युज़्लमू-न शैआ (६०) जन्नाति अद्नि-निल्लती व-अ-दर्रह्मानु अिबादहू बिलग़ैबि इन्नहू का-न वअ्-दुहू मअ्तिय्या (६१) ला यस्मअू-न फ़ीहा लग़्-वन् इल्ला सलामन् व लहुम् रिज़्-क़ुहुम् फ़ीहा बुक-र-तंव्-व अशिय्या (६२) तिल्कल्-जन्नतुल्लती नूरिसु मिन् अिबादिना मन् का-न तक़िय्या (६३) व मा न-त-नज़्ज़लु इल्ला बिअम्रि रब्बि-क लहू मा बै-न ऐदीना व मा ख़ल्फ़ना व मा बै-न ज़ालि-क व मा का-न रब्बु-क नसिय्या (६४) रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमा फ़अ्-बुद्हु वस्तबिर् लिअिबादतिही हल् तअ्-लमु लहू समिय्या ★(६५) व यक़ूलुल्-इन्सानु अ-इज़ा मा मित्तु ल-सौ-फ़ उख़्रजु हय्या (६६) अ-व ला यज़्कुरुल्-इन्सानु अन्ना ख़-लक़्नाहु मिन् क़ब्लु व लम् यकु शैआ (६७) फ़-व रब्बि-क ल-नह्शुरन्नहुम् वश्शयाती-न सुम्-म ल-नुह्ज़िरन्नहुम् हौ-ल जहन्न-म जिसिय्या (६८) सुम्-म ल-नन्ज़िअन्-न मिन् कुल्लि शीअतिन् अय्युहुम् अशद्दु अलर्रह्मानि अितिय्या (६९) सुम्-म ल-नह्नु अअ्-लमु बिल्लज़ी-न हुम् औला बिहा सिलिय्या (७०) व इम्-मिन्कुम् इल्ला वारिदुहा का-न अला रब्बि-क हत्मम्-मक़्ज़िय्या (७१) सुम्-म नुनज्जिल्लज़ीनत्तक़व्-व न-ज़-रुज़्ज़ालिमी-न फ़ीहा जिसिय्या (७२) व इज़ा तुत्ला अलैहिम् आयातुना बय्यिनातिन् क़ालल्लज़ी-न क-फ़रू लिल्लज़ी-न आमनू अय्युल्फ़रीक़ैनि ख़ैरुम्-मक़ामंव्-व अह्सनु नदिय्या (७३) व कम् अह्-लक्ना क़ब्-लहुम् मिन् क़र्निन् हुम् अह्-सनु असासंव्-व रिअ्या (७४)

اٰيٰتُ الرَّحْمٰنِ خَرُّوْا سُجَّدًا وَّبُكِيًّا ۩ فَخَلَفَ مِنْۢ بَعْدِهِمْ خَلْفٌ
اَضَاعُوا الصَّلٰوةَ وَاتَّبَعُوا الشَّهَوٰتِ فَسَوْفَ يَلْقَوْنَ غَيًّا ۙ اِلَّا مَنْ
تَابَ وَاٰمَنَ وَعَمِلَ صَالِحًا فَاُولٰٓئِكَ يَدْخُلُوْنَ الْجَنَّةَ وَلَا يُظْلَمُوْنَ
شَيْـًٔا ۙ جَنّٰتِ عَدْنِ ِۨالَّتِيْ وَعَدَ الرَّحْمٰنُ عِبَادَهٗ بِالْغَيْبِ ؕ اِنَّهٗ كَانَ
وَعْدُهٗ مَاْتِيًّا ۙ لَا يَسْمَعُوْنَ فِيْهَا لَغْوًا اِلَّا سَلٰمًا ؕ وَلَهُمْ رِزْقُهُمْ فِيْهَا بُكْرَةً
وَّعَشِيًّا ۙ تِلْكَ الْجَنَّةُ الَّتِيْ نُوْرِثُ مِنْ عِبَادِنَا مَنْ كَانَ تَقِيًّا ۙ وَمَا
نَتَنَزَّلُ اِلَّا بِاَمْرِ رَبِّكَ ۚ لَهٗ مَا بَيْنَ اَيْدِيْنَا وَمَا خَلْفَنَا وَمَا بَيْنَ ذٰلِكَ ۚ وَ
مَا كَانَ رَبُّكَ نَسِيًّا ۚ رَبُّ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا فَاعْبُدْهُ وَ
اصْطَبِرْ لِعِبَادَتِهٖ ؕ هَلْ تَعْلَمُ لَهٗ سَمِيًّا ۙ وَيَقُوْلُ الْاِنْسَانُ ءَاِذَا مَا
مِتُّ لَسَوْفَ اُخْرَجُ حَيًّا ۙ اَوَلَا يَذْكُرُ الْاِنْسَانُ اَنَّا خَلَقْنٰهُ مِنْ قَبْلُ
وَلَمْ يَكُ شَيْـًٔا ۙ فَوَرَبِّكَ لَنَحْشُرَنَّهُمْ وَالشَّيٰطِيْنَ ثُمَّ لَنُحْضِرَنَّهُمْ حَوْلَ
جَهَنَّمَ جِثِيًّا ۚ ثُمَّ لَنَنْزِعَنَّ مِنْ كُلِّ شِيْعَةٍ اَيُّهُمْ اَشَدُّ عَلَى الرَّحْمٰنِ
عِتِيًّا ۚ ثُمَّ لَنَحْنُ اَعْلَمُ بِالَّذِيْنَ هُمْ اَوْلٰى بِهَا صِلِيًّا ۙ وَاِنْ مِّنْكُمْ اِلَّا
وَارِدُهَا ۚ كَانَ عَلٰى رَبِّكَ حَتْمًا مَّقْضِيًّا ۚ ثُمَّ نُنَجِّي الَّذِيْنَ اتَّقَوْا وَّ
نَذَرُ الظّٰلِمِيْنَ فِيْهَا جِثِيًّا ۙ وَاِذَا تُتْلٰى عَلَيْهِمْ اٰيٰتُنَا بَيِّنٰتٍ قَالَ
الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لِلَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا ۙ اَيُّ الْفَرِيْقَيْنِ خَيْرٌ مَّقَامًا وَّاَحْسَنُ
نَدِيًّا ۙ وَكَمْ اَهْلَكْنَا قَبْلَهُمْ مِّنْ قَرْنٍ هُمْ اَحْسَنُ اَثَاثًا وَّرِءْيًا ۙ

★रु. ४/७ आ १५

ना-खलफ़ उन के जानशीन हुए, जिन्होंने नमाज़ को (छोड़ दिया, गोया उसे) खो दिया और नफ़्स की ख्वाहिशों के पीछे लग गये, बहुत जल्द उन को गुमराही (की सज़ा) मिलेगी। (५९) हां, जिस ने तौबा की और ईमान लाया और नेक अमल किए तो ऐसे लोग बहिश्त में दाखिल होंगे और उन का कुछ नुक़्सान न किया जाएगा। (६०) (यानी) हमेशा की बहिश्त (में) जिस का खुदा ने अपने बन्दों से वायदा किया है (और जो उन की आंखों से) छिपा हुआ (है।) बेशक उस का वायदा (नेकों के सामने) आने वाला है। (६१) वे उस में सलाम के सिवा कोई बेहूदा कलाम न सुनेंगे और उन के लिए सुबह व शाम खाना तैयार होगा।[१] (६२) यह वह जन्नत है जिस का हम अपने बन्दों में से ऐसे शख्स को मालिक बनाएंगे, जो परहेज़गार होगा। (६३) और (फ़रिश्तों ने पैग़म्बर को जवाब दिया कि) हम तुम्हारे परवरदिगार के हुक्म के सिवा उतर नहीं सकते, जो कुछ हमारे आगे है और जो पीछे है और जो उन के दर्मियान है, सब उसी का है और तुम्हारा परवरदिगार भूलने वाला नहीं। (६४) (यानी) आसमान और ज़मीन और जो उन दोनों के दर्मियान है सब का परवरदिगार, तो उसी की इबादत करो और उस की इबादत पर साबित क़दम रहो, भला तुम कोई उस का हम-नाम (एक नाम वाला) जानते हो ? (६५)★

और (काफ़िर) इंसान कहता है कि जब मैं मर जाऊंगा तो क्या ज़िंदा कर के निकाला जाऊंगा ? (६६) क्या (ऐसा) इंसान याद नहीं करता कि हम ने उस को पहले भी तो पैदा किया था और वह कुछ भी चीज़ न था। (६७) तुम्हारे परवरदिगार की क़सम ! हम उन को जमा करेंगे और शैतानों को भी, फिर इन सब को जहन्नम के गिर्द हाज़िर करेंगे (और वे) घुटनों पर गिरे हुए (होंगे)। (६८) फिर हर जमाअत में से हम ऐसे लोगों को खींच निकालेंगे, जो खुदा से सख्त सर-कशी करते थे। (६९) और हम उन लोगों को खूब जानते हैं, जो उन में दाखिल होने के ज़्यादा लायक़ हैं। (७०) और तुम में कोई (शख्स) नहीं, मगर उसे उस पर गुज़रना होगा। यह तुम्हारे परवरदिगार पर ज़रूरी और मुक़र्रर है। (७१) फिर हम परहेज़गारों को निजात देंगे और ज़ालिमों को उस में घुटनों के बल पड़ा हुआ छोड़ देंगे। (७२) और जब उन लोगों के सामने हमारी आयतें पढ़ी जाती हैं, तो जो काफ़िर हैं, वे मोमिनों से कहते हैं कि दोनों फ़रीक़ में से मकान किस के अच्छे और मज्लिसों में से किस की बेहतर है ? (७३) और हम ने उन से पहले बहुत-सी उम्मतें हलाक कर दीं। वे लोग (उन से) ठाट और दिखावे में कहीं अच्छे थे। (७४) कह दो कि जो शख्स गुमराही में

---

१. बक-बक न सुनेंगे और सलामुन अलैकुम की आवाज़ सुनेंगे।

क़ुल् मन् का-न फ़िज़्ज़लालति फ़ल्-यम्दुद् लहुर्रह्मानु मद्-दा ج हत्ता इज़ा रऔ मा यूअदू-न इम्मल्-अज़ा-ब व इम्मस्सा-अ-तु ط फ़-स-यअ्-ल-मू-न मन् हु-व शर्रुम्-मकानंव्-व अज़्अफ़ु जुन्दा (७५) व यज़ीदुल्लाहुल्-लज़ीनह्-तदौ हुदन् ط वल्बाक़ियातुस्-सालिहातु ख़ैरुन् अिन्-द रब्बि-क सवाबंव्-व ख़ैरुम्-म-रद्दा (७६) अ-फ़-रऐ-तल्लज़ी क-फ़-र बिआयातिना व क़ा-ल ल-ऊ-त-यन्-न मालंव्-व व-ल-दा ط (७७) अत्त-ल-अल्-ग़ै-ब अमित्त-ख़-ज़ अिन्दर्रह्मानि अह्-दा ز (७८) कल्ला ط स-नक्तुबु मा यक़ूलु व नमुद्दु लहू मिनल्-अज़ाबि मद्-दा ز (७९) व नरिसुहू मा यक़ूलु व यअ्तीना फ़र्दा (८०) वत्त-ख़ज़ू मिन् दूनिल्लाहि आलि-ह-तल्-लि-यकूनू लहुम् अिज़्ज़ा ز (८१) कल्ला ط स-यक्फ़ुरू-न बिअिबादतिहिम् व यकूनू-न अलैहिम् ज़िद्दा ★(८२) अ-लम् त-र अन्ना अर्सल्नश्-शयाती-न अ-लल्-काफ़िरी-न तउज़्ज़ुहुम् अज़्ज़ा ز (८३) फ़ला तअ्-जल् अलैहिम् ط इन्नमा नअुद्दु लहुम् अद्दा ج (८४) यौ-म नह्शुरुल्-मुत्तक़ी-न इलर्रह्मानि वफ़्-दा ز (८५) व नसूक़ुल्-मुजिरमी-न इला जहन्न-म विर्दा ※(८६) ला यम्लिकूनश्शफ़ा-अ-त इल्ला मनित्त-ख़-ज़ अिन्दर्रह्मानि अह्दा ※(८७) व क़ालुत्त-ख़-ज़र्रह्मानु व-ल-दा ط (८८) ल-क़द् जिअ्तुम् शैअन् इद्दा ز (८९) तकादुस्समावातु य-त-फ़त्तर-न मिन्हु व तन-शक़्क़ुल्अर्ज़ु व तख़िर्रुल्-जिबालु हद्दा ز (९०) अन् दऔ लिर्रह्मानि व-ल-दा ج (९१) व मा यम्बग़ी लिर्रह्मानि अंय्यत्तख़ि-ज़ व-ल-दा ط (९२) इन् कुल्लु मन् फ़िस्समावाति वल्-अर्ज़ि इल्ला आतिर्रह्मानि अब्दा ط (९३) ल-क़द् अह्साहुम् व अद्दहुम् अद्दा ط (९४) व कुल्लुहुम् आतीहि यौमल्क़ियामति फ़र्दा (९५) इन्नल्लज़ी-न आमनू व अमिलुस्सालिहाति स-यज्अलु लहुमुर्रह्मानु वुद्दा (९६)

قُلْ مَنْ كَانَ فِي الضَّلٰلَةِ فَلْيَمْدُدْ لَهُ الرَّحْمٰنُ مَدًّا ۚ حَتّٰى إِذَا رَأَوْا
مَا يُوعَدُونَ إِمَّا الْعَذَابَ وَإِمَّا السَّاعَةَ ۗ فَسَيَعْلَمُونَ مَنْ هُوَ شَرٌّ
مَكَانًا وَأَضْعَفُ جُنْدًا ۝ وَيَزِيدُ اللّٰهُ الَّذِينَ اهْتَدَوْا هُدًى ۗ وَالْبٰقِيٰتُ
الصّٰلِحٰتُ خَيْرٌ عِنْدَ رَبِّكَ ثَوَابًا وَخَيْرٌ مَرَدًّا ۝ أَفَرَءَيْتَ الَّذِي كَفَرَ
بِاٰيٰتِنَا وَقَالَ لَأُوتَيَنَّ مَالًا وَوَلَدًا ۝ أَطَّلَعَ الْغَيْبَ أَمِ اتَّخَذَ عِنْدَ
الرَّحْمٰنِ عَهْدًا ۝ كَلَّا ۚ سَنَكْتُبُ مَا يَقُولُ وَنَمُدُّ لَهُ مِنَ الْعَذَابِ
مَدًّا ۝ وَنَرِثُهُ مَا يَقُولُ وَيَأْتِينَا فَرْدًا ۝ وَاتَّخَذُوا مِنْ دُونِ اللّٰهِ اٰلِهَةً
لِيَكُونُوا لَهُمْ عِزًّا ۝ كَلَّا ۚ سَيَكْفُرُونَ بِعِبَادَتِهِمْ وَيَكُونُونَ عَلَيْهِمْ
ضِدًّا ۝ أَلَمْ تَرَ أَنَّا أَرْسَلْنَا الشَّيٰطِينَ عَلَى الْكٰفِرِينَ تَؤُزُّهُمْ أَزًّا ۝
فَلَا تَعْجَلْ عَلَيْهِمْ ۖ إِنَّمَا نَعُدُّ لَهُمْ عَدًّا ۝ يَوْمَ نَحْشُرُ الْمُتَّقِينَ إِلَى الرَّحْمٰنِ
وَفْدًا ۝ وَنَسُوقُ الْمُجْرِمِينَ إِلٰى جَهَنَّمَ وِرْدًا ۝ لَا يَمْلِكُونَ الشَّفَاعَةَ
إِلَّا مَنِ اتَّخَذَ عِنْدَ الرَّحْمٰنِ عَهْدًا ۝ وَقَالُوا اتَّخَذَ الرَّحْمٰنُ وَلَدًا ۝
لَقَدْ جِئْتُمْ شَيْئًا إِدًّا ۝ تَكَادُ السَّمٰوٰتُ يَتَفَطَّرْنَ مِنْهُ وَتَنْشَقُّ الْأَرْضُ
وَتَخِرُّ الْجِبَالُ هَدًّا ۝ أَنْ دَعَوْا لِلرَّحْمٰنِ وَلَدًا ۝ وَمَا يَنْبَغِي لِلرَّحْمٰنِ
أَنْ يَتَّخِذَ وَلَدًا ۝ إِنْ كُلُّ مَنْ فِي السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضِ إِلَّا اٰتِي الرَّحْمٰنِ
عَبْدًا ۝ لَقَدْ أَحْصٰهُمْ وَعَدَّهُمْ عَدًّا ۝ وَكُلُّهُمْ اٰتِيهِ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ
فَرْدًا ۝ إِنَّ الَّذِينَ اٰمَنُوا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ سَيَجْعَلُ لَهُمُ الرَّحْمٰنُ

★रु. ५/८ आ १७ ※व. लाज़िम ※व. लाज़िम

पड़ा हुआ है, खुदा उस को धीरे-धीरे मोहलत दिए जाता है, यहां तक कि जब उस चीज़ को देख लेंगे, जिस का उन से वायदा किया जाता है, ख्वाह अज़ाब, और ख्वाह क़ियामत तो (उस वक़्त) जान लेंगे कि मकान किस का बुरा है और लश्कर किस का कमज़ोर है। (७५) और जो लोग हिदायत पाए हुए हैं, खुदा उन को ज़्यादा हिदायत देता है और नेकियां जो बाक़ी रहने वाली हैं, वे तुम्हारे परवरदिगार के बदले के लिहाज़ से खूब और अंजाम के एतबार से बेहतर हैं। (७६) भला तुम ने उस शख़्स को देखा जिस ने हमारी आयतों से कुफ़्र किया और कहने लगा कि (अगर मैं नये सिरे से ज़िंदा हुआ भी तो यही) माल और औलाद मुझे (वहां) मिलेगा। (७७) क्या उस ने ग़ैब की ख़बर पा ली है, या खुदा के यहां (से) अह्द ले लिया है ? (७८) हरगिज़ नहीं ! यह जो कुछ कहता है, हम उस को लिखते जाते और धीरे-धीरे अज़ाब बढ़ाते जाते हैं, (७९) और जो चीज़ें यह बताता है, उन के हम वारिस होंगे और यह अकेला हमारे सामने आएगा। (८०) और उन लोगों ने खुदा के सिवा और माबूद बना लिए हैं, ताकि वह उन के लिए (इज़्ज़त व) मदद (की वजह) हो। (८१) हर गिज़ नहीं। वे (झूठे माबूद) उन की पूजा से इन्कार करेंगे और उन के दुश्मन (व मुख़ालिफ़) होंगे, (८२) ★

क्या तुम ने नहीं देखा कि हम ने शैतानों को काफ़िरों पर छोड़ रखा कि वे उन को उभारते रहते हैं, (८३) तो तुम उन पर (अज़ाब के लिए) जल्दी न करो और हम तो उन के लिए (दिन) गिन रहे हैं, (८४) जिस दिन हम परहेज़गारों को खुदा के सामने मेहमानों (के तौर-पर) जमा करेंगे। (८५) और गुनाहगारों को दोज़ख़ की तरफ़ प्यासे हांक ले जाएंगे ※ (८६) (तो लोग) किसी की सिफ़ारिश का अख़्तियार न रखेंगे, मगर जिस ने खुदा से इक़रार लिया हो ※ (८७) और कहते हैं खुदा बेटा रखता है। (८८) (ऐसा कहने वालो ! यह तो) तुम बुरी बात (ज़ुबान पर) लाते हो। (८९) क़रीब है कि इस (झूठ गढ़ने) से आसमान फट पड़े और ज़मीन फट जाए और पहाड़ टुकड़े-टुकड़े हो कर गिर पड़ें, (९०) कि उन्हों ने खुदा के लिए बेटा तज्वीज़ किया। (९१) और खुदा को मुनासिब नहीं कि किसी को बेटा बनाए। (९२) तमाम शख़्स जो आसमानों और ज़मीन में हैं, सब खुदा के रू-ब-रू बन्दे हो कर आएंगे। (९३) उस ने उन (सब) को (अपने इल्म से) घेर रखा और (एक-एक को) गिन रखा है, (९४) और सब क़ियामत के दिन उस के सामने अकेले-अकेले हाज़िर होंगे। (९५) और जो लोग ईमान लाए और नेक अमल किए, खुदा उन की मुहब्बत (मख़्लूक़ात के दिल में) पैदा कर देगा। (९६) (ऐ पैग़म्बर !) हम ने यह (क़ुरआन)

★ रु. ५/८ आ १७ ※ व. लाज़िम ※ व. लाज़िम

फ़इन्नमा यस्सर्नाहु बिलिसानि-क लितुबश्शि-र बिहिल्-मुत्तक़ी-न व तुन्ज़ि-र बिही क़ौमल्-लुद्दा (९७) व कम् अह्लक्ना क़ब-लहुम् मिन् क़र्नित्, हल् तुहिस्सु मिन्हुम् मिन् अ-हदिन् औ तस्मअु लहुम् रिक्ज़ा ●★ (९८)

فَإِنَّمَا يَسَّرْنَاهُ بِلِسَانِكَ لِتُبَشِّرَ بِهِ الْمُتَّقِينَ وَتُنذِرَ بِهِ قَوْمًا لُّدًّا ۝ وَكَمْ أَهْلَكْنَا قَبْلَهُم مِّن قَرْنٍ هَلْ تُحِسُّ مِنْهُم مِّنْ أَحَدٍ أَوْ تَسْمَعُ لَهُمْ رِكْزًا ۝

سُورَةُ طٰهٰ مَكِّيَّةٌ

بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ

طه ۝ مَا أَنزَلْنَا عَلَيْكَ الْقُرْآنَ لِتَشْقَىٰ ۝ إِلَّا تَذْكِرَةً لِّمَن يَخْشَىٰ ۝ تَنزِيلًا مِّمَّنْ خَلَقَ الْأَرْضَ وَالسَّمَاوَاتِ الْعُلَى ۝ الرَّحْمَٰنُ عَلَى الْعَرْشِ اسْتَوَىٰ ۝ لَهُ مَا فِي السَّمَاوَاتِ وَمَا فِي الْأَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا وَمَا تَحْتَ الثَّرَىٰ ۝ وَإِن تَجْهَرْ بِالْقَوْلِ فَإِنَّهُ يَعْلَمُ السِّرَّ وَأَخْفَى ۝ اللَّهُ لَا إِلَٰهَ إِلَّا هُوَ لَهُ الْأَسْمَاءُ الْحُسْنَىٰ ۝ وَهَلْ أَتَاكَ حَدِيثُ مُوسَىٰ ۝ إِذْ رَأَىٰ نَارًا فَقَالَ لِأَهْلِهِ امْكُثُوا إِنِّي آنَسْتُ نَارًا لَّعَلِّي آتِيكُم مِّنْهَا بِقَبَسٍ أَوْ أَجِدُ عَلَى النَّارِ هُدًى ۝ فَلَمَّا أَتَاهَا نُودِيَ يَا مُوسَىٰ ۝ إِنِّي أَنَا رَبُّكَ فَاخْلَعْ نَعْلَيْكَ إِنَّكَ بِالْوَادِ الْمُقَدَّسِ طُوًى ۝ وَأَنَا اخْتَرْتُكَ فَاسْتَمِعْ لِمَا يُوحَىٰ ۝ إِنَّنِي أَنَا اللَّهُ لَا إِلَٰهَ إِلَّا أَنَا فَاعْبُدْنِي وَأَقِمِ الصَّلَاةَ لِذِكْرِي ۝ إِنَّ السَّاعَةَ آتِيَةٌ أَكَادُ أُخْفِيهَا لِتُجْزَىٰ كُلُّ نَفْسٍ بِمَا تَسْعَىٰ ۝ فَلَا يَصُدَّنَّكَ عَنْهَا مَن لَّا يُؤْمِنُ بِهَا وَاتَّبَعَ هَوَاهُ فَتَرْدَىٰ ۝ وَمَا تِلْكَ بِيَمِينِكَ يَا مُوسَىٰ ۝ قَالَ هِيَ عَصَايَ أَتَوَكَّأُ عَلَيْهَا وَأَهُشُّ بِهَا

२० सूरतु ताहा ४५

(मक्की) इस सूरः में अरबी के ५४६६ अक्षर, १२५१ शब्द, १३५ आयतें और ८ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम ●

ता - हा (१) मा अन्ज़ल्ना अलैकल् - क़ुर्आ - न लितश्क़ा (२) इल्ला तज़्कि-र-तल् - लिमंय्यख़्शा (३) तन्ज़ीलम्-मिम्मन् ख़-ल-क़ल्अर्-ज़ वस्समावातिल्-अुला (४) अर्रह़्मानु अ - लल् - अर्शिस्तवा (५) लहू मा फ़िस्-समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि व मा बैनहुमा व मा तह-तस्सरा (६) व इन् तज्-हर् बिल्क़ौलि फ़-इन्नहू यअ-लमुस्सिर-र व अख़्फ़ा (७) अल्लाहु ला इला-ह इल्ला हु-व, लहुल् - अस्मा - उल् - हुस्ना (८) व हल् अता - क ह़दीसु मूसा ※ (९) इज़् रआ नारन् फ़ - क़ा - ल लिअह्लिहिम्कुसू इन्नी आनस्तु नारल्ल-अल्ली आतीकुम् मिन्हा बि-क़-बसिन् औ अजिदु अ-लन्नारि हुदा (१०) फ़-लम्मा अताहा नूदि-य या मूसा (११) इन्नी अ-न रब्बु-क फ़ख़्लअ् नअ् - लै-क इन्न-क बिल्वादिल्-मुक़द्दसि तुवा (१२) व अनख़्तर्तु-क फ़स्तमिअ् लिमा यूहा (१३) इन्ननी अनल्लाहु ला इला-ह इल्ला अ-न फ़अ्-बुद्नी, व अक़िमिस्सला-त लिज़िक्री (१४) इन्नस्सा-अ-त आतियतुन् अकादु उख़्फ़ीहा लितुज्ज़ा कुल्लु नफ़्सिम्-बिमा तस्आ (१५) फ़ला यसुद्दन्न-क अन्हा मल्ला युअ्मिनु बिहा वत्तब-अ हवाहु फ़-तर्दा (१६) व मा तिल्-क बियमीनि-क या मूसा (१७) क़ा-ल हि-य असाय अ-त-वक्कउ अलैहा व अहुश्शु बिहा अला ग़-नमी व लि-य फ़ीहा मआरिबु उख़्रा (१८)

★रु. ६/६ आ १६ ● नि. १/२ ※व लाज़िम

तुम्हारी ज़ुबान में आसान (नाज़िल) किया है ताकि तुम इस से परहेज़गारों को ख़ुशख़बरी पहुंचा दो और झगड़ालुओं को डर सुना दो। (९७) और हम ने इस से पहले बहुत से गिरोहों को हलाक कर दिया है, भला तुम उन में किसी को देखते हो या (कहीं) उन की भनक सुनते हो। (९८)★●

२० सूरः ता़ हा ४५

सूरः त्वा हा मक्की है और इस में एक सौ पैंतीस आयतें और आठ रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

त्वा हा, (१) (ऐ मुहम्मद!) हमने तुम पर क़ुरआन इसलिए नाज़िल नहीं किया कि तुम मुशक़्क़त में पड़ जाओ।[1] (२) बल्कि उस शख़्स को नसीहत देने के लिए (नाज़िल किया है) जो डर रखता है। (३) यह उस ज़ात का उतारा हुआ है, जिस ने ज़मीन और ऊंचे-ऊंचे आसमान बनाए। (४) (यानी ख़ुदा-ए-) रहमान, जिस ने अर्श पर क़रार पकड़ा। (५) जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है और जो कुछ इन दोनों के बीच में है, और जो कुछ (ज़मीन की) मिट्टी के नीचे है, सब उसी का है। (६) और अगर तुम पुकार कर बात कहो तो वह तो छिपे भेद और बहुत छिपी बात तक को जानता है। (७) (वह) माबूद (बर हक़) है (कि) उस के सिवा कोई माबूद नहीं है, उस के (सब) नाम अच्छे हैं। (८) और क्या तुम्हें मूसा के हाल की ख़बर मिली है ▒ (९) जब उन्हों ने आग देखी तो अपने घर के लोगों से कहा कि तुम (यहां) ठहरो, मैं ने आग देखी है। (मैं वहां जाता हूं) शायद उस में से मैं तुम्हारे पास अंगारे लाऊं या आग (की जगह) का रास्ता मालूम कर सकूं। (१०) जब वहां पहुंचे तो आवाज़ आयी कि मूसा! (११) मैं तो तुम्हारा परवरदिगार हूं, तो अपनी जूतियां उतार दो, तुम (यहां) पाक मैदान (यानी) तुवा में हो। (१२) और मैं ने तुम को चुन लिया है, तो जो हुक्म दिया जाए, उसे सुनो। (१३) बेशक मैं ही ख़ुदा हूं, मेरे सिवा कोई माबूद नहीं, तो मेरी इबादत किया करो, और मेरी याद के लिए नमाज़ पढ़ा करो। (१४) क़ियामत यक़ीनन आने वाली है। मैं चाहता हूं कि उस (के वक़्त) को पोशीदा रखूं, ताकि हर शख़्स जो कोशिश करे, उस का बदला पाए।[2] (१५) तो जो शख़्स उस पर ईमान नहीं रखता और अपनी ख़्वाहिश के पीछे चलता है, (कहीं) तुम को उस (के यक़ीन) से रोक न दे, तो (इस शक्ल में) तुम हलाक हो जाओ। (१६) और मूसा यह तुम्हारे दाहिने हाथ में क्या है? (१७) उन्हों ने कहा यह मेरी लाठी है, इस पर मैं सहारा लगाता हूं और इस से अपनी बकरियों के लिए पत्ते झाड़ता हूं और इस में मेरे और भी कई फ़ायदे

---

१. जब क़ुरआन नाज़िल होना शुरू हुआ तो जनाब रिसालत मआब ज़्यादा से ज़्यादा इबादत करते और बहुत ज़हमत उठाते, रातों को नमाज़ में खड़े रहते और क़ुरआन शरीफ़ पढ़ते रहते, इस से एक तो सेहत में ख़लल वाक़ेअ होने का डर होता था, दूसरे काफ़िरों ने आप से कहना शुरू किया कि क़ुरआन तो आप के लिए सख़्त तक्लीफ़ की वजह बन गया, तब यह आयत नाज़िल हुई कि अल्लाह तआला ने आप को ऐसी मशक़्क़त उठाने से मना फ़रमाया।

२. हज़रत मूसा अलैहिस्सलाम को भी पहली वह्य में नमाज़ का हुक्म है और हमारे पैग़म्बर को भी 'व रब्ब-क फ़-कब्बिर' और क़ियामत को छिपाता हूं यानी वक़्त किसी को नहीं बताता।

क़ा-ल अल्क़िहा या मूसा (१९) फ़-अल्क़ाहा फ़-इज़ा हि-य हय्यतुन् तस्आ (२०) क़ा-ल ख़ुज़्हा व ला त-ख़फ़् सनुईदुहा सी-र-त-हल्-ऊला (२१) वज़्मुम् य-द-क इला जनाहि-क तख़्-रुज् बैज़ा-अ मिन् ग़ैरि सूइन् आ-य-तन् उख़्रा (२२) लिनुरि-य-क मिन् आयातिनल्-कुब्रा (२३) इज़्हब् इला फ़िर्औ-न इन्नहू तग़ा★(२४) क़ा-ल रब्बिश्रह्ली सद्री (२५) व यस्सिर् ली अम्री (२६) वह्लुल्-उक़्द-तम्-मिल्लिसानी (२७) यफ़्क़हू क़ौली (२८) वज्अल्-ली वज़ीरम्मिन् अह्ली (२९) हारू-न अख़ि- (३०) उश्दुद् बिही अज़्री (३१) व अश्रिक्हु फ़ी अम्री (३२) कै नुसब्बि-ह-क कसीरंव (३३) व नज़्कु-र-क कसीरा (३४) इन्न-क कुन्-त बिना बसीरा (३५) क़ा-ल क़द् ऊती-त सुअ्-ल-क या मूसा (३६) व ल-क़द् मनन्ना अलै-क मर्रतन् उख़्रा (३७) इज़् औहैना इला उम्मि-क मा यूहा (३८) अनिक़्ज़िफ़ीहि फ़िताबूति फ़क़्ज़िफ़ीहि फ़िल्यम्मि फ़ल्-युल्क़िहिल्-यम्मु बिस्साहिलि यअ्ख़ुज़्हु अदुव्वुल्ली व अदुव्वुल्लहू व अल्क़ैतु अलै-क महब्बतम्मिन्नी व लितुस्-न-अ अला अैनी ※(३९) इज़् तम्शी उख़्तु-क फ़-तक़ूलु हल् अदुल्लुकुम् अला मंय्यक्फ़ुलुहू फ़-र-जअ्ना-क इला उम्मि-क कै त-क़र्-र अैनुहा व ला तह्ज़-न व क़-तल्-त नफ़्सन् फ़-नज्जैना-क मिनल्-ग़म्मि व फ़-तन्ना-क फ़ुतूनन् फ़-लबिस्-त सिनी-न फ़ी अह्लि मद्-य-न सुम्-म जिअ्-त अला क़-दरिंय्या मूसा (४०) वस्तनअ्-तु-क लिनफ़्सी (४१) इज़्-हब् अन्-त व अख़ू-क बिआयाती व ला तनिया फ़ी ज़िक्री (४२) इज़्हबा इला फ़िर्औ-न इन्नहू तग़ा (४३) फ़क़ूला लहू क़ौलल्लय्यिनल्-ल-अ़ल्लहू य-त-ज़क्करु औ यख़्शा (४४)

غنمي ولي فيها مآرب أخرى ۝ قال ألقها يا موسى ۝ فألقاها فإذا
هي حية تسعى ۝ قال خذها ولا تخف سنعيدها سيرتها الأولى ۝
واضمم يدك إلى جناحك تخرج بيضاء من غير سوء آية أخرى ۝
لنريك من آياتنا الكبرى ۝ اذهب إلى فرعون إنه طغى ۝ قال رب
اشرح لي صدري ۝ ويسر لي أمري ۝ واحلل عقدة من لساني ۝
يفقهوا قولي ۝ واجعل لي وزيرا من أهلي ۝ هارون أخي ۝
اشدد به أزري ۝ وأشركه في أمري ۝ كي نسبحك كثيرا ۝
ونذكرك كثيرا ۝ إنك كنت بنا بصيرا ۝ قال قد أوتيت سؤلك
يا موسى ۝ ولقد مننا عليك مرة أخرى ۝ إذ أوحينا إلى أمك
ما يوحى ۝ أن اقذفيه في التابوت فاقذفيه في اليم فليلقه اليم
بالساحل يأخذه عدو لي وعدو له وألقيت عليك محبة مني
ولتصنع على عيني ۝ إذ تمشي أختك فتقول هل أدلكم على من
يكفله فرجعناك إلى أمك كي تقر عينها ولا تحزن وقتلت نفسا
فنجيناك من الغم وفتناك فتونا فلبثت سنين في أهل مدين
ثم جئت على قدر يا موسى ۝ واصطنعتك لنفسي ۝ اذهب
أنت وأخوك بآياتي ولا تنيا في ذكري ۝ اذهبا إلى فرعون إنه
طغى ۝ فقولا له قولا لينا لعله يتذكر أو يخشى ۝ قالا ربنا إننا

★रु. १/१० आ २४ ※ व. लाज़िम

हैं। (१८) फ़रमाया कि मूसा ! इसे डाल दो। (१९) तो उन्हों ने उस को डाल दिया और वह यकायक सांप बन कर दौड़ने लगा। (२०) ख़ुदा ने फ़रमाया कि उसे पकड़ लो और डरना मत। हम उस को अभी उस की पहली हालत पर लौटा देंगे। (२१) और अपना हाथ अपनी बग़ल से लगा लो, वह किसी ऐब (व बीमारी) के बग़ैर सफ़ेद (चमकता-दमकता) निकलेगा। (यह) दूसरी निशानी (है), (२२) ताकि हम तुम्हें अपनी बड़ी निशानियां दिखाएं (२३) तुम फ़िऔंन के पास जाओ (कि) वह सरकश हो रहा है। (२४)★

कहा, मेरे परवरदिगार ! (इस काम के लिए) मेरा सीना खोल दे। (२५) और मेरा काम आसान कर दे, (२६) और मेरी ज़ुबान की गिरह खोल दे, (२७) ताकि वह मेरी बात समझ लें, (२८) और मेरे घर वालों में से (एक को) मेरा वज़ीर (यानी मददगार) मुक़र्रर फ़रमा, (२९) (यानी) मेरे भाई हारून को। (३०) उस से मेरी ताक़त को मज़बूत कर, (३१) और उसे मेरे काम में शरीक कर, (३२) ताकि हम तेरी बहुत-सी तस्बीह करें। (३३) और तुझे ज़्यादा से ज़्यादा याद करें (३४) तू हम को (हर हाल में) देख रहा है। (३५) फ़रमाया, मूसा ! तुम्हारी दुआ क़ुबूल की गयी। (३६) और हम ने तुम पर एक बार और भी एहसान किया था। (३७) जब हम ने तुम्हारी मां को इल्हाम किया था, जो तुम्हें बताया जाता है। (३८) (वह यह था) कि उसे (यानी मूसा को) संदूक़ में रखो, फिर उस (संदूक़) को दरिया में डाल दो तो दरिया उस को किनारे पर डाल देगा (और) मेरा और उस का दुश्मन उसे उठा लेगा और (मूसा !) मैं ने तुम पर अपनी तरफ़ से मुहब्बत डाल दी, (इसलिए कि तुम पर मेहरबानी की जाए) और इसलिए कि तुम मेरे सामने परवरिश पाओ ※ (३९) जब तुम्हारी बहन (फ़िऔंन के यहां) गयी और कहने लगी कि मैं तुम्हें ऐसा शख़्स बताऊं जो उस को पाले, तो (इस तरीक़े से) हम ने तुम को तुम्हारी मां के पास पहुंचा दिया ताकि उन की आंखें ठंडी हों और वह रंज न करें और तुम ने एक शख़्स को मार डाला तो हम ने तुम को ग़म से मुख़्लिसी दी और हम ने तुम्हारी (कई बार) आज़माइश की। फिर तुम कई साल मदयन वालों में ठहरे रहे, फिर ऐ मूसा ! तुम (रिसालत की क़ाबिलियत के) अन्दाज़े पर आ पहुंचे। (४०) और मैं ने तुम को अपने (काम के) लिए बनाया है। (४१) तो तुम और तुम्हारा भाई दोनों हमारी निशानियां ले कर जाओ और मेरी याद में सुस्ती न करना। (४२) दोनों फ़िऔंन के पास जाओ, वह सरकश हो रहा है। (४३) और उस से नर्मी से बात करना शायद वह ग़ौर करे या डर जाए। (४४) दोनों कहने लगे कि

★रु. १/१० आ २४　※ व. लाज़िम

क़ाला रब्बना इन्नना नख़ाफ़ु अंय्यफ़्रु-त अलैना औ अंय्यत्‌ग़ा (४५) क़ा-ल ला तख़ाफ़ा इन्ननी म-अकुमा अस्मअु व अरा (४६) फ़अ्तियाहु फ़कूला इन्ना रसूला रब्बि-क फ़-अर्सिल् म-अना बनी इस्राई-ल व ला तुअ़ज़्ज़िब्हुम् क़द् जिअ्‌ना-क बि-आयतिम्-मिर्रब्बि-क वस्सलामु अ़ला मनित्त-ब-अ़ल्-हुदा (४७) इन्ना क़द् ऊहि-य इलैना अन्नल्‌अ़ज़ा-ब अ़ला मन् कज़्ज़-ब व त-वल्ला (४८) क़ा-ल फ़-मर्-रब्बुकुमा या मूसा (४९) क़ा-ल रब्बुनल्लज़ी अअ्‌ता कुल्-ल शैइन् ख़ल्क़हू सुम्-म हदा (५०) क़ा-ल फ़-मा बालुल्-क़ुरूनिल्-ऊला (५१) क़ा-ल अ़िल्मुहा अ़िन्-द रब्बी फ़ी किताबिन् ला यज़िल्लु रब्बी व ला यन्-स (५२) -ल्लज़ी ज-अ़-ल लकुमुल्‌अर्-ज़ मह्दंव्-व स-ल-क लकुम् फ़ीहा सुबुलंव्-व अन्ज़-ल मिनस्समाइ मा-अन् फ़-अख़्-रज्ना बिही अज़्-वाजम्मिन् नबातिन् शत्ता (५३) कुलू वर्-औ अन्-आमकुम् इन्-न फ़ी ज़ालि-क ल-आयातिल्लि-उलिन्नुहा ★ (५४) मिन्हा ख़-लक़्नाकुम् व फ़ीहा नुअ़ीदुकुम् व मिन्हा नुख़्रिजुकुम् तार-तन् उख़्रा (५५) व ल-क़द् अरैनाहु आयातिना कुल्लहा फ़-कज़्ज़-ब व अबा (५६) क़ा-ल अजिअ्‌तना लितुख़्रि-जना मिन् अर्ज़िना बिसिह्‌रि-क या मूसा (५७) फ़-ल-नअ्‌तियन्न-क बिसिह्‌रिम्-मिस्लिही फ़ज्-अ़ल् बैनना व बैन-क मौअ़िदल्ला नुख़्लिफ़ुहू नह्‌नु व ला अन्-त मकानन् सुवा (५८) क़ा-ल मौअ़िदुकुम् यौमुज़्ज़ीनति व अंय्युह्‌शरन्नासु ज़ुहा (५९) फ़-त-वल्ला फ़िर्औनु फ़-ज-म-अ़ कैदहू सुम्-म अता (६०) क़ा-ल लहुम् मूसा वैलकुम् ला तफ़्तरू अ़-लल्लाहि कज़िबन् फ़-युस्हितकुम् बिअ़ज़ाबिन् व क़द् ख़ा-ब मनिफ़्तरा (६१) फ़-त-नाज़अ़ू अम्-रहुम् बैनहुम् व अ-सर्रुन्नज्वा (६२) क़ालू इन् हाज़ानि ल-साहिरानि युरीदानि अंय्युख़्रिजाकुम् मिन् अर्ज़िकुम् बिसिह्‌रिहिमा व यज़्हबा बि-तरीक़तिकुमुल्-मुस्ला (६३)

قَالَا رَبَّنَآ إِنَّنَا نَخَافُ أَن يَفْرُطَ عَلَيْنَآ أَوْ أَن يَطْغَىٰ ۝ قَالَ لَا تَخَافَآ إِنَّنِى مَعَكُمَآ
أَسْمَعُ وَأَرَىٰ ۝ فَأْتِيَاهُ فَقُولَآ إِنَّا رَسُولَا رَبِّكَ فَأَرْسِلْ مَعَنَا بَنِىٓ
إِسْرَٰٓءِيلَ وَلَا تُعَذِّبْهُمْ ۖ قَدْ جِئْنَٰكَ بِـَٔايَةٍ مِّن رَّبِّكَ ۖ وَٱلسَّلَٰمُ عَلَىٰ
مَنِ ٱتَّبَعَ ٱلْهُدَىٰٓ ۝ إِنَّا قَدْ أُوحِىَ إِلَيْنَآ أَنَّ ٱلْعَذَابَ عَلَىٰ مَن كَذَّبَ
وَتَوَلَّىٰ ۝ قَالَ فَمَن رَّبُّكُمَا يَٰمُوسَىٰ ۝ قَالَ رَبُّنَا ٱلَّذِىٓ أَعْطَىٰ كُلَّ شَىْءٍ
خَلْقَهُۥ ثُمَّ هَدَىٰ ۝ قَالَ فَمَا بَالُ ٱلْقُرُونِ ٱلْأُولَىٰ ۝ قَالَ عِلْمُهَا عِندَ
رَبِّى فِى كِتَٰبٍ ۖ لَّا يَضِلُّ رَبِّى وَلَا يَنسَى ۝ ٱلَّذِى جَعَلَ لَكُمُ
ٱلْأَرْضَ مَهْدًا وَسَلَكَ لَكُمْ فِيهَا سُبُلًا وَأَنزَلَ مِنَ ٱلسَّمَآءِ مَآءً فَأَخْرَجْنَا
بِهِۦٓ أَزْوَٰجًا مِّن نَّبَاتٍ شَتَّىٰ ۝ كُلُوا۟ وَٱرْعَوْا۟ أَنْعَٰمَكُمْ ۗ إِنَّ فِى ذَٰلِكَ لَءَايَٰتٍ
لِّأُو۟لِى ٱلنُّهَىٰ ۝ مِنْهَا خَلَقْنَٰكُمْ وَفِيهَا نُعِيدُكُمْ وَمِنْهَا نُخْرِجُكُمْ تَارَةً
أُخْرَىٰ ۝ وَلَقَدْ أَرَيْنَٰهُ ءَايَٰتِنَا كُلَّهَا فَكَذَّبَ وَأَبَىٰ ۝ قَالَ أَجِئْتَنَا لِتُخْرِجَنَا
مِنْ أَرْضِنَا بِسِحْرِكَ يَٰمُوسَىٰ ۝ فَلَنَأْتِيَنَّكَ بِسِحْرٍ مِّثْلِهِۦ فَٱجْعَلْ بَيْنَنَا
وَبَيْنَكَ مَوْعِدًا لَّا نُخْلِفُهُۥ نَحْنُ وَلَآ أَنتَ مَكَانًا سُوًى ۝ قَالَ مَوْعِدُكُمْ
يَوْمُ ٱلزِّينَةِ وَأَن يُحْشَرَ ٱلنَّاسُ ضُحًى ۝ فَتَوَلَّىٰ فِرْعَوْنُ فَجَمَعَ كَيْدَهُۥ
ثُمَّ أَتَىٰ ۝ قَالَ لَهُم مُّوسَىٰ وَيْلَكُمْ لَا تَفْتَرُوا۟ عَلَى ٱللَّهِ كَذِبًا فَيُسْحِتَكُم
بِعَذَابٍ ۖ وَقَدْ خَابَ مَنِ ٱفْتَرَىٰ ۝ فَتَنَٰزَعُوٓا۟ أَمْرَهُم بَيْنَهُمْ وَأَسَرُّوا۟
ٱلنَّجْوَىٰ ۝ قَالُوٓا۟ إِنْ هَٰذَٰنِ لَسَٰحِرَٰنِ يُرِيدَانِ أَن يُخْرِجَاكُم مِّنْ

★रु. २/११ आ ३०

हमारे परवरदिगार ! हमें डर है कि वह हम पर ज़ुल्म करने लगे या ज़्यादा सरकश हो जाए। (४५) (ख़ुदा ने) फ़रमाया कि डरो मत, मैं तुम्हारे साथ हूं (और) सुनता और देखता हूं। (४६) (अच्छा) तो उस के पास जाओ और कहो कि हम आप के परवरदिगार के भेजे हुए हैं, तो बनी इस्राईल को हमारे साथ जाने की इजाज़त दीजिए और उन्हें अज़ाब न कीजिए। हम आप के पास आप के परवरदिगार की तरफ़ से निशानी ले कर आए हैं और जो हिदायत की बात माने, उस को सलामती हो। (४७) हमारी तरफ़ यह वह्य आयी है कि जो झुठलाए और मुंह फेरे, उस के लिए अज़ाब (तैयार) है। (४८) (ग़रज़ मूसा और हारून फ़िऔ़न के पास गये।) उसने कहा कि मूसा तुम्हारा परवरदिगार कौन है ? (४९) कहा कि हमारा परवरदिगार वह है जिस ने हर चीज़ को उस की शक्ल व सूरत बख़्शी, फिर राह दिखायी। (५०) कहा तो पहली जमाअतों का क्या हाल हुआ ? (५१) कहा कि उनका इल्म मेरे परवरदिगार को है, (जो) किताब में (लिखा हुआ है)। मेरा परवरदिगार न चूकता है, न भूलता है। (५२) वह (वही तो है,) जिस ने तुम लोगों के लिए ज़मीन को फ़र्श बनाया और उस में तुम्हारे लिए रास्ते जारी किए और आसमान से पानी बरसाया, फिर उससे क़िस्म-क़िस्म की रूईदगियां (पेड़-पौधे) पैदा कीं। (५३) (कि ख़ुद भी) खाओ और अपने चारपायों को भी चराओ। बेशक इन (बातों) में अक़्ल वालों के लिए (बहुत सी) निशानियां हैं। (५४)★

इसी (ज़मीन) से हम ने तुम को पैदा किया और इसी में तुम्हें लौटाएंगे और इसी से दूसरी बार निकालेंगे (५५) और हम ने फ़िऔ़न को अपनी सब निशानियां दिखायीं, मगर वह झुठलाता और इंकार ही करता रहा। (५६) कहने लगा कि मूसा ! क्या तुम हमारे पास इसलिए आए हो कि अपने जादू (के ज़ोर) से हमें हमारे मुल्क से निकाल दो। (५७) तो हम भी तुम्हारे मुक़ाबले में ऐसा ही जादू लाएंगे, तो हमारे और अपने दर्मियान एक वक़्त मुक़र्रर कर लो कि न तो हम उस के ख़िलाफ़ करें और न तुम। (और यह मुक़ाबला) एक हमवार मैदान में (होगा) (५८) (मूसा ने) कहा कि आप के लिए ज़ीनत के दिन का वायदा है और यह कि लोग उस दिन चाश्त के वक़्त इकट्ठे हो जाएं। (५९) तो फ़िऔ़न लौट गया और अपने सामान जमा कर के फिर आया। (६०) मूसा ने उन (जादूगरों) से कहा कि हाय ! तुम्हारी कम-बख़्ती ! ख़ुदा पर झूठ न गढ़ो कि वह तुम्हें अज़ाब से फ़ना कर देगा और जिस ने झूठ गढ़ा, वह ना-मुराद रहा। (६१) तो वे आपस में अपने मामले में झगड़ने और चुपके-चुपके काना-फूसी करने लगे। (६२) कहने लगे, ये दोनों जादूगर हैं, चाहते हैं कि अपने जादू (के ज़ोर) से तुमको तुम्हारे मुल्क से निकाल दें और

★रु. २/११ आ ३०

फ़-अजिमअू कैदकुम् सुम्मअ्तू सफ़्फ़न् ॰ व क़द् अफ़्-ल-हल्यौ-म मनिस्तअ्-ला (६४) क़ालू या मूसा इम्मा अन् तुल्कि-य व इम्मा अन् नकू-न अव्व-ल मन् अल्क़ा (६५) क़ा-ल बल् अल्क़ू ॰ फ़-इज़ा हि़बालुहुम् व अि़सिय्युहुम् युख़य्यलु इलैहि मिन् सिहि़रहिम् अन्नहा तस्आ़ (६६) फ़-औ-ज-स फ़ी नफ़्सिही ख़ीफ़तम्-मूसा (६७) क़ुल्ना ला त-ख़फ़् इन्न-क अन्तल्-अअ्-ला (६८) व अल्कि़ मा फ़ी यमीनि-क तल्क़फ़् मा स्-नअू ॰ इन्नमा स्-नअू कैदु साहि़रिन् ॰ व ला युफ़्लिहुस्साहि़रु है़सु अता (६९) फ़-उल्क़ियस्-स-ह-रतु सुज्ज-दन् क़ालू आमन्ना बिरब्बि हारू-न व मूसा (७०) क़ा-ल आमन्तुम् लहू क़ब्-ल अन् आ-ज़-न लकुम् ॰ इन्नहू ल-कबीरुकुमुल्लज़ी अ़ल्ल-म-कुमुस्-सिह्-र ॰ फ़-ल-उ-क़त्ति़अन्-न ऐदि-यकुम् व अर्जु-लकुम् मिन् ख़िलाफ़िंव्-व लउ-स़ल्लिबन्नकुम् फ़ी जुज़ूअि़न्नख़्लि ॰ व ल-तअ्-लमुन्-न अय्युना अ-शद्दु अ़ज़ाबंव्-व अब्क़ा (७१) क़ालू लन् नुअ्सि-र-क अ़ला मा जा-अना मिनल्बय्यिनाति वल्लज़ी फ़-त़-रना फ़क़्ज़ि मा अन्-त क़ाज़िन् ॰ इन्नमा तक़्ज़ी हाज़िहिल्-हयातद्दुन्या ॰ (७२) इन्ना आमन्ना बिरब्बिना लियग़्-फ़ि-र लना ख़तायाना व मा अक्-रह्-तना अ़लैहि मिनस्सिह़्रि ॰ वल्लाहु ख़ैरुंव्-व अब्क़ा ●(७३) इन्नहू मंय्यअ्ति रब्बहू मुज्रिमन् फ़-इन्-न लहू जहन्न-म ॰ ला यमूतु फ़ीहा व ला यह़्या (७४) व मंय्यअ्तिही मुअ्मिनन् क़द् अ़मिलस्सालिहाति फ़-उलाइ-क लहुमुद्-द-र-जातुल्-अु़ला ॰ (७५) जन्नातु अ़द्निन् तज्री मिन् तह़्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदी-न फ़ीहा ॰ व ज़ालि-क ज-ज़ाउ मन् त-ज़क्का ★(७६)

أَرْضِكُم بِسِحْرِهِمَا وَيَذْهَبَا بِطَرِيقَتِكُمُ الْمُثْلَىٰ ۝ فَأَجْمِعُوا كَيْدَكُمْ
ثُمَّ ائْتُوا صَفًّا ۚ وَقَدْ أَفْلَحَ الْيَوْمَ مَنِ اسْتَعْلَىٰ ۝ قَالُوا يَا مُوسَىٰ إِمَّا
أَن تُلْقِيَ وَإِمَّا أَن نَّكُونَ أَوَّلَ مَنْ أَلْقَىٰ ۝ قَالَ بَلْ أَلْقُوا ۖ فَإِذَا
حِبَالُهُمْ وَعِصِيُّهُمْ يُخَيَّلُ إِلَيْهِ مِن سِحْرِهِمْ أَنَّهَا تَسْعَىٰ ۝
فَأَوْجَسَ فِي نَفْسِهِ خِيفَةً مُّوسَىٰ ۝ قُلْنَا لَا تَخَفْ إِنَّكَ أَنتَ الْأَعْلَىٰ ۝
وَأَلْقِ مَا فِي يَمِينِكَ تَلْقَفْ مَا صَنَعُوا ۖ إِنَّمَا صَنَعُوا كَيْدُ سَاحِرٍ ۖ وَلَا يُفْلِحُ
السَّاحِرُ حَيْثُ أَتَىٰ ۝ فَأُلْقِيَ السَّحَرَةُ سُجَّدًا قَالُوا آمَنَّا بِرَبِّ هَارُونَ وَ
مُوسَىٰ ۝ قَالَ آمَنتُمْ لَهُ قَبْلَ أَنْ آذَنَ لَكُمْ ۖ إِنَّهُ لَكَبِيرُكُمُ الَّذِي
عَلَّمَكُمُ السِّحْرَ ۖ فَلَأُقَطِّعَنَّ أَيْدِيَكُمْ وَأَرْجُلَكُم مِّنْ خِلَافٍ وَلَأُصَلِّبَنَّكُمْ
فِي جُذُوعِ النَّخْلِ وَلَتَعْلَمُنَّ أَيُّنَا أَشَدُّ عَذَابًا وَأَبْقَىٰ ۝ قَالُوا لَن
نُّؤْثِرَكَ عَلَىٰ مَا جَاءَنَا مِنَ الْبَيِّنَاتِ وَالَّذِي فَطَرَنَا ۖ فَاقْضِ مَا أَنتَ
قَاضٍ ۖ إِنَّمَا تَقْضِي هَٰذِهِ الْحَيَاةَ الدُّنْيَا ۝ إِنَّا آمَنَّا بِرَبِّنَا لِيَغْفِرَ لَنَا
خَطَايَانَا وَمَا أَكْرَهْتَنَا عَلَيْهِ مِنَ السِّحْرِ ۗ وَاللَّهُ خَيْرٌ وَأَبْقَىٰ ۝ إِنَّهُ
مَن يَأْتِ رَبَّهُ مُجْرِمًا فَإِنَّ لَهُ جَهَنَّمَ لَا يَمُوتُ فِيهَا وَلَا يَحْيَىٰ ۝
وَمَن يَأْتِهِ مُؤْمِنًا قَدْ عَمِلَ الصَّالِحَاتِ فَأُولَٰئِكَ لَهُمُ الدَّرَجَاتُ
الْعُلَىٰ ۝ جَنَّاتُ عَدْنٍ تَجْرِي مِن تَحْتِهَا الْأَنْهَارُ خَالِدِينَ فِيهَا ۚ وَ
ذَٰلِكَ جَزَاءُ مَن تَزَكَّىٰ ۝ وَلَقَدْ أَوْحَيْنَا إِلَىٰ مُوسَىٰ أَنْ أَسْرِ بِعِبَادِي

● सु. ३/४ ★रु. ३/१२ आ २२

तुम्हारे शाइस्ता मज़हब को नाबूद कर दें। (६३) तो तुम (जादू का) सामान इकट्ठा कर लो और फिर क़तार बांध कर आओ, आज जो ग़ालिब रहा, वही कामियाब हुआ। (६४) बोले कि मूसा या तो तुम (अपनी चीज़) डालो या हम (अपनी चीज़ें) पहले डालते हैं। (६५) मूसा ने कहा, नहीं, तुम ही डालो। (जब उन्हों ने चीज़ें डालीं) तो यकायक उस की रस्सियां और लाठियां मूसा के ख़्याल में ऐसी आने लगीं कि वह (मैदान में इधर-उधर) दौड़ रही हैं। (६६) (उस वक़्त) मूसा ने अपने दिल में ख़ौफ़ मालूम किया। (६७) हमने कहा, ख़ौफ़ न करो, बेशक तुम ही ग़ालिब हो। (६८) और जो चीज़ (यानी लाठी) तुम्हारे दाहिने हाथ में है, उसे डाल दो कि जो कुछ उन्हों ने बनाया है, उस को निगल जाएगी। जो कुछ उन्हों ने बनाया है (यह तो) जादूगरों के हथकंडे हैं और जादूगर जहां जाए, कामियाबी नहीं पाएगा। (६९) (ग़रज़ यह कि यों ही हुआ) तो जादूगर सज्दे में गिर पड़े (और) कहने लगे कि हम मूसा और हारून के परवरदिगार पर ईमान लाए। (७०) (फ़िरऔन) बोला कि इस के पहले कि मैं तुम्हें इजाज़त दूं, तुम उस पर ईमान ले आए। बेशक वह तुम्हारा बड़ा (यानी उस्ताद) है, जिस ने तुम को जादू सिखाया है, सो मैं तुम्हारे हाथ और पांव, मुख़ालिफ़ (तरफ़) से कटवा दूंगा और खजूर के तनों पर सूली चढ़वा दूंगा, (उस वक़्त) तुम को मालूम होगा कि हम में से किस का अज़ाब ज़्यादा सख़्त और देर तक रहने वाला है। (७१) उन्हों ने कहा कि जो दलीलें हमारे पास आ गयी हैं, उन पर और जिस ने हम को पैदा किया है, उस पर हम आप को हरगिज़ तर्जीह नहीं देंगे, तो आप को जो हुक्म देना हो, दे दीजिए और आप (जो) हुक्म दे सकते हैं, वह सिर्फ़ इसी दुनिया की ज़िंदगी में (दे सकते हैं)। (७२) हम अपने परवरदिगार पर ईमान ले आए ताकि वह हमारे गुनाहों को माफ़ करे और (उसे भी) जो आप ने हम से ज़बरदस्ती जादू कराया और ख़ुदा बेहतर और बाक़ी रहने वाला है●(७३) जो शख़्स अपने परवरदिगार के पास गुनाहगार हो कर आएगा तो उस के लिए जहन्नम है, जिस में न मरेगा, न जिएगा। (७४) और जो उस के रू-ब-रू ईमानदार हो कर आएगा और अमल भी नेक किए होंगे, तो ऐसे लोगों के लिए ऊंचे-ऊंचे दर्जे हैं। (७५) (यानी) हमेशा रहने के बाग़, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं, हमेशा उन में रहेंगे और यह उस शख़्स का बदला है, जो पाक हुआ। (७६)★

●रु. ३/४　★रु. ३/१२ आ २२

व ल-क़द् औहैना इला मूसा अन् असिर बिअिबादी फ़ज़्रिब् लहुम् तरीक़न् फ़िल्बह़्रि य-ब-सल्-ला तख़ाफ़ु द-र-कंव्-व ला तख़्शा (७७) फ़-अत्ब-अहुम् फ़िर्औनु बिजुनूदिही फ़-ग़शियहुम् मिनल्-यम्मि मा ग़शि-यहुम् (७८) व अ-ज़ल्-ल फ़िर्औनु क़ौमहू व मा हदा (७९) याबनी इस्राई-ल क़द् अन्जैनाकुम् मिन् अदुव्विकुम् व वाअद्नाकुम् जानिबत् - तूरिल् - ऐम-न व नज़्ज़ल्ना अलैकुमुल्-मन्-न वस्सल्वा (८०) कुलू मिन् तय्यिबाति मा र-ज़क़्नाकुम् व ला तत़्ग़ौ फ़ीहि फ़-यहि़ल्-ल अलैकुम् ग़-ज़बी व मंय्यह़्लिल् अलैहि ग़-ज़बी फ़-क़द् हवा (८१) व इन्नी ल-ग़फ़्फ़ारुल् - लिमन् ता-ब व आम-न व अमि-ल सालिहन् सुम्मह्तदा (८२) व मा अअ्-ज-ल-क अन् क़ौमि-क या मूसा (८३) क़ा-ल हुम् उलाइ अला अ-सरी व अजिल्तु इलै-क रब्बि लितर्ज़ा (८४) क़ा-ल फ़-इन्ना क़द् फ़-तन्ना क़ौम-क मिम्बअ्-दि-क व अ-ज़ल्ल-हुमुस्-सामिरिय्यु (८५) फ़-र-ज-अ मूसा इला क़ौमिही ग़ज़्बा-न असिफ़न् क़ा-ल या क़ौमि अ-लम् यअिद्कुम् रब्बुकुम् वअ्-दन् ह़-स-नन् अ-फ़-ता-ल अलैकुमुल्-अह्दु अम् अ-रत्तुम् अंय्यहि़ल्-ल अलैकुम् ग़-ज़-बुम्-मिर्रब्बिकुम् फ़-अख़्लफ़्तुम् मौअिदी (८६) क़ालू माअख़्-लफ़्ना मौअि-द-क बिमल्किना व लाकिन्ना हुम्मिल्ना औज़ारम्मिन् ज़ीनतिल्क़ौमि फ़-क़-ज़फ़्नाहा फ़-कज़ालि-क अल्क़स्सामिरिय्यु (८७) फ़ - अख़-र-ज लहुम् अिज्-लन् ज-स-दल्लहू ख़ुवारुन् फ़-क़ालू हाज़ा इलाहुकुम् व इलाहु मूसा फ़-नसि-य (८८) अ-फ़ला यरौ - न अल्ला यर्जिअु इलैहिम् क़ौलंव्-व ला यम्लिकु लहुम् ज़र्-रंव्-व ला नफ़्आ★(८९) व ल-क़द् क़ा-ल लहुम् हारूनु मिन् क़ब्लु या क़ौमि इन्नमा फ़ुतिन्तुम् बिही व इन्-न रब्बकुमुर् - रह़्मानु फ़त्तबिअूनी व अतीअू अम्री (९०)

فَاضْرِبْ لَهُمْ طَرِيقًا فِي الْبَحْرِ يَبَسًا لَّا تَخَافُ دَرَكًا وَلَا تَخْشَىٰ ۝
فَأَتْبَعَهُمْ فِرْعَوْنُ بِجُنُودِهِ فَغَشِيَهُم مِّنَ الْيَمِّ مَا غَشِيَهُمْ ۝ وَ
أَضَلَّ فِرْعَوْنُ قَوْمَهُ وَمَا هَدَىٰ ۝ يَا بَنِي إِسْرَائِيلَ قَدْ أَنجَيْنَاكُم
مِّنْ عَدُوِّكُمْ وَوَاعَدْنَاكُمْ جَانِبَ الطُّورِ الْأَيْمَنَ وَنَزَّلْنَا عَلَيْكُمُ الْمَنَّ
وَالسَّلْوَىٰ ۝ كُلُوا مِن طَيِّبَاتِ مَا رَزَقْنَاكُمْ وَلَا تَطْغَوْا فِيهِ فَيَحِلَّ
عَلَيْكُمْ غَضَبِي ۖ وَمَن يَحْلِلْ عَلَيْهِ غَضَبِي فَقَدْ هَوَىٰ ۝ وَإِنِّي
لَغَفَّارٌ لِّمَن تَابَ وَآمَنَ وَعَمِلَ صَالِحًا ثُمَّ اهْتَدَىٰ ۝ وَمَا أَعْجَلَكَ
عَن قَوْمِكَ يَا مُوسَىٰ ۝ قَالَ هُمْ أُولَاءِ عَلَىٰ أَثَرِي وَعَجِلْتُ إِلَيْكَ رَبِّ
لِتَرْضَىٰ ۝ قَالَ فَإِنَّا قَدْ فَتَنَّا قَوْمَكَ مِن بَعْدِكَ وَأَضَلَّهُمُ السَّامِرِيُّ ۝
فَرَجَعَ مُوسَىٰ إِلَىٰ قَوْمِهِ غَضْبَانَ أَسِفًا ۚ قَالَ يَا قَوْمِ أَلَمْ يَعِدْكُمْ رَبُّكُمْ
وَعْدًا حَسَنًا ۚ أَفَطَالَ عَلَيْكُمُ الْعَهْدُ أَمْ أَرَدتُّمْ أَن يَحِلَّ عَلَيْكُمْ
غَضَبٌ مِّن رَّبِّكُمْ فَأَخْلَفْتُم مَّوْعِدِي ۝ قَالُوا مَا أَخْلَفْنَا مَوْعِدَكَ
بِمَلْكِنَا وَلَٰكِنَّا حُمِّلْنَا أَوْزَارًا مِّن زِينَةِ الْقَوْمِ فَقَذَفْنَاهَا فَكَذَٰلِكَ
أَلْقَى السَّامِرِيُّ ۝ فَأَخْرَجَ لَهُمْ عِجْلًا جَسَدًا لَّهُ خُوَارٌ فَقَالُوا هَٰذَا
إِلَٰهُكُمْ وَإِلَٰهُ مُوسَىٰ فَنَسِيَ ۝ أَفَلَا يَرَوْنَ أَلَّا يَرْجِعُ إِلَيْهِمْ قَوْلًا
وَلَا يَمْلِكُ لَهُمْ ضَرًّا وَلَا نَفْعًا ۝ وَلَقَدْ قَالَ لَهُمْ هَارُونُ مِن قَبْلُ
يَا قَوْمِ إِنَّمَا فُتِنتُم بِهِ ۖ وَإِنَّ رَبَّكُمُ الرَّحْمَٰنُ فَاتَّبِعُونِي وَأَطِيعُوا

★रु. ४।१३आ १३

और हमने मूसा की तरफ़ वह्य भेजी कि हमारे बन्दों को रातों-रात निकाल ले आओ, फिर उन के लिए दरिया में लाठी मार कर खुश्क रास्ता बना दो, फिर तुम को न तो (फ़िऔन के) आ पकड़ने का डर होगा और न (डूबने का) डर। (७७) फिर फ़िऔंन ने अपने लश्कर के साथ उन का पीछा किया तो दरिया (की मौजों) ने उन पर चढ़ कर उन्हें ढांक लिया (यानी डुबो दिया।) (७८) और फ़िऔंन ने अपनी क़ौम को गुमराह कर दिया और सीधे रास्ते पर न डाला। (७९) ऐ याक़ूब की औलाद! हमने तुम को तुम्हारे दुश्मन से निजात दी और तौरात देने के लिए तुम से तूर पहाड़ की दाहिनी तरफ़ मुक़र्रर की और तुम पर मन्न व सलवा नाज़िल किया। (८०) (और हुक्म दिया कि) जो कुछ पाकीज़ा चीज़ें हमने तुम को दी हैं, उन को खाओ और उस में हद से न निकलना, वरना तुम पर मेरा ग़ज़ब नाज़िल होगा। और जिस पर मेरा अज़ाब नाज़िल हुआ, वह हलाक हो गया।[1] (८१) और जो तौबा करे और ईमान लाए और नेक अमल करे, फिर सीधे रास्ते चले, उस को मैं बख़्श देने वाला हूं। (८२) और ऐ मूसा! तुम ने अपनी क़ौम से (आगे चले आने में) क्यों जल्दी की? (८३) कहा वह मेरे पीछे (आ रहे हैं) और ऐ मेरे परवरदिगार! मैं ने तेरी तरफ़ आने की जल्दी इस लिए की कि तू ख़ुश हो। (८४) फ़रमाया कि हम ने तुम्हारी क़ौम को तुम्हारे बाद आज़माइश में डाल दिया है और सामेरी ने उन को बहका दिया है। (८५) और मूसा ग़ुस्से और ग़म की हालत में अपनी क़ौम के पास वापस आए और कहने लगे कि ऐ क़ौम! क्या तुम्हारे परवरदिगार ने तुम से अच्छा वायदा नहीं किया था![1] क्या (मेरी जुदाई की) मुद्दत तुम्हें लंबी (मालूम) हुई या तुम ने चाहा कि तुम पर तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से ग़ज़ब नाज़िल हो और (इसलिए) तुम ने मुझ से जो वायदा (किया था, उस के) ख़िलाफ़ किया। (८६) वे कहने लगे कि हमने अपने अख़्तियार से तुम से वायदा ख़िलाफ़ नहीं किया, बल्कि हम लोगों के ज़ेवरों का बोझ उठाए हुए थे, फिर हमने उस को (आग में) डाल दिया और इसी तरह सामरी ने डाल दिया। (८७) तो उस ने उन के लिए एक बछड़ा बना दिया (यानी उस का) क़ालिब, जिस की आवाज़ गाय की-सी थी, तो लोग कहने लगे कि यही तुम्हारा माबूद है और यही मूसा का माबूद है, मगर वह भूल गये हैं। (८८) क्या वे लोग नहीं देखते कि वह उन की किसी बात का जवाब नहीं देता और न उन के नुक़्सान और नफ़ा का कुछ अख़्तियार रखता है। (८९)★

और हारून ने उन में पहले ही कह दिया था कि लोगो! इस से सिर्फ़ तुम्हारी आज़माइश की गयी है और तुम्हारा परवरदिगार तो ख़ुदा है, तो मेरी पैरवी करो और मेरा कहा मानो। (९०)

---

१. वायदा तौरात देने का। हज़रत मूसा क़ौम से तीस दिन का वायदा कर के पहाड़ पर गये थे, वहां चालीस दिन लगे, पीछे बछड़ा पूजने लगे।

★रु. ४/१३ आ १३

क़ालू लन् नब-र-ह् अलैहि आकिफ़ी-न हत्ता यर्जि-अ इलैना मूसा (९१) क़ा-ल या हारूनु मा म-न-अ-क इज़् रऐतहुम् ज़ल्लू ꞁ (९२) अल्ला तत्तबिअनि ط अ-फ़-असै-त अम्री (९३) क़ा-ल यब्नउम्-म ला तअ्ख़ुज़् बिलिह्-यती व ला बिरअ्-सी ج इन्नी ख़शीतु अन् तक़ू-ल फ़र्रक्-त बै-न बनी इस्राई-ल व लम् तर्क़ुब् क़ौली (९४) क़ा-ल फ़मा ख़त्बु-क या सामिरिय्यु (९५) क़ा-ल बसुर्तु बिमा लम् यब्सुरू बिही फ़-क़-बज़्तु क़ब्ज़-तम्-मिन् अ-स-रिर्रसूलि फ़-न-बज़्तुहा व कज़ालि-क सव्व-लत् ली नफ़्सी (९६) क़ा-ल फ़ज़्हब् फ़इन्-न ल-क फ़िल्हयाति अन् तक़ू-ल ला मिसा-स ص व इन्-न ल-क मौअिदल्लन् तुख़्-ल-फ़हू ج वन्ज़ुर् इला इलाहिकल्लज़ी ज़ल्-त अलैहि आकिफ़न् ط लनुहर्रिक़न्नहू सुम्-म ल-नन्सिफ़न्नहू फ़िल्यम्मि नस्फ़ा (९७) इन्नमा इलाहु-कुमुल्-लाहुल्-लज़ी ला इला-ह इल्ला हु-व ط वसि-अ कुल-ल शैइन् अिल्मा (९८) कज़ालि-क नक़ुस्सु अलै-क मिन् अम्बाइ मा क़द् स-ब-क़ ج व क़द् आतैना-क मिल्लदुन्ना ज़िक्रा (९९) मन् अअ्-र-ज़ अन्हु फ़-इन्नहू यह्मिलु यौमल्क़ियामति विज़्रा ꞁ (१००) ख़ालिदी-न फ़ीहि ط व सा-अ लहुम् यौमल्क़ियामति हिम्ला ꞁ (१०१) यौ-म युन्फ़ख़ु फ़िस्सूरि व नह्शुरुल्-मुज्रिमी-न यौमइज़िन् ज़ुर्क़न् (१०२) य-त-ख़ाफ़तू-न बैनहुम् इल्लबिस्तुम् इल्ला अश्रा (१०३) नह्नु अअ्-लमु बिमा यक़ूलू-न इज़् यक़ूलु अम्सलुहुम् तरीक़-तन् इल्लबिस्तुम् इल्ला यौमा ★ (१०४) व यस्अलू-न-क अनिल्जिबालि फ़क़ुल् यन्सिफ़ुहा रब्बी नस्फ़ा ꞁ (१०५) फ़-य-ज़रुहा क़ाअन् सफ़्-स-फ़ा ꞁ (१०६) ल्ला तरा फ़ीहा अिवजंव्-व ला अम्ता ط (१०७)

أَمْرِي ۝ قَالُوا لَن نَّبْرَحَ عَلَيْهِ عَاكِفِينَ حَتَّىٰ يَرْجِعَ إِلَيْنَا مُوسَىٰ ۝
قَالَ يَا هَارُونُ مَا مَنَعَكَ إِذْ رَأَيْتَهُمْ ضَلُّوا ۝ أَلَّا تَتَّبِعَنِ ۖ أَفَعَصَيْتَ
أَمْرِي ۝ قَالَ يَا ابْنَ أُمَّ لَا تَأْخُذْ بِلِحْيَتِي وَلَا بِرَأْسِي ۖ إِنِّي خَشِيتُ
أَن تَقُولَ فَرَّقْتَ بَيْنَ بَنِي إِسْرَائِيلَ وَلَمْ تَرْقُبْ قَوْلِي ۝ قَالَ
فَمَا خَطْبُكَ يَا سَامِرِيُّ ۝ قَالَ بَصُرْتُ بِمَا لَمْ يَبْصُرُوا بِهِ فَقَبَضْتُ
قَبْضَةً مِّنْ أَثَرِ الرَّسُولِ فَنَبَذْتُهَا وَكَذَٰلِكَ سَوَّلَتْ لِي نَفْسِي ۝
قَالَ فَاذْهَبْ فَإِنَّ لَكَ فِي الْحَيَاةِ أَن تَقُولَ لَا مِسَاسَ ۖ وَإِنَّ لَكَ
مَوْعِدًا لَّن تُخْلَفَهُ ۖ وَانظُرْ إِلَىٰ إِلَٰهِكَ الَّذِي ظَلْتَ عَلَيْهِ عَاكِفًا ۖ
لَّنُحَرِّقَنَّهُ ثُمَّ لَنَنسِفَنَّهُ فِي الْيَمِّ نَسْفًا ۝ إِنَّمَا إِلَٰهُكُمُ اللَّهُ الَّذِي لَا إِلَٰهَ
إِلَّا هُوَ ۚ وَسِعَ كُلَّ شَيْءٍ عِلْمًا ۝ كَذَٰلِكَ نَقُصُّ عَلَيْكَ مِنْ أَنبَاءِ مَا قَدْ
سَبَقَ ۚ وَقَدْ آتَيْنَاكَ مِن لَّدُنَّا ذِكْرًا ۝ مَّنْ أَعْرَضَ عَنْهُ فَإِنَّهُ يَحْمِلُ
يَوْمَ الْقِيَامَةِ وِزْرًا ۝ خَالِدِينَ فِيهِ ۖ وَسَاءَ لَهُمْ يَوْمَ الْقِيَامَةِ حِمْلًا ۝
يَوْمَ يُنفَخُ فِي الصُّورِ ۚ وَنَحْشُرُ الْمُجْرِمِينَ يَوْمَئِذٍ زُرْقًا ۝ يَتَخَافَتُونَ
بَيْنَهُمْ إِن لَّبِثْتُمْ إِلَّا عَشْرًا ۝ نَّحْنُ أَعْلَمُ بِمَا يَقُولُونَ إِذْ يَقُولُ
أَمْثَلُهُمْ طَرِيقَةً إِن لَّبِثْتُمْ إِلَّا يَوْمًا ۝ وَيَسْأَلُونَكَ عَنِ الْجِبَالِ
فَقُلْ يَنسِفُهَا رَبِّي نَسْفًا ۝ فَيَذَرُهَا قَاعًا صَفْصَفًا ۝ لَّا
تَرَىٰ فِيهَا عِوَجًا وَلَا أَمْتًا ۝ يَوْمَئِذٍ يَتَّبِعُونَ الدَّاعِيَ لَا

★रु. ५/१४ आ १५

वे कहने लगे कि जब तक मूसा हमारे पास वापस न आयें, हम तो उस (की पूजा) पर क़ायम रहेंगे। (९१) (फिर मूसा ने हारून से) कहा कि हारून ! जब तुम ने उन को देखा था कि गुमराह हो गये हैं, तो तुम को किस चीज ने रोका ? (९२) (यानी) इस बात से कि तुम मेरे पीछे चले आओ, भला तुम ने मेरे हुक्म के ख़िलाफ़ (क्यों) किया ? (९३) कहने लगे कि भाई मेरी दाढ़ी और सर (के बालों) को न पकड़िए, मैं तो इस से डरा कि आप यह न कहें कि तुम ने बनी इस्राईल में फूट डाल दी और मेरी बात को ध्यान में न रखा। (९४) (फिर सामरी से) कहने लगे कि सामरी तेरा क्या हाल है ? (९५) उस ने कहा कि मैं ने ऐसी चीज़ देखी जो औरों ने नहीं देखी, तो मैं ने फ़रिश्ते के पैरों के निशान से (मिट्टी की) एक मुट्ठी भर ली, फिर उस को (बछड़े के क़ालिब में) डाल दिया और मुझे मेरे जी ने (इस काम को) अच्छा बताया। (९६) (मूसा ने) कहा, जा तुझ को (दुनिया की) ज़िंदगी में यह (सज़ा) है कि कहता रहे कि "मुझ को हाथ न लगाना"[1] और तेरे लिए एक और वायदा है (यानी अज़ाब का) जो तुझ से टल न सकेगा और जिस माबूद (की पूजा) पर तू (क़ायम व मोतकिफ़) था, उस को देख, हम उसे जला देंगे, फिर उस (की राख) को उड़ा कर दरिया में बिखेर देंगे। (९७) तुम्हारा माबूद ख़ुदा ही है, जिस के सिवा कोई माबूद नहीं, उस का इल्म हर चीज़ पर छाया हुआ है। (९८) इस तरह पर हम तुम से वे हालात बयान करते हैं, जो गुज़र चुके हैं और हम ने तुम्हें अपने पास से नसीहत (की किताब) अता फ़रमायी है। (९९) जो शख़्स इस से मुंह फेरेगा, वह क़ियामत के दिन (गुनाह का) बोझ उठाएगा। (१००) (ऐसे लोग) हमेशा उस (अज़ाब) में (पड़े) रहेंगे और यह बोझ क़ियामत के दिन उन के लिए बुरा होगा। (१०१) जिस दिन सूर फूंका जाएगा और हम गुनाहगारों को इकट्ठा करेंगे और उन की आंखें नीली-नीली होंगी। (१०२) (तो) वे आपस में धीरे-धीरे कहेंगे कि तुम (दुनिया में) सिर्फ़ दस ही दिन रहे हो। (१०३) जो बातें ये करेंगे, हम ख़ूब जानते हैं। उस वक़्त उन में सब से अच्छी राह वाला (यानी अक़्ल व होश वाला) कहेगा कि (नहीं, बल्कि) सिर्फ़ एक ही दिन ठहरे हो। (१०४)★

और तुम से पहाड़ों के बारे में पूछते हैं, कह दो कि ख़ुदा उन को उड़ा कर बिखेर देगा। (१०५) और ज़मीन को हमवार मैदान कर छोड़ेगा, (१०६) जिस में न तुम टेढ़ (और

१. यानी बनी इस्राईल को गुमराह करने की वजह से अल्लाह तआला ने उस को यह सज़ा दी कि तमाम उम्र सब से अलग रहा। उस की यह हालत थी कि अगर वह किसी को हाथ लगाता या कोई उस को हाथ लगाता तो दोनों के तप आ जाती, इस लिए वह यही कहता रहा कि कोई मुझे छुए नहीं। यह दुनिया का अज़ाब था और आख़िरत का अज़ाब अलग रहा।

★रु. ५/१४ आ १५

بُيُوْتِ عَمّٰتِكُمْ اَوْ بُيُوْتِ اَخْوَالِكُمْ اَوْ بُيُوْتِ خٰلٰتِكُمْ اَوْ مَا مَلَكْتُمْ مَّفَاتِحَهٗٓ
اَوْ صَدِيْقِكُمْ لَيْسَ عَلَيْكُمْ جُنَاحٌ اَنْ تَاْكُلُوْا جَمِيْعًا اَوْ اَشْتَاتًا فَاِذَا
دَخَلْتُمْ بُيُوْتًا فَسَلِّمُوْا عَلٰٓى اَنْفُسِكُمْ تَحِيَّةً مِّنْ عِنْدِ اللّٰهِ مُبٰرَكَةً
طَيِّبَةً كَذٰلِكَ يُبَيِّنُ اللّٰهُ لَكُمُ الْاٰيٰتِ لَعَلَّكُمْ تَعْقِلُوْنَ ﴿۶۱﴾ اِنَّمَا
الْمُؤْمِنُوْنَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ وَاِذَا كَانُوْا مَعَهٗ عَلٰٓى اَمْرٍ
جَامِعٍ لَّمْ يَذْهَبُوْا حَتّٰى يَسْتَاْذِنُوْهُ اِنَّ الَّذِيْنَ يَسْتَاْذِنُوْنَكَ اُولٰٓئِكَ
الَّذِيْنَ يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ فَاِذَا اسْتَاْذَنُوْكَ لِبَعْضِ شَاْنِهِمْ
فَاْذَنْ لِّمَنْ شِئْتَ مِنْهُمْ وَاسْتَغْفِرْ لَهُمُ اللّٰهَ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ

★रु. ८/१४ आ ४

को भी इसी तरह इजाज़त लेनी चाहिए, जिस तरह उन में अगले (यानी बड़े आदमी) इजाज़त हासिल करते रहे हैं, इस तरह ख़ुदा तुम से अपनी आयतें खोल-खोल कर बयान फ़रमाता है और ख़ुदा जानने वाला (और) हिक्मत वाला है। (५६) और बड़ी उम्र की औरतें, जिन को निकाह की उम्मीद नहीं रही और वे कपड़े उतार (कर सर नंगा कर) लिया करें, तो उन पर कुछ गुनाह नहीं बशर्ते कि अपनी ज़ीनत की चीज़ें न ज़ाहिर करें और अगर इस से भी बचें तो (यह) उन के हक़ में बेहतर है और ख़ुदा सुनता-जानता है। (६०) न तो अंधे पर कुछ गुनाह है और न लंगड़े पर और न बीमार पर और न ख़ुद तुम पर कि अपने घरों से खाना खाओ या अपने बापों के घरों से या अपनी मांओं के घरों से या भाइयों के घरों से या अपनी बहनों के घरों से या अपने चचाओं के घरों से या अपनी फूफियों के घरों से या अपने मामुओं के घरों से या अपनी ख़ालाओं के घरों से या उस घर से, जिस की कुंजियां तुम्हारे हाथ में हों या अपने दोस्तों के घरों से (और इस का भी) तुम पर कुछ गुनाह नहीं कि सब मिल कर खाना खाओ या अलग-अलग। और जब घरों में जाया करो तो अपने (घर वालों) को सलाम किया करो। (यह) ख़ुदा की तरफ़ से मुबारक और पाकीज़ा तोहफ़ा है। इस तरह ख़ुदा अपनी आयतें खोल-खोल कर बयान फ़रमाता है, ताकि तुम समझो। (६१)★

मोमिन तो वे हैं जो ख़ुदा पर और उस के रसूल पर ईमान लाए और जब कभी ऐसे काम के लिए जो जमा हो कर करने का हो, पैग़म्बरे ख़ुदा के पास जमा हों, तो उन से इजाज़त लिए बग़ैर चले नहीं जाते। ऐ पैग़म्बर! जो लोग तुम से इजाज़त हासिल करते हैं, वही ख़ुदा पर और उस के रसूल पर ईमान रखते हैं, सो जब ये लोग तुम से किसी काम के लिए इजाज़त मांगा करें, तो उन में से जिसे चाहा करो, इजाज़त दे दिया करो और उन के लिए ख़ुदा से बख़्शिश मांगा करो। कुछ शक नहीं कि ख़ुदा बख़्शने वाला मेहरबान है। (६२) मोमिनो! पैग़म्बर के बुलाने को ऐसा ख़्याल न

★रु० ८/१४ आ ४

ला तज्अ़लू दुआ़अर्रसूलि बैनकुम् कदुआ़इ बअ्-ज़िकुम् बअ्-ज़न् ᵇ क़द् यअ्-लमुल्लाहुल्लज़ी-न य-त-सल्ललू-न मिन्कुम् लिवाज़न् ᶜ फ़ल्-यह़्-ज़रिल्-लज़ी-न युख़ालिफ़ू-न अन् अम्रिही अन् तुसीबहुम् फ़ित्-नतुन् औ युसीबहुम् अ़ज़ाबुन् अलीम (६३) अला इन्-न लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि ᵇ क़द् यअ्-लमु मा अन्तुम् अ़लैहि ᵇ व यौ-म युर्जअू-न इलैहि फ़युनब्बिउहुम् बिमा अ़मिलू ᵇ वल्लाहु बिकुल्लि शैइन् अ़लीम ★ (६४)

قد افلح ١٨ — ٤٨٧ — الفرقان ٢٥

رَحِيمٌ ﴿٦٢﴾ لَا تَجْعَلُوا دُعَاءَ الرَّسُولِ بَيْنَكُمْ كَدُعَاءِ بَعْضِكُم بَعْضًا ۚ قَدْ
يَعْلَمُ اللَّهُ الَّذِينَ يَتَسَلَّلُونَ مِنكُمْ لِوَاذًا ۚ فَلْيَحْذَرِ الَّذِينَ يُخَالِفُونَ
عَنْ أَمْرِهِ أَن تُصِيبَهُمْ فِتْنَةٌ أَوْ يُصِيبَهُمْ عَذَابٌ أَلِيمٌ ﴿٦٣﴾ أَلَا إِنَّ
لِلَّهِ مَا فِي السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ ۖ قَدْ يَعْلَمُ مَا أَنتُمْ عَلَيْهِ وَيَوْمَ
يُرْجَعُونَ إِلَيْهِ فَيُنَبِّئُهُم بِمَا عَمِلُوا ۗ وَاللَّهُ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيمٌ ﴿٦٤﴾
سُورَةُ الْفُرْقَانِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ سَبْعٌ وَسَبْعُونَ آيَةً وَسِتُّ رُكُوعَاتٍ
بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ
تَبَارَكَ الَّذِي نَزَّلَ الْفُرْقَانَ عَلَىٰ عَبْدِهِ لِيَكُونَ لِلْعَالَمِينَ نَذِيرًا ﴿١﴾
الَّذِي لَهُ مُلْكُ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ وَلَمْ يَتَّخِذْ وَلَدًا وَلَمْ يَكُن لَّهُ
شَرِيكٌ فِي الْمُلْكِ وَخَلَقَ كُلَّ شَيْءٍ فَقَدَّرَهُ تَقْدِيرًا ﴿٢﴾ وَاتَّخَذُوا
مِن دُونِهِ آلِهَةً لَّا يَخْلُقُونَ شَيْئًا وَهُمْ يُخْلَقُونَ وَلَا يَمْلِكُونَ
لِأَنفُسِهِمْ ضَرًّا وَلَا نَفْعًا وَلَا يَمْلِكُونَ مَوْتًا وَلَا حَيَاةً وَلَا نُشُورًا ﴿٣﴾
وَقَالَ الَّذِينَ كَفَرُوا إِنْ هَٰذَا إِلَّا إِفْكٌ افْتَرَاهُ وَأَعَانَهُ عَلَيْهِ قَوْمٌ
آخَرُونَ ۖ فَقَدْ جَاءُوا ظُلْمًا وَزُورًا ﴿٤﴾ وَقَالُوا أَسَاطِيرُ الْأَوَّلِينَ اكْتَتَبَهَا
فَهِيَ تُمْلَىٰ عَلَيْهِ بُكْرَةً وَأَصِيلًا ﴿٥﴾ قُلْ أَنزَلَهُ الَّذِي يَعْلَمُ السِّرَّ
فِي السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ ۚ إِنَّهُ كَانَ غَفُورًا رَّحِيمًا ﴿٦﴾ وَقَالُوا مَالِ هَٰذَا
الرَّسُولِ يَأْكُلُ الطَّعَامَ وَيَمْشِي فِي الْأَسْوَاقِ ۙ لَوْلَا أُنزِلَ إِلَيْهِ مَلَكٌ

२५ सूरतुल्-फ़ुर्क़ानि ४२

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ३९१९ अक्षर, ९०६ शब्द, ७७ आयतें और ६ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

तबारकल्लज़ी नज़्ज़ - लल् - फ़ुर्क़ा-न अ़ला अ़ब्दिही लि-यकू-न लिल्आ़लमी-न नज़ीरा ᵍ (१) अल्लज़ी लहू मुल्कुस्-समावाति वल्अर्ज़ि व लम् यत्तख़िज़् व-ल-दंव्-व लम् यकुल्लहू शरीकुन् फ़िल्मुल्कि व ख़-ल-क़ कुल्-ल शैइन् फ़-क़द्-द-रहू तक़्दीरा (२) वत्तख़ज़ू मिन् दूनिही आलिहतल्ला यख़्लुक़ू-न शैअंव्-व हुम् युख़-लक़ू-न व ला यम्लिकू-न लिअन्फ़ुसिहिम् ज़र्रंव्-व ला नफ़्-अंव्-व ला यम्लिकू-न मौतंव-व ला ह़यातंव-व ला नुशूरा (३) व क़ालल्लज़ी-न क-फ़रू इन् हाज़ा इल्ला इफ़्कुनिफ़्तराहु व अ-आनहू अ़लैहि क़ौमुन् आख़रू-न ᶜ फ़ - क़द् जाऊ ज़ुल्मंव्वज़ूरा ᶜ (४) व क़ालू असातीरुल्-अव्वलीनक्-त-त-बहा फ़हि-य तुम्ला अ़लैहि बुक-र-तंव्-व असीला (५) क़ुल् अन्-ज़-लहुल्लज़ी यअ्-लमुस्सिर्-र फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि ᵇ इन्नहू का-न ग़फ़ूरर्-रह़ीमा (६) व क़ालू मालिहाज़र्रसूलि यअ्-कुलुत्तआ़-म व यम्शी फ़िल्अस्वाक़ि ᵇ लौला उन्ज़ि-ल इलैहि म-ल-कुन् फ़-यकू-न म-अ़हू नज़ीरा ᵍ (७)

★रु. ६/१५ आ ३०, मु. अ़ मु त क़. १०

करना जैसा तुम आपस में एक दूसरे को बुलाते हो। बेशक ख़ुदा को वे लोग मालूम हैं, जो तुम में से आंख बचा कर चल देते हैं तो जो लोग उन के हुक्म की मुख़ालफ़त करते हैं, उन को डरना चाहिए कि (ऐसा न हो कि) उन पर कोई आफ़त पड़ जाए या तक्लीफ़ देने वाला अज़ाब नाज़िल हो। (६३) देखो जो कुछ आसमानों और ज़मीन में है, सब ख़ुदा ही का है। जिस (ढंग) पर तुम हो, वह उसे जानता है और जिस दिन लोग उस की तरफ़ लौटाए जाएंगे तो जो अमल वे करते रहे, वह उन को बता देगा और ख़ुदा हर चीज़ को जानता है। (६४)★

२५ सूरः फ़ुर्क़ान ४२

सूरः फ़ुर्क़ान मक्की है और इस में ७७ आयतें और छः रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

वह (ख़ुदा-ए-अज्ज़ व जल्ल) बहुत ही बरकत वाला है, जिस ने अपने बन्दे पर क़ुरआन नाज़िल फ़रमाया, ताकि दुनिया वालों को हिदायत करे। (१) वही कि आसमानों और ज़मीन की बादशाही उसी की है और जिस ने (किसी को) बेटा नहीं बनाया और जिस का बादशाही में कोई शरीक नहीं और जिस ने हर चीज को पैदा किया, फिर उस का एक अन्दाज़ा ठहराया। (२) और (लोगों ने) उस के सिवा और माबूद बना लिए हैं, जो कोई चीज़ भी पैदा नहीं कर सकते और ख़ुद पैदा किए गये हैं और न अपने नुक़्सान और नफ़ा का कुछ अख़्तियार रखते हैं और न मरना उन के अख़्तियार में है और न जीना और न (मर कर) उठ खड़े होना। (३) और काफ़िर कहते हैं कि यह (क़ुरआन) मनगढ़त बातें हैं, जो इस (रिसालत के दावेदार) ने बना ली हैं और लोगों ने इस में उस की मदद की है। ये लोग (ऐसा कहने से) ज़ुल्म और झूठ पर (उतर) आए हैं। (४) और कहते हैं कि यह पहले लोगों की कहानियां हैं, जिन को उस ने जमा कर रखा है। और वह सुबह व शाम उस को पढ़-पढ़ कर सुनायी जाती हैं। (५) कह दो कि उस को उस ने उतारा है जो आसमानों और ज़मीन की छिपी बातों को जानता है। बेशक वह बख़्शने वाला मेहरबान है। (६) और कहते हैं, यह कैसा पैग़म्बर है कि खाना खाता है और बाज़ारों में चलता-फिरता है, इस पर कोई फ़रिश्ता क्यों नाज़िल नहीं किया गया कि इस के साथ हिदायत करने को रहता। (७) या

★रु. ६/१५ आ ३ ∴ मु. अ़ि मु. त क़ १०

ओ युल्क़ा इलैहि कन्ज़ुन् ओ तकूनु लहू जन्नतुंय्यअ्कुलु मिन्हा ط व क़ालज़्ज़ालिमू-न इन् तत्तबिअू-न इल्ला रजुलम्-मस्हूरा (८) उन्ज़ुर् कै-फ़ ज़-रबू ल-कल्-अम्सा-ल फ़ज़ल्लू फ़ला यस्ततीअू-न सबीला ★(९) तबारकल्लज़ी इन् शा-अ ज-अ-ल ल-क ख़ैरम्मिन् ज़ालि-क जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु لا व यज्-अल् ल-क क़ुसूरा (१०) बल् कज़्ज़बू बिस्साअ़ति व अअ्-तद्-ना लिमन् कज़्ज़-ब बिस्साअ़ति सअ़ीरा ج (११) इज़ा र-अत्हुम् मिम्-मकानिम्-बअ़ीदिन् समिअ़ू लहा त-ग़य्युज़ंव्-व ज़फ़ीरा (१२) व इज़ा उल्क़ू मिन्हा मकानन् ज़य्यिक़म्-मुक़र्रनी-न दऔ हुनालि-क सुबूरा ط (१३) ला तद्अुल्-यौ-म सुबूरंव्वाहिदंव्वद्अू सुबूरन् कसीरा (१४) क़ुल् अ ज़ालि-क ख़ैरुन् अम् जन्नतुल्-ख़ुल्दिल्-लती वुअ़िदल्-मुत्तक़ू-न ط कानत् लहुम् जज़ाअंव्-व मसीरा (१५) लहुम् फ़ीहा मा यशाऊ-न ख़ालिदी-न ط का-न अ़ला रब्बि-क वअ्-दम्-मस्ऊला (१६) व यौ-म यह्शुरुहुम् व मा यअ्-बुदू-न मिन् दूनिल्लाहि फ़-यक़ूलु अ अन्तुम् अज़्-लल्तुम् अिबादी हाउला-इ अम् हुम् ज़ल्लुस्सबील ط (१७) क़ालू सुब्हान-क मा का-न यम्बग़ी लना अन् नत्तख़ि-ज़ मिन् दूनि-क मिन् औलिया-अ व लाकिम्-मत्तअ्-तहुम् व आबा-अहुम् हत्ता नसुज़्ज़िक्-र ج व कानू क़ौमम्बूरा (१८) फ़-क़द् कज़्ज़बूकुम् बिमा तक़ूलू-न لا फ़मा तस्ततीअ़ू-न सर्फ़ंव्-व ला नस्रन् ج व मंय्यज़्लिम् मिन्कुम् नुज़िक़्हु अ़ज़ाबन् कबीरा (१९) व मा अर्सल्ना क़ब्ल-क मिनल्-मुर्सली-न इल्ला इन्नहुम् ल-यअ्कुलूनत्-तआ़-म व यम्शू-न फ़िल्अस्वाक़ि ط व ज-अ़ल्ना बअ्-ज़कुम् लिबअ्-ज़िन् फ़ित्-न-तन् ط अ-तस्बिरू-न ج व का-न रब्बु-क बसीरा ★(२०)

فَيَكُونَ مَعَهُ نَذِيرًا ﴿٧﴾ أَوْ يُلْقَىٰ إِلَيْهِ كَنزٌ أَوْ تَكُونُ لَهُ جَنَّةٌ يَأْكُلُ مِنْهَا ۚ وَ
قَالَ الظَّالِمُونَ إِن تَتَّبِعُونَ إِلَّا رَجُلًا مَّسْحُورًا ﴿٨﴾ انظُرْ كَيْفَ ضَرَبُوا لَكَ
الْأَمْثَالَ فَضَلُّوا فَلَا يَسْتَطِيعُونَ سَبِيلًا ﴿٩﴾ تَبَارَكَ الَّذِي إِن شَاءَ
جَعَلَ لَكَ خَيْرًا مِّن ذَٰلِكَ جَنَّاتٍ تَجْرِي مِن تَحْتِهَا الْأَنْهَارُ وَيَجْعَل
لَّكَ قُصُورًا ﴿١٠﴾ بَلْ كَذَّبُوا بِالسَّاعَةِ ۖ وَأَعْتَدْنَا لِمَن كَذَّبَ بِالسَّاعَةِ سَعِيرًا ﴿١١﴾
إِذَا رَأَتْهُم مِّن مَّكَانٍ بَعِيدٍ سَمِعُوا لَهَا تَغَيُّظًا وَزَفِيرًا ﴿١٢﴾ وَإِذَا أُلْقُوا مِنْهَا
مَكَانًا ضَيِّقًا مُّقَرَّنِينَ دَعَوْا هُنَالِكَ ثُبُورًا ﴿١٣﴾ لَّا تَدْعُوا الْيَوْمَ ثُبُورًا
وَاحِدًا وَادْعُوا ثُبُورًا كَثِيرًا ﴿١٤﴾ قُلْ أَذَٰلِكَ خَيْرٌ أَمْ جَنَّةُ الْخُلْدِ الَّتِي
وُعِدَ الْمُتَّقُونَ ۚ كَانَتْ لَهُمْ جَزَاءً وَمَصِيرًا ﴿١٥﴾ لَّهُمْ فِيهَا مَا يَشَاءُونَ
خَالِدِينَ ۚ كَانَ عَلَىٰ رَبِّكَ وَعْدًا مَّسْئُولًا ﴿١٦﴾ وَيَوْمَ يَحْشُرُهُمْ وَمَا يَعْبُدُونَ
مِن دُونِ اللَّهِ فَيَقُولُ أَأَنتُمْ أَضْلَلْتُمْ عِبَادِي هَٰؤُلَاءِ أَمْ هُمْ ضَلُّوا
السَّبِيلَ ﴿١٧﴾ قَالُوا سُبْحَانَكَ مَا كَانَ يَنبَغِي لَنَا أَن نَّتَّخِذَ مِن دُونِكَ
مِنْ أَوْلِيَاءَ وَلَٰكِن مَّتَّعْتَهُمْ وَآبَاءَهُمْ حَتَّىٰ نَسُوا الذِّكْرَ وَكَانُوا
قَوْمًا بُورًا ﴿١٨﴾ فَقَدْ كَذَّبُوكُم بِمَا تَقُولُونَ فَمَا تَسْتَطِيعُونَ صَرْفًا
وَلَا نَصْرًا ۚ وَمَن يَظْلِم مِّنكُمْ نُذِقْهُ عَذَابًا كَبِيرًا ﴿١٩﴾ وَمَا أَرْسَلْنَا
قَبْلَكَ مِنَ الْمُرْسَلِينَ إِلَّا إِنَّهُمْ لَيَأْكُلُونَ الطَّعَامَ وَيَمْشُونَ فِي الْأَسْوَاقِ
وَجَعَلْنَا بَعْضَكُمْ لِبَعْضٍ فِتْنَةً أَتَصْبِرُونَ ۗ وَكَانَ رَبُّكَ بَصِيرًا ﴿٢٠﴾

★रु. १/१६ आ ९ ★रु. २/१७ आ ११

उस की तरफ़ (आसमान से) ख़ज़ाना उतारा जाता या उस का कोई बाग़ होता कि उसमें से खाया करता और ज़ालिम कहते हैं कि तुम तो एक जादू किए हुए शख़्स की पैरवी करते हो। (८) (ऐ पैग़म्बर!) देखो तो ये तुम्हारे बारे में किस-किस तरह की बातें करते हैं, सो गुमराह हो गये और रास्ता नहीं पा सकते ★ (९) वह (ख़ुदा) बहुत बरकत वाला है, जो अगर चाहे, तो तुम्हारे लिए इस से बेहतर (चीज़ें) बना दे, (यानी) बाग़, जिन के नीचे नहरें बह रही हों, और तुम्हारे लिए महल बना दे। (१०) बल्कि ये तो क़ियामत ही को झुठलाते हैं और हमने क़ियामत के झुठलाने वालों के लिए दोज़ख़ तैयार कर रखी है। (११) जिस वक़्त वह उन को दूर से देखेगी, तो (ग़ज़बनाक हो रही होगी और ये) उस के जोशे (ग़ज़ब) और चीख़ने-चिल्लाने को सुनेंगे। (१२) और जब ये दोज़ख़ की किसी तंग जगह में (ज़ंजीरों में) जकड़ कर डाले जाएंगे तो वहां मौत को पुकारेंगे। (१३) आज एक ही मौत को न पुकारो, बहुत-सी मौतों को पुकारो। (१४) पूछो कि यह बेहतर है या हमेशा की जन्नत, जिस का परहेज़गारों से वायदा है। यह उन (के अमलों का) बदला और रहने का ठिकाना होगा। (१५) वहां जो चाहेंगे, उन के लिए (मयस्सर) होगा, हमेशा उस में रहेंगे। यह वायदा ख़ुदा को (पूरा करना) ज़रूरी है और इस लायक़ है कि मांग लिया जाए। (१६) और जिस दिन (ख़ुदा) इन को और उन को जिन्हें ये ख़ुदा के सिवा पूजते हैं, जमा करेगा, तो फ़रमाएगा, क्या तुम ने मेरे इन बन्दों को गुमराह किया था या ये ख़ुद गुमराह हो गये थे। (१७) वे कहेंगे, तू पाक है, हमें यह बात मुनासिब न थी कि तेरे सिवा औरों को दोस्त बनाते, लेकिन तू ने ही उन को और उन के बाप-दादा को बरतने की नेमतें दीं, यहां तक कि वे तेरी याद को भूल गये और ये हलाक होने वाले लोग थे। (१८) तो (काफ़िरो!) उन्हों ने तो तुम को तुम्हारी बात में झुठला दिया पस (अब) तुम (अज़ाब को) न फेर सकते हो। न (किसी से) मदद ले सकते हो। और जो शख़्स तुम में से ज़ुल्म करेगा, हम उस को बड़े अज़ाब का मज़ा चखाएंगे। (१९) और हमने तुम से पहले जितने पैग़म्बर भेजे हैं, सब खाना खाते थे और बाज़ारों में चलते-फिरते थे और हम ने तुम्हें एक-दूसरे के लिए आज़माइश बनाया। क्या तुम सब्र करोगे और तुम्हारा परवरदिगार तो देखने वाला है। (२०) ★

★रु. १/१६ आ ९ ★रु. २/१७ आ ११

उन्नीसवां पारः व क़ालल्लज़ी-न

सूरतुल-फ़ुर्क़ानि आयात २१ से ७७

व क़ालल्लज़ी-न ला यर्जू-न लिक़ा-अना लौ ला उन्ज़ि-ल अलैनल्-मलाइकतु औ नरा रब्बना॰ ल-क़दिस्तक्बरू फ़ी अन्फ़ुसिहिम् व अतौ अुतुव्वन् कबीरा (२१) यौ-म यरौनल्-मलाइ-क-त ला बुश्रा यौमइज़िल्-लिल्मुज्रिमी-न व यक़ूलू-न हिज्रम्-मह्जूरा (२२) व क़दिम्ना इला मा अमिलू मिन् अ-मलिन् फ़-ज-अल्नाहु हबा-अम् - मन्सूरा (२३) अस्-हाबुल् - जन्नति यौमइज़िन् खैरुम् - मुस्त-क़र्-रंव्-व अह्सनु मक़ीला (२४) व यौ-म त - शक़्क़क़ुस्समाउ बिल्ग़मामि व नुज़्ज़िलल् - मलाइकतु तन्ज़ीला (२५) अल्मुल्कु यौमइज़ि-निल्-हक़्क़ु लिर्रह्मानि॰ व का-न यौमन् अ-लल्-काफ़िरी-न असीरा (२६) व यौ-म य-अज़्ज़ुज़्ज़ालिमु अला यदैहि यक़ूलु यालैतनित्तख़ज़्तु म-अर्रसूलि सबीला (२७) या वैलता लै-तनी लम् अत्तख़िज़् फ़ुलानन् ख़लीला (२८) ल-क़द् अ-ज़ल्लनी अनिज़्ज़िक्रि बअ्-द इज़् जा-अनी॰ व कानश्शैतानु लिल्इन्सानि ख़ज़ूला (२९) व क़ालर्रसूलु या रब्बि इन्-न क़ौमित्त-ख़ज़ू हाज़ल्-क़ुर्आ-न मह्जूरा (३०) व कज़ालि-क ज-अल्ना लिकुल्लि नबिय्यिन् अदुव्वम्मिनल्-मुज्रिमी-न॰ व कफ़ा बिरब्बि-क हादियंव्-व नसीरा (३१) व क़ालल्लज़ी-न क-फ़रू लौ ला नुज़्ज़ि-ल अलैहिल्-क़ुर्आनु जुम-ल-तंव्वाहि-द-तन्॰ कज़ालि-क॰ लिनुसब्बि-त बिही फ़ुआद-क व रत्तल्नाहु तर्तीला (३२) व ला यअ्तून-क बि-म-सलिन् इल्ला जिअ्ना-क बिल्हक़्क़ि व अह्-स-न तफ़्सीरा॰ (३३) अल्लज़ी-न युह्शरू-न अला वुजूहिहिम् इला जहन्न-म॰ उलाइ-क शर्रुम्-मकानंव्-व अ-ज़ल्लु सबीला★(३४) व ल-क़द् आतैना मूसल्-किता-ब व ज-अल्ना म-अहू अख़ाहु हारू-न वज़ीरा॰(३५) फ़क़ुल्नज़्हबा इलल्-क़ौमिल्लज़ी-न कज़्ज़बू बिआयातिना॰ फ़ - दम्मर्नाहुम् तद्मीरा॰ (३६)

وقال الذين لا يرجون لقاءنا لولا أنزل علينا الملئكة أو
نرى ربنا لقد استكبروا في أنفسهم وعتو عتوا كبيرا ۝ يوم
يرون الملئكة لا بشرى يومئذ للمجرمين ويقولون حجرا
محجورا ۝ وقدمنا إلى ما عملوا من عمل فجعلنه هباء منثورا ۝
أصحب الجنة يومئذ خير مستقرا وأحسن مقيلا ۝ ويوم
تشقق السماء بالغمام ونزل الملئكة تنزيلا ۝ الملك يومئذ الحق
للرحمن وكان يوما على الكفرين عسيرا ۝ ويوم يعض الظالم
على يديه يقول يليتني اتخذت مع الرسول سبيلا ۝ يويلتى
ليتني لم أتخذ فلانا خليلا ۝ لقد أضلني عن الذكر بعد إذ
جاءني وكان الشيطن للإنسان خذولا ۝ وقال الرسول يرب
إن قومي اتخذوا هذا القرءان مهجورا ۝ وكذلك جعلنا لكل
نبي عدوا من المجرمين وكفى بربك هاديا ونصيرا ۝ وقال
الذين كفروا لولا نزل عليه القرءان جملة وحدة كذلك لنثبت
به فؤادك ورتلنه ترتيلا ۝ ولا يأتونك بمثل إلا جئنك بالحق
وأحسن تفسيرا ۝ الذين يحشرون على وجوههم إلى جهنم
أولئك شر مكانا وأضل سبيلا ۝ ولقد ءاتينا موسى الكتب و
جعلنا معه أخاه هرون وزيرا ۝ فقلنا اذهبا إلى القوم الذين

∴मु॰ अि॰ मु॰ ता॰ ख॰ १२ ★रु॰ ३/१ आ १४

और जो लोग हम से मिलने की उम्मीद नहीं रखते, कहते हैं कि हम पर फ़रिश्ते क्यों न नाज़िल किये गये या हम आंख से अपने परवरदिगार को देख लें। ये अपने ख़्याल में बड़ाई रखते हैं और (इसी वजह से) बड़े सरकश हो रहे हैं। (२१) जिस दिन ये फ़रिश्तों को देखेंगे, उस दिन गुनाहगारों के लिए कोई ख़ुशी की बात नहीं होगी और कहेंगे (ख़ुदा करे तुम) रोक लिए (और बंद कर दिए) जाओ।[1] (२२) और जो उन्हों ने अमल किए होंगे, हम उन की तरफ़ मुतवज्जह होंगे तो उनको उड़ती ख़ाक कर देंगे।(२३) उस दिन जन्नत वालों का ठिकाना भी बेहतर होगा और आराम की जगह भी ख़ूब होगी। (२४) और जिस दिन आसमान बादल के साथ फट जाएगा[2] और फ़रिश्ते नाज़िल किए जाएंगे। (२५) उस दिन सच्ची बादशाही ख़ुदा ही की होगी और वह दिन काफ़िरों पर (सख़्त) मुश्किल होगा। (२६) और जिस दिन (अंजाम से बे-ख़बर) ज़ालिम अपने हाथ काट-काट खाएगा (और) कहेगा कि ऐ काश ! मैं ने पैग़म्बर के साथ रास्ता अपनाया होता। (२७) हाय शामत ! काश ! मैं ने फ़्लां शख़्स को दोस्त न बनाया होता। (२८) उस ने मुझ को नसीहत (की किताब) के मेरे पास आने के बाद बहका दिया और शैतान इंसान को वक़्त पर दग़ा देने वाला है। (२९) और पैग़म्बर कहेंगे कि ऐ परवरदिगार ! मेरी क़ौम ने इस क़ुरआन को छोड़ रखा था।[3] (३०) और इसी तरह हमने गुनाहगारों में से हर पैग़म्बर का दुश्मन बना दिया और तुम्हारा परवरदिगार हिदायत देने और मदद करने को काफ़ी है। (३१) और काफ़िर कहते हैं कि इस पर क़ुरआन एक ही बार क्यों नहीं उतारा गया, ∴इस तरह∴ (धीरे-धीरे) इसलिए (उतारा गया) कि इस से तुम्हारे दिल को क़ायम रखें और (इसी वास्ते) हम उस को ठहर-ठहर कर पढ़ते रहे हैं। (३२) और ये लोग तुम्हारे पास जो (एतराज़ की) बात लाते हैं, हम तुम्हारे पास सही और ख़ूब बेहतर जवाब भेज देते हैं। (३३) जो लोग अपने मुंहों के बल दोज़ख़ की तरफ़ जमा किए जाएंगे, उन का ठिकाना भी बुरा है और वे रास्ते से भी बहके हुए हैं। (३४)★

और हमने मूसा को किताब दी और उन के भाई हारून को मददगार बना कर उन के साथ मिला दिया। (३५) और कहा कि दोनों उन लोगों के पास जाओ, जिन्हों ने हमारी आयतों को झुठलाया। (जब झुठलाने पर अड़े रहे) तो हमने उन को हलाक कर डाला। (३६) और नूह की

---

१. यानी ख़ुदा तुम से पनाह में रखे। अरबों की आदत है कि जब उन में से किसी पर कोई सख़्ती और आफ़त व बला नाज़िल होती है, तो कहते हैं 'हिज-रम मह्जूरा' जैसे हम कहते हैं कि ख़ुदा की पनाह।

२. यानी आसमान के फटने के साथ वह बदली भी फट जाएगी, जो आसमान और लोगों के दर्मियान है। कुछ लोगों ने कहा कि आसमान फट जाएगा, इस हाल में कि उस पर बादल होगा। कुछ लोगों ने कहा कि आसमान बादल की वजह से फट जाएगा यानी बदली ज़ाहिर होगी और उस की वजह से आसमान फट जाएगा।

३. प्यारे नबी सल्ल० क़ियामत के दिन ख़ुदा से शिकायतें करेंगे कि मेरे परवरदिगार ! मेरी क़ौम ने क़ुरआन को छोड़ दिया। छोड़ देने की कई शक्लें हैं—इस को न मानना और इस पर ईमान न लाना भी छोड़ देना है। इस में ग़ौर न करना और सोच-समझ कर न पढ़ना भी छोड़ देना है। इस के हुक्मों का न मानना और इस की मना की हुई चीज़ों से न रुकना भी छोड़ देना है। क़ुरआन की परवाह न कर के दूसरी चीज़ों जैसे बेहूदा नाविलों, दीवानों, लग्व बातों, खेल-तमाशों, राग व रंग में लगा रहना भी छोड़ देना है। अफ़सोस है कि आजकल के मुसल्मान क़ुरआन की तरफ़ से निहायत ग़ाफ़िल हो रहे हैं। उस के पढ़ने-सोचने-समझने और हिदायतों से फ़ायदा उठाने की तरफ़ तवज्जोह नहीं करते और यह खुल्लम-खुल्ला क़ुरआन मजीद का छोड़ना है। अल्लाह तआला उन

(शेष पृष्ठ ५७७ पर)

व क़ौ-म नूहि़ल्लम्मा कज़्ज़बुर्रुसु-ल अग़्-रक़्नाहुम् व ज-अ़ल्नाहुम् लिन्नासि आ-य-तन्, व अअ्-तद्ना लिज़्ज़ालिमी-न अ़ज़ाबन् अलीमा (३७) व आ़दंव्-व समू-द व अस्हा़बर्रस्सि व क़ुरूनम्-बै-न ज़ालि-क कसीरा (३८) व कुल्लन् ज़-रब्ना लहुल्-अम्सा-ल व कुल्लन् तब्बर्ना तत्बीरा (३९) व ल-क़द् अतौ अ़-लल्-क़र्यतिल्लती उम्ति़-रत् म-त़-रस्सौइ, अ-फ़-लम् यकूनू यरौनहा बल् कानू ला यर्जू-न नुशूरा (४०) व इज़ा रऔ-क इंय्यत्तख़िज़ू-न-क इल्ला हुज़ुवा, अहाज़ल्लज़ी ब-अ़-सल्लाहु रसूला (४१) इन् का-द लयुज़िल्लुना अ़न् आलिहतिना लौला अन् स़-बर्ना अ़लैहा, व सौ-फ़ यअ्-लमू-न ही़-न यरौनल्-अ़ज़ा-ब मन् अ-ज़ल्लु सबीला (४२) अ-रऐ-त मनित्त-ख़-ज़ इलाहहू हवाहु, अ-फ़-अन्-त तकूनु अ़लैहि वकीला (४३) अम् तह़्सबु अन्-न अक्स-रहुम् यस्मअू-न औ यअ्-क़िलू-न, इन् हुम् इल्ला कल्-अन्आ़मि बल् हुम् अ-ज़ल्लु सबीला ★ (४४) अ-लम् त-र इला रब्बि-क कै-फ़ मद्दज़्ज़िल्-ल व लौ शा-अ ल-ज-अ़-लहू साकिनन् सुम्-म ज-अ़ल्नश्शम्-स अ़लैहि दलीला (४५) सुम्-म क़-बज़्नाहु इलैना क़ब्ज़ंय्यसीरा (४६) व हुवल्लज़ी ज-अ़-ल लकुमुल्लै-ल लिबासंव्वन्नौ-म सुबातंव्-व ज-अ़-लन्-नहा-र नुशूरा (४७) व हुवल्लज़ी अर्स-लर्रिया-ह़ बुश्रम्-बै-न यदै रह़्मतिही व अन्ज़ल्ना मिनस्समाइ माअन् त़हूरल्- (४८) -लिनुह़्यि-य बिही बल्द-तम्-मैतंव्-व नुस्क़ि-यहू मिम्मा ख़-लक़्ना अन्आ़मंव्-व अनासिय्-य कसीरा (४९) व ल-क़द् स़र्रफ़्नाहु बैनहुम् लियज़्ज़क्करू फ़-अबा अक्सरुन्नासि इल्ला कुफ़ूरा (५०) व लौ शिअ्ना ल-बअ़स्ना फ़ी कुल्लि क़र्-यतिन् नज़ीरा (५१) फ़ला तुति़अिल्-काफ़िरी-न व जाहिद्हुम् बिही जिहादन् कबीरा (५२)

كذبوا بايتنا فدمرنهم تدميرا ۝ وقوم نوح لما كذبوا الرسل
اغرقنهم وجعلنهم للناس اية واعتدنا للظلمين عذابا اليما ۝ و
عادا وثمودا واصحب الرس وقرونا بين ذلك كثيرا ۝ وكلا ضربنا
له الامثال وكلا تبرنا تتبيرا ۝ ولقد اتوا على القرية التي امطرت
مطر السوء افلم يكونوا يرونها بل كانوا لا يرجون نشورا ۝ واذا
راوك ان يتخذونك الا هزوا اهذا الذي بعث الله رسولا ۝ ان
كاد ليضلنا عن الهتنا لولا ان صبرنا عليها وسوف يعلمون
حين يرون العذاب من اضل سبيلا ۝ ارءيت من اتخذ الهه
هوىه افانت تكون عليه وكيلا ۝ ام تحسب ان اكثرهم يسمعون
او يعقلون ان هم الا كالانعام بل هم اضل سبيلا ۝ الم تر الى
ربك كيف مد الظل ولو شاء لجعله ساكنا ثم جعلنا الشمس عليه
دليلا ۝ ثم قبضنه الينا قبضا يسيرا ۝ وهو الذي جعل لكم
اليل لباسا والنوم سباتا وجعل النهار نشورا ۝ وهو الذي
ارسل الريح بشرا بين يدي رحمته وانزلنا من السماء ماء
طهورا ۝ لنحي به بلدة ميتا ونسقيه مما خلقنا انعاما واناسي
كثيرا ۝ ولقد صرفنه بينهم ليذكروا فابى اكثر الناس الا
كفورا ۝ ولو شئنا لبعثنا في كل قرية نذيرا ۝ فلا تطع الكفرين و

★रु. ४/२ आ १०

क़ौम ने भी जब पैग़म्बरों को झुठलाया, तो हमने उन्हें डुबो दिया और लोगों के लिए निशानी बना दिया और ज़ालिमों के लिए हमने दुख देने वाला अज़ाब तैयार कर रखा है। (३७) और आद और समूद और कुएं वालों और उनके दर्मियान और बहुत सी जमाअतों को भी (हलाक कर दिया)। (३८) और सब के (समझाने के) लिए हम ने मिसालें बयान कीं और न (मानने पर) सब का तहस-नहस कर दिया। (३९) और ये (काफ़िर) उस बस्ती पर भी गुज़र चुके हैं, जिस पर बुरी तरह का मेंह बरसाया गया था, ये इस को देखते न होंगे, बल्कि उन को तो (मरने के बाद) जी उठने की उम्मीद ही नहीं। (४०) और ये लोग जब तुम को देखते हैं, तो तुम्हारी हंसी उड़ाते हैं कि क्या यही शख़्स है, जिस को ख़ुदा ने पैग़म्बर बना कर भेजा है। (४१) अगर हम अपने माबूदों के बारे में साबित क़दम न रहते, तो यह ज़रूर हम को बहका देता (और) उन से (फेर देता) और ये बहुत जल्द मालूम कर लेंगे, जब अज़ाब देखेंगे कि सीधे रास्ते से कौन भटका हुआ है। (४२) क्या तुम ने उस शख़्स को देखा, जिस ने नफ़्स की ख़्वाहिश को माबूद बना रखा है, तो क्या तुम उस पर निगहबान हो सकते हो? (४३) या तुम यह ख़्याल करते हो कि इन में अक्सर सुनते या समझते हैं? (नहीं) ये तो चौपायों की तरह के हैं बल्कि उन से भी ज़्यादा गुमराह हैं★(४४) भला तुम ने अपने परवरदिगार (की क़ुदरत) को नहीं देखा कि वह साए को किस तरह लंबा कर (के फैला) देता है और अगर वह चाहता तो उस को (बे-हरकत) ठहरा रखता, फिर सूरज को उस का रहनुमा बना देता है। (४५) फिर हम उस को धीरे-धीरे अपनी तरफ़ समेट लेते हैं। (४६) और वही तो है, जिस ने रात को तुम्हारे लिए पर्दा और नींद को आराम बनाया और दिन को उठ खड़े होने का वक़्त ठहराया। (४७) और वही तो है, जो अपनी रहमत के मेंह के आगे हवाओं को ख़ुशख़बरी बना कर भेजता है और हम आसमान से पाक (और निथरा हुआ) पानी बरसाते हैं। (४८) ताकि इस से मुर्दा शहर (यानी बंजर ज़मीन) को ज़िंदा कर दें और फिर हम उसे बहुत से चौपायों और आदमियों को, जो हमने पैदा किए हैं, पिलाते हैं। (४९) और हमने इस (क़ुरआन की आयतों) को तरह-तरह से लोगों में बयान किया ताकि नसीहत पकड़ें, मगर बहुत से लोगों ने इंकार के सिवा क़ुबूल न किया। (५०) और अगर हम चाहते तो हर बस्ती में डराने वाला भेज देते। (५१) तो तुम काफ़िरों का कहा न मानो और उनसे इस क़ुरआन के हुक्म

(पृष्ठ ५३५ का शेष)

को इस तरफ़ तवज्जोह देने और उन की तिलावत में लगे रहने की तौफ़ीक़ बख़्शे ताकि वे उन पर अमल करें और उन को दोनों दुनिया की कामियाबी हासिल हो।

★रु. ४/२ आ १०

व हुवल्लज़ी म-र-जल्-बह़्रैनि हाज़ा अज़्बुन् फ़ुरातुंव्-व हाज़ा मिल्हुन् उजाजुन् व ज-अ-ल बैनहुमा बर्ज़ख़ंव-व हिज्रम्-मह़्जूरा (५३) व हुवल्लज़ी ख़-ल-क़ मिनल्माइ ब-श-रन् फ़-ज-अ-लहू न-स-बंव्-व सिह्रन्ᵇव का-न रब्बु-क क़दीरा (५४) व यअ्-बुदू-न मिन् दूनिल्लाहि मा ला यन्फ़अुहुम् व ला यज़ुर्रुहुम्ᵇव कानल्काफ़िरु अ़ला रब्बिही ज़हीरा (५५) व मा अर-सल्ना-क इल्ला मुबश्शिरंव्-व नज़ीरा (५६) क़ुल् मा अस्अलुकुम् अ़लैहि मिन् अज्रिन् इल्ला मन् शा-अ अंय्यत्तख़ि-ज़ इला रब्बिही सबीला (५७) व त-वक्कल् अ़-लल्-ह़य्यिल्लज़ी ला यमूतु व सब्बिह़् बिह़म्दिही ᵇ व कफ़ा बिही बिज़ुनूबि अ़िबादिही ख़बीरा (५८) अल्लज़ी ख़-ल-क़स्समावाति वल्अर-ज़ व मा बैनहुमा फ़ी सित्तति अय्यामिन् सुम्मस्तवा अ़-लल्अ़र्शि ۚ अर्रह़्मानु फ़स् - अल् बिही ख़बीरा (५९) व इज़ा क़ी-ल लहुमुस्जुदू लिर्रह़्मानि क़ालू व मर्रह़्मानु अ-नस्जुदु लिमा तअ्मुरुना व ज़ादहुम् नुफ़ूरा ★ □ (६०) तबा-रकल्लज़ी ज-अ-ल फ़िस्समाइ बुरूजंव्-व ज-अ-ल फ़ीहा सिराजंव्-व क़-म-रम्-मुनीरा (६१) व हुवल्लज़ी ज-अ-लल्लै-ल वन्नहा-र ख़िल्फ़तल्लिमन् अरा-द अंय्यज़्ज़क्क-र औ अरा-द शुकूरा (६२) व अ़िबादुर्रह़्मानिल्लज़ी-न यम्शू-न अ़लल्अर्ज़ि हौनंव्-व इज़ा ख़ा-त-बहुमुल्-जाहिलू-न क़ालू सलामा (६३) वल्लज़ी-न यबीतू-न लिरब्बिहिम् सुज्जदंव्-व क़ियामा (६४) वल्लज़ी-न यक़ूलू-न रब्ब-नस्रिफ़ अ़न्ना अ़ज़ा-ब जहन्न-म ۖ इन्-न अ़ज़ाबहा का-न ग़रामा ۖ (६५) इन्नहा सा-अत् मुस्तक़र्रंव्-व मुक़ामा (६६) वल्लज़ी-न इज़ा अन्फ़क़ू लम् युस्रिफ़ू व लम् यक़्तुरू व का-न बै-न ज़ालि-क क़वामा (६७)

جاهدهم به جهادا كبيرا ۝ وهو الذي مرج البحرين هذا عذب
فرات وهذا ملح اجاج وجعل بينهما برزخا وحجرا محجورا ۝ و
هو الذي خلق من الماء بشرا فجعله نسبا وصهرا وكان ربك قديرا ۝
ويعبدون من دون الله ما لا ينفعهم ولا يضرهم وكان الكافر على
ربه ظهيرا ۝ وما ارسلناك الا مبشرا ونذيرا ۝ قل ما اسئلكم عليه
من اجر الا من شاء ان يتخذ الى ربه سبيلا ۝ وتوكل على
الحي الذي لا يموت وسبح بحمده وكفى به بذنوب عباده خبيرا ۝
الذي خلق السموت والارض وما بينهما في ستة ايام ثم استوى
على العرش الرحمن فسئل به خبيرا ۝ واذا قيل لهم اسجدوا
للرحمن قالوا وما الرحمن انسجد لما تامرنا وزادهم نفورا ۩
تبرك الذي جعل في السماء بروجا وجعل فيها سرجا وقمرا منيرا ۝
وهو الذي جعل اليل والنهار خلفة لمن اراد ان يذكر او اراد
شكورا ۝ وعباد الرحمن الذين يمشون على الارض هونا و
اذا خاطبهم الجهلون قالوا سلما ۝ والذين يبيتون لربهم
سجدا وقياما ۝ والذين يقولون ربنا اصرف عنا عذاب جهنم
ان عذابها كان غراما ۝ انها ساءت مستقرا ومقاما ۝ و
الذين اذا انفقوا لم يسرفوا ولم يقتروا وكان بين ذلك قواما ۝

मु. अ मु त क़. ८ ★रु. ५/३ आ १६ □सज्दः ७

के मुताबिक़ बड़े ज़ोर से लड़ो। (५२) और वही तो है जिस ने दो नदियों को मिला दिया, एक का पानी मीठा है, प्यास बुझाने वाला और दूसरे का खारी है छाती जलाने वाला और दोनों के दर्मियान एक आड़ और मज़बूत ओट बना दी। (५३) और वही तो है, जिस ने पानी से आदमी पैदा किया, फिर उस को नसब वाला और दामादी रिश्ते वाला[1] बनाया और तुम्हारा परवरदिगार (हर तरह की) क़ुदरत रखता है। (५४) और ये लोग ख़ुदा को छोड़ कर ऐसी चीज़ की पूजा करते हैं कि जो न उन को फ़ायदा पहुंचा सके और न नुक़सान और काफ़िर अपने परवरदिगार की मुख़ालफ़त में बड़ा ज़ोर मारता है। (५५) और हमने (ऐ मुहम्मद!) तुम को सिर्फ़ ख़ुशी और अज़ाब की ख़बर सुनाने को भेजा है। (५६) कह दो कि मैं तुम से इस (काम) का मुआवज़ा नहीं मांगता। हां, जो शख़्स चाहे अपने परवरदिगार की तरफ़ (जाने का) रास्ता अख़्तियार कर ले। (५७) और उस (ख़ुदा-ए-) ज़िंदा पर भरोसा रखो जो (कभी) नहीं मरेगा और उस की तारीफ़ के साथ तस्बीह करते रहो और वह अपने बन्दों के गुनाहों से ख़बर रखने को काफ़ी है। (५८) जिस ने आसमानों और ज़मीन को और जो कुछ इन दोनों के दर्मियान है, छः दिन में पैदा किया, फिर अर्श पर जा ठहरा, (वह जिसका नाम रहमान यानी) बड़ा मेहरबान (है), तो उसका हाल किसी बा-ख़बर से मालूम कर लो, (५९) और जब इन (काफ़िरों) से कहा जाता है कि रहमान को सज्दा करो तो कहते हैं कि रहमान क्या? क्या जिसके लिए तुम हम से कहते हो, हम उस के आगे सज्दा करें? और उस से बिदकते हैं। (६०)★□

(और ख़ुदा) बड़ी बरकत वाला है, जिस ने आसमानों में बुर्ज बनाए और उन में (सूरज का निहायत रोशन) चिराग़ और चमकता हुआ चांद भी बनाया। (६१) और वही तो है जिस ने रात और दिन को एक-दूसरे के पीछे आने-(जाने) वाला बनाया।[2] (ये बातें) उस शख़्स के लिए, जो ग़ौर करना चाहे या शुक्र-गुज़ारी का इरादा करे (सोचने और समझने की हैं)। (६२) और ख़ुदा के बन्दे तो वे हैं जो ज़मीन पर आहिस्तगी से चलते हैं और जब जाहिल लोग उन से (जाहिलाना) बात-चीत करते हैं तो सलाम कहते हैं। (६३) और वे जो अपने परवरदिगार के आगे सज्दे कर के और (इज़्ज़त व अदब से) खड़े रह कर रातें बसर करते हैं। (६४) और वे जो दुआ मांगते रहते हैं कि ऐ परवरदिगार! दोज़ख़ के अज़ाब को हम से दूर रखियो कि उस का अज़ाब बड़ी तक्लीफ़ की चीज़ है। (६५) और दोज़ख़ ठहरने और रहने की बहुत बुरी जगह है। (६६) और वे कि जब ख़र्च करते हैं तो न बे-जा उड़ाते हैं और न तंगी को काम में लाते हैं, बल्कि एतदाल के साथ, न

१. किसी का बाप, किसी का बेटा, किसी का ससुर, किसी का दामाद बना दिया।
२. जानशीं के यह मानी कि वह जाती है, तो यह आता है और यह जाता है तो वह आती है।

वल्लज़ी-न ला यद्अू-न म-अल्लाहि इलाहन् आख-र व ला यक़्तुलूनन्-नफ़्सल्लती हर्रमल्लाहु इल्ला बिल्हक़्क़ि व ला यज़्नू-न व मंय्यफ़्-अल् ज़ालि-क यल्-क़ असामंय-॥ (६८) युज़ाअफ़् लहुल्अज़ाबु यौमल्क़ियामति व यख़्लुद् फ़ीहि मुहाना (६९) इल्ला मन् ता-ब व आम-न व अमि-ल अ-म-लन् सालिहन् फ़-उलाइ-क युबद्दिलुल्लाहु सय्यिआतिहिम् ह-स-नातिन् व कानल्लाहु ग़फ़ूरर्-रहीमा (७०) व मन् ता-ब व अमि-ल सालिहन् फ़-इन्नहू यतूबु इलल्लाहि मताबा (७१) वल्लज़ी-न ला यश्हदूनज़्-ज़ू-र॥ व इज़ा मर्रू बिल्लग़्वि मर्रू किरामा (७२) वल्लज़ी-न इज़ा ज़ुक्किरू बिआयाति रब्बिहिम् लम् यख़िर्रू अलैहा सुम्मंव्-व अुम्याना (७३) वल्लज़ी-न यक़ूलू-न रब्बना हब्-लना मिन् अज़्वाजिना व ज़ुर्रिय्यातिना क़ुर्र-त अअ्-युनिंव्वज्अल्ना लिल्मुत्तक़ी-न इमामा (७४) उलाइ-क युज्ज़ौनल्-ग़ुर्-फ़-त बिमा स-बरू व युलक़्क़ौ-न फ़ीहा तहिय्यतंव्-व सलामा॥ (७५) ख़ालिदी-न फ़ीहा हसुनत् मुस्तक़र्रंव्-व मुक़ामा (७६) क़ुल् मा यअ्-बउ बिकुम् रब्बी लौला दुआउकुम् फ़-क़द् कज़्ज़ब्तुम् फ़सौ-फ़ यकूनु लिज़ामा ★●(७७)

وَالَّذِيْنَ لَا يَدْعُوْنَ مَعَ اللّٰهِ اِلٰهًا اٰخَرَ وَلَا يَقْتُلُوْنَ النَّفْسَ الَّتِيْ حَرَّمَ
اللّٰهُ اِلَّا بِالْحَقِّ وَلَا يَزْنُوْنَ وَمَنْ يَّفْعَلْ ذٰلِكَ يَلْقَ اَثَامًا ۝ يُّضٰعَفْ
لَهُ الْعَذَابُ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ وَيَخْلُدْ فِيْهٖ مُهَانًا ۝ اِلَّا مَنْ تَابَ وَاٰمَنَ
وَعَمِلَ عَمَلًا صَالِحًا فَاُولٰٓئِكَ يُبَدِّلُ اللّٰهُ سَيِّاٰتِهِمْ حَسَنٰتٍ وَكَانَ اللّٰهُ
غَفُوْرًا رَّحِيْمًا ۝ وَمَنْ تَابَ وَعَمِلَ صَالِحًا فَاِنَّهٗ يَتُوْبُ اِلَى اللّٰهِ
مَتَابًا ۝ وَالَّذِيْنَ لَا يَشْهَدُوْنَ الزُّوْرَ وَاِذَا مَرُّوْا بِاللَّغْوِ مَرُّوْا كِرَامًا ۝
وَالَّذِيْنَ اِذَا ذُكِّرُوْا بِاٰيٰتِ رَبِّهِمْ لَمْ يَخِرُّوْا عَلَيْهَا صُمًّا وَّعُمْيَانًا ۝ وَالَّذِيْنَ
يَقُوْلُوْنَ رَبَّنَا هَبْ لَنَا مِنْ اَزْوَاجِنَا وَذُرِّيّٰتِنَا قُرَّةَ اَعْيُنٍ وَّاجْعَلْنَا
لِلْمُتَّقِيْنَ اِمَامًا ۝ اُولٰٓئِكَ يُجْزَوْنَ الْغُرْفَةَ بِمَا صَبَرُوْا وَيُلَقَّوْنَ فِيْهَا
تَحِيَّةً وَّسَلٰمًا ۝ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا حَسُنَتْ مُسْتَقَرًّا وَّمُقَامًا ۝ قُلْ مَا
يَعْبَؤُا بِكُمْ رَبِّيْ لَوْلَا دُعَآؤُكُمْ فَقَدْ كَذَّبْتُمْ فَسَوْفَ يَكُوْنُ لِزَامًا ۝

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
طٰسٓمّٓ ۝ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ الْمُبِيْنِ ۝ لَعَلَّكَ بَاخِعٌ نَّفْسَكَ اَلَّا يَكُوْنُوْا
مُؤْمِنِيْنَ ۝ اِنْ نَّشَاْ نُنَزِّلْ عَلَيْهِمْ مِّنَ السَّمَآءِ اٰيَةً فَظَلَّتْ اَعْنَاقُهُمْ
لَهَا خٰضِعِيْنَ ۝ وَمَا يَاْتِيْهِمْ مِّنْ ذِكْرٍ مِّنَ الرَّحْمٰنِ مُحْدَثٍ اِلَّا كَانُوْا
عَنْهُ مُعْرِضِيْنَ ۝ فَقَدْ كَذَّبُوْا فَسَيَاْتِيْهِمْ اَنْۢبٰٓؤُا مَا كَانُوْا بِهٖ

२६ सूरतुश्-शु-अराइ ४७

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ५६८९ अक्षर, १३४७ शब्द, २२७ आयतें और ११ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

ता-सीम्-मीम् (१) तिल्-क आयातुल्-किताबिल्-मुबीन (२) ल-अल्ल-क बाख़िअुन् नफ़्स-क अल्ला यकूनू मुअ्मिनीन (३) इन् न-शअ् नुनज़्ज़िल् अलैहिम् मिनस्समाइ आ-य-तन् फ़-ज़ल्लत् अअ्-नाक़ुहुम् लहा ख़ाज़िईन (४) व मा यअ्तीहिम् मिन् ज़िक्रिम्-मिनर्रह्मानि मुह्-दसिन् इल्ला कानू अन्हु मुअ्-रिज़ीन (५) फ़-क़द् कज़्ज़बू फ़-स-यअ्तीहिम् अम्बाउ मा कानू बिही यस्तह्ज़िऊन (६)

★रु. ६/४ आ १७ ● रुबअ़ १/४

ज़रूरत से ज़्यादा, न कम। (६७) और वे जो ख़ुदा के साथ किसी और माबूद को नहीं पुकारते और जिस जानदार को मार डालना ख़ुदा ने हराम किया है, उस को क़त्ल नहीं करते, मगर जायज़ तरीक़े (यानी शरीअत के हुक्म) से और बद-कारी नहीं करते और जो यह काम करेगा, सख़्त गुनाह में पड़ा होगा। (६८) क़ियामत के दिन उस को दूना अज़ाब होगा और ज़िल्लत व ख़्वारी से हमेशा उस में रहेगा। (६९) मगर जिस ने तौबा की और ईमान लाया और अच्छे काम किये तो ऐसे लोगों के गुनाहों को ख़ुदा नेकियों से बदल देगा और ख़ुदा तो बख़्शने वाला मेहरबान है। (७०) और जो तौबा करता और नेक अमल करता है, तो बेशक वह ख़ुदा की तरफ़ रुजूअ करता है। (७१) और वे जो झूठी गवाही नहीं देते और जब उन को बेहूदा चीज़ों के पास से गुज़रने का इत्तिफ़ाक़ हो तो बुज़ुर्गों जैसे अन्दाज़ से गुज़रते हैं। (७२) और वे कि जब उन को परवरदिगार की बातें समझायी जाती हैं तो उन पर अंधे और बहरे हो कर नहीं गिरते, (बल्कि ग़ौर व फ़िक्र से सुनते हैं)। (७३) और वे जो (ख़ुदा से) दुआ मांगते हैं कि ऐ परवरदिगार ! हम को हमारी बीवियों की तरफ़ से (दिल का चैन) और औलाद की तरफ़ से आंख की ठंडक अता फ़रमा और हमें परहेज़गारों का इमाम बना। (७४) इन (ख़ूबियों के) लोगों को उन के सब्र के बदले ऊंचे-ऊंचे महल दिए जाएंगे और वहां फ़रिश्ते उन से दुआ व सलाम के साथ मुलाक़ात करेंगे। (७५) उसमें वे हमेशा रहेंगे और वह ठहरने और रहने की बहुत ही उम्दा जगह है। (७६) कह दो कि अगर तुम (ख़ुदा को) नहीं पुकारते तो मेरा परवरदिगार भी तुम्हारी कुछ परवाह नहीं करता। तुम ने झुठलाया है, सो उस की सज़ा (तुम्हारे लिए) लाज़िम (ज़रूरी) होगी। (७७) ★☐

२६ सूरः शुअरा ४७

सूरः शुअरा मक्की है और इस में दो सौ सत्ताईस आयतें और ग्यारह रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

त्वा-सीम्-मीम्। (१) ये रोशन किताब की आयतें हैं। (२) (ऐ पैग़म्बर!) शायद तुम इस (रंज) से कि ये लोग ईमान नहीं लाते, अपने आप को हलाक कर दोगे। (३) अगर हम चाहें तो इन पर आसमान से निशानी उतार दें, फिर इन की गरदनें उस के आगे झुक जाएं (४) और उन के पास (ख़ुदा-ए-) रहमान की तरफ़ से कोई नयी नसीहत नहीं आती, मगर उस से मुंह फेर लेते हैं (५) सो ये तो झुठला चुके, अब इन को उस चीज़ की हक़ीक़त मालूम होगी, जिस की हंसी उड़ाते

अ-व-लम् यरौ इलल्अर्ज़ि कम् अम्बत्ना फ़ीहा मिन् कुल्लि ज़ौजिन् करीम (७) इन्-न फ़ी ज़ालि-क लआयतन् व मा का-न अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (८) व इन्-न रब्ब-क लहुवल्-अज़ीज़ुर्रहीम★(९) व इज़् नादा रब्बु-क मूसा अनिअ्तिल्-क़ौमज़्-ज़ालिमीन ۙ (१०) क़ौ-म फ़िर्औ-न ط अला यत्तक़ू-न (११) क़ा-ल रब्बि इन्नी अख़ाफ़ु अंय्युकज़्ज़िबून ط (१२) व यज़ीक़ु सद्री व ला यन्तलिक़ु लिसानी फ़-अर्सिल् इला हारून (१३) व लहुम् अ-लय्-य ज़म्बुन् फ़-अख़ाफ़ु अंय्यक़्तुलून ج (१४) क़ा-ल कल्ला ج फ़ज़्-हबा बिआयातिना इन्ना म-अकुम् मुस्तमिऊन (१५) फ़अ्तिया फ़िर्औ-न फ़क़ूला इन्ना रसूलु रब्बिल्-आलमीन ۙ (१६) अन् अर्सिल् म-अना बनी इस्राईल ط (१७) क़ा-ल अ-लम् नुरब्बि-क फ़ीना वलीदंव्-व लबिस्-त फ़ीना मिन् उमुरि-क सिनीन ۙ (१८) व फ़-अल्-त फ़अ्-ल-त-कल्लती फ़-अल्-त व अन्-त मिनल्काफ़िरीन (१९) क़ा-ल फ़-अल्तुहा इज़व्-व अ-न मिनज़्ज़ाल्लीन ط (२०) फ़-फ़रर्तु मिन्कुम् लम्मा ख़िफ़्तुकुम् फ़-व-ह-ब ली रब्बी हुक्मंव्-व ज-अ-लनी मिनल्-मुर्सलीन (२१) व तिल्-क निअ्-मतुन् तमुन्नुहा अ-लय्-य अन् अ़ब्बत्-त बनी इस्राईल ط (२२) क़ा-ल फ़िर्औनु व मा रब्बुल्-आलमीन ط (२३) क़ा-ल रब्बुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमा ط इन् कुन्तुम् मूक़िनीन (२४) क़ा-ल लिमन् हौलहू अला तस्तमिऊन (२५) क़ा-ल रब्बुकुम् व रब्बु आबाइकुमुल्-अव्वलीन (२६) क़ा-ल इन्-न रसूलकुमुल्लज़ी उर्सि-ल इलैकुम् ल-मजनून (२७) क़ा-ल रब्बुल्-मश्रिक़ि वल्-मग़्रिबि व मा बैनहुमा ط इन् कुन्तुम् तअ्-क़िलून (२८)

الشعراء ٢٦ وقال الذين ١٩

يستهزءون ⑥ أولم يروا إلى الأرض كم أنبتنا فيها من كل
زوج كريم ⑦ إن في ذلك لآية وما كان أكثرهم مؤمنين ⑧ و
إن ربك لهو العزيز الرحيم ⑨ وإذ نادى ربك موسى أن ائت
القوم الظالمين ⑩ قوم فرعون ألا يتقون ⑪ قال رب إني أخاف
أن يكذبون ⑫ ويضيق صدري ولا ينطلق لساني فأرسل
إلى هارون ⑬ ولهم علي ذنب فأخاف أن يقتلون ⑭ قال
كلا فاذهبا بآياتنا إنا معكم مستمعون ⑮ فأتيا فرعون
فقولا إنا رسول رب العالمين ⑯ أن أرسل معنا بني إسرائيل ⑰
قال ألم نربك فينا وليدا ولبثت فينا من عمرك سنين ⑱ و
فعلت فعلتك التي فعلت وأنت من الكافرين ⑲ قال فعلتها
إذا وأنا من الضالين ⑳ ففررت منكم لما خفتكم فوهب لي
ربي حكما وجعلني من المرسلين ㉑ وتلك نعمة تمنها علي
أن عبدت بني إسرائيل ㉒ قال فرعون وما رب العالمين ㉓ قال
رب السماوات والأرض وما بينهما إن كنتم موقنين ㉔
قال لمن حوله ألا تستمعون ㉕ قال ربكم ورب آبائكم
الأولين ㉖ قال إن رسولكم الذي أرسل إليكم لمجنون ㉗
قال رب المشرق والمغرب وما بينهما إن كنتم تعقلون ㉘

منزل

★रु. १/५ आ ९

थे। (६) क्या उन्हों ने ज़मीन की तरफ़ नहीं देखा कि हम ने उस में हर क़िस्म की कितनी उम्दा चीज़ें उगायी हैं। (७) कुछ शक नहीं कि इस में (ख़ुदा की क़ुदरत की) निशानी है, मगर ये अक्सर ईमान लाने वाले नहीं (८) और तुम्हारा परवरदिगार ग़ालिब (और) मेहरबान है। (६) ★

और जब तुम्हारे परवरदिगार ने मूसा को पुकारा कि ज़ालिम लोगों के पास जाओ। (१०) (यानी) फ़िऔंन की क़ौम के पास, क्या यह डरते नहीं? (११) उन्हों ने कहा कि मेरे परवरदिगार मैं डरता हूं कि ये झूठा समझें। (१२) और मेरा दिल तंग होता है और मेरी ज़ुबान रुकती है, तो हारून को हुक्म भेज (कि मेरे साथ चलें)। (१३) और उन लोगों का मुझ पर एक गुनाह (यानी क़िब्ती के ख़ून का दावा) भी है, सो मुझे यह भी डर है कि मुझ को मार ही डालें (१४) फ़रमाया, हरगिज़ नहीं! तुम दोनों हमारी निशानियां ले कर जाओ, हम तुम्हारे साथ सुनने वाले हैं। (१५) तो दोनों फ़िऔंन के पास जाओ और कहो कि हम तमाम जहान के मालिक के भेजे हुए हैं। (१६) (और इसलिए आए हैं) कि आप बनी इस्राईल को हमारे साथ जाने की इजाज़त दें। (१७) (फ़िऔंन ने मूसा से) कहा, क्या हम ने तुम को कि अभी बच्चे थे, परवरिश नहीं किया और तुम ने वर्षों हमारे यहां उम्र बसर (नहीं) की? (१८) और तुम ने एक और काम किया था, जो किया, तुम ना-शुक्रे मालूम होते हो (१९) (मूसा ने) कहा कि (हां,) वह हरकत मुझ से अचानक हो गयी थी, और मैं ख़ताकारों में था। (२०) तो जब मुझे तुम से डर लगा तो तुम में से भाग गया, फिर ख़ुदा ने मुझ को नुबूवत व इल्म बख़्शा और मुझे पैग़म्बरों में से किया। (२१) और (क्या) यही एहसान है जो आप मुझ पर रखते हैं कि आप ने बनी इस्राईल को ग़ुलाम बना रखा है[1] (२२) फ़िऔंन ने कहा कि तमाम जहान का मालिक क्या? (२३) कहा कि आसमानों और ज़मीन और जो कुछ इन दोनों में है, सब का मालिक, बशर्ते कि तुम लोगों को यक़ीन हो। (२४) फ़िऔंन ने अपने अहाली-मवाली से कहा कि क्या तुम सुनते नहीं? (२५) (मूसा ने) कहा कि तुम्हारा और तुम्हारे पहले बाप-दादा का मालिक। (२६) (फ़िऔंन ने) कहा कि (यह) पैग़म्बर, जो तुम्हारी तरफ़ भेजा गया है, बावला है। (२७) (मूसा ने) कहा कि पूरब और पच्छिम और जो कुछ इन दोनों में है, सब का मालिक, बशर्ते कि तुम को समझ हो। (२८) (फ़िऔंन ने) कहा कि अगर तुम ने

---

१. गो मूसा अलैहिस्सलाम के साथ फ़िऔंन ने सुलूक किया और उन की अच्छी तरह और एक मुद्दत तक परवरिश

(शेष पृष्ठ ५८५ पर)

★रु. १/५ आ ६

क़ा-ल ल-इनित्त-ख़ज़्-त इलाहन् ग़ैरी ल-अज्अ़लन्न-क मिनल्-मस्जूनीन (२९) क़ा-ल अ-व लौ जिअ्तु-क बिशैइम्-मुबीन (३०) क़ा-ल फ़अ्ति बिही इन् कुन्-त मिनस्सादिक़ीन (३१) फ़-अल्क़ा अ़साहु फ़-इज़ा हि-य सुअ्-बानुम्-मुबीनुंव- (३२) व न-ज़-अ य-दहू फ़इज़ा हि-य बैज़ाउ लिन्नाज़िरीन

★ (३३) क़ा-ल लिल-म-लइ हौलहू इन्-न हाज़ा ल-साहिरुन् अ़लीम (३४) युरीदु अंय्युख़्रि-जकुम् मिन् अर्ज़िकुम् बिसिह्रिही फ़-माज़ा तअ्मुरून (३५) क़ालू अर्जिह व अख़ाहु वब्-अ़स् फ़िल्मदाइनि हाशिरीन (३६) यअ्तू-क बिकुल्लि सह़्हारिन् अ़लीम (३७) फ़जुमिअ़स्स-ह-रतु लिमीक़ाति यौमिम्-मअ्लूम (३८) व क़ी-ल लिन्नासि हल् अन्तुम् मुज्तमिऊन (३९) ल-अ़ल्लना नत्तबिउ़स्स-ह-र-त इन् कानू हुमुल्-ग़ालिबीन (४०) फ़-लम्मा जाअस्स-ह-रतु क़ालू लिफ़िर्औ-न अ-इन्-न लना ल-अज्रन् इन् कुन्ना नह्नुल्-ग़ालिबीन (४१) क़ा-ल न-अ़म् व इन्नकुम् इज़ल्लमिनल्-मुक़र्रबीन (४२) क़ा-ल लहुम् मूसा अल्क़ू मा अन्तुम् मुल्क़ून (४३) फ़-अल्क़ौ हिबालहुम् व अ़िसिय्यहुम् व क़ालू बिअिज़्ज़ति फ़िर्औ-न इन्ना ल-नह्नुल्-ग़ालिबून (४४) फ़-अल्क़ा मूसा अ़साहु फ़-इज़ा हि-य तल्क़फ़ु मा यअ्फ़िकून (४५) फ़-उल्क़ियस्स-ह-रतु साजिदीन (४६) क़ालू आमन्ना बिरब्बिल्-आ़लमीन (४७) रब्बि मूसा व हारून (४८) क़ा-ल आमन्तुम् लहू क़ब्-ल अन् आ-ज़-न लकुम् इन्नहू लकबीरुकुमुल्लज़ी अ़ल्ल-मकुमुस्-सिह्-र फ़-ल-सौ-फ़ तअ्-लमू-न लउक़त्तिअन्-न ऐदि-यकुम् व अर्जु-लकुम् मिन् ख़िलाफ़िंव-व लउसल्लिबन-न-कुम् अज्मईन (४९) क़ालू ला ज़ै-र इन्ना इला रब्बिना मुन्क़लिबून (५०)

قَالَ لَئِنِ اتَّخَذْتَ إِلَٰهًا غَيْرِي لَأَجْعَلَنَّكَ مِنَ الْمَسْجُونِينَ ۝
قَالَ أَوَلَوْ جِئْتُكَ بِشَيْءٍ مُّبِينٍ ۝ قَالَ فَأْتِ بِهِ إِن كُنتَ مِنَ
الصَّادِقِينَ ۝ فَأَلْقَىٰ عَصَاهُ فَإِذَا هِيَ ثُعْبَانٌ مُّبِينٌ ۝ وَنَزَعَ
يَدَهُ فَإِذَا هِيَ بَيْضَاءُ لِلنَّاظِرِينَ ۝ قَالَ لِلْمَلَإِ حَوْلَهُ إِنَّ هَٰذَا
لَسَاحِرٌ عَلِيمٌ ۝ يُرِيدُ أَن يُخْرِجَكُم مِّنْ أَرْضِكُم بِسِحْرِهِ فَمَاذَا
تَأْمُرُونَ ۝ قَالُوا أَرْجِهْ وَأَخَاهُ وَابْعَثْ فِي الْمَدَائِنِ حَاشِرِينَ ۝
يَأْتُوكَ بِكُلِّ سَحَّارٍ عَلِيمٍ ۝ فَجُمِعَ السَّحَرَةُ لِمِيقَاتِ يَوْمٍ مَّعْلُومٍ ۝
وَقِيلَ لِلنَّاسِ هَلْ أَنتُم مُّجْتَمِعُونَ ۝ لَعَلَّنَا نَتَّبِعُ السَّحَرَةَ إِن
كَانُوا هُمُ الْغَالِبِينَ ۝ فَلَمَّا جَاءَ السَّحَرَةُ قَالُوا لِفِرْعَوْنَ أَئِنَّ
لَنَا لَأَجْرًا إِن كُنَّا نَحْنُ الْغَالِبِينَ ۝ قَالَ نَعَمْ وَإِنَّكُمْ
إِذًا لَّمِنَ الْمُقَرَّبِينَ ۝ قَالَ لَهُم مُّوسَىٰ أَلْقُوا مَا أَنتُم مُّلْقُونَ ۝
فَأَلْقَوْا حِبَالَهُمْ وَعِصِيَّهُمْ وَقَالُوا بِعِزَّةِ فِرْعَوْنَ إِنَّا لَنَحْنُ الْغَالِبُونَ ۝
فَأَلْقَىٰ مُوسَىٰ عَصَاهُ فَإِذَا هِيَ تَلْقَفُ مَا يَأْفِكُونَ ۝ فَأُلْقِيَ السَّحَرَةُ
سَاجِدِينَ ۝ قَالُوا آمَنَّا بِرَبِّ الْعَالَمِينَ ۝ رَبِّ مُوسَىٰ وَهَارُونَ ۝
قَالَ آمَنتُمْ لَهُ قَبْلَ أَنْ آذَنَ لَكُمْ إِنَّهُ لَكَبِيرُكُمُ الَّذِي عَلَّمَكُمُ
السِّحْرَ فَلَسَوْفَ تَعْلَمُونَ لَأُقَطِّعَنَّ أَيْدِيَكُمْ وَأَرْجُلَكُم مِّنْ خِلَافٍ
وَلَأُصَلِّبَنَّكُمْ أَجْمَعِينَ ۝ قَالُوا لَا ضَيْرَ إِنَّا إِلَىٰ رَبِّنَا

★रु. २/६ आ २४

मेरे सिवा किसी और को माबूद बनाया, तो मैं तुम्हें क़ैद कर दूंगा। (२९) (मूसा ने) कहा, चाहे मैं आप के पास रोशन चीज़ लाऊं (यानी मोजज़ा ?)। (३०) (फ़िऔन ने) कहा, अगर सच्चे हो तो उसे लाओ (दिखाओ)। (३१) पस उन्हों ने अपनी लाठी डाल दी, तो वह उसी वक़्त खुला अज़्दहा बन गयी। (३२) और अपना हाथ जो निकाला, तो उसी दम देखने वालों के लिए सफ़ेद (बर्राक़) नज़र आने लगा।(३३) ★

फ़िऔन ने अपने पास के सरदारों से कहा कि यह तो फ़न में कामिल जादूगर है।(३४) चाहता है कि तुम को अपने जादू (के ज़ोर) से अपने मुल्क से निकाल दे, तो तुम्हारी क्या राय है ? (३५) उन्हों ने कहा कि उस के और उस के भाई (के बारे में) कुछ ठहरिए और शहरों में नक़ीब भेज दीजिए, (३६) कि सब माहिर जादूगरों को (जमा कर के) आप के पास ले आएं। (३७) तो जादूगर एक मुक़र्रर दिन की मीयाद पर जमा हो गए (३८) और लोगों से कह दिया गया कि तुम (सब) को इकट्ठे हो जाना चाहिए, (३९) ताकि अगर जादूगर ग़ालिब रहें तो हम उन की पैरवी करने वाले हो जाएं। (४०) जब जादूगर आये, तो फ़िऔन से कहने लगे कि अगर हम ग़ालिब रहें, तो हमें इनाम भी मिलेगा ? (४१) फ़िऔन ने कहा, हां, और तुम मुक़र्रिबों में दाख़िल हो जाओगे। (४२) मूसा ने उन से कहा कि जो चीज़ डालनी चाहते हो, डालो। (४३) तो उन्हों ने अपनी रस्सियां और लाठियां डालीं और कहने लगे कि फ़िऔन के इक़बाल की क़सम ! हम ज़रूर ग़ालिब रहेंगे। (४४) फिर मूसा ने अपनी लाठी डाली तो वह उन चीज़ों को, जो जादूगरों ने बनायी थीं, निगलने लगी। (४५) तब जादूगर सज्दे में गिर पड़े। (४६) (और) कहने लगे कि हम तमाम जहान के मालिक पर ईमान लाए, (४७) जो मूसा और हारून का मालिक है। (४८) फ़िऔन ने कहा, क्या इस से पहले कि मैं तुम को इजाज़त दूं, तुम उस पर ईमान ले आए ? बेशक यह तुम्हारा बड़ा है, जिस ने तुम को जादू सिखाया है। सो बहुत जल्द तुम (इस का अंजाम) मालूम कर लोगे कि मैं तुम्हारे हाथ और पांव मुख़ालिफ़ तरफ़ से काट दूंगा और तुम सब को सूली पर चढ़ा दूंगा। (४९) उन्हों ने कहा, कुछ नुक़सान (की बात) नहीं। हम अपने परवरदिगार की

(पृष्ठ ५८३ का शेष)

की, मगर मूसा अलैहिस्सलाम ने अपने बारे में अपनी क़ौम का ज़्यादा ख़्याल किया, जिसे इस ज़ालिम ने निहायत ज़िल्लत की हालत में रखा था और ऊंचे ख़्याल वाले नेक दिल लोग अपनी ज़ात के बारे में हमेशा अपनी क़ौम की भलाई को अहम समझा करते हैं, इस लिए उन्हों ने फ़िऔन का एहसान सुन कर यह जवाब दिया कि भला आप का मुझ पर यही एहसान है कि आप ने मेरी क़ौम को ग़ुलाम बना रखा और ज़िल्लत और मुसीबत में फंसा रखा है। एहसान तो तब था जब मेरी क़ौम के साथ भी सुलूक किया जाता।

★रु. २/६ आ २४

इन्ना नत्मअु अंय्यग्फ़ि-र लना रब्बुना ख़तायाना अन् कुन्ना अव्वलल्-मुअ्मिनीन ★ (५१) व औहैना इला मूसा अन् अस्रि बिअिबादी इन्नकुम् मुत्तबअून (५२) फ़-अर्स-ल फ़िर्औनु फ़िलमदाइनि हाशिरीन (५३) इन्-न हाउलाइ ल-शिर्जि - म-तुन् क़लीलून (५४) व इन्नहुम् लना लग़ाइज़ून (५५) व इन्ना ल-जमीअुन् हाज़िरून (५६) फ़-अख़्रज्-नाहुम् मिन् जन्नातिंव्-व अुयूनिंव्- (५७) व कुनूज़िंव्-व मक़ामिन् करीम (५८) कज़ालि-क व औरस्नाहा बनी इस्राईल (५९) फ़-अत्बअूहुम् मुश्रिक़ीन (६०) फ़-लम्मा तरा-अल् - जम्आनि क़ा-ल अस्हाबु मूसा इन्ना ल-मुद्रकून (६१) क़ा-ल कल्ला इन्-न मअि-य रब्बी स-यह्दीन (६२) फ़-औहैना इला मूसा अनिज़्रिब् बिअसाकल् - बह्-र फ़न्फ़-ल-क़ फ़-का-न कुल्लु फ़िर्क़िन् कत्तौदिल्-अज़ीम (६३) व अज़्-लफ़्ना सम्मल्-आख़रीन (६४) व अन्जैना मूसा व मम्-म-अहू अज्मअीन (६५) सुम्-म अग़्-रक़्नल्-आख़रीन (६६) इन् - न फ़ी ज़ालि-क लआ-यतन् व मा का-न अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (६७) व इन्-न रब्ब-क लहुवल्-अज़ीज़ुर्-रहीम ★ (६८) वत्लु अलैहिम् न - ब - अ इब्राहीम (६९) इज़् क़ा - ल लिअबीहि व क़ौमिही मा तअ्-बुदून (७०) क़ालू नअ्-बुदु अस्-नामन् फ़-न-ज़ल्लु लहा आकिफ़ीन (७१) क़ा-ल हल् यस्मअूनकुम् इज़् तद्अून (७२) औ यन्फ़अू-न कुम् औ यज़ुर्रून (७३) क़ालू बल् व-जद्ना आबा-अना कज़ालि-क यफ़-अलून (७४) क़ा-ल अ-फ़-रऐतुम् मा कुन्तुम् तअ्-बुदून (७५) अन्तुम् व आबाउकुमुल्-अक़्दमून (७६) फ़इन्नहुम् अदुव्वुल्ली इल्ला रब्बल् - आलमीन (७७) अल्लज़ी ख़-ल-क़नी फ़हु-व यह्दीन (७८) वल्लज़ी हु-व युत्अिमुनी व यस्क़ीन (७९) व इज़ा मरिज़्तु फ़हु - व यश्फ़ीन (८०)

مُنقَلِبُونَ ۝ إِنَّا نَطْمَعُ أَن يَغْفِرَ لَنَا رَبُّنَا خَطَايَانَا أَن كُنَّا أَوَّلَ
الْمُؤْمِنِينَ ۝ وَأَوْحَيْنَا إِلَىٰ مُوسَىٰ أَنْ أَسْرِ بِعِبَادِي إِنَّكُم مُّتَّبَعُونَ ۝
فَأَرْسَلَ فِرْعَوْنُ فِي الْمَدَائِنِ حَاشِرِينَ ۝ إِنَّ هَٰؤُلَاءِ لَشِرْذِمَةٌ
قَلِيلُونَ ۝ وَإِنَّهُمْ لَنَا لَغَائِظُونَ ۝ وَإِنَّا لَجَمِيعٌ حَاذِرُونَ ۝
فَأَخْرَجْنَاهُم مِّن جَنَّاتٍ وَعُيُونٍ ۝ وَكُنُوزٍ وَمَقَامٍ كَرِيمٍ ۝ كَذَٰلِكَ
وَأَوْرَثْنَاهَا بَنِي إِسْرَائِيلَ ۝ فَأَتْبَعُوهُم مُّشْرِقِينَ ۝ فَلَمَّا تَرَاءَى الْجَمْعَانِ
قَالَ أَصْحَابُ مُوسَىٰ إِنَّا لَمُدْرَكُونَ ۝ قَالَ كَلَّا إِنَّ مَعِيَ رَبِّي
سَيَهْدِينِ ۝ فَأَوْحَيْنَا إِلَىٰ مُوسَىٰ أَنِ اضْرِب بِّعَصَاكَ الْبَحْرَ فَانفَلَقَ
فَكَانَ كُلُّ فِرْقٍ كَالطَّوْدِ الْعَظِيمِ ۝ وَأَزْلَفْنَا ثَمَّ الْآخَرِينَ ۝ وَأَنجَيْنَا
مُوسَىٰ وَمَن مَّعَهُ أَجْمَعِينَ ۝ ثُمَّ أَغْرَقْنَا الْآخَرِينَ ۝ إِنَّ فِي ذَٰلِكَ
لَآيَةً وَمَا كَانَ أَكْثَرُهُم مُّؤْمِنِينَ ۝ وَإِنَّ رَبَّكَ لَهُوَ الْعَزِيزُ الرَّحِيمُ ۝
وَاتْلُ عَلَيْهِمْ نَبَأَ إِبْرَاهِيمَ ۝ إِذْ قَالَ لِأَبِيهِ وَقَوْمِهِ مَا تَعْبُدُونَ ۝
قَالُوا نَعْبُدُ أَصْنَامًا فَنَظَلُّ لَهَا عَاكِفِينَ ۝ قَالَ هَلْ يَسْمَعُونَكُمْ
إِذْ تَدْعُونَ ۝ أَوْ يَنفَعُونَكُمْ أَوْ يَضُرُّونَ ۝ قَالُوا بَلْ وَجَدْنَا آبَاءَنَا
كَذَٰلِكَ يَفْعَلُونَ ۝ قَالَ أَفَرَأَيْتُم مَّا كُنتُمْ تَعْبُدُونَ ۝ أَنتُمْ وَآبَاؤُكُمُ
الْأَقْدَمُونَ ۝ فَإِنَّهُمْ عَدُوٌّ لِّي إِلَّا رَبَّ الْعَالَمِينَ ۝ الَّذِي خَلَقَنِي
فَهُوَ يَهْدِينِ ۝ وَالَّذِي هُوَ يُطْعِمُنِي وَيَسْقِينِ ۝ وَإِذَا مَرِضْتُ

★रु. ३/७ आ १८ ★रु. ४/८ आ १७ व. लाज़िम

तरफ़ लौट जाने वाले हैं। (५०) हमें उम्मीद है कि हमारा परवरदिगार हमारे गुनाह बख़्श देगा, इस लिए कि हम पहले ईमान लाने वालों में हैं। (५१)★

और हम ने मूसा की तरफ़ वह्य भेजी कि हमारे बन्दों को रात को ले निकलो कि (फ़िऔंनियों की तरफ़ से) तुम्हारा पीछा किया जाएगा। (५२) तो फ़िऔंनियों ने शहरों में नक़ीब (एलानची) रवाना किए। (५३) (और कहा) कि ये लोग थोड़ी सी जमाअत हैं। (५४) और ये हमें ग़ुस्सा दिला रहे हैं। (५५) और हम सब साज़ और सामान के साथ हैं। (५६) तो हम ने उन को बाग़ों और चश्मों से निकाल दिया, (५७) और ख़ज़ानों और उम्दा मकानों से। (५८) (उन के साथ हम ने) इस तरह (किया) और इन चीज़ों का वारिस बनी इस्राईल को कर दिया। (५९) तो उन्हों ने सूरज निकलते (यानी सुबह को) उन का पीछा किया। (६०) जब दोनों जमाअतें आमने-सामने हुईं, तो मूसा के साथी कहने लगे कि हम तो पकड़ लिए गये। (६१) मूसा ने कहा, हर गिज़ नहीं, मेरा परवरदिगार मेरे साथ है, वह मुझे रास्ता बताएगा। (६२) उस वक़्त हम ने मूसा की तरफ़ वह्य भेजी कि अपनी लाठी दरिया पर मारो तो दरिया फट गया और हर एक टुकड़ा (यों) हो गया (कि) गोया बड़ा पहाड़ (है)। (६३) और दूसरों को वहां हमने क़रीब कर दिया। (६४) और मूसा और उन के साथ वालों को (तो) बचा लिया। (६५) फिर दूसरों को डुबो दिया[१]। (६६) बेशक इस (क़िस्से) में निशानी है, लेकिन ये अक्सर ईमान लाने वाले नहीं। (६७) और तुम्हारा परवरदिगार तो ग़ालिब और मेहरबान है। (६८)★

और उन को इब्राहीम का हाल पढ़ कर सुना दो, (६९) जब उन्हों ने अपने बाप और अपनी क़ौम के लोगों से कहा कि तुम किस चीज़ को पूजते हो? (७०) वे कहने लगे कि हम बुतों को पूजते हैं और उन (की पूजा) पर क़ायम हैं। (७१) (इब्राहीम ने) कहा कि जब तुम उन को पुकारते हो, तो क्या वे तुम्हारी (आवाज़) सुनते हैं? (७२) या तुम्हें फ़ायदा दे सकते या नुक़सान पहुंचा सकते हैं? (७३) उन्हों ने कहा, (नहीं), बल्कि हम ने अपने बाप-दादा को इसी तरह करते देखा है। (७४) (इब्राहीम ने) कहा, क्या तुम ने देखा कि जिन को तुम पूजते रहे हो, (७५) तुम भी और तुम्हारे अगले बाप-दादा भी, (७६) वे मेरे दुश्मन हैं, मगर (अल्लाह) रब्बुल आलमीन (मेरा दोस्त है), (७७) जिस ने मुझे पैदा किया है और वही मुझे रास्ता दिखाता है। (७८) और वह जो मुझे खिलाता और पिलाता है। (७९) और जब मैं बीमार पड़ता हूं, तो मुझे शिफ़ा बख़्शता

१. दूसरों से मुराद फ़िऔन और उस की पैरवी करने वाले हैं।

वल्लज़ी युमीतुनी सुम्-म युह़्यीन لا (८१) वल्लज़ी अत़्मअ़ु अंय्यग़्फ़ि-र ली ख़त़ीअती यौमद्दीन ط (८२) रब्बि हब् ली हुक्मंव-व अल्ह़िक़्नी बिस्सालिहीन لا (८३) वज्अ़ल्ली लिसा-न सिद्क़िन् फ़िल्आख़िरीन لا (८४) वज्अ़ल्नी मिंव्व-र-सति जन्नतिन्नअ़ीम لا (८५) वग़्फ़िर लिअबी इन्नहू का-न मिनज़्ज़ाल्लीन لا (८६) व ला तुख़्ज़िनी यौ-म युब्-असून لا (८७) यौ-म ला यन्फ़अ़ु मालुंव्-व ला बनून لا (८८) इल्ला मन् अ-तल्ला-ह बिक़ल्बिन् सलीम ط (८९) व उज़्लि-फ़तिल्-जन्नतु लिलमुत्तक़ीन لا (९०) व बुर्रिज़तिल्-जहीमु लिल्ग़ावीन لا (९१) व क़ी-ल लहुम् ऐनमा कुन्तुम् तअ़्-बुदून لا (९२) मिन् दूनिल्लाहि ط हल् यन्सुरूनकुम् औ यन्तसिरून ط (९३) फ़कुब्किबू फ़ीहा हुम् वल्ग़ावून لا (९४) व जुनूदु इब्ली-स अज्मअ़ून ط (९५) क़ालू व हुम् फ़ीहा यख़्तसिमून لا (९६) तल्लाहि इन् कुन्ना लफ़ी ज़लालिम्-मुबीन لا (९७) इज़् नुसव्वीकुम् बिरब्बिल्-आ़लमीन (९८) व मा अज़ल्लना इल्लल्-मुज्रिमून (९९) फ़मा लना मिन् शाफ़िअ़ीन لا (१००) व ला सदीक़िन् हमीम (१०१) फ़लौ अन्-न लना कर्रतन् फ़-नकू-न मिनल्-मुअ्मिनीन (१०२) इन्-न फ़ी ज़ालि-क ल-आ-य-तन् ط व मा का-न अक्सरुहुम् मुअ्मिनीन (१०३) व इन्-न रब्ब-क लहुवल्-अ़ज़ीज़ुर्-रहीम ★ (१०४) कज़्ज़बत् क़ौमु नूहि-निल्-मुर्सलीन ع (१०५) इज़् क़ा-ल लहुम् अख़ूहुम् नूहुन् अला तत्तक़ून ج (१०६) इन्नी लकुम् रसूलुन् अमीन لا (१०७) फ़त्तक़ुल्ला-ह व अत़ीअ़ून ج (१०८) व मा अस्-अलुकुम् अ़लैहि मिन् अज्रिन् ج इन् अज्रि-य इल्ला अ़ला रब्बिल्-आ़लमीन ج (१०९) फ़त्तक़ुल्ला-ह व अत़ीअ़ून ط (११०) क़ालू अ-नुअ्मिनु ल-क वत्तब-अ़कल्-अर्ज़लून ط (१११) क़ा-ल व मा अ़िल्मी बिमा कानू यअ़्-मलून ج (११२)

فهو يشفين ۝ والذي يميتني ثم يحيين ۝ والذي أطمع أن يغفر لي
خطيئتي يوم الدين ۝ رب هب لي حكما وألحقني بالصالحين ۝
واجعل لي لسان صدق في الآخرين ۝ واجعلني من ورثة جنة
النعيم ۝ واغفر لأبي إنه كان من الضالين ۝ ولا تخزني يوم
يبعثون ۝ يوم لا ينفع مال ولا بنون ۝ إلا من أتى الله بقلب
سليم ۝ وأزلفت الجنة للمتقين ۝ وبرزت الجحيم للغاوين ۝
وقيل لهم أين ما كنتم تعبدون ۝ من دون الله هل ينصرونكم أو
ينتصرون ۝ فكبكبوا فيها هم والغاوون ۝ وجنود إبليس أجمعون ۝
قالوا وهم فيها يختصمون ۝ تالله إن كنا لفي ضلال مبين ۝ إذ
نسويكم برب العالمين ۝ وما أضلنا إلا المجرمون ۝ فما لنا من
شافعين ۝ ولا صديق حميم ۝ فلو أن لنا كرة فنكون من
المؤمنين ۝ إن في ذلك لآية وما كان أكثرهم مؤمنين ۝ و
إن ربك لهو العزيز الرحيم ۝ كذبت قوم نوح المرسلين ۝
إذ قال لهم أخوهم نوح ألا تتقون ۝ إني لكم رسول أمين ۝
فاتقوا الله وأطيعون ۝ وما أسألكم عليه من أجر إن أجري
إلا على رب العالمين ۝ فاتقوا الله وأطيعون ۝ قالوا أنؤمن لك
واتبعك الأرذلون ۝ قال وما علمي بما كانوا يعملون ۝ إن

★रु. ५/६ आ ३६

है। (८०) और वह जो मुझे मारेगा (और) फिर ज़िंदा करेगा। (८१) और वह जिस से मैं उम्मीद रखता हूं कि क़ियामत के दिन मेरे गुनाह बख़्शेगा। (८२) ऐ परवरदिगार! मुझे इल्म और सूझ-बूझ अता फ़रमा और नेकों में शामिल कर। (८३) और पिछले लोगों में मेरा ज़िक्र (जारी) कर। (८४) और मुझे नेमत की बहिश्त के वारिसों में कर। (८५) और मेरे बाप को बख़्श दे कि वह गुमराहों में से है। (८६) और जिस दिन लोग उठा खड़े किए जाएंगे, मुझे रुसवा न कीजियो। (८७) जिस दिन न माल ही कुछ फ़ायदा दे सकेगा और न बेटे। (८८) हां, जो शख़्स ख़ुदा के पास पाक दिल ले कर आया, (वह बच जाएगा), (८९) और बहिश्त परहेज़गारों के क़रीब कर दी जाएगी। (९०) और दोज़ख़ गुमराहों के सामने लायी जाएगी। (९१) और उन से कहा जाएगा कि जिन को तुम पूजते थे, वे कहां हैं? (९२) (यानी जिन को) ख़ुदा के सिवा (पूजते थे) क्या वे तुम्हारी मदद कर सकते हैं या ख़ुद बदला ले सकते हैं? (९३) तो वे गुमराह (यानी बुत और बुतपरस्त) औंधे मुंह दोज़ख़ में डाल दिए जाएंगे। (९४) और शैतान के लश्कर सब के सब (जहन्नम में दाख़िल होंगे)। (९५) वहां वे आपस में झगड़ेंगे और कहेंगे, (९६) कि ख़ुदा की क़सम! हम तो खुली गुमराही में थे। (९७) जब कि तुम्हें (ख़ुदा-ए-) रब्बुल आलमीन के बराबर ठहराते थे, (९८) और हम को इन गुनाहगारों ही ने गुमराह किया था, (९९) तो (आज) न कोई हमारा सिफ़ारिश करने वाला है, (१००) और न गर्मजोश दोस्त। (१०१) काश, हमें (दुनिया में) फिर जाना हो, तो हम मोमिनों में हो जाएं। (१०२) बेशक इस में निशानी है और इन में अक्सर ईमान लाने वाले नहीं। (१०३) और तुम्हार परवरदिगार तो ग़ालिब और मेहरबान है। (१०४)★

नूह की क़ौम ने भी पैग़म्बरों को झुठलाया, (१०५) जब उन से उन के भाई नूह ने कहा कि तुम डरते क्यों नहीं? (१०६) मैं तो तुम्हारा अमानतदार पैग़म्बर हूं। (१०७) तो ख़ुदा से डरो और मेरा कहा मानो। (१०८) और मैं इस काम का तुम से बदला नहीं मांगता। मेरा बदला तो ख़ुदा-ए-रब्बुल आलमीन ही पर है। (१०९) तो ख़ुदा से डरो और मेरे कहने पर चलो। (११०) वे बोले कि क्या हम तुम को मान लें और तुम्हारी पैरवी करने वाले तो नीच लोग हुए हैं। (१११) (नूह ने)

★रु. ५/६ आ ३६

اِنَّآ اَنْزَلْنٰهُ فِيْ لَيْلَةِ الْقَدْرِ ﴿١﴾ وَمَآ اَدْرٰىكَ مَا لَيْلَةُ الْقَدْرِ ﴿٢﴾ لَيْلَةُ الْقَدْرِ خَيْرٌ مِّنْ اَلْفِ شَهْرٍ ﴿٣﴾ تَنَزَّلُ الْمَلٰٓئِكَةُ وَالرُّوْحُ فِيْهَا بِاِذْنِ رَبِّهِمْ ۚ مِنْ كُلِّ اَمْرٍ ﴿٤﴾ سَلٰمٌ ۛ هِيَ حَتّٰى مَطْلَعِ الْفَجْرِ ﴿٥﴾

سُوْرَةُ الْبَيِّنَةِ مَدَنِيَّةٌ وَهِيَ ثَمَانُ اٰيَاتٍ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

لَمْ يَكُنِ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ وَالْمُشْرِكِيْنَ مُنْفَكِّيْنَ حَتّٰى تَاْتِيَهُمُ الْبَيِّنَةُ ﴿١﴾ رَسُوْلٌ مِّنَ اللّٰهِ يَتْلُوْا صُحُفًا مُّطَهَّرَةً ﴿٢﴾ فِيْهَا كُتُبٌ قَيِّمَةٌ ﴿٣﴾ وَمَا تَفَرَّقَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ اِلَّا مِنْۢ بَعْدِ مَا جَآءَتْهُمُ الْبَيِّنَةُ ﴿٤﴾ وَمَآ اُمِرُوْٓا اِلَّا لِيَعْبُدُوا اللّٰهَ مُخْلِصِيْنَ لَهُ الدِّيْنَ ۙ حُنَفَآءَ وَيُقِيْمُوا الصَّلٰوةَ وَيُؤْتُوا الزَّكٰوةَ وَذٰلِكَ دِيْنُ الْقَيِّمَةِ ﴿٥﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ وَالْمُشْرِكِيْنَ فِيْ نَارِ جَهَنَّمَ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۗ اُولٰٓئِكَ هُمْ شَرُّ الْبَرِيَّةِ ﴿٦﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ ۙ اُولٰٓئِكَ هُمْ خَيْرُ الْبَرِيَّةِ ﴿٧﴾ جَزَآؤُهُمْ عِنْدَ رَبِّهِمْ جَنّٰتُ عَدْنٍ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ

मु. खि मु ता ख. १८

★रु. १/२१ आ १९ □ सजूदः १४ ▒ व. न बी स. ★रु. १/२२ आ ५ ● मु. ३/४ ★रु. १/२३ आ ८

मज्लिस को बुला ले। (१७) हम भी अपने दोज़ख़ के मुवक्किलों को बुलाएंगे। (१८) देखो, उस का कहा न मानना और सज्दा करना और (ख़ुदा का) क़ुर्ब हासिल करते रहना। (१९) ★ □

९७ सूरः क़द्र २५

सूरः क़द्र मक्की है और इस में पांच आयतें और १ रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

हम ने इस (क़ुरआन) को शबे क़द्र में नाज़िल (करना शुरू) किया, (१) और तुम्हें क्या मालूम कि शबे क़द्र क्या है? (२) शबे क़द्र हज़ार महीने से बेहतर है।[1] ▩ (३) इस में रूहुल अमीन और फ़रिश्ते हर काम के (इन्तिज़ाम के) लिए, अपने परवरदिगार के हुक्म से उतरते हैं। (४) यह (रात) सुबह के होने तक (अमान और) सलामती है। (५) ★ ●

९८ सूरः बय्यिनः १००

सूरः बय्यिनः मदनी है और इस में आठ आयतें और १ रुकूअ हैं।

शुरू ख़ुदा का नाम लेकर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

जो लोग काफ़िर हैं यानी अह्ले किताब और मुश्रिक वे (कुफ़्र से) बाज़ रहने वाले न थे, जब तक कि उन के पास खुली दलील न आती, (१) (यानी) ख़ुदा के पैग़म्बर जो पाक पन्ने पढ़ते हैं, (२) जिन में मज़बूत (आयतें) लिखी हुई हैं, (३) और अह्ले किताब जो अलग-अलग (और मुख़्तलिफ़) हुए हैं तो खुली दलील के आने के बाद (हुए हैं) (४) और उन को हुक्म तो यही हुआ था कि अमल के इख़्लास के साथ ख़ुदा की इबादत करें (और यक्सू हो कर) और नमाज़ पढ़ें और ज़कात दें और यही सच्चा दीन है। (५) जो लोग काफ़िर हैं (यानी) अह्ले किताब और मुश्रिक, वे दोज़ख़ की आग में (पड़ेंगे और) हमेशा उस में रहेंगे। ये लोग सब मख़्लूक़ से बद-तर हैं। (६) और जो लोग ईमान लाए और नेक अमल करते रहे, वे तमाम ख़ल्क़त से बेहतर हैं। (७) उन का बदला उन के परवरदिगार के यहां हमेशा रहने के बाग़ हैं, जिन के नीचे नहरें बह रही हैं। हमेशा-हमेशा उन में रहेंगे। ख़ुदा उन से ख़ुश और वे उस से ख़ुश। यह (बदला) उस के लिए है, जो अपने परवरदिगार से डरता है। (८) ★

मु. ख़िमुताख़. १८

---

१. क़ुरआन मजीद एक ही बार नाज़िल नहीं हुआ, बल्कि पारा-पारा नाज़िल हुआ है। पहले-पहल वह शबेक़द्र में नाज़िल हुआ। इस आयत से मालूम होता है कि शबेक़द्र रमज़ान के महीने में है, जैसा कि दूसरी जगह फ़रमाया — 'शह्रु र-म-ज़ानल्लज़ी उन्ज़ि-ल फ़ीहिल क़ुरआन' यह मालूम नहीं कि यह रात किस तारीख़ को होती है, लेकिन सही हदीसों से इतना साबित है कि हज़रत रमज़ान की आख़िरी दहाई में एतिकाफ़ फ़रमाया करते थे और जितना एहतिमाम इस दहाई में फ़रमाते और में न फ़रमाते। ज़्यादातर तफ़्सीर लिखने वालों का ख़्याल है कि इस रात का अमल हज़ार महीने के अमल से अफ़्ज़ल है।

९९ सूरतुज़्-ज़िलज़ालि ९३

(मदनी) इस सूरः में अ़रबी के १५८ अक्षर, ३७ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

इज़ा ज़ुल्ज़ि-लतिलअर्ज़ु ज़िल्ज़ालहा (१) व अख़्-र-जतिलअर्ज़ु अस्क़ालहा (२) व क़ालल-इन्सानु मा लहा (३) यौमइज़िन् तुह़द्दिसु अख़्-बारहा (४) बि-अन्-न रब्ब-क औहा लहा (५) यौमइज़िंय्यस्दुरुन्नासु अश्तातल-लियुरौ अअ़्-मालहुम् (६) फ़मंय्यअ़्-मल् मिस्क़ा-ल ज़र्रतिन् ख़ैरंय्यरः (७) व मंय्यअ़्-मल् मिस्क़ा-ल ज़र्रतिन् शर्रंय्यरः (८) ★

१०० सूरतुल्-आदियाति १४

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के १७० अक्षर, ४० शब्द, ११ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

वल्आ़दियाति ज़ब्ह़न् (१) फ़ल्मूरि-याति क़द्ह़न् (२) फ़ल्मुग़ीराति सुब्ह़न् (३) फ़-अ-सर्-न बिही नक़्-अ़न् (४) फ़-व-सत्-न बिही जम्-अ़न् (५) इन्नल-इन्सा-न लि-रब्बिही ल-कनूद (६) व इन्नहू अ़ला ज़ालि-क ल-शहीद (७) व इन्नहू लिहुब्बिल-ख़ैरि ल-शदीद (८) अ-फ़ला यअ़्-लमु इज़ा बुअ़्-सि-र मा फ़िल्क़ुबूरि (९) व हुस्सि-ल मा फ़िस्सुदूरि (१०) इन्-न रब्बहुम् बिहिम् यौमइज़िल्-ल-ख़बीर ★ (११)

فِيهَآ أَبَدًا رَّضِيَ ٱللَّهُ عَنْهُمْ وَرَضُوا۟ عَنْهُ ذَٰلِكَ لِمَنْ خَشِيَ رَبَّهُۥ ۝
سُورَةُ الزِّلْزَالِ مَدَنِيَّةٌ وَهِيَ ثَمَانُ آيَاتٍ
بِسْمِ ٱللَّهِ ٱلرَّحْمَٰنِ ٱلرَّحِيمِ
إِذَا زُلْزِلَتِ ٱلْأَرْضُ زِلْزَالَهَا ۝ وَأَخْرَجَتِ ٱلْأَرْضُ أَثْقَالَهَا ۝ وَ
قَالَ ٱلْإِنسَٰنُ مَا لَهَا ۝ يَوْمَئِذٍ تُحَدِّثُ أَخْبَارَهَا ۝ بِأَنَّ رَبَّكَ
أَوْحَىٰ لَهَا ۝ يَوْمَئِذٍ يَصْدُرُ ٱلنَّاسُ أَشْتَاتًا لِّيُرَوْا۟ أَعْمَٰلَهُمْ ۝ فَمَن
يَعْمَلْ مِثْقَالَ ذَرَّةٍ خَيْرًا يَرَهُۥ ۝ وَمَن يَعْمَلْ مِثْقَالَ ذَرَّةٍ شَرًّا يَرَهُۥ ۝
سُورَةُ الْعَادِيَاتِ مَكِّيَّةٌ بِسْمِ ٱللَّهِ ٱلرَّحْمَٰنِ ٱلرَّحِيمِ وَهِيَ إِحْدَى عَشْرَةَ آيَةً
وَٱلْعَٰدِيَٰتِ ضَبْحًا ۝ فَٱلْمُورِيَٰتِ قَدْحًا ۝ فَٱلْمُغِيرَٰتِ صُبْحًا ۝ فَأَثَرْنَ
بِهِۦ نَقْعًا ۝ فَوَسَطْنَ بِهِۦ جَمْعًا ۝ إِنَّ ٱلْإِنسَٰنَ لِرَبِّهِۦ لَكَنُودٌ ۝ وَ
إِنَّهُۥ عَلَىٰ ذَٰلِكَ لَشَهِيدٌ ۝ وَإِنَّهُۥ لِحُبِّ ٱلْخَيْرِ لَشَدِيدٌ ۝ أَفَلَا
يَعْلَمُ إِذَا بُعْثِرَ مَا فِي ٱلْقُبُورِ ۝ وَحُصِّلَ مَا فِي ٱلصُّدُورِ ۝
إِنَّ رَبَّهُم بِهِمْ يَوْمَئِذٍ لَّخَبِيرٌۢ ۝
سُورَةُ الْقَارِعَةِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ إِحْدَى عَشْرَةَ آيَةً
بِسْمِ ٱللَّهِ ٱلرَّحْمَٰنِ ٱلرَّحِيمِ
ٱلْقَارِعَةُ ۝ مَا ٱلْقَارِعَةُ ۝ وَمَآ أَدْرَىٰكَ مَا ٱلْقَارِعَةُ ۝ يَوْمَ يَكُونُ
ٱلنَّاسُ كَٱلْفَرَاشِ ٱلْمَبْثُوثِ ۝ وَتَكُونُ ٱلْجِبَالُ كَٱلْعِهْنِ ٱلْمَنفُوشِ ۝

१०१ सूरतुल्-क़ारिअ़ति ३०

(मक्की) इस सूरः में अ़रबी के १६० अक्षर, ३५ शब्द, ११ आयतें और १ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

अल्क़ारिअ़तु (१) मल्क़ारिअ़ः (२) व मा अद् - रा-क मल्क़ारिअ़ः (३) यौ - म यकूनुन्नासु कल्फ़राशिल - मब्सूसि (४) व तकूनुल्जिबालु कल्अ़िह्निल - मन्फ़ूश (५)

९९ सूरः ज़िलज़ाल ९३

सूर: जिलज़ाल मदनी है और इस में आठ आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

जब ज़मीन भोंचाल से हिला दी जाएगी, (१) और ज़मीन अपने (अन्दर के) बोझ निकाल डालेगी, (२) और इन्सान कहेगा कि इस को क्या हुआ है ? (३) उस दिन वह अपने हालात बयान कर देगी, (४) क्योंकि तुम्हारे परवरदिगार ने उस को हुक्म भेजा (होगा।) (५) उस दिन लोग गिरोह-गिरोह हो कर आएंगे, ताकि उन को उन के आमाल दिखा दिए जाएं। (६) तो जिस ने ज़र्रा भर नेकी की होगी, वह उस को देख लेगा, (७) और जिस ने ज़र्रा भर बुराई की होगी, वह उसे देख लेगा। (८)★

१०० सूरः आदियात १४

सूर: आदियात मक्की है और इस में ग्यारह आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

उन सरपट दौड़ने वाले घोड़ों की क़सम, जो हांप उठते हैं, (१) फिर पत्थरों पर (नाल) मार कर आग निकालते हैं, (२) फिर सुबह को छापा मारते हैं, (३) फिर उस में गर्द उठाते हैं, (४) फिर उस वक़्त (दुश्मन की) फ़ौज में जा घुसते हैं, (५) कि इंसान अपने परवरदिगार का नाशुक्रा है, (६) और वह इस से आगाह भी है। (७) वह तो माल की सख़्त मुहब्बत करने वाला है। (८) क्या वह उस वक़्त को नहीं जानता कि जो (मुर्दे) क़ब्रों में हैं, वे बाहर निकाल लिए जाएंगे, (९) और जो (भेद) दिलों में हैं, वे ज़ाहिर कर दिए जाएंगे। (१०) बेशक उन का परवरदिगार उस दिन को ख़ूब जानता होगा। (११)★

१०१ सूरः क़ारिअः ३०

सूर: क़ारिअ: मक्की है, और इस में ग्यारह आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

खड़खड़ाने वाली, (१) खड़खड़ाने वाली क्या है ? (२) और तुम क्या जानो कि खड़खड़ाने वाली क्या है ? (३) (वह क़ियामत है,) जिस दिन लोग ऐसे होंगे जैसे बिखरे हुए पतंगे, (४) और पहाड़ ऐसे हो जाएंगे जैसे धुंकी हुई रंग-बिरंग की ऊन, (५) तो जिस के (आमाल के) वज़न भारी

★रु. १/२४ आ ८ ★रु. १/२५ आ ११

फ़-अम्मा मन् सक़ुलत् मवाज़ीनुहू ॥ (६) फ़हु-व फ़ी ईशतिर्-राज़िय: ॥ (७) व अम्मा मन् ख़फ़्फ़त् मवाज़ीनुहू ॥ (८) फ़-उम्मुहू हाविय: ॥ (९) व मा अद्रा-क मा हिय: ॥ (१०) नारुन् हामिय: ★ (११)

१०२ सूरतुत्तकासुरि १६

(मक्की) इस सूर: में अरबी के १२३ अक्षर, २८ शब्द, ८ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

अल्हाकुमुत्तकासुरु ॥ (१) हत्ता ज़ुर्तुमुल्-मक़ाबिर ॥ (२) कल्ला सौ-फ़ तअ्-लमून ॥ (३) सुम्-म कल्ला सौ-फ़ तअ्-लमून ॥ (४) कल्ला लौ तअ्-लमू-न अिल्मल्-यक़ीन ॥ (५) ल-त - रवुन्नल्-जहीम ॥ (६) सुम्-म ल-त-र-वुन्नहा अ़ैनल्-यक़ीन ॥ (७) सुम्-म लतुस - अलुन्-न यौमइज़िन् अनिन्नअीम ★ (८)

१०३ सूरतुल्-अस्रि १३

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ७४ अक्षर, १४ शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

फَاَمَّا مَنْ ثَقُلَتْ مَوَازِيْنُهٗ ۙ فَهُوَ فِيْ عِيْشَةٍ رَّاضِيَةٍ ۭ وَاَمَّا مَنْ
خَفَّتْ مَوَازِيْنُهٗ ۙ فَاُمُّهٗ هَاوِيَةٌ ۭ وَمَآ اَدْرٰىكَ مَا هِيَهْ ۭ نَارٌ حَامِيَةٌ

سُوْرَةُ التَّكَاثُرِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ ثَمَانُ اٰيَاتٍ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَلْهٰىكُمُ التَّكَاثُرُ ۙ حَتّٰى زُرْتُمُ الْمَقَابِرَ ۭ كَلَّا سَوْفَ تَعْلَمُوْنَ ۙ
ثُمَّ كَلَّا سَوْفَ تَعْلَمُوْنَ ۭ كَلَّا لَوْ تَعْلَمُوْنَ عِلْمَ الْيَقِيْنِ ۭ لَتَرَوُنَّ
الْجَحِيْمَ ۙ ثُمَّ لَتَرَوُنَّهَا عَيْنَ الْيَقِيْنِ ۙ ثُمَّ لَتُسْـَٔـلُنَّ يَوْمَىِٕذٍ
عَنِ النَّعِيْمِ

سُوْرَةُ الْعَصْرِ مَكِّيَّةٌ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ وَهِيَ ثَلٰثُ اٰيَاتٍ

وَالْعَصْرِ ۙ اِنَّ الْاِنْسَانَ لَفِيْ خُسْرٍ ۙ اِلَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا
الصّٰلِحٰتِ وَتَوَاصَوْا بِالْحَقِّ ۙ وَتَوَاصَوْا بِالصَّبْرِ

سُوْرَةُ الْهُمَزَةِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ تِسْعُ اٰيَاتٍ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

وَيْلٌ لِّكُلِّ هُمَزَةٍ لُّمَزَةِ ۙ الَّذِيْ جَمَعَ مَالًا وَّعَدَّدَهٗ ۙ يَحْسَبُ
اَنَّ مَالَهٗٓ اَخْلَدَهٗ ۚ كَلَّا لَيُنْۢبَذَنَّ فِي الْحُطَمَةِ ڮ وَمَآ اَدْرٰىكَ
مَا الْحُطَمَةُ ۭ نَارُ اللّٰهِ الْمُوْقَدَةُ ۙ الَّتِيْ تَطَّلِعُ عَلَي الْاَفْـِٕدَةِ ۭ
اِنَّهَا عَلَيْهِمْ مُّؤْصَدَةٌ ۙ فِيْ عَمَدٍ مُّمَدَّدَةٍ

منزل ٧

वल्अस्रि ॥ (१) इन्नल्-इन्सा-न लफ़ी ख़ुस्र ॥ (२) इल्लल्लज़ी-न आमनू व अ़मिलुस्सालिहाति व त-वासौ बिल्हक़्क़ि ॥ व त-वासौ बिस्सब्रि ★ (३)

१०४ सूरतुल्-हु-मज़ति ३२

(मक्की) इस सूर: में अरबी के १३५ अक्षर, ३३ शब्द, ९ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम •

वैलुल्लिकुल्लि हु-म-ज़तिल्-लु-मज़: ॥ (१) अ़ल्लज़ी ज-म-अ मालव्-व अ़द्-द-दहू ॥ (२) यह्सबु अन्-न मा लहू अख़्-ल-द: ॥ (३) कल्ला लयुम्बज़न्-न फ़िल्-हु-तमति ॥ (४) व मा अद्रा-क मल्हु-त-म: ॥ (५) नारुल्लाहिल्-मूक़-दतु- ॥ (६) -ल्लती तत्तलिअु अलल्-अफ़्-इद: ॥ (७) इन्नहा अ़लैहिम् मुअ्-स-दतुन् ॥ (८) फ़ी अ़-मदिम्-मुमद्-द-द: ★ (९)

निकलेंगे, (६) वह दिल पसन्द ऐश में होगा, (७) और जिस के वज़न हल्के निकलेंगे, (८) उन के लौटने की जगह हाविया है, (९) और तुम क्या समझे कि हाविया क्या चीज़ है ? (१०) (वह) दहकती हुई आग है। (११) ★

१०२ सूरः तकासुर १६

सूरः तकासुर मक्की है और इस में आठ आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

(लोगो !) तुम को (माल की) बहुत सी तलब ने ग़ाफ़िल कर दिया, (१) यहां तक कि तुम ने क़ब्रें जा देखीं। (२) देखो, तुम्हें बहुत जल्द मालूम हो जाएगा, (३) फिर देखो, तुम्हें बहुत जल्द मालूम हो जाएगा। (४) देखो अगर तुम जानते (यानी) यक़ीन का इल्म (रखते, तो ग़फ़लत न करते,) (५) तुम ज़रूर दोज़ख़ को देखोगे। (६) फिर उस को (ऐसा) देखोगे (कि) ऐनुन् यक़ीन (यक़ीन की आंख) (आ जाएगा), (७) फिर उस दिन तुम से नेमत के (शुक्र के) बारे में पूछ-गछ होगी। (८) ★

१०३ सूरः अस्र १३

सूरः अस्र मक्की है और इस में तीन आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अस्र की क़सम, (१) कि इंसान नुक़सान में है, (२) मगर वे लोग, जो ईमान लाए और नेक अमल करते रहे और आपस में हक़ (बात) की तल्क़ीन और सब्र की ताकीद करते रहे। (३) ★

१०४ सूरः हु-म-ज़: ३२

सूरः हु-म-ज़: मक्की है और इस में नौ आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

हर तानों भरे इशारे करने वाले चुग़लख़ोर की ख़राबी है, (१) जो माल जमा करता और उस को गिन-गिन कर रखता है, (२) और ख़्याल करता है कि उस का माल उस की हमेशा की ज़िंदगी की वजह होगा। (३) हरगिज़ नहीं, वह ज़रूर हुतमा में डाला जाएगा। (४) और तुम क्या समझे कि हुतमा क्या है ? (५) वह ख़ुदा की भड़कायी हुई आग है, (६) जो दिलों पर जा लपटेगी, (७) (और) वे उस में बन्द कर दिए जाएंगे, (८) यानी (आग के) लम्बे-लम्बे स्तूनों में। (९) ★

★रु. १/२६ आ ११ ★रु. १/२७ आ ८ ★रु. १/२८ आ ३ ★रु. १/२९ आ ९

१०५ सूरतुल्-फ़ीलि १९

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ९४ अक्षर, २४ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

अ-लम् त-र कै-फ़ फ़-अ-ल रब्बु-क बि-अस्ह़ाबिल्फ़ील (१) अ-लम् यज्-अल् कैदहुम् फ़ी तज़्लीलिंव- (२) व अर्-स-ल अलैहिम् तैरन् अबाबील (३) तर्मीहिम् बिहिजा-रतिम्-मिन् सिज्जीलिन् (४) फ़-ज-अ-लहुम् क-अस्फ़िम-मअ्-कूल ★ (५)

१०६ सूरतु क़ुरैशिन् २९

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ७९ अक्षर, १७ शब्द, ४ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

लि - ईलाफ़ि क़ुरैशिन् (१) ईलाफ़िहिम् रिह़-ल-तश् - शिताइ वस्सैफ़ (२) फ़ल्यअ्-बुदू रब्-ब हाज़ल्बैति- (३) ल्लज़ी अत् - अ - महुम् मिन् जूअिंव्- व अ-म - नहुम् मिन् ख़ौफ़ ★ (४)

१०७ सूरतुल्-माऊनि १७

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ११५ अक्षर, २५ शब्द, ७ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

अ-र-ऐ-तल्लज़ी युकज़्ज़िबु बिद्दीन (१) फ़-ज़ालिकल्लज़ी यदुअ्-उल्-यतीम (२) व ला यहुज़्ज़ु अला तआमिल् - मिस्कीन (३) फ़वैलुल्-लिल्मुसल्लीन (४) अल्लज़ी-न हुम् अन् सलातिहिम् साहून (५) अल्लज़ी-न हुम् युराऊ-न (६) व यम्-ऊनल्-माऊन ★ (७)

سُوْرَةُ الْفِيْلِ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ خَمْسُ اٰيَاتٍ
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
اَلَمْ تَرَ كَيْفَ فَعَلَ رَبُّكَ بِاَصْحٰبِ الْفِيْلِ ۞ اَلَمْ يَجْعَلْ كَيْدَهُمْ
فِيْ تَضْلِيْلٍ ۞ وَّ اَرْسَلَ عَلَيْهِمْ طَيْرًا اَبَابِيْلَ ۞ تَرْمِيْهِمْ
بِحِجَارَةٍ مِّنْ سِجِّيْلٍ ۞ فَجَعَلَهُمْ كَعَصْفٍ مَّاْكُوْلٍ ۞
سُوْرَةُ قُرَيْشٍ مَكِّيَّةٌ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ وَهِيَ اَرْبَعُ اٰيَاتٍ
لِاِيْلٰفِ قُرَيْشٍ ۞ اٖلٰفِهِمْ رِحْلَةَ الشِّتَآءِ وَالصَّيْفِ ۞
فَلْيَعْبُدُوْا رَبَّ هٰذَا الْبَيْتِ ۞ الَّذِيْٓ اَطْعَمَهُمْ مِّنْ جُوْعٍ ۙ وَّ
اٰمَنَهُمْ مِّنْ خَوْفٍ ۞
سُوْرَةُ الْمَاعُوْنِ مَكِّيَّةٌ وَّهِيَ سَبْعُ اٰيَاتٍ
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
اَرَءَيْتَ الَّذِيْ يُكَذِّبُ بِالدِّيْنِ ۞ فَذٰلِكَ الَّذِيْ يَدُعُّ الْيَتِيْمَ ۞
وَلَا يَحُضُّ عَلٰى طَعَامِ الْمِسْكِيْنِ ۞ فَوَيْلٌ لِّلْمُصَلِّيْنَ ۞ الَّذِيْنَ
هُمْ عَنْ صَلَاتِهِمْ سَاهُوْنَ ۞ الَّذِيْنَ هُمْ يُرَآءُوْنَ ۞ وَ
يَمْنَعُوْنَ الْمَاعُوْنَ ۞
سُوْرَةُ الْكَوْثَرِ مَكِّيَّةٌ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ وَهِيَ ثَلٰثُ اٰيَاتٍ
اِنَّآ اَعْطَيْنٰكَ الْكَوْثَرَ ۞ فَصَلِّ لِرَبِّكَ وَانْحَرْ ۞ اِنَّ

१०८ सूरतुल्-कौ-सरि १५

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ३७ अक्षर, १० शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

इन्ना अअ्-तैनाकल्-कौ-सर (१) फ़-सल्लि लिरब्बि-क वन्हर् (२)

★रु. १/३० आ ५ ★रु. १/३१ आ ४ ★रु. १/३२ आ ७

१०५ सूरः फ़ील १९

सूर: फ़ील मक्की है और इस में पांच आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

क्या तुम ने नहीं देखा कि तुम्हारे परवरदिगार ने हाथी वालों के साथ क्या किया ? (१) क्या उन का दांव ग़लत नहीं किया ? (किया।) (२) और उन पर झिल्लड़ के झिल्लड़ जानवर भेजे, (३) जो उन पर कंकर की पत्थरियां फेंकते थे, (४) तो उन को ऐसा कर दिया जैसे खाया हुआ भुस। (५) ★

१०६ सूरः क़ुरैश २९

सूर: क़ुरैश मक्की है और इस में चार आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

क़ुरैश के मानूस करने की वजह से, (१) (यानी) उन को जाड़े और गर्मी के सफ़र से मानूस करने की वजह से, (२) (लोगों को) चाहिए कि (इस नेमत के शुक्र में) इस घर के मालिक की इबादत करें, (३) जिस ने उन को भूख में खाना खिलाया और ख़ौफ़ से अम्न बख़्शा।[1] (४) ★

१०७ सूरः माऊन १७

सूर: माऊन मक्की है और इस में सात आयतें आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

भला तुम ने उस शख़्स को देखा जो बदले (के दिन) को झुठलाता है। (१) यह वही (बदबख़्त) है जो यतीम को धक्के देता है, (२) और फ़क़ीर को खाना खिलाने के लिए (लोगों को) तर्ग़ीब नहीं देता। (३) तो ऐसे नमाज़ियों की ख़राबी है, (४) जो नमाज़ की तरफ़ से ग़ाफ़िल रहते हैं। (५) जो दिखावे का काम करते हैं, (६) और बरतने की चीज़ें (उधार) नहीं देते। (७) ★

१०८ सूरः कौसर १५

सूर: कौसर मक्की है और इस में तीन आयतें आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

(ऐ मुहम्मद !) हम ने तुम को कौसर अता फ़रमायी है।[2] (१) तो अपने परवरदिगार के

---

१. हज़रत की बारहवीं पीढ़ी में एक आदमी नज़्र बिन कनाना था। उस की औलाद क़ुरैश में है। ये बैतुल्लाह के ख़ादिम थे और लोग उन का बहुत अदब और एहतराम करते थे। इस सूर: में ख़ुदा क़ुरैश पर अपना एहसान बताता है कि वह जाड़े और गर्मी में तिजारत के लिए सफ़र करते हैं और कोई उन को टोकता नहीं, चैन से खाते-पीते और अम्न से रहते-सहते हैं तो उन को चाहिए कि तौहीद अपनाएं और बुतों की पूजा को छोड़ कर उस के घर के मालिक यानी एक ख़ुदा की इबादत करें। कुछ तफ़्सीर लिखने वालों ने लिखा है कि यह सूर: पहली सूर: से मुताल्लिक़ है और उन के नज़दीक इस के मानी यह हैं कि हम ने जो मक्के से हाथियों और हाथी वालों को रौंद

(शेष पृष्ठ ९८० पर)

इन्-न शानि-अ-क हुवल्-अब्तर ★ (३)

१०९ सूरतुल्-काफ़िरून १८

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ९९ अक्षर, २६ शब्द, ६ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

क़ुल् या अय्युहल्-काफ़िरून (१) ला अअ्-बुदु मा तअ्-बुदून (२) व ला अन्तुम् आबिदू-न मा अअ्-बुद (३) व ला अ-न आबिदुम्-मा अबत्तुम् (४) व ला अन्तुम् आबिदू-न मा अअ्-बुद (५) लकुम् दीनुकुम् वलि - य दीन ★ (६)

११० सूरतुन्नस्रि ११४

(मदनी) इस सूर: में अरबी के ८१ अक्षर, १९ शब्द, ३ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

इज़ा जा-अ नस्रुल्लाहि वल्फ़त्हु (१) व रऐ-तन्ना-स यद्खुलू-न फ़ी दीनिल्लाहि अफ़्वाजा (२) फ़सब्बिह् बिहम्दि रब्बि-क वस्तग़्फ़िर्हु इन्नहू का-न तव्वाबा ★ (३)

१११ सूरतुल्-ल-हबि ६

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ८१ अक्षर, २४ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

तब्बत् यदा अबी ल-हबिंव्-व तब्-ब (१) मा अग़्ना अन्हु मा लुहू व मा क-सब् (२) स-यस्ला नारन् ज़ा-त ल-हबिंव्- (३) वम्-र-अतुहू हम्मालतल्-ह-तबि (४) फ़ी जीदिहा हब्लुम्-मिम्-म-सद् ★ (५)

شَانِئَكَ هُوَ الْاَبْتَرُ
سُوْرَةُ الْكٰفِرُوْنَ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ سِتُّ اٰيَاتٍ
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
قُلْ يٰۤاَيُّهَا الْكٰفِرُوْنَ ۙ لَاۤ اَعْبُدُ مَا تَعْبُدُوْنَ ۙ وَلَاۤ اَنْتُمْ
عٰبِدُوْنَ مَاۤ اَعْبُدُ ۚ وَلَاۤ اَنَا عَابِدٌ مَّا عَبَدْتُّمْ ۙ وَلَاۤ اَنْتُمْ
عٰبِدُوْنَ مَاۤ اَعْبُدُ ؕ لَكُمْ دِيْنُكُمْ وَلِيَ دِيْنِ
سُوْرَةُ النَّصْرِ مَدَنِيَّةٌ وَهِيَ ثَلٰثُ اٰيَاتٍ
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
اِذَا جَآءَ نَصْرُ اللّٰهِ وَالْفَتْحُ ۙ وَرَاَيْتَ النَّاسَ يَدْخُلُوْنَ فِيْ دِيْنِ
اللّٰهِ اَفْوَاجًا ۙ فَسَبِّحْ بِحَمْدِ رَبِّكَ وَاسْتَغْفِرْهُ ۚ اِنَّهٗ كَانَ تَوَّابًا
سُوْرَةُ اللَّهَبِ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ خَمْسُ اٰيَاتٍ
بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ
تَبَّتْ يَدَاۤ اَبِيْ لَهَبٍ وَّتَبَّ ؕ مَاۤ اَغْنٰى عَنْهُ مَالُهٗ وَمَا كَسَبَ ؕ
سَيَصْلٰى نَارًا ذَاتَ لَهَبٍ ۚۖ وَّامْرَاَتُهٗ ؕ حَمَّالَةَ الْحَطَبِ ۚ
فِيْ جِيْدِهَا حَبْلٌ مِّنْ مَّسَدٍ
سُوْرَةُ الْاِخْلَاصِ مَكِّيَّةٌ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ وَهِيَ اَرْبَعُ اٰيَاتٍ
قُلْ هُوَ اللّٰهُ اَحَدٌ ۚ اَللّٰهُ الصَّمَدُ ۚ لَمْ يَلِدْ ۙ وَلَمْ يُوْلَدْ ۙ

११२ सूरतुल् इख्लासि २२

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ४९ अक्षर, १७ शब्द, ४ आयतें और १ रुकूअ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम ●

क़ुल् हुवल्लाहु अ - हद (१) अल्लाहुस्स-मद (२) लम् यलिद् व लम् यूलद् (३)

के लिए नमाज़ पढ़ा करो और क़ुर्बानी किया करो। (२) कुछ शक नहीं कि तुम्हारा दुश्मन ही बे-औलाद रहेगा।' (३) ✱

१०९ सूर: काफ़िरून १८

सूर: काफ़िरून मक्की है और इस में छः आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

(ऐ पैग़म्बर! इस्लाम के इन मुन्किरों से) कह दो कि ऐ काफ़िरो! (१) जिन (बुतों) को तुम पूजते हो, उन को मैं नहीं पूजता, (२) और जिस (ख़ुदा) की मैं इबादत करता हूं, उस की तुम इबादत नहीं करते, (३) और (मैं फिर कहता हूं कि) जिन की तुम पूजा करते हो, उन की मैं पूजा करने वाला नहीं हूं। (४) और न तुम उस की बन्दगी करने वाले (मालूम होते) हो, जिस की मैं बन्दगी करता हूं। (५) तुम अपने दीन पर, मैं अपने दीन पर। (६) ✱

११० सूर: नस्र ११४

सूर: नस्र मदनी है और इस में तीन आयतें और २ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

जब ख़ुदा की मदद आ पहुंची और फ़त्ह (हासिल हो गयी,) (१) और तुम ने देख लिया कि लोग झुंड के झुंड ख़ुदा के दीन में दाख़िल हो रहे हैं, (२) तो अपने परवरदिगार की तारीफ़ के साथ तस्बीह करो और उस से मग़्फ़िरत मांगो▨बेशक वह माफ़ करने वाला है। (३) ✱

१११ सूर: ल-हब ६

सूर: ल-हब मक्की है और इस में पांच आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

अबू लहब के हाथ टूटें और वह हलाक हो, (१) न तो उस का माल ही उस के कुछ काम आया हो और न वह जो उस ने कमाया। (२) वह जल्द भड़कती हुई आग में दाख़िल होगा। (३) और उस की जोरू भी जो ईंधन सर पर उठाए फिरती है, (४) उस के गले में मूंज की रस्सी होगी।' (५) ★

११२ सूर: इख़्लास़ २२

सूर: इख़्लास मक्की है और इस में चार आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

कहो कि वह (ज़ात पाक जिस का नाम) अल्लाह (है) एक है, (१) (वह) माबूदे बरहक़, बे-नियाज़ है। (२) न किसी का बाप है और न किसी का बेटा, (३) और कोई उस का हमसर

---

१. अब्तर उस को कहते हैं जिस के मर्द औलाद में से कोई न रहे। जब हज़रत के बेटों का इन्तिक़ाल हो गया तो कुछ काफ़िर कहने लगे कि मुहम्मद अब्तर हो गया, इस के बाद कोई इस का नाम लेने वाला न रहेगा। ख़ुदा ने आप से फ़रमाया कि तुम्हारा बुरा चाहने वाले ही की नस्ल कट जाएगी और आप का नाम आप की उम्मत के ज़रिए से हमेशा के लिए बाक़ी रखा।

२. 'अबू लहब' रिश्ते में हज़रत का चचा था, मगर बड़ा काफ़िर और आप की जान का दुश्मन, उस का नाम तो

(शेष पृष्ठ ९७३ पर)

व लम् यकुल्लहू कुफ़ुवन् अ - ह़द ★(४)

११३ सूरतुल्-फ़-लक़ि २०

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ७३ अक्षर, २३ शब्द, ५ आयतें और १ रुकूअ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

क़ुल् अऊ़ज़ु बिरब्बिल्-फ़-लक़ि (१) मिन् शर्रि मा ख़-लक़् (२) व मिन् शर्रि ग़ासिक़िन् इज़ा व-क़ब् (३) व मिन् शर्रिन्नफ़्फ़ासाति फ़िल्अ़ुक़द् (४) व मिन् शर्रि ह़ासिदिन् इज़ा ह़-सद् ★(५)

११४ सूरतुन्नासि २१

(मक्की) इस सूर: में अरबी के ८१ अक्षर, २० शब्द, ६ आयतें और १ रुकूअ है।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीम •

क़ुल् अऊ़ज़ु बिरब्बिन्नासि (१) मलिकिन्नासि (२) इलाहिन्नासि (३) मिन् शर्रिल्-वस्वासिल्-ख़न्नासि- (४) -ल्लज़ी युवस्विसु फ़ी सुदूरिन्नासि (५) मिनल्जिन्नति वन्नास ★ (६)

(साथी) नहीं। (४) ★

११३ सूरः फ़लक़ २०

सूरः फ़लक़ मदनी है और इस में पांच आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

कहो कि मैं सुबह के मालिक की पनाह मांगता हूं, (१) हर चीज़ की बुराई से, जो उस ने पैदा की, (२) और अंधेरी रात की बुराई से, जब उस का अंधेरा छा जाए, (३) और गंडों पर (पढ़-पढ़ कर) फूंकने वालियों की बुराई से, (४) और हसद (जलन) करने वाले की बुराई से, जब हसद करने लगे।[1] (५) ★

११४ सूरः नास २१

सूरः नास मदनी है और इस में छः आयतें और १ रुकूअ है।

शुरू ख़ुदा का नाम ले कर, जो बड़ा मेहरबान, निहायत रहम वाला है।

कहो कि मैं लोगों के परवरदिगार की पनाह मांगता हूं, (१) (यानी) लोगों के हक़ीक़ी बादशाह की, (२) लोगों के माबूदे बर-हक़ की, (३) (शैतान) वस्वसा डालने वाले की बुराई से जो (ख़ुदा का नाम सुन कर) पीछे हट जाता है[2], (४) जो लोगों के दिलों में वस्वसे डालता है, (५) (चाहे वह) जिन्नों में से (हो) या इंसानों में से। (६) ★

अब्दुल उज़्ज़ा बिन अब्दुल मुत्तलिब था, मगर मशहूर इसी कुन्नियत से था, क्योंकि बहुत ज़्यादा ख़ूबसूरत था और हुस्न व जमाल की वजह से उस का चेहरा आग की तरह चमकता था। जब आप को हुक्म हुआ कि अपने क़बीलों को तंबीह करो तो आप ने क़ुरैश को जमा कर के फ़रमाया कि भला अगर मैं तुम को ख़बर दूं कि दुश्मन की फ़ौज सुबह या शाम तुम पर हमला करने वाली है तो तुम इस बात को मान लोगे ? उन्हों ने कहा ज़रूर मानेंगे। आप ने फ़रमाया कि मैं तुम को एक सख़्त अज़ाब से आगाह करता हूं जो तुम पर नाज़िल होने वाला है तो अबू लहब ने कहा कि तुम्हारे हाथ टूटें (यानी तुम हलाक हो) जो तुम ने हम को इसी लिए जमा किया था ? इस के जवाब में यह आयत नाज़िल हुई थी। अबू लहब की जोरू जिस का नाम उम्मे जमील था, उस को भी आप से बड़ा बैर था। उस ने यह तरीक़ा अख़्तियार कर रखा था कि रात को आप के रास्ते में कांटेदार लकड़ियां डाल जाती थी, इसी लिए उस को 'हम्मालतल हतब' फ़रमाया।

१. उस वक़्त उस की टोक लग जाती है।

२. शैतान गुनाह की दावत दे और आप नज़र न आए।

دعائے ماثورہ

اَللّٰهُمَّ اٰنِسْ وَحْشَتِیْ فِیْ قَبْرِیْ اَللّٰهُمَّ ارْحَمْنِیْ بِالْقُرْاٰنِ
الْعَظِیْمِ وَاجْعَلْهُ لِیْ اِمَامًا وَّنُوْرًا وَّهُدًی وَّرَحْمَةً اَللّٰهُمَّ
ذَكِّرْنِیْ مِنْهُ مَا نَسِیْتُ وَعَلِّمْنِیْ مِنْهُ مَا جَهِلْتُ وَارْزُقْنِیْ
تِلَاوَتَهٗ اٰنَآءَ الَّیْلِ وَاٰنَآءَ النَّهَارِ وَاجْعَلْهُ لِیْ حُجَّةً یَّا رَبَّ الْعٰلَمِیْنَ

दुआए मासूर:

अल्लाहुम्-म आनिस् वह्-शती फ़ी क़ब्री अल्लाहुम्मर्-ह्म्नी बिक़ुर्आनिल्-अज़ीमि वजअ़ल्हु ली इमामंव्-व नूरंव्-व हुदंव्-व रह्म-तन् अल्लाहुम्-म ज़क्किर्नी मिन्हु मा नसीतु व अ़ल्लिम्नी मिन्हु मा जहिल्तु वर्ज़ुक़्नी तिलाव-तहू आनाअल्लैलि व आनाअन्नहारि वजअ़ल्हु ली हुज्जतंय्या रब्बल्-आ़लमीन (आमीन)

दुआए मासूर:

ऐ अल्लाह ! मेरे मरने के बाद मेरी क़ब्र की परेशानी से मुझ को मानूस (अभ्यस्त) करना। इस महान क़ुरआन मजीद (की बरकत) के वसीले से मुझ पर रहम कर और क़ुरआन मजीद को मेरे लिए इमाम (अधिनायक), नूर (प्रकाश), हिदायत (पथ-प्रदर्शक), और रहमत (का साधन) बना। ऐ अल्लाह ! (क़ुरआन मजीद में) जो मैं भूल गया हूं मुझे याद दिला (और) जो मैं नहीं जान पाया वह मुझे सिखला। अमन से रात दिन (क़ुरआन मजीद की) तिलावत करने का नसीब दे और उसको मेरे लिए दलील बना, ऐ दुनिया के पालनहार ! (यह मेरी दुआ क़ुबूल कर।)

(पृष्ठ ५ का शेष)

यह मुराद है कि जिन रास्तों से इन्सान हिदायत की बातों को सुन सकता और समझ सकता है, वे बन्द हैं।

३. इस आयत से मुनाफ़िक़ों का हाल शुरू होता है। मुनाफ़िक़ उस को कहते हैं जो दिल से तो काफ़िर हो और ज़ाहिर में अपने को मोमिन बयान करे। इस तरह के लोग मदीने में थे और काफ़िरों के मुक़ाबले में उन से नुक़सान पहुंचने का ज़्यादा ख़तरा रहता था, इस लिए अल्लाह तआला ने उन के हाल और उन की चाल से मुसलमानों को आगाह फ़रमा दिया, ताकि उन से बचते रहें और उन के धोखे में न आएं।

४. ये लोग मुसलमानों के पास भी आते थे और काफ़िरों के यहां भी जाते थे, तो ऐसी बात करते जिन से फ़साद पैदा हो, सो जब उन से कहा जाता कि फ़साद की बातें न करो, तो जवाब देते कि हमारी ग़रज़ तो दोनों फ़रीक़ों में सुलह व साज़गारी पैदा करना है। ख़ुदा ने फ़रमाया कि उन के काम फ़साद की वजह हैं और ये यक़ीनी तौर पर फ़साद पैदा करने वाले हैं, लेकिन इन को मालूम नहीं।

५. शैतानों से मुराद उन के सरदार हैं। मुनाफ़िक़ लोग जब मुसलमानों से मिलते तो कहते कि हम तो तुम्हारी तरह मोमिन हैं और जब अपने सरदारों के पास जाते तो कहते, कहां का ईमान, कैसी मुसलमानी! हम तो मुसलमानों से दिल-लगी करते हैं और अपना ईमान ज़ाहिर कर के उन को मूर्ख बनाते हैं।

६. इस आयत में ख़ुदा मुनाफ़िक़ों की इन बातों के जवाब में फ़रमाता है कि उनसे ख़ुदा हंसी करता है। हंसी से मुराद यहां यह है कि जिस तरह वे देखने में ईमान ज़ाहिर करते हैं और अपने सरदारों से मिल कर यह कहते हैं कि हम तुम्हारे साथ हैं, इसी तरह ख़ुदा दुनिया में उन को पनाह देता और उन के माल व जान को महफ़ूज़ रखता है और वे समझे हुए हैं कि उन के काम उन को नुक़्सान नहीं पहुंचाते, लेकिन क़ियामत के दिन उन को अज़ाब में मुब्तला किया जाएगा।

७. मुनाफ़िक़ कई क़िस्म के थे। कुछ ऐसे थे कि पहले मुसलमान हो गये थे, फिर मुनाफ़िक़ हो गये। इस आयत की मिसाल उन्हीं का नक़्शा खींचती है कि उन्होंने पहले ईमान लाकर रोशनी हासिल की, फिर मुनाफ़िक़ बनकर इस रोशनी को खो दिया और निफ़ाक़ के अंधेरे में पड़ गये यानी उन के दिल अंधे हो गये।

(पृष्ठ ७ का शेष)

२. इस आयत में यह बयान है कि हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ख़ुदा के पैग़म्बर और क़ुरआन मजीद ख़ुदा का कलाम है और कुफ़्फ़ार को चैलेंज किया गया है कि अगर तुम इन बातों को नहीं मानते और समझते हो कि यह किताब ख़ुदा की तरफ़ से नाज़िल नहीं हुई, बल्कि मुहम्मद (सल्लम) ने अपनी तरफ़ से बना ली है, तो इस जैसी एक सूरः तुम भी बना लाओ। इस बारे में इख़्तिलाफ़ है कि क़ुरआन किस लिहाज़ से बे-मिस्ल और चुप कर देने वाला है यानी जैसी उम्दा, साफ़-सुथरी और जानदार इबारत क़ुरआन मजीद की है, ऐसी इबारत किसी से नहीं बन सकती। वे यह भी कहते हैं और इसे उन के दावे की दलील समझना चाहिए कि जिस ज़माने में, जिस का ज़्यादा प्रचार होता था, उस वक़्त के पैग़म्बर को उसी क़िस्म का मोजज़ा दिया जाता था। चूंकि क़ुरआन मजीद के उतरने के ज़माने में अरब में जानदार और साफ़-सुथरी ज़ुबान का बहुत चर्चा था, इस लिए ख़ुदा ने ख़ात-मुन्नबीयीन (नबियों में आख़िरी नबी) को क़ुरआन की ज़ोरदार और साफ़-सुथरी ज़ुबान का ऐसा मोजज़ा बख़्शा कि बड़े-बड़े नामी और माहिर शायर और ख़तीब उस के मुक़ाबले में आजिज़ हो गये। कुछ ने कहा कि क़ुरआन अपनी हकीमाना हिदायतों के लिहाज़ से मोजिज़ (चुप कर देने वाली) है। कुछ इस को रूहानियत के एतबार से मोजिज़ मानते हैं, बहरहाल इस में आदाब हैं, अख़्लाक़ हैं, समाजी ज़िंदगी गुज़ारने का बेहतरीन तरीक़ा है, नफ़्स को संवारने की बात है, सियासत के क़ानून हैं, मुल्क का इंतिज़ाम चलाने के क़ायदे हैं, अदब व इंसाफ़ है, कमाई व व्यापार है, हुक़ूक़ हैं, इबादतें हैं, बराबरी है, भाईचारा है, नर्मी है, रियायत है, ख़ैरख़्वाही है, नसीहत है, ख़ुदा की हस्ती

और रूहानियत है, गरज़ इसमें कमाल दर्जे की इंसान की हालत की इस्लाह है और कुछ शक नहीं कि वह क्या साफ़-सुथरी ज़ोरदार ज़ुबान के लिहाज़ से और क्या हकीमाना हिदायतों और रूहानियत के, बे-मिसाल व बेनज़ीर है ? और कोई आदमी इस क़िस्म की किताब बनाने की क़ुदरत नहीं रखता। इसी वजह से दूसरी जगह इर्शाद हुआ है, 'क़ुल ल-इनिज-त-म-अतिल इन्सु वल जिन्नु अला अय्यअ्तू बिमिस्लि हाज़ल क़ुरआनि ला यातू-न बिमिस्लिही व लौ का-न बअ्ज़ुहुम लि बअ्ज़िन ज़हीर०' (कह दीजिए, अगर तमाम जिन्न व इंसान इस क़ुरआन जैसा बना लाने पर जमा हो जाएं, तो वे इस जैसा नहीं ला सकते, चाहे वे एक दूसरे के पुश्त-पनाह ही क्यों न हों।)

३. क़ुरआन में मुश्रिकों और उनके झूठे माबूदों की मिसालें कुछ आयतों में इस तरह बयान हुई हैं कि 'जो लोग ख़ुदा को छोड़ कर औरों को कर्ता-धर्ता बनाते हैं, उनकी मिसाल मकड़ी की-सी है कि वह भी एक (तरह का) घर बनाती है और कुछ शक नहीं कि तमाम घरों से कमज़ोर मकड़ी का घर होता है, काश ये इस बात को जानते।' दूसरी आयत में है, 'लोगो ! एक मिसाल बयान की जाती है, उसे ग़ौर से सुनो कि जिन लोगों को तुम ख़ुदा के सिवा पुकारते हो, वे एक मक्खी भी नहीं बना सकते, अगरचे इस (काम) के लिए सब जमा हो जाएं और अगर उनसे मक्खी कोई चीज़ छीन ले जाए तो उसे उससे छुड़ा नहीं सकते। तालिब और मतलूब (यानी आबिद और माबूद) दोनों गये गुज़रे हैं।' काफ़िर लोग ये मिसालें सुनते तो कहते कि ऐसी छोटी और मामूली चीज़ों की मिसालें बयान करना ख़ुदा की शान के ख़िलाफ़ है। ख़ुदा ने फ़रमाया कि ख़ुदा मच्छर या जो चीज़ें इससे बड़ी हैं, उनकी मिसालें बयान करने से शर्माता नहीं। इन चीज़ों को पैदा भी तो उसी ने किया है और जब पैदा करने में उसे शर्म नहीं तो उनकी मिसाल में क्यों शर्म हो ?

(पृष्ठ ६ का शेष)

२. शैतान जिन्न की क़िस्म से था, बड़ी इबादत किया करता था और बड़ा इल्म रखता था। इबादत की ज़्यादती की वजह से फ़रिश्तों का दर्जा मिल गया था। यही वजह है कि जब अल्लाह तआला ने फ़रिश्तों को हुक्म दिया कि आदम को सज्दा करें तो इस ख़िताब में वह भी दाख़िल था। चूंकि उस की पैदाइश आग से हुई थी और आदम की मिट्टी से, और आग को मिट्टी पर बरतरी है, इस के अलावा वह इबादत करने वाला और इल्म रखने वाला भी बड़ा था, इस लिए शेख़ी में आ गया और आदम अलैहिस्सलाम को सज्दा न किया। ख़ुदा ने इस घमंड-ग़ुरूर की वजह से उसे मर्दूद (धुत्कारा हुआ) कर दिया।

(पृष्ठ १५ का शेष)

उस हुक्म के ख़िलाफ़ करते और एक दिन पहले दरिया के किनारे गढ़े खोद कर उस में पानी भर देते थे और जब मछलियां उनमें जमा हो जातीं, तो निकालते और कहते कि यह शिकार जुमा का है। इस हीले की वजह से बन्दर बना दिये गये।

२. तफ़्सीर लिखने वाले लिखते हैं कि बनी इस्राईल में एक बड़ा मालदार शख़्स था, मगर बे-औलाद। उस का वारिस उस का एक भतीजा था। उस ने माल के लोभ की वजह से उस को क़त्ल कर डाला। जो लोग इस तरह क़त्ल किया करते थे, बड़ी एहतियात से काम लिया करते थे। उस ने भी ऐसे तरीक़े से उसे क़त्ल किया कि क़ातिल का कुछ पता नहीं मिलता था। लोग इस बारे में लड़ने-झगड़ने लगे, तो किसी ने कहा कि तुम में ख़ुदा के पैग़म्बर मौजूद हैं, उन से रुजूअ़ करो। उन्होंने मूसा अलै० से यह कैफ़ियत बयान की। आप ने बैल ज़िब्ह करने का हुक्म दिया। अजब नहीं कि क़ातिल को इस बात का ख़ौफ़ हो गया हो कि कहीं राज़ न खुल जाए, इस लिए इस से पहले कि बैल के बारे में हुज्जतें करें, यह बात कही कि क्या आप इस से हंसी करते हैं, क्योंकि हम पूछते हैं कि क़ातिल कौन है ? आप कहते हैं कि बैल ज़िब्ह करो और यह एक बिल्कुल बे-मुनासिब बात है। मूसा अलै० ने फ़रमाया

कि मैं हंसी नहीं करता, बल्कि हक़ीक़त तो यह है कि वह बात कहता हूं, जिस को ख़ुदा ने इर्शाद फ़रमाया है, तो उन्होंने बैल की ख़ूबियां मालूम करने में कई तरह की बातें कीं। आख़िरकार उन्होंने उस को ज़िब्ह किया, तो हुक्म हुआ, उस का कोई-सा टुकड़ा मक़्तूल को मारो। उस के मारने से मक़्तूल ज़िंदा हो गया और उस से पूछा गया कि तुझ को किस ने मारा था ? तो उस ने क़ातिल का नाम ले दिया। इस क़िस्से से यह ज़ाहिर करना मक़्सूद है कि जिस तरह ख़ुदा ने उस मक़्तूल को तुम्हारी आंखों के सामने ज़िंदा कर दिया, उसी तरह वह क़ियामत के दिन तमाम मुर्दों को उठा खड़ा करेगा और यह उस को कुछ मुश्किल नहीं।

(पृष्ठ १७ का शेष)

ऐसी बातें मुसलमानों को क्यों बताया करते हो ? वे उन की सनद से तुम को क़ियामत के दिन ख़ुदा के सामने इल्ज़ाम देंगे। ख़ुदा ने फ़रमाया कि मुनाफ़िक़ों का यह ख़्याल ग़लत है कि उन के अपने बताने से हमारे यहां उन पर इल्ज़ाम लगेगा, बल्कि हम तमाम बातों को, जो ये छिपे या खुले तौर पर करते हैं, जानते हैं और ख़ुदा ही उन से पूछ लेंगे कि हमारी नाफ़रमानी क्यों करते रहे ?

३. यहूदी कहते थे कि हम ने चालीस दिन बछड़े की पूजा की थी, सो उतने ही दिन हम को दोज़ख़ का अज़ाब होगा और किसी और असल की वजह से हम ज़्यादा अज़ाब नहीं पाएंगे। ख़ुदा ने इस क़ौल की तर्दीद (खंडन) की और फ़रमाया कि क्या ख़ुदा ने तुम से वायदा किया है कि तुम कुछ दिन से ज़्यादा दोज़ख़ में न रहोगे, हालांकि तुम्हारे अमल ऐसे हैं कि हमेशा जहन्नम की आग में जलते रहो।

(पृष्ठ ५६१ का शेष)

कहा था, फिर उस ने सवारी का अगला पांव दबाया, तो मैं उस पर सवार हो गयी और वह मेरी सवारी की बाग हाथ में ले कर चला, यहां तक कि हम लश्कर में जा पहुंचे और उस वक़्त ठीक दोपहर थी। फिर मेरे बारे में जो कुछ अफ़वाहें फैलायी गयीं, फैलायी गयीं और जो हलाक हुआ, सो हुआ।

इस तूफ़ान उठाने में जिस ने सब से बड़ा हिस्सा लिया, वह अब्दुल्लाह बिन उबई बिन सलूल था, इस के बाद हम मदीना आए और वहां आ कर मैं महीने भर बीमार रही। लोग मेरे बारे में तज़्किरे करते थे, लेकिन मुझ को कुछ ख़बर न थी। अलबत्ता मुझे एक बात से शक होता था कि जनाब रसूले ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम मुझ पर वह लुत्फ़ व तवज्जोह नहीं फ़रमाते थे, जो पहले मेरी बीमारी के ज़माने में फ़रमाया करते थे। अब जो तश्रीफ़ लाते तो सलाम करने के बाद सिर्फ़ इतना पूछते कि तुम्हारा हाल कैसा है। इस से मुझे एक तरह का शुब्हा तो होता, लेकिन बोहतान लगाने वालों के बोहतान व शरारत की बिल्कुल ख़बर न थी। इस हालत में मैं बहुत कमज़ोर हो गयी। एक रात जो ज़रूरत पूरी करने बाहर निकली, तो मिस्तह की मां मेरे साथ थी। इत्तिफ़ाक़ से उस का पांव लड़खड़ाया तो उस ने कहा, 'मिस्तह हलाक हो। मैं ने कहा तुम ऐसे शख़्स को बद-दुआ देती हो, जो बद्र में शरीक हुआ। उस ने कहा, क्या तुम ने नहीं सुना कि क्या बोहतान लगाया है ? मैं ने कहा, नहीं, तुम बताओ कि उस ने क्या कहा है ? तो उस ने पूरा माजरा बयान किया। उस को सुन कर मुझे बहुत रंज हुआ। एक तो मैं पहले ही बीमार थी। यह हालत सुन कर रंज पर रंज हुआ। जब मैं लौट कर अपने घर आयी, तो जनाबे रसूले ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम तश्रीफ़ लाए और मेरा हाल पूछा। मैं ने कहा, अगर आप इजाज़त बख़्शें तो मैं अपने मायके चली जाऊं। मेरा मतलब यह था कि वहां जा कर इस ख़बर की यक़ीनी मालूमात करूं। आप ने इजाज़त दे दी और मैं अपने मां-बाप के पास चली गयी। वहां मैं ने अपनी मां से पूछा कि लोग क्या तज़्किरा करते हैं ? उन्हों ने कहा कि बेटा ! कोई ऐसी बड़ी बात नहीं है, तुम कुछ ख़्याल न करो। इस जवाब से मेरा दिल मुत्मइन न हुआ और मैं रात भर रोती रही। उधर जनाब रसूले ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर वह्य आने में बहुत देर हो गयी तो आप ने मश्विरा लेने के लिए हज़रत अली बिन अबी तालिब और उसामा बिन ज़ैद रज़ियल्लाहु अन्हुमा को बुलाया। उसामा ने तो यह कहा कि ऐ अल्लाह के रसूल ! वह आप की

बीवी हैं और हम को उन के बारे में भलाई के सिवा कुछ नहीं मालूम। रहे अली बिन अबी तालिब, उन्हों ने कहा, ऐ अल्लाह के रसूल! ख़ुदा ने आप पर तंगी नहीं की, औरतें और बहुत हैं। अगर आप लौंडी यानी बरीरा रज़ि० से मालूम फ़रमाएंगे, तो वह सच-सच बयान कर देंगी। आप ने बरीरा रज़ि० को बुला कर मालूम किया, तो उस ने कहा कि क़सम है उस ज़ात की! जिस ने आप को हक़ दे कर भेजा है, मैं ने कोई ऐसी बात नहीं देखी कि इस का उन पर ऐब लगाऊं। वह तो एक सीधी-सादी और भोली-भाली नव-उम्र लड़की है। यह सुन कर आप उसी दिन ख़ुत्बा पढ़ने को खड़े हुए और फ़रमाया कि उस शख़्स के मुक़ाबले में, जिस की वजह से मुझे मेरे अह्ल के मामले में इतनी तक्लीफ़ पहुंची है, कौन मेरी मदद करता है, तो साद बिन मुआज़ अंसारी खड़े हुए और अर्ज़ किया, ऐ अल्लाह के रसूल! मैं आप की मदद करता हूं और वह शख़्स औस क़बीले से है, तो हम उस की गरदन मारेंगे और अगर भाइयों या ख़ज़रज क़बीले से है तो आप जो इर्शाद फ़रमाएंगे, हम उसे पूरा करेंगे। फिर साद बिन उबादा खड़े हुए। यह ख़ज़रज क़बीले के सरदार थे, थे तो नेक आदमी, लेकिन हमीयत ने जोश मारा तो साद बिन मुआज़ से कहने लगे कि तुम ने ग़लत कहा। अगर वह शख़्स तुम्हारी जमाअत से है, तो मैं भी पसन्द नहीं करता कि क़त्ल किया जाए, तो उसैद बिन हुज़ैर रज़ि० जो साद बिन मुआज़ रज़ि० के चचेरे भाई हैं, खड़े हुए और साद बिन उबादा रज़ि० से कहने लगे कि तुम ने झूठ कहा। ख़ुदा की क़सम! हम उस को ज़रूर क़त्ल कर डालेंगे। तुम मुनाफ़िक़ हो कि मुनाफ़िक़ों की तरफ़ से झगड़ते हो। फिर दोनों क़बीले औस और ख़ज़रज मारे ग़ुस्से के खड़े हो गये और क़रीब था कि उन में लड़ाई और हाथापाई हो जाए, मगर प्यारे नबी सल्ल० ने उन के जोश को ठंडा किया और लड़ाई होने से रुक गयी। हां, तो मेरे रोने का यह हाल था कि मेरे मां-बाप सोचते थे कि रोना मेरे कलेजे को फाड़ कर रहेगा। इसी बीच एक दिन दोनों मेरे पास बैठे थे, और मैं रो रही थी कि अंसार की एक औरत मेरे पास आयी और वह भी बैठ कर मेरे साथ रोने लगी। अभी हम रो ही रहे थे कि रसूले ख़ुदा सल्ल० तश्रीफ़ लाए और सलाम कर के बैठ गये। जब से लोगों ने मेरे बारे में वह कहा जो कहा, आप मेरे पास नहीं बैठते थे और आप पर मेरी शान में कुछ वह्य नहीं हुई थी। जब आप बैठ गये तो ख़ुत्बा पढ़ा और फ़रमाया, ऐ आइशा! तुम्हारे बारे में ऐसी बात मुझ तक पहुंची है, अगर तुम बरी हो, तो बहुत जल्द ख़ुदा तुम्हारा बरी होना ज़ाहिर कर देगा और अगर तुम से गुनाह हुआ है, तो ख़ुदा से बख़्शिश मांगो और उस की तरफ़ रुजूअ हो, क्योंकि बन्दा जिस वक़्त अपने गुनाह का इक़रार करता और तौबा कर लेता है, तो ख़ुदा भी उस पर रुजूअ फ़रमाता और उस की तौबा क़ुबूल कर लेता है। जब आप बात ख़त्म कर चुके, तो मेरे आंसू थम गये, यहां तक कि एक क़तरा भी आंख से नहीं निकलता था। फिर मैं ने अपने बाप से कहा कि आप मेरी तरफ़ से रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को जवाब दे दीजिए। उन्हों ने कहा, मैं नहीं जानता कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से क्या कहूं। फिर मैं ने अपनी मां से कहा कि आप जवाब दे दीजिए। उन्हों ने भी यही कहा कि ख़ुदा की क़सम! मैं नहीं जानती कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से क्या कहूं। फिर मैं ने ख़ुद ही कहा, हालांकि मैं एक नव-उम्र लड़की थी और क़ुरआन भी बहुत-सा नहीं पढ़ा था कि जो क़िस्सा आप ने सुना है, वह मुझे मालूम हो गया है और यह भी कि आप उसे बावर कर चुके हैं, लेकिन अगर मैं कहूं कि मैं बरी हूं और ख़ुदा ख़ूब जानता है कि मैं बरी हूं तो आप उस को सच नहीं समझेंगे और अगर इस का इक़रार कर लूं हालांकि ख़ुदा जानता है कि मैं उस से बरी हूं, तो आप इस को मना लेंगे, सो ख़ुदा की क़सम! मैं वही बात कहती हूं, जो यूसुफ़ के बाप ने कही थी कि 'फ़सब्रुन जमील वल्लाहुल मुस्तआनु अला मा तसिफ़ून०' फिर मैं वहां से उठ कर अपने बिस्तर पर आ लेटी और मैं यक़ीन करती थी कि चूंकि मैं बरी हूं, इस लिए ख़ुदा ज़रूर मेरे बरी होने का एलान फ़रमायेगा, लेकिन मैं यह ख़्याल नहीं करती थी कि मेरी शान में क़ुरआन की आयतें नाज़िल होंगी, क्योंकि मैं अपनी शान को इस से कमतर समझती थी कि ख़ुदा मेरे बारे में अपना कलाम नाज़िल फ़रमाएगा, जो हमेशा पढ़ा जाएगा, अल-बत्ता उम्मीद ज़ाहिर करती थी कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम

कोई ख़्वाब देख लेंगे, जिस में ख़ुदा मेरा बरी होना ज़ाहिर फ़रमाएगा। सो ख़ुदा की क़सम ! अभी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम मज्लिस से तश्रीफ़ भी नहीं ले जाने पाए थे कि ख़ुदा ने आप पर क़ुरआन नाज़िल फ़रमाया और वह्य नाज़िल होते वक़्त जिस तरह आप पसीना-पसीना हो जाते थे, उसी तरह उस वक़्त आप के मुबारक जिस्म से मोतियों की तरह पसीने के क़तरे टपकने लगे। जब वह हालत दूर हो गयी तो आप का चेहरा खिल उठा और पहला जुम्ला जो आप की मुबारक ज़ुबान से निकला, वह यह था कि ऐ आइशा रज़ि० ! ख़ुश हो जाओ, ख़ुदा ने तुम्हें बरी क़रार दे दिया है। जब ख़ुदा ने हज़रत आइशा के बरी किए जाने में 'इन्नल्लज़ी-न जाऊ बिल इफ़्कि अुस्बतुम मिन्कुम' से दस आयतें नाज़िल कीं, तो हज़रत अबूबक्र रज़ि० ने कहा कि अल्लाह की क़सम ! मैं आगे मिस्तह को कुछ ख़र्च नहीं दूंगा। मिस्तह हज़रत अबूबक्र रज़ि० के अज़ीज़ों में थे और ग़रीब थे। हज़रत अबूबक्र रज़ि० ख़र्च से उन की मदद किया करते थे, लेकिन इत्तिफ़ाक़ से इस बोहतान के तज़्किरे में वह भी शरीक हो गये थे। जब हज़रत अबूबक्र रज़ि० ने क़सम खायी कि वह मिस्तह को ख़र्च नहीं देंगे, तो ख़ुदा ने आयत 'व ला यअ्तलि उलुल फ़ज़्लि मिन्कुम' नाज़िल फ़रमायी। इस पर हज़रत अबूबक्र रज़ि० ने पहले ही की तरह ख़र्च देना जारी कर दिया और कहने लगे कि अल्लाह की क़सम ! मैं इस को ख़र्च देने से कभी हाथ न रोकूंगा।

(पृष्ठ ८१३ का शेष)

ग़लबा हासिल करें या जान ही दे दें।

चुनांचे साथियों को हुक्म दिया कि ख़ुदा का नाम ले कर चल दो। फिर वहां से रवाना हुए और मुरार की घाटी में से हो कर हुदैबिया के परले सिरे जा उतरे। वहां आप के पास क़ुरैश के कई आदमी एक-एक कर के आते रहे। आप उन से यही फ़रमाते रहे कि हम तो सिर्फ़ काबा की ज़ियारत के लिए आए हैं, लड़ाई लड़ने नहीं आए। वे लोग जो बातें यहां सुनते थे वहां जा कर कह देते थे। आख़िर में आप ने अपनी तरफ़ से हज़रत उस्मान रज़ि० को क़ुरैश के पास यह पैग़ाम दे कर भेजा कि हम लड़ने नहीं आए, ख़ाना-ए-ख़ुदा की ज़ियारत करने को आए हैं, अभी आप वापस नहीं आए थे कि यहां यह अफ़वाह उड़ गयी कि आप क़त्ल कर दिए गए हैं। यह ख़बर सुन कर जनाब रसूले ख़ुदा सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को लड़ाई का इरादा करना पड़ा और इसी इरादे से आप ने मुसलमानों से बैअत ली, जिस को 'बैअतुरिज़्वान' कहते हैं। उधर कुफ़्फ़ार को जो यहां के हालात मालूम हुए, तो वह जोश व ख़रोश हल्का पड़ गया और उन्हों ने सुहैल बिन अम्र को हज़रत सल्ल० के पास समझौते के लिए रवाना किया और समझौते की शर्तें यह क़रार दीं कि आप अब के बे उमरा किए वापस चले जाएं, अगले साल उमरे को आएं और सिर्फ़ तीन दिन ठहरें और तलवारों के सिवा कोई हथियार साथ न लाएं और उन को भी म्यान से न निकालें।

शर्तें हज़रत सल्ल० ने मंज़ूर फ़रमा लीं और सुलहनामा तैयार होने लगा, तो आप ने हज़रत अली रज़ि० से फ़रमाया कि लिखो, 'बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम' तो सुहैल बोला, हम नहीं जानते 'बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम' क्या है, 'बिस्मिकल्लाहुम-म' लिखो। फिर आप ने फ़रमाया लिखो 'मिम मुहम्मदिर्रसूलुल्लाह' तो कहा कि हम अगर इस बात को मान लेते कि आप ख़ुदा के रसूल हैं, तो आप की पैरवी ही न अपना लेते ? अपने वालिद का नाम लिखवाइए, तो आप ने फ़रमाया, लिखो, 'मिम मुहम्मदिब्नि अब्दुल्लाह' और एक शर्त कुफ़्फ़ार ने यह की कि जो शख़्स आप की तरफ़ से हमारे पास जाए, हम उसको वापस न करेंगे और जो हमारी तरफ़ से आपके पास जाए, आप उस को वापस कर दें। इस समझौते की जो मसलहत थी, उस को तो जनाब रसूले ख़ुदा ही ख़ूब समझते थे, लेकिन जोशीले साथियों को सुलह की बातें बहुत बोझ मालूम हुयीं और सख़्त रंजीदा हुए और इस पर ख़्वाब का मामला उन को बे-दिल किए देता था। वे यह समझते थे कि इसी साल उमरा करेंगे, मगर जाते हैं नाकाम व ना-मुराद। इसी बीच एक ना-ख़ुशगवार वाक़िआ पेश आया कि अभी सुलहनामा लिखा ही जा रहा था कि अचानक

अबू जुन्दल बिन सुहैल बिन अम्र, पैरों में ज़ंजीर पड़ी हुई, कुफ़्फ़ार में से भाग कर पास आ मौजूद हुए, तो सुहैल ने कहा कि जिन लोगों के बारे में मैं आप से समझौता करता हूं, उन में यह पहला शख़्स है, इस को आप मेरे हवाले कर दीजिए। आप ने फ़रमाया कि अभी तक सुलहनामा मुकम्मल नहीं हुआ। उस ने कहा कि मामला उस के आने से पहले तै हो चुका है। आप ने फ़रमाया, हां, यह सच है। फिर सुहैल ने उठ कर अबू जुन्दल का गरेबान पकड़ लिया और अबू जुन्दल धाड़ें मार-मार कर रोने और कहने लगे कि मुसलमानो ! तुम मुझे मुश्रिकों के हवाले क्यों करते हो ? ये तो मुझे मेरे दीन से हटा देंगे। हज़रत सल्ल० ने फ़रमाया, अबू जुन्दल ! सब्र कर और ख़ुदा से अपने बदले की उम्मीद रख, ख़ुदा तेरी मुश्किलों का हल करने वाला है। हम तुझ को हरगिज़ वापस न देते, लेकिन हम इन लोगों से इस बात का अह्द कर चुके हैं और हम अह्द तोड़ना नहीं चाहते। बहरहाल ये बातें मुसलमानों पर बहुत बोझ रहीं और इन्हों ने उन को बड़ा दुखी किया, लेकिन यह समझौता ही था, जो तमाम कामियाबियों की तम्हीद साबित हुआ। इस के बाद वही बात हो गयी—

जिधर रुख़ किया, सल्तनत ज़ेरे फ़रमां,
जिधर आंख उठायी ममालिक मुसख़्ख़र॥

(पृष्ठ ९९१ का शेष)

फ़रमाया। ख़दीजा ने आप को तसल्ली दी और वरक़ा बिन नौफ़ल (अपने चचेरे भाई) के पास ले गयीं। ये बूढ़े शख़्स जाहिलियत के ज़माने में ईसाई हो गये थे। उन्हों ने आप से यह माजरा सुना तो कहा कि यह वही नामूस है, जो ईसा पर उतरा था और ख़ुदा ने आप को पैग़म्बर किया है और यह भी कहा, काश मैं जवान होता और जिस वक़्त आप की क़ौम आप को वतन से निकालती, उस वक़्त तक ज़िन्दा रहता। आप ने पूछा, क्या वे मुझ को निकाल देंगे ? उस ने कहा, हां, जो शख़्स ऐसी चीज़ लाया करता है जो आप लाए हैं, लोग उस के दुश्मन हो जाया करते हैं। अगर मैं उस वक़्त तक जीता रहूंगा तो तुम्हारी बहुत मदद व हिमायत करूंगा। मगर उस के थोड़े ही अर्से के बाद वह इन्तिक़ाल फ़रमा गये और जी की आरज़ू जी ही में ले गये।

२. यह मतलब भी हो सकता है कि अगर यह मना करने वाला शख़्स सीधे रास्ते पर होता और परहेज़गारी की बातें सिखाता तो क्या अच्छा होता। तफ़्सीर लिखने वालों ने लिखा है कि मना करने वाले शख़्स से मुराद अबू जह्ल है, जो नमाज़ पढ़ते वक़्त आप को देखता, तो चिढ़ाता। ख़ुदा ने फ़रमाया कि क्या यह नहीं जानता कि ख़ुदा उस के कामों को देख रहा है और अगर यह ऐसी गुस्ताख़ियों से बाज़ न आएगा, तो हम उस को घसीट कर जहन्नम में दाख़िल कर देंगे। कहते हैं कि दुनिया में भी उस को यह सज़ा मिली कि बद्र की लड़ाई में मारा गया और घसीट कर गढ़े में डाल दिया गया।

(पृष्ठ ९९९ का शेष)

कर हलाक किया, तो इस लिए कि क़ुरैश जाड़े और गर्मी के सफ़र से मानूस हो कर अपने शहर में अम्न व अमान से रहें।

२. बहुत-सी हदीसें हैं, जिनसे साबित होता है कि कौसर बहिश्त की एक नहर का नाम है जो हज़रत सल्ल० को अता हुई है। हज़रत अनस रज़ि० से रिवायत है कि आंहज़रत सल्ल० को ऊंघ आ गयी, फिर सर उठा कर मुस्कराए और मुस्कराने की यह वजह बयान फ़रमायी कि अभी मुझ पर एक सूरः नाज़िल हुई है और फिर यह सूरः पढ़ी और फ़रमाया कि तुम जानते हो कि कौसर क्या चीज़ है। सहाबा रज़ि० ने अर्ज़ किया कि ख़ुदा और रसूल ही जानें। फ़रमाया, वह एक नहर है जो ख़ुदा ने मुझ को बहिश्त में दी है, इस में ख़ैरे कसीर (बड़ी भलाई) है।

क़ुरआन ख़त्म करने के बाद की दुआ

अल्लाह बुलन्द और अज़मत (बड़ा दर्जे) वाले ने सच्चा कलाम नाज़िल (उतारा) किया और उसके रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) जो बहुत ही इज़्ज़त और इकराम वाले नबी हैं, उन्होंने सच सच हम तक पहुंचा दिया। हम सब उसके सच्चा होने की गवाही देते हैं। ऐ हमारे रब ! तू इस क़ुरआन की तिलावत (पाठ) हम से क़ुबूल फ़रमा, बेशक तू बड़ा सुनने वाला, जानने वाला है।

ऐ अल्लाह ! तू हमें क़ुरआन मजीद के हर एक हुरूफ़ के बदले में ईमान की लज़्ज़त (मज़ा) और मिठास अता फ़रमा (दे) और क़ुरआन मजीद के हर मक़ाम (जगह) के हर हिस्सा में से तिलावत करने की हम को जज़ाएं ख़ैर (अच्छा बदला) अता फ़रमा। ऐ अल्लाह हर (अलिफ़) के पढ़ने पर हमें उलफ़त (मुहब्बत) अता फ़रमा और (बा) के सबब बरकत अता फ़रमा और (ता) के पढ़ने पर हमारी तौबा क़ुबूल फ़रमा और (सा) के हर्फ़ पर हमें सवाब अता फ़रमा और (जीम) के पढ़ने पर हमें जमाल (ख़ूबसूरती) अता फ़रमा और (हा) के अदा करने पर हिकमत अता फ़रमा और हर्फ़(ख़ा)के पढ़ने पर हमें ख़ैर(भलाई)से नवाज़ दे और(दाल)के अदा करने(पढ़ने)पर हमें दलील अता कर और हर्फ़(ज़ाल)के पढ़ने पर हमें ज़िक्र(याद)की तौफ़ीक़ अता फ़रमा और हर्फ़(रा)पर हमें अपनी रहमत से नवाज़ दे और(ज़ा)पर हमें साफ़ सुथरापन अता कर और (सीन) से हम में सआदत मन्दी (नेक बख़्ती) पैदा फ़रमा और (शीन) के पढ़ने पर शिफ़ा (तन्दुरुस्ती) अता फ़रमा और (साद) पर हमें सच्चा सादिक़ (सच बोलने वाला) बना दे और (ज़ाद) से हमें रोशनी में चला दे और (तो) से हमें ताज़गी अता फ़रमा और (ज़ो) से हमें कामयाब कर और (ऐन) से हमें इल्म (ज्ञान) अता फ़रमा और (ग़ैन) से माल की कुशादगी अता फ़रमा और (फ़ा) से फ़लाह (निजात) और फ़तह (कामयाबी) अता फ़रमा और (क़ाफ़) से हमें अपनी क़ुर्बत (नज़दीकी) अता फ़रमा और (क़ाफ़) हमें इकराम (अच्छाई) की जिन्दगी अता फ़रमा और (लाम) से हम पर लुत्फ़ व इनायत (मेहरबानी) की बारिश कर दे और(मीम)के बदले में हमें अच्छी नसीहत पर चला दे और (नून)से हम पर अपने नूर की किरनों को नुज़ूल फ़रमा और हर्फ़ (वाव) से हमें इत्तफ़ाक़ व इत्तहाद की बरकत से नवाज़ दे और (हा) के बदले हमें हिदायत (सीधी राह) पर चला दे और क़ुरआन मजीद में हर जगह तिलावत में आये हुये (या) की बरकत से हम को यक़ीने मुहकम (पक्का यक़ीन) अता फ़रमा।

ऐ अल्लाह ! हमें तू अज़मत (बुज़ुर्गी) वाले क़ुरआन मजीद की बरकत से ख़ूब नफ़ा अता फ़रमा और हर आयत की दानिश मन्दाना (बुद्धिपरख) नसीहत से हमारे दरजात में बुलन्दी अता फ़रमा और हमारे इस पढ़ने पढ़ाने को क़ुबूल फ़रमा। क़ुरआन मजीद की तिलावत के मौक़े पर हम से जो ख़ता (ग़लती) हो गई हो और भूल चूक हुई हो उसे माफ़ कर दे, क़ुरआन पढ़ते वक़्त किसी लफ़्ज़ में उस के ठिकाने से हट कर ग़लती की हो तो उसे माफ़ कर दे या कोई हर्फ़ आगे पढ़ लिया, या आगे का पीछे पढ़ लिया, या कोई हम से ज्यादती हुई, या पढ़ने में कमी हुई सब हम को माफ़ फ़रमा और तूने जो कलाम नाज़िल फ़र्माया (उतारा) उस के ख़ुलासे में ग़लती करने से हम को बचा ले, हर तरह के शक शुब्हा और भूल चूक से हमें बचा ले, चाहे नामुनासिब

आवाज से पढ़ने में आ गया हो, या क़ुरआन की तिलावत में हम से उजलत (जल्द बाज़ी) हो गई हो, या सुस्ती सी हो या कहीं तेज़ी से गुज़र गये हों या पढ़ते वक़्त हमारी ज़ुबान लड़खड़ा गई हो, तो ऐसी तमाम भूल चूक से दर गुज़र फ़रमा।

पढ़ते वक़्त जहां ठहरने की जगह हो वहां न ठहरे हों या अल्फ़ाज़ (शब्द) मिला कर पढ़ने की बजाए बग़ैर मिलाए पढ़ लिये हों या कोई ऐसा लफ़्ज़ जो तूने बयान न फ़रमाया हो और हमारी ज़ुबान से निकल गया हो, तो उसकी भी हम तुझ से माफ़ी चाहते हैं।

ऐ अल्लाह ! क़ुरआन मजीद में कोई मद (~) की जगह हो या तशदीद (ّ) या जहां तशदीद न हो, या जज़म (ْ) हो या कोई ज़ेर, ज़बर (ِ , َ) और पेश (ُ)। इस तरह पढ़ लिया हो जो वहां लिखा हुआ न हो, तो उस भूल की भी हम तुझ से माफ़ी के तलबगार (चाहने वाले) हैं। रहमत की आयत पढ़ते वक़्त बग़ैर रग़बत (लगाव) के पढ़ लिये हों और अज़ाब की आयातें पढ़ने पर हमारे दिल में तेरा डर पैदा होने की कमी रह गई हो तो माफ़ कर दे।

ऐ हमारे रब ! हमारे गुनाहों को माफ़ फ़रमा और हक़ (सच्चाई) की गवाही देने वालों की फ़ेहरिस्त (सूची) में हमारा भी नाम लिख ले। या अल्लाह ! हमारे दिलों को क़ुरआन मजीद के नूर (रोशनी) से जगमगा दे, हमारे अख़्लाक़ (आचरण) में क़ुरआन मजीद की तालीम से ज़ीनत पैदा फ़रमा। ऐ अल्लाह ! क़ुरआन मजीद की बरकत से हमें आग से निजात अता फ़रमा और क़ुरआन मजीद के ज़रिए हमें जन्नत में दाखिल अता फ़रमा। ऐ अल्लाह ! दुनिया की ज़िन्दगी में हमारे लिये क़ुरआन मजीद को तुझ से ताल्लुक़ बनाये रखने का ज़रिया बना और क़ब्र में क़ुरआन मजीद की बरकत से हमारे लिये वहशत (खौफ़) को दूर कर दे, आखिरत का रास्ता तै करने पर हमारे लिये क़ुरआन मजीद को जन्नत में हमारा रफ़ीक़ (साथी) बना दे और आग से बचने की ढाल बना और तमाम भलाइयों के हासिल करने में क़ुरआन मजीद को हमारे लिये दलील (राह बताने वाला) बना दे और तमाम भलाइयां हमारे लिये नामए आमाल (कर्मनामा) में दर्ज फ़र्मा (लिख दे) और हमें तौफ़ीक़ दे कि सच्चे दिल से, साफ़ सुथरी ज़ुबान से, खैर व भलाई की मुहब्बत से और ईमान की बशारत (खुश खबरी) से हम माला माल हो जायें।

और ऐ अल्लाह ! तूने दरूद व सलाम का तोहफ़ा हज़रत मुहम्मद सल्ल० को अता फ़रमाया है जो तेरी मख़्लूक़ में सब से अफ़ज़ल (उत्तम) और बेहतर हैं और तेरे लुत्फ़ व इनायत (मेहरबानी) की हम को पहचान कराने वाले हैं जो हम सब के सरदार हैं और अपने अर्श (तख़्त) के नूर से तूने उनको नवाज़ा (अता किया) है। ऐ अल्लाह ! तू हम सब की तरफ़ से दरूद व सलाम का तोहफ़ा हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर, उन की अज़वाजे मुतह्हरात (पाक बीवियों) पर उनकी औलाद पर और उन के तमाम असहाबे किराम (नेक साथियों) तक पहुंचा दे, सलाम पर सलाम और बहुत बहुत बहुत सलाम......

अल्लाहुम्मा सल्लि अला मुहम्मदिन०